६५१	मुडसामा	एटा	ला० ईसरीप्रसाद सु० पारसदास	परवार	घी
६५२	मुबारकपुर	मुजफ्फरनगर	ला० शिवामल सु० लालमलजी	अग्रवाल	साहूकारी
			,, मकनलाल सु० हरदयालमल	,,	जमीदारी
६५३	मुरादाबाद	मुरादाबाद	लाला सारनलालजी	खंडेलवाल	दुकानदारी
६५४	मुलेहटा	मेरठ	ला० विहारीलाल सु० होश्यारसिंह	अग्रवाल	जमीदारी
			,, नवलसिंह सु० इन्दरसिंह	,,	,,
			,, बनारसीदास सु० नौरंगदास	,,	,,
६५५	मुहालपुर	झांसी	मा० रिकवीमल सु० कुन्दनलाल	परवार	बजाजी
६५६	मेघपुर	मथुरा	चुन्नीलाल सु० प्यारेलाल	पल्लीवाल	आढ़ती
६५७	मेंगवा	झांसी	अनदीवजाज सु० फूलचंद	परवार	बजाजी
६५८	मेहू	अलीगढ़	ला० सुधारसीलाल सु० बनारसी	जैसवाल	जमीदारी
६५९	मेरठ	मेरठ	ला० सुरजमल खजानची	अग्रवाल	साहूकारी
			,, सुलतानसिंह सु० घमंडीला०	,,	वकालत
			,, नारसिंह सु० बनारसीदास	,,	जनरलमर्चेंट
६६०	मैनपुरी	मैनपुरी	ला० थेनीरामजी	खंडेलवाल	बजाजी

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
			,, तोतारामजी	,,	,,
			,, ठाकुरदासजी	,,	,,
			भा० गोपीचंद सु० देवीदास	पल्लीवाल	मुलाजमत
६६१	मैनवार	झांसी	जवाहरसिंघई सु० उलफत्त	गोलालारे	वजाजी
६६२	मैलकपुर	मुरादावाद	ला० दुरगादास सु० गंगाराम	खंडेलवाल	,,
६६३	मैलापुयपुर	बारावंकी	ला० हनुमानप्रसादजी		
६६४	मोगांव	मैनपुरी	उलफत्तरायजी	बुदेले	वजाजी
			पंडित छवीलालजी	,,	
६६५	मोट	झांसी	भा० वनारसीदास सु० उजागरमल	परवार	,,
६६६	मोंटा	,,	भा० ख्यालीराम सु० वेनीचंद	,,	,,
	र				
६६७	राजपुरा	झांसी	रतन कीरत	परवार	वंजी
६६८	रजावली	एटा	भा० चिरंजीलाल सु० मेवाराम	प० परवार	वजाजी
६६९	रतनपुर	मुरादावाद	ला० मुकुंदलालजी	खंडे०	,,
			,, नारायणदासजी नथमलदास	,,	दुकानदारी
६७०	रतनपुरी	फैजावाद	(यहां एक जैनमंदिर है)		
६७१	रथेटी	मुजफ्फरनगर	चंपतराय सु० रामजीदास	अग्रवाल	पंसारगिरी
६७२	रमाला	मेरठ	ला० मांगीलाल सु० ज्वाहरमल	,,	दुकानदारी

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
६७३	राजघाट	अलीगढ़	बलदेवदासजी सु० नेमकुमार	अग्रवाल	पंसारगिरी
६७४	राजपुर	आग्रा	ला० देवचंदजी सु० वेनीराम	प०परवार	,,
६७५	राजपुर	मुज़फ्फ़रनगर	ला० मित्रसेनजी सु० चमनसिंह	अग्रवाल	साहूकारी
६७६	राजपुर	देहरादून	ला० मिठनलाल सु० मुन्शीलाल	,,	बैंकर
६७७	राजमल	एटा	गुलजारीलाल	प०परवार	बजाजी
६७८	,,	,,	ला० चतुरीमल सु० हरदयालमल	,,	पंसारगिरी
६७९	राजाकातलाव	आग्रा	ला० भगवानदासजी	,,	सराफी
			ला० नन्हुमल सु० उदयराम	,,	परचुनी
६८०	राजाकारामपुर	एटा	ला० प्यारेलाल सु०बनवारीलाल	लमेचू	बजाजी
६८१	रानीपुर	झांसी	सिंघई मंगलदास सु० कल्याणसाह	परवार	हूकारी
			माणकचंद सु० रणजीत	,,	आढती
६८२	रामगढ़	एटा	ला० छतरसिंह सु० भोजराज	जैसवाल	बजाजी
६८३	रामपुर	रामपुर	ला० मेवारामजी		
६८४	रामपुर	मैनपुरी	ला० चंपारामजी	प०परवार	दुकानदारी
६८५	,,	सहारनपूर	ला० चिमनलाल सु० सुजानलाल	अग्रवाल	लेनदेन
			,, चंपतराय सु० तेजमलजी	,,	जमीदारी
			,, वीरामल सु० गिरनारीलाल	,,	,,
६८६	रामपुर	बारावंकी	महाबली सु० रामदयाल	पल्लीवाल	कास्तकारी

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
६८७	,,	मुरादाबाद	ला० वासीराम सु० भजनलाल	खंडेलवाल	बजाजी
			,, रामसहाय सु० गोविन्दराम	,,	आढ़त
६८८	,,	एटा	ला० भोलानाथ सु० कुन्दनलाल	प० परवार	हलवाईगिरी
६८९	रायपचमपुर	झांसी	भा० उलासचंद सु० मुन्नालालजी	परवार	बजाजी
		,,	चिमनलाल सु० जगतसिंह	गोलालारे	बंजी
६९०	रायपुर	झांसी	भा० आत्माराम सु० ख्यालीराम	परवार	पंसारगिरी
			काल्लूराम सु० पंचमलाल	गोलालारे	बजाजी
६९१	र पुर	,,	बखतमोदी सु० काल्लूराम	,,	बंजी
६९२	रायबा	आग्रा	ला० मूलचंद सु० डालचंद	प० परवार	,,
६९३	रार	एटा	ला० छेदीलाल सु० परसादीलाल	प० परवार	बजाजी
६९४	रारधना	मेरठ	ला० बीसामल सु० हिकमतराय	अग्रवाल	जमीदारी
			,, जैकुमारमल	,,	,,
६९५	रारपादी	एटा	ला० बनारसीदास सु० मनफूलदास	प० परवार	बजाजी
६९६	रासथल	बदांयू	ला० मोतीरामजी सु० हरसरनलाल	खंडेलवाल	दुकानदारी
६९७	रामसनेहीघाट	बाराबंकी	ला० गुलाबराय सु० जैदयालराय	अग्रवाल	स्टांपतहसील
६९८	रिमातबा	एटा	ला० दिलसुखराय सु० फूलचंदजी	प० परवार	आटाकी दुका.
६९९	रिसालका बांस	आग्रा	ला० उदयराज सु० चुन्नीलाल	प० परवार	जमीदारी
७००	रीमा	मैनपुरी	ला० बनारसीदासजी	,,	

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
७०१	रुकवाहा	झांसी	चौधरी दमरु किरधा	गोलापूरब	बजाजी
७०२	रूर्की	सहारनपुर	ला० मित्रसैनजी सु० बुद्धमलजी	अग्रवाल	बर्त्तन बे०
७०३	रूदऊ	आग्रा	ला० भवानीप्रसाद सु० झमनचंद	प०परवार	बजाजी
७०४	रुस्तमगढ़	एटा	झुन्नीलाल सु० मोतीलाल	प०परवार	घीकी दु०
७०५	रुहाना	मुज़फ्फ़रनगर	ला० मित्रसेन सु० मुन्शीलाल	अग्रवाल	साहूकारी
७०६	रैंमजा	आग्रा	मोतीलालजी	प०परवार	बजाजी
७०७	रैपुराघाट	मथुरा	ला० हरसनदास सु० प्यारेलाल	पल्लीवाल	बजाजी
७०८	रोंडा	झांसी	दमरनायक सु० कुस्नराम	परवार	बंजी
७०९	रोरा	,,	पुनरचंद सु० रामसागरजी	,,	बजाजी
७१०	रोसनाबाद	फरुखाबाद	दिलसुखराम सु० परभूलाल	प०परवार	बजाजी
७११	रोहिनी	एटा	चंदरसेनजी सु० कालीप्रसाद	,,	आढ़ती
	ल				
७१२	लखनऊ	लखनऊ	बलदेवजी	पल्लीवाल	जागीरदार
			बाबू केदानाथ सु० बिहारीलाल	अग्रवाल	
			बाबू भगवानदास	पल्लीवाल	जैनप्रेस
			ला० दामोदरदास सु० लल्लीमल	अग्रवाल	जरीवाला
			ला० गोकलचंद सु० श्रीचंद	,,	वकालत
			ला० स्वरूपचंद सु० उत्तमचंद	खंडेलवाल	आढती

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
७१३	लड़वारा	मुरादाबाद	ला० सोहनरामजी	खंडेलवाल	बजाजी
७१४	लंढौरा	सहारनपुर	ला० अमोलकराम सु० हीरालाल	अग्रवाल	वर्त्तन् वे०
७१५	लर्त्तापुर	आगरा	ला० लाहौरीराम सु० सेवाराम	प० परवार	बंजी
७१६	ललितपुर	झांसी	सेठ मथुरादास सु० प्यारेलालजी	परवार	साहूकारी
			सेठ पंचमलाल सु० इन्दरदत्तजी	,,	,,
७१७	ललावज	,,	बखत सु० बल्देव	गोलालारे	दुकानदारी
७१८	लवार	मेरठ	ला० अजुध्याप्रसाद सु० शंभूनाथ	अग्रवाल	जमींदारी
			ला० कपूरचंद सु० बन्सीलाल	,,	जमींदारी
७१९	लहरपुर	बाराबंकी	धनपतराय सु० औसेरीलाल	अग्रवाल	लेनदेन
७२०	लागौन	झांसी	बाबूराम सु० रिख दासजी	परवार	पंसारगिरी
७२१	लुहारी	मेरठ	ला० गेंदामल सु० जवाहरलाल	अग्रवाल	पंसारी
७२२	लुहेडा	,,	ला० मूलचंद सु० ज्वाहरमल	,,	जमींदारी
७२३	लेसवाल	मुजफ्फरनगर	ला० धरमदासजी	,,	साहूकारी
७२४	लोपन	मेरठ	ला० शीब्बामल सु० परतापसिंह	,,	दुकानदारी
७२५	लोहरा	झांसी	बलदेवप्रसाद सु० नेकरामजी	परवार	हलवाईगिरी
७२६	लोहारी	झांसी	मूलचंद सु० काशीराम	,,	दुकानदारी
७२७	लोहुचबा	एटा	ला० मानसिंह सु० कुंजीमल	प० परवार	,,

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
	व				
७२८	वरा	एटा	ला० गोपीनाथ सु० परभूदास	प०परवार	बंजी
७२९	वरेसी	,,	जोरावर	,,	व्यापार
७३०	वल्लभगढ़	,,	ला० मुन्शीलाल सु० जयंतीप्रसाद	,,	जमीदारी
७३१	वस्तगवा	झांसी	फुन्दीमल सु० नेतराम	परवार	बंजी
७३२	बहरामवाट	बाराबंकी	कामताप्रसाद	अग्रवाल	बजाजी
७३३	वांसी	झांसी	भा० मुरलीधरजी सु०परतापमल	परवार	आढ़ती
७३४	विजैगढ	अलीगढ़	ला० वहालसिंह सु० हरखचंद	पल्लीवाल	छपाई
७३५	विजैपुरा	इटावा	ला० सूबेलाल सु० रामपाल	खैरावा	दुकानदारी
७३६	विधूपुरा	,,	ला० छोटेलाल सु० रामलाल	गोलालारे	बजाजी
७३७	वृन्दावन	मथुरा	ला० मांगीलाल सु० धरमदास	पल्लीवाल	छपाई
७३८	विलराम	एटा	ला० कन्हीराम सु० मंसाराम	जैसवाल	जमीदारी
७३९	,,	,,	ला० सुम्मनलाल सु० वंसीधरजी	लमेचू	बजाजी
७४०	विल्हरा	बाराबंकी	ला० नानूमल खजानची		
			मूलचंद सु० विमलचंद	अग्रवाल	बजाजी
७४१	बुडवार	झांसी	मा० नेकराम सु० प्यारेलाल	गोलालारे	पंसारगिरी
७४२	बूढ़पुर	मेरठ	ला० मुत्सद्दीलाल सु० रामजीदास	अग्रवाल	दुकानदारी

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	ज़िला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
	श				
७४३	शहरवास	झांसी	शोभाराम सु० रामदयाल	परवार	साहूकारी
७४४	शाहपुर	मुज़फ्फ़रनगर	ला० संगमलाल सु० बनसीदास	अग्रवाल	जमींदारी
			" प्यारेलाल सु० मुत्सद्दीलाल	"	"
७४५	शिकंदराबाद	बुलंदशहर	" शंभूनाथजी सु० राईसे	"	साहूकारी
			" परमेश्वरीदास सु० रामलाल	"	"
			" ज्वाहरमल सु० खूबचंदजी	"	"
७४६	शिकोहपुर	मेरठ	" मुन्शीलाल सु० संतलाल	"	दुकानदारी
७४७	शिकोहाबाद	मैनपुरी	पानीराम	परवार	"
			गुलझारीमल	लमेचू	"
			ला० महावीरसहाय सु० नंदेमल	प० परवार	
७४८	शिबराजपुर	मुरादाबाद	" मिश्रीलाल सु० गणेशलाल	खंडेलवाल	दु० गल्ला
७४९	शिवनी	झांसी	सुकवासी सु० गिरधारी	परवार	बम्बजी
७५०	शिवराजपुर	फतेहपुर	दिलसुखराय सु० मंगतराय	जैसवाल	बजाजी
			लोकमन सु० परसादी	"	पंसारगिरी
७५१	शिसाना	मेरठ	ला० दौलतराम कूडेमलजी	अग्रवाल	साहूकारी
७५२	शिकंदरपुरकला		" नाथूमल सु० सवाईराम	"	"
७५३	शीबहार	बिजनौर	" खैरातीलालजी	"	"

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
७५४	शेखुपुर	मुरादाबाद	ला० परसादीलाल सु० छदीलाल	खंडेलवाल	दु० परचुनी
७५५	शेरकोट	बिजनौर	" मथुरादासजी	अग्रवाल	साहूकारी
७५६		मथुरा	" नत्थामल ० नदकिशोर	खंडलवाल	आढ़त
७५७	शोरो	मुज़फ्फ़रनगर	" राजसराम सु० रामजीलाल	अग्रवाल	रईस
		"	" उमरावसिंह सु० चंदनलाल	"	साहूकारी
	स				
७५८	सकरार	झांसी	शिवलाल सु० कन्ही		दुकानदारी
७५९	सकीट	एटा	बदरीप्रसादजी	लमेचू	हलवाई
			ला० गिरधारीलाल सु० छेदीलाल	लमेचू	बजाजी
७६०	सकरौली		" मथुराप्रसाद सु० ठाकुरदास	जैसवाल	अनाजकी आ.
७६१	संगावली	इटावा	" बदरीप्रसाद सु० नंदराम	गोलालारे	कास्तकारी
७६२	सठेडी	मुज़फ्फ़रनगर	" तुलसीराम सु० रासलाल	अग्रवाल	साहूकारी
७६३	सठौली	सहारनपुर	" श्यामलाल सु० संगमसिंह	"	लेनदेन
७६४	सतरी	एटा	" नेमदास सु० भोलानाथ	प० परवार	घीकीदुकान
७६५	सनौली	मेरठ	" धन्नीलाल सु० हरसहाय	अग्रवाल	दुकानदारी
			" रीकवीमल गोपालराय	"	"
७६६	सवगा	"	" गुमानीलाल सु० धूमसिंह	"	"

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
			ला० बखतावरसिंह सु० ज्वाहरमल	अग्रवाल	दुकानदारी
७६७	संभल	मुरादाबाद	" हीरालाल सु० हजारीमल	खंडेलवाल	लेनदेन
७६८	समसाबाद	आग्रा	" हरदेवराय सु० वासुदेव	जैसवाल	पंसारगिरी
७६९	समागेर	"	" उमरावसिंह सु० रामलाल	"	"
७७०	सरकरी	एटा	" कल्याणदास सु० कालिकाप्र०	प० परवार	जमीदारी
			" उत्तमचंद सु० प्योरलाल	"	बजाजी
७७१	सरधना	मेरठ	" जगतराय सु० बनवारीलाल	अग्रवाल	जमीदारी
			" मुत्सद्दीलाल सु० बनारसीदास	"	साहूकारी
			" हुशयारसिंह सु० सोहनलाल	"	"
७७२	सरनौ	एटा	पं० गुलझारीलाल सु० मवासीलाल	प० परवार	बजाजी
			ला० रघुनाथदासजी	"	जमीदारी
			" दिलसुखरायजी	"	"
७७३	सरनावली	मुजफ्फरनगर	" मोहनलाल सु० हरद्वारीलाल	अग्रवाल	दुकानदारी
७७४	सरसावा	सहारनपुर	" भगवानदास सु० नाहरसिंह		"
			" महावीरप्रसाद सु० नंदलाल	"	"
			" नाहरसिंह सु० हरनामसिंह	"	"
			चौधरीनत्थुमल सु० जुगलकिशोर	"	"
७७५	सराय	आग्रा	नाथूराम	प० परवार	साहूकारी

शुमार नम्बर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
७७६	सरायभोम	एटा	ला० कपिलादास सु० नन्हेमल	परवार	पंसारगिरी
७७७	सरायरसूलपुर	मुजफ्फरनगर	" हरचंदरायजी सु० खुशालराय	अग्रवाल	साहूकारी
७७८	सरुपका बंगला	आग्रा	" भूसीलाल सु० भोलानाथ	प० परवार	
७७९	सरूरपुर	मेरठ	" सुगनचंद सु० अनूपसिंह	अग्रवाल	जमीदारी
			" निहालचंद सु० कुन्दनलाल	"	"
७८०	सलावा	मेरठ	ला० नेमीदास सु० छंगामल	"	बजाजी
			नानकचन्द सु० भीमसेन	"	"
			कुन्दनलाल सु० मंगलसेन	"	"
७८१	सहपऊ	मथुरा	नंदराय सु० चुन्नीलाल	खंडेलवाल	लेनदेन
७८२	सहादतगंज	बारावंकी	हजारीलाल सु० तिलकचन्द	पल्लीवाल	दुकानदारी
७८३	सहारनपुर	सहारनपुर	ला० रूपचन्द सु० ज्वाहरमल	अग्रवाल	"
			" दीपचंद सु० उग्रसेनजी	"	"
७८४	साखन	मैनपुरी	" केदारनाथ सु० मुरलीधर	प० परवार	पंसारगिरी
७८५	साढूमर	झांसी	नेमचंद सु० कन्हीराम	परवार	बजाजी
७८६	सामली	मेरठ	ला० कपूरचंद सु० उलफतराय	अग्रवाल	जमींदारी
७८७	साभों	आग्रा	" केवलराम सु० चुन्नीलाल	जैसवाल	पंसारगिरी
७८८	सार	मेरठ	" कुन्दनलाल सु० प्यारेलाल	अग्रवाल	"
७८९	सासनी	अलीगढ़	" उमरावसिंह सु० नेनमल	पल्लीवाल	छपाई

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
७९०	साहादरा	मेरठ	ला० रामजस सु० परतापसिंह	अग्रवाल	बजाजी
७९१	सिक्क	,,	,, मोतीराम सु० भगवानदास	,,	दुकानदारी
७९२	सिकथरा	आग्रा	,, भजनलाल सु० वंशीधर	प०परवार	पंसारगिरी
७९३	सिकारपुर	मेरठ	,, नत्थासिंह सु० थानसिंह	अग्रवाल	बजाजी
७९४	सिकाब्रदपुर	आग्रा	,, नन्दूमल सु० दीपचन्द	प०१ आग	पंसारगिरी
७९५	सिकंदराराउ	अलीगढ़	,, जमनलाल सु० लालमन	जैलवाल	साहूकारी
७९६	सिकंदरपुर	एटा	,, नेतराम सु० भजनलाल	लोहिया	बजाजी
७९७	सिंहपुरी	बनारस	(अतिशय क्षेत्र)		
७९८	सिमिरया	झांसी	सिंघई सवासिंह सु० नंदलाल	गोलालारे	वंजी
७९९	सिरमई	आग्रा	भोलानाथ सु० हरदेवदासजी	प०परवार	बजाजी
८००	सिरसागंज	मैनपुरी	ला० बनवारीलाल सु० रामलाल	लमेचु	जमीदारी
८०१	सिरसी	झांसी	भजनलाल सु० जैप्रकाशचंद	परवार	बजाजी
८०२			रामचंद सु० कल्याण	,,	,,
८०३	सिराम	एटा	ला० वंशीधर सु० ख्यालीराम	लोहिया	लोहेकी दुकान
८०४	सिरौन	झांसी	प्यारेलाल सु० कन्हीराम	परवार	बजाजी
८०५	सिरोनजी	,,	कल्लू चौधरी सु० बसोरे चौधरी	,,	साहूकारी
	सिलगा	,,	प्रेमसुख सु० हरनरायण	,,	बजाजी
८०६	सिलावन	,,	नन्हेसिंघई सु० जसू	,,	वंजी

नुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
८०७	सीकरी	मुज़फ्फ़रनगर	ला० परभूलाल सु० रामजीदास	अग्रवाल	आढ़त
८०८	सीतापुर	सीतापुर	,, विशेश्वरदयाल	,,	मुलाजमत
८०९	शिरसावा	सहारनपुर	भगवानदास सु०	,,	लेनदेन
८१०			नरसिंह राईसे	,,	जमीदारी
८११	सुद्दा	झांसी	गिरधारीलाल सु० भोलानाथ	परवार	दुकानदारी
	सुनवाहा	,,	सेठ परमानंद सु० जवाहर	,,	साहूकारी
८१२	सुमेकापहाड़	,,	(यहां शांतिनाथजीके चरण हैं)		
८१३	सुलतानपुर	सहारनपुर	चौधरी आसारामजी	अग्रवाल	जमीदारी
८१४			होरीलाल सु० खुशीलाल,	,,	,,
८१५			चौधरी संगमलाल	,,	,,
८१६	सूप	मेरठ	ला० कुंदनलाल सु० परतापसिंह	,,	दुकानदारी
८१७	सूभावली	अलीगढ़	,, प्रेमसागर सु० नन्दूमल	जैसवाल	परचुनी
	सेखूपुरा	आग्रा	सोनपाल सु० बुद्धसेन	प० परवार	बजाजी
	सेतरी	एटा	ला० भजनलाल सु० गुलाबचंद	,,	हलवाईगिरी
८१८	सेमरा	आग्रा	,, लल्लूमल सु० रामलाल	,,	जमीदारी
८१९	सेमरा	झांसी	पन्नालाल कामजा	परवार	दुकानदारी
८२०	सेवर	एटा	ला० सौफीलाल सु० रामलाल	जैसवाल	बजाजी
८२१	सैदपुर	झांसी	किरपाराम सु० भगवानदास	परवार	बंजी

शुमार नंर	गामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोके नाम	ज्ञाति	व्यापार
			मनूसेठ सु० नेमदास	परवार	वंजी
८२२	स्योंनी	मैनपुरी	भगवानदास सु० रामलाल	प०परवार	वजाजी
८२३	सोंगना	झांसी	दुर्गाप्रसाद सु० रामदयाल	परवार	पंसारगिरी
८२४	सोजना	,,	सूरेसिंवई सु० चिरमल	गोलापूरब	साहूकारी
८२५	सोंटा	,,	ला० गंगाराम सु० रामजस	अग्रवाल	दुकानदारी
८२६	सोना	मुजफ्फरनगर	,, निहालसिंह सु० आसकरण	,,	,,
८२७	स्योहारा	बिजनौर	,, जुगमंदरदास सु० धनकूदास	,,	जमींदारी
८२८	सौरई	झांसी	दीपचंद सु० पारसदास	परवार	वंजी
			बिरजलाल सु० वलदेव	,,	वजाजी
८२९	सौल्दा	,,	उमरावसिंह सु० मथुरा	गोलापूरब	,,
	ह				
८३०	हतकात	आग्रा	ला०उत्तमचंद सु० नेमीचाल	प०परवार	पंसारगिरी
८३१	हरड	मुजफ्फरनगर	,, ज्ञानचंद सु० रामलाल	अग्रवाल	,,
८३२	हरद्वागंज	अलीगढ़	,, उत्तमचंद सु० रामलाल	पल्लीवाल	छपाई
८३३	हरदासपुर	आग्रा	,, सुमेरलाल सु० जयंतीप्रसाद	प०परवार	पंसारगिरी
८३४	हरदोई	हरदोई	,, चपतराय सु० प्यारेलाल	अग्रवाल	लेनदेन
८३५	हरयाना	मुरादाबाद	भगवानदास सु० वीसालाल	खंडेलवाल	आढ़त
८३६	हरैरा	,,	ला० छेदालाल सु० रामलाल	,,	दु० परचुटण

शुमार नंबर	गामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
८३७	हलगोना	सहारनपुर	ला० चंदूमल सु० रामजीदास	अग्रवाल	वजाजी
८३८	हलालपुर	मेरठ	जवाहरमल	”	”
८३९	हस्तनापुर	फरुखाबाद	(यह अतिशय क्षेत्र जंगलमें है)		
८४०	हसाधन	अलीगढ़	ला० नेमकुमार सु० प्रभूलाल	पल्लीवाल	छपाई
८४१	हाथरस	”	” शालिग्राम सु० बंशीधरजी	अग्रवाल	साहूकारी
८४२	हापड़	मेरठ	” विहारीलाल सु० चुन्नीलाल	”	दुकानदारी
८४३	हिनौना	एटा	” नेमीचंद सु० गिरधारीलाल	प० परवार	वजाजी
८४४	हिम्मतगढ़	एटा	” मानसिंह सु० कुंजीमल	”	वीका दुकान
८४५	हिम्मतपुर	आग्रा	” सुंदरलालजी	”	साहूकारी
			छेदालाल सु० विरजलाल	”	”
			मथुरादास	”	दुकानदारी
८४६	हीरौदी	एटा	तोतारामजी	लमेचु	तिजारत
			झमकलाल सु० चुन्नीलाल	”	वजाजी
८४७	हुसैनपुर	मुजफ्फरनगर	ला० जंगीमलजी सु० मोडूमल	अग्रवाल	दुकानदारी

संयुक्तप्रान्त की

दिगम्बर जैनियोंकी (तीर्थ) यात्रा

तथा

प्रसिद्ध ग्रामोंका वृत्तान्त।

श्रीअतिशयक्षेत्र अयोध्या ।

फैजाबाद स्टेशनसे (O. R. Ry.) ४ मील तथा अभी खास स्टेशन अयोध्या और अयोध्याघाट (O. R. Ry.) और लकडमण्डी (Lakarmandi Ghat B. N. Ry.) है, दिगम्बर जैन मन्दिरजी पांच हैं १ धर्मशाला है । यह नगर जैनियोंका और जैनधर्मका मुख्य स्थान अत्यन्त प्राचीन कालसे रहता आया है । यहां तीर्थंकरोंके जन्मकल्याणकके स्थान और चिह्न बहुत प्राचीन कालके हैं, कालचक्रके प्रभावसे उन स्थानोंके प्राचीन मन्दिर ढह गये ।

हालमें जो दिगम्बर जैनियोंके मंदिर मौजूद हैं उनमेंसे कोई भी प्राचीन कालका नहीं है, उनको सुजाउद्दलाके वक्त केसरीसिंह नामक खजानचीने निर्माण किया । उन सबपर १७८१ सम्वत् खुदा है । शाहबुद्दीनके समयमें प्राचीन जैनमन्दिरोंको शहा-सुजात नामक एक मुसलमानने नष्ट कियाथा ऐसा सुन पड़ता है ।

आदिनाथ महाराजका मन्दिर स्वर्गद्वारके नजदीक है व अजितनाथका इटावा तालावके पास है और अभिनन्दननाथजीका मन्दिर नवाबी सरायके स्थानमें । अनंतनाथजीका गोलाघाट नालाके किनारे, सुमतिनाथजीका मन्दिर रामकोटमें है । अन्तिममन्दिरका सम्वत् १९३६–१९४१ में बहुत नयी इमारतके साथ फिरसे जीर्णोद्धार कराया गया । मूर्तियां नये मकानमें विराजित हैं परन्तु चरण पुराने स्थानमें ही सुशोभित हैं ।

चतुर्थ कालमें यहां राजा प्रजा दोनों जैनी थे और यहां सरयू नदी बहती है । श्री आदिनाथजी तथा श्री ऋषभनाथजी प्रथम तीर्थंकर, अजितनाथजी द्वितीय तीर्थंकर श्री अभिनन्दन नाथजी चौदहवें तीर्थंकर और श्रीसुमतिनाथजी पांचवें तीर्थंकर इन पांच महान् पदवीधारक पुरुषोंने जन्मधारण करके भव्य जीवोंको संसार-समुद्रसे पार किया परन्तु अभी इस हुंडाव सर्पिणी कालदोषसे इस नगरमें कोई जैनीका गृह नहीं है, परन्तु तीर्थक्षेत्र होनेसे दिगम्बर पंचायती मंदिर है, जो अयोध्या-घाटसे ४ फर्लांगकी दूरी पर हनुमान गढीके निकट बना है जिसमें २ वेदी हैं । मन्दिरके सामने दिगम्बर जैनधर्मशाला है कि जिसमें ४०० मनुष्यके अनुमान ठहर सकते हैं । इसका जीर्णोद्धार बाबू देवीसहायजी रईस फिरोजपुर (छावनी) निवासीने कराया है. इस धर्मशालासे १ फर्लांगपर राघवघाटके सरजूनदीके तटपर

श्री अनन्तनाथस्वामीके चरण मन्दिरमें वेदीपर श्यामवर्ण पत्थरपर खुदे हैं। इस मन्दिरजीके भीतर अनुमान १०० मनुष्योंको बैठनेकी जगह है। इस मन्दिरसे १ मील दूरीपर सरगद्वारी मुहल्लामें आदिनाथ महाराजका मन्दिर है, जिसमें भी महाराजके सिर्फ चरण पत्थर पर खुदे हैं। इससे आधे फर्लांगकी दूरीपर श्री अजितनाथ स्वामीजीके चरण मंदिरजीमें हैं। इससे थोडी दूरपर श्रीअभिनन्दन महाराजके चरणोंका मन्दिर और इससे निकट ही सुसाटी मुहल्लामें फारविरस्कूलके निकट खेतमें श्री शीतलनाथ नामके एक मुनिराजके चरणोंका मन्दिर है। इनमेंसे ४ मन्दिरजीमें श्यामवर्ण पत्थरपर महाराजके चरण तथा प्रतिष्ठाका सम्वत् १७८१ वि० मिती मगशीर शुक्ल ५ बुधवार केसरीसिंह दिल्ली निवासी स्थापकका नाम खुदा है पश्चात् नवीन जीर्णोद्धार लखनऊके पञ्चोंने सम्वत् १९५६ विक्रममें कराया है।

पांचवां मंन्दिर श्री सीतलनाथमुनिका है, उसमें जो पत्थर वेदीपर लगा है और उसमें जो अक्षर खुदे हैं वह बिलकुल बिगड गये हैं पढनेमें नहीं आते सिर्फ सं. १७०४ विक्रम स्थापक " भट्टारक दिल्ली निवासी " काष्ठासंघ आम्नाय पढा जाता है। यह पांचों मन्दिरजीका तथा पंचायती बडे मन्दिरजीका जीर्णोद्धार सम्वत् १९६५ विक्रममें ला० देवीसहायजी रईस फिरोजपुर (छावनी) वालोंने कराया है। इसका प्रबंध लखनऊके पंच करते हैं। उन्हीं की ओरसे सूरजबली पांडे गौड ब्राह्मण पंचायती मन्दिरजीमें तथा जन्मस्थानके मन्दिरजीमें पूजन प्रक्षाल करते हैं। आमदनी खर्च तीर्थस्थानके कारण बराबर हो जाती है। खर्चकी कमी नहीं रहती है, पूजन प्रक्षालका प्रबंध अच्छा है।

श्रीअतिशयक्षेत्र अहिक्षतजी।

शहारनपुर और लखनऊके बीचमें रेलवे स्टेशन आंवला नामका है यहांसे अहिक्षतजी ६ मील हैं। गांवका नाम राजनगर है। इस क्षेत्रपर श्रीपार्श्वनाथ भगवानको तपके समय कमठके जीवने बहुत बड़ा उपसर्ग किया था और श्रीभगवानको केवल ज्ञान हुआ था। हरसाल चैत्रवदी ८ से १२ तक बड़ा मेला होता है यात्रियोंके ठहरनेको रामनगरसे बाहर एक बडी धर्मशाला है वहां एक मकानमें चर्ण पादुका हैं और यही स्थान अहिक्षतजी कहलाता है, गांवमें एक मालीके घरमें जिन प्रतिमा भी विराजमान है।

अलीगढ़।

कलकत्तेसे अलीगढ़ ८२५ मील तथा दिल्लीसे ८४ मील (O. R. R. व E. I. R.) कमिश्नरी मेरटमें है। इसका दूसरा नाम कोयल भी है। कहते हैं कि, कोयल शहरको सूर्यवंशी खानदानके एक क्षत्रीने बसाया था। पुराने जमानेमें कोयल डोर राजपूत राजोंका गढ़ था। और इस समय जो अलीगढ़ है वहां उसकी बिरादरीके लोग रहतेथे। अब भी उस समयका किला मौजूद है। अलीगढ़में मोहमदन कॉलीज दूर दूर तक प्रसिद्ध है जिसको सर सय्यद अहमदने बनायाथा, इसकी पढ़ाई अच्छी होती है. दिगम्बर जैनी लोगोंके गृह २४७ तथा मन्दिर ५ हैं। खिरनीकी सराय तथा छिपैटी मुहल्लामें हैं खिरनीकी सराय मुहल्लेके जैनमन्दिर अच्छे स्वर्ण चित्रकारीके बने हैं। यहां पंडित प्यारेलालजी और श्रीलालजी जैन विद्वान् हैं।

आगरा।

यह बड़ा और खूबसूरत शहर जिसको अकबराबाद भी कहते हैं दरया यमुना नदीके दाहने किनारेपर वाके है। इसको हिंदुस्थानका तीसरा प्रसिद्ध मुगल बादशाह अकबरने १५६६ ई० में बसाया था। और सो बरषसे भी जियादा तक मुगल बादशाहोंकी राजधानी रहा।

यह शहर ताजमहलके सबब सारे हिंदुस्थानमें प्रसिद्ध है। इस इमारतको शाहजहानने जिसको इमारतोंका बड़ा शौक था। और जिसका नाम इसी लिये आज तक प्रसिद्ध है सन् १६४८ ई० में अपनी प्यारी बीबी (स्त्री) अर्जमन्दवानो बेगमकी कबरपर बनायाथा। इसमलकाका नाम लोगोंमें मुमताजमहल महशूर है।

आगरेमें और भी देखने योग्य अकबरका बनाया हुआ लाला पत्थरका किला है। इस किलेमें माछीका वावन शीसमहल, मोतीमशजिद, शहरके बाहर एतमाददौलाकी मकवरा और शीशमहल देखने योग्य हैं।

यहां संगतराशीका काम विशेष होता है, व्यापार नाना प्रकारका होता है। यहां जैनधर्मावलम्बियोंके ठहरनेका सुभीता मोतीकटराके धर्मशालामें विशेषकर है। यहां दिगम्बर जैन मन्दिरोंकी संख्या २८ तथा गृहसंख्या १२७९ और मनुष्य संख्या ४७६५ है जो १३ मुहल्लोंमें निवास करते हैं।

आजमगढ़।

यह शहर आजमगढ़ रेल्वे (बी. एन. डब्ल्यू.) स्टेशनसे ३ मीलके फासलेपर है. स्टेशनके निकट दो धर्मशाला मुसाफिरोंके ठहरनेके लिये बनी हैं, जिसमें १ वहुत मजबूत, बीचमें कोठी और चारोंतर्फ कमरे व कोठरियां बनी हैं। और उसके निकट कचेहरियां व जेल और पोस्ट ऑफिस हैं। यहां देशी कपडा बुना जाता तथा व्यापार देशी कपडेका ही विशेषकर होता है। यहां दिगम्बर जैनी भाइयोंका १ गृह तथा १ चैत्यालय है।

इटावा।

यह ग्राम कमिश्नरी आगरामें (ई. आई. आर.) रेलवेके लाइनपर बसा है। १ जैन धर्मशाळा यहां कर्णपुरमें है जो रेलवे स्टेशनसे १॥ मील दूरीपर है। यहां ४ शिखरबन्द मन्दिर तथा ३ चैत्यालय हैं। जैनियोंकी गृहसंख्या १४८ हैं जिनमें मनुष्यसंख्या ७९४ तथा ७९ धर्मशास्त्र हैं। व्यापार यहां रुई, तेल, देशी कपडा आदिका होता है। यहां बाबू चंद्रसैन जैनवैद्य और पंडित पुत्तूलालजी जैन धर्मके ज्ञाता और परोपकारी हैं।

यमुना नदीके तटपर खटखटा फकीरका मठ बना है जिसकी यात्रा हिन्दूलोग करते हैं।

श्रीअतिशय क्षेत्र (इलाहाबाद) प्रयाग।

यह बड़ा सिविल और मिलिटरी शहर O. R.R., E. I. R. तथा G. I. P. रेलवे लाइनोंके जंक्शन में है और गंगा, यमुना और सरस्वतीके संगमपर बसा है। यहां एक अक्षयवट भी है जो इस समय किलेके अन्दर आया हुआ है और जमीनके नीचेसे वहुत दूर अन्धेरेमें होकर दर्शन होते हैं। कहते हैं कि श्रीआदिनाथ स्वामीने यहांही तप धारण किया था। किलेमें बहुत प्राचीन जैनमूर्त्ति भी हैं। यह शहर प्रयाग नामसे भी प्रसिद्ध है और युनाईटेड प्रोविंसेजकी राजधानी है, यहां हाईकोर्ट और इलाहाबाद युनिवर्सिटी (महाविद्यालय) प्रसिद्ध है।

दिगम्बर जैनी भाइयोंके यहां ८५ गृह हैं और वावा शिवचरणलाल यहां प्रसिद्ध साहूकार है। यहां ४ शिखरवन्द मन्दिर तथा ५ चैत्यालय तथा १ धर्मशाला भी है।

ऐलफरेड पार्क जो सन् १८७० में डियूक आफ ऐडिनवरोके हिन्दुस्थान आनेकी यादगारीमें वनाई गई थी बहुत खूवसूरत है। मकफर्सनपार्क छावनीमें और रेलवे स्टेशनके पास खुशरोवाग जिसमें तीन मकवरे हैं देखनेके लायक हैं।

इलाहावादमें कई उम्दा होटल और सराय हैं स्टेशन पर भी आराम कमरे हैं सवारी हरवक्त मिलती है। स्टेशनके वाहर ही लाला विहारीलाल कुंजलालकी धर्मशाला है जहां सव चीज मिल सकती है।

इस शहरकी सन् १८५७ ई० के गदरमें एक देसी पल्टन विगड गई थी इसलिये इसक नामपर वगावतका वट्टा है।

एटा।

यह इसी नामके जिलेका मुख्य शहर B. B. & C. I. तथा R. K. R. लाइनके रेलवे स्टेशन कासगंजसे १४ कोस दूरी पर है, यहां ५७६ दिगम्बर जैनियोंकी वस्ती तथा १०० गृह हैं। यहां १ शिखरवन्द मन्दिर, १ चैत्यालय है, पूजन प्रक्षाल योग्यतासे होता है।

कन्नौज।

यह कसवा फरुखावाद जिलेमें है। यहांकी वस्ती बहुत पुरानी है इसको सतयुगमें पडवार त्रेतामें कुशस्थली और द्वापारमें गाधिपुरी और कलयुगमें कन्नौज नाम होनेका कारण यह है कि यहां अगले समय बड़े २ नामी राजा होगये। इस शहरका नाम एक राजाकी कन्या कुवजी होनेके कारण कोई उसके साथ विवाह नहीं करता था। लाचार होकर एक ब्राह्मणके साथ विवाह कर दिया गया; इसलिये उसकी यादगारीमें कान्यकुब्ज कहलाने लगा, अव वोलचालमें कन्नौज कहलाता है।

यहां दिगम्बर जैनियोंकी प्राय: २०० की वस्ती है, दो शिखरवन्द मन्दिर तथा ७० धर्मशास्त्र हैं यहांका किला राठौर राजाओंका काली नदीके किनारे ढेरसा वड़ा है इसमें पहले तीस हजार तम्वोलियोंकी दूकानें थीं आवादीसे कुछ दूरपर दो मकान वारादरीके नामसे वने हैं जिनको लोग आल्हा ऊदनिकी कचहरी वताते हैं। यहां गट्टे मिठाईके तथा इत्र देशी कागज, और देशी छीटें अच्छी वनती हैं। इत्र और तेल यहांका प्रसिद्ध है।

श्री अतिशय क्षेत्र कम्पलानगरी।

यह तीर्थक्षेत्र जिला फरुक्खाबाद कायमगंज (बी. बी. सी. आय.) रेलवेस्टेशनसे ८ मीलपर है। यहांसे श्रीविमलनाथजी तेरहवें तीर्थंकरने तप धारण करके केवल ज्ञानकी प्राप्ति की है और इसी नगरमें उनका गर्भ, जन्म, तप, यह कल्याणकजी हुए हैं। उस समयमें यहां राजा प्रजा सब जैनी थे परन्तु इस समय जैनी मात्रका यहां घर भी नहीं है। तीर्थस्थान होनेके कारण फरुक्खाबाद, मैनपुरीके पंच मन्दिरजीका पूजन आदिका प्रबन्ध करते हैं उनकी तरफसे एक पुजारी पूजा करनेके लिये रहता है। धर्मशाला भी है। चैत्रमासमें प्रतिवर्ष यहां जैनरथोत्सव भी होता है।

कहाऊँगांव श्रीअतिशय क्षेत्र सेलामपुर।

मजोम्ली परगनेमें जिलेके मुख्य नगर गोरखपुरसे आग्नेय कोणकी तरफ ४६ मीलकी दूरीपर है। इस ग्राममें एक स्तंभ है जो उत्तरकी ओर है।

इसकी ऊंचाई २४ फुट है, यह बढ़िया लाल पत्थरका बना हुआ है। लेख जो इसपर खुदा हुआ है, उसके अक्षर साफ तथा गहरे हैं, नीचे उसकी नकल है। स्तम्भका आधार भूमिसे ४½ फुटकी उंचाई तक १, १० का वर्ग है, ५, ६ पर ६, ३ की उंचाई तक यह एक अष्टकोणके रूपमें है। इस शराकार भागके उत्तरीय तीन पहलुओं पर लेख पाया जाता है। इसके ऊपर ५, १०½ खडी उंचाईका एक भाग १६ पहलूका है, फिर २,११ की उंचाई तक यह गोल है इसके ऊपर ९ मोटा तथा १८ लंबा चौडा एक वर्ग है, असल स्तम्भ इस वर्ग तक ढालू होता गया है।

४½ ऊंची मेखलापर और लाटोंमें उपर्युक्त पेरोपोलिटिन (Paropolitan Type) ढंग का एक शिखर २, ११½ ऊंचा है, मुख्य २ अंश घंटेके आकारका तथा नडमय है।

इसके ऊपर एक वर्गखंड है जिसपर हर तरफ दिगम्बर तीर्थंकरोंकी खडी हुई मूर्त्तियोंवाले छोटे २ छः आले हैं। ऊंचे एक गोल खड्डेमें एक लोहेकी कील घुसेडी हुई है। इसपर शायद कोई जैनधर्मका चिह्न लगा हुआ हो।

इलुराके इन्द्रसभा जैन गुफा मन्दिरके चौकमें सुन्दर इकरंगा स्तम्भ, जिसको इसका प्रतिरूप मान सकते हैं उसपर एक चौमुख वा चार जिन मूर्ति थीं स्तम्भके पश्चिमीय भागमें एक धरणेन्द्र सहित पार्श्वनाथ स्वामीकी मूर्ति है।

(नक़ल)

सिद्धम्।

—:o:—

(१) यस्योपस्थानभूमिर्नृपतिशतशिरः पातवातावधूता (२) गुप्तानां वंशजस्य प्रविसृतयशसस्तस्य सर्व्वोत्तमर्द्धेः। (३) राज्ये शक्रोपमस्य क्षितिपशतपतेः स्कंदगुप्तस्य शान्ते (४) वर्षे त्रिंशद्दशैकोत्तरकशततमे ज्येष्ठमासि प्रपन्ने (५) ख्यातेस्मिन् ग्रामरत्ने कुकुम इति जनैस्साधु संसर्गपूते (६) पुत्रो यस्सोमिलस्य प्रचुरगुणनिधे र्भट्टिसोमो महात्मा। (७) तत्सूनूरुद्र सोमः पृथुलमतियशा व्याघ्र इत्यन्यसंज्ञो (८) मद्रस्तस्यात्मजोऽभूद्द्विजगुरुयतिषु प्रायशः प्रीतिमान्यः (९) पुण्यस्कन्धं स चक्रे जगदिदमखिलं संसरद्वीक्ष्य भीतो (१०) श्रेयोर्थं भूतभूत्यै पथिनियमवतामर्हतामादिकर्तॄन्॥ (११) पञ्चेन्द्रान्स्थापयित्वा धरणिधरमयान्सन्निखातस्ततोऽयम् (१२) शैलस्तम्भ सुचारुर्गिरिवरशिखराग्रोपमः कीर्तिकर्ता॥

भावार्थ—जिनके दरवारका आंगन प्रणत सैकडों राजाओंके नतमस्तकोंसे वीजित होता है; प्रचारित कीर्ति, गुप्तवंशमें उत्पन्न, सवसे अधिक सम्पत्तिवाले: शक्रके समान, सैकडों राजाओंके स्वामी उन स्कन्दगुप्तके शान्तिमय राज्यमें १४१ सम्वत् ज्येष्ठ मासके आनेपर इस रत्नसदृश ग्राममें (जो कुकुमनामसे प्रसिद्ध है) और जो सज्जनोंके संगसे पवित्र है, इसमें महात्मा भट्टीसोम गुणनिधि सोमिलका पुत्र जिसका पुत्र रुद्रसोम व्याघ्रापरनामा विशालकीर्ति तथा विशाल वुद्धिवाला है; जिसका पुत्र मद्र विशेषतः ब्राह्मण, गुरु, यतियोंपर प्रीति तथा मान करनेवाला इस जगतको चंचल जानकर भीत होकर उसने अपने तथा सर्व जगतके कल्याणके लिये पुण्यस्कंध वनाया, पत्थरके पांच इन्द्र अधिकारी (तीर्थंकर) यतियोंके मार्गमें वनाये और यश फैलानेवाला पत्थरका स्तंभ वनाया जो कीर्ति करनेवाला पर्वतोंके शिखरोंके सदृश सुंदर है। इति।

लेखसे स्पष्ट मालूम होताहै कि यह स्तम्भ जैनियोंका है। यद्यपि वर्तमान कालमें कोई मन्दिर आसपास नहीं है तथापि स्तम्भसे २५ फुट उत्तरकी ओर प्राचीन ईंटोंकी नवि पाई जाती है, जिससे मालूम होताहै कि अवश्य प्राचीन कालमें मन्दिर होंगे। इस उपरान्त प्राचीन दो मन्दिरोंके अवशेष स्तंभके पूर्वकी तरफ २०० गजकी दूरीपर वर्तमान है। जो वूचननके कालमें थे। इनमें एकमें कायोत्सर्ग-मुद्रायुक्त श्रीपार्श्वनाथ स्वामीकी मूर्ति अवतक विद्यमान है।

कानपूर।

यह एक बहुत बडा व्यापारके लिये प्रसिद्ध नगर ई. आई. आर., जी. आई.पी., ओ.आर. आर. आदि रेलवे लैन पर है। सन् १८५७ में यहां बडा भयानक गदर हुवा इस वास्ते यह शहर और भी मशहूर है। शहरके अन्दर नहर पक्की बही है जिसके हाकिम आजकल भारतवर्षीय दिगम्मर महासभाके जनरल सेक्रेटरी मुन्शी चम्पतरायजी डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट हैं और गंगानदी भी यहां निकली है। दिगम्बर जैनधर्म्मावलम्बी पुरुष भी खास शहर जनरलगंजमें अधिक निवास करते हैं, यहां सब मिलकर दिगम्बर जैनियोंकी गृह संख्या २७८ तथा मनुष्य संख्या १२५६ है। पंचायती जैन मन्दिर भी जनरलगंज में अति सुंदर है जिसमें स्वर्णका काम सच्चाबना हुआ है, और ३ मन्दिरजी, १ चैत्यालय भी है। नई सडकके निकट १ दिगम्बर जैन धर्मशाला बहुत बडी है जिसमें यात्रियोंको बडा आराम मिलता है। धर्मशालाकी सफाई और बन्दोवस्तके लिये एक जमादार तथा १ खिदमदगार नौकर है, उसी धर्मशालामें जैनऔषधालय भी है। वैद्यराज पं० कन्हैयालालजी जैन बहुत लायक हैं। जनरलगंज मंदिरजीके पीछे एक दिगम्बरजैन पाठशाला है जिस में विद्यार्थी संस्कृत विद्याका अध्ययन करते हैं। यहां दो सभा भी हैं.। शास्त्रसभामें भी अधिक आनंदकी प्राप्ति होती है। पंडित दुर्गाप्रसादजी अच्छे वक्ता हैं। कानपुर अब व्यापारकी बडी भारी मण्डी है। बीसों कारखाने हैं जिनमें चमडेका सामान बनने तथा ऊनके कपडे आदि बननेका काम मुख्य है. तथा देशी शक्करके भी कारखाने हैं।

काल्पी।

यह शहर जिला जालौनमें जमुना नदीके निकट (G. I. P. Ry.) स्टेशनके पास है. यहां कालपदेवने तपस्या की थी इससे इसका नाम काल्पी पडा। यहांसे एक मीलकी दूरीपर यमुना और जोंधरके संगमपर व्यासजीका जन्म हुआ था इसीसे यह व्यासक्षेत्र कहलाता है। यह पुरानी बस्ती जमुनाके दाहिने किनारे पर है। अकबरके समय यहां शिक्का बनानेका कारखाना था। जैनी भाइयोंके सिर्फ ४ गृह तथा १ शिखरबन्द व १ विना शिखर मन्दिर हैं।

श्री अतिशयक्षेत्र कुरगमा ।

यह एक छोटासा ग्राम जिला झांसी खास जी. आई. पी. रेल्वे स्टेशनसे ९ मील पक्की सडक जो कानपूरसे झांसीको आई है वहां है। ग्रामके निकट लाला हरप्रसाद देवकीनंदनका एक बाग है, उस बागमें पक्का कूआं तथा १ तीन दरका पक्का बंगला और १ मकान उसी बंगलाके सामने है। मकानके दाहने हाथपर एक मठ है जिसमें मोहरेके भीतर सामने १ सितम्बर प्रतिमाजी श्यामवर्ण श्रीमहावीर स्वामीकी ४ फुट ऊंची पद्मासनस्थ विराजमान है, उनके चरणोंके तले सम्वत् १८९१ माघ सुदि ५ खुदा है। दो प्रतिमा श्रीपारसनाथजीकी ४ फुट ऊंची सम्वत् १३४३ फाल्गुण वदि ९ की श्यामवर्ण पद्मासनस्थ विराजमान है। एक प्रतिमा श्री पारसनाथजीकी श्यामवर्ण२ फुट ऊंची पद्मासनस्थ विराजमान है। तीसरी प्रतिमा श्यामवर्ण महावीर स्वामीजीकी पद्मासनस्थ ३ फुट ऊंची विराजमान है इनके चरणके तले सम्वत् १३४४ फाल्गुन सुदि ११ खुदा है।

इस प्रकारसे १ लैनमें पांच प्रतिमाजी विराजमान हैं।

दूसरी लैनमें एक प्रतिमा श्रीमहावीरस्वामीजीकी पद्मासनस्थ ३ फुट ऊंची सम्वत् १३४३ (महीनेके अंक विगडगये) खुदा है। दूसरी प्रतिमा श्रीपारसनाथजीकी श्यामवर्ण ३ फुट ऊंची अधिष्ठित है।

इस मोहरेमें दो प्रतिमा और खडगासनस्थ अगलबगल श्री पारसनाथजीकी ३ फुट ऊंची विराजमान हैं।

जिन २ प्रतिमाओंपर सम्वत् नहीं है उनको लोग झांसीके चतुर्थकालकी बतलाते हैं।

प्रतिमाजी सर्व अतिमनोज्ञ व दर्शन योग्य हैं, पूजन प्रक्षालका प्रबंध लाला हर-प्रसाद देवकीनन्दनजी झांसीवालोंका है।

कौसांबी।

फफोसाजीसे ४ मील वा इलाहाबादसे १६ कोस गडवाहा ग्राम है जिसको शास्त्रोंमें कोशाम्बी कहाहै रास्ता गाडीका है।

यहां श्रीपद्मप्रभ स्वामीके गर्भ और जन्मकल्याणक हुए हैं, यह एक पुण्य-भूमि है कि, जहां भगवान्के चार कल्याणक हुए है, यहां मंदिरजी और प्रतिमाजी वहुत मनोज्ञ हैं।

फफोसा और कोशाम्बीके प्रवन्धकर्ता लाला गुलजारीमलजी इलाहाबाद-निवासी हैं।

खुरजा।

जिला बुलंदशहरमें ई. आई. आर. रेलवेके खुरजा स्टेशनसे कसबा तीन ३ मील है। सडक पक्की है घोडागाडी, बैलगाडी आदि सवारी सुगमतासे मिलती हैं।

इस कसबेमे कपास, गुड, शक्करका विशेषकर व्यापार होता है। यहां रानीवाले रायवहादुर सेठ अमोलकचन्दजी रईसके बनवाये हुए लाखों रुपयेकी लागतके जैनमन्दिर हैं। मन्दिरमें सुवर्णके चित्राम अच्छे २ बने हैं। यहां दिगम्बर जैनमन्दिरजी तीन शिखरवन्द और १५० गृह हैं जिनमें ५३३ आदमी रहते हैं।

इस प्रान्तमें यहांसे बढ़कर जैनमन्दिर कहींके नहीं हैं तथा उक्त सेठजीकी ओरसे विद्यालय भी है। यहां रानीवाले पंडित मेवारामजी जैनधर्मके अच्छे ज्ञाता हैं।

श्रीवृत्तान्तक्षेत्र खूखंदोजी।

गोरखपुरसे बी. एन. डब्ल्यू लाइनमें नोनवार स्टेशनसे १॥ मील खूखन्दोजी नामक क्षेत्र है जिसका प्राचीन नाम कांकडीनगरी वा किष्किन्धापुर है। यहां पुष्पदन्त स्वामीका गर्भ जन्म कल्याणक हुआ है तथा उन्हींके नामका प्राचीन मन्दिर है, जिसमें एकही प्रतिमा पद्मासनस्थ विराजमान है। मन्दिरके पूजन प्रक्षालका प्रवन्ध वावू गुलाबचन्दजी रईस छपरा (सारन) निवासीका है, आपकी तरफसे पूजनप्रक्षालके लिये पुजारी भी रक्खा है। प्रवन्ध योग्य है।

गोरखपुर।

वी. एन्. डब्ल्यू. रेलवेकी लाइनका स्टेशन और रेलवेका हेड क्वारटर (सदरमुकाम) तथा वर्कशॉप है। यहां हिन्दुओंके प्रसिद्ध गुरु गोरखनाथजीका मन्दिर प्रसिद्ध है रावती नदीके किनारे पर बसा है।

गोरखपुर स्टेशनसे एक मीलके फासलेपर शहरके अलीनगर मुहल्लेमें जैनी भाइयों-के १४ घर अग्रवाल जैन हैं, सब खुशहाल जमींदार हैं। १ शिखरबन्द मन्दिर बहुत सुन्दर बना है जिसमें छह वेदी पर छह प्रतिमायें विराजमान हैं। मन्दिरके मुतास्सिलिक मिली हुई फुलवारी है, उसके बराबर धर्मशाला नीचेके खनमें और ऊपरके खनमें प्रतिमाएं हैं। पूजन प्रक्षाल बहुत अच्छी तरहसे भाई लोग करते हैं। रोजगार यहां हर प्रकारका होता है। यहां सावरको तकिया और नमदा अच्छा बनते हैं। विशेषकर चमडा तमाखू वगैरहका व्यापार होता है। खूखंदोजीकी यात्राके लिये यहांसे यात्री लोग गमन करते हैं।

श्रीअतिशयक्षेत्र चंद्रपुरी।

वा

चन्द्रावती।

यह स्थान बनारससे १४ मील, सारनाथ रेलवे स्टेशनसे ९ मील गंगानदीके किनारेपर है। सारनाथपर सवारी नहीं है।

यह तीनसौ वर्ष पहिले रघुवंशी सरदार देवमन देवका स्थान था और उन्हींका बनाया हुआ किला गंगाके अभि किनारे है, यहां पांचही जैनी हैं इस ग्रामका नाम देवमनदेवकी स्त्री अथवा कन्याका-चन्द्रावती-रक्खा कहते हैं।

यहां श्रीचंद्रनाथ (चन्द्रप्रभू) का जन्मकल्याणक मन्दिर है। मन्दिरके भीतर श्यामवर्ण पद्मासन २ फुटके अनुमान ऊंची प्रतिमा महाराज चंद्रप्रभुजीकी विराजमान है, तथा स्फटिकवर्ण पाषाणकी ४ प्रतिबिम्ब और भी छोटी २ हैं। यह मन्दिर भी स्वर्गवासी बाबू देवकुमारजी रईस आराके पितामह बाबू प्रभूदयालजीका बनवाया है। पूजन प्रक्षालका प्रबन्ध बाबू देवकुमारकी रियासतसे होता है। मन्दिरके निकट एक धर्मशाला भी बनी है।

चन्दौसी।

जिला मुरादाबाद अलीगढ़के बीचमें (O. R. Ry.) चन्दौसी स्टेशन है, स्टेशनसे शहर १ मीलकी दूरीपर है यहां नाज, गुड़, शक्करकी तिजारत होती है जैनी भाइयोंके यहां सिर्फ ५ गृह हैं।

श्री अतिशय क्षेत्र चांदपुर।

श्रीशान्ति महाराजजी।

यह अतिशयक्षेत्र झांसी जिलामें (G. I. P.) जाखलौनसे ९ मील शूमेके पहाड़के नीचे तालाबके किनारे २ दिगम्बर जैन मन्दिरजी शिखरबन्द हैं जिनमें एक मन्दिरजीमें एक प्रतिमा श्रीशान्तिनाथ स्वामीकी श्यामवर्ण खड्गासन प्रतिबिंब १० हाथ उंची सम्वत् १२०० की है और २० प्रतिबिम्ब छोटी छोटी पाषाणकी पद्मासन और बिराजमान हैं।

दूसरे मन्दिरजीमें भी २० प्रतिमा छोटी छोटी विराजमान हैं। यह दोनों मन्दिरजी सम्वत् १२०० में बनाये गये थे जिसकी कारीगरी अभीतक देखने योग्य है।

श्रीक्षेत्र चौरासी।

यह क्षेत्र मथुरासे १ मील जमुनानहरके बम्बाके किनारेपर एक छोटासा ग्राम है और उसके पास एक मैदानमें एक आलीशान दिगम्बर जिनमंदिरजी और मन्दिरजीके चारों तरफ धर्मशाला यात्रियोंके लिये बनी हैं।

इस मन्दिरजीमें जम्बू स्वामीके चरण हैं, यहांसे श्रीस्वामी महाराज अंतम केवली निर्वाण पधारे हैं, उन केवली भगवानकी निर्वाण भूमिके कारण यह चौरासी तीर्थस्थान हैं। प्रति वर्ष कार्तिक कृष्ण द्वितीयासे कृष्ण ८ तक जैन रथोत्सवका मेला होता है. इस मेलेका प्रबंध मथुराके पंचायतसे होता है। यहांकी आब हवा अच्छी है।

झांसी।

जिला झांसी पश्चिमोत्तर प्रदेश आगल अवधमें है। शुरू अमलदारी गवर्नमेन्टमें यहांकी रानीने ७ दिन तक गवर्नमेन्टका मुकाबला कियाथा।

झांसी शहर,ओरछा राजा बीरसिंघ देवने जहांगीरके वख्त बसाया है। यहांकी रानीका किल्ला अबतक पत्थरका बना हुआ है, परन्तु गवर्नमेन्टकी तरफसे अन्दर

किलाके जानेका आर्डर नहीं है। झांसीमें कलेकटर साहब व जज्ज आदिकी कचेरियां हैं और सदरमें गवर्नमेन्टकी छावनी भी है। यहांपर दिगम्बर जैनियोंके ६९ गृह जिसमें २०८ मनुष्यसंख्या है और ५ जैनमन्दिरजी तथा १ चैत्यालय है।

मुहल्ला हारड़ीगंजमें १ मंदिर है, उसमें पांच वेदी हैं एक वेदी पश्चिमवालीमें ३ मन्दिरों धातुके नन्दीश्वरदीपके विराजमान है। नन्दीश्वर दीपके मन्दिरोंकी उंचाई तीन तीन फुटकी है।

और मुहल्ला कटरामें जैन धर्मशाला है उसमें भी एक वेदी है जिसमें १ पाषाणकी प्रतिमा व ४ धातुकी हैं।

चैत्यालय मुहल्ला गुदरी ला० स्वरूपचंदजीके मकानके छनपर है जिसमें १ वेदी है। १ प्रतिमाजी धातुकी और ८ पाषाणकी हैं।

१ मंदिर शिखरबंद सदरबाजार झांसीमें है। उसमें एक वेदी है परंतु वहां ताला वेदीमें बंद था। लाला मिश्रीलालजीके पास उसकी ताली (चाबी) रहती है।

झांसीके जैनमंदिरमें प्रतिमाजीका विशेष समूह है। और प्रतिमाजी अति मनोज्ञ है।

टेहरी।

यह एक राजाका संस्थान पहाड़ी जिला गढ़वालमें है। इसका रेल्वे स्टेशन मण्डी (R. K. Ry.) है। यहां घोडे पहाड़ी बहुत मजबूत और अच्छे होते हैं। यहां लाला गिरनारी लालजी परोपकारी हैं।

त्रिलोकपूर क्षेत्र।

बाराबंकीसे १० मीलकी दूरी पर यह छोटासा ग्राम है। इस ग्रामसे ४ मील बिन्दौरा रेल्वे स्टेशन (B. N.W. Ry.) लैनपर है परन्तु वहां सवारी कोई नहीं मिलती है। बाराबंकीसे सवारियां हरतरहकी मिलती हैं। इस ग्राममें एक जैनमान्दिरजी पंचायती है। पंचायती मन्दिरके निकट एक वैष्णवसंप्रदायका मन्दिर बहुत बडा कच्चा जिसमें धर्मशाला तथा फुलवारी भी है। मंदिरमें उस कुवांके पास एक दालान तथा कोठरी है, उस कोठरीमें श्रीनेमिनाथ महाराज बाईसवें तीर्थंकरकी श्यामवर्ण पद्मासन ३ फुटके अनुमान ऊंची प्रतिमा अधिष्ठित है। यह प्रतिमा १०० वर्षके अनुमानसे एक बैरागी साधु अलामतीके

अधिकारमें है। अब वह साधु परलोकगमन कर गया है और उसकी स्त्री जीवित है। अपने स्वामीके तरहसे वह साधुनी स्त्री भी अपना अधिकार जमाये है यानी जो विदेशी यात्री उस प्रतिमाके दर्शन पूजन निमित्त जाते हैं उनसे वह ।) आना तथा ॥) आना तक चढ़ावा भेंटके तौरपर लेकर दर्शन तथा पूजन करने देती है। और प्रतिदिन इस ग्रामके निवासी जो जैनभाई पूजन करते हैं उनसे किसी प्रकारकी भेंट आदि नहीं लेती है। इस प्रतिमाजीको इस प्रान्तके लोग चतुर्थकालकी बतलाते हैं। सन् संवत् प्रतिमाजीपर कुछ ज्ञात नहीं होता है क्योंकि जिस कोठरीमें महाराज विराजमान हैं उसमें बहुत अंधेरा रहता है, दीपक आदिका प्रकाश वह ब्राह्मणी साधुनी करने नहीं देती। प्रतिमा बहुत मनोज्ञ है दर्शन करनेसे बडा आनंद प्राप्त होता है।

देवगढ़।

झांसी जिलामें जाखलोन नामक (G. I. P. Ry.) स्टेशनसे ८ मील पहाड़ी जंगली रास्तेपर है। जाखलौनसे देवगढ़ ग्राम तक बराबर चारों तरफ ८ मील तक जंगल बहुत घना पडता है। खैर आदिके कांटेदार पेड रास्तेमें पडते हैं, कहीं २ पहाडी टीले ऊंचे नीचे भयावने तिर्यंचोंके रहनेके स्थलमार्गमें दृष्टि आते हैं परन्तु नाहर चीता आदि भयावने तिर्यंच क्रूर जीव धर्मके प्रभावसे किसी यात्रीको पीडा नहीं पहुंचाते।

देवगढ़ एक छोटासा पचास साठ घरका ग्राम है। इस ग्रामका मालिक आजकल गयाप्रसाद ब्राह्मण नम्बरदार है। इस ग्रामके पास थोडी दूर नीचे १ झील पहाड़ी टीलेके नीचे पडती है उस झीलके पाससे पहाड़पर जानेका सीधा रास्ता है, झीलसे १ फर्लांगकी चढ़ाईके अनुमान मार्ग है, पहाड़ीके ऊपर बहुत बडा क़िलाका टूटा खंडहर इस समय मौजूद है। क़िलेका निशान फाटकसे ज्ञात होता है जो इस समय मौजूद है। फाटक लाल पत्थरका बहुत ऊंचा है और उसकी बनानेकी कारीगरी देखकर चकित होना पडता है उस फाटकके भीतरकी ओर चलकर चारों तरफ टूटेफूटे परकोटाके पत्थर पड़े हैं, और क़िलेके अन्दर बहुत घना विकट कांटेदार वृक्षोंका जंगल है, उस जंगलमें बहुत सम्भालकर चलने पर भी कपडे फट जाते हैं मार्ग नहीं है। उस क़िलेके जंगलमें असंख्यात जिन प्रतिमा खंडित पड़ी हुई हैं। इस समय ५० जैनमन्दिर पत्थरके हैं। जिनमें कारीगरी देखने योग्य है। उन मन्दिरोंकी दिवारों पर चारों तरफ तथा भीतर हजारों प्रतिमाएं हैं। एक मन्दिरके मोहरेके भीतर ३० फुट ऊंची खड्गासनस्थ प्रतिमाजी हैं जिनपर संवत् आदि कुछ नहीं है, परन्तु जाखलौनके भाई शान्तिनाथ महाराजकी बताते हैं। पूछनेसे ज्ञात हुआ कि संवत् १२०० में यह मन्दिर बना था।

शिलालेख १ मन्दिरके पास लगा है वह पढ़ा नहीं जाता, अक्षर दूसरी भाषाके टूटे और घिस गये हैं।

इस किलेके जंगलमें मन्दिरके पास ही नाहरके रहनेका स्थल लोग बताते हैं तथा और भी क्रूर जीव रहते हैं परन्तु आजतक किसी यात्रीको बाधा नहीं हुई। यहां ऐसा विकट जंगल है कि देखनेसे हृदय रोमांचित होजाता है, परन्तु जिनमन्दिरोंके पास ऐसा अतिशय है कि दर्शन करनेसे अपूर्व आनन्दकी प्राप्ति होती है। जाखलौनसे देवगढ़ तक यात्रियोंको चाहिये कि पानीका प्रबंध साथ रक्खें मार्गमें ९ मीलतक पानीका स्थान नहीं है।

देवबन्द।

जिला सहारनपुरमें नार्थ वेस्टर्न रेल्वे पर मुजफ्फरनगरसे १९॥ मील उत्तरकी तरफ रेलवे स्टेशन देववन्द (N. W. R.) से ४ फलांगपर कसवा है। यहां पांडवोंने अपने वनवासमें निवास किया था ऐसा मालूम होता है। यहां एक प्राचीन देवीका मन्दिर है। यहां दिगम्बर जैनमंदिरजी ४ हैं तथा ८० अग्रवाल जैनियोंके गृह जिनमें ४०० मनुष्यसंख्या हैं। धर्मशास्त्र २०० के अनुमान हैं। ग्रामके बाहर देवीकुण्ड नामक एक तालाब है जो मंदिर, घाट और सतियोंकी छत्रीसे आच्छादित है।

यहां बाबू सूरजभान वकील और बाबू युगलकिशोर मुखतार जैनधर्मके ज्ञाता परोपकारी हैं। यहां दिगम्बर जैन ग्रंथोंका कार्य्यालय भी है तथा जैनप्रचारक और नारीहितकारीके सम्पादक बाबू ज्योतीप्रसाद यहां रहते हैं। यहां ब्लैंकेट बहुत अच्छे बनते हैं।

श्रीक्षेत्र पवाजी।

झांसी जिलामें तालवेहट स्टेशन G. I. P. रेलवे लाइनसे ६ मील पर १ छोटासा पवा नामक ग्राम है उसमें २ घर गोलालारे जैनी भाइयोंके तथा एक चैत्यालय है। स्टेशन तालेवहटसे मार्ग पवा ग्राम तथा मन्दिरजी मोहरातक अच्छा है, बैलगाडी घोड़ा जासकते हैं। यहांसे १ मीलपर १ छोटासा पहाड़ है उसकी तलीके चिपटमें एक दीवार परकोटानुमा पत्थरकी एक मैदानको चारों तरफ घेरे हुए है. परकोटाका फाटक बांसके टट्टरका बना है। उसके सन्मुख पर्वतकी तलीसे जो परकोटाकी दीवार है उससे अनुमान

२० फुट अन्तरसे बराबर २ दो मठियां बनी हैं। इनमें एक मठिया खाली है और दूसरीके नीचे भोंहरा है। भोंहराके भीतर वेदी पत्थरकी है, उसमें छः प्रतिबिंब पद्मासनस्थ श्यामवर्ण पाषाण विराजमान हैं।

१ एक प्रतिमाजी ३ फुट ऊंची श्रीपारसनाथकी, २ री चार फुट ऊंची श्री ऋषभदेवकी ३ री २॥ फुट ऊंची श्रीशीतलनाथ महाराजकी चौथी २॥ फुट ऊंची श्रीसुमतनाथजीकी ५ वीं ३ फुट ऊंची श्री शंभवनाथजीकी व छंठी २॥ फुट ऊंची श्रीशीतलनाथजीकी।

इस प्रकारसे छः तीर्थंकर देवोंकी प्रतिमाजी विराजमान हैं।

शीतलनाथ महाराजके स्थापनाकी मिती चरणके तले सम्वत् १२९९ वैशाख सुदि ११ रविवार खुदी है। शेष पांचों महाराजोंके स्थापनाकी मिती चरणके तले हरएक महाराजके सम्वत् १३४५ आषाढ सुदी २ बुधवार खुदी है।

इस स्थानपर पूजन प्रक्षालके लिये इस ग्रामके आसपासके जैनी भाइयोंकी ओरसे एक पुजारी बलदेव नामक नौकर है वह पूजन प्रक्षाल नित्यप्रति करता है।

अगहन वदि १ से ८ तक अष्ट दिवस पर्य्यंत प्रतिवर्ष आसपासके जैनी भाई एकत्र होकर जैन मेला करते हैं।

यह स्थान बहुत रमणीय है। प्रतिमाजी बहुत विशाल हैं। इस स्थानपर पहले जंगल था। अनुमान १५० वर्ष हुए होंगे तबसे यह भोंहरा प्रसिद्ध हुवा परन्तु इस बातका पता यहांके भाई नहीं जानते कि किस कारणसे इस भोंहराका पता लगा। ६० वर्ष हुए झांसी जिलामें मि० लेफ्टन साहब बहादुर कलेक्टर थे उन्होंने इस जंगलमें देवस्थान देखकर यह जमीन जैनी भाइयोंको देदी और उन्ही साहब बहादुरकी आज्ञानुसार परकोटा बनाया गया।

श्री क्षेत्र फफोसा।

ई. आई. रेलवे लाइनमें भरवारी स्टेशनसे करीब २५ मीलकी फासलेपर एक गांव फफोसा है, जिसके करीबमें एक पहाड़ है जिसको प्रभाक्षेत्र कहते हैं जिसपर ११६ सीढियां चढनेसे एक प्राचीन मनोज्ञ जिन मन्दिर बहुत मजबूत दुरुस्त सफेदी किया हुवा बना है। उसमें दो वेदी हैं; जिनमें एक सम्बत् १८८१ की बनाई हुई है। प्रतिबिम्ब ७ हैं। मूलनायक पद्मनाथस्वामीकी प्रतिमा चतुर्थकालकी है। २ प्रतिमा १४०८ की प्रभाचंद्र भट्टारक और १ प्रतिमा १८८१ की जगतकीर्त्ति भट्टारक द्वारा

प्रतिष्ठित है। दो प्रतिमा पद्मप्रभकी और एक महावीर स्वामीकी चतुर्थकालकी है। मन्दिरके आगे करीव १०० फुटकी ऊंचाई पर पर्वतके पाषाणमें उकेरी (खुदी) हुई ४ प्रतिमाएँ खड्गासनस्थ हैं। फिर इससे ऊपर एक प्रतिमा खड्गासन पाषाणमें उकेरी हुई है, जिसके पास एक गुफा है। उसका द्वार वन्द है। सुना है कि उसमें कोई शिलालेख है। पर्वतके मन्दिरके पास एक वडाभारी पाषाण है, जिसके पास एक दण्ड है, जिसमेंसे हमेशा वहुत गरम भाप निकला करती है। यहां कभी कभी पर्वके दिनोंमें केशरकी वर्षा होती है। यहां पद्मनाथ स्वामीके तप और ज्ञान दो कल्याण हुए हैं। स्थान वडा रमणीय है।

श्री अतिशय क्षेत्र बनारस।

यह अतिशय क्षेत्र मुगलसराय स्टेशनके पास ओ. आर. आर. रेलमें बदलकर वनारस पहुँचते हैं। मुगलसरायसे वनारस ४ही मील है। यहां हिन्दुओंके वहुत मन्दिर हैं, यहांपर श्री विश्वनाथ महादेवजीका मन्दिर मुख्य है। श्रीगंगाजीके घाटोंमें मणिकर्णिका घाट विशेष मुख्य है। यहां एक अमृत नामका कुंड है, लोग कहते हैं कि इसमें स्नान करनेसे कोढ़ दूर होजाता है।

यह जैन लोगोंका भी वड़ा तीर्थस्थान है। इसी वनारस नगरमें प्रथम सुपारसनाथ सातवें तीर्थंकर तथा श्रीपारसनाथ तेईसमें तीर्थंकर इन दोनों महात्माओंकी जन्मभूमि है। इन दो तीर्थंकर देवोंने इस नगरमें चतुर्थ कालमें अवतार धारण किया हैं, जिनके जन्मकल्याणके मन्दिरजी भदैनी घाटपर जो दो मन्दिर शिखरबन्द हैं उनमेंसे १ वावू प्रभूदयालजी, पितामह वावू देवकुमारजी रईस आराका वनवाया हुआ है। इस मन्दिरजीका कुल प्रवन्ध वावू देवकुमारजीकी रियासतसे होता है। दूसरे मन्दिरजी इसी मन्दिरजीके निकट वावू छेदीलालजी रईस वनारस निवासीका है।

श्रीपारसनाथजीके जन्मकल्याणकका मन्दिर भेलूपुरामें है। एक मन्दिर खड्गसेन उदयराजजीकी सदकपर है। दूसरा जिसमें ३ वेदी हैं, और इसीसे मिला श्वेताम्बर आम्नायका एक मन्दिरजी है। इस मन्दिरकी वेदीमें ९ प्रतिमाजी पद्मासनस्थ दिगम्बर आम्नायकी हैं। यह भी पारसनाथ स्वामीके जन्मस्थानक है। इसके अतिरिक्त १ पंचायती मन्दिर वुलानाला पर एक मदागिनमें, तथा ३ चैत्यालय भी हैं। एक चैत्यालय भूतई इमलीपर, १ बूलानालापर वावू छन्नूलाल जौहरीके, एक खड्गसेन उदयराजकी कोठीमें चौकमें है। वावू छन्नूलालजी जौहरीके कोठेपर जो चैत्यालय है उसमें १ प्रतिमाजी ४ अंगुल प्रमाण स्फटिकमणिकी हैं।

वनारसमें इस प्रकारके ४ चार चैत्यालय तथा ६ छः मन्दिरजी दिगम्बर आम्नायके हैं, मदागिन मन्दिरके हातेमें यात्रियोंके ठहरनेके लिये अच्छी धर्मशाला है। यहां दिगम्बर जैनियोंकी गृहसंख्या ५४ तथा मनुष्यसंख्या २२५ है।

यह स्थान संस्कृत विद्याका मुख्य स्थल है। दिगम्बर जैनियोंका स्याद्वाद महाविद्यालय भदैनी घाटके बडे मन्दिरजीमें है जहां न्याय व्याकरण और धर्मकी विद्या विदेशी विद्यार्थियोंको प्रदान की जातीहै, जिसके मुख्य प्रबन्धकर्त्ता बाबू छेदीलाल ठाकुरप्रसादजी रईस हैं।

ऐसीही श्वेताम्बर जैनियोंकी एक संस्कृत पाठशाला यशोविजय पाठशालाके नामसे शहरमें प्रसिद्ध है। यहां देवनागरीके प्रचारके लिये नागरी प्रचारिणी सभा और उसका मकान दर्शनीय है। यहां हिन्दू सेन्ट्रल कॉलिजकी इमारत तथा गंगाके घाटकी अच्छी वनी हुई है, यहां कमख्वाव और कलाबतूनी काम बहुतही उमदा बनता है।

बरवासागर।

यह स्थान झांसी जिलामें (G. I. P.) माणकपुर झांसी लाइनपर स्टेशनसे १ मीलपर है। ग्रामके निकट १ छोटा पहाड़ है और उसके ऊपर महाराज टीकमगढ़का किला है। यहां एक दिगम्बर जैनमन्दिरजी शिखरबन्द है। तथा १६ गृह और मनुष्यसंख्या ६९ और एक धर्मशाला भी है। पूजन प्रक्षालका प्रबंध अच्छा है। कोई प्रसिद्ध बात इस ग्राममें नहीं है।

बरेली।

रुहेलखण्ड प्रान्तमें बरेली सदर मुकाम है। यहां साहब कमिशनरकी कचेहरी है। यहां लकड़ीका काम तथा कुरिसियां अच्छी बनती हैं। यहां जैनीका १ एक गृह तथा ४ आदमी हैं।

वहरायच।

B. N. W. रेलवेपर यह प्रसिद्ध जिला है। रेलवे स्टेशनसे १॥ मीलकी दूरीपर इस शहरमें ब्रह्मणीपुरा मुहल्ला है। रेलवेस्टेशनसे ब्रह्मणीपुरा मुहल्लातक पुख्ता है।

सवारियां बहुत मिलती हैं। इसी मुहल्लेमें जैनमन्दिर तथा जैनी भाइयोंके गृह हैं। उनमें अग्रवालोंके २०, पल्लीवालका एक तथा पद्मावती पुरवारका एक गृह इसप्रकार २२ गृह हैं। जैन दिगम्बर आम्नाय २० पंथके हैं। पूजन प्रक्षाल नियत समयपर होता है।

यहांसे रियासत नैपालगंज जो कि नैपालवालोंका राज्य है १६ मील है।

बहरामघाट।

बारावंकी जंक्शन B. N. W. रेल्वेसे उसकी २ लाईन की गई हैं। इस ग्रामका एक स्टेशन बहरामघाटके नामसे, दूसरा चौकाघाटके नामसे प्रसिद्ध है तथा दोनों स्टेशनोंमें २ मीलका अन्तर है। इसीको गणेशपुर भी कहते हैं। यहां गोरखालीके सांखूके लट्ठे बहुत विक्री होते हैं तथा वडे २ दूकानदार बहरामघाट रेलवे स्टेशन वड़ी लाईनके निकट आपने लट्ठोंके कारखाने खोले हुए हैं। यह ग्राम घाघरानदीके किनारेपर बसा है। यहां जैन दिगम्बर अग्रवाल भाइयोंके ८ गृह, तथा एक शिखरबन्द मन्दिरजी है। पूजन प्रक्षाल योग्य रीतिपर होता है।

यहां मकई बहुत आती है और पैदा भी होती है। यहांके जैनी सभी कपडेकी दूकान करते हैं।

बांदा।

यह ग्राम जी. आई. पी. रेलवे लाइनपर इसी नामके स्टेशनसे आबादीके नजदीक है। यहां सराय पुरुता बाजारमें और नज़रबाग नवाबसाहबके मकानात मैनसाहबकी सराय और केन नदीका पुल देखने योग्य है। यहां केन नदीके पास एक क़िला बहुत बड़ा है, जिसके अन्दर बहुतसे तहखाने और जमीनमें सुरंग है। यह क़िला अब गिरपडा है परन्तु भीतरकी इमारत अच्छी है। इसके अन्दर सुरंगोंका पता नहीं लगता है। बांदाके बीच शहरमें १ छोटासा पहाड़ है जिसको बम्बेश्वर कहते हैं।

यहां दिगम्बर जैनियोंकी गृहसंख्या २० तथा मनुष्यसंख्या ६८ है। एक शिखरबन्द जैनमन्दिरजी है जिसमें ११ धर्मशास्त्र हैं। यहां कुछ सवैया जैनी भी हैं जो शास्त्र पूजते हैं दिगम्बर आम्नायमेंसे हैं।

बाराबंकी।

अवध प्रान्त लखनऊसे १९ मीलकी दूरीपर यह छोटासा शहर है। शहरके बाहर रेलवे स्टेशन (ओ. आर. आर.) के निकट डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर और सबॉर्डिनेट जजकी कचेहरियां हैं। स्टेशनसे सीधा पक्का रास्ता बाजारको आया है। कपड़ेकी बाजारके मध्य एक घंटा घरका मकान है। उस बाजारमें विशेषकर जैनियोंकी दूकानें हैं उनका व्यापारसाधन विशेषकर बजाजी है। इस घंटाघरसे बायें हाथपर श्रावगी मुहल्लामें तीन जैनमन्दिरजी शिखरबन्द पासही पास हैं उनमें एक बड़ा मन्दिरके नामसे प्रसिद्ध है। उसके सामने जैनधर्मशाला महलके नामसे प्रसिद्ध है। और पीछे फुलवाडीमें १ छतरी नामका मन्दिर है। इसमें दिल्लीके भट्टारक राजेंद्रकीर्त्तिके चरण बने हैं तथा श्री जिनेंद्र देवकी प्रतिमा भी विराजमान है। लाला लखपतिरायजीकी कोठीमें १ चैत्यालय है। और उससे थोडी ही दूरीपर एक छोटे मन्दिरजी हैं। इस प्रकारसे ३ श्रीदिगम्बर जैन मन्दिरजी हैं और इन्ही मन्दिरजीके आसपास जैनी भाइयोंके गृह २७ हैं जिनमें १५० मनुष्यसंख्या है, इस शहरसे २ मीलके फासले पर मजीठा नाम ग्राम है वहां १ प्राचीन मेला नागदेवताका वैष्णव सम्प्रदायका प्रतिवर्ष आषाढ शुक्ल १५ को होता है।

श्री अतिशय क्षेत्र बालाबेट।

यह अतिशय क्षेत्र जिला झांसीसें रेलबे स्टेशन ललितपुरसे २४ मील है। मार्ग १४ मील तक अच्छा है, पश्चात् १० मील तक पहाड़ी मार्ग विकट जंगल है। यद्यपि वैलगाडी, दिनमें पहुंचाती है। डाकखाना दुधईमें है।

बालाबेट एक छोटासा ग्राम है, वहां १ शिखरबंद मन्दिर है जिसमें तीन बेदी हैं.

एक बेदीमें श्रीपार्श्वनाथ महाराजकी श्यामवर्ण २ फुट उंची पद्मासनस्थ मूर्ति १२०० की विराजमान है। कहते हैं-किसी समय इस प्रतिमाको चोर चुरा लेगये थे और जमीनमें गाडदियाथा, तब देव अतिशयसे यहांके जैनी भाइयोंको स्वप्न हुआ तब जैनी भाइयोंने लाकर यहां बिराजमान किया। इस प्रतिमाके अतिरिक्त दोनों बेदियोंमें और भी धातु पाषाणकी प्रतिमा विराजमान हैं। मन्दिरमें धर्मशाला है। इस ग्रामके चारों तरफ पार्श्वनाथजी शामलियाकी दुहाई लगती है। निकटवर्ती ग्राममें अन्यमतीभी श्यामलिया पार्श्वनाथकी दुहाई देते हैं।

यहां फाल्गुन मासमें जैनरथोत्सव होता है परंतु मिती नियमित नहीं है। पूजन आदिका प्रबन्ध यहांके मन्दिरका वालावेटसे ९ मील मालथौन ग्राम जिला सागरमें है वहांके पंचोंका है। उन्हींकी ओरसे १ पूजारी भी नौकर है।

यहां ४ गृह दिगम्बर जैनियोंके हैं जो की गरीब हैं।

वृन्दावन।

यह मथुरासे उत्तरकी ओर छ मीलपर है। इसमें एक वहुत प्राचीन मन्दिर गोविन्ददेवजीका है। इसको बादशाह औरंगजेवने तोडाथा। इसकी मरम्मत मि० ग्रोसने करादी है। पुरानी कारीगरी बहुत उत्तम नमूना देखनेके लायक है। नये मन्दिरोंमें रंगजीका मन्दिर लाला बाबूका मन्दिर तथा शाहजीका मंदिर बहुत उत्तम हैं।

यहां जैनियोंके ५ गृह, २१ मनुष्यसंख्या तथा १ श्री जिनमन्दिर भी हैं।

विसवा।

जिला सीतापुरमें सिवौली (B. N. W.) स्टेशनसे १२ मील यह कसवा है। यहांका तंवाकू पीनेका अच्छा होता है। विशेषकर तम्बाकूका ही यहां व्यापार होता है। यहां १ चैत्यालय तथा १ जैनीका गृह है।

वुलंदशहर।

कमिश्नरी मेरठमें काली नदीके दाहिने हाथपर पश्चिम तरफ इसका नामका जिलेका मुख्य शहर है। (इसका वुलंद शहर नाम यों पड़ा कि राजा अदिवरनने पहिले इसको बसाया था इस लिये उसके नामसे यह वरन शहर कहलाया। पश्चात् जमीन ऊंची नीची होनेके कारण इसका नाम ऊंचा नगर पड़गया मुसलमानोंने इसका नाम वदल वुलंदशहर रक्खा फारसीमें ऊंचेको वुलंद बोलते हैं।

इस शहरमें सिर्फ १ जैनमन्दिर और एकही गृह जैनसम्प्रदायका है।

मथुरा।

सूवा आगरा और अवधमें यह मथुरा नगरी यमुनाजीके दाहिने किनारे पर बहुत पुराना शहर है। यह बी. बी. सी. आई. रेलवेका स्टेशन और हिन्दुओंका पवित्र तीर्थक्षेत्र

है। मथुराजीसे ६ मील नीचेकी ओर महावन नगर है जहां कृष्णजी (जैन मतके नवमे नारायण श्रीकृष्णजी) पलेथे जब वह बाल थे तो उनके मामा कंसने उनके मारनेका हुकम दिया पर उनकी टहलनी उनको महावनमें नंदाकी स्त्री जसोदाकी लडकीसे बदल गई। मथुराजीसे २ मील चौरासी दिगम्बर जैनियोंका तीर्थस्थान है। और १ मील जैसंघपुर १ ग्राम है। वहां दिगम्बर जैनी नाममात्रका नहीं हैं परन्तु मन्दिरजी एक है जिनका पूजन प्रक्षालका प्रबंध मुन्शीमल चन्दजी रखते हैं। यहां मन्दिरमें ४ ग्रन्थ न्यायके हैं।

मथुरा शहरमें छह दिगम्बर जैन मन्दिरजी हैं जिनमें ४ शिखरबन्द तथा २ चैत्यालय हैं। यहां जैनियोंके पचास गृह तथा १५० लोगसंख्या है। मथुरामें अगणित धर्मशालायें हैं इनमेंसे ४ हारडिंग दरवाजेमें, एक भरतपुर दरवाजेमें ४ डिग दरवाजेमें हैं। दिगम्बर जैनियोंके वास्ते यहां धर्मशाला जो कि घीआमण्डीमें श्री मन्दिरजीके सामने है। यहांके पेड़े और मलाईकी खुरचन प्रसिद्ध है। स्टेशनपर और शहरमें एक्के और गाड़ियां सवारीके लिये मिलती हैं।

इस शहरपर महमूद गजनवीने ई० सन् १०१७ में चढ़ाई की और सिकन्दर लोदी दिल्लीके बादशाहने १५०० में चढ़ाई की जिससे बहुत नुकसान हुआ।

अंगरेजी सम्वत् ४०० में मथुरामें बुद्ध लोग बहुत थे। उनके स्थानोंके निशान अब तक हैं। यहांकी प्रसिद्ध इमारतें यह हैं: जुम्मामसजिद, सतीका बुर्ज, विश्रामघाट, द्वारकाधीशका मन्दिर, हाईस्कूल तथा सेठ राजे लक्ष्मणदासकी हवेली।

मिरजापुर।

मिरजापुर इसी नामका जिलेका मुख्य शहर तथा ई. आई. रेलवेका स्टेशन है। यहां पेश्तर जैनियोंके बहुत घर थे तथा छ दिगम्बर मन्दिरजी थे और मिरजापुर तिजारतकी बहुत बड़ी मंडी थी परन्तु समयके हेरफेरसे अब न तो दिगम्बर जैनियोंके विशेष घर ही रहे न मंडी ही रही। अब सिर्फ ३८ घर दिगम्बर जैनियोंके रहगये हैं जिनमें मनुष्यसंख्या १९२ है और ३ मन्दिरजी शिखरबन्द हैं। इनमेंसे १ जैन मन्दिर फाकटरा मुहल्लामें है और जैनीभाई इसी मुहल्लामें निवास करते हैं।

यहांके गलीचे तथा पीतलके बरतन प्रसिद्ध हैं और विशेषकर बरतनोंका ही व्यापार होता है।

मुज़फ्फ़र नगर।

यह शहर सहारनपुरसे ४० मीलके फासलेपर बी. एन्. डब्ल्यु. रेलवे लाईनपर है। स्टेशनसे शहर १ मीलके फासले पर वांके है। जैन अग्रवालोंके यहां १०२ और पल्लीवालोंके ३ गृह हैं तथा मनुष्यसंख्या अनुक्रमसे ५१५ और ७ है, जिनमें एक बाबू शम्भूनाथ डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर हैं। शहर अच्छा है। जैनभाई खुशहाल और सज्जन हैं। यहां श्रीजैन-मन्दिरजी पंचायती १, दूसरा मन्दिरजी लाला जैपालमलजी रईसका और तीसरा लाला होश्यारसिंहजी रईसका हैं पूजन प्रक्षाल तीनों मन्दिरोंमें समयपर होता है।

यहांके कम्बल प्रसिद्ध हैं।

मुरादाबाद।

सूवा आगरा और अवधमें यह शहर रामगंगाके दाहिने किनारे पर रामपुर रियासतकी हद्दसे १० मीलके फासले पर ओ. आर. रेलवेके स्टेशन के पास है।

इसको रुस्तमखां कटूरके हाकिमने वसाया था और उसने शाहजहानके पुत्र मुरादके नामपर इसका नाम मुरादाबाद रक्खा। इस नगरके ११० मुहले हैं और कई अच्छे वजार हैं।

यहां के पारेकी कलई किये हुए वरतन प्रसिद्ध हैं। हजारों जीव इस कामके सवव पलते हैं।

यहां दिगम्बर जैनियोंकी गृहसंख्या ८१ है जिनमें खंडेलवाल ६८ और अग्रवालोंकी १२ है। यहां २ जैन मन्दिर तथा १ धर्मशाला और १०० धर्मशास्त्र हैं। यहां बाबूलालजी वकील हाईकोर्ट विद्वान और परोपकारी हैं।

रामगंगाके किनारे परका किला और जुम्मा मस्जिद जिनको रुस्तमखांने वनाया था प्रसिद्ध देखनेके योग्य है। नाजकी मन्डी भी यहां है।

५१	चन्द्रनाथ	....	....	चन्द्र	....	....	....	

इनके सिवाय ४ नाशियां हैं जो सब दिगम्बरी अम्नायकी हैं। इसप्रकार जो मूर्ति, पादुका, यंत्र, पद्मावती वगैरह हैं वे सब प्रकाशित किये हैं।

इससे मालूम होता है कि यह क्षेत्र दिगम्बर जैनियोंका ही है। इन्होंमें मूलनायक प्रतिमा श्री अन्तरीक्षपार्श्वनाथजीकी चतुर्थ कालकी है। यह प्रतिमा अनुमान २॥ फीट ऊंची अधर जमीनसे एक अंगुल आकाशमें तिष्टे हैं। बोल कबूलवाले अनेक यात्री आते हैं शिरपुरवालोंके तरफसे इस क्षेत्रका प्रबन्ध शान्तिनाथ नेमाजी मुनीमके हाथमें है। इस प्रतिमाके न कड़ोरा (कर्धनी) है न पहले चक्षु चढ़ाये जाते थे। रुईके व्यापारके कारण जो श्वेताम्बरी उधर जातेथे वे भी दर्शन करने लगगये और अपना स्वत्व जमानेका प्रयत्न कर रहे इस कारण दोनोंमें झगड़ा चला। इसका फल यह हुआ कि दोनोंकी सलाहसे यह ठहरा कि इस प्रतिमाकी एक दिन प्रभातमें ३ घंटे पहिले दिगम्बरी फिर दूसरे दिन श्वेताम्बरी ३ घंटे पूजन करें। इस ठहरावके माफिक काम होता रहता है। धर्मशाला बहुत अच्छी बनी हुई है।

आकोला।

यह शहर नदीके दाहिने किनारेपर बसा हुआ है। यहां शैतवाल लोगोंका चैत्यालयमें पूजन प्रक्षालनका कुछ इन्तज़ाम नहीं है। यहांपर दिगम्बर जैनियोंके कुल १५ गृह हैं जिसमें मनुष्य संख्या ८० है। उक्त लोगोंका १ नया चैत्यालय तथा नयी धर्मशाला बनीहुई है। यहां मन्दिरजीमें धर्मशास्त्र ४० हैं। उनमें प्राचीन ग्रंथ ५–६ हैं। लोग कहते हैं कि वे कानडी लिपिमें लिखे हैं।

अमरावती।

बरारमें जिला अमरावतीका हैडकुआटर (सदर मुकाम) है और जी. आय. पी. रेलवेपर व्यापारका बडा स्टेशन है। अमरावतीका प्राचीन नाम अम्बावती था ऐसा सुनते हैं क्योंकि यहांपर सबसे अनोखा देशीमकान भवानीका मन्दिर है जिसको अम्बा माईका मन्दिर भी कहते हैं। कहते हैं कि यह मन्दिर १००० वर्षका बना हुआ है। यहराज्य हैदराबादवाले नब्बाब निजाम साहबका था हैदराबादवाले नब्बाबके मुख्त्यारका बनवाया हुआ इसी नगरको कोट घिरा हुये है। यहांपर जैनदिगम्बर आम्नायके गृह ११३ और मनुष्य संख्या ४२३ है। १४ शिखरबन्द मन्दिरजी और २१ चैत्यालय हैं जिनमें

जो एक बड़ा जैन मन्दिर है करीब ५०० वर्षका पुराना जाहिर होता है । जब यह अमरावती नगरी वसी थी उस समयका बना हुआ है और बड़े मन्दिरमें मूल-नायक श्रीआदिनाथ स्वामीकी प्रतिमा अति मनोग्य है उनके ऊपर जो सम्वत है वह ११४३ पढ़ा जाता है । यहांपर उक्त आम्नायकी दो धर्मशाळा भी हैं । सवाईशेठ मोतीलाल वावूलालजी, सिंगई वंशीलाल पन्नालाल सेक्रेटरी जैन सभा यहांपर बड़े धर्मात्मा हैं ।

अमरावती रुईके व्यापारके कारण वहुत मशहूर है और बरारमें बड़ा धनवान् नगर है। यहां कई रुईकी कलें हैं । १८०४ ई० में जनरल वेलस्ली साहब गाविलगढ़ जीतनेके बाद यहां आये थे ।

अस्लाना ।

यह बड़ा गांव सुनार नदीके दाहिने किनारेपर वसा है जो दमोहसे ११मील वायव्यकी ओर है । यहांपर नदीका दोह पड़गया है जो सदैव पानीसे भरा रहता है। यह गांव दिन प्रतिदिन उजाड होता जाता है । हाल यहांकी मनुष्यसंख्या अनुमान ११५० है जिसमें दिगम्बर आम्नायके जैनियोंकी संख्या २१ है ।

इस ग्रामके उत्तर और पूर्वकी ओरसे मराठी राज्यका सुंदर पत्थरोंका परकोटा है जिसमें उत्तम बुर्जें हैं। कहते हैं कि इसको नगजू तिवारी बल्दवानसिंहने अनुमान १२५ वर्ष पूर्व बनाया था अब गिरता जाता है ।

यहांपर वस्तीके बाहर एक जैन मन्दिर शिखरवन्द और धर्मशाला खाली पड़े हुई है । इस स्थानसे कपास, अलसी आदि सबप्रकारका अनाज और देशी कपडे अन्य स्थानोंको जाते हैं कुछ दिनोंसे देशी साड़ी, जोड़े, चौरखाने और धूपछाँह भी तैयार होने लगी है ।

आकोट ।

यह कसवा जिला आकोलेकी तहसीलका सदर मुकाम है । यहांपर दिगम्बर जैन आम्नायके गृह १८ हैं और मनुष्यसंख्या ७१ है और एक मन्दिरजी है जिसमें १५ धर्मशास्त्र हैं । उक्त मंदिरके नीचे एक भूगर्भ है । उसमें श्रीऋषभनाथ

स्वामी पहले तीर्थंकरकी अतिमनोग्य प्रतिमा चौथे कालकी है पर यहांके आस-पासके लोग और निकटवर्ती ग्रामवाले इसे माणिकनाथकी प्रतिमाजी कहते हैं पर आसनमें बैल (वृषभ) का चिह्न खुदाहुआ है और संवत् वगैरहका चिह्न देखनेमें नहीं आता परन्तु प्रतिमाजी चतुर्थ कालकी हैं इसमें कुछ सन्देह नहीं है। यहांपर दरीके फरश और दरी बहुत अच्छी बनती है।

आरंग।

कमिश्नरी छत्तीसगढ़ जिला रायपुरसे २२ मीलके फासलेपर यह कसबा दिन प्रतिदिन बढ़तीपर है। यहांकी मनुष्यसंख्या केवल ६५०० है जिसमें कई अग्रवाल जैन बड़े २ साहूकार हैं। यहांपर बहुतही प्राचीन मन्दिर वा तालावोंके खंडहर पाये जाते हैं और दो चार वक्तपर कई आदमियोंको यहां मकान आदि बनानेके लिये नींव खोदते समय कई दिगम्बरी जैन प्रतिमाएँ भी मिली हैं इससे मालूम होता है कि यह कसबा प्राचीनकालमें एक बड़ा नगर होगा पर कालदोषसे इसकी ऐसी स्थिति हो गई है। हालमें यहांपर केवल एक जैन दिगम्बर आम्नायका मन्दिर बहुत सुंदर है जो मरम्मत न होनेसे गिरने लगा है पर सरकारनें उसके लोहेकी जंजीरसे खूब बंधवादिया है। इसको भांड-देवल भी कहते हैं और इसके चित्रोंकी कारीगरी अति मनोग्य देखने योग्य है। यहांसे आध मीलके फासलेपर बगेश्वर महादेवका मन्दिर है जिसके दर्शनके लिये यात्री जगन्नाथको जातेसमय यहांपर आते हैं। शहरके पश्चिम ओर तालाबके किनारेपर महामायाका एक छोटा स मन्दिर है। यहांपर कारीगरीके नमूने अच्छे हैं और एक टूटाफुटा शिलालेख २४ लैनका रक्खा हुआ है।

परकोटाके बाहर तीन जैन दिगम्बर आम्नायकी प्रतिमायें हैं जिनमें एक श्रीअजितनाथ स्वामीकी हाथीके चिह्नकी दूसरी नेमिनाथ स्वामीकी शंखके चिह्नकी और तीसरी श्रेयांशनाथ स्वामीकी गेंडेके चिह्नकी दीवालमें स्थित हैं। करीब दश वर्ष हुए यहां एक स्फटिक शिलाकी प्रतिमा मिली थी जिसकी कीमत नीलाम होनेपर २–३रुपया आई पर उसकी परीक्षा होनेपर उक्त प्रतिमाजीकी न्यौछावर५०००)रुपया हो गई। इससे मालूम होता है कि यह शहर पहिले जैनियोंका बड़े महत्वका स्थान हो चुका है।

यहांपर अनाजकी बड़ी भारी मण्डी है और शनिवारके दिन यहांपर बड़ा साप्ताहिक बाजार होता है। यात्रियोंके लिये यहांपर एक धर्मशाला भी है।

आर्वी।

यह कसवा वर्धासे ३४ मील वायव्यकोनकी ओर तहसीलका सदर मुकाम है। इसका आर्वी नाम होनेका कारण यह है कि यहांपर पहले फूलमाली रहते थे और आडवीका व्यापार करते थे इस लिये आडवीका अपभ्रंश आर्वी हो गया।

यहांपर दिगम्बर जैनियोंकी आवादी अनुमान ११६ है तथा गृह २७ और ६ मन्दिरजी हैं। मन्दिरजीमें अनुमान ६० धर्म शास्त्र हैं। कहते हैं कि इस कसवेको ३५० वर्ष हुए तेलंगरावबलीने वसाया था इसकी यात्राके लिये हरसाल हिन्दू और मुसलमान आकर इकट्ठा होते हैं। व्यापार हरप्रकारका होता है।

श्रीअतिशयक्षेत्र श्रीआहारजी।

यह स्थान ओरछा रियासतकी राजधानी टीकमगढ़से पूर्वकी ओर १५ मील ललितपुर स्टेशनसे आग्नेयकी ओर ४४ मील और मऊरानीपुरसे ४२मीलके फासलेपर है। अभीतक यह क्षेत्र एक प्रकारसे लोगोंके परिचयमें वहुत कम है।

अहार ग्राम एक तालावके किनारे वसा हुआ है। इस ग्रामसे करीव ६ मीलके फासलेपर एक ऊजड़ स्थानमें तीन दिगम्बर जैन मन्दिर हैं। ये तीनों मन्दिर क्रमसे वड़ामन्दिर, दहलान, और सभा ऐसें तीन नामसे प्रसिद्ध हैं।

१ वड़ामन्दिर—यह मन्दिर प्राचीन ढंगका मठके आकारका है। वाहरसे तो जमीनसे ऊंचा है, परन्तु भीतर गहरा है। इसमें कुल पांच प्रतिमायें हैं। जिनमेंसे मूलनायक श्रीशान्तिनाथ महाराजकी प्रतिमा खड्गासन और शेष चार जो वीचमें हैं, पल्यंकासन स्थित हैं। मुख्य प्रतिमाकी उंचाई २१ फ़ुटसे कम नहीं है। वह वडी विशाल और मनोज्ञ प्रतिमा है। इनका पाषाण यद्यपि देशी है, तथापि वहुत चमकदार है। आसनके नीचे एक शिलालेख है जिसकी लेखनप्रणाली प्राचीन ढंगकी है. इसलिये पूरी २ नहीं पढ़ी जासकती है। सुनाहै कि, महाराजा ओरछाने इसके वांचनेका उद्योग किया था, परन्तु उसमें सफलता नहीं हुई।

यह प्रतिमा सं०१२३७ की प्रतिष्ठा की हुई है। राजाका नाम देवपाल रत्नपाल और निर्मापकका नाम भानुरूप है। श्रुतसागर, पद्मभास्कर, शुद्धकीर्ति आदि नाम विशेषोंका अभिप्राय पूरी तरहसे न पढ़े जानेके कारण ठीक२ समझमें नहीं आता है। इस प्रतिमाके हस्त, चरण और वेद आदि अवयव खण्डित हैं, जिन्हें किसी धर्मात्माने जुडवाकर ठीक करा दिये हैं। कहते हैं—बादशाह औरंगजेबकी कृपासे उक्त प्रतिमा खण्डित हुई थी।

दूसरी दो प्रतिमायें भी उसी समयकी बनी हुई हैं। उनकी उंचाई ८ या ९ फुटके करीब है। शिलालेख कहीं कहीं फूटगया है। और जो शेष है, वह अस्पष्ट होनेसे पढ़ा नहीं जाता है। शेष दो प्रतिमाएँ संगमूसाकी श्यामवर्ण हैं। ये सम्वत् १२०३और १२१३की प्रतिष्ठित हैं। उंचाई ३॥फूट है। शिलालेखमें कुजित्रदेव, कमदेव और लखनदेवके नाम पढ़े जाते हैं ये प्रतिमाएँ भी नासिका अंगुष्टादि अवयवोंमें खण्डित हैं।

२ दहलान—टीकमगढ़के एक धर्मात्माने इस मन्दिरकी मरम्मत कराके यहींकी प्रतिमाएँ पधरा दी हैं। प्रतिमाकी प्रतिष्ठाका सम्वत् १६७२ है।

३ सभामन्दिर—यह मन्दिर खुला हुआ बैठकके आकारका है। थोडीसी खण्डित प्रतिमाएँ रखी हैं। और सब खाली है।

इन मन्दिरोंके चारों ओर मैदानमें शतशः खण्डित प्रतिमाएँ पड़ी हुई हैं, जिन्हें देखकर हृदय विदीर्ण होता है।

पूर्वकालमें यहांपर एक बडा भारी नगर था। शिलालेखोंसे उसका नाम मदनेश सागरपुर जान पड़ता है **पपौरा अतिशय** क्षेत्रके भौंहिरेमें जो संवत् १२०२ की प्रतिष्ठित प्रतिमाएँ हैं, उनपर "मदनेशवर्मदेवराज्ये" ऐसा लेख लिखा हुआ है। इससे जान पड़ता है कि, आहार ग्रामके तालाबका नाम उक्त राजाके नामसे मदनेश सागर पड़ाहोगा, और उसके किनारेके नगरका नाम मदनेश सागरपुर प्रसिद्ध हुआ होगा। इस नगरका विस्तार १६ मीलके करीब था। आहार,नारायणपुर सरकनपुर, सिमरी, लड़वाई आदि ग्राम उक्त नगरके ही टुकडे हैं।

यहां एक किंवदंती प्रसिद्ध है कि, सेठशिरोमणि नामके एक प्रसिद्ध व्यापारी इस नगरमें रहतेथे। एक वार उनका टांडा (बैलोंका झुंड) दक्षिणकी ओर रांगेको लेनेके लिये भेजा गया था। जिस समय यह टांड़ा रांगा लादकर वापिस आया, उस समय देखा गया, तो रांगेके स्थानमें चांदी भरीहुई थी। यह देख शेठजीने

अपने कर्मचारियोंको आज्ञा दी कि, हमने रांगेकी कीमत अदा की है, इस लिये हम इस चांदीको नहीं लेते। तुम लोग इसे वापिस करके रांगा ले आवो। आज्ञाकी पालना हुई। लेदा हुआ टांड़ा फिर दक्षिणकी ओर भेजा गया। परंतु जब वह वहाँ पहुंचा और देखा गया। तो रांगा हो गया। लाचार फिर वापिसी हुई। परंतु शेठजीके यहां आनेपर रांगेने फिर चांदीका रूप धारण किया। यह देख शेठजीने प्रतिज्ञा की कि, यह कुल द्रव्य धर्मकार्यमें लगा दूंगा। और तदनुसार उन्होंने यहांका बड़ा मन्दिर बनवाकर उसकी प्रतिष्ठा करवाई। गजरथ निकलवाया। ५२गज लंबी चौड़ी वेदी बनवाई, जिसके निशान अबतक मौजूद है। इस प्रतिष्ठामें लाखों जैनी एकत्र हुए थे।

इस मन्दिरके बननेके पश्चात् इसके आसपास लगभग पचास मन्दिर और भी अनेक धर्मात्माओंने बनवाये थे, पर बादशाही जमानेमें वे सब नष्ट कर दिये गये। उक्त मन्दिरोंकी खण्डित प्रतिमाएं जहाँ तहाँ पड़ी हुई निर्दयी बादशाहोंके अत्याचारोंको पुकार२कर कह रही हैं। काल भी कैसा खिलाड़ी है। आज उन खंडन करनेवालोंका वैभव ही उसने सदाके लिये अपनी विस्मरणशीला गोदमें रख लिया है।

बड़े मन्दिरके पीछे सुनते हैं, एक भौंहिरा है, जिसमें अनेक प्रतिमाएँ सुरक्षित रक्खी हुई हैं। चंदेरीकी प्रसिद्ध चोवीसीका मन्दिर यहांके मन्दिरोंका आदर्श है।

यहांसे कुछ दूरीपर पहाड़ोंमें कुछ स्थान है, जिन्हें लोग चन्देल राजाओंका क्रीडास्थान बतलाते हैं। पूजन रोज होती है, परन्तु प्रक्षाल बिलकुल नहीं है। पूजनकी व्यवस्था नारायणपुर और आहारके जैनियोंके द्वारा होती है।

एलचपुर (बरार)

एलचपुर शहर बहुत प्राचीन जिला अमरावतीमें है। इसका ऐसा नाम यों पड़ा कि यहांपर राजा जैनी एल होगया और उसीने कहते हैं सन १०१८ में बसाया है। यहांपर ब्राह्मण राजा भी होगया था और उस राजाके समय यह बरारकी राजधानी था। यहांपर लोग कहते हैं कि पहले प्राचीन समयमें ४०००० चालीस हजार गृहसंख्या थी पर अब वर्तमानमें बहुत उजाड़ होजानेपर भी यहांकी मनुष्य संख्या अठाईस हजार है।

इस शहरमें ५२ पुरा थे और ५२ जिनमन्दिर थे उसवक्ततक राजा 'जैनी एलकरके प्रसिद्धरहा तत्पश्चात् मुसलमान लोगोंकी कार्रवाई जारी हुई, उसी समय जो जिनमंदिर थे उनको दवाकर मुसलमान लोगोंने मसाजिद बना लिये अब भी दिगम्बर जैनियोंके ८ आठ गृह जिसमें २६ आदमी हैं और ४ जिनमन्दिरजी तथा एक श्वेताम्बरी मंदिरभी है। सुलतान पुरामें शिखरवन्द मंदिरजी एक वा चैत्यालय घरू १०,सरगसपुरमें १ चैत्यालय खास शहर एलिचपुरमें एक चैत्यालय है। सुलतानपुरामें लालासा मोतीसा धनाढ्य शेठ है और इस पुराका मंदिरजी २०० वर्षके करीवका वना है वा शहर एलचपुरका चैत्यालय चारसो वर्षके अनुमानका वना कहतेहैं। सुलतानपुरामें जो मन्दिर शिखरवन्द है उसमें मूलनायक श्रीशांतिनाथ महाराजकी प्रतिमा है। कहते हैं कि एक समय आग लगी तो मनुष्योंनें चाह कि प्रतिमा उठा लेवं पर प्रतिमा पद्मासन अनुमान २ फुटकी है और ५–६ आदमीने उठाई पर नहीं उठ सकी और आग भी उसी समय बुझ गई स्थापनाका संवत वगैरह नहीं मालूम होता है। और एक नसियां श्रीभट्टारक रत्नकीर्तिजी कारंजा लाडवालोंकी सम्वत् १९५६ में वनीहुई वा प्रतिष्ठा कराई गई है। इन्होंके देवलोक होनेका संवत् १९४९ विक्रम है। शहर एलचपुरमें जो चैत्यालय है उसमें एक प्रतिमा वीरनाथस्वामीकी पद्मासन है और बीजक वगैरह घिस जानेसे नहीं मालूम होता है। मूलनायक प्रतिमा पार्श्वनाथ स्वामीकी है।

इस सुलतानपुरामें एक किला अभीतक मौजूद है। वह स्मायलखांके वक्तमें वना हुआ था और उसीने एलचपुरका कोट वनायाथा–

इस शहरसे जो पुरा लगते हैं वह कोटके वाहर हैं। और मील आध मील वा कोई दो मीलके फासलेपर हैं। कहते हैं कि उजाड हो जानेसे इतना फासला पड़गया है।

एलचपुरमें दरी, दुपट्टा, शूशी, साड़ी आदि प्रसिद्ध चीजें यहांपर वनती हैं और लकड़ीका बाजार बहुत भारी भरता है और यहां दुल्लारहिमानकी मस्जिद बहुत प्राचीन है। यहांसे श्री मुक्तागिरिजी जानेका मार्ग है।

ओंकारजी।

यह ग्राम जिला निमाड़ खंडवा तहशीलमें हिंदुओंकी बड़ी पवित्र जगह है और बी. बी. एंड सी. आई. के मोर्टक्का स्टेशनसे ७ मीलकी दूरीपर है। वैलगाड़ीका

पक्का रास्ता है और यहाँसे सिद्धवरकूटजी १॥ मील जगह है। यहांपर नर्मदा और कावेरीका संगम हुआ है बाद फिर अपनी २ शाखा फूटकर जुदी २ वहती गई हैं। यहाँ दरिया नर्मदाके किनारे पहाड़ीपर एक वहुत पुराना ओंकारजीका मंदिर है। जिलेका सवसे वड़ा मेला कार्तिक सुदी पौर्णमासीके दिन इस मन्दिरपर होता है।

ओंकारजीमें एक धर्मशाला भी है। और जैन दिगम्बर आम्नायका गृह सिर्फ १ है।

कटनी।

यह नगर जिला जवलपुरमें वंगाल नागपुर, ईस्ट इन्डियन रेलवे और जी. आई. पी. रेलवे के संगमपर वसा हुआ है। यहांकी आवादी करीव १४००० है जिसमें जैन दिगम्बर आम्नायकी संख्या १७६ है। दिगम्बर आम्नायके यहांपर गृह ३८ तथा छह शिखरवन्द मन्दिरजी हैं उनमें अनुमान एकसौ १०० धर्मशास्त्र हैं और उक्त आम्नायकी एक धर्मशाला भी एक मंदिरके पास है। यहांपर जैन पाठशाला है जिसका कार्य्य अच्छा चलता है। पाठशाला और वोर्डिङ्गके लिये पंचोंने एक अच्छा मकान भी वना दिया है।

कटनीमें गल्ले, अनाज, तेलके वीज, घीऊ, लाहा और चूनाका व्यापार वहुत अच्छा होता है विशेषकर यह नगर अनाजकी वड़ी मण्डी है। यहां एक रंग भी तयार होकर वाहर जाता है।

स्टेशनपर पहले और दूसरे दर्जेके मुसाफिरोंके वास्ते एक छोटासा वेटिंगरूम है और शहरमें एक वड़ी सराय है।

करेली।

यह ग्राम जिला नरसिंहपुर (जवलपुर) में जी. आई. पी. रेलवेका खास स्टेशन है। स्टेशनपर पहले दूसरे दर्जेके मुसाफरोंके लिये वेटिंगरूम और स्टेशनके पास डाकवंगला और सराएँ हैं। करेलीसे ९ मील सागरकी सड़कपर वीरमान गांवमें नवम्वर और दिशंवरमें या उन महीनोंमें कार्तिक सुदी पूर्णिमाके मौकेपर यात्री आते हैं। यह मेला १५ दिन रहता है और इसमें व्यापारभी वहुत होता है। यहांपर दिगम्वर जैनियोंके गृह १२ हैं और मनुष्यसंख्या ८५ हैं और एक मन्दिरजी शिखरवन्द है जिसमें अनुमान १५ धर्मशास्त्र हैं।

श्रीअतिशय क्षेत्र।

कारंजाजी।

यह कसबा प्रांत बरार जिला उमरावतीमें मूर्तिजापुर स्टेशन (G. I. P. Railway) से करीब २१ मीलके फासलेपर बेबला नदीके किनारे बहुत प्राचीन अतिशय क्षेत्र है। स्टेशनपर हरवक्त सब प्रकारकी सवारियां मिलती हैं। यहांपर दिगम्बर जैनियोंके गृह १२५ हैं जिनमें ६४८ मनुष्य संख्या है। यहांपर ३ शिखरबन्द बहुत बड़े जिनमंदिरजी हैं जिनमें दर्शन ७ जगह हैं। यहां एक मंदिरजीमें २१ प्रतिमा चांदीकी ४ स्वर्णकी १ हीरेकी १ मूंगेकी एक पन्नेकी ४ गरुडमणिकी और धातुपाषाणकी हजारों प्रतिमाएं हैं औ वे सब चौथे कालकी हैं। इनके इलावे तीन सहस्रकूट चैत्यालय तीन हाथ लंबे चौड़े पांच हाथ ऊंचे सांचेमें ढालकर बना हुए हैं। इनमें एक हजार आठ मूर्तियां सांचोंमें साथही ढालकर बनाई गई हैं.

यहांपर इस कसबेके चारों ओर दीवार बनी हुई हैं। व्यापारकी मंडी बहुत बडी है। इस नगरमें और कई पुराने मन्दिरजी और लकडीके मकान अच्छे २ बने हुए हैं। किरंज ऋषिके नामपर यह कारंजा बसाया गया है। हिंदूलोगभी इसको पवित्र स्थान मानते हैं और हरवर्ष अप्रैल महीनेमें मेला भरता है। यहां दो भट्टारकोंकी प्रसिद्ध गद्दियां हैं एक बलात्कारगण दूसरे सेनगण। सेणगण भट्टारक के मंदिरजीमें संस्कृत प्राकृतके प्राचीन ग्रन्थोंका बहुत बड़ा भंडार है जिसमें १५०० ग्रंथ और कुछ ग्रंथ ताड वृक्षके पत्तोंपर हैं भट्टारक जी विद्वान् और अध्यात्मके रसिक हैं। पं० जिनवरदासजी विद्वान् और धनाढ्य हैं। जैन पाठशाला है। बलात्कारगणके मंदिरजीमें भी शास्त्रभंडार है।

कामठी।

यह नगर नागपुरसे दश मीलके अंतरपर कहान नदीके किनारे (जी. आई. पी.) रेलवेका स्टेशन और सेनाका स्थान है। इस प्रदेशके बड़े नगरोंमें यह चौथा नगर है। यहांकी मनुष्यसंख्या करीब ३९००० है जिसमें दिगम्बरजैनी ८५ हैं।

और जैन दिगम्बर आम्नायके गृह २४ तथा मन्दिरजी शिखरबन्द ७ हैं। मन्दिरोंमें दर्शन १० जगह हैं और धर्मशास्त्र करीब ६०-७०हैं। एक धर्मशाला भी प्रवासियोंके लिये बनी है। यहांपर अनाज आदिका वड़ा व्यापार होता है।

श्री अतिशयक्षेत्र कुंडलपुर।

मध्यप्रदेशके दमोह जिलेसे अनुमान २० मील इशानकी ओर श्रीकुंडलपुर अतिशय क्षेत्र है। वहांके पर्वतका आकार कुंडलरूप है और इसी कारण उस स्थानका नाम कुंडलपुर पड़ा होगा ऐसा प्रतीत होता है। यहां पर्वतपर तथा उसकी तलैटीमें सव मिलाकर ५९ मन्दिरजी हैं। मन्दिरोंकी प्रतिमाओंके पहचानका (जो मंदिरोंमें विराजमान हैं) नकशा भी इसके अन्तमें दिया है।

पर्वतपर महावीर स्वामीका मुख्य मन्दिरजी है जिसमें वीर भगवानकी एक विशाल, और प्राचीन प्रतिमा है, प्रतिमाकी उंचाई ४-४॥ गज और विस्तार ३ गजके होनेसे ऐसा प्रतीत होता है कि, प्रतिमा प्राचीन कालकी है और मन्दिरका निर्माण समय पीछेका सं० १९५७ का है। शिलालेख श्रीवीरभगवानके मुख्य मन्दिरके द्वारसे भीतरकी ओर चौखटकी वगलमें एक पत्थरपर खुदा हुवा जड़ा है जिससे विदित होता है कि इस स्थानका जीर्णोद्धार ब्रह्मचारी-नेमिसागरजीके प्रयत्नसे जैनधर्मलीन महाराज छत्रसालके राज्यमें हुआ है।

शिलालेख।

ॐनमः सिद्धेभ्यः॥

संवत् १७५७ वर्षे माघ सुदि (१) १५ सोमवासरे॥
संवत्सरे पर्वतवान (ण) युक्ते (सप्त शते) चैव सहस्त्रमेके॥
श्रीमाघ मासे सित पूर्णिमायां श्री चंद्रवारेच मघा नक्षत्रे॥ १॥
याते यदा विक्रमराज्यकाले तदान्वये श्री जिनमन्दिरे वै॥
कृतं समासं वहुपुण्यहेतुं, श्रीवर्द्धमानस्य जगद्गुरो हि॥ २॥

मूलसंघे बलात्कारे गणे गच्छे सरस्वत्याः (१)॥
यों बभूव मुनिर्धीमान् कुन्द कुन्द मुनीश्वरः ॥ ३ ॥

तस्यान्वये संजातो ज्ञानवान् गुणसागरः ॥
मनस्वी संघसंपूज्यो यस (शः) कीर्तिर्महामुनिः ॥ ४ ॥

पट्टे तदीये ललितादिकीर्तिः ध्यानी सुधी श्रीजिनतत्ववेदी ॥
संसारभीतो जिनमार्गदेसी (शी) सुराहि(धि)पै पूजित पादपद्मः ॥५॥

तत्पट्टधारी जिनधर्मनिष्ठः श्रीधर्मकीर्तिः सु (शु) भज्ञानमूर्तिः ॥
श्रीरामदेवस्य पुराणकर्ता ज्ञानी विवेकी च हितोपदेसी (शी) ॥ ६ ॥

तत्पट्टपंकेरुह भानुमूर्तिः पद्मालयः श्रीमुनिपद्मकीर्तिः ॥
दमी व्रती सत्वहितोपदेसी (शी) संसारवारां निर्वारसेतुः ॥ ७ ॥

तत्पट्ट भोक्ता गुणवान् सुधीसः (शः) श्रीशब्दशास्त्रार्णवपारप्राप्तः ॥
सुधी तपस्वी सुसु..(रेन्द्र)कीर्तिः दयाव गाहीच..(क्ष)मी मनस्वी ॥८॥

तच्छिष्य यातोसु (शु)चि ब्रह्म...रा दमी क्षमी.......गुरौ यः ॥
श्री(१)सुरें..(द्र)कीर्तिः स्वगुरो(रू)प देशा दादाय भिक्षाटण द्रव्यभारं

कसु अनंतम् (१) जिनेश्वरस्य श्रीसन्मतेः मंगल कारणस्य ॥
जीर्णं समालोक्य महामनोज्ञं श्रीनूतनं (१)पुण्यविवर्धनीयम् ॥१०॥

धर्म सागरीयं........(य) दा दीला (१) ग्रामें स्वायुत्तयं (१) कृत्वा किंचिदिकान्यूनं चैत्यालयं विहाय स्वमति तदात्वागत्य नेमिसागरेण ब्रह्मचारिणा विदुषा तस्य धर्मस्य गुरवे (१) धुना वेदिकादिक सर्वपूर्णं काराइत्वेदं संवत्सरं लिखित्वा स्थापितं ॥ श्रीमहाराजाधिराज्ञः कासी (काशी) स्व (श्व) रगहिरवारान्वये (य) स्य प्रचंडसा (शा) सकस्य अरिवगा (र्गा) ननी (नि) भृतस (श) तखंड-करणासतिद्धत्यमून दण्डमडितस्य सकल -प्रबलानीपन (१) समूहमस्तकालीमाला

चुंवितचरणारविंदस्य जिनधर्ममहिमायां रतिभूतचेतसः प्रवलतरकठोर-भुजदंडविशिष्ट-निजविग्रहस्यपटद्दर्शनविशिष्टाभ्यागतसंभाषणकरणप्रवीणस्य स्वधर्मरुप्रापण (१) समर्थस्य दानिनः सूरवीरस्य देवगुरुशास्त्रपूजनतत्परस्य श्रीमहाराजाधिराज्ञः श्रीछत्र सालस्य महाराज्ये सकलसुंपत्स (संपत् १) युक्तप्रज्ञानिवा....सेस्य चैत्यालयस्य निर्मापनं जातः ॥

(शुभं भवतु मंगलं भवतु)

वीर भगवान्‌की प्रतिमाके पास दो सुंदर प्रतिमा और भी खड्गासन विराजमान हैं ।

इस अतिशयक्षेत्रके विषयमें जो पुराना इतिहास सुननेमें आता है वह यह है:—वादशाह महमूद गजनवी प्रतिमा पूजाका पूर्ण विरोधी तथा भारतवासियोंके धर्मका कट्टर शत्रु इस क्षेत्रपर आकर मन्दिरों और प्रतिमाओंको तोडनेके लिये उद्युक्त हुवा उस समय अनेक प्रतिमाओंके दर्शनीय पावन शरीरपर उस अविचारी पापी वादशाहकी टांकी और हाथौड़ा चलना प्रारम्भ हो गया यह देख जैनी लोग त्राहि त्राहि करने लगे । वीरभगवान्‌की मूर्तिपर ज्योंही टांकी चलाई गई कि, उसमेंसे क्षर २ दूधकी धारा वहने लगी यह दृश्य देखकर वादशाहा स्तंभित हो गया ।

किसी समय श्रीमहेन्द्रकीर्तिजी भट्टारक हिंडोरिया नामक ग्राममें जो कि कुडलपुर अनुमान ११ मील है कारण विशेषसे आये और वैराटनगर जो-हिंडोरियाके समीप ऊजड होगया था देखनेको गये । कारणवशात् मार्ग भूल गये और पटेरा ग्राममें ज पहुँचे । भट्टारकजीको जिन विम्बदर्शनपूर्वक आहार लेनेकी प्रतिज्ञा थी और पटेरा ग्राममें जिनमन्दिर नहीं था । इस कारण भट्टारकजी दो अहोरात्रि निराहारा रहे । तीसरी रात्रिके उनको स्वप्न हुआ कि कुंडलगिरि पर्वत (जो कुंडलाकार होनेके कारण अपने नामको सार्थक करता है) की खोहमें विशाल जिनमन्दिर व जिनबिम्ब हैं । इस लिये दर्शन कर कृत्य कृत्य होओ । प्रातःकाल भट्टारकजी कुंडलपुर गये और जिनमन्दिरका हाल व पता तलाश किया तो ग्रामवासियोंमेंसे अधिकांश लोग कुछ भी हाल न वता सके । परंतु जंगलमें सदा भ्रमण करनेवाले एक वृद्ध भीलने भट्टारकजीको साथ ले जाकर मन्दिरका पवित्र स्थान वता दिया । उस समय भट्टारकजीको जो अपूर्व आनंद हुआ होगा, उसका वर्णन नहीं हो सकता । भट्टारकजीने वहांकी सव झाड़ पेडोंको

साफ कराया और मन्दिरमें जाकर श्रीमहावीर स्वामीकी बृहत्पद्मासन मूर्तिके दर्शन किये और अपना जन्म सफल माना। जिनमन्दिरका सर्व प्रकार उद्धार कर भीलको द्रव्यद्वारा संतोषित किया और आगामी कालको उसे इस मन्दिरका रक्षक नियत कर चले गये। उस समयसे इस क्षेत्रकी प्रसिद्धि सर्व साधारणमें हुई।

बुंदेलेर राजपूतोंमें प्रसिद्ध राजा क्षत्रसाल किसी समय दिल्लीके बादशाहके भयसे श्रीकुंडलपुरके निकटस्थ जंगलमें रहते थे। अकस्मात् किसी दिन वे भी इस मन्दिरमें आये और श्रीमहावीरकी मनोज्ञ प्रतिमा देखकर आश्चर्यान्वित हुए। ग्रामवासियोंसे समाचार पूंछे और समाचार जानकर राजा, भट्टारकजीके पास नगरमें आये और जैनधर्मका उपदेश सुनकर मुग्ध हुए तथा जैनधर्मानुयायी हुए। पश्चात् बादशाहके सेनापतिसे युद्ध करके जयमान होकर उन्होंने पन्नामें अपनी राजधानी स्थापित की और अपना मनोरथ धर्मप्रभावसे सफल जान कुंडलपुर आकर इस प्राचीनमन्दिरका जीर्णोद्धार कराया और नवीन कलशारोहण कर चमर छत्रादि उपकरण चढाये व पूजाविधान समारोहके साथ कराके अपनी राजधानीको गये। उनके चढाये चमरछत्रादि संवत् १९१४की गदरकी लूटमें चले गये। परंतु बरतन वगैरह अब भी मौजूद हैं, जिनपर राजा क्षत्रसालका नाम अंकित है। बडे मन्दिरजीके द्वारपर मरम्मत कराने व शिखर बनानेका संवत् भी अंकित है। इस तरह भट्टारक महेन्द्रकीर्ति और महाराज क्षत्रसालके कारण इस क्षेत्रकी प्रसिद्धि हुई और उन्हीं महाराजने वार्षिक मेला भी लगवाया व मेलेपर वे स्वयं आकर भी धर्मका लाभ उठाते रहे, जो संवत् १९२८तक जारी रहा। पश्चात् जलाशयोंमें पानीकी कमीके कारण सरकारकी आज्ञासे बन्द रहा। पुनः दमोहके भाइयोंकी कोशिससे, जिनमें सेठ वृन्द्रावनजी आदि मुख्य हैं, संवत् १९५८ से इस मेलेका आरंभ हो गया।

बादशाह औरंगजेबकी आज्ञासे जिस समय हिन्दू व जैनियोंकी मूर्ति और मन्दिर नाश किये जा रहे थे, उसकी सेना कुंडलपुरमें भी इसी अभिप्रायसे आई और बडे मन्दिरजीमें श्रीमहावीर स्वामीके पैरके अंगुष्टमें किसी अस्त्रका आघात किया, तो पैरके अंगुष्टसे अपरीमत पसेव व हाथके अंगुष्टसे दुग्धधारा बह निकली और असंख्यात मधुमक्खियां स्वयं प्रगट हुईं जो सेनाको अपने तीक्ष्ण डंकोंद्वारा दुःख पहुंचाने लगीं, जिस कारण सेना ठहर न सकी और वह लाचार होकर प्रयाण कर गई। इस अतिशयसे प्रसिद्धता और भी अधिक हो गई और वार्षिक मेला बडे समारोहसे भरने लगा, व दूर

२ के यात्री जवाहिरातसे लेकर अल्पमूल्यके पदार्थतक बेचने लेनेको आने लगे जिससे यह धर्म-की मंडी बनगई वाणिज्य वर्तमान समयमें फूटीहुई प्रतिमाओंके अवलोकनसे हृदयमें बड़ा भारी आघात पहूंचता है।

कई एक सज्जनोंका कहना है कि, श्रीवर्धमान् भगवानका जन्मस्थान यही कुंडलपुर है और इसी कारण चैत्र वदी १३ भगवान्की जन्मतिथिको मेला भरता है परन्तु इस विषयका इतिहास प्रमाण न मिलनेसे विश्वास नहीं होता। वीर भगवान्का जन्मस्थान मगधदेशके राजगृही निकट कुंदनपुर प्रसिद्ध है। इस क्षेत्रमें एकबात विशेष देखनेमें यह आती है कि, बहु भाग प्राचीन वीरभगवान्की प्रतियाओंका ही है।

प्रथम यहांपर एक बड़ा भारी मेला चैत्र वदी १ से १५ तक रहताथा जिसमें ५०-६० हजार जनसंख्या जमा होती थी और व्यापारी पूर्ण लाभ उठाते थे परन्तु अब यहां विलायती मालके चमकने और रेलगाडीके चलनेसे व्यापारका एकदम ऱ्हास होगया। सम्वत १९२८ में बीमारीके कारण मेला सरकारकी ओरसे बन्दकर दिया था जो कि० अनुमान२८सालतक बन्द रहा।

इस क्षेत्रके प्रबन्धकर्ता दमोहके शेठ वृंदावन नाथूरामजी हैं। आपके प्रयत्नसे सं०१९५७से मेला फिरसे जारी हुआ और जिसमें करीब ५०००से१०००० यात्री तक जमा होते हैं हर सालनियमानुसार चलाजाता है। यहांका प्रबन्ध अच्छा है।

श्रीमहावीर (वर्द्धमान) स्वामीके अतिशयक्षेत्र कुंडलपूरजीके दिगम्बर

नंबर शुमार श्रीमंदिर.	नाम श्री मंदिरका जो बोलते हैं	नाम बनवाने वालेका और मुकाम	नंबर शुमार (प्रतिमा)	नाम श्रीप्रतिमा	चिन्ह	सम्वत्	शक	आम्नाय
१	२	३	४	५	६	७	८	९
१	श्री वर्द्धमान स्वामी-का बड़ा मंदिर	...	१	श्रीवर्द्धमान स्वामी शमोशरण सहित	सिंह	...	...	दिगंबर
२	मेरू	..	२	मेरू*	...	१८४२	...	"
			३	प्रतिमा	...	...	...	"
			४	सुमतिनाथ	चकवा	१५४८	...	"
			५	प्रतिमा	...	...	...	"
३	गुमटी १ ली	इन्द्रजीत प्यारेलाल	६	चन्द्रप्रभुस्वामी	चन्द्रमा	१८९४	.	"
			७	नेमनाथ स्वामी	शंख	१८९४	...	"
४	गुमटी २ री	जुडावन चौधरी	८	पार्श्वनाथ	(नाग)सर्प	१९१६	...	"
५	गुमटी ३ री	धीरे पुजेरी कुं:	९	चन्द्रप्रभु स्वामी	चंद्रमा	...	..	"
६	घाटपिपरिया वालोंकी	नंनेचौधरी, घाट पिपरिया	१०	अरहनाथजी	मीन	१८९७	.	"
७	गुमटी	...	११	नेमनाथ स्वामी	शंख	...	...	"
८	गुमटी	...	१२	चौवीस तीर्थंकर स्वा.	सिंह	१५३२	...	"
९	रेपुरावालोका मंदिर	...	१३	पार्श्वनाथ स्वा०	सर्प	...	...	"
			१४	अजितनाथजी	हस्ती	१५४८	...	"
१०	प्राचीन है पुराना	...	१५	पार्श्वनाथजी	सर्प	...	...	"
११	वमन पुरावालोंका	उमराव मोदी बमनपुरा	१६	चन्द्रप्रभु स्वामी	चन्द्रमा	१९४७	...	"
	"	...	१७	"	"	१८२६	...	"
१२	गुमटी	...	१८	अजितनाथ	हस्ती	...	...	"
१३	गुमटी	...	१९	प्रतिमा	...	..	...	"
			२०	प्रतिमा	...	...	...	"
			२१	प्रतिमा	...	...	...	"
१४	गुमटी	...	२२	वर्द्धमान स्वामी	सिह	...	...	"
१५	डबुल्याकी गुमटी	डबुल्या वांदकपुर	२३	शांतिनाथजी	मृग	१५४८	...	"
१६	वडकुरजी पटेरा	स्यामले रामलाल वडकुर, पटेरा	२४	आदिनाथ	वृषभ	१९४६	...	"

मंदिरोंकी प्रतिमाओंके पहचानका (जो मंदीरोंमें विराजमान हैं) नकशा ।

धातुकी	पाषाण	वर्तमान कालमें मंदिरोंके वारिसोंके नाम		कैफियत.
		नाम	मुकाम	
१०	११	१२	१३	१४
...	देसीपाषाण	...	...	इसही मूलनायक प्रतिमाके द्वारपर एक लेख पाषाण पर खुदाहुआ संस्कृतमें मंदिरके जीर्णोद्धर राजाक्षेत्र साल रि० पन्नाका संवत १७५७ कापडा हुआ है और प्रतिमाके आसनपर दोनोतरफ सिंहासनके पास कमलके चिन्ह हैं संवत कुछ नहीं.
...	देसी	...	...	
...	,,	...	...	* इस मेरुका नाम विजयमेरु है और १८ प्रतिमा हैं वा सुरेन्द्रकीर्ति वा महेन्द्र कीर्ति भट्टारकका नाम लिखा है.
...	सफेद	...	...	
...	देसी	...	...	
..	सफेद	..	...	ये तीन गुमटी भीतर हैं, जहां नंदलाल सिंगई नागपुरवालोंने फर्श सम्वत् १९६२ में जडवाया है.
...	सफेद	...	...	
..	काला	...	...	
...	सफेद	धीरेपुजेरी	कुंडलपुर	
...	सफेद	कल्लू चौधरी	घाटपिपरिया	
...	देसी	...	...	प्राचीन खंडित है
...	देसी	...	...	,,
...	काला	...	...	,,
...	सफेद	...	...	
...	देसी	...	...	प्राचीन है
...	सफेद	कल्लूमोदी	बमनपुरा	
...	सफेद	...	...	
...	देसी	...	...	
...	,,	...	...	प्रतिमा देसी पाषाण प्राचीन और मुख. हस्तादिमें खंडित है
...	,,	...	...	
...	,,	...	...	
...	,,	...	...	
...	सफेद	मौजीलालडबुल्या	बांदकपुर	गुंमटीके बांईके दरवाजेपर सम्वत १५०५ पाषाणमें दिवालपर है.
पितल	...	बडकुर जानकी प्रसादगोकलप्रसाद	पटेरा	

नंबर क्रमार श्रीमंदिर.	नाम श्री मंदिरका जो बोलते हैं	नाम बनवाने वालेकाव मुकाम.	नंबर क्रमार (प्रतिमा)	नाम श्रीप्रतिमा	चिन्ह	सम्वत्	शक	आम्नाय
१	२	३	४	५	६	७	८	९
			२५	पार्श्वनाथजी	सर्प	...	...	दिगंवर
			२६	,,	,,	...	...	,,
			२७	पुष्पदंतजी	मत्स्य	१९४६	...	,,
			२८	पंचपरमेष्टी	...	१९५८	...	,,
			२९	पद्मप्रभु	कमल	१८८९	...	,,
			३०	चन्द्रप्रभु	चन्द्रमा	१९३५	...	,,
			३१	,,	,,	१९५८	...	,,
१७	अजीत पुजेरी वाला	अजीत पुजेरी	३२	आदिनाथ	वृषभ	...	...	,,
१८	वेदकाकी गुमटी	हिरदे नगरवालोंका	३३	,,	,,	१५४८	...	,,
१९	चरण दिवालो	...	३४	पादुका (चरण)	...	..	...	,,
२०	छैधरिया	हिरदे नगर वाले	३५	पादुका ,,	...	...	...	,,
		,,	३६	,,	...	..	...	,,
		,,	३७	प्रतिमा	...	...	...	,,
		,,	३८	,,	...	...	...	,,
		,,	३९	,,	...	...	...	,,
		,,	४०	चन्द्रप्रभु	चन्द्रमा	१५४८	...	,,
		,,	४१	,,	,,	१५४८	...	,,
		,,	४२	अजितनाथ	हस्ती	१५४८	...	,,
		,,	४३	चन्द्रप्रभु	चन्द्रमा	१५४८	...	,,
		,,	४४	,,	,,	१५४८	...	,,
		,,	४५	अरहनाथ	मीन	१५४८	...	,,
२१	सेवास वालोंका	प्रेमचंद पीतांबर	४६	पार्श्वनाथ	सर्प	१९०२	...	,,
			४७	आदिनाथ	वृषभ	१९०२	...	,,
			४८	मुनिसुव्रत	कच्छ	१९०२	...	,,
२२	दमोहवालोंका	सिंगई वल्दिदानव भोपाल	४९	सुपार्श्वनाथजी	सातिया	१८८८	...	,,
			५०	पार्श्वनाथजी	सर्प	१८८८	...	,,
			५१	आदिनाथ	वृषभ	१८८८	...	,,
२३	दमोहवालोंका	दलसींग परमानंद (बांदकपुर)दमोह	५२	,,	,,	१८८९	...	,,
			५३	नेमिनाथ	शंख	१८८९	...	,,
			५४	वर्द्धमान	सिंह	१८८९	...	,,
२४	हिरदेनगरवालोंका	राघौहीरालाल	५५	पार्श्वनाथ	सर्प	१८९१	...	,,

धातुकी	पाषाण	वर्तमान कालके मंदिरोंके वारसोंके नाम		कैफियत
		नाम	मुकाम	
१०	११	१२	१३	१४
पीतल	...	बडकुर जानकी प्र-	पटेरा	
पीतल	...	साद गोकुल प्रसाद	,,	
...	सफेद	,,	,,	
पीतल	...	...	...	ये प्रतिमा सेठ वंशीधर विन्द्रावन नाथूराम डालचद हजारीलालजीके मंदिरकी यहां विराजमान हैं.
...	लाल मुंगावली	...	...	
...	सफेद	...	...	
पीतल	...	...	...	
...	देसी	...	...	
...	सफेद	मनीराम छैगरिया	हिरदेनगर	
...	सफेद	...	...	
...	देसी	मनीराम छैगरिया	हिरदेनगर	प्रतिमा खंडित हैं.
...	,,	,,	,,	
...	,,	,,	,,	
...	,,	,,	,	
...	,,	,,	,,	
...	सफेद	,,	,,	
...	मुंगावली (लाल)	,,	,,	
...	,,	,,	,,	
...	सफेद	,,	,,	
...	,,	,,	,,	
...	,,	,,	,,	
...	काला	...	...	
...	काला	...	...	
...	सफेद	...	..	
...	सफेद	श्रीसेठ विंद्रावन राजधर	दमोह	
...	काला	,,	,,	
...	मुंगावली	,,	,,	
...	सफेद	सिंघई करंछु-	दमोह	इस मंदिरजीके वारिस वर्तमान समयमें श्री. सिंघाई करंछुलाल गोकुलचंद वकील दमोह हैं. आप इस मंदिरकी मरम्मत करानेका सुविचार करते हैं और आशा है कि काम चदरोडसे शुरु होगा. धन्य है ऐसे धर्मात्मा भाईयोंको कि जिनका द्रव्य कैसे दृढ धर्ममें खरच होवेगा. इन्हींको सच्चे धर्मात्मा कहते हैं.
...	काला	लाल गोकुल	,,	
...	सफेद	चंद वकील (वांदकपुर)	,,	
...	काला	भोलानाथ बैसाखिया	हिरदेनगर	

नंबर क्रमार श्रीमंदिर.	नाम श्री मंदिरका जो बोलते हैं	नाम बनवाने वालेकाव मुकाम.	नंबर क्रमार (प्रतिमा)	नाम श्रीप्रतिमा	चिन्ह	सम्वत्	शक	आम्नाय
१	२	३	४	५	६	७	८	९
२५	सागरवारी चौधर न० सागर	ठाकुरदास वैसाखिया हिरदेनगर	५६	अजितनाथ	हस्ती	१५४८	...	दिगम्बर
			५७	संभवनाथ	अश्व	१५४८	...	,,
२६	वेलनवारी गुमटी	...	५८	चन्द्रप्रभु	चन्द्रमा	...	...	,,
२७	आभाने वालोंका	...	५९	आदिनाथ	वृषभ	..	...	
			६०	पार्श्वनाथ	सर्प	१५४५	...	,,
								,,
२८	झांसी वालोंका	गोडे मंजू सिंगई झांसी	६१	पद्मावती	...	१५४८	...	,,
			६२	अरहनाथ	मीन	,,	...	,,
			६३	पद्मप्रभु	कमळ	,,	...	,,
			६४	आदिनाथ	वृषभ	,,	...	,,
२९	पिसनारीकी गुमटी	नायकन हारट	६५	चन्द्रप्रभु	चन्द्रमा	१९३५	...	,,
३०	चंपोबाई सराफन	चंपोबाई सराफन हिरदेनगर	६६	पार्श्वनाथ	सर्प	१८७९	...	,,
								,,
३१	महारानी मोदन सहजादपुरा	महारानी मोदन सहजादपुरा	६७	सुमतनाथ	चकवा	१७४७	...	
३२	पांडेका मंदिर	पंडित भागवल छतरपुर	६८	शान्तिनाथ	मृग	...	...	,,
			६९	पार्श्वनाथ	सर्प	...	...	,,
			७०	शान्तिनाथ	मृग	...	...	,,
			७१	शान्तिनाथ	मृग	...	...	,,
३३	पीपरवारी	...	७२	आदिनाथ	वृषभ	१५४८	...	,,
३४	मनसुखभाईजी रैपुरावालोंका	मनसुखभाईजी रैपुरा	७३	पार्श्वनाथ	सर्प	११८३	...	,,
			७४	आदिनाथ	वृषभ	१५४८	...	,,
			७५	चन्द्रप्रभु	चन्द्रमा	...	...	,,
			७६	,,	,,	१८८९	...	,,
३५	भोपालवालोंका	नाथूराम सेठ	७७	चन्द्रप्रभु	,,	१९३५	...	,,
३६	नीमवारी गुमटी नि०	...	७८	चन्द्रप्रभु	,,	१९०१	...	,,
३७	गुमटी मनू पुजेरी	मनू पुजेरी	७९	अरहनाथजी	मछली	१५४८	...	,,
३८	मुना मोदन मोसीपुरा	मोसीपुराकी मुना मोदन	८०	सुपार्श्वनाथ	सांतिया	१९३५	...	,,
			८१	नेमनाथजी	शंख	१९५२	...	,,
			८२	प्रतिमा	...	...	...	,,

धातुकी	पाषाण	वर्तमान कालमें मंदिरोंके वारसोंके नाम		कैफियत.
		नाम	मुकाम	
१०	११	१२	१३	१४
...	सफेद	...	..	
...	सफेद	...	..	
...	देशी	...	...	
...	काला	घपोले	अभाना	
...	काला	सिंगई	...	
...	सफेद	...	...	
...	,,	...		खंडीत हस्तपरमें
...	,,	...	...	
..	,,	...	...	
.	सफेद	...	...	
.	काला	..	...	
..	सफेद	...	...	
...	देसी	...	...	
...	,,	...	...	
...	,,	...		
...	,,	..	...	ये दोनों प्रतिमाखंडित हैं सो पिछवाडे विराजमानहैं.
..	,,	...	...	
...	सफेद	...	...	
...	सफेद	...	...	
..	सफेद	...	...	
...	काला	...	..	
...	काला	...	...	
...	सफेद	...	...	
...	सफेद	...	...	
		...	...	
...	सफेद	लाडरी चौधरी	संसीपुरा	
.	काला	,,	,,	
...	देसी	,,	,,	इस प्रतिमाजीमें शिरपर मुकुट गलेमें वा कर्णमें माला पहिने हुई हैं.

नंबर हुमार श्रीमंदिर	नाम श्री मंदिरका जो बोलत हैं.	नाम बनवानेवालेका व मुकाम	नंबर हुमार (प्रतिमा)	नाम श्रीप्रतिमा	चिन्ह	सम्वत्	शाक	आम्नाय
१	२	३	४	५	६	७	८	९
३९	सकरसराफ	संकर सराफ इन्द्राना	८३	चन्द्रप्रभु	चन्द्रमां	१८६१	...	दिगम्बर
			८४	,,	,,	,,	...	,,
			८५	पार्श्वनाथ	सर्प	१८६१	...	,,
४०	झूमर वालोंका	नंनाई प्यारेलाल नाईक झुमर	८६	,,	,,	१८९७	...	,,
४१	वाजूरामोदीका	गजूरा मोदी कुंडलपुर	८७	सुमतिनाथ	चकवा	१८८०	...	,,
			८८	आदिनाथ	वृषभ	१८८९	...	,,
			८९	मुनिसुव्रतनाथ	कछवा	१८६१	...	,,
			९०	चन्द्रप्रभु	चन्द्रमा	१५४८	...	,,
			९१	पद्मप्रभु	कमल	१८८९	...	,,
४२	हीरालाल मोदी दमोह	हीरालाल मोदी दमोह	९२	चन्द्रप्रभु	चन्द्रमा	१९५८	...	,,
			९३	अरहनाथ	मछली	१८६१	...	,,
४३	खुमानी परमसुख मोदी महेवा	खुमानी परमसुख मोदी महेवा	९४	नेमनाथजी	शंख	१९००	...	,,
४४	हटावालेंका	मानकलाल हटा	९५	पार्श्वनाथ	सर्प	१९०१	...	,,
			९६	पार्श्वनाथ	सर्प	१९०१	...	,,
			९७	पार्श्वनाथ	सर्प	...	...	,,
४५	इमलियावारोंका	...	९८	शांतिनाथ	मृग	...	...	,,
४६	पटेरे वालोंका	गिरधारी मोदी पटेरा	९९	अदिनाथ	वृषभ	१५४८	...	,,
			१००	प्रतिमा	...	...	...	,,
४७	दरवाजेकी गुमटी		१०१	चन्द्रप्रभु	चन्द्रमा	१८६४	...	,,
४८	हिरदेनगरवालोंकी गुमटी	हिरदेनगरवालोंकी मरमत भंडारसे	१०२	पार्श्वनाथ	सर्प	...	...	
४९	मढ पुराना	...	१०३	चन्द्रप्रभु	चन्द्रमा	१९३५	...	,,
५०	पावापुरी	पंडित भागवली छतरपुर	१०४	प्रतिमाचतुर मुखी	नेमनाथ	...	...	,,
			१०५	...	पार्श्वनाथ महावीर	...	...	,,
५१	छतरपुर वालोंका	,,	१०६	सुपार्श्वनाथ	सांतिया	...	...	,,
५२	खिमलासे वालोंका	सिंगई खुशालचंद नंदलाल खिमलासा	१०७	पार्श्वनाथ	सांतिया	१९१७	...	,,
			१०८	पादुका	...	...	...	,,
५३	नैनधरा वालोंका	गुलाबचंद रूपचंद नैनधरा	१०९	नेमनाथ	शंख	१९३७	...	,,
५४	जुझार वालोंका	प्यारेलाल हजारीलाल सिं० जु०	११०	नेमनाथ	,,	१९४८	...	,,
			१११	आदिनाथ	वृषभ	१९४८	...	,,
			११२	मुनिसुव्रतनाथ	कछवा	१९४८	...	,,
			११३	सीतलनाथ	वृक्ष	१९४८	...	,,

धातुकी	पाषाण	वर्तमान कालमें मंदिरोंके वारिसोंके नाम		कैफियत.
		नाम	मुकाम	
१०	११	१२	१३	१४
...	देशी	...	...	
...	,,	..	...	
..	,,	...	...	
.	काला	भाइ बसोरेलाल-त्यागी	डूमर ...	
...	सफेद	...	...	
...	सफेद	...	...	
...	सफेद	...	...	
...	सफेद	..	...	
...	मुंगावली लाल	हिरालाल मोदी	दमोह	
...	सफेद	...	...	
..	सफेद	...	...	
...	सफेद	...	...	
...	सफेद	...	...	
...	सफेद	..	...	
...	काला	...	...	
...	देशी	...	...	
...	,,	...	...	
...	,,	...	...	
...	देसी	...	...	
...	,,	..	...	
...	सफेद	...	..	इस मंठकी मरमत व रंगत भंडारसे होकर प्रतिमा विराजमान कराई गई. चतुर्थ प्रतिमा खंडित है.
...	देसी	...	...	
...	,,	...	...	
..	,,	...	...	
...	सफेद	...	...	
.	देसी	...	.	
...	काला	गुलाबचंद रुपचंद	नेनधरा	
...	,,	सिंगई	जुझार	
...	सफेद	रघुवरप्रसाद	...	
..	काला	जी जुझार	...	
..	काला	दमोह	...	

नंबर शुमार श्री मंदिर	नाम श्री मंदिरका जो बोलते हैं	नाम बनवाने-वालोंका व मुकाम	नंबर शुमार (प्रतिमा)	नाम श्री प्रतिमा	चिन्ह	सम्वत्	शक	आम्नाय
१	२	३	४	५	६	७	८	९
५५	सिलवानीवालोंको	कुवरमन लालचंद सिलवानी	११४	महावीर (वर्द्ध०)	सिंह	१९३५	...	दिगम्बर
५६	दमोह वालोंका	सेठ कासीराम	११५	आदिनाथ	वृषभ	१९३५	...	,,
		नंदराम दमोह	११६	शांतिनाथ	मृग	१९२७	...	,,
			११७	महावीर (वर्द्ध०)	सिंह	१९५८	...	,,
५७	दमोह वालोंके	गिरधारीलाल	११८	महावीर (वर्द्ध०)	सिंह	१९३५	...	,,
		हजारीलालसेठ	११९	आदिनाथ	वृषभ	१९३५	...	,
		दमोह	१२०	पार्श्वनाथ	सर्प	१९३५	...	,,
५८	विजोरा वालोंको	करंजूलाल मौजी	१२१	श्रेयाँसजी	गेंडा	१९४२	...	,,
		लाल विजौरा	१२२	वर्द्धमान	सिंह	...	..	,,
५९	ऊंचावालोंको	वारीकेरा सिंगई ऊंचा	१२३	अजितनाथ	हस्ती	१९४२	...	,,

+ छोटी गुमटीतकभी मंदिरोंमें शुमार है और कुल मंदिर ५९ हैं मंदिरोंकी मरम्मत होना मुख्य आवश्यकता है.

धातुकी	पाषाण	वर्तमान कालके मंदिरोंके वारसोंके नाम		कैफियत.
		नाम	मुकाम	
१०	११	१२	१३	१४
...	सफेद	राजा वालाप्रसाद	सिलवानी	
	सफेद	डालचंदसेठ	दमोह	
...	काला	...	...	
...	सफेद	...	...	
...	सफेद	छोटीवहू सिंगैन	दमोह	
...	काला	...	...	
...	काला	...	...	
...	काला	लछमन सिंगई	विजोरा	
..	देसीपाषान	...	...	
..	सफेद	वसौरे दरवारीलाल चौधरी	ऊँचा रि० पन्ना	

श्रीक्षेत्र कुंडनपुर ।

जिला अमरावतीमें यह कुंडनपुर क्षेत्र बर्धा नदीके किनारे आवींसे ६ मील पश्चिमके तरफ और धामणगांव (G. I. P. Ry.) स्टेशनसे करीब बारह मील है । इस ग्रामका नाम पहले कौंडिण्यपुर था और विदर्भ (वऱ्हाड) देशका सुप्रसिद्ध राजा भीष्मकी राजधानी थी । यह वही भूमि है कि, जहांपर श्रीकृष्ण महाराज नवमें नारायणने अपनी भावि स्त्री रुक्मिणीको हरलियाथा । यहग्राम पूर्वकालमें बहुत बड़ा था ।

कालदोषसे अब यह ग्राम बहुतही छोटा है । यहांपर ३ मन्दिरजी हैं जिनमें दिगम्बर जैनियोंका मन्दिरजी मध्यभागमें है । उसके दक्षिण दिशामें वैष्णवोंका श्रीविठोबा रखुमाईका मन्दिर है जिसमें तीन भौंहरे हैं—एक भौंहरा मुक्तागिरीतक, दूसरा बर्धा नदीतक और तीसरा मंगरूलतक गया है । और उत्तरमें महादेवका मन्दिर हैं ।

यह दिगम्बर जैनियोंका मन्दिर बहुत प्राचीन मालूम पडता है उसके बनवानेवालोंका कुछ भी पता लगता नहीं है । मंदिरमें कुल मूर्तियां दश हैं, जिसमें एक प्रतिमा श्रीपार्श्वनाथ स्वामीकी पीले पाषाणकी चतुर्थ या पंचमकालकी प्राचीन मालूम पडती है यह और दूसरी ३या४ प्रतिमाजी संवत १५४८ सालकी जीवराज पापडीवालोंके द्वारा प्रतिष्ठा की हुई हैं ओर शेष मूर्तियां ५० या ६० वर्ष पूर्वकीही है । जैनियोंका असल मन्दिर वही हैं, जहांपर हिंदुओंका विठोबा रुक्माबाईका मन्दिर है और वहां जो विठोबाकी मूर्ति बतलाई जातीहै वह खड्गासन नेमिनाथ स्वामीकी प्रतिमा है और रुक्माबाईकी प्रतिमा बतलाई जाती है वह श्रीराजुलजीकी मूर्ति है ।

कालदोषसे जैनियोंको अपना असली मन्दिरजी छोडकर उसके नजदीक दूसरा बनाना पडा । पर उक्त मन्दिरजी कब बन गया और किसीने बनाया यह मालूम नहीं होता । मन्दिर शिखरबन्द हैं । पूजन प्रक्षालका प्रबन्ध अच्छा है । मन्दिरके सामने एक बड़ा भारी दहलान है और उसकेही पास एक धर्मशाला भी नयी बनवाई है ।

कैमोरी ।

यह बड़ा ग्राम हिरान नदीके किनारेपर जबलपुरसे जो सड़क दमोहको जाती है उसपर बसा हुआ है । इसको सतरहवी सदीमें राव चूरामनने राजा नरिन्दशाहाके बक्खत बसाया था । इस ग्रामकी आबादी अनुमान १८५०की है । यहां दिगम्बर जैनियोंके गृह दोन

और दो मन्दिरजी हैं। यहांपर पहाड़के नजदीक नदीके निकट अचलेश्वर नामकी एक गुहा है जो कि कहते हैं करीब१००फीट लंबी है। यहां शुक्रवारको साप्ताहिक बाजार होता है जिसमें छींटकी विक्री बड़ी भारी होती है। और छींटके लिये यह ग्राम प्रसिद्ध है। यहांके दिगम्बर जैन मन्दिरका जीर्णोद्धार फीरोजपुर छावनी निवासी लाला देवी सहायजीकी उदारता और तीर्थक्षेत्र कमेटीके प्रयत्नसे हुआ है।

श्रीअतिशयक्षेत्र कोनी (पाटन)

यह अतिशय क्षेत्र जिला जबलपुरमें स्टेशन (G. I. P.Ry.) जबलपुरसे२१मील और डाकखाना पाटनसे ३मील दूर है। यहांपर जैन दिगम्बर आम्नायके आबाद गृह८हैं जिनमें २ परवार, ५ गोलापूर्व और विनैक्याका घर हैं। मनुष्यसंख्या ४८ है। जिसमें १ उद्देत बल्द राजाराम सिंगई २ मोहनलाल बल्द भवानीप्रसाद पटवारी ३ अमान बल्द मोहन पटवारी ४ सीताराम बल्द भीमसेन पटवारी ५ शेठ जवाहरलाल बल्द रेवारामशेठ ग्रामके मुखिया हैं। जैन मन्दिरजी ११ हैं जिनमें १० शिखरबन्द व १ चैत्यालय हैं। कुल मन्दिरजी- में आबाद ७ और बीरान ४ हैं। इनका जीर्णोद्धार तुरत न कराया जावेगा तो बहुतसे मन्दिरोंके गिरनेका अन्देसा है।

इस क्षेत्रपर १ पुजारी पूरे कामका जुम्मेदार है जो एक प्रकारसे अयोग्य है। प्रबन्ध यहांका पाटनके पंचोंके पास है सो बिलकुल ठीक नहीं है।

क्योलारी।

यह ग्राम मध्यप्रदेशका जिला सिवनीमें बंगाल-नागपुर रेलवे पर खास स्टेशन है। वैनगंगा और सॉगर ये दो नदियोंका यहां संगम हुआ है। यहांकी मनुष्यसंख्या अनुमान १३०० है जिसमें जैन दिगम्बर आम्नायकी ७७ है तथा गृह २० और ४ शिखरबन्द मन्दिरजी हैं जिसमें २ नए बने हैं। मन्दिरजीमें १५ धर्मशास्त्र हैं। यहांपर दिगम्बर जैनियोंमें सिंगई मिठनलाल परमानन्द अच्छे सज्जन पुरुष हैं।

यहांपर सप्ताहिक बाजार शुक्रवारके दिन लगता है जिसमें अनाज और कपासका विशेषकर क्रयविक्रय होता है। यहांसे डुग्लीतक नया रास्ता तय्यार हुआ है। यहांसे ६

मीलके फासलेपर घनसोर नामका एक ग्राम है जहां कई खण्डित अखण्डित प्रतिमाएँ पाई जाती हैं। अबतक उस ग्राममें एक जैन तीर्थंकरकी प्रतिमा अति मनोज्ञ है जिसको हिंदलोग नागा बाबा कहकर पूजते हैं और वहांसे कुछ कलाकुसरीका पड़ा हुआ सामान शिवनीके दलसर तालाबपर लेकर रक्खा गया है और कई प्रतिमाजी वहांके जैन मन्दिरोंमें विराजमान हैं।

श्रीअतिशय क्षेत्र

खजराहा।

बुन्देलखण्ड प्रान्तान्तर्गत जिला नयागांव तालुका राजनगर निकटवर्ति स्टेशन (E. I. Ry.) सतना, राज्य छत्रपुरमें खजराहा नामका एक छोटासा ग्राम है जिसकी आबादी इस समय अनुमान २०० घरकी और मनुष्य संख्या २००० है। यह प्राचीन कालमें जैनियोंकी राजधानीका नगर था पर कालदोषसे अब २ गृह परवारके मौजूद हैं जिनमें चार आदमी रहते हैं।

प्राचीन वृत्तान्त—

प्राचीन कालमें यह स्थान बहुत प्रसिद्ध रहा होगा। आबू रिहान इब्न भटूटा और हुएनसांगके ऐतिहासिक लेखोंसे मालुम होता है कि, बुँदेलखण्डका प्राचीन नाम जजोती, या झझोती या जझावती था। यह शब्द यजुर्होताका अपभ्रंश जान पडता है। यहाँ यजुर्होता, अर्थात् जजोतिया, लोग रहतेथे। जैसे कान्यकुब्ज देशके नामसे कान्यकुब्ज, मिथिलाके नामसे मैथिल और द्राविड़के नामसे द्राविड़ लोगोंने प्रसिद्धि पाई वैसेही जजोति प्रान्तके रहनेवालोंने जजोतिया नाम पाया जिसकी राजधानी खजुराहा था। परन्तु जबसे बुंदेलोंका प्राधान्य इस प्रदेशमें हुआ तबसे उनके नामानुसार, इस प्रान्तका नाम बदलकर बुन्देलखण्ड हो गया।

इसका ठीक २ पता नहीं चलता कि, खजुराहामें चँदेलोंके पहिले किस किस वंशके राजाओंने राज्य किया। परन्तु हुएनसँगके लेखोंसे मालूम होता है कि, वहाँ ब्राह्मणोंका राज्य

था उसके अनन्तर गुप्तवंशीय राजाओंका हुआ और सबसे पीछे चँदेलोंका। ब्राह्मण राजाओंके समयके दो एक मठ बहुतही टूटी फूटी दशामें अबतक विद्यमान है। किसी २ मठके एक आध पत्थरमें बौद्ध धर्मका सूचक-"ये धर्मंहेतुप्रभवाः-वाक्य भी खुदा हुआ दिखलाई देता है। गुप्त वंशीय राजाओंके राजत्वका प्रमाण उनके सिक्के और शिलालेखोंसे मिलता है। परन्तु चन्देलोंके राजत्वके निशान औरोंकी अपेक्षा बहुत हैं और बड़े बड़े हैं। ये निशान खजुराहोके विशाल मन्दिर हैं। चँदेलोंके कुछ समय पीछे जगवंती प्रान्तकी जिसको कि, अब बुन्देलखण्ड कहते हैं राजधानी बनगया था। ऊपर दर्शित शिवाय इसका खजराहा नाम होनेका कारण इसके एक दन्तकथा ऐसी प्रसिद्ध है कि, खजराहाके कोटके मुख्य द्वारपर खजूरके दो झाड़ होनेके कारण इसका खजराहा नाम पडा है। परन्तु वर्तमानमें इस ग्रामके आसपास न तो कोई कोट हैं, और न कहीं खजूरके वृक्ष दिखाई देते हैं। तो भी अनुमान होता है कि, प्राचीन कालमें यह नगर अवश्यही कोटबँधीमें होगा।

प्रसिद्ध २ मन्दिरोका वर्णन :-

खजराहामें भग्न अभग्न छोटे बड़े सब मिलाकर २९-३० मन्दिर हालमें मौजूद हैं। उसमेंसे मुख्य मुख्य मन्दिरोंके नाम ये हैं।

जैन सांप्रदायिक-पार्श्वनाथ, आदिनाथ, पार्श्वनाथ, जिननाथ सेतनाथ (शान्तिनाथ) आदिनाथ, ऊंचा टीला और घंटाई मन्दिर।

वैष्णव साम्प्रदायिक-देवी जगदम्बाका मन्दिर, रामचंद्र, वाहर, लक्ष्मण, हनुमान और ब्रह्माका मन्दिर।

शैव साम्प्रदायिक-चौसठ योगिनी का, गणेश, कर्णदर्य महादेव और मृतङ्ग महादेवका मन्दिर।

उपर्युक्त जैनसांप्रदायिक मन्दिरोंमेंसे जिननाथका मन्दिर चित्तको सविशेष आकर्षित करता है, उसके द्वारकी बाजूमें एक छोटासा लेख है जिसमें लिखा है कि राजा धंगके राज्यकालमें भव्य पाहिलने ९५४ इसवीमें, इस मन्दिरके लिये कई बाग संकल्प कर दिये। उसी लेखमें, इस मन्दिरका नाम जिननाथका मन्दिर लिखा है। इसमें तीन मण्डप है :- अर्द्धमण्डप, मंडप और महामण्डप। इसकी लंबाई ६० फीट और चौड़ाई ३० फीट हैं। तीनों मण्डपोंके जुदे २ गुम्बज हैं। महामण्डपमें वेदीकी नाई चारों ओर प्रदक्षिणा कर

नेके लिये खुला स्थान है। यह आकार अवचलगढ़के मन्दिरोंसे मिलता हुआ है। इन मण्डपोंकी छतोंपर निकालेहुए नकशीके कामको देखकर भारतवर्षकी भूत और वर्तमान स्थिति मिलान करनेवालोंका चित्त क्षणभरके लिये स्तब्ध होजाता है। रंचमात्र भी कहीं स्थान मिला है कि कारीगरोंने वहांपर अपना अपूर्व शिल्पचातुर्य दिखलाये विना नहीं छोड़ा है। मण्डपोंके खंभोंपर निकाले हुए सुंदर चित्र दर्शकोंको मुग्ध कर लेते हैं। एक धनी जैनने इस मन्दिरकी मरम्मत करा दी है। इससे यह अब बिलकुल नया मालूम होता है। देखनेमें यह मन्दिर सुडौल, सुंदर और दर्शनीय है। यात्रियोंने इस मन्दिरपर लम्बे लम्बे लेख खोद डाले हैं। इन यात्रियोंमें दो एक राजपुत्र भी थे।

उपर्युक्त तीनों सांप्रदायोंके मन्दिर इसके माफक ही हैं। परन्तु कहते हैं कि सबसे प्राचीन मन्दिर चौसठ योगिनियोंका है जो कि ईसाकी नवमी सदीके पूर्वमें बना था। इस मन्दिरके चारों ओर छोटी २ चौसठ मंडियां हैं। ये प्रत्येक मंडिया पृथक् २ मन्दिर है, ऐसा अनुमान होता है। जैनियोंके मन्दिरोंमें इसी प्रकारकी छोटी २ मंडियें बनाई गई हैं, जिन्हें बावन जंजाली मन्दिर कहते हैं। मन्दिरका प्रांगण १०२ फीट लम्बा और ६० फीट चौड़ा है। दिवारोंकी मोटाई ५॥ फीट है। प्रत्येक योगिनीकी कोठरी ३। फीट ऊँची है। कोठरियोंका दरवाजा बहुत छोटा है। सब कोठरियाँ मन्दिरके आकारकी हैं और उनपर कलश भी है पर मूर्तियाँ उनमें अब एक भी नहीं हैं।

कण्डारिया महादेवका मन्दिर सबसे बड़ा है। वह १०९ फीट लम्बा, ६० फीट चौड़ा और ११५ फीट ऊँचा है। उसमें मन्दिरके सब लक्षण हैं। अर्थमण्डप, मण्डप, महामण्डप, अन्तराल और गर्भगृह ये सब उसमें है। परन्तु यह समझमें नहीं आता कि "**कण्डारिया**" का मतलब क्या है। इस मन्दिरमें बहुत मूर्तियां हैं और इनमेंसे अनेक मूर्तियां श्लीलताव्यञ्जक हैं। इस मन्दिरमें ४॥ फीट मोटा शिवलिंग है। इस मन्दिरके बनानेवाले कारीगरोंने 'कुटिल' अक्षरोंमें अपने नाम खोद दिये हैं। उनसे अनुमान होता है कि, यह मन्दिर दशवीं शताब्दीका ह.।

प्राचीनतामें दूसरा नंबर घण्टाई मन्दिरका है। इस मन्दिरके खंभोंपर घंटेकी सकलोंका आकार उकीवरा गया है, इससे इसका नाम घंटाई पड़गया है। वर्तमानमें खम्भोंके शिवाय इस मन्दिरके अन्य सब भाग कालके प्रवाहमें पड़कर धाराशायी हो गये हैं और दिनपर दिन होतेही जाते हैं। इनके सिवाय संवत १९१५ विक्रमतक यहां

सिर्फ ३ मन्दिरजी झाड़ीमें थे १ एक श्रीशान्तिनाथस्वामीका दूसरा सहस्रकूट चैत्यालय तीसरा मूसरधारी। इन तीनों मन्दिरोंमें लाखों रुपयेकी लागतका कुराईका काम प्राचीन शिल्पविद्याकी महिमा प्रगटकर रही है। ये मन्दिर देखने और दर्शन करनेही योग्य हैं। पत्थरकी जुड़ाईके सिवाय चूनेका किसी जगह भी इस्तेमाल इन मन्दिरोंमें नहीं किया गया है। बाहरको तरफ पुतलियां और मूर्तियां पत्थरकी ऐसी कोरी हुई हैं कि मानो कारीगरोंने पत्थरको मोम बना दिया है। मढके माफिक नीचेसे सुरई बनाई गई है उसीमें गर्भालय है। बाकी २१ मन्दिर मामूली हैं। स्थान बड़ार-मलीक तीन तरफसे पहाड़; चारों तरफ तालाब, नदी, खेतों तथा बस्तीसे आबाद है। तथा छतरपुर महाराजका मुकरवा उसहीके पास उनका महल तथा पन्नावाले एजेन्ट साहबका बंगला है। यहांपर १५–२० मठ और मतंगेश्वर महादेवका मन्दिर है। जिसमें लिंगकी मुटाई अनुमान ४॥ फीट है। होलीके मेलेमें इकट्ठे होनेवाले इसी लिंगकी पूजा करते हैं। हरसाल दश पंदरह हजार आदमी इकट्ठे होते हैं और अच्छा वाणिज्य हो जाता है। विशेष तम्बाकू, हरदी, लालमिरचकी बडी बिक्री होती है।

इसही मौकेपर जैनी भी मेला करते हैं। जलयात्रा फागण सुदी १२ को हरसाल होती है, जहाँ मेला भरता है। उस गांवका नाम खंडला मुकरवा है जैन मंन्दिरोंसे १ मीलपर है। जलयात्राके वास्ते विमान व श्रीजी वहीं जाया करते हैं।

यह शान्तिनाथ स्वामीकी प्रतिमा १२ फुट ऊंची खड्गासन चतुर्थकालकी है। सालसंवत कुछ नहीं है। यहां १ दो छोटी २ दिगम्बरी धर्मशाला भी बनी हुई हैं। जिसमें ५० पचास मनुष्य ठहर सकते है। प्रतिवर्ष एक हजार जैन यात्री आते हैं कभी मेलेके समय अधिक आते हैं। पुजारी नाथुराम परवार दर ३॥) माहवार पर मुकर्रर है। इन सम्पूर्ण मन्दिरोंके आसपास मैदानमें और बाहर कोटकी दीवालमें बहुतसी खण्डित प्रतिमाजी लगी हुई हैं। जिनकी संख्या अनुमान १००० के होगी। इन मूर्तियोंमें एक शान्तिनाथ स्वामीकी मूर्ति है, जिसकी उंचाई १४ फीट है। इस प्रतिमाके नीचे निम्न लिखित लेख है:—"संवत् १०८५ श्रीमन्त आचार्य....पुत्र श्री ठाकुर....श्री....देवधर्म...सुत श्री........सीवी....श्री चन्द्र देवह........श्री शान्तिनाथस्य प्रतिमा कारि।

बहुतसी छोटी २ प्रतिमाजी साबुत भी हैं और शिलालेख जो मिले हैं उनकी नकल नीचे दी जाती है।

शिलालेख सहस्रकूट चैत्यालयपर बांई तरफ चौखटमें

(१) श्री काट पुत्र श्रीमाहुलः ॥

(२) आचार्य स्री देवचन्द्रा। स्रिरय कुमुद्चंद्रः ॥

(३) काठ पुत्र श्री गोलल।

(४) ५ संवत् १३११ समये " निजकुल धवलोयं दिव्यमूर्ति': सुशील : शमदम-गुणयुक्तः सर्व सत्वानुकंपी" स्वजन जनिनतो पोद्यांग राजेन मान्यः प्रणमाति जिन नाथोयं भथ पाहिलनामा ॥ १ ॥ पाहिल वाटिका लघुचंद्र वाटिका २ संकन वाटिका ४ पंचा, तलवाटिका ५ आम्रवाटिका ६ वगवाडी १ पाहिल वंसेतु हये क्षीणे डावनवंसोय: कोपिति प्रवितस्य दासस्य दासोयं ममदंतिस्तु पाल येतु ॥ माहाराज गुरु सीवासवचंद्र वैसाख सुदी ७ सोमदिने ॥

दाहिनी बाजू चौखटेमें शिलालेख व यंत्र

आठ पुत्र श्रीदेवशर्म्म हिवं-जयतुः ॥

७	१२	१	१४
२	१३	८	११
१६	३	१०	५
९	६	१५	४

देहलीपर लेख।

महाराज पुत्र ठरजय सिंध रिरुत्तः ॥

इस मन्दिरमें प्रतिबिंब १ श्री पार्श्वनाथजीकी सं. १९१७ नये पाषाणकी है।

नोट-ये सब लेख अंग्रेजोंने लिखलिये हैं और पोलिटिकल एजन्टकी तरफसे इस मंदिरकी नकसी साफ कराई गयी थी। उन लोगोंने खजराहोके मन्दिरोंको आर्ट सीनरी (Art Scenery) (काबीलदीद) में शामिल किया है तथा अन्य मन्दिरोंका भी जीर्णोद्धार एजेन्ट नयेगांवकी तरफसे हो रहा है।

एक दिगम्बर जैन मन्दिर जोकि इन मन्दिरोंसे पश्चिमतरफ करीब ९० कदमके फासलेपर पत्थरका बना हुआ है। उसमें एक प्रतिमा भंग हो गई है। इसका भी जीर्णोद्धार सरकारकी तरफसे कराया गया है।

हजारों शिल्पकार सरकार अंग्रेजकी तरफसें १) २) रोज तनखाह पाकर काम कर रहे हैं।

खाण्डवा।

यह नगर निमाड़ जिलेका सदर मुकाम और जी. आई. पी. रेलवेका जंकशन है। आर. एम. आर. रेलका भी यहांपर जंकशन है। स्टेशनपर वेटिंगरूम याने मुशाफिरखाने बने हुए हैं और पास एक सराय है जो स्टेशनसे दिखाई देती है। दूरके मुसाफिरोंके लिये आराम करनेके लिये यह बहुत अच्छी जगह है। यहांकी मनुष्यसंख्या १९००० है जिसमें जैन दिगम्बर आम्नायकी ३०३ है जिसमें बाबू माणिक्यचंद्र जैन बी. ए. बड़े विद्वान है; उक्त आम्नायके यहांपर गृह ५० और शिखरबन्द मन्दिरजी ३ है। जिनमें करीब धर्मशास्त्र ४० हैं।

खाण्डवा बड़े व्यापारकी जगह है। यहां कई रूई निकालने और दबानेके कारखाने हैं। स्टेशनसे ४ मील मोघट मुकामपर वाटर वर्क्स यानी पानीका कारखाना है जहांसे शहरमें पानी आता है।

खामगांव।

प्रान्त वेरार, जिला बुलडाणामें यह नगर तहसीलका सदर मुकाम बाघरा नदीके किनारे बहुत अच्छा आबाद है। यह पहिले छोटासा कसबा था पर ४० वर्षसे दिन प्रति आबाद होता जाता है जैन दिगम्बर आम्नायके यहांपर गृह ३५ हैं जिसमें मनुष्यसंख्या करीब १६० हैं। दिगम्बरियोंका शिखरबन्द मन्दिरजी एक है एक नया मंदिरजी और तय्यार हो रहा है।

यहांपर रुई और गल्लेका व्यापार भारी होता है।

गढ़ा।

इस ग्रामकी वस्ती बहुत प्राचीन जबलपुर शहरकी पश्चिम ४ मीलपर है। पहले यह ग्राम गढ़ा-मंडलाके गोंड राजाओंकी राजधानी था क्योंकि हाल जो मदन महलका क़िला गिरा हुआ मौजूद है। वह मदनसिंहने इ० स० ११०० में बनवाया था। महलके नजदीक नीचे गंगासागर नामका तालाब बहुत सुंदर है और उसके पास शारदा देवीका मन्दिरजी तथा देवलाल नामक तालाब है जिसकी यात्राके लिये कार्तिकमें अनुमान १२००० आदमी एकत्र होते हैं।

इस ग्रामके १ मुहल्लापुरवारमें १ पहाड़ीपर पिसनारीका बनवाया १ शिखरबन्द मन्दिर है जिसमें २ प्रतिमा श्री शान्तिनाथ स्वामीकी पद्मासन अनुमान १॥ फुटके हैं जिनकी आसनमें संवत् ८९ खाली पढ़ा जाता है। यह प्रतिमा ऊपर शिखरके दोनों बाजूपर खिड़कीमें विराजमान है, पूजन प्रक्षालका इन्तजाम जबलपुरके पंचोंकी तरफसे होता है। कहावत है कि यह मान्दिर १००० वर्षसे ऊंचेका है और एक मन्दिर अभी भैयालाल सिंघईकी तरफसे नया तैय्यार हो रहा है। बीजक शिलालेख कुछ नहीं पायाजाता है।

यहांपर ग्राममें दिगम्बर जैन मन्दिरजी तीन हैं तथा गृह ६ जिसमें २६ मनुष्य हैं।

गौरझामर।

यह बड़ा ग्राम जिला सागर तहसील रेहलीमें सागरसे करेलीको जो रास्ता गया है उसके बीचमें २८ मीलपर है, इसे देवरीके गोंड राजाने वसाया था। हालमें इसकी आबादी अनुमान २५०० हैं जिसमें दिगम्बर जैनियोंकी संख्या २४० हैं। यहांपर परवार जैनियोंके गृह ४५ है और एक शिखरबन्द मन्दिरजी तथा ३ चैत्यालय हैं जिनमें अनुमान ४२ धर्मशास्त्र हैं। यहां लोगोंमें दो तड़े हैं, परस्परके लड़ाई झगड़े सदा लगे रहते हैं. पंचायतीका जोर बहुत घट गया है। यहांपर प्रायमरी शिक्षण-शाला, पोस्ट ऑफीस वगैरेह हैं और रविवारके दिन बाजारभी भरता है।

चांवरी।

यह ग्राम जिला सिवनीमें सिवनीसे छह मीलके फासले पर परवार जैनियोंका था, यह बहुत पुराना नगर राजा वख्तवुलंदके राज्यके सूबेका सद्र मुक़ाम था जब राजा वख्तवुलंदके एक भाईवन्द रामसिंगने यहांसे स० ११०३. ई० में छपारामें सद्रमुकमा लिया तब यहांके परवार जैनी भाई भी सिवनीमें रहने लगे। अब यहां दिगम्बर जैनियोंके गृह सिर्फ ४ हैं जिनमें १८ आदमी रहते हैं और ४ गृहमन्दिर भी हैं। यहांपर कई प्राचीन जैन मन्दिरोंका खण्डर हैं पर नहीं मालूम कि उसमें कुछ मूर्तियां हैं या नहीं। आवहवा यहांपर बहुत अच्छी है। ग्राम आम्रवृक्षोंकी छायासे बहुत सुशोभित है। ग्रामके निकट एक सुंदर तालाव जंगलमें है;

यहांपर नानाढंगकी वंगडियां अच्छी तय्यार होती हैं और गुरुवारको यहांपर साप्ताहिक बाजार भी होता है।

चोपरा।

यह ग्राम जिला दमोहसे आग्नेयको १७ मीलकी दूरीपर है। इसमें एक मेला माह कार्तिकमें चण्डी देवीका लगता है। दो मन्दिर दिगंवर जैनियोंके बहुत पुराने बनेहैं जिसमें एक दिगम्बर जैन मन्दिर १९ वीं शताब्दीका बना हुआ है, और इसमें श्रीशान्तिनाथस्वामीकी प्रतिमा १० फूट उंचाईकी खड्गासन विराजमान है। मन्दिर मजबूत है। इस मन्दिरमें तथा चारों ओर बहुतसी खण्डित प्रतिमाएँ हैं। मूलनायककी प्रतिमा भी खण्डित है। इन्हें जुलमी वादशाह। औरंगजेबने खण्डित करवाया था। मन्दिरसे मिला हुआ उमेदसिंह जमीदार जैनीका गृह है। ये हमेशा मन्दिरकी पूजा करते हैं। यहां जैनियोंके सिर्फ ४ गृह हैं जिसमें १० आदमी रहते हैं। यहां एक तालाब भी है जो चारों ओर वृक्षोंसे घिरा है तथा एक सुंदर और वड़ी दि० जैन पाठशाला है। सब जातिवाले इसमें वस्ते है और जल वायु उत्तम होनेके कारण मनुष्योंके स्वभाव बहुत उत्तम हैं। यहांपर चावलका व्यापार अधिक होता है।

छपारा।

जिला सिवनीमें यह वड़ा कसवा वैनगंगा और मोतिनाला ये दो नदियोंके संगममें सिवनीकी उत्तरकी ओर लखनादोनसे १७ मीलपर है। यहांपर मनुष्यसंख्या अनुमान

३४५० है जिसमें जैन दिगम्बर आम्नायकी मनुष्यसंख्या १५० है। जैन दिगम्बर आम्नायके गृह २८ तथा मन्दिर शिखरबन्द ४ हैं जिनमे अनुमान ३९ धर्मशास्त्र हैं। इस ग्रामके ६ मुहल्ले हैं जिनमें डोंगरिया, सनिचरी, दिलावरगंज और गोपालगंज प्रसिद्ध हैं। कहते हैं कि यह नगर देवगड़के राजा बख्तबुलंदके एक सगे रामसिंगने बसाया था यहींपर अपने सूबेका सदरमुकाम रक्खा था। दिगम्बर जैनियोंके मन्दिरजी बहुत सुंदर और मनोज्ञ हैं। व्यापार यहांपर कपास और अनाजका बहुत होता है और शनिश्चरको बाजार भी लगता है। इस ग्राममें आम्रवृक्षोंके बगीचे बहुत सुंदर और रमणीय हैं।

छतरपुर।

यह सुंदर शहर नयागांवसे सतना जानेवाली सड़कपर छत्रपुर रियासतकी राजधानी है। यहांपर दिगम्बर जैनियोंके १२ मन्दिर तथा १८ चैत्यालय और ३९ गृह हैं जिनकी मनुष्यसंख्या १३० है। राजमहल और कई मन्दिरोंकी इमारतें अच्छी हैं। व्यापार यहांका साधारण है। यहांके महाराजा सा० जैनधर्मसे विशेष प्रीति रखते हैं।

छिंदवाड़ा।

यह नगर बी. एन्. रेलवेपर खास स्टेशन है, यहांपर इटारसीसे आनेवाली रेल जो नागपुरको जाती है उसमें दोनो लाईनका संगम होताहै। यहांकी मनुष्यसंख्या १०००० के करीब है और उसमें दिगम्बर जैनियोंकी मनुष्यसंख्या २०९ है। उक्त लोगोंके ६० गृह व ६ मन्दिरजी शिखरबन्द तथा २ चैत्यालय हैं जिसमें ३० धर्मशास्त्र हैं। यह नगर समुद्रकी सतहसे २२०० फीटकी उंचाईपर है इस कारण यहांकी आब हवा ठण्डी और स्वच्छ है।

छोटा छिंदवाड़ा।

यह कसबा जिला नरसिंहपुरमें ग्रेट इन्डियन पेनिनसुला रेलवेपर स्टेशन है और इसको गोटेगांव भी कहते हैं। जबसे यहां रेलवे स्टेशन हुई तबहीसे यह ग्राम बसा हुआ है। यहांपर दिगम्बर जैनियोंके गृह ५५ हैं जिनकी मनुष्यसंख्या २८५ है। उक्त आम्नायके ५ शिखरबन्द मन्दिरजी तथा ४ चैत्यालय हैं जिनमें ९० धर्मशास्त्र हैं। यह ग्राम गल्लेकी उपजके लिये प्रसिद्ध है।

जबलपुर।

मध्यप्रदशमें यह नगर बड़े शहरोंमें दूसरा है। और यह कमिश्नरीका सदर मुक़ाम है. E. I. R., और G. I. P. रेलवेका जंक्शनका स्टेशन है। यहांसे एक छोटीसी रेलवे गोंदिया तक गई है।

इस शहरका नाम पहिले जवलगढ़ था पर सरकारी अमलदारी होनेपर इसका नाम जवलपुर रक्खा गया इसका नाम। जवलगढ़ रक्खे जानेका कारण यह है कि, यहांसे दक्षिण दिशामें एक मील दूरीपर पहाड़ीके ऊपर रानी दुर्गावतीके पिता आदिकोंका १७ वीं शताब्दीका वनवाया हुआ एक गढ़ (किला) है जो मदनमहल नामसे प्रसिद्ध है। उसमें यह दोहा लिखा है॥ दोहा ॥ मदन महलके वीचमें, नव डोंगोकी छाह जमा धरी नव लाखकी दो सोनेकी ईट। शिला-लेख दूसरी कोई भाषामें है। सरकार गवर्नमेंटको सड़क वनते हुए एक भंडारभी वहुत भारी मिला था। जिसमें चांदी सोनेके सिक्के वहुत भारी थे और लोगोंके कहने कहनेसे जाहिर हुआ कि, वे सिक्के जैनियोंके थे, उसकी पहिचानके कई जैन चिन्ह थे वल्के जैनी-लोंगोंको नोटीस भी दिये गये थे कि जिन जैनी भाइयोंको जो कुछ खरीदना हो खरीद लेवे। यहां व्हिक्टोरिया मेमोरियल टौन हॉल है जिसको राजा गोकुलदास और उनके पुत्र जविनदासने व्हिक्टोरिया महारानी साहिवाके स्मर्णार्थ वनवाया है। यहां देखनेके योग्य एक कस्तुरचंद हितकारिणी हायस्कूल जिसको जैनी परवार भोलानाथ सिंघईने वनवाया है और दूसरा अंजुमान इस्लामहॉयस्कूल तथा राजा सेठ गोकुलदासके महल, कंपनीवाग आदि देखनेके योग्य हैं।

यहां दिगम्बर जैनियोंके गृह २०१ हैं जिनकी मनुष्यसंख्या ९८९ है और ४६ शिखरवन्द मंदिरजी तथा ३ चैत्यालय जिसमें अनुमान ३०० धर्मशास्त्र हैं और एक धर्मशाला लॉर्डगंजमें सिंघई नारायणदासजीकी वनवाई हुई मन्दिरोंके पीछे है। और मंगली वज-रियाके पास नन्हे मन्दिरमें एक लायब्रेरी भी नयी खुली है। यहां एक दिगम्बर जैन वोर्डिङ्गहाउस है जिसमें जिलेके ग्रामोंके जैन विद्यार्थी आश्रय पाते हैं और स्कूल तथा कालेजोंमें पढ़ते हैं। यहां मिट्टीके नलका तथा शीशेका कारखाना कारीगरीका अच्छा नमूना है। यहांसे छः मील नर्मदा नदी वहती है वहां एक स्थानपर पहाडसे पानी वहुत वेगसे वहता है। पानी वहुत ऊंचे गिरनेके कारण धुआंसर दिखाई देता है। इस स्थानको धुआंदार कहते हैं जिसको देखने अंग्रेज लोग भी जाते हैं तथा नौकापर वैठ

नदीके दोनों ओर ऊंचे २ संगममरके पहाड़ोंकी सैर करते हैं। इसस्थानपर एक दिगम्बर जैन मंदिर भी है। रोजगार सब किसमका होता है।

जामोद।

प्रान्त बरार जिला बुलड़ानामें यह पुराना ग्राम है। यहांपर दिगम्बर जैनीके ४ गृह हैं जिसमें मनुष्यसंख्या करीब १० है तथा १ शिखरबन्द चैत्यालय भी है। दो दिगम्बर जैन मन्दिरजी बस्तीके बाहर अति शोभायमान बने हुए हैं। जिसमें एक चैत्यालय ३०० वर्षका बना हुआ है। दूसरा शिखरबन्द मन्दिर करमचंद्र टुकड़ादास श्रावगीका बनाया हुआ है। जिसके ऊंपर चार गुम्बज अति शोभायमान बने हुए हैं और उन गुम्बजोंमें चरण स्थित किये हुए हैं। जिस समय उक्त मन्दिर बनाथा उस समय ग्राममें बाईस हजार गृह संख्या थी पर कालवश नष्ट होकर अब १४०० गृहसंख्या रही है। यहांपर और भी कई प्राचीन इमारतें देखने योग्य हैं। मन्दिरोंके पूजन प्रक्षालका कोई इन्तजाम नहीं है।

टीकमगढ़।

ओरछा स्टेटकी राजधानी ललितपुर (G. I. P.) रेल्वे स्टेशनसे २७ मीलकी दूरीपर है। यहांपर एक किला, जुगल निवास बाग, महेंद्र निवास और जानकी निवास बाग देखने योग्य है। यहांसे "श्री अतिशयक्षेत्र पपोराजी" ३ मीलकी दूरीपर है। आनेजानेका मार्ग पक्का है। सवारी हरएक प्रकारकी मिलती है। यहां दिगम्बर जैनियोंके गृह १६७ जिसमें मनुष्यसंख्या ६८० है। तथा १९ शिखरबन्द मन्दिरजी और ३०० शास्त्र हैं। ठहरनेके लिये एक धर्मशाला और एक जैन पाठशाला भी है।

यहांके सेन्ट्रल जेलमें देशी सूतकी दरियां आगरा और अलीगढ़के मुकाबिले सादी और रंगीन दोनों प्रकारकी बनती हैं, चारखाने सूती ऊनी पलंगपोश, चद्दरें आदि अच्छी और मजबूत तयार होती है। टीकमगढ़में फ्लूट, हार्मोनियम अच्छे २ खास स्वदेशी तैयार होते हैं। कीमत ३ सप्तककी २० या २२ रुपया और ४—४॥ सप्तककी ३० रुपया के करीब है। ये बाजे सूरतमें तथा स्वरमें विदेशीसे कम नहीं होते हैं। फोटोग्राफी कॅमेरे और उसका सब प्रकारका सामान भी गोकळप्रसाद जैन अपने हाथसे तयार करते हैं। विदेशीसे किसी बातमें कम नहीं हैं।

तेवरी।

यह कसवा गढ़ाके पास जवलपुरसे ८ मीलपर संगमरमर पत्थरके लिये प्रसिद्ध है। यहांकी आवादी अनुमान १०० की है। यह ग्राम नागपुरका राजा भोसलाने एक ब्राह्मणको इनाममें दिया था और अंग्रेज सरकारनें ईस्वी सन्न १८२३में उस ब्राह्मणकी राजभक्ति देखकर उसे कायम कर दिया। वर्त्तमानमें यहांके प्रवन्धकर्त्ता शंकरराव नागपुरवाले है। यहांपर प्राथमिक शाला, पोस्ट आफिस है और रविवारके दिन यहां साप्ताहिक वाजार भी होता है, और मार्वलकी सव प्रकारकी चीजें वहुत अच्छी वनती हैं। २००० वर्षके पहले यह ग्राम वड़ा शहर था और इसका नाम त्रिपुर था। ११वीं सदीमें राजा कर्णदेवनें यहांपर मन्दिरजी और सुंदर इमारते वनाकर सुशोभित कर दिया था। यहांपर वालसागर नामका एक तालाव है जिसके मध्यभागमें एक दिगम्वर जैन मन्दिर अति मनोज्ञ है। उक्त मन्दिरमें वहुतसी मूर्तियां हैं जिनमें जिनदेवकी मूर्ति ऊपरकी तरफ एक स्त्रीकी मूर्ति उसके पुत्र सहित स्थापित है और श्री जिनदवेके चरणके तले "मानादित्यकी स्त्री रोज नमनकर रही है" ऐसा उस वक्तकी (१२वीं सदी) लिपीमें खुदा है। तेवरीमें और कई शिलालेख कलाचुरी राजाओंके मिले थे पर इस वक्त वहां मौजूद नहीं हैं।

तारादेही।

यह ग्राम दमोहसे दक्षिणमें ४२ मैल कुछ दूर वरमा नदीके दहिने किनारेपर है। पहिले यहांपर गोंड जातीके राजा निजामशाह, निरपतशाह, प्रेमशाह और सुमेरशाहने राज्य किया था इसके पश्चात अव सरकार अंग्रेजकी अमलदारी है। इसमें जैन दिगम्वर आम्नायके घर २३ और मनुष्यसंख्या १२२ है। यहांपर एक मन्दिर और दो चैत्यालय दिगम्वर जैनियोंके हैं जिनमें अनुमान १३ धर्मशास्त्र हैं। यहां एक महाजन सवाई सिंघई टेकचंद कीरतराम गांवके मालगुजार वड़े साहूकार और प्रसिद्ध हैं। एक सरकारी चौकी है। नागपुरवालोंकी अमलदारीके समय इस तप्पे तारादेहीके ऊपर राजा कुंवरसिंह खारी देवरीवालोंका अधिकार था फिर १८६१ई० में दुरगसिंह सिंघईने इसे पाया। उस समयसे वरावर सव वन्दोवस्त उसके नाम और उसके वारिसोंके नाम सरकारी प्रवन्धमें भी होता आया। जलवायु यहांका समशीतोष्ण है और सव प्रकारके अनाज पैदा होते हैं। चावल, कुदई, आदिका थोड़ासा व्यापार होता है।

दुर्ग।

यह नगर बंगाल-नागपुर रेलवेपर है यहां एक पुराने किलेका निशान है। दिगम्बर जैनियोंके गृह १९ तथा मनुष्यसंख्या ६९ और एक चैत्यालय हैं। व्यापार रुई और गल्लेका होता है। मामूली छोटीसी बस्ती है।

देवरी।

यह नगर रहली तहसीलमें करेली (G. I. P. Ry.) स्टेशनसे ३६ मील दूरीपर और सागरसे४० मील दूरीपर सुकचेन नदीके किनारेपर है। रास्ता पक्की सड़क है। यहांपर एक प्राचीन क़िला भी है जो चन्देल राजाने स० १७६७ ई०में बनाया था। देवरीका प्राचिन नाम रामगढ़ वा उजड़गढ़ था। परन्तु जब यहां मन्दिर 'श्रीखंडेरावका' निर्माण हुआ ब्राह्मणोने इसका नाम देवरी (The abode of God) रक्खा। १८ वीं शताब्दीमें देवरी पंचमहाल प्रांतका सदर मुक़ाम था। यहांपर शुक्रवारको साप्ताहिक बाजार भी भरता है जिसमें प्रायः थोडा रोजगार सब प्रकारका होता है। यहां दिगम्बर जैनियोंके २ शिखरबन्द मन्दिर तथा ६ चैत्यालय है जिसमें ९० धर्मशास्त्र हैं। उनके गृह ४७ तथा मनुष्यसंख्या अनुमान २८० है।

श्रीसिद्धक्षेत्र द्रोणागिरी।

सेंदप्पा।

ग्राम सेंदप्पा पर्वतका नाम द्रोणागिर सिद्धक्षेत्र जिला नयागांव छावनी, तहसील रियासत विजावर पोस्ट, गुलगंज (मलारा) निकटवर्त्ती स्टेशन सागर गणेशगंज और लिधौरा है। सागरसे जिला बान्दाको पब्लिक सर्वसाधारण रोड छतरपुरसे जाती है और उसही सागरके रास्तासे ६६ मीलतक सरकारी तथा उसके आगे रियासत पन्नाकी सीमाकी सड़क मिलती है। सो इस सड़कके ९ मीलपर सडवा गांवके बांई तरफ श्रीसेंदप्पाजीका रास्ता फूटता है। करीब ८ मील जंगली सड़क है।

सेंदप्पा ग्राममें दिगम्बर जैनियोंका एक मन्दिर और द्रोणागिरपर २४ मन्दिर मूलनायक आदिनाथ स्वामी सम्बत् १५४९ के प्रतिष्ठित हैं कुलप्रतिमा ६० हैं। प्रतिष्ठा धोरासिंघई तिगोड़ा तहसील बन्डा, जिला सागरवालोंने कराई है।

सेंदप्पामें ७ दिगम्बर जैनियोंके घर हैं, मुखिया दिवान छतरजीत सिंहजी हैं। मेला चैत्रसुदी ८ से १४ तक ७ दिन प्रतिवर्ष तीस वर्षसे भरता है। सेंदप्पामें दो धर्मशाला हैं जो कि सवाई सिंघई जवाहरलाल नगोद (सतना) की बनाई हुई है जिनमें मुशकिलसे ५० आदमी ठहर सकते हैं। मकान मामूली कच्चे हैं।

यहां श्रीगुरुदत्तादि मुनिवर मोक्ष पधारे हैं इस क्षेत्रके दोनों ओर दो नदियें-चंद्राक्षा और स्यामरी नामक वहती हैं।

पर्वतपर एक मन्दिरमें संगमर्मरका एक मेरु है उसको अन्यमती वेरढ़माता (भवानी) कहकर उसको सूत लपेटते हैं तथा शेंदूर, तेल हरदी चढाते हैं।

दश वर्ष पहले मेलेमें १००० तक यात्री आते थे परन्तु अब केवल ३०० आदमी, वे भी मुशकिलसे मेलेपर जुडते हैं।

ग्रंथ ६ हैं पुस्तक पूजन विधानसहित-पद्मपुराण, रत्नकरण्डश्रावकाचार, पुन्याश्रव, सुदृष्टि तरंगिणी, चरचासमाधान-हैं।

पर्वतकी पगथियें (सीढियां) बिलकुल टूट गई हैं। पर्वत करीव १००० फूट ऊंचा है।

फेहरिस्त मन्दिरजी नग २५ की

श्री द्रोणागिरपर जिन २ भाईओनें बनाये हैं।

नम्बर	नाम आसामी मंदिर बनाने वाला	गांवका काम	मन्दिरके मूलनायक	प्रतिमा
१	गोरे सिंघई	तिगोड़ (बन्डा)	आदिनाथ स्वामी	१
२	सुखलाल दरगुयां	बमनौरा (रि. विजावर)	,,	१
३	जोरावल सिंघई	जमनुया (ललितपुर)	सुपार्श्वनाथ	१
४	सेठ बिरजलाल	बमराना (ललितपुर)	पार्श्वनाथ	
५	पढहार भाइजी	हरचंद	,,	१
६	मन्दिर मेरुवाला	....	,,	१
७	सुमतिसागर त्यागी	....	अरहनाथ	१
८	भोवद सिंघई	छतरपुर	नेमिनाथ	१
९	मंदिर गुफाके ऊपर	....	आदिनाथ	१
१०	गोरे सिंघई	बुआरा (पन्ना)	शान्तिनाथ	१

नम्बर	नाम आसामी	गांवका काम	मन्दिरके मूलनायक	प्रतिमा
११	मंदिर कुंजका	....	आदिनाथ	१
१२	निदान सिंघई वरेठी	(विजावर)	नेमिनाथ	१
१३	मूलचन्दसेठ	वमराना (ललितपुर)	पार्श्वनाथ	१
१४	वकसी सिंघई	केसली टॅडा (सागर)	नेमिनाथ	१
१५	चौघरन	टीकमगढ़	पार्श्वनाथ	१
१६	डुमन सेठ	गौना (विजावर)	"	१
१७	करंजू सिंघई	महाराजगंज (पन्ना)	"	१
१८	किशोर सिंघई	मलारा (पन्ना)	सुपार्श्वनाथ	१
१९	विहारी सिंघई	अंधरो (विजावर)	आदिनाथ	१
२०	झलकन सिंघई	"	पार्श्वनाथ	१
२१	ललरे सवाई सिंघई	कारीटोरन (ललितपुर)	आदिनाथ	१
२२	वल्ले सिंघई	दलीपुर (विजावर)	अजितनाथ	१
२३	प्यारे सिंघई	"	आदिनाथ	१
२४	सुखलाल सिंघई	दलीपुर	चन्द्रप्रभु	१
२५	जवाहरलाल सवाई सिंघई	नागोद	....	१

ग्रामके मंदिरमें प्रतिमा ३६ मूलनायक आदिनाथ है

नरसिंहपुर ।

यह नगर जिलेका सदर मुकाम है और ग्रेट इन्डियन पेनिन्शुला रेलवे पर व्यापारका मुख्य स्टेशन है। इस शहरके वीचमेंसे नदी निकली हुई है नदीके इस पार नरसिंहपुर है और दूसरीपार कचहरी वगैरह सव कंदेलीमें वनी हुई हैं।

यहांकी मनुष्यसंख्या १०००० से कुछ ऊपर है जिसमें जैन दिगम्बर आम्नायके ८५ आदमी हैं जो १८ गृहमें रहते हैं। उक्त आम्नायके ७ शिखरवंद मन्दिर हैं जिनमें करीव ५० धर्मशास्त्र हैं। एक धर्मशाला भी मन्दिरके नजदीक है।

नागपुर।

यह पुराना नगर मध्य प्रदेशका मुख्य स्थान और (G. I. P. Ry.) लाईनपर बहुत बड़ा स्टेशन हैं। यहांकी मनुष्यसंख्या १२८००० अनुमान है जिसमें ५८३ आदमी जैन दिगम्बर अम्नायके हैं। यहांपर दिगम्बर मन्दिरोंकी संख्या १३ हैं जिसमें एक बडाभारी चैत्यालयभी है। मन्दिरमें २५६ धर्मशास्त्र हैं और उक्त आम्नायकी एक धर्मशाला भी है। इस नगरके पास बहुतसे बड़े २ तालाब और कई सुंदर बगीचें हैं। जिसमें तेलिखेरी नामका बंगीचा देखने योग्य है। ये बगीचें नारंगी और केलोंके लिये प्रसिद्ध हैं। यहां दो कॉलेज और कई स्कूल हैं, इनमें नार्मल स्कूल और एग्रीकलचरल स्कूल शामील हैं। यहांका व्यापार बहुत भारी है विशेषकर कपड़ेका बहुत क्रय विक्रय होता है। यहांपर अजायबघर, पुस्तकालय, महाराजबाग, तुलशीबाग, सोनागांओंमें पलदी करादी और बाहर तेलनकेरी ये इमारतें देखने लायक हैं पर यहांके अजायबघरमें बहुतसी खण्डित अखण्डित प्रतिमाएं हैं। यहांपर जो सिव्हिल स्टेशन है उसको सीताबर्डी कहते हैं और इसी नामका किला प्रसिद्ध है जहां कि अंग्रेजों और मरहठोंके बीच स० १८१७ ई० में लड़ाई हुई थी। सेनापति रघोजीराव भोसलेंका राजवाड़ा भी जो अभीतक मौजूद है देखने योग्य है।

श्रीसिद्धक्षेत्र नैनागिर।
वा
रिसंदेगीर।

यह सिद्धक्षेत्र बुन्देलखंडान्तर्गत पन्ना स्टेटमें सागर जिलेकी ईशान सीमापर सागर स्टेशन (G. I. P. Ry.) से ३० मीलपर है। सागरसे दलतपुरतक पक्का रास्ता २७ मील और ८ मील दलपतपुरतक कच्चा रास्ता है सवारी सब तरहकी मिलती है।

यह क्षेत्र नैनागिर बस्तीसे २ फर्लांगके फासलेपर है। यहांपर जैन दिगम्बरके २५ मन्दिर शिखरबन्द पर्वतके ऊपर और ६ मन्दिर नीचे हैं। घर ३ हैं जिनमें १४ मनुष्य रहते हैं। दो नये मन्दिर और भी बन रहे हैं। यात्रियोंके ठहरनेको एक धर्मशाला है। आनेवाले यात्रियोंको रसोईका सामान और पूजनकी सामग्री साथही लेना चाहिये क्योंकि यहांपर प्रायः ये चीजें नहीं मिलती हैं।

मन्दिरोंमें सबसे पुराना एक मन्दिर है जो १७ वीं शताब्दीका बना हुआ है। यह मन्दिर जैनी भाइयोंकी असावधानतासे जंगली पेड़ोंसे गिरकर कांटो और सघन झाड़ीमें छप गया था। पीछेसे बम्होरी (जो यहांसे ८ मील है) निवासी स्वर्गीय चौधरी शामलजीनें स० १९२१ की सालमें जीर्णोद्धार किया और बहुतसा रुपया खर्चकर यात्रोत्सव कराया तबसे फिर यह क्षेत्र प्रसिद्ध हुआ और प्रतिवर्ष यहां-पर यात्राका उत्सव कार्तिक शुद्ध ११ से पूर्णमासीतक होता है। यहां धर्मात्मा भाइयोंने मन्दिरजी धर्मशाळा परकोटा आदिका जीर्णोद्धार कर यथार्थमें "रेसंदेगिर" नयनानन्द कर दिया है। मन्दिरजीका पूजन दर्शन करनेसे अनेक जन्मोंके पाप नष्ट होते हैं क्यों कि यहांपर श्रीवरदत्तादि ५ मुनि मोक्षको पधारे हैं और तेवीसवें तीर्थंकर श्रीमत्पार्श्वनाथजी महाराजका समोसरण भी आया था।

नैनागिरपर २५ मंदिर पहाड परकी फेहरिस्त.

१	आदिनाथ	१९४८	
२	सुमतिनाथ	१८४३	
३	श्रेयांसनाथ	,,	
४	चंद्रप्रभु	१८४२	
५	श्रेयांसनाथका बड़ा मंदिर प्राचीन सं० १७०८ का बना है मुख्य यही मंदिर था इसमें १३ प्रतिबिंब चतुर्थ कालके हैं और ७ नये हैं.		
६	अरहनाथ पार्श्वनाथ	१८४३	कासीराम सिंघई, दमोह.
७	सुमतिनाथ	१८४३	रानीवहू सेमरा, दमोह.
८	श्रेयांसनाथ		
९	नेमिनाथ	१८५५	हजारीलाल देवकरन, पटारी तः बन्डा.
१०	चन्द्रप्रभु	....	गुलखीनायक, खटोरा जि. सागर.
११	चन्द्रप्रभु	....	चुखर मोदी, चारोदा जि. दमोह.
१२	पार्श्वनाथ	....	उदेन परवार, सरावन तः बन्डा.
१३	नेमिनाथ	....	रजनबाई शाहपुर जि. सागर
१४	चन्द्रप्रभु	....	रोनवारे, जि. सागर.
१५	पार्श्वनाथ	....	लीलाधर महेरिया, थोधरा जि. सागर सुकरानी वहू, हीरापुर.

१६	चन्द्रप्रभु	१९४३	थोवन सिंघई, सहजपुर.
१७	चन्द्रप्रभु	....	लटोरे पटवारी, कनौड.
१८	पार्श्वनाथ	१९४४	टूंडेसिंघई, महूवा.
१९	चन्द्रप्रभु	....	सुखसिंघ परवार, खुरई.
२०	अजितनाथ	१९४८	मगोले चौधरी, लखदोनी.
२१	आदिनाथ	१९५२	रामचन्द्र गोलापूरब सुलवात्र (पन्ना).
२२	चन्द्रप्रभु	१९५५	लटोरे टालिया, वमोरी जि. सागर.
२३	नेमिनाथ	,,	वसोरे चौधरी, सौरई (झांसी).
२४	नेमिनाथ	,,	मरे साहू, सौरई.
२५	ऋषभनाथ	१९५८	रामलाल, पडरिया (सागर).

नोट—मंदिरोंकी संख्या २९ है परन्तु दर्शन ३३ जगह हैं. संवत जो लिखे हैं वह प्रतिमापर प्रतिष्टाके वक्तका है, मंदिरोंपर संवत वगैरह नहीं है मंदिर अभी दो नये वन रहे हैं.

१ खुदे सिंघई धवोली जिला सागरवालोंका
२ सिंघई गुलावचंद्र, नैनवारवालों. } दो वेदी मकराने के पत्थर की.

फेहरिस्त श्री जैन दिगम्बर मन्दिर सिद्ध क्षेत्र रिसंदेगीर–नैनागिर–मांदिर तलेटीके.

मदिर	नाम मूलनायक	संवत	वनानेवाले तथा प्रतिष्ठाकराकी प्रशस्ती.
१	पार्श्वनाथ	१९४८	गुलावराय व दलपत, लुहरी तहसील मारोनी जि० झांसी.
२	चन्द्रप्रभु	१८५५	खानजी वसोरे, जेरठ, जि० दमोह.
३	नेमिनाथ	१९६४	पुतरावाई भडराना, वन्डा (सागर)
	श्रेयांसनाथ	१८८५	खटोरे पटवारी, कनौडा.
	चन्द्रप्रभु	१८६४	रामप्रसाद सिंघई, वकसुआ.
	पार्श्वनाथ	,,	खटोरे पटवारी, कनौडा.
	,,	१८८५	वसुमोदी, वरखेरा.
	,,	१८४८	गिरधारी चौधरी, पथरिया
	अजितनाथ	१८४८	वंसीधर चौधरी ,,
	अरहनाथ	१८४८	,, ,,

नेमिनाथ	,,	भैयालाल मलैया	,,
आदिनाथ	,,	चौधरी भगवानदास	,,
नेमिनाथ	,,	चौधरी कोरेलाल	,,
श्रेयांसनाथ	१८४८	,, भगवानदास	,,
आदिनाथ	,,	चौधरी वंशीधर	,,

गर्भस्थानके मंदिरकी दिवालें फट गई हैं मरम्मतकी जुरूरत है. अयोध्याके मंदिरोंका प्रबन्ध लाला देवीदासजी अग्रवाल लखनऊवाले देखते हैं और रत्नपुरीका हिसाब बाबु महेशप्रसाद, कचेरी गोंडा (B. N. W. Ry.) स्टेशनके पास रहता है. यात्री सालभरमें करीब एक हजार आते हैं.

पंचमनगर ।

यह ग्राम जिला दमोहमें ग्रेट इन्डियन पेनिन्शुला रेल्वेका पठारिया स्टेशनसे निकट बेवस नदीके किनारेपर है । इसे गढाकोटाके राजा हिरदेशाहकी रानी मुसम्मात पांचोने निहायत ऊंचाईपर बसाया था इसीलिये इसका नाम पञ्चमनगर हुआ है । हिरदेशाहके पिताजी राजा छत्रसालने पंचमनगर और हटाके दरम्यान २० कोस लम्बी एक पत्थरोंकी दीवाल शत्रुओंकी रोकके लिये बनवाई थी उसका निशान अबतक मौजूद हैं । पहले यह ग्राम बहुत आबाद था परन्तु अब उजाड़ हो गया है । यहां प्राचीन कालमें जैनियोंकी बहुत बस्ती थी जिसके असरसे यहांके निवासी वैश्य, मुसमान, तेली, कोरी आदि परस्पर "जुहार" शब्द व्यवहारमें बोलते हैं और चालचलन महाजनी है । हालमें यहां दिगम्बर जैनियोंके २८ गृह हैं जिनमें मनुष्यसंख्या ११३ है । यहांपर बस्तीमें एक चैत्यालय तथा २ शिखरबन्द मन्दिर हैं, जिनमें सहस्रावधि प्रतिमा मौजूद हैं । और भी बस्तीमें १ शिखरबन्द मन्दिर तथा एक चैत्यालय उजाड हो रहा हैं जिसका कारण जैनियोंकी क्षीणता है । पूजन प्रक्षाल गांवके लोग करते हैं । बस्तीके बाहर नदीके किनारे गांवसे पश्चिमकी ओर एक १७ वीं सदका बना हुआ दि० जैन मन्दिर है जिसको धीरता सिंगई नामक एक धर्मात्माने बनवाया था । यह मन्दिर सुदृढ़ बना हुआ है और चारों ओर परकोटा घिरा हुआ है । प्रतिमाएं सब खण्डित हो गई हैं । स्थानीय जैनी भाई "दशलाक्षणी पर्व" में दर्शन पूजानार्थ जाते हैं । जिस जगहमें यह मन्दिर है, वर्तमानमें वह जगह सरकारी महकमें वनविभागके (Under the control of the reserved Forest Department, Damoha Division.)

आधीन है जिससे वहां जानेवाले लोगोंको चौकीदारको इत्तला देना पडता है। यहांसे श्रीसिद्धक्षेत्र नैनागिरजी ९ मील है परन्तु रास्ता पहाड़ी है।

यहांका देशी कागज अच्छा वनता है और दूर २ विकनेको जाता है। व्यापार तिलके वीज, घी यहांसे दमोह और बन्डाको जाते हैं और वहांसे गुड शक्कर आदि किराना और कपड़ा यहां आकर विकता है। जंगल इस गांवके चारों ओर है। तेंदुआं वहुत रहते हैं।

इस गांवमें औट पोस्टके पास गाजीमियांका मेला लगता है। इस गांवसे वायव्यमें एक मीलके अंतरपर भी दाहने पहाडपर एक चवूतरा चूनेका वना हुआ है जिसको राजा छत्रसालकी बैठक कहते हैं।

पटेरा।

यह ग्राम जिला दमोहमें हटासे १३ मील आग्नेयकी ओर है। और दमोह स्टेशन (G. I. P. Ry.) से ईशानमें १५ मील है। यहांपर दिगम्बर जैनियोंके गृह १३ जिसमें मनुष्य संख्या ५२ है तथा १ शिखरवन्द मन्दिर और ३ चैत्यालय हैं।

यहां कांसेकी थाली और पीतलके वर्तन अच्छे वनाये जाते हैं तथा वंगडी, कासे पीतलके वर्तन और तमाकूका विशेष व्यापार होता है। इस ग्राममें प्राथमिक शिक्षणके लिये दो शाला हैं जिनमें ७० विद्यार्थी और कई विद्यार्थीनी पढ़ते हैं। ग्रामका प्रवन्धकर्ता एक परवार वनिया है। इस ग्रामसे २ मीलकी दूरीपर श्री अतिशय क्षेत्र कुंडलपुरजी है जिसका विशेष वर्णन अन्यत्र उध्दृत है।

पन्ना।

यह नगरी वुंदेलखंडमें स्थित पन्ना राज्यकी राजधानी है जो कि चारों ओर विंध्याचल पर्वतकी सुरम्य श्रेणियोंसे घिरी हुई है यहांका राजा महाराज छत्रसालका वंशज है।

यहांपर दिगम्बर जैनियोंके गृह २९ हैं जिनमें करीव १६० मनुष्यसंख्या है तथा २ शिखरवन्द मन्दिर और १ धर्मशाला है। मन्दिरमें अनुमान ६० धर्मशास्त्र हैं।

पन्ना हीराके लिये जगप्रसिद्ध है। यहांपर महाराजा रुद्रप्रतापसिंह बहादुर के. सी. एस. आई. ने एक मन्दिर बलदेवजीके बनवाया था जो पन्नाके सब मन्दिरोंमें शोभायमान विस्तृत और ऊंचा है और महाराजा माधवसिंहजीने अपने राज्यकालमें एक इमारत 'महेन्द्रभवन' नामकी तयार कराई थी सो देखनेके योग्य है।

पनागर (देवरी)

यह ग्राम जिला जबलपुरमें G. I. P. रेल्वेपर स्टेशन है। यह जैनियोंकाही ग्राम है। यह ग्राम पहले अच्छा आबाद था मगर बहुत कुछ उजाड है। दशा अच्छी है। यहांपर पहले जैनियोंकी ५००–६०० के करीब बस्ती थी। हालमें यहां दिगम्बर आम्नायके आबाद गृह ५९ हैं जिनमें २८५ आदमी बसते हैं। उक्त आम्नायके मन्दिर शिखरबन्द १७ व चैत्यालय ३ हैं जिनमें बड़े मन्दिरमें मूलनायक श्री शान्तिनाथ स्वामीकी प्रतिमा ८ फूट ऊंची खड्गासन है जिसको देखनसे ऐसा जाहिर होता है कि यह चौथे कालकी है। दूसरी प्रतिमा श्री पार्श्वनाथ स्वामीकी पद्मासन ४॥ फूट ऊंची है यह सं० १५०४ विक्रमकी है, अति मनोग्य है।

जिन महाशयोंने इसबड़ा मन्दिरको बनवाया था उनका यह विचार था कि १ जगह प्रतिमा न्योछावरसे पधरावेंगे दूसरी जगह जब प्रतिमा मिलेगी तब पधरावेंगे कुछ दिनोंके बाद प्रतिमा श्रीशान्तिनाथ स्वामीकी पानीके पास स्वप्न देकर मिली। इसके साथ और भी छोटी २ चार प्रतिमाएं मिली। प्रतिमा शान्तिनाथ स्वामीकी निकालते समय बायां हाथ खंडित हो गया था फिर स्वप्न हुआ कि गुड़के सीरेमें डाल दो तो अच्छी तरह जुड़ जावेगी। इसी तरह करनेसे वह जुड गया जिसका चिन्ह भी इस समय मौजूद है।

बड़े मन्दिरके पास और चार मन्दिरजी हैं जिनकी मरम्मत श्री० सिंगई झब्बुलालजी वा श्री० चौधरी झब्बुलालजी वा श्री. मुख्त्यार मुरलीधर, श्री. सिंघई टेकचन्दजी व श्री. चौधरी भूरेलालजीकी तरफवालोंके चन्दासे हो रही है।

यहांपर सरस्वति भण्डारमें करीब ३०० ग्रंथ हैं।

यहांपर जैन दिगम्बर आम्नाय की १ पाठशाला और एक पुत्रीशाला भी प्रचलित हैं।

श्री अतिशयक्षेत्र पपोराजी ।

यह स्थान ओरछा स्टेटकी राजधानी टीकमगढ़से ३ मीलकी दूरीपर समस्थल है। आने जानेके लिये सिर्फ ललितपुर (G. I. P.) स्टेशन नजदीक है। ललितपुरसे वरनपुर होते हुए टिकमगढ तक २७ मील और टीकमगढ़से पपौराजीतक ३ मील पक्का रास्ता है। श्रीसिद्धक्षेत्र द्रोणागिरसे आनेवाले तथा जानेवाले यात्रियोंके लिये यहांसे २८ मील गाडीका कच्चा रास्ता है। मन्दिर ८२ शिखरवन्द वहुत विशाल वनें हुए हैं। सवसे प्राचीन मन्दिर भोंहिरेका है। यह सं० १२०२ विक्रमाब्दमें प्रसिद्ध चन्देलवंशीय राजा मदनवर्म्मदेवके समयका वना हुआ है, शेष मन्दिरजी वहुत पीछेके वने हैं। कार्तिक सुदी १४ को हरसाल मेला लगता है और पन्द्रह वीस सहस्र यात्री एकत्रित होते हैं ठहरनेके लिये धर्मशाळा वन्दैयाजी सवाई सिंघईकी प्रशंसनीय है।

इस क्षेत्रका प्रवंध टीकमगढ़के पंचोंके हाथमें है और उनकी तरफसे पूजारी पूजाके लिये रक्खा हुआ है।

पाटन ।

यह ग्राम रियासत विजावरकी राजधानी विजावरसे ८ मील दक्षिणकी ओर है। यहांपर दिगम्वर जैनियोंके गृह १८ जिनमें ९३ आदमी रहते हैं तथा एक चैत्यालय भी है।

यहांपर लोहेकी खदानें वहुत हैं। **अकवर वादशाहाके सुविख्यात् मन्त्री-वीरवलका जन्म इसी ग्राममें हुआ था** ऐसा लोग कहते हैं और इसी कारणसे कोई २ इसे "वीरों-की-पाटन" कहकर पुकारते हैं।

पिण्डरा रोड ।

पिण्डरा रोड वंगाल-नागपुर रेलवेका स्टेशन जिला विलासपुरमें पिण्डरा घाट की चोटी पर वाके है। इसके २९ मील पश्चिमकी तरफ अमरनाथ का वहुत सुंदर

और पुराना मन्दिरजी है जो नर्मदा नदीके निकासपर है। यहांसे तीन नदियां—नर्मदा सोन और जोहिला—निकलती हैं और जहांसे ये जुदी २ होती हैं। वह जगह बड़ी सुहावनी है और हिंदूलोग उसको बहुत दिनोंसे पवित्र मानते हैं। अमरकंटकके शिरपर मैकाल पर्वत है उसपरसे इर्दगिर्द बड़ा सुंदर दिखाई देता है। कपिलदवड़ा मण्डवा और गुलबकावलीके महलको यात्रीलोग देखने जाते हैं। माघके महिनेमें यहां एक मेला होता है पर सूर्य और चंद्रग्रहणके समय हजारों यात्री नर्मदाको स्नान करनेके लिये जाते हैं।

यहांपर जैन आम्नायके परवार जातिके सिर्फ ३ गृह हैं जिसमें १६ आदमी रहते हैं। अमरकंटकमें कई धर्मशालाएँ भी हैं और पिण्डरासे अमरकंटककी तलेटीतक पक्की सडक भी तय्यार हो गई है।

पिंडरई।

यह बड़ा ग्राम जिला मंडलामें बंगाल नागपुर रेलवेपर दहिने किनारे पर आवाद है। यहांपर जैन दिगम्बर आम्नायके गृह ७७ हैं जिनमें ३४८ मनुष्य रहते हैं। तीन शिखरवन्द दिगम्बर जैन मंदिरजी तथा एक चैत्यालय भी हैं जिनमें करीब ३० धर्मशास्त्र हैं। संवत् १९६९ वि० में यहां पर जैन हितकारणी नामकी पाठशाला खोली गई है। पाठशालाका इन्तजाम श्रीयुत श्रीजसकरण लालजी करते हैं। व्यापार ज्वार कपास तिलीका होता है। यहां बहुधा किसानलोग रहते हैं तथा बहुत भारी जंगल वस्तीके नजदीक है।

पुसद।

यह ग्राम जिला यवतमालमें तहसीलका सदर मुकाम है और पुस नदीके दहिने किनारेपर बसा है। यहांपर बालाजीका मन्दिर देखने योग्य है। दिगम्बर जैनियोंके गृह ९१ है जिनमें मनुष्यसंख्या २३० है। दिगम्बर जैन मन्दिरजी एक है जिसमें धर्मशास्त्र कुछ नहीं है। लोगोंके घर २ में करीब ५० या ६० धर्मशास्त्र हैं यह ग्राम वाशीमसे ३९ मील और यवतमालसे ६४ मील है पर रास्ता विकट जंगली है। ज्वारी यहांपर विशेष पैदा होती है और दूसरी जगहको जाती है।

प्याबला।

यह ग्राम रियासत दतियामें है। यहांपर गुंदीलाल सुपुत्र वैशाखिया किशोरीलाल परवारका खाली १ गृह है और १ एक शिखरबन्द दिगम्बर जैन मन्दिरजी है जिसमें मूलनायक श्रीशान्तिनाथ और आदिनाथ स्वामीकी दो प्रतिमायें अतिशय मनोज्ञ और प्राचीन १२ फीट अवगाहनाकी खड्गासन स्थित हैं। इसके सिवाय भैंहरमें भी श्रीकमठमद्दलन स्वामी पार्श्वनाथ स्वामीकी प्रतिमा शामवर्ण पद्मासन ४॥ फीट अवगाहनाकी अतिशय प्राचीन और मनोज्ञ स्थित हैं। कोईभी प्रतिमा खण्डित नहीं है। पूजन प्रक्षाल प्रतिदिन, उक्त महाशय जो झांसीमें रहते हैं पूजारी द्वारा अच्छी तरह कराते हैं।

फतेहपुर।

यह ग्राम जिला जबलपुरमे दमोह स्टेशनके नजदीक फतेहसिंह आमीलके नामसे प्रसिद्ध है। यहांसे तीन मीलके दूरीपर जटाशंकरका किला संवत १७०० का बना हुआ है किलेसे थोड़ी दूरपर एक दिगंबर जैन मन्दिरजी उजाड़ पड़ा हुआ है। यहांपर पहिले दिगम्बर जैनियोंके २५ गृह थे परन्तु वर्तमानमें केवल तीन गृह हैं जिसमें १४ आदमी रहते हैं। किलेके एक ओर केवड़े और केतकीके रमणीक उपवन हैं। फतेहपुरमें खिरणी (एक प्रकारका मेवा), कबीला धूरिया जो पँसारियोंके काम आता है, और लाख (Lac) बहुत पैदा होती हैं।

बदनेरा।

यह कसबा जिला अमरावतीमें जी. आई. पी. रेलवे और अमरावती शाखका जंक्शन है। यहांसे एलिचपुरको नजदीक सड़क गई है। कुन्दनपुर जो दिगम्बर जैनियोंका पवित्र क्षेत्र है बदनेरेसे करीब १८ मील है। नवम्बर और दिसम्बरके बीचमें यहांपर एक बड़ा मेला लगता है और ५००० के करीब लोग उसमें जमा होते हैं यहांपर दिगम्बर जैनियोंके गृह सिर्फ ११ हैं जिसमें ५० मनुष्य हैं २। शिखरबन्द मन्दिरजी भी है। अमरावती स्टेशन यहांसे ६ मील है।

बलदेवगढ़।

यह स्थान ओरछा रियासतकी (बलदेवगढ़) तहसीलका सदर मुक़ाम है। यहांपर गवालसागर नामक एक बड़ा तालाब है उसीके एक ओर बहुत बड़ा और मजबूत सुरक्षित क़िला है जिसमें स्टेटकी कुछ फौज और तोपें रहती हैं। यहां दिगम्बर जैनियोंके २ शिखरबन्द मन्दिरजी और ७ गृह हैं जिसमें ३९ आदमी रहते हैं।

यहांपर पान "बिलहरी" किस्मका बहुत अच्छा होता है और सब जगहको भेजा जाता है।

बाजनो।

यह ग्राम बिजावर रियासतमें बिजावरसे नजदीक है। यहांपर "भियाकुंड" नामक एक बहुत गहरा कुण्ड है, इसकी विचित्रता देखने योग्य है। पहले एक चौड़ा भूगर्भसा है जिसके ऊपर स्वाभाविक दीर्घ चट्टोनाकी छत पडीहुई है। उसी छतमें लगभग२० फूट लंम्बा चौड़ा एक भाग खुला हुआ है जिसमेंसे भीतरको प्रकाश जाताहै।

बहुतसी सीढियां तथा दरवाजे पार करते हुए १५–२०फूट नीचे जानेपर बहुत बड़ा मैदान है जिसमें हजारों आदमियोंके ठहरने योग्य कोठरियां बनी हुई हैं वहींपर एक और अत्यन्त गहरा कुण्ड है जिसका जल निर्मल परन्तु दूरसे देखनेमें काला है। कहते हैं कि इसकी थाह आजतक किसीने नहीं पाई है। प्रतिवर्ष मकर संक्रान्तिके समयपर यहां बहुत बड़ा मेला लगता है जिसमें अधिकाँश व्यापार लोहेके हथियार, बर्तन और कपड़ेका हुआ करता है।

यहां दिगम्बर जैनियोंके ९ गृह हैं जिसमें मनुष्यसंख्या ६८ है और एक शिखरबन्द मन्दिरजी भी है।

बामोरा।

यह ग्राम जिला सागरमें खास रेल्वेस्टेशन (इंडियन मिडलण्ड लैनमें) है। यहां दिगम्बर आम्नायके गृह ४७ तथा मनुष्यसंख्या २०० की है। बमोरा बस्तीमें बहुतायतसे दिगम्बर जैन मूर्तियां खण्डित पाई जाती हैं। एक प्राचीन विशाल मन्दिर

भूगर्भमें था जिसके ऊपर कूडा आदि पड रहनेसे कोई जानता नहीं था, पीछेसे कारणवश मालूम होनेपर देखा गया तो उसमें श्रीशान्तिनाथस्वामीकी विशाल मूर्ति पाई गई। अब सब लोगोंने मिलकर जीर्णोध्दार कारानेका विचार किया है और ३ चैत्यालय भी है। जिसमें अनुमान ३० धर्मशास्त्र हैं। स्टेशनपर बजरियामें व्यापार सब प्रकारका अच्छा होता है। ग्राममें एक प्राथमिक शिक्षणशाला तथा पोस्टआफीस है।

श्रीक्षेत्र बाहुरीबन्द।

श्री शान्तिनाथ महाराज।

यह बड़ा ग्राम सिहोरा तहसीलमें सिहोरा स्टेशनरोड (E. I. Ry.) से १८ मील तथा सलया स्टेशन (G. I. P. Ry.) से १८ मीलके फासलेपर है। यहांकी वस्ती बहुत पुरानी है।

यहां दिगम्बर जैनियोंके टूटे फूटे मन्दिरजी तथा मूर्तियां इधर उधर दिखनेमें आती हैं जिनमें श्रीशान्तिनाथ महाराजकी बहुतही बड़ी मूर्ति १२ फीटकी अनुमान ११०० संवत् की है ग्रामकी उत्तर ओर एक बड़ा तालाव है जिसकी नैऋत्यकी दिशामें बहुत पुराना मन्दिरजी होगा ऐसा ज्ञात होता है।

यहां देखने योग्य पिरनपीर अवलियाका चबूतरा बहुत बड़ा है जिसकी मरम्मतके लिये सरकारनें मौजा किसनपट्टन इनाममें दिया है। यहां गुरुवारके दिन बड़ी मन्डी होती है जिसमें लाखों रुपयोंका व्यापार होता है। यहां प्राथमिक शाळा, पोस्ट ऑफिस, और धर्मशाळा है। ग्रामका प्रबन्धकर्ता एक बनिया, कायस्थ और एक ब्राह्मण है।

बाळापुर।

यह नगर प्रान्त वरारका सदर मुकाम है। जैन दिगम्बर आम्नायके गृह २४ हैं और मनुष्यसंख्या ८० है। यहां पुराने दो दिगम्बर जैन मंदिर हैं उनमेंसे एक मन्दिरजीमें एक भोंहरा है जिसमें श्रीआदिनाथ स्वामी प्रथम तीर्थंकरकी प्रतिमा चतुर्थ कालकी

अति मनोज्ञ करीब २॥ फीट ऊंची पद्मासन विराजमान है। कहावतसे प्रसिद्ध होता है कि, जिस समय इस बाळापुर ग्रामको शाहनशाह बादशाहने बसाया था उस समय किसी एक पंचम श्रावक भाईको इसी ठिकाने मकान बनाते हुए यह प्रतिमाजी प्राप्त हुई थी। इन मन्दिरोंमें अनुमान १९ धर्मशास्त्र हैं। बाळापुर ग्राम १३ वी शताब्दीका बसा हुआ है। यहांपर इस्मायलखां नब्बाब एलचपुरका बनवाया हुआ अति सुंदर किला अभितक पूरा बना हुआ है और राजा जयसिंहकी बनवाई हुई छत्री नामकी इमारत नदी किनारे बहुत रमणीय देखने योग्य है।

प्राचीन मंदिरका जीर्णोद्धार होना अति आवश्यक है पूजन प्रक्षालका कोई इन्तजाम नहीं रहता है—कारण कि यहां श्रावक मन्डली बहुत ही गरीब स्थितिमें है।

यहां पगड़ी, सतरंजी उत्तम बनाई जाती हैं।

श्री अतिशय क्षेत्र

बिनाजी।

यह स्थान सागरसे करेली जानेवाली सड़कपर रेहली तहसीलमें स्थित देवरीसे ४ मीलकी दूरीपर है। यहांपर ९ गृह दिगम्बर जैनियोंके और ३ शिखरबन्द मन्दिर हैं। इसी स्थानको "अतिशय क्षेत्र" बिनाजी कहते हैं। मन्दिरोंके सामने एक छोटीसी धर्मशाला है जिसमें अनुमान ५० के यात्री एक समयमें ठहर सकते हैं और इसीके बगलमें एक कुआं है इस लिये यात्रियोंको प्रायःतकलीफ नहीं होती है।

यहांपर सबसे पुराना मन्दिरजी मूलनायक श्रीशान्तिनाथ स्वामीका है जिसमें उक्त प्रतिमा १४ फूट अवगाहनकी अद्वितीय शान्तताको लिये खड्गासन विराजमान हैं। यद्यपि इस प्रतिमामें कोई शिलालेखादि नहीं है तथापि उसकी निर्माणशैलीही प्राचीनताकी साक्षी है जिससे इस प्रतिमाजीका प्रतिष्ठासमय १२ वी शताब्दीके प्रारंभमेंही प्रतीत होता है। यह मन्दिरजी प्राचीन ढंगका बना हुआ है और इसमें एक भूगर्भ (भोंहरा) चौथरा भी है।

दूसरा मन्दिरजी गाड़ा बाटवालोंके मंदिरके नामसे प्रसिद्ध है। इसमें एक प्रतिमाजी श्यामवर्ण १२ फीट अवगाहनाकी श्रीवर्धमान स्वामीकी अत्यंत मनोज्ञ

विराजमान है परन्तु प्रतिमा चूकी बनी हुई है इनके नीचे एक और प्रतिमाजी श्री चन्द्रप्रभु स्वामीजीकी पद्मासन पाषाणकी विराजमान है। आसनके लेखसे इस मन्दिरका निर्माणकाल तथा प्रतिष्ठाका काल १९ वीं विक्रम शताब्दीके आरम्भमें विदित होता है।

तीसरा मन्दिरजी छोटा परन्तु बहुत ऊंचा और गुमटीके आकारका है। इसके चारों ओरसे सीढियां ऊपर जानेको बनी हुई हैं जो यत्र तत्र भग्न हुई हैं। यहांपर बहुतसी प्रतिमाएँ खण्डित पडी हुई हैं और बहुतसी जहां तहां दीवालोंमें लगवा दी गई हैं और कोई विशेष इतिहास इस क्षेत्रके विषयमें ज्ञात नहीं है।

यात्रार्थ आने जानेवाले भाइयोंको सागर (वीना कटनी) लाईन यहा करेली (इटारसी, जवलपुर लाईन जी. आई. पी.,) रेलवे स्टेशनपर उतरना चाहिये। प्रत्येक स्टेशनपर सवारी-बैलगाडी, ऊंटगाडी, तांगा आदि-किरायेपर मिल सकती हैं। करेली स्टेशनसे ४२ मील और सागरसे ४८ मील पक्का रास्ता है। जो महाशय इस क्षेत्रके लिये वीना जंक्शन (Bina Junction G. I. P.) का भ्रम करते हैं वे भूलते हैं। वीनाजंक्शन "वीना-इटावा" और वीनाजी अतिशयक्षेत्र "वीनावारओ" के नामसे प्रसिद्ध हैं।

यहांपर प्रतिवर्ष जलयात्राके लिये अगहन सुदी ५ से १३ तक एक वड़ा मेला भरता है जिसमें समीपी ग्रामोंके दो तीन हजार यात्री एकत्र जुड़ते हैं और अपने वर्षभरके पञ्चायती झगड़ोंका निवटारा करते हैं।

बिलहरी।

यह ग्राम जिला जवलपुर तहसील मुरवारामें मुरवारा स्टेशनसे ८ मीलपर है। पहले अच्छा आवाद था पर वर्तमानमें बहुत कुछ उजाड़ होता जाता है। हालमें इसकी आवादी २८०० की है जिसमें दिगम्बर जैनियोंकी संख्या ११५ है जो कि २९ गृहमें रहते हैं तथा दिगम्बर जैनियोंके ५ शिखरवन्द मन्दिरजी हैं जिसमें १९ धर्मशास्त्र हैं। कहते हैं कि पहले इसका व्यास २४ मीलका था और मध्यभागमें भैंसा नामक कुंड था जो हालमें ग्रामसे पश्चिमकी ओर ४ मीलपर मौजूद है। उस समय इसका नाम पुष्पावती नगरी था और राजा करणकी राजधानी थी पश्चात् राजा वल हुआ जब कोई वादशाह इनके ऊपर चढ़ आया और राजा वल हार गया इससे जाहिर हुआ कि वलहारा; इसीसे लोग इस ग्रामको वलहारा कहने लगे पर जब अंग्रेज सरकारका राज्य हुआ तब फिर इसका नाम बिलहरी किया गया है।

यहांपर प्रतिमा खंडित बहुत पाई जाती हैं जिनमें ब्रह्मा, शिव और सूर्यकी प्रतिम मुख्य देखने योग्य हैं। यहांपर एक तालाब लक्ष्मण सागर नामसे प्रसिद्ध है। यहांके पान अच्छे होते हैं।

बीना (इटावा)।

जिला सागर तहसील कुराईमें यह कसबा बीना जंक्शन (G. I. P. Ry.) से २ मीलकी दूरीपर बीना-इटावा नामसे प्रसिद्ध है। यह कसबा दिन प्रतिदिन बढ़ता जाता है और तिजारतकी बड़ी भारी मण्डी है। बीना जंक्शनसे झांसी-देहली, भोपाळ-इटारसी, गुना-बारक दमोह-कटनी ये चार लैन जी. आय. पी. की जाती हैं। आबादी अनुमान २००० है जिसमें दिगम्बर जैनियोंकी संख्या ४९८ है। उक्त आम्नायके गृह १२६ हैं और शिखरबन्द मन्दिरजी ४ हैं जिसमें दर्शनस्थान ८ हैं और १२५ धर्मशास्त्र हैं। एक धर्मशाला भी है। यहां एक अच्छी जैन पाठशाला हैं जिसका मकान चिरस्थाई है तथा कुछ ध्रौव्य आमदनी भी है मान्दिरके पास हिन्दीकी ३ पाठशाळा और हैं।

बोरगांव (मंजू)

जिला अकोला, तहसील अकोलामें यह ग्राम है। यहांपर एक चैत्यालय बहुत प्राचीन करीब ६००–७०० वर्षका है जिसके नजदीक ५०।६० गजपर ५ प्रतिमाजी पाषाणकी मिली थीं। इसी चैत्यालयका भोंहरामें एक प्रतिमाजी श्रीनेमिनाथ स्वामीकी आति मनोज्ञ हैं। चैत्यालय कई जगहसे गिर पडा है जिसकी मरम्मत होना अति आवश्यक है पर वहांके लोगोंमें बिलकुल ज्ञान नहीं है इसलिये इस मन्दिरके पूजन प्रक्षालका भी कुछ इन्तजाम नहीं होता है।

यहांपर दिगम्बर जैनियोंके गृह १४ हैं तथा मनुष्यसंख्या ७७ है।

श्रीअतिशय क्षेत्र भातुकली।

बाबजी महाराज।

यह दि. जैन अतिशय क्षेत्र जिला अमरावती, जी. आई. पी. रेलवेके अमरावती स्टेशनसे १० मीलपर है। बैल गाड़ीका रास्ता है। यह अतिशयक्षेत्र

श्री केशरियाजी (राजपुताना–माळवा) की तरह प्रभावधारी है। यहां ३ दि. जैन मन्दिरजी तथा २ चैत्यालय हैं जिनमेंसे एक मन्दिरमें श्रीऋषभदेव स्वामीकी चौथे कालकी प्रतिमा अतिशय संयुक्त पद्मासन करीब ३ फुट ऊंची श्यामवर्ण विराजमान है। बोल कबूल करनेवाले बहुत मानते है। एक धर्मशाला भी है। यहांपर मेला प्रतिवर्ष मिति कार्तिक वदी ५ को होता है। वर्षमें यात्री ४।५ हजार आते हैं। प्रबंधकर्ता अमरावतीकी पंचकमैटी है जिसके व्यवस्थापक नेमासा रतनसा हैं। यहांपर दिगम्बर जैनियोंके खाली ३ गृह हैं जिसमें ८ आदमी रहते हैं।

भेड़ाघाट।

यह छोटासा ग्राम जिला जबलपुरमें नर्मदानदीके बायें तटपर मीरगंज रेलवेस्टेशनसे (G. I. P. Ry.) करीब ३ मीलपर बसा है। रास्ता अच्छा है और घोड़ा, गाडी आदि सवारी हरवक्त किरायेपर मिलती है। कहते हैं कि यहांपर भृगु ऋषि रहते थे इसलिये इसका नाम भेराघाट पडा है। यहांपर दिगम्बर जैनिका कोई भी घर नहीं है परन्तु एक शिखरबन्द मन्दिरजी अति मनोग्य है जिसमें चतुर्थ कालकी चौवीसीकी प्रतिबिंब अधिष्ठित है। पूजन प्रक्षालके लिये शेठ अमृतलाल जोरावल सिंघई लाडगंजवालोंके तरफसे एक पूजारी रहता है और कुल इन्तजाम उक्त सिंघई जीके यहांसे चलता है। सालभरमें ४ मेले वैष्णवलोगोंके होते हैं तथा वार्षिक मेला भी भरता है। यहांपर वैष्णव लोगोंकी बहुतसी खण्डित प्रतिमा हैं जिनको लोग नकटी बूची नाम कहकर पूजते हैं। यह पुतलियां खण्डित औरंगजेब बादशाहके समयकी हैं। और यहांपर सफेत पत्थर भी अच्छा निकलता है जिसके वर्तन मूर्तियां आदि हरप्रकारकी बनी हुई चीजें दूसरे देशोंको भेजी जाती हैं।

भेलसी

यह स्थान टीकमगढ़से २० मीलकी दूरीपर है। यहां बस्तीके बाहर एक दिगम्बर जैन मन्दिर छठी शताब्धिका बना हुआ है जिसमें ३ प्रतिमाएँ खड्गासन श्री शान्तिनाथ स्वामीकी हैं जो कई उपांगोंमें खण्डित हो गई हैं परन्तु यहांके जैनी भाई-पूजन इत्यादिकका प्रबन्ध सुयोग्य रखते है। यहां दिगम्बर जैनियोंके गृह २४ हैं जिनमें मनुष्यसंख्या अनुमान १०० है।

मलारा।

यह कसबा सागरसे कानपुर जानेवाली सडकके किनारे रियासत पन्नाकी तहसीलका सदर मुकाम है जिसका निकटवर्ति स्टेशन (G. I. P. Ry.) हरपालपुर और बिजावर है। यहांसे होकर "श्रीसिद्धक्षेत्र द्रोणागिरजी" को जाते हैं। यहांसे उक्त क्षेत्र ७ मील हैं। गाडीका रास्ता सुगम है। यहां दिगम्बर जैनियोंके गृह सिर्फ ११ तथा एक चैत्यालय है जिसमें ५२ मनुष्यसंख्या है। यहां सुन्नेलालजी संधी (गोलापूर्व जैन) बहुत सुयोग्य पुरुष हैं। उनके मिलनेसे उक्त क्षेत्रके जानेवाले यात्रियोंको सवारी आदिका प्रबन्ध हो सक्ताहै। यहांपर सप्ताहिक बाजार भी भरता है जिसमें प्रायः परचूरण व्यापार हुआ करता है।

महाराजगंज।

यह ग्राम पन्ना स्टेटमें मलारासे ९ मील पूर्वकी ओर है। रेलवे स्टेशन–हरपालपुर और बिजावर) यहां दिगम्बर जैनियोंकी गृहसंख्या २१ है जिसमें मनुष्यसंख्या९१ है। १ शिखरबन्द मन्दिरजी और एक चैत्यालय भी हैं जिसमें १३ धर्मशास्त्र हैं।

यहांपर लोहेका व्यापार होता है। यहां एक सूरजशहा गोंडराजाके समयका किला है जिसके नीचे पहाड़की एक गुफामें बहुतसी जैन मूर्तियां खण्डित पडी हैं वहां महाराजगंजके श्रावक लोग दशलाक्षणी पर्वमें पूजन बन्दनार्थ जाते हैं। सूरजशा राजाके समयमें यहां उच्चपदस्थ कर्म्मचारी अधिकांश करके जैनीही थे।

मालेगांव।

यह ग्राम जिला अकोलासे जो सडक पूसदको गई है उसके बायें किनारेपर अकोलासे करीब३९ मीलके फासलेपर बसा हुआ है। इस ग्राममें महादेवका वाहन नादिया (बैल) देखने योग्य है। लोग कहते हैं कि, ऐसा नादिया काशी (बनारस) तकमें नहीं है। सिरपुर आनेवाले भाईयोंको देवमनसा मंगासाजीसे मिलनेपर गाडी आदि भाड़े (किराये) का सुभीता हो सक्ता है। सिरपुरजी यहांसे ६ मील है। यहांपर दिगम्बर जैनियोंके ३३ गृह हैं ओर मनुष्यसंख्या १७६ है। एक चैत्यालय भी उक्त आम्नायका है।

मुक्तागिरी सिद्धक्षेत्र ।

अच्चलपुर वर णियडे ईसाणे भाए मेंढगिरीसिहरे ।
आहुट्ठय कोडीओ णिव्वाणगया णमो तेसिं ॥
(णिव्बुयकंडे)

एलिचपुरसे १२ मील ईशान कोणकी ओर मुक्तागिरी वा मेंढगिरी सिद्धक्षेत्र है । बंगाल–नागपुर रेलवेके बडनेर स्टेशनपर उतरकर अमरावती जाना चाहिये । अमरावतीसे एलिचपुर ३० मील है । एलिचपुर जानेके लिये वहां टांगे वा गाडियां किरायेपर मिलती हैं ।

एलिचपुरकी फौजी छावणी परतवाडामें है । परतवाड़ासे आगे २ मील जानेपर रास्तेके दाहिनी ओर मुक्तागिरि स्वेतवर्ण जिनमन्दिर दिखलाई पडते हैं। खरपी नामक ग्रामतक अच्छी सडक गई है। वहांसे दाहिनी ओर श्रीपद्मनन्दि भट्टारककी उत्तराभिमुखी समाधिके पाससे मुक्तागिरिका मार्ग फूटता है । इस समाधिके पास एक छोटीसी धर्मशाला है, जिसमें यात्रीलोग आकर रहते हैं।

कारंजामें भट्टारकोंका एक प्रसिद्ध पट्ट है । उक्त पट्टपर आजतक ३६ अधिकारी हो चुके हैं। मलयाद्रि, मलखेड वा मान्यखेट (निजाम राज्य) जो जगत्प्रसिद्ध आचार्योंका पट्ट था, जिसको कि पूर्व कालमें भगवज्जिनसेन गुणभद्र आदि भुवनभूषण विद्वान् सुशोभित कर चुके हैं; कारंजाका पट्ट उसी पट्टकी शाखा है । लगभग ५००वर्ष पहले इसकी स्थापना हुई थी । शक संवत् १५७९ तक इस पट्टपर १८ पट्टाधीश हो चुके थे । इस समय कारंजाकी गद्दीपर श्रीदेवेन्द्रकीर्ति भट्टारक हैं । पद्मनन्दिसे लेकर जिनकी कि उक्त समाधि बनी हुई है, भट्टारकोंकी परम्परा इस प्रकारसे है:–देवेन्द्रकीर्ति–पद्मनन्दी–

देवेन्द्रकीर्ति–रत्नकीर्ति–देवेन्द्रकीर्ति ।

पद्मनन्दिका समाधिकाल संवत् १८७६ आश्विनवदी ५ का है। पद्मनन्दिके गुरु देवेन्द्रकीर्ति वा सेतवालजातीय प्रसिद्ध ब्रह्मचारी महतीसागर ये समकालीन विद्वान् थे ।

भट्टारक पद्मनन्दि बड़े भारी विद्वान्, संयमी, मनोनिग्रही वा मंत्रशास्त्रज्ञ थे। संवत् १५०० के लगभग नांदेडके निकट अर्धापुरीमें एक उत्तम प्रतिमा थी। वहांके जैनियोंने उसे कारंजा लानेका विचार किया। परन्तु वहांके अन्य धर्मीय लोग

इसका विरोध करने लगे। भट्टारक पद्मनन्दि जैनियोंकी सहायता करनेके लिये गये, परन्तु वहां उनकी भी दाल नहीं गली। निदान उन्होंने निजाम सरकारसे सहायता लेनेके लिये अपने भट्टारकी वैभवके साथ हैद्राबादको प्रस्थान किया। कहते हैं कि, जिस समय वे बादशाहके दरबारमें पहुंचे, उस समय उनकी पालकी अधर थी! जैनाचार्यकी यह अद्वितीय शक्ति देखकर बादशाहने पूछा कि "आप क्या चाहते हैं?" भट्टारक महाशयने उत्तरमें कहा, "हमको कुछ नहीं चाहिये अधांपुरीके लोग हमको प्रतिमा नहीं लाने देते हैं। बस इसी उपसर्गका निवारण होना चाहिये।" बादशाही हुक्म मिल गया। और प्रतिमा निर्विघ्नतासे कारंजा पहुंच गई। वर्तमानमें उक्त लाई हुई मूर्ति शिरडमें है। कहते हैं, एकवार उक्त भट्टारक महाराज रात्रिको गुप्तरीतिसे मुक्तागिरिपर दैविक चमत्कारको देखनेके लिये गये थे। परन्तु वहांके संरक्षक देवने उन्हें वहां नहीं रहने दिया। लौटते समय खरपीके पास ही उनकी एकाएक मृत्यु हो गई। अतएव वहींपर उनकी समाधि बनाई गई।

बदनूरकी बड़ी सडक बांई ओर छोड़कर दाहिनी तरफके मार्गसे इस समाधिके पास होकर जानेमें थ्योरा गांव मिलता है वहांसे पर्वत १॥ मील रह जाता है। मार्गमें चार नालें मिलते हैं। मार्गमें वेदिका और गोमुख मिलता है यात्राके समय वेदिकापर पूजा होती है और गोमुखसे निरंतर जल बहता है।

मुक्तागिरिमें पहले पर्वतकी तलैटीमें रहनेका सुभीता नहीं थी परंतु एलिचपुरके प्रसिद्ध धर्मात्मा धीनक शेठ लालासा मोतीसाने जबसे (संवत् १९४७ में) जैनमंदिर बनवाकर धर्मशाला वगेरहका प्रबंध कर दिया है, तबसे सब यात्री तलैटीमें ही ठहरते हैं, इसके पहले पर्वतपर जो ६ धर्मशालाएं बनी हैं, यात्री उनमें जाकर ठहरते थे। तलेटीके मंदिरके साम्हने एक सुंदर जलप्रवाह बहता है जिससे यह स्थान बड़ा ही रमणीय जान पडता हैं।

नीचेकी धर्मशालामें एक मुनीम व ५-७ नौकर रहते हैं, जिनके द्वारा तीर्थक्षेत्रकी व्यवस्था होती है। एलीचपुरके शेठ नत्थूसावजीके द्वारा इस क्षेत्रका प्रबन्ध होता है। बापूजी लक्ष्मण आगरकर एक सुशिक्षित मुनीम हैं।

इस तीर्थके दर्शनके लिये बड़े २ यूरोपियन अधिकारी आया करते हैं।

पर्वतवन्दना :

नीचेके मन्दिरसे उत्तरकी ओर नालेको लांघकर जानेपर सीढ़िया शुरु होती है। १०२ सीढ़ियां चढ जानेपर दाहिनी ओर आठ मन्दिर मिलते हैं। इन मन्दिरोंमेंसे ४८ नम्बरके मन्दिरमें इस समय एक प्राचीन और एक नवीन इस प्रकारकी दो प्रतिमाएं स्थापित हैं। परन्तु मन्दिर प्राचीन है। उसपर संवत् १६९१का एक शिलालेख है। ४४ वें मंदिरमें संवत् १६९० की दो प्रतिमाओंके सिवाय और भी कई प्राचीन प्रतिमाएं हैं। एक प्रतिमापर "धर्मचन्द्रगुरूपदेशात्" इस प्रकार लिखा है। ४३ वें मन्दिरमें मूर्तियां प्राचीन हैं। इसका जीर्णोद्धार बम्बईके शेठ सौभाग्यचन्द मेघराजजीने कराया है। ४२ वें मन्दिरमें एक बड़ी भारी पाषाणप्रतिमा और कई छोटी २ प्रतिमाएँ हैं। ४१ वें मन्दिरमें आदिनाथ भगवान्की संवत् १९५० की स्थापित हुई मूर्ति है। ४५-४६ और ४७ नम्बरके मन्दिरोंमें कोई बात विशेष उल्लेख योग्य नहीं है। इन सब मन्दिरोंके नीचे धर्मशाला हैं।

आगे दाहिनी ओरसे धवधवा (कुंड़ा) के पास पहुंचनेपर पर्वतके गर्भमें खुदा हुआ एक मन्दिर (४० वें नम्बरका) मिलता है। मेंढागिरि नामसे यही मन्दिर प्रसिद्ध है। इसमें नक्काशीका काम बहुत ही आच्छा है। खंभोंकी रचना तथा ऊपरका कार्य देखकर प्राचीन भवननिर्माण विद्याका खासा परिचय मिलता है। लोग कहते हैं कि, इस मन्दिरकी सन्धियां सीसा पिलाकर जोडी गई हैं। मन्दिरके बाहिर हाथी, बाघ आदि जीवोंके चित्र देखने योग्य हैं। इस मन्दिरके समीप ही लगभग २०० फुटकी ऊंचाईसे पानीकी धारा पडती है, जिससे एक रमणीय जलप्रपात-बन गया है। ऊपरसे अत्यन्त शुभ्रवर्णका जल फव्वारेके समान पतित होता है। दोनों ओर मनोहर हरितवर्णके वृक्ष लगरहे हैं। जीवनधारा निरन्तर बहती रहती है। धवधवाकी धाराके पड़नेसे नीचे एक पुरुषभर गहरा कुंड बन गया है। यलोराकी गुफाके धवधवेकी अपेक्षा इस धवधवेकी ऊंचाई कम है। इस धवधवेकी दाहिनी ओर भी एक छोटासा धवधवा है। इन दोनों धवधवोंका संगम होकर जलका प्रवाह पर्वतसे नीचे उतरता है। नीचे जाकर भी यह प्रवाह एक धवधवेके रूपमें प्रगट होता है। वर्षाऋतुमें इस प्रदेशकी शोभा बड़ी ही मनोरम हो जाती है।

इस मन्दिरके दर्शन करके पुल परसे आजानेपर पार्श्वनाथ भगवान्का (नं १) प्राचीन मन्दिर मिलता है। इस मन्दिरके खंभोंका तथा गुम्बजका शिल्प कार्य दर्शनीय है। इसमें उत्तराभिमुखी सप्तफणमंडित पार्श्वनाथ भगवानकी प्राचीन प्रतिमा है। प्रतिमाके पीछे भीतपर २४ तीर्थंकरोंकी प्रतिमाएँ उकीरी गई हैं। मुक्तागिरि पार्श्वनाथके नामसे इसी मन्दिरकी सर्वत्र ख्याति है। इस मन्दिरके पास ही नं० २-३-४-५-६-७ के मन्दिर है, जिनमें पाषाणकी प्राचीन मूर्तियां हैं। नं० ८ के मंदिरमें चार प्रतिमाओंपर सं० १५४८ खुदा हुआ है। इस मंदिरमें एक प्रतिमा खड्गासन है। नं० ९ के मंदिरमें सिर्फ एक ही प्रतिमा है। कोनोंमें कई स्थानोंमें प्रतिमा रहनेके निशान हैं, परन्तु इस समय वे खील हैं। इस मन्दिरके पासके मन्दिरमें खंडित प्रतिमाएँ हैं। नं० १०-११-१२ में चरणपादुका हैं। नं० १३ में रत्नत्रयकी प्राचीन मूर्ति हैं और नं० १४ के मन्दिरमें अजितनाथ भगवानकी मूर्ति हैं।

पार्श्वनाथके मन्दिरके नीचे एक धर्मशाला है। यहांसे पास ही १५-१६ नम्बरके मन्दिर हैं, जिनमें संवत् १५४८ की दो प्रतिमाएं हैं। नं० १६ के मन्दिरमें एक भोंहरा है, जिसमें मन्दिरकी जोखिम रक्खी जाती थी।

पार्श्वनाथ मन्दिरके बगलकी पैडियोंसें चढ़कर ऊपर जानेपर १८-१९-२०-२१ नं० के चार मन्दिर मिलते हैं। इनके दर्शन करके दाहिनी ओरसे पर्वत शिखरपर चढ़ना चाहिये यह स्थल सबसे अधिक ऊंचाईपर है, इसलिये यहांसे वनश्री बहुत ही रमणीय दिखलाई देती है। पहले जिस धवधवाका वर्णन किया हैं उसका सर्पाकार प्रवाह इसी शिखरपरसे मन्दिरके आगेसे होकर जाता है। इस शिखरपर २२-२३-२४-२५ नम्बरके ४ मन्दिर हैं जिनमेंसे एक ऊपर चढते ही दाहिनी ओर मिलता है, इसमें पादुकाएं स्थापित हैं। साम्हने वीस तीर्थंकरोंकी चरणपादुकाओंका कूट है। बाई ओर महावीर, वासुपूज्य और नेमिनाथ इन तीर्थंकरोंकी पादुकाओंका एक मन्दिर है। आगे साम्हने बहनेवाले जलप्रवाहको लांघकर जानेसे आदिनाथ भगवानकी पादुकाओंका मन्दिर है। पर्वतके इस भागकी शोभा, एकान्तवास, शान्ति, निःशब्दता, जलप्रवाह और वनश्रीकी रमणीयता देखकर बड़ा ही आनन्द होता है और ऐसा जी होता है कि, यहींपर ध्यानस्थ होकर जीवनको सफल करें। कहते हैं, यहांपर पहले भिल्ल लोगोंकी बस्ती थी, परन्तु इस समय कोई नहीं रहता है। इस पर्वतके समीपके पहाड़ी प्रदेशसे तापी और पूर्णा नदी बहती हैं।

शिखरस्थित कूटोंके दर्शन करके नीचे उसी मार्गसे आनेपर दाहिनी ओर दूसरे

धवधवेके पुलसे मार्ग जाता है। इस मार्गसे नं० २६ और २७ के मन्दिर मिलते हैं। पहलेमें पादुका और दूसरेमें संवत् १५४० की पार्श्वनाथकी मूर्ति है। फिर २८-२९-३० नं० के मंदिर मिलते हैं। पिछले मन्दिरमें एक भोंहरा है। आगे दाहिनी ओरसे १३ सीढ़ियां नीचे उतरनेपर एक दाहलान (नं० ३१) मिलता है। इसमें पुरुषभर ऊंची शान्तिनाथकी दो खड्गासन प्रतिमाएं हैं। मध्य भागमें पहले प्रतिमा होगी, परन्तु इस समय नहीं है। यहांसे कुछ ऊपर जाकर फिर दाहिनी ओरसे नीचे उतरते हैं जहां कि एक पुरानी परन्तु उत्तम धर्मशाला बनी हुई है।

नीचे नं० ३२ के मंदिरमें श्री आदिनाथकी प्रतिमा और ३३वें में पादुकाएं हैं। नं० ३४ के मन्दिरमें सं० १५६६ की तीन मूर्तियां हैं। भीतपर २४ तीर्थंकरोंकी प्रतिमाएं हैं। इस मन्दिरका शिल्पकार्य भी दर्शनीय है। नं०३५के मन्दिरमें बाहर ४ खंभे हैं, जिनमें भगवानकी मूर्तियां और शिलालेख हैं। परन्तु शिलालेख बिलकुल ही नहीं दिखलाई देता है। भीतर एक बाहुबलि स्वामीकी और ५-६ दूसरी पंचपरमेष्ठी, नन्दीश्वर, सहस्रबिम्ब आदिकी प्रतिमाएं हैं। गृहमन्दिर श्रवणबेलगुलके मंदिरके ढंगपर बना है। इसका शिल्पकार्य भी अच्छा है। नं०३६ के मन्दिरमें देवीकी प्रतिमा है, जिसे देवी अम्बिका कहते हैं। इसके समीप ही एक जलकुंड है। नं०३७के मन्दिरमें एक रत्नत्रयकी पाषाण मूर्ति है, परन्तु उसकी दोनों ओरकी प्रतिमाएं खंडित हैं। नं०३८ में पादुका और नं०३९ में एक प्रतिमा है।

इस प्रकार सब मिलाकर ८ मंदिर हैं। इनके सिवाय चार मंदिर और हैं, परंतु वे धराशायी हो रहे हैं।

मन्दिरोंका समय।

प्रतिमाओंमें जो शिलालेख हैं, उनसे ये मंदिर १५ वें १६ वें शतकके मालूम होते हैं। परन्तु धवधवे (कूड़ा) के पासके मन्दिरको देखनेसे यह स्थान बहुत प्राचीन मालूम पड़ता है। बैतूलके एक्स्ट्रा अ० कमिश्नर रायबहादुर बाबू हीरालालजी बी. ए. के पास जो अचलापुरी का ताम्रपट्ट है, उससे राजा श्रेणिक (बिंबिम्सार) वा उसके पिता उपश्रेणिकका इस पर्वतसे कुछ सम्बन्ध मालूम पड़ता है। सो उक्त ताम्रपट्टसे इस तीर्थकी प्राचीनता ढाई हजार वर्षके लगभगकी ठहरती है।

प्राकृत निर्वाणकांडमें इस क्षेत्रको अचलापुरके निकट बतलाया है। वर्तमान एलिचपुर अचलापुरका अपभ्रंश मालूम होता है। परन्तु ऐसा भी जान पड़ता है कि, संवत् १११९ में एक एल नामका राजा हो गया है, उसीसे एलिचपुर नाम पड़ा होगा। यह एल राजा जैनधर्मका धारण करनेवाला था। (देखो, इम्पीरियल ग्याजीटीयर ऑफ इंडिया वोल्यूम १२)

मेंढ़गिरी वा मुक्तागिरी।

इस पर्वतपरसे साढ़े तीन कोटि मुनियोंने मोक्ष प्राप्त किया है, इसलिये इसे सिद्धक्षेत्र वा निर्वाणभूमि कहते हैं। इस तीर्थके दर्शन करनेका बड़ा भारी माहात्म्य है। अनेक मुनि यहांसे कर्मबन्धनसे मुक्त हुए हैं, इसीलिये इस तीर्थका नाम मुक्तगिरि वा मुक्तागिरि पड़ाहोगा। और एक मेंढ़े (भेड़) ने इस पर्वतके जिनदेवोंको नमस्कार करते हुए प्राण छोड़ा था, और उस समयके शुभ परिणामोंके फलसे उसने देवगति प्राप्त की थी, इस कारण इसे मेंढ़गिरि भी कहते हैं। इसके सिवाय बेतूल ग्याजीटियरमें मेंढ़गिरिके विषयमें नीचे लिखी किंवदन्ती लिखी है :—

"पूर्वकालमें इस पर्वतपर एक गड़रिया लगभग एक हजार भेड़ोंका पालन करता हुआ रहता था। भेंड़ें सारे दिन पर्वतपर चरती रहती थीं और संध्याको अपने घर आ-जाती थीं। एक दिन जब आधी ही भेड़ें वापिस आईं, तब गड़रिया उनकी खोजमें निकला। निदान जिस मन्दिरमें सुवर्णकी प्रतिमा है, उस मन्दिरके आगे उसे सब भेड़ें चरती हुई दिखलाई दीं। इसके पहले उक्त स्थल जहां कि मन्दिर है किसीको मालूम नहीं था। यह बात जब लोगोंको विदित हुई, तब उन्होंने पुराणवर्णित मेंढ़गिरि इसी स्थानको समझकर यहां और भी नवीन जैनमन्दिर बनवाये और उसी समयसे यहां कार्तिक सुदी १९ को मेला भरने लगा। इस क्षेत्रके विषयमें यूरोपियन लोगोंको ऐसा श्रद्धान हो गया है कि, इस तीर्थका यदि एक बार भी दर्शन हो जाता है, तो खूब तरक्की होती है और धन भी प्राप्त होता है।

दैविक चमत्कार।

१ इस क्षेत्रपर निरन्तर दैविक चमत्कार होते हैं। उनमेंसे सर्वसाधारणकी दृष्टिमें आनेवाला केशरवृष्टिका चमत्कार है। इस पर्वतके ऊपरी भागपर, मन्दिरोंपर, तथा वृक्षोंके पत्रोंपर केसरी रंगके विन्दु दिखलाई देते हैं। खुर्जाके सुप्रसिद्ध शेठ और पंडित मेवारामजीने यहां आकर एक स्थानपर स्वच्छ वस्त्र विछाया था और अच्छी तरहसे विश्वास कर लिया था कि, वास्तवमें केसरकी वृष्टि होती है। और भी बहुत लोगोंने यह चमत्कार देखा है इसकी प्रसिद्धि भी बहुत है।

२ कभी २ रात्रिको पर्वतपर मनोहर बाजोंका शब्द सुनाई देता है और कभी २ एकाएक घंटानाद होता है। कहते हैं, कि ऐसी घटनाएं देवादिकोंके आगमनके कारण होती हैं।

३ धवधवे(कूंड़ा)के निकट पर्वतके कूलोंपर मधुमाक्खियोंके वड़े वड़े भारी छत्ते हैं। ये मधुमक्खियां वड़ी ही भयंकर हैं। सैकड़ों वर्षोंसे ये छत्ते वरावर चले आ रहे हैं। रजस्वला स्त्री किंवा सूतक पातकयुक्त मनुष्यकी पर्वतपर चढ़नेपर वड़ी ही दुर्दशा होती है। मक्खियां उसे अधमरा करके छोड़ती हैं। खूवी यह कि दूसरे साथी मनुष्योंपर एक मक्खी भी नहीं वैठती है। यह चमत्कार भी सर्वभूत है। कहते हैं कि, यह लीला इस पर्वतकी रक्षा करनेवाले किसी यक्षकी है।

मुडवारा।

यह कसवा जिला जवलपुरमें तहसीलका सदर मुकाम और बंगाल–नागपुर रेलवे और ईस्ट इंडियन और इंडियन मिडलेंडके संगमपर स्टेशन है। शहरकी पूर्वकी तरफ जो स्टेशन है वह कटनी मुरवारा नामसे प्रसिद्ध है इस शहरका महत्व व्यापारके लिये वढ़ रहा है क्योंकि यहांपर गल्ले, तेलके वीज, घी, लोहा और चूनेका व्यापार होता है, चूनेकी खाणीका काम जोरसे चल रहा है। यहांकी आवादी अनुमान १५००० है।

यहांपर दि० जैन मन्दिरजी दो हैं। स्थानीय भाई उनका प्रबन्ध ठीक रखते हैं। इन सज्जनोंने अनुमान १०००० दश सहस्र मुद्रा व्यय करके अत्यन्त सुंदर और सुखप्रद शालागृह बनवाया है। भाई कन्हैयालालजी रतनचंदजी सवाई सिंघईके प्रयत्नसे यह शिक्षागृह बना है। श्रीयुत पण्डित शिखरचंद्रजी जैन तथा श्रीयुत पण्डित वंश गोपालजी शर्मा स्थानीय भाईयोंके ओरसे बालकोंको शिक्षा देते हैं।

मूर्तजापुर (आकोला)।

जी. आई. पी. रेलवेका खास स्टेशन मुंबई–नागपुर लाईनपर है और इसके दो टुकडे आबाद हैं कुछ स्टेशनके पास बसता है और कुछ स्टेशनसे १ मील दूरीपर ग्राम है। यहांपर दिगम्बर जैनियोंके २३ गृह हैं और मनुष्यसंख्या १३२ है। और दो मन्दिरजी हैं जिनमें २० धर्मशास्त्र हैं। एक मुसाफिरखाना ठहरनेको है। मूर्तिजापुरके स्टेशनके पास भी रुई दाबने और रुई निकालनेकी कलें हैं। अनाज और रुईका व्यापार होता है। यहांसे कारंजा जाना होता है।

स्नेह।

यह पुराना ग्राम जिला दमोहमें हटासे ९ मील पूर्वमें है। यहांपर दिगम्बर जैनियोंकी मनुष्यसंख्या २६ तथा गृह ७ हैं और दो चैत्यालय भी हैं। यहांसे कसारी ग्रामको जाते समय करीब १ मीलके फासलेपर एक तालाबके किनारे १२ दिगम्बर जैन प्रतिमाजी खण्डित पडी हैं। यह प्रतिमाएँ मैदानमें हैं जिनमें एक प्रतिमा श्री महावीरस्वमी अन्तिम तीर्थंकरकी ९ फीट ऊंची खड्गासन स्थित है जिसे कृषकगण 'स्यामलियाजी' की मूर्ति कहकर पूजते हैं। दरयाफ्त करनेसे इन प्रतिमाओंका कुछभी विवरण ज्ञात न हुआ। लोगोंने कहा कि हम हमेशासे इन्हें यहीं देखते आते हैं। इसीतरह ग्रामके दूसरी ओर भी एक प्रतिमा खड्गासन खण्डित पडी है।

इस ग्राममें १६ तालाब हैं जिनमें सिंघाडे आदि बहुत पैदा होते हैं। वसंतऋतु और ग्रीष्मऋतुमें तालाबमें जल रहता नहीं। यहांपर देशी टाटपाटि, दुसूती चारखाने, चदरे आदि अच्छे बनते हैं।

श्री अतिशय क्षेत्र

रामटेक।

मध्यप्रदेशके जिला नागपुरसे २४ मीलके फासलेपर यह नगर है। नागपुर जंक्शन (G. I. P. Ry.) से एक लैन रामटेकतक गई है। स्टेशनसे नगर ३ मील है। यह जगह सदा पवित्र मानी गई है। दिगम्बर जैनियोंके यहांपर केवल १६ गृह हैं और मनुष्यसंख्या ७२ है। और दो धर्मशाला हैं। यहांपर दिगम्बर आम्नायके मन्दिरजी आठ हैं जिनमें (१) एक ग्रामके बाहर प्रदेशमें बहुत प्राचीन मन्दिरजी हैं जिसमें श्रीशान्तिनाथ स्वामीकी प्रतिमा वेदीमें विराजमान हैं। सबसे पुराना मन्दिर (२) सुर्ख पत्थरोंका बना हुआ है और नगरके उत्तरकी तरफ पहाड़ीके तलेटीमें है। इस मन्दिरमें वेदीमें श्रीमत् शान्तनाथस्वामी सोलहवें तीर्थंकरकी प्रतिमा चतुर्थ कालकी अति मनोज्ञ (कायोत्सर्ग) १५ फीट ऊंची पीले पाषाणकी विराजमान है। और इसके बांये तरफ और दो मूर्ति पत्थरमें खुदे हुए छत्रोंसे विराजमान हैं। इस मन्दिरके सामने (३) छोटासा मन्दिरजी संवत १९२९में बना हुआ है जिसमें दर्शन ३ जगह है। सीधी बाजूपर (४) एक जिनमन्दिर शिखरबन्द है जिसमें दर्शन २ जगह हैं। इसके सामने भी (५) एक शिखरबन्द मन्दिरजी है जिसमें दर्शन ३ जगह हैं। इसकी स्थापना संवत १९०४ में हुई है। (६–७) ऐसेही बांयें बाजूमें भी आमने सामने दो मन्दिरजी शिखरबन्द हैं। जिनमें दर्शन ६ जगह हैं। इन मन्दिरोंकी स्थापना सं० १९०२ में हुई है। (८) यहांसे नजीक एक दिगम्बर जैन धर्मशाला है जिसमें एक चैत्यालय है इसमें एक प्राचीन सं०२४७ मूर्ति श्रीनेमिनाथ स्वामीकी विराजमान है। कहते हैं कि यह मूर्ति खापा गांवसे लाई है।

पहाड़ीपर हिंदुओंका सबसे पुराना मन्दिर सुर्ख पत्थरोंका बना हुआ है और नगरके उत्तरकी तरफ है। पहाड़ीके पश्चिम किनारेपर श्रीरामचंद्रजीका मन्दिर सबसे बढ़कर है।

इस क्षेत्रके संबंधमें एक दंतकथा है:–दोसो वर्षके पूर्वमें नागपुरका राजा आप्पा साहेब-भोसला जो प्रजाहिततत्पर और धर्मशील थे। वे एक समय अपने मंत्री वर्धमान

सावजी सहित रामटेकको रामचंद्रजीके दर्शनके लिये आये थे । राजाने रामचंद्रजीका दर्शन करनेके बाद भोजन किया और अपने मंत्री वर्धमान सावजीको भोजनके बाबतमें प्रश्न किया तब उन्होंने जबाब दिया कि महाराज में दिगम्बर जैन हूं और जिनेंद्रका दर्शन करनेके बाद भोजन करता हूं । तब राजाने अपना हाथी देकर उसको कामटीको जाई दर्शन करनेको हुकम दिया परन्तु सावजीने कहा कि जो यहांपर रामचंद्रजीका मन्दिर है तौभी जिनेंद्रका मन्दिर भी यहांपर होना संभवनीय है कारण रामचन्द्रजी परम जैनी थे ऐसा हमारे शास्त्रमें लिखा है । तुरन्तही महाराज आप्पासाहबने रानटी लोगोंको बुलाकर नग्नदेवके बाबदमें पूँछा तब मालूम हुआ कि जंगलमें एक नग्न देवका मन्दिर बहुत घना झाडीमें मौजूद है। यह सुनकर सावजीने उस झाड़ीको काटनेको हुकम दिया और दूसरे दिन जिननाथका दर्शन लिया।

कुछ दिन पीछे यह जंगल सावजीने बक्षिसमें मिलवाया और पूजन प्रक्षालका इन्तजाम अच्छी तरहसे कर दिया जो आजतक चला आया है।

यहांपर प्रतिवर्षमें कार्तिक शुद्ध १२ से १५ तक बड़ा भारी मेला लगता है। जिसमें आमदनी करीब ५००—६०० रुपय्याकी होती है हालमें इसका प्रबन्ध नागपुरके लार्ड पंचोंके हाथमें है और उनके तरफसे पंडित बिहारीलालजी देख भाल करते हैं।

रामटेक पानोंके लिये बहुत मशहूर है।

रेहली–पटनागंज।

३०-४० खंडित प्रतिमाएँ एक फुटसे लेकर १५ फुट ऊंची पद्मासन खड्गासन हैं। प्रतिमाओं पर लेख नहीं है। जमीन खोदनेसे, खंडित अखंडित प्रतिमाएँ निकलती हैं, प्राचीन मन्दिरोंके निशानात अस्पष्ट दिखलाई देते हैं।

इसका पुराना नाम चम्पावती नगरी था जब यहां 'गन्धर्वसेन' राजा हुआ तबसे इसका नाम 'गंदावल' प्रसिद्ध हुआ।

सोनकच्छके पास 'पादरीखेड़ा' छोटासा ग्राम है, इस ग्रामसे २ मीलकी दूरीपर एक पहाड़ है, पहाड़में खंडित प्रतिमाएँ और जैनमन्दिरोंके खंडहरोंके निशान, खुदाऊ पत्थर जिनसे प्राचीन समयकी कारीगरी मालूम होती है, बहुतायतसे पाये जाते हैं।

चन्देरी ।

ग्वालियर रि० मं० 'ललितपुर' स्टेशनसे २१ मीलकी दूरीपर यह कस्बा है। रास्ता पथरीली है, ललितपुर स्टेशनपर बैलगाड़ी किरायेपर मिलती है।

'चेदिवंशके' राजाओंके बसानेके कारण इसका चन्देरी नाम प्रसिद्ध हुआ सौ वर्ष पहले यहां 'शिशुपालके' घरानेके राजा मर्दनासाहजी राज्य करते थे, फिर संवत् १९०१ से मरहठोंके आधीन होगया, इस समय ग्वालियर सरकारके आधीन है।

यहांपर दि० जैनियोंके ६१ घर तथा मनुष्यसंख्या ३५२ है, दि० जैनियोंके मन्दिर दो और एक चैत्यालय है। मन्दिरोंमें धर्मशास्त्र करीब ३०० हैं।

व्यापार यहांपर हरतरहका होता है, विशेषकर कपड़ेका अधिक होता है। चन्देरीकी साड़ी और पगड़ी प्रसिद्ध है।

यहांसे थोड़ी ही दूरपर 'रामनगर' ग्राममें एक शिखरबन्द मन्दिरमें श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिमा अतिमनोज्ञ है। रामनगरमें ४ घर परवारोंके हैं, जिनको२०मनुष्यसंख्या है।

चंदेरीसे दक्षिण दिशाकी ओर करीब डेड़ मीलकी दूरीपर 'खंदार' नामक पहाड़ पर चट्टाने निकली हैं, चट्टानोंका रास्ता जातेही दाहिनी ओर ९ प्रतिमाएँ खुदी हुई हैं, जिनमें ३ पूजनीय और बाकी खण्डित पाई जाती हैं। ये प्रतिमाएँ सं० १६९० की प्रतिष्ठित हैं। शिलालेख नहीं है, यहांसे चलकर बांई ओर ऊपरको इसी पहाड़पर चढ़ते जाईये तो एक छोटी गुफामें १६ दि० जैन प्रतिमाएँ, ३ पद्मावती देवीकी और ३ क्षेत्रपालकी विराजमान हैं, परन्तु ये सर्व खण्डित हैं, ये वि० सं० १२३६ ज्येष्ठ शुक्ल ६ शुक्रवारकी प्रतिष्ठित हैं। इन दोनों जगहोंके नीचे दाहिनी ओर एक प्रतिबिम्ब अतिमनोज्ञ १९ हाथ अवगाहनाकी श्रीआदिनाथस्वामीकी है। सिर्फ मुखही दिखाई देता है शेष अंग पानीके पड़नेसे नष्ट हो गये हैं, भयंकर सघन जंगल होनेके कारण कोई नहीं जाता है, यात्री २०० गज दूरी ही से दर्शन करते हैं। इसकी मरम्मत तथा पूजन प्रक्षालका प्रबन्ध करना अति आवश्यक है।

"आईनअबकरीमें" लिखा है कि चन्देरीमें १४००० पत्थरके मकान ३८४ बाजार ३६० कारवान–सराय और १२००० मसजिदें थीं !

चांदखेड़ी।

(अतिशयक्षेत्र)

कोटा (राजपूताना) रियासतमें खानपुर निजामतमें है। खानपुर प्राचीन शहर है, यहां ३१ घर दि० जैनियोंके खंडेलवाल, अग्रवाल, परवार वगैरह जातियोंके हैं।

इनकी मनुष्यसंख्या १३४ है। खानपुरसे रेल्वे स्टेशन मोरटक्का बी. बी. एन्ड. सी. आई. की नागदा मथुरा लेनसे करीव ४० मील है, सड़क पक्की है, स्टेशनपर सवारी हरप्रकारकी मिलती है। और बीना बारां लेनमें बारां और अटरू स्टेशन है। जिस स्टेशनसे यात्रियोंको सुभीता हो यात्रा करनेको जावें।

खानपुर शहरसे २ फर्लांगके फासलेपर चांदखेड़ी पुरानी वस्ती है। यहां अति विशाल प्राचीन एक जिनमन्दिर भूगर्भमें आदिनाथस्वामीका बना हुआ है। इस मन्दिरको सांगोद निवासी भाई 'सालकरामजी' कल्याणदासजी' व 'टोडरमल्लजी' मजागोत्रीने बनवाया था। और सम्वत् १७४६ वर्षकी माघवदी ६ चंद्रवासरको मन्दिरकी प्रतिष्ठा हुई थी। इसमें मूलनायक आदिनाथस्वामीकी प्रतिमा करीव ५ हाथ ऊंची पद्मासन विराजमान है। इसके दोनों बाजुओंमें श्री शान्तिनाथस्वामीकी दो प्रतिमाएँ करीव ७ हाथ ऊंची विराजमान हैं, और दोनों बगलोंमें चौवीस महाराजके चैत्यालय हैं, और दोनोंही तरफ श्रीपार्श्वनाथ स्वामीकी प्रतिमा विराजमान हैं। सब देशी पाषाणकी कुल प्रतिमाएँ ५७७ हैं। द्वारके उत्तरी दिशामें एक ही पाषाणका १० फुट ऊंचा 'कीर्तिस्तम्भ' है, इसमें चारों तरफ दिगम्बर प्रतिमाएँ खुदी हुई हैं। और तीन तरफ लेखभी खुदे हुए हैं, दक्षिण की बाजूमें यह लेख है—

शिलालेख—चांदखेड़ी।

'स्वस्तिप्रदं प्रमदभावयुतं विशेषं, निस्तीन्द्रमित्रशतवन्दितपादपद्मम्। पद्मावर्यं हृदि निधाय जिनेन्द्रमेकं, लेखं लिखामि सुखकारणमङ्गलार्थम् ॥ १ ॥

संवत् १७४५ वर्षे माघ सुदि ६ षष्ठ्यां चंद्रवासरान्वितायां 'श्रीमूलसंघे' 'बलात्कार-गणे' 'सरस्वतिगच्छे' 'श्रीकुन्दकुन्दाचार्यान्वये' भट्टारक 'श्रीधर्मकीर्ति' स्तत्पट्टे भट्टारक 'श्रीसुरेंद्रकीर्ति' स्तदुपदेशात् चांदखेड़ी—ग्रामे 'बघेलवारान्वये मडचा' गोत्रे सा० 'भोपति' स्तद्भार्या 'भागवती' तयोः पुत्रौ द्वौस्तयोर्मध्ये ज्येष्ठ सुतौ सा० 'नेतसी' तस्य भार्या 'शारदा' तत्पुत्रः स्वकुलाकाससारितादोधुर ४६ संघई 'श्रीकाशीदास' स्तद्भार्या द्वे ज्येष्ठा 'केसरी' द्वितीया भार्या 'केसी' तयोः पुत्रः चिरंजीव 'टोडरमल' इत्यादि—समस्त परिवारान्वितश्चिरजीयात्। इति शुभम् ॥'

यहांसे करीव७कोसपूर्वमें सांगोद नामक ग्राम है, वहां दो शिखरवन्द मन्दिर अत्यन्त सुन्दर हैं। दिगम्बर जैनियोंके घर ३० तथा मनुष्यसंख्या १२४ है। एक पाठशाला भी है। यहांसे उत्तर दिशाकी ओर डेढ़ मीलकी दूरीपर नशियांजी हैं, नशियांके चारों ओर परकोटा है, जिसमें पांच प्रतिमाएँ हैं, श्रीचंद्रप्रभुस्वामीकी सफेद वर्ण सं० १५४८,

श्रीपार्श्वनाथ स्वामीकी सफेद वर्ण सं० १५४८ की एक प्रतिमा तो अतिमनोज्ञ है, जिनका संवत् चिन्ह आदि नहीं दिखाई देता है। यहां की नशियां देखने योग्य है, पूजन प्रक्षाल पश्चोंकी तरफसे होता है। यहांके निवासी भाई 'सालगराम' आदि त्रिवर्ग बंधुओंने क्षेत्रचांदखेडीके मन्दिरका जीर्णोद्धार कराके अपना जन्म सफल किया है।

इस अतिशयक्षेत्रका सब प्रबन्ध नाथूरामजी वघेरवाल सारोला निवासीके आधीन है। मेला चैत्र शुक्ला ८ से १५ तक भरताहै। पूजन प्रक्षाल और मेला आदिका प्रबन्ध अच्छा होता है.।

चांदनगांव।

(श्रीमहावीरस्वामी)

जयपुर रियासतमें पाटूंदा महावीररोड (नागदा—मथुरा रेलवे लेनमें) हिन्दौन स्टेशनसे करीब ४ मीलकी दूरी पर यह क्षेत्र है। हिंदौन शहरमें दि० जैनियोंके १५ घर खंडेलवाल-अग्रवालोंके हैं, और मनुष्यसंख्या ५७ है। ३ शिखरबन्द मन्दिर बड़े सुन्दर हैं, मन्दिरोंमें धर्मशास्त्र करीब ७५ हैं।

चांदनगांवमें ४ खंडेलवालोंके घरोंकी मनुष्यसंख्या ९ है। और एक बड़ाभारी शिखरबन्द मन्दिर है। जिसमें श्रीमूलनाथककी प्रतिमा महावीरस्वामीकी ३ फुट अवगाहनाकी पद्मासनस्थ देशी पाषाणकी है। कहते हैं कि यह प्रतिमा कोई महाभाग्यको नदीके किनारेपर मिली थी। मन्दिर बननेका और प्रतिमाजी मिलनेका संवत्का पता अभीतक नहीं लगा है। ये प्रतिमा कुछ कुछ जीर्ण हो गई है, इस लिये एक और प्रतिमाकी प्रतिष्ठा कराकर विराजमानकी है। पूजनके समय मूलनायकके सब शरीरमें केशर लगाई जाती है। मन्दिरके प्रबन्धके लिये जयपुरके भट्टारककी तरफसे पण्डित 'मनोहरलालजी' नियत (मुकर्रर) है, ये पूजन प्रक्षाल अच्छी तरहसे करते हैं। मेला प्रतिवर्ष चैत्र सुदी १५ को भरता है, और ३ दिनतक रहता है। प्रथम दिन जैनियोंका दूसरादिन मेंना जातिका और तीसरा गूजर लोगोंका होता है। इससे आमदनी तो अच्छी होती है। गूजर मेंना लोग मन्दिरमें जूता पहिने हुए चले जाते है, और अश्लील (बुरे) शब्दोंका उच्चारण करते हैं जिससे अविनय हुआ करती है।

चित्तौरगढ़ (मेवाड़)

राजपूतानेमें अजमेरसे ११६ मीलकी दूरीपर राजपूताना मालवा रेल्वेका मेवाड़ प्रान्तमें चित्तौरगढ़-स्टेशन है, स्टेशनपर सवारी हरतरहकी मिलती है।

सन् ७२८ ई० में 'वाप्पारावलने' चित्तौर राज्यका नींव डाली थी। यहां की पहाड़ीपर सुदृढ़ किला है, चित्तौरका विख्यात किला उजाड़ हो रहा है, किलेमें छोटे बड़े ३९ तालाव हैं। और ७ फाटक हैं. चित्तौरके मृत वीरोंके स्मारकके चिन्ह छतरियां वनी हैं। दर्शनीय चीजोंमें कीर्त्तनास्तंभ जयस्तंभ नामक बुर्जें हैं।

१ कीर्त्तनास्तंभ-७५ फुट ऊंचा नीचेका व्यास ३० फुट ऊपरका १५ फुट है, इसको लोग पुराना कीर्त्तना कहते हैं, जो कीर्तिस्तंभका अपभ्रंश (विगड़ा हुआ रूप) है। इस स्तंभमें नीचेसे ऊपरतक संगतराशीका काम और सैकड़ों मूर्त्तियां वनी हुई हैं। यह स्तंभ ७ मंजिल (माला) का है, इसके भीतर तंग सीढ़ियां है, सबसे ऊपरका स्तंभ खुला हुआ है, लोग कहते हैं कि एक 'जैनमहाजन' ने इस स्तंभको वनवाया था, और कई लोगोंका कहना है, कि 'रतनीरानी' नामक स्त्री का वनवाया हुआ है। यह स्तंभ १० वीं सदीका वना हुआ जान पड़ता है। यहां वहुतसे 'जैनलेख' भी हैं। दक्षिणकी ओर स्तंभके वादका वना हुआ एक मन्दिर है।

जयस्तंभ-यह सफेद पत्थरका वना हुआ १२२ फुट ऊंचा नीचे का व्यास ३९ फुट और ऊपरका ७॥ फुट है, चित्तौरके प्रसिद्ध राणा 'कुम्भने' सन् १४३९ ई० में मालवाके वादशाह 'महमूद' को जीत, विजय-स्मारक चिन्हके निमित्त सन् १४४२ से १४४९ ई० तक इसको वनवाया था, यह ९ मंजिलका है, इसके भीतरकी नक्काशीमें कई हिन्दू देवताओंकी मूर्तियां वनी है, ऊपरके मंजिलमें वड़े लेखोंकी दो तख्तियां हैं।

(३) सूर्यफाटकके समीप वड़े २ तालाव हैं, राणा कुम्भका 'महल' है, 'रतनसिंह' का महल तेरहवीं सदीकी हिन्दू कारीगरीका उत्तम उदाहरण हैं। तालावकी ओर मुख किये सुप्रसिद्ध रानी 'पद्मिनीका' सुन्दर महल है 'अकवरवादशाह' इन महलोंमें से एक फाटक को ले गया था, जो अव आगरेके किलेमें है।

(४) राणा कुंभका वनवाया हुआ ऊंचा शिखरदार देवीका मन्दिर है, इसके हीं निकट राणाकुम्भकी सुप्रसिद्ध पत्नी 'मीरावाई' का वनवाया हुआ कृष्ण (रणछोर) का मन्दिर है, चित्तौरमें यह सवसेऊंचा है, इसके ऊपरसे उत्तम दृश्य दिखाई देता है। एक जगह 'गोमुखी' झरना है, राणा 'मुकुलका' वनवाया हुआ पत्थरका नकाशीदार मन्दिर भी है।

यहांके राजाओं और-मुसलमान वादशाहों अलाउद्दीन तैमूर अकवर आदिसे कई इतिहास प्रसिद्ध भारी भारी लड़ाइयाँ हुई हैं। जिनमें कई राजपूत वीर पतिव्रता स्त्रियों तकने युद्ध कियाहै। इनमेंसे रानी 'पद्मिनी' विख्यात है।

यहांके वाप्पारावल, राणा मुकुल, कुम्भ, समरसिंह, भीमसिंह, राणाहम्मीर, चंद, पृथ्वीराज, संग्रामसिंहे, उदयसिंहे, फताजी, बहुत प्रसिद्ध वीर हुए हैं, स्त्रियोंमें रानी पद्मिनी, मीराबाई, रानी तारा, जौहरबाई, वीरा, बहुत प्रसिद्ध हैं।

यहांकी मनुष्य संख्या १०२८६ है इनमें से दि० जैनियोंके खंडेलवाल अग्रवालोंके ८ घरोंकी मनुष्यसंख्या ३८ है, एक शिखरबंद मन्दिर और एक चैत्यालय है। व्यापार यहांपर हरतरह का होता है।

चौवलेश्वर।

(अतिशयक्षेत्र)

राजपूतानेकी शाहपुरा रियासतमें यह क्षेत्र है, निकटवर्त्ती स्टेशन 'मांडल' है। पहाडके ऊपर एक मन्दिर है, मन्दिरमें श्रीमत्पार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिमा २ फुट ऊंची पद्मासन बिराजमान है, प्रतिमाकी हाथकी अंगुलिया घिस गई हैं, पूजन प्रक्षाल ४ ब्राह्मण करते हैं। प्रतिमाके नीचे लेख भी है, परन्तु अस्पष्ट होनेके कारण पढ़ा नहीं जाता है। पर्वतके नीचे एक और शिखरबंद मन्दिर है, इसकी जीर्ण शिखर मरम्मत न होनेके कारण गिर गई है। इस मन्दिरमें भी पार्श्वनाथस्वामीकी २ फुट ऊंची खंडित प्रतिमा बिराजमान हैं।

इस क्षेत्रके प्रबन्धकर्त्ता श्रीयुत 'मन्नालाल फूलचंदजी' बागूंदार वाले हैं। प्रतिवर्ष पौष वदी ९ को मेला भरता है।

जयपुर।

राजपूतानाके मध्यमें राजपूताना-मालवा रेल्वे लेनमें शहर जयपुरखास इसी नामकी रियासतकी राजधानीका प्रसिद्ध नगर हिंदुस्थानमें बड़ा सुंदर और सुहावना है। इसकी लम्बाई दो मील और चौड़ाई एक मील है। चारों ओर दीवाल बनी हुई है, जिसपर ऊंची ऊंची बुर्जें है। और बीचमें मजबूत दरवाजे हैं, स्टेशनसे सवारी हरतरहकी मिलती है, जयपुरमें कई जैनधर्मशालाएँ हैं। शहरका बड़ा बाजार ४० गज चौड़ा एक सिरेसे दूसरे सिरेतक सीधा चला गया है। दूसरे बाजार एक स्थानपर इससे आ मिलते हैं, और मिलनेके स्थानपर खूबसूरत (सुन्दर) चौक बने हुए हैं।

(१) संग्रामसिंहने मालवेके बादशाह गयासुद्दीनको १८ बार हराया था।

(२) उदयसिंहके प्राणोकी रक्षा धाय पन्ना ने की थी. कहते है कि पन्ना जैन थी।

(३) यह रानी कृष्णकी बड़ी भक्त थी, और साधु सन्तोंका बड़ा सत्कार करती थी, मीराबाई के भक्तिरसके भजन लोग अबतक गाते है।

यहांकी मनुष्यसंख्या डेढ़ लाखके करीव है, इसमें दिगम्बर जैन खंडेलवाल, अग्रवाल, और श्रीमाल आदि जातिके १८६३ घरोंकी मनुष्यसंख्या ६९२४ हैं। इस साल (सन् १९१३) में प्लेगके कारण जैनियोंकी संख्या कई हजार कम कई है, कहते है कि १५-२० साल पहिले करीव १० हजार दि० जैन थे। दि० जैनियोंके मंदिर शिखरवन्द ५२, कईम-न्दिर प्राचीन विशाल और अतिसुन्दर है। चैत्यालय ६८ और १८ नशियां वस्तीके वाहिर हैं। मुख्य मुख्य मन्दिरोंमें प्रतिदिन 'शास्त्र-सभा' होती है। शास्त्रसंख्या करीव ४००० सव मन्दिरोंकी है। एक वृहत् शास्त्रभंडार वावा दुलीचंदजीके आधीन है, वावाजीकी उमर १०० वर्षके अनुमान हैं, तो भी आपको शास्त्र लिखने का वड़ाप्रेम है। दिगम्बर जैन पाठशालाएँ ६ वालक वालिकाओंकी हैं।

जयपुरमें श्रीमान् वावू अर्जुनलालजी सेठी वी. ए. की प्रेरणासे "भारतवर्षीय जैन शिक्षाप्रचारक समिति" की स्थापना सन् १९०६ में हुई, इसका मुख्योद्देश भारतवर्षमें धार्मिक तथा लौकिक विद्याके प्रचार करनेका है। उक्त समितिको कार्य्य करते अभी ४-५ वर्ष ही हुए है, इस थोड़ेसे अरसेमें वालक वालिकाओंकी शिक्षाके अर्थ केवल जयपुरमें ही ६ पाठशालाएं स्थापित हुई और ग्रामोंमें मोजमावाद, शिवाड़, वग्वाड़े, वोराज आदि स्थानोंमें भी पाठशालाएं समितिके प्रयत्नसे स्थापित हुई हैं।

समितिका मुख्य केन्द्र "श्री वर्द्धमान जैन विद्यालय" है, और उसके साथ एक छात्रालय (वोर्डिङ्ग हाउस) भी है। जिसमें विदेशी विद्यार्थी भोजनादि पाकर आनन्दसे शिक्षा पाते हैं, असमर्थ विद्यार्थियोंको भोजनादिके अर्थ छात्रवृत्तियां भी दी जाती है।

इस विद्यालयमें जैन धर्म्म, संस्कृत साहित्य, व व्याकरण, तथा अंग्रेजी, हिन्दी, गणित, धर्म्म अविरुद्धभूगोल, व इतिहास, चित्रकारी (ड्राईंग) आदि सर्व प्रकारकी शिक्षाएं उत्तम प्रकारसे दी जाती हैं, शीघ्रही वैद्यक व ज्योतिषका भी प्रवंध होगा। इस समय समित्याधीन पाठशालाओंमें अनुमान ४०० लड़के लड़कियोंको शिक्षा दी जा रही है, समितिकी ओरसे ग्रामोंमे उपदेशक भेजे जाते हैं. और पाठशालाओंका प्रवंध कराया जाता है।

आधीन पाठशालाओंके उत्तीर्ण विद्यार्थियोंको समितिसे मेडल (पदक) पारितो-षक और सार्टिफिकट दिए जाते हैं, समिति सिर्फ जयपुरमें ही शिक्षा फैलानेसे संतुष्ट नहीं होगी. किन्तु इसके उदार उद्देश सारे भारतवर्षमें विद्या फैलाना है, और समितिका सम्वन्ध किसी खास एक सम्प्रदायसे नहीं है, किन्तु दिगम्बर, श्वेताम्बर, स्थानकवासी आदि सर्व जैन समाजमें निज २ आम्नायानुसार धर्म्म पूर्वक शिक्षाका प्रचार करना

समितिका कर्तव्य है, 'समिति' और 'जैनयङ्गमेंसएसोसिएशन आफ इंडिया' (जैन महामंडल) इन दोनोंकी ओरसे 'जैनप्रकाशक' नामक मासिकपत्र जारी था जिसके सम्पादक बाबू सूरजभानुजी वकील देवबंद थे, थोड़े दिन हुए कि जैनप्रकाशक बंद होगया है।

'महापाठशाला' नामकी एक बड़ी संस्कृतपाठशाला है, इसमें ऊंचे दर्जेके काव्य, व्याकरण आदि विषयोंकी पढ़ाई होती है, जयपुर नरेशकी ओरसे इस पाठशालाको ५०) मासिक सहायता मिलती है।

जयपुरको सवाई 'जयसिंह' ने बसाया था, और इसी कारणसे इसको सवाईजयपुर भी कहते हैं। बसानेके समयमें 'रावकृपारामजी' (श्रावगी) वकील 'दिल्ली-दरबार' में थे, और उनकी सलाह से यह शहर बसाया गया, जो महल वगैरह बनाये गये उनके नाम प्रायःस्वर्गोंके नामपर रक्खे गये हैं। पहले दरबारमें जैनियोंका प्राबल्य(अधिकार)बहुत था। पूर्वमें पं० 'अमरचंदजी' आदि कई जैनी यहांके दीवान रह चुके हैं, वर्त्तमानमें भी कई उच्चपदोंपर जैनी हैं, जयपुर जैनियोंका केन्द्र है, यहांके आचार्यतुल्य पं० प्रवर टोडर-मलजी, पं० जयचंदजी, पं० मन्नालालजी, पं० दौलतरामजी, पं०सदासुखजी, संघी-पन्नालालजी, शाह दीपचंदजी, आदि कई विद्वानोंने संस्कृत प्राकृत अनेक ग्रंथोंकी टीका व रचनाकर जैनियोंका बड़ा उपकार निःस्वार्थ होकर किया है।

वर्त्तमानमें भी पं० चिम्मनलालजी आदि कई विद्वान् जैनधर्मके अच्छे ज्ञाता हैं। यहांके नरेश श्रीमान् माधोसिंहजी जी. सी, एस. आई. बड़े चतुर और धर्म प्रेमी हैं। देखने योग्य स्थानये हैं:-(१)महाराजा साहिबके 'राजमहल' शहरके बीचमें है, इसका घेरा और बाग आध मीलतक चला गया है। बागमें फव्वारे, नानाभांति के वृक्ष फूलदार पौधे लगे हैं, और चबूतरे बने हुये हैं। महलके अन्दर 'दीवान खास' दीवानआम और 'सुखनिवास' अत्यन्तसुंदर हैं। (२) आम लोगोंकी सैरके बाग जो ७० एकड़में फैले हुए है। जो डॉक्टर लिफेवेगकी तजवीजसे ४ लाख रुपयोंका लागत के बने हुये हैं। हिंदुस्थानमें यह बाग सबसे खुबसूरत (सुन्दर) है। (३) मेयो हास्पिटल, (४) अलबर्ट हाल जिसको कर्नैल 'जेकबने' तजवीज किया था, इसमें जयपुरका सुप्रसिद्ध 'अजायबघर' है। (५) 'दस्तकारीका स्कूल, 'टकसाल' (६) 'हवामहल' (७) और चिड़ियाघर यहां हर सोमवारके शामको अंग्रेजी बाजा (बेंड) बजा करता है। (८) 'महाराजा कॉलेज (९) सेन्ट्रल जेल (१०) जौंहरी बाजार आदि कई स्थान देखने योग्य है।

यहांपर सोने चांदी और जड़ाऊ हर किस्मका माल अच्छा बनता हैं । तांबे पीतल कांसे आदिके वर्तन बहुत नामी और प्रशंसनीय बनते हैं । संगमरमर संगमूसाकी मूर्तियां और खलबट्टे खिलौने और लकड़ीका सामान आदि, प्रतिमाएँ भी अच्छा बनती हैं । और व्यापार विशेषकर इन ही चीजोंका होता है । जवाहिरातका भी व्यापार होता है ।

जैसलमेर ।

राजपूतानेके पश्चिमी भागमें जोधपुरसे १४० मीलसे अधिक दूरीपर जैसलमेर कस्बा है, शहरकी मनुष्य संख्या १०५०९ है, इनमें जैन ४५० हैं ।

जैसलमेरका राजकुल 'यदुवंशी' राजपूत है, इसके नियत करने वाले 'देवराजका' जन्म सन् ८३६ ई० हुआ था, देवराजके पीछे छठवें राजा रावल 'जैसलने' सन् ११५६ ई० में जैसलमेर बसाया और 'किला' बनवाया था । देखने योग्य स्थान ये हैं:—

(१) कस्बेके धनिकोंके पीले पत्थरके बने हुये सुन्दर 'मकान' (२) शहरसे थोड़ी दूरीपर २५० फुट ऊंची पहाड़ीपर 'किला' है इसकी दृढ़ दीवार २५ फुट ऊंची है । (३) महारावलका 'महल' किलेके प्रधान दर्वाजेपर पीले पत्थरका बना है । (४) किलेके कई सुन्दर 'जैनमन्दिर' सबसे पुराना जैनमन्दिर सन् १३७१ ई० में बना था । (५) एक 'प्राचीनपुस्तकालय' (६) शहरसे उत्तरकी ओर 'कानोद' में नमक बनता है ।

यहांपर वर्षा बहुत कम होती है, धरती बालूदार उजाड़ है, लोग वर्षातके रक्खे हुये पानीसे गुजारा (निर्वाह) करते हैं । जैसलमेर की आवहवा सूखी है, बर्सातीफसल ज्वार बाजरा तिली पैदा होती है । गेहूं जव आदि बहुत कम पैदा होते हैं । वर्षातके आरंभमें बालू (रेत) की पहाड़ियां ऊंटोंसे जोती जाती हैं । बीज बहुत नीचे डालते हैं । महारावलकी सेनामें ऊंटके सवारही अधिक हैं । स्थानान्तर गमनकी प्रधान सवारी ऊंट है । गोल छप्परदार मकान अधिक हैं ऊन, घी, ऊंट, मवेसी, भेड़, आदिका यहां व्यापार अधिक होता है ।

जोधपुर (मारवाड़)

भर्तारोड जंकशनसे ६३ मील जोधपुरमहलका स्टेशन और ६४ मील जोधपुरका स्टेशन है, स्टेशनसे सवारी हर तरहकी मिलती हैं । बालूदार पत्थरकी पहाड़ियोंका

सिलसिला पूर्वसे पश्चिमको गया है, इसके दक्षिण छोरके नीचे ६ मीलकी दृढ़ दीवारसे घिरा हुआ जोधपुर शहर है, शहरमें ७ फाटक हैं।

राठौरवंशी महाराजा 'जोधरावने' सन् १४५९ ई० में जोधपुर शहरको बसाया था। यहांके राजा अपने को सूर्यवंशी रामचन्द्रके वंशधर कहते हैं। जोधपुरके पहिले मारवाड़की राजधानी 'मांडोर' थी।

देखने योग्य स्थान ये हैं:—

शहरके कई उत्तममकान, महामन्दिर, संगमरमरका मोतीमहल, एक पुराने महल में दर्बारसिंहका स्कूल, जेलखाना, किला, किलेके भीतर राजमहल, कचहरी, रायका, बाग, जोधपुरके पद्मसागर, रानीसागर, गुलाबसागर, बाईजीका तालाव, सरदार-सागर, अखेराजीका तालाव, और शहरसे ३ मीलकी दूरीपर एक सुन्दर तालाव है. इसकी बांधपरका राजमहल, और बाग, देखने योग्य हैं।

जोधपुर राज्यको मारवाड़ कहते हैं, वर्षा यहां बहुत कम होती है, यहांके निवासी मारवाड़ी व्यापार करनेमें प्रसिद्ध हैं, जो भारतवर्षके सब विभागोंमें पाये जाते हैं, इनकी पगड़ी अजब तरह की होती है, स्त्रियोंका पहनाव भी विचित्र है।

यहां इन चीजोंका अधिक व्यापार होता है, पगड़ी, रेशमी सूत, चमड़ेके बक्स, पीतलके बर्तन, नमक, मवेसी, घोड़ा, कपास, ऊन, रंगा हुआ कपड़ा, चमड़ा, अनार, हांथीदातका सामान, यहांसे अन्य देशों में भेजे जाते हैं।

मकरानासे मार्बुलपत्थर और मार्बुलकी दस्तकारियों और बहुतेरी खानोंके पत्थर भी अन्य देशोंको भेजे जाते हैं।

जोधपुरके आस पासमें कई नमककी खाने हैं, 'सांभर' नामक नमककी सुप्रसिद्ध झील जोधपुर राज्यकी सीमा पर है, नमकका बड़ा भारी व्यापार होता है।

यहां दि० जैनियोंका एक भी गृह नही हैं, श्वेताम्बरियोंके कई गृह हैं, जिनकी मनुष्यसंख्या ५०४० है।

शहरकी कुल मनुष्यसंख्या ६१८४९ (स्त्रीपुरुष सहित) है, मनुष्य संख्याके अनु-सार यह शहर भारतवर्ष में ५८ वां और राजपूतानेमें तीसरे नम्बरका शहर है।

झालरापाटन शहर।

झालावाड़ स्टेटकी राजधानी स्टेशनसे करीब २२ मील तथा मोडकसे १८ मील पर है, शहरसे४ मीलके फासलेपर उत्तरकी तरफ झालरापाटन छावनी नामसे प्रसिद्ध है।

राजपूत झालाराजवंशज महाराज 'जालिमसिंहने' झालरापाटनके वर्त्तमान कस्बेको वसाया और उससे ४ मील उत्तर छावनी वनाई, और वहींपर झालावाड़ नरेशके रहनेके महल वने हुए हैं। शहरके दक्षिणमें 'सासवहू' नामक तालाव प्रसिद्ध है, इसका घेरा करीव चार मील है, और इसपर अच्छे अच्छे घाट वने हुए हैं। इसके नजदीक 'अथेरिया' नामक वाग वना हुआ है, जिसमें वहुतसे लोग हवा खानेको आया करते हैं। इससे ४ फर्लांग दूरीपर एक और तालाव २ मील घेरेका 'भवानी सागर' नामसे प्रसिद्ध है। और पासही 'द्वारकाधीशका' सुन्दर मन्दिर वना हुआ है, इसीके पास 'राज मन्दिर' है। शहरके तीन ओर दीवाल और खाई है।

दिगम्बर जैनियोंके यहां २०७ घर और ६११ मनुष्यसंख्या है। ये सव धर्मप्रेमी और व्यापारी हैं। १२ शिखरवंद मंदिर और २ चैत्यालय हैं, जिनमें एक मन्दिर शहरके वाहिर करीव १००० ईस्वीका वना हुआ श्री पद्मनाथस्वामीके नामसे प्रसिद्ध है। इस मन्दिरकी ईशान दिशामें श्रीशान्तिनाथस्वामीका वड़ाभारी (आलीसान) मन्दिर अतिशोभायमान करीव चार लाख रुपयोंकी लागतका संवत् ११०० के लगभगका वना हुआ है।

इस मन्दिरमें जो श्रीशान्तिनाथस्वामीकी प्रतिमा खड्गासन गेहुआं वर्ण (रंग) की लगभग ११ फुट अवगाहनाकी है। सवंत् ११०३ में प्रतिष्ठा हुई थी। स्थान वस्तीसे वाहर करीव २ मीलके फासलेपर अति मनोहर है, यहां कुछ खंडित प्रतिमाएँ और पुरानी नाशियोंके खंडहर वा एक शिलालेख है, शिलालेख अस्पष्ट होनेके कारण पढ़ा नहीं जाता है। यहांपर जो श्रीशान्तिनाथस्वामीकी. प्रतिमा पहिले जमीनके अन्दर होनेसे सिर्फ मस्तक और कंठ दिखाई देता था जिसको वहाँके रहनेवाले अहीर जातिके लोग पूजते थे। वाद किसी धर्मात्मा जैनी भाईको स्वप्न देकर यह प्रतिमा प्राप्त हुई। प्रतिवर्ष दो हजारके करीव यात्री जन वहुत दूर २ से वन्दनाके लिये आते हैं, प्रतिवर्ष रथयात्राका मेला आश्विन सुदी १९ को करीव ५० वर्षसे वरावर भरता है। रथयात्रा वस्तीसे वाहर एक मील दूरीपर नशियामें होती है,यह नशियां शिखरवन्द अतिविशाल है, जिसके पूजन प्रक्षालका इन्तजाम श्रीशान्तिनाथस्वामीके मन्दिरसे चलता है। इस नशियाँपर एक वावड़ी वा सघन हरे भरे पेड़ अतिशोभायमान मनको प्रफुल्लित करने वाले हैं। यहां पैंतीस वर्ष पहिले पं० चम्पालालजी हूमड़श्रावक नामी विद्वान् हो गये हैं, जिन्होंने 'चर्चासागर' नामक ग्रंथ एकत्र किया है। यहांके मन्दिरोंमें करीव १००० धर्मशास्त्र हैं। मन्दिरोंका प्रवन्ध पञ्चोंकी तरफसे वहुत अच्छा होता है। शास्त्रसभा प्रतिदिन होती है, जिसमें ५०-६० के लगभग स्त्रीपुरुष

जमा होते हैं। यहांपर विशेष अधिकार जयपुरवाले भट्टारकका है। वर्त्तमानमें 'जैनपाठ-शाला' की स्थापना हुई है।

वस्तीके चारों ओर एक २ मील दूरीतक शिकार खेलनेकी सख्त मनाई है, ऐसा साईनबोर्ड (तख्ता) भी लगा हुआ है। इस शहरके अन्दर मद्य मांस आदिकी दूकानें बिलकुल नहीं है। यहांके वर्तमान महाराजा सा० बड़े दया प्रेमी हैं, और इसी कारणसे दशहरेके दिनमें जो बलिदान आदिमें जीवहिंसा होती थी वह बिलकुल बन्द करादी है।

व्यापार यहांपर मध्यम स्थितिका है स्व० शेठ बिनोदीराम बालचंदजी नामी धनी हैं, आपकी कई दूकानें बड़े बड़े शहरोंमें हैं।

टोंक।

जयपुरसे करीब ६९ मील दक्षिण, जयपुरसे बूंदी जाने वाली सड़कपर प्रायः दोनोंके बीचमें 'बनास' नदीके दहिने किनारेसे एक मील दक्षिणकी ओर देशी राज्यकी राज-धानी टोंक एक छोटा शहर है, यहां रेलकी सड़क नहीं है, शहर दीवारसे घिरा हुआ है, घेरेके भीतर मिट्टीका किला है। शहरमें नब्बावका महल कचहरियां' और कई उद्यान (बगीचा) देखनेके योग्य हैं।

राजपूतानेमें केवल यही मुसलमानी रियासत है, मनुष्य संख्याके अनुसार हिन्दु-स्थानमें ८६ वां और राजपूतानेमें ७ वां शहर है। टोंक राज्यकी नीव डालने वाले 'अमीरखां' १७९८ ई० में जबकि ३० वर्षका था, हुल्करके आधीन एक बड़ी सेनाका कमांडर हुआ, हुल्करने इसकी वीरतासे प्रसन्न होकर सन् १८०६ ई० मे टोंकका राज्य अमीरखां को दे दिया। अमीरखांने सन्१८०९ में नागपुरके राजा भोंसलापर चढ़ाईकी, लौटते समय सेनाने देशको लूटा।

अंग्रेजोंने सन् १८१७ ई, में पिंडारियों (डाकुओं) को दबानेके लिये टोंक को राज्य देकर सुलह करली।

वर्त्तमानमें टोंकके नब्बाब मुहम्मद इब्राहीम अलीखां बहादुर सैलातजंग जी० सी० एस० आई० हैं।

टोंकमें खंडेलवाल और अग्रवालोंके २९६ घरोंकी मनुष्य–संख्या ८१९ है। यहांके जैनी आढ़त सराफी किरानेकी दूकान आदि धंदा (व्यापार) करते हैं, सर्कारी मुला-जिम भी कई हैं। ५ शिखरबंद मन्दिर ४ चैत्यालय और २ नशियां बस्तीके बाहर हैं। एक नशियांमें प्रतिमा नहीं है। और दो जैनपाठशालाएँ भी हैं।

डूंगरपुर।

बांसवाड़ासे लगभग ४५ मील नीमचसे डीसा तक जो सड़क गई है, उसके पास नीमचसे १३९ मील राजपूतानेमें देशी रजवाड़ेकी राजधानी डूंगरपुर है, यहां रेल नहीं है। स्टेशनसे डूंगरपुर तक जानेको बैलगाड़ी किराये पर मिलती है। निकटवर्ती स्टेशन 'उदयपुर' और 'तलोद' है।

पहाड़ीकी बगलपर महारावलका 'महल' पादमूलके पास, झील, जेलखाना देखने योग्य हैं। यहां प्रतिवर्ष मेला भरता है, जो १५ दिन तक रहता है।

डूंगरपुरका राजवंश 'सीसोदिया' राजपूत है। यह प्रान्त पहाड़ी होनेके कारण भीलोंकी संख्या अधिक है। यहांपर दि० जैनियोंके बीसाहूमड़ दशाहूमड़ नरसिंहपुरा-बीसा नागदाबीसा आदि जातियोंके १०२ घरोंकी ३२१ मनुष्यसंख्या है, ४ शिखरबंद मंदिर है, मन्दिरमें धर्मशास्त्र ६० है, कुछ ग्रंथ ताड़पत्रोंपर लिखे हुए हैं।

डूंगरपुरसे २ मीलकी दूरीपर सुरपुर ग्राममें एक शिखर बंद मन्दिर है, इस मंदिरके पूजन प्रक्षालका प्रबंध डूंगरपुरके पंच करते है, प्रतिवर्ष कुआंर वदी प्रतिपदा (पड़वा-परमा) को यहां मेला भरता है, मेला एक दिन रहता है। मेलेमें श्वेताम्बर और वैष्णव भी आते है। सुरपुर ग्राममें जैनियोंका एक भी घर नहीं है।

डूंगरपुरके निकटवर्ती 'सापी' ग्राममें एक शिखरबंद मन्दिर है, मंदिरमें पूजन प्रक्षाल भी नहीं होता है, कहते हैं कि पहले इस ग्राममें नागदा जातिके ४० घर थे, परन्तु अब एक भी नहीं हैं। चुंडावाड़ा ग्राममें भी एक शिखरबंद मन्दिर ग्रामसे दो मीलकी दूरीपर पहाड़की झील में है, प्रक्षाल प्रति रविवारको एक ब्राह्मण पुजारी करता है यहां पर कई अतिशय लोगोंने देखे हैं।

डूंगरपुरमें व्यापार प्रायः सब चीजोंका होता है, परन्तु अफीमका अधिक होता है। डूंगरपुरका सफेद पत्थर जिससे मूर्त्तियां प्याले बनते है प्रसिद्ध है।

तालनपुर।

(अतिशयक्षेत्र)

इन्दौर रियासतमें यह क्षेत्र कूकसी ग्रामसे ३ मीलकी दूरीपर बड़वानीसें ८ मीलकी दूरीपर है, बैलगाड़ी घोड़ागाड़ीका रास्ता है। यहांपर वि० सं० १८९८ में २४ प्रतिबिम्ब अनेक तीर्थंकरोंकी जमीनके अन्दरसे किसी एक किसानको हल जोतते समय मिली थीं। कहते हैं कि शामके समय एक किसानका हल अटक गया, प्रयत्न करनेपर भी न निकल सका बाद रात्रिमें किसी भाग्यशाली को स्वप्न हुआ

कि यहांपर जैन मूर्तियां हैं सो निकाल ले। प्रातःकाल होतेही उस किसानने प्रतिमाएँ खोदकर निकाल लीं। और कूकसी ग्राम जो यहां से तीन मील है वहांके श्वेताम्बर भाइयोंको खबर दी। श्वेताम्बरी भाई पहिले आये, पश्चात् दि० भाइयोंको मालूम हुआ सो वह भी आये, दोनों सम्प्रदायोंमें झगड़ा चला। पीछे आपस में ऐसा फ़ैसला हुआ कि १२ प्रतिबिम्बोंमें से ५ बड़ी बड़ी प्रतिमाएँ दिगम्बर भाई ले लेवें और शेष नौ छोटी छोटी श्वेताम्बर ले लेवें। तदपश्चात् दोनों सम्प्रदायमें ऐसा ही हुआ। भाइयोंने ये प्रतिमाएँ कूकसी लानी चाहीं, तब गाड़ीमें प्रतिमा रखकर ज्यों ही गाड़ी चलाने लगे तो गाड़ी नहीं चली, बहुत उपाय किये पर सब निष्फल हुये। बाद दोनों सम्प्रदायके जुदे जुदे मन्दिर बनवाकर और प्रतिष्ठाकर यहींपर उक्त प्रतिबिम्बें स्थापित कर दीं। एक दिगम्बर जैन मन्दिर और एक धर्मशाला है, मूलनायक 'श्रीमल्लिनाथस्वामी' पद्मासन ३-३॥ फुट अवगाहनाकी प्रतिबिम्ब सं० १३२५ की प्रतिष्ठित है, बाकी चार प्रतिमाओं पर लेख वगैरः कुछ नहीं है, यहांके प्रबन्धकर्ता, श्रीमान् 'रोडमल्ल सूरजमल्लजी' सुसारी वाले बहुत उत्साही सज्जन हैं। प्रबन्ध अच्छा है, परन्तु ब्राह्मणपुजारी योग्य नहीं है। ग्राम उजाड़ है, एक बड़ा भारी तालाब लाखों रुपयोंकी लागतका अनुमान ३ मीलके चक्कर (घेरे) में है, और कई सुन्दर बावड़ी भी हैं। प्राचीन मकानोंके खंडहर याद दिला रहे हैं कि पूर्व समय में यह कोई सुन्दर शहर होगा, यह क्षेत्र 'बड़वानीसे' करीब ८ मील की दूरीपर ईशान कोनमें है। बैलगाड़ी और घोड़ागाड़ी अच्छी तरह जासकती हैं.

देवलिया (देवगढ़)

राजपूताना-मालवा रेल्वे लेनमें मंदसोर स्टेशनसे करीब २२ मील प्रतापगढ़ रि० की प्राचीन राजधानी 'देवलिया' प्रतापगढ़से करीब ७॥ मील की दूरीपर है। रास्ता स्टेशनसे परतापगढ़ तक अच्छा है, यहांके लिये सवारी परतापगढ़से घोड़ा बैल ऊंट मिलते हैं, बैलगाड़ी नहीं जाती रियासत प्रतापगढ़को स्थापित करनेवाले राजा 'बीकाने' संवत् १५६१ नें इस प्रदेशकी भिल्ल राजकन्याको पराजित कर यह नगर बसाया था उस समय यहां पर दिगम्बर जैनियोंकी बड़ी भारी बस्ती थी, परन्तु कालकी विचित्र गतिसे इस समय केवल ८ घर और २० मनुष्य ही शेष रह गए हैं। दो मीनाकारीके बने हुए मन्दिरभी हैं। इन मन्दिरोंमें ६ दर्शनीय प्रतिमाएँ हैं, जिनमें दो प्रतिबिम्ब चांदीकी श्रीशान्तिनाथ और आदिनाथस्वामीकी अति मनोज्ञ पद्मासन विराजमान हैं। धर्मशास्त्र करीब ५०० हैं।

राजा रावत हरिसिंहजीके सं० १६५८ ई० में व राजपुत्र तेजसिंहका संवत् १६७९का बनवाया हुआ राजमहल तथा तेजातालाव देखने योग्य हैं।

देवास।

मालवाप्रान्तमें इन्दौरसे अनुमान २० मीलकी दूरीपर देवास कस्वा है, देवास राज्यको 'वाजीराव पेशवा' ने कालूजीके पूर्वपुरषेको यह राज्य दे दिया था। कालूजीके दो लड़के 'तुकोजी' और 'जीवाजी' ने झगड़ा करके राज्यको बांट लिया। सन् १८१८ ई० में अंग्रेज गवर्नमेंटने दोनों राज्योंको संधि द्वारा अपनी रक्षामें ले लिया।

राजपूत पंवारवंशी दोनों राजा कस्बेके अलग अलग मुहल्लोंमें रहते हैं। यहांपर गल्ला अफीम ऊख और कपासका व्यापार अधिक होता है। देखने योग्य स्थान ये हैं:—कस्बेके पश्चिमोत्तर एक ऊंची पहाड़ीपर चामुंडादेवीका मन्दिर खड़ी पहाड़ीकी बगलमें गुफामन्दिर बना है इसमें देवीकी बड़ी मूर्त्ति है। इससे नीचे पहाड़ीके किनारेपर एक चौकोना तालाव और महादेवका छोटा मन्दिर है।

धार।

मालवा प्रान्तमें मऊसे वड़ौदा जाने वाली रेल्वे लेनमें धारानगरी (धारापुर) है। कस्वा मिट्टीकी दीवालसे घिरा हुआ है। महाकवि कालिदास वररुचि आदि कवि यहीं हुये हैं। उज्जैनके महाराज विक्रमादित्यके परमार (पंवार) वंशी सुप्रसिद्ध राजा भोजने अपनी राजधानी धारमें कायम की, यहांके राजागोपीचंद बहुत प्रसिद्ध हुये हैं जो राज छोड़ योगी हो गये थे। लगभग सन् ५०० में परमारोंका बल घट गया दूसरे राजपूत घरानेकी तरक्की होनेपर बहुतसे पंवार पूना चले गये।

कई वर्ष तक धार बाजीराव पेशवा और मुसलमानोंके आधीन रहा था, वर्तमान धारनरेश पंवारवंशी हैं। धारमें देखने योग्य स्थान ये हैं:—

(१) भारी भारी मस्जिदें *।

(२) बस्तीसे वाहर लाल पत्थरका बना हुआ किला धारनरेशका महलभी किलेके अन्दर है।

---

* इन मस्जिदोंको दिल्लीके गवर्नर दिलावरखां ने सन् १३९२ ई० में धारके हिन्दूमन्दिरोंको तोड़ उनकी सामग्रीसे बनवाई थी।

(३) दो छोटे और आठ बड़े तालाव इनमें राजा मुंजका वनवाया मुंजसागर और कुंजका वनवाया हुआ कुंजसागर प्रसिद्ध हैं।

(४) शहरसे पश्चिमकी ओर एक मीलकी दूरीपर कालिकादेवीका मन्दिर है। लोग कहते हैं कि कविशिरोमणि कालिदासको इसी मन्दिरसे विद्या प्राप्ति हुई थी। मन्दिरके पास कमलोंसे सुशोभित सुन्दर तालाव है। कुआँर (आश्विन) सुदी ९ को मेला भरता है।

(५) शहरसे दक्षिणकी ओर लाटमस्जिदके पास २४ फुट लम्बी ४ फुट मोटी लोहेकी लाट पड़ी है, इसको गांगरीतेलनकी लाट कहते हैं। कहते हैं कि सम्पूर्ण लाटका यह तीसरा हिस्सा है।

(६) पश्चिमकी ओर कमालमौला मसजिद है जो राजा भोजकी निशाल नाम से प्रसिद्ध है, यहांपर प्राचीन कालके बहुतसे संस्कृत शिलालेख थे जो मुसलमानोंने नष्ट कर दिये और दीवालोंमें लगवा दिये।

इनके सिवाय हवाबंगला, झिरामहल, लालबाग (आनन्द-विलास) राजा आनन्दराव का बनवाया हाईस्कूल, संस्कृतपाठशाला, और पुरानी इमारतोंके खंडहर देखने योग्य हैं।

सन् १८९१ की मनुष्यगणनाके समय धारमें १८४३० मनुष्य थे। इनमें ६१५ जैनी थे। दि० जैनियोंके खंडेलवाल आदि जातियोंके ३० घरोंकी मनुष्यसंख्या ११३ है। एकशिखरबंदमन्दिर और २ दर्शनस्थान हैं। एक धर्मशाला और जैनपाठशाला भी है।

व्यापार गल्ला अफीम कपासका अधिक होता है।

धौलपुर।

ग्वालियरसे ४१ मील और झांसीसे १०४ मीलकी दूरीपर धौलपुर (जी. आई. पी.) रेल्वेका स्टेशन है, स्टेशनसे शहर तक सवारी किरायेपर मिलती है।

शहर 'चम्बलनदी' * के वायें किनारेपर बसा है, कहते हैं 'हुमायूं' बादशाहने चम्बलनदीकी बाढ़से बचानेको उत्तरकी ओर धौलपुर बढ़ाया। इसको ईसाकी ११ वीं सदीके प्रारम्भमें राजा धौलनदेव तोनवारने बसाया था, धौलपुरका राजवंश जाट है।

देखने योग्यस्थान ये हैं:-

---

* इसका पुराना नाम चर्मण्वती है।

(१) धौलपुरसे लगभग ५ मीलकी दूरीपर रेल्वेका चम्बलनदीका 'पुल' कहते हैं इस पुलके बनाने में रेल्वे कम्पनीका ३२७१०३५) रुपया खर्च पड़ा था।

(२) धौलपुरनरेशके सुन्दर 'महल' और राना 'कीर्त्तिसिंहके' वनवाये हुये महल,

(३) धौलपुरसे २ मीलकी दूरीपर आधमील लम्बा 'मचकुंद' नामक तालाव है, इसमें छोटे २ टापू (द्वीप) हैं, जिनपर मकान बने हैं। तालावके किनारेपर ११४ मन्दिर बने हैं। यहांपर कार्तिक सर्दपूर्णिमा नामक मेला १५ दिन रहता है।

(४) एक 'पक्कीसमय' जो कि 'अकवरवादशाहके' समयकी वनी हुई है।

(५) कई सुन्दर सुन्दर 'मसजिदें' और 'मकवरे' कहते हैं, इनको अकवर वाद-शाहके सेनापति 'सादिक़खां' ने वनवाये थे।

(६) शहरसे उत्तरकी ओर जाजऊ वा सराय जाजऊतंगन नदीके वायें किनारेपर वसता है, यहां सन् १७०७ ई० में वहादुरशाह (औरंगजेवके पुत्र) ने 'आजिमशाहको' हराकर उसकी गादी लेली थी, इस संग्रामको 'धौलपुरकासंग्राम' कहते हैं। यहांकी जमीन उपजाऊ है, व्यापार हर तरहका होता है, परन्तु गल्लेका व्यापार अधिक होता है।

धौलपुरमें दि० जैनियोंके खंडेलवाल अग्रवाल जैसवाल और श्रीमालोंके ९ घरोंकी मनुष्यसंख्या ३० है। एक चैत्यालय भी है, धर्मशास्त्र ४० है।

नरसिंहगढ़।

राजपूताना-मालवा रेलवे लेनमें 'सिहोर' स्टेशनसे कुछ दूरीपर शहर 'नरसिंहगढ़' खास इसी नामकी रियासतकी राजधानी है। स्टेशनसे नरसिंहगढ़तक रास्ता अच्छा है। सिहोर स्टेशनपर सवारी हरसमय किरायेपर मिलती है।

इस शहरको इसी रियासतके स्थापक राजा 'परुपरामने' वसाया था, तीनों ओर पहाड़ोंसे घिरा हुआ है। जव यह नगर वसाया गया तव यहांपर दिगम्बर जैनियोंकी बड़ी भारी आवादी थी, पर इस समय सिर्फ ६ खंडेलवालोंके गृह जिनकी २२ मनुष्यसंख्या है, और एक चैत्यालय है।

किलेमें दरवारहाल, कलिकाचौक, रावला, और नया राजमहल देखने योग्य हैं।

यहांसे करीव २४ मील आग्रा-वम्वई रास्तेपर 'नेवजनदी' के किनारे एक छोटासा 'पचोर' नामक ग्राम है, यहां खोदनेसे सहस्रों जैन प्रतिमाएँ मिलती हैं। कहते हैं कि प्राचीन काल में इसका नाम 'पारानगर' था, और जैनियोंकी यात्राका स्थान था। इस समय गोलालारोंके सिर्फ २ गृहोंमें ६ आदमी हैं।

नवानगर (ब्यावर)

अजमेरसे ३३ मीलकी दूरीपर ब्यावर बड़ा स्टेशन है, ब्यावर अजमेर के मेरवाड़ा विभागमें पत्थरकी शहरपनाह (दीवार) के भीतर व्यापारी कस्वा है, यहां पर कई मिलें (कल कारखाने) हैं। सन् १८३५ ई० में मेरवाड़ाके कमिश्नर कर्नल 'डिक्सनने' इसको बसाया था। यहांकी मिलोंमें हरतरहका सूती कपड़ा तैयार होता है, और बाहर भेजा जाता है, लोहेकी चीजें भी अच्छी बनती है।

यहांपर खंडेलवाल अग्रवाल पल्लीवालके ११८ घरोंकी मनुष्यसंख्या ४३१ है। २ शिखरबंद मन्दिर और ५ दर्शनस्थान है। जैनसभा और जैनपाठशाला भी है। शेठ चम्पालाल रामस्वरूपजी प्रसिद्ध व्यापारी हैं, आपकी कई शहरोंमें दुकानें हैं। आपकी नशियांमें यात्री ठहराये जाते हैं।

नागौर।

जोधपुर रियासतमें नागौर सबसे बड़ा कस्वा राजपूताना मालवा रेल्वेका स्टेशन है पहले बड़ा शहर होगा वर्त्तमानमें ऊजड़ दशामें है।

यहांके मिट्टीके बने हुये मकान विचित्र है। दि०जैनियोंके खंडेलवालोंके ११४ घरोंकी मनुष्यसंख्या ३२६ है, दो शिखरबंद मन्दिर और एक नशियां बस्तीके बाहिर है, नशियांही में लोगोंको ठहरनेको जगह दी जाती है, और ८ दर्शनस्थान भी हैं। यहांके भट्टारकके आधीन एक बड़ा 'शास्त्रभंडार' है। तेरापंथ और बीसपंथके झगड़ेने लोगों के हृदयमें फूटका बीज बो दिया है। व्यापार हरतरहका होता है।

प्रतापगढ़।

यह नगर राजपूताना-मालवा रेलवे लेनमें मन्दसोर स्टेशनसे करीब २२ मीलकी दूरीपर प्रतापगढ़ रियासतका राजधानी है। मन्दसोर स्टेशनसे यहां तक पक्की सड़क है। और बैलगाड़ी घोड़ा आदि सवारी किरायेपर मिलती है।

संवत् १६९८ ई० तक यह छोटासा ग्राम था और इसको 'डोडेरिया' कहते थे। उसी सालमें रावत 'प्रतापसिंहने' इसको परकोटासे घिरवाया और इसका नाम प्रतापगढ़ रखकर अपनी राजधानी बनाई तबसे इसकी उन्नति बराबर हो रही है।

इस समय यहांकी मनुष्यसंख्या करीब १०००० है, जिसमें दिगम्बर जैनियोंके ३५० घर और इनकी मनुष्यसंख्या १५४३ है। शिखरबन्दमन्दिर ९ और २७

चैत्यालय है। प्रायः सबही मन्दिरोंमें प्रतिबिम्बें बहुत ही मनोज्ञ हैं, इनमें दशा नरसिंहपुरा भाइयोंके मन्दिरमें श्री मूलनायक आदिनाथस्वामीकी प्रतिमा पद्मासन दो फुट अवगाहनाकी अत्यन्त मनोहर और वीतरागछविधारी विराजमान है। मन्दिरोंमें पूजन प्रक्षाल प्रतिदिन होती है। परन्तु यहांके जैनी भाईयोंमें आपसमें तेरापंथी और वीसपंथियोंके कारण फूट फैली हुई है।

देखने योग्यस्थान सरकारी 'राजमहलके' सिवाय कोई चीज नहीं है। यहांका मुख्य व्यापार गल्ला, अफीम, और घी आदिका होता है।

बजरंगगढ़ (जै-नगर)

(अतिशयक्षेत्र)

ग्वालियर रियासतके 'ईशागढ़' जिलेमें एक छोटा प्राचीन और रमणीय कस्बा है, निकटवर्त्ती स्टेशन 'गुना' है। यहांपर 'बजरंग' (हनुमान) की बड़ी भारी मूर्त्ति होनेसे इसका नाम बजरंगगढ़ प्रसिद्ध हुआ। प्राचीन कालमें यहां अहीर लोगोंका राज्य था, और पुराना नाम 'झरकौन' था। किला जो वस्तीसे २ फर्लांगकी दूरीपर आग्नेय दिशामें खंडितावस्था में है। पहिले किलेमें वस्ती थी और बाजार भी भरता था। परंतु जब महाराज 'जैसिंहने' किलेसे थोड़ी दूर नई वस्ती बसाई और वर्त्तमान वस्तीका अपने नामसे अर्थात् 'जैनगर' रक्खा।

पहिले शहरके चारों ओर परकोटा था जिसमें १० दरवाजे थे, जो संवत्‌१९१४अर्थात् चलवेके समयसे गिरा दिये गये।

बजरंगगढ़में परवार श्रीमालके ५१ घरोंकी मनुष्यसंख्या २४० है। ३ शिखरबंद 'मन्दिर' और ३ 'दर्शनस्थान' हैं। मन्दिरोंमें धर्मशास्त्र १४६ है। 'जैनसभा' 'पाठशाला' और बड़े मन्दिरमें 'धर्मशाला' है।

कहते हैं संवत् १९४३ में बाजारके मन्दिरकी प्रतिष्ठाके जन्म कल्याणकके समय अन्य धर्मियों अर्थात् वैष्णवोंने प्रतिष्ठामें विघ्न डाला और बलवा करके मन्दिरकी २७ प्रतिमाएँ खंडित करके 'पार्वतीनदी' में सिरा (डाल) दीं। और बादमें गुफाके मन्दिरमें अर्थात् जहां अरहनाथ कुन्थुनाथकी संवत् १२३६ की प्रतिमाएँ खड्गासन हैं। वहां प्रतिमाओंको खंडितकरने जाते थे कि इतनेमें अंगारोंकी बरसा और धुआं अधिकतासे हुआ। अन्य धर्मीलोग चकित हो गये, और लाचार होकर ठहर गये। इतनेमें जैनी भाइयोंने पकड़कर यथोचित सन्मान किया, और मुकद्दमा चलाया,

ग्वालियर नरेशने यथोचित दंड दिया । बल्वा करनेवालों में से कई आदमी आजकल मौजूद हैं, और यह हाल सुनाते हैं ।

लोग कहते हैं कि कभी कभी प्रतिमाओंके बाल्यावस्था आदि दो तीन अवस्थाओं में दर्शन होते हैं । परंतु ये बात सत्य नहीं मालूम होती है । और यह भी कहते हैं कि पूर्वसमयमें कभी कभी नृत्य गायन वादित्रादिका शब्द सुनाई देता था । बड़ामन्दिर 'पाणासाव' का बनवाया है, बाकी मन्दिर पंचलोगोंके बनवाये हुये हैं । भादों सुदी १४ को जिनेन्द्रदेवकी सवारी निकलती है, उस समय आसपास के बहुतसे जैनी एकत्रित होते हैं ।

पूजन प्रक्षालका प्रबंध अच्छा है । भंडारी श्रीयुत 'गनेशरामजी' हैं । दो मन्दिरोंके आपही मालिक हैं ।

बड़नगर ।

यह शहर रियासत 'ग्वालियर' उज्जैन जिलेमें 'चमला' नदीके किनारे पश्चिमकी ओर बसा हुआ है । राजपूताना–मालवा रेलवेकी खंडवा-अजमेर लेनका स्टेशन है ।

प्राचीन कालमें बड़नगर 'बरमालोट' नामक राजपूत राजाओंके आधीन था, पीछे १८ वीं सदीमें महाराजा सेंधियाके हाथमें आया । वि० संवत् १९१७ व १९१८ में 'नौलाई' करके पुकारते थे, पर जब 'जनकोजीराव' दीवान ग्वालियरसे दौड़ेपर पधारे तो आपने इसका नाम नौलाई सुनकर कहा कि सवेरेसे ये नाम लेना अपशकुन है, इस कारण नाम बदलकर बडनगर रख दिया । लोग कहते हैं कि इसको 'नोल' राजाने बसाया था । यहां एक प्राचीन 'किला' भी है । बड़नगरके पास 'बरो' ग्रामसे 'पाठारी' ग्रामतक प्राचीन शहर और तालाबके चारों ओर जैनी और हिन्दुओंके मन्दिरोंके खंडहर पाये जाते हैं । इससे अनुमान होता है कि पूर्वकालमें यह बड़ा भारी शहर होगा । बस्तीके बाहिर पश्चिमकी तरफ दिगम्बर जैनियोंका मन्दिर है, इसकी मरम्मत यहांक जैनी भाईयोंने कराई है, चारों ओर अच्छी २ दहलानें (साहधन) हैं । इसमें जैन, बौद्ध, हिंदू आदिकी प्रतिमाएँ हैं । दीवालों में बहुतसी जैन प्रतिमाएँ भी है । मूलनायक श्रीशान्तिनाथस्वामीकी खड्गासन ३ फीट अवगाहनाकी अति शोभायमान प्रतिमा है । दूसरे प्राचीन वैष्णवोंके मन्दिरकी रचना पाई जाती है, इसमें अच्छे २ कारीगरीके नमूने पाये जाते हैं । इसके चारों ओर कोट बना हुवा था जो अभीतक खंडहर दशामें है । इसके अन्दर बहुतसे मन्दिर थे जिनके निशानात अब भी हैं ।

बस्तीमें दिगम्बर जैनियोंके १५० गृह तथा इनकी मनुष्यसंख्या ५०९ है। ३ शिखरवन्द मन्दिर दिगम्बरियोंके हैं, इनमें दर्शन चार जगह हैं। मन्दिरोंमें धर्मशास्त्र करीव ९०० हैं। एक जैन धर्मशाला और जैनपाठशाला भी है। यहां कदीम (सदैव) से जैनी भाई रहते आये हैं, और उन्हींके उद्योगसे वस्तीके चारों तरफ दो दो कोस तक जीवहिंसा नहीं होती है।

यहांपर म्यूनिसिपालटी, दवाखाना, शाला. और सराय बंगला है। रेल्वे स्टेशन नजदीक है, अंग्रेजसरकारकी तरफसे पोस्टआफिस और टेलिग्राफआफिस भी है। व्यापार अफीम, कपड़ा, गल्ला, आदिका विशेष होता है।

बड़वानी।

(सिद्धक्षेत्र बावनागजा)

मालवाप्रान्तके जिला सरदारपुरकी छावनीमें यह नगर बड़वानी रियासतकी राजधानी मह (R. M. R.) स्टेशनसे करीव ९० मील है। स्टेशनसे बड़वानी शहर तक सडक पक्की है। सवारी हरवक्त किरायेपर मिलती है। प्राचीन कालमें करीव ४०० वर्ष पूर्व इस नगरमें केवल कुछ मिट्टीकी झोंपडियां देखी जाती थीं, समयानुसार इसकी व्यापार आदिमें बढ़ती होनेके कारण अच्छा आवाद हो गया है। प्राचीन कालमें इसका नाम 'सिद्धनगर' था, पीछे बड़वानी नामसे प्रसिद्ध हुआ। यह बात शहरमें जो रंगारा नामक बावड़ी है, उसके लेखसे मालूम होती है। सिद्धनाथका जो पुराना मन्दिर यहांपर है खास जैनियोंका ही था, शैवोंका प्राबल्य होनेके कारण उन्होंने यह मन्दिर अपने आधीन कर लिया और उसमें महादेवकी स्थापना करदी।

इस शहरकी मनुष्यसंख्या इस समय करीव ७००० है, जिसमें दि० जैनियोंके २७ घरोंकी १०९ मनुष्यसंख्या है। एक बड़ाभारी दि० जैन मन्दिर है, जिसमें 'धर्मशास्त्र' अनुमान २०० हैं। और एक 'पाठशाला' भी है तथा दो 'धर्मशालायें' हैं, जिसमें करीव २०० यात्री ठहर सक्ते हैं।

धर्मशालाओंमें एक रियासतकी और दूसरी प्रतापकुंवरवा साहेवके स्मरणार्थ वनवाई हुई है। विक्टोरिया हाईस्कूल, विक्टोरियावगीचा, स्टेटडिस्पेन्सरी, पोस्टआफिस, राजमहल आदि देखने योग्य हैं। व्यापार हरतरहका होता है, विशेषकर अनाज और अफीमका अधिक होता है।

वड़वानीसे दक्षिणमें थोड़ी दूरीपर 'चूलगिरी' नामक पहाड़ है। यहांसे इन्द्रजीत और कुंभकर्णने मोक्षपद प्राप्त किया है।

'वड्वाणी' वरणयरे दक्षिण भायम्मि 'चूलगिरि' सिहरे ।
'इंद्रजीद' 'कुंभयणो' णिव्वाण गया णमो तेसिं ॥ निर्वाणकांड

पहाड़पर २२ मन्दिर और एक चैत्यालय है । मूलनायककी चरण पादुका है, तथा १०८ प्रतिमाएँ और हैं । इन मन्दिरोंपर जीर्णोद्धारका वि० संवत् १२२३–१३८०–१५०८ खुदा हुआ है । और प्रतिष्ठाकारक 'नन्दकीर्तिजी' और 'रामचंद्र' मुनिका नाम पाया जाता है । एक मन्दिरमें एक बहुत ऊंची और मनोज्ञ प्राचीन सुन्दर प्रतिमा है । इस प्रतिमाके कारण इस पहाड़को 'बावनगजाजी' भी कहते हैं ।

वड़वानीपर हरसाल ९० वर्षसे पौष सुदि ८ से १५ तक बड़ाभारी मेला भरता है, करीब १५०० यात्री प्रतिवर्ष आते हैं । इस क्षेत्रके प्रबन्धकर्त्ता श्रीयुत 'भीलाजी चांदूलालजी' हैं । पूजन प्रक्षाल आदिका प्रबन्ध अच्छा है ।

बयाना ।

भरतपुर राज्यान्तर्गत नागदा-मथुरा रेलवे लेनमें बयाना स्टेशन है । ग्राम स्टेशनसे पासही है । इक्का गाड़ी आदि सवारी किरायेपर मिलती है ।

यहांपर खंडेलवाल जातिके ४७ घर जिनकी करीब १५० मनुष्यसंख्या है । बयानेमें तीन मन्दिर हैं, जिनमें एक शिखरबन्द अच्छा बना है । पूजन प्रक्षाल तीनों मन्दिरोंमें योग्य रीतिसे होती है । धर्मग्रंथ तीनों मन्दिरोंके मिलकर करीब १२५ हैं । पंचायती छोटे मन्दिरमें जैनपाठशाला भी ५ सालसे चल रही है । आगरा निवासी पंडित तुलारामजी छात्रोंको शिक्षा देते हैं ।

व्यापार यहांपर सब प्रकारका होता है, परन्तु कपास और जीरेका अधिक होता है। ग्राममें पोस्टआफिस तारआफिस भी हैं ।

मुसलमानी इतिहासमें बयानेका बहुत वर्णन पाया जाता है ।

बांसवाड़ा ।

यह शहर राजपूताना मालवा रेलवे लेनमें रतलाम तथा नामली स्टेशनसे करीब ४५ मीलकी दूरीपर है, राजधानी कागड़े नालेपर बसी हुई है । चारों ओर परकोटेसे घिरा हुआ है । इसको राजा जगमल्लजीने १५३० ई० में बसाया था ।

यहांपर दि० जैनियोंके २९ घर तथा ९० मनुष्य हैं, दो शिखरबन्द मन्दिर एक चैत्यालय है ।

यहांसे नैऋत्यकी ओर 'कालिंजरा' नामक ग्राम करीब १७ मीलकी दूरीपर 'अनास' नदीके किनारे है, प्राचीनकालमें यह बड़ा भारी शहर था, तब यहांका व्यापार जैनी लोगोंके अधिकारमें था ।

कालिंजरामें ४० घर दि० जैनीभाइयोंके और १९० मनुष्य हैं, ४ शिखरवन्द मन्दिर दिगम्बरियोंके हैं, जिनमें एक बड़ा भारी विशाल मन्दिर है, जिसके चारों तरफ ९२ गुमठी बनी हुई हैं, पर ये सब खाली हैं, मन्दिरमें ३ शिलालेख हैं, पर पढ़े नहीं जाते हैं। पूजन दशलाक्षणपर्वमें होती है, ब्राह्मण पुजारी प्रतिदिन प्रक्षाल करता है, प्रबन्ध अच्छा नहीं है।

'अरथूना' नामक ग्राम बांसवाड़ासे १० मीलकी दूरीपर है, यहांपर ईस्वी सन् ११ वीं सदीके बनवाये हुए १०-१२ जैन और हिन्दुओंके मन्दिर खंडित स्थितिमें पड़े हुए हैं, मन्दिरोंमें खुदाईका काम बहुत अच्छा पाया जाता है, इसका प्राचीन नाम 'उच्छू नगर' (पाटन) था, यह नगर बागड़प्रान्तके पमार राजाओंके खानदानकी राजधानी थी, यहां दि० जैनियोंके ९४ घरोंमें १९९ मनुष्य हैं, एक शिखरवन्द मन्दिर और धर्मशास्त्र १०० हैं। पूजन प्रक्षाल प्रतिदिन होती है। बांसवाड़ामें देखने लायक सरकारी राजमहलके सिवाय और कुछ नहीं है। व्यापार यहांपर गल्ला आदिका होता है।

विहार (नरसिंहगढ़)

रियासत नरसिंहगढ़से करीब १० मील और रेलवे स्टेशन सिहोर-ब्यावरा (G. I. P. R.) से करीब २ मीलपर बाकपुर और विहारके बीचमें एक बड़ा भारी दिगम्बर जैनमन्दिर प्राचीन खंडित स्थितिमें है, जिसमें एक प्रतिमा अति मनोज्ञ विराजमान है। दोनों ग्रामोंमें दिगम्बरियोंकी बस्तीके अभावसे और भयंकर जंगलमें होनेसे पूजन प्रक्षाल नहीं होता है।

कहते हैं कि यह प्राचीन कालमें बड़ा भारी नगर 'भद्रावती' नामसे प्रसिद्ध था और सोलंकी और खीची खानदानके आधीन था। जैन मन्दिरोंके खंडहर और तीर्थंकरोंकी प्रतिमाएँ बहुतसी मिलती हैं। यहांपर एक छोटीसी पहाड़ीपर एक गुफामें खुदी हुई करीब ८॥ फुट ऊंची श्रीआदिनाथस्वामीकी प्रतिमा शिर रहित विराजमान है, आसनमें बैलका चिन्ह साफ दिखलाई देता है।

उपर्युक्त वर्णनसे मालूम होता है कि यह प्राचीन क्षेत्र जैनियोंका प्रसिद्ध स्थान होगा। अब भी प्रतिवर्ष वैशाख वदी ९ से शुक्ला ९ तक मेला भरता है।

बीकानेर।

फलेरा जंक्शनसे १०. मील पश्चिमोत्तर राजपूताना-मालवा ब्रेंच (शाखा) का आखिरी स्टेशन कुचामनरोड है, इससे ७३ मील पश्चिममें जोधपुर बीकानेर रेलवेपर भर्त्तारोड जंक्शन है, भर्त्तारोडसे १०३ मील उत्तरकी ओर बीकानेरका रेलवे स्टेशन है। स्टेशनपर सवारी हर तरहकी मिलती है। शहरमें कई धर्मशालाएँ हैं।

इस शहरको राठौरवंशी राजा बीकारावने सन् १४३९ ई० में बसाया था।

बीकानेर राजपूतानेमें प्रसिद्ध देशी रजवाड़ेकी राजधानी, मरुभूमि (रेतीली जमीन) में है, यह शहर पत्थरके साड़ेतीन मील लम्बे परकोटेसे घिरा है। जिसमें ५ फाटक है, ३ बगलोंपर खाई है, शहरमें बहुतेरे सुन्दर मकान हैं, प्रसिद्ध स्थान ये हैं:—

बीकानेरका किला जिसमें महाराजका महल है, महाराजका महल पुराने ढंगका देखने योग्य है। शहरके कोटफाटकसे ३०० गज दूर है, किलेके चारों ओर २५ फुट गहरी खाई है; राजा रायसिंहने सन् १५८८ ई० में बनवाई थी।

एक छोटा किला शहरकी दीवारके बाहिर बीकाराव का बनवाया हुआ है, इसके भीतर बीकाराव और उनके उत्तराधिकारियोंके अनेक समाधि मन्दिर हैं।

बीकानेरमें ४१ कूप (कुआ) हैं, शहरके बाहर अर्कसागर नामक कूप सबसे अच्छा है, बीकानेरके कुए ३०० से ४०० फुटतक गहरे हैं। यहां वर्षा बहुत कम होती है, लोग बर्षातका पानी कुंडोंमें भर लेते हैं, और यही काममें लाते हैं। बीकानेर राजभरमें एक भी नदी नहीं है। मरुभूमिके कारण ऊंटकी सवारीका अधिक व्यवहार होता है।

शहरसे ३ मील पूर्व बीकानेरका तालाब है, तालाबके चारों ओर १२ राजाओंके गुम्बजदार समाधिमन्दिर है, तालाबसे थोड़ी दूर एक महल है।

डूंगरसिंह-कालेजमें अंग्रेजी पढ़ाई जाती है। बीकानेरकी मनुष्य संख्या ५६२५२ है, यहांपर पुरुषोंसे औरतोंकी संख्या कुछ अधिक है, कारण बीकानेरके लोग प्रसिद्ध व्यापारी हैं, और व्यापारके लिये ब्रह्मा चीन जापान तक जाते हैं, हिन्दुस्थानके बड़े २ शहरोंमें बीकानेरके व्यापारियोंका संख्या अधिक है। मनुष्यसंख्याके अनुसार राजपूतानेमें चौथे नम्बरका शहर है।

यहांपर दि० जैनियोंके सिर्फ ४ घर हैं, इनकी मनुष्य संख्या २० है, एक चैत्यालय भी ओसवालोंकी शामिलातमें है। श्वेताम्बरियोंकी मनुष्य-संख्या यहां अधिक है, यहांके श्वे० जैनी बड़े धनवान् हैं।

व्यापार इन चीजोंका अधिक होता है, ऊन, सोड़ा, सज्जी, गल्ला, चमड़ेकी मसक, हाथीदांतकी चूड़ियां यहांसे बाहर भेजी जाती है। यहांके पालतू पशु दूसरे प्रदेशोंसे हृष्टपुष्ट और अधिक दूध देनेवाले होते हैं। मतीरा काचरी और ककड़ी प्रसिद्ध हैं। बीकानेरके वर्तमान नरेश, प्रजापालक, विद्याप्रेमी, वीर, और हिन्दीहितैषी हैं।

बीजोलिया-पार्श्वनाथ ।

(अतिशयक्षेत्र)

रियासत उदयपुर (मेवाड़) में रतलाम नीमच रेल्वे लेनमें भीलवाड़ा स्टेशनसे ३२ कोस पूर्व और नीमचसे ३० कोस उत्तरमें बीजोलिया रियासतका मुख्यनगर है। स्टेशनसे बीजोलिया तक ऊँट व घोड़ाकी सवारी पर जाना होता है।

ग्रामके समीपही आग्नेय दिशामें श्रीमत्पार्श्वनाथस्वामीका अतिशयक्षेत्र बहुत प्राचीन और रमणीय स्थानमें है। सैकड़ों स्वाभाविक चट्टानें बनीं हुई हैं। ऐसा मालूम होता है कि शायद् भगवानका विहार होते समय समवसरण इस स्थानपर आया होगा, यहांपर पत्थरकी बड़ी २ चट्टानोंपर दो भारी शिलालेख हैं।

आतेही दरवाजेके साम्हने जो शिखरबन्द मन्दिर है, उसमें शिखराकार पाषाणके मन्दिरके अन्दर स्थापित है। जिसके बीचमें एक ताक है, उसकी महरावपर २३ प्रतिमाऍं कई तीर्थंकरोंकी खुदी हुई हैं। परन्तु ताक खाली है, इस शिखरके पीछे कुछ आकार वेदीका बना हुआ है, जिसमें प्रतिमा स्थापित होनेके निशान पाये जाते हैं। चारों तरफ दीवारपर मुनीश्वरोंकी प्रतिमाएँ खुदी हैं, और एक लकीरमें कुछ लिखा भी है, पर पढ़ा नहीं जाता। मन्दिरसे जो सभामण्डप टूटा हुआ है, वह करीब ३६ फुट लम्बा और २५ फुट चौड़ा है, इसमें १४ खम्भें जुदे लगे हैं, मण्डपके देखनेसे प्राचीनता मालूम पड़ती है। मन्दिरकी चौखटमें दाहिनी बाजूपर ऐसा लिखा हुआ है "साधु महीधर पुत्र मेवा रखो प्रणमति नित्यम् सम्वत् १२२६ वैसाख कृष्णा ११" खुदा है। मन्दिरके चारों तरफ दूरी गुम्बजदार चार गुमठियां बनी हैं, इनके भीतर भीतोंपर मुनीश्वरोंकी प्रतिमाओंके निशान हैं। मन्दिरके साम्हने दो मानस्तम्भ हैं, पहिला दाहिने हाथका जमीनसे बाहर निकला हुआ ६ फुट ऊंचा है। ऊपरके भागमें चारप्रतिमाऍं श्रीचंद्रप्रभु, श्रीनेमिनाथ, श्रीवर्द्धमानस्वामी, और श्रीमत्पार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिमाएँ खड्गासन और श्रीपार्श्वनाथस्वामीके नीचे दो मुनीश्वरोंकी प्रतिमाऍं खुदी हैं, जिनके बीचमें शास्त्र बाँचनेकी रिहल (चौकी) का आकार बना है। पहिले स्तम्भमें भट्टारक श्रीपद्मनंदीदेव और दूसरेमें भट्टारक श्रीशुभचंद्रदेव ऐसा लिखा है। दोनों नामोंके बीचमें दो कमंडलु बने है। कमंडलुके नीचे चरण बने हैं, बाकी तीन तरफ खड्गासन मुनीश्वरोंकी ३ प्रतिमाऍं खुदी हैं। इन चरणोंके नीचे एक लेख संस्कृत भाषामें साफ २ लिखा है जिसका कुछ भाग

जमीनके अन्दर दबा है । शेषमें श्रीकुन्दकुन्दाचार्यकी पट्टावलीमें श्रीधरमचंद्र गणीका व्यवरण लिखा हुआ है ।

दूसरा मानस्तम्भ जमीनसे ५ फुट बाहर ऊचा है, जिसमें चार प्रतिमाएँ श्रीपार्श्वनाथ, श्रीवर्धमानस्वामी, श्रीनेमिनाथस्वामी, श्रीसम्भवनाथस्वामीकी हैं । चिन्ह साफ २ मालूम नहीं देते । प्रतिमाओंके नीचे चारों तरफ मुनीश्वरोंकी प्रतिमाएँ खुदी हैं । इनमेंसे दो शास्त्रस्वाध्याय करते समयकी और खड्गासन है । श्रीमत्पार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिमाके नीचे तथा श्रीमद्वर्धमानस्वामीकी मूर्तिके नीचे दो श्लोक अस्पष्ट पाये जाते हैं । मानस्तम्भके साम्हने थोड़ीही दूरीपर एक नवचौकी नामक इमारत है, इसमें १६ खम्भे लगे हैं, और नौ चौक जुदे २ मालूम होते है । मन्दिरकी दक्षिण बाजूमें वड़ीभारी वाटिका थी, पर इस समय इसी जगहमें एक बावड़ी और खजूरके वृक्ष है । उत्तर दिशामें एक कुंड ६० फुट लम्बा और ६० फुट चौड़ा तथा २१ फुट गहरा चौकोर वना है । उसी कुंडमें से एक बावड़ी निकली है, जिसका दरवाजा कुंडमेंसे है । इस कुंडकी उत्तरदिशामें एक विचित्र शिलालेख ११॥ फुट लंबा और ३॥ फीट चौड़ा 'पृथ्वीराजरासाकी वंशावलीका' संस्कृतभाषामें है । इसको सुरंग लगाकर किसीने फोड़नेका प्रयत्नकिया था परन्तु मधुमक्खियोंके उपद्रवसे वह निष्फल हो गया । जिसके चिन्ह अब भी पाये जाते हैं ।

दूसरा शिलालेख १५ फीट लम्बा और ५ फुट चौड़ा सिद्धसूरी रचित उत्तमशिखरपुराण संस्कृत भाषामें ५२ पंक्तियोंमें साफ २ खुदा हुआ पढ़ा जाता है । उसमें जो श्लोक साफ २ पढ़े जाते हैं वह ये हैं:—

"अज्ञान तिमरान्धानां त्रैलोक्ये सर्वजन्तुनाम् । नेत्रमुन्मीलितं येन तं वन्दे विशदं प्रभुम् ॥२॥
कलौ युगे महाघोरे नराणामल्पबुद्धिनाम् । येन मुक्तिपथि....सुतीर्थं प्रकटीकृतम् ॥ ३ ॥
निगृहीतेन्द्रियग्रामो महावीरो महामतिः । तस्मिन् समागमदेवः प्रभुः केनापि हेतुना ॥१०॥
...पःकामाग्रणीर्युक्तो ऋषिभिस्तत्त्वदर्शिभिः । .... ॥ ११ ॥

वैडूर्यचामीकरचारु चित्रं, प्रशासितं पुष्पितपादपंच ।
विचित्रमाश्चर्यमयं च दृष्ट्वा, सगौतमस्तं गिरिमारुरोह ॥ ३ ॥
इति सिद्धसूरिविरचितः शिखरपुराणे प्रथमः सर्गः ।

अथ मत्वोपरिगिरं... द्वारत्या तथां सुतान् । सक्रिमंक्रनमस्कृत्य प्रहृष्टः सन्यवर्त्तत ॥३४॥
आगत्य पर्वताम्पाशे वहवस्तत्र तापसाः । प्रतिबोध्य जगद्वन्द्यं वन्दनाय प्रवर्तते ॥३५॥"

इन सब चिन्हांसे मालूम होता है कि यहभूमि पवित्र और तपश्चरणकी होनेमें कुछ संशय नहीं है। पं० प्रवर आशाधरजी सागारधर्मामृत प्रतिष्ठापाठ अनेक ग्रंथोंके रचयिता वीजोलियाके पास मांडलगढ़के रहने वाले ही थे। इन दोनों शिलाले-खोंपर छाया कराके माजी नरेश हुजूररावकृष्णदासने रक्षण किया है।

यह ग्राम अनुमान ७०० घरकी छोटीसी वस्ती है, जिसमें दिगम्बरियों के ४६ गृह आवाद हैं, और मनुष्यसंख्या १८६ है। वस्तीके बीचमें राजमहलके पास दिगम्बर जैनमन्दिर है, जिसमें श्रीचंद्रप्रभु महाराजकी प्रतिमा स्फटिकमणिकी एक फुट अवगाहनाकी पद्मासन पानीपत निवासी सीकरचंद बागड़ा बघेरवालसे प्रतिष्ठित हुई मनोज्ञ विराजमान है। और ३ प्रतिमा ४ फुट अवगाहनाकी श्रीमत्पा-र्श्वनाथ श्रीवर्द्धमानस्वामी और श्रीऋषभदेव तीनतीर्थंकरोंकी पद्मासन जयपुरी पाषाणकी अति मनोज्ञ है। इस मन्दिरमें प्रतिदिन शास्त्रसभा होती है। यहां जैनपाठशाला भी है।

वस्तीके वाहर पूर्व दिशामें ३ फलांगकी दूरीपर वड़ा भारी आलीसान (विशाल) ४ मन्दिर महादेवके लक्षोंरुपयोंके लागतके बने हैं। जिनके बीचमें एक मदागन नामक कुंड अतिशोभायमान ७० फुटके करीव लम्बा चौड़ा सं० १३२६ का बना हुआ देखने योग्य है।

व्यापार यहांपर गल्ला, अफीम, कपास आदिका विशेष होता है।

बूंदी।

राजपूताना प्रान्तमें कोटासे २० मील पश्चिमोत्तर पहाड़ियोंके तंगरास्तेमें बूंदी बसी है। कोटा स्टेशन (R M. R.) से बूंदीतक सवारी हर समय मिलती है।

बूंदी कोटा झालावाड़ तीनों रजवाड़ोंको 'हाड़ोती' कहते हैं। बूंदीका राजवंश चौहान राजपूतोंकी हाड़ा जाति है, जिन्होंने कई सदियों तक इस देशपर अधिकार रक्खा; बूंदीके नरेशोंको 'महारावराजाकी' पदवी है। बूंदीमें कई हाड़ाजातिके राजपूत वीर हुये हैं, जिनकी कथाएँ इतिहास प्रसिद्ध हैं।

पहाड़ीकी खड़ी बगलपर राजमहल बना हुआ है, नीची ऊंची भूमिपर सड़क और मकान बने है। महलके नीचे अस्तबलके आंगन और दूसरे आफिसोंकी वड़ी पंक्ति है, जिससे ऊपर राजसम्बन्धी मकान हैं, इनसे ऊपर कचहरीकी खानगी कोठियां है, सबसे ऊपर पहाड़ी किला इतिहास प्रसिद्ध है।

शहर चारों ओर कोटसे घिरा हुआ है, जिसमें चार फाटक है। पश्चिममें 'महलफाटक' दक्षिणमें 'चौगानफाटक' पूर्वमें 'मीनाफाटक' और पूर्वोत्तर 'जाटसागर फाटक' है।

किलेकी पहाड़ीपर अन्य धार्मियोंका बड़ामन्दिर, और दक्षिणकी शहरतलीमें एक दूसरा मन्दिर है। किलेकी पहाड़ीकी एक शिखरपर एक 'छतरी' है, जिसके उत्तर 'फूलवाग' इससे दक्षिण, शहरसे २ मीलकी दूरीपर 'नयावाग' है। जाटसागरके उत्तर किनारेपर कई सुन्दर बाग हैं।

बूंदीमें खैराती (मुफ्ती) 'अस्पताल' एक 'अंग्रेजीस्कूल' एक 'पोष्टआफिस' और एक 'टकशाल' (जिसमें सोना चांदी और तांबेके सिक्के ढाले जाते हैं,) हैं।

यहां दि० जैनियोंके खंडेलवाल श्रीमाल अग्रवाल बघेरवाले आदि जातियोंके २०५ घरोंकी ६११ मनुष्यसंख्या है। १० शिखरबंद मन्दिर एक चैत्यालय और एक नशियां वस्तीके बाहिर है। मन्दिरोंमें धर्मशास्त्र अनुमान ७७९ हैं। एक जैनपाठशाला भी है, पाठशालामें, पढ़ाईका प्रबंध ठीक नहीं है।

कपास अनाज और अफीमका व्यापार अधिक होता है।

बैनेड़ा।

(अतिशयक्षेत्र)

इन्दौर रियासतकी देपालपुर तहसील (ताल्लुका) में यह अतिशयक्षेत्र है, निकटवर्त्ती राजपूताना मालवाका रेलवेस्टेशन 'अजनोद' है।

यहांपर २ उतंग अतिमनोज्ञ जिनमन्दिर एक चैत्यालय और ४ दर्शनस्थान हैं। धर्मशाला बहुत छोटी है अनुमान ३०-४० यात्री ठहर सकते हैं।

मन्दिरोंमें धर्मशास्त्र १५ हैं। यहांपर प्रति वर्ष चैत्र सुदी ११ से १५ तक मेला भरता है, यात्री यहांपर वर्ष भरमें अनुमान ढाई हजार आते हैं। बनैड़ामें ६ खंडेलवालोंके घरोंकी मनुष्यसंख्या १६ है।

भरतपुर।

राजपूतानामें भरतपुर बड़ा शहर है। यह सुन्दर शहर राजपूताना मालवा रेल्वे लेनपर व नागदा मथुरा रेलेका जंकशन है।

इस शहरका नाम 'भरतराजाके' नामपर रक्खा गया है । कहते हैं कि यह शहर कृष्णजीकी हिफाजतमें है । जिनकी पूजा यहां विहारीजीके नामसे की जाती है। चूडामणि जाटसे राजवंश नियत हुआ । यहांका किला सुप्रसिद्ध है, इसको भरतपुरके राजा बदनसिंहने सन् १७३३ ई० में बनवाया था । १८०५ और १८२७ में लॉर्डलेक और लॉर्ड कोम्बरमिअरने इसे घेरा था किलेकी खाई बहुत लम्बी चौड़ी है, जिसमें बारहों महिने पानी करीब १६-१७ फुट भराही रहता है । अलीगढ़, मथुरा, अलवर आदि भी भरतपुर राज्यमें थे, बाद अंग्रेजोंके साथ लडाई होनेसे ये जुदे २ हो गये ।

यहांके 'सूरजमल्ल' जाट बहुत मख्यात हुये हैं । युद्धमें जाटोंने अच्छी वीरता दिखलाई थी। दि० जैनियोंके ११२ घर और २९५ मनुष्य हैं। मन्दिर एक शिखरबन्द और दो चैत्यालयनुमा और दो चैत्यालय है। इनमें बड़ा मन्दिर दरवाजेके पास है। और एक चैत्यालय ट्रन्सकोर्ट छावनी मडोली रियासत फौजके अन्दर है, बाकी सब शहरमें है । यहांके कई जैनी भाई राजमान हैं परन्तु धर्मप्रेम कम है ।

भरतपुरमें चूड़ियां अच्छी बनती हैं, बस्ती तमाम उजाड़ दशामें है । राजमहल बाग, कचहरी, रूपसागरझील, हाईस्कूल, और किला देखने योग्य है । भरतपुरसे १५ मील डीग है, यहांका 'किला' और सूर्यमलका बनवाया हुआ 'राजमहल' देखने योग्य है।

भानपुरा ।

रियासत इंदौरमें (R. M. R.) लेनपर नीमच स्टेशनसे करीब ५८ मील तथा झालरापाटन शहरसे १९ मीलके फासलेपर 'रेवानदीके' किनारेपर भानपुर बसा हुआ है। कहते हैं कि इसको 'भाना' नामक भिल्लने बसाया था। ईसाकी १४ वीं सदीमें यह नगर चन्द्रावतके राजाओंके आधीन था, पीछे १८ वीं सदीमें यह पेशवाके सूबेदार महाराजा 'मल्हारराव होलकर' के हाथ आया, और तबसे यह उनके खानदानमें ही है।

प्राचीनकालसे दिगम्बरियोंकी बस्ती है । यहांके दिगम्बरी प्रायः सबही व्यापारी हैं। घर ९६ तथा मनुष्यसंख्या ३५१ है। दिगम्बरियोंके ८ मन्दिर हैं, ७ बस्तीमें और एक बस्तीके बाहर करीब डेढ़ मीलपर है। यह करीब ३०० वर्षका बना हुआ मन्दिर है। पूजन प्रक्षालका इन्तजाम बिलकुल नहीं है । और भी अन्यमतियोंके ५। ६ अच्छे २ मन्दिर हैं, बीजक शिलालेख कुछ नहीं है । बस्तीके बड़े मन्दिरमें चमेलीके झाड़के पास एक शिलालेख खुदा हुआ है परन्तु इसके अक्षर बिलकुल घिस गये हैं ।

कहते हैं कि यह मन्दिरभी ३०० वर्षका बना हुआ है। एक शिलालेख छतरी मन्दिरके दाहिने भागपर है जिसकी नकल नीचे दी है।

छतरी मन्दिरका शिलालेख।

"ॐ नमः सिद्धेभ्यः संवत् १७८७ वर्षे कार्तिकसुदि १५ शुक्रे श्रीभानपुरनगरे श्रीचंद्रप्रभचैत्यालये श्रीमूलसंघे सरस्वतीगच्छे........कारणे कुन्दकुन्दाचार्या...........श्री रतनचंद्र त० भ० हर्षचंद्र त० भ० शुभचंद्र त० भ० अमरचंद्र त० भ० श्रीरतनचंद्र.... अमरचंद्र....श्रीदेवचंद्र तस्य भ्राता...........श्रीसंघैःसह....श्रीरतनचंद्र स्पहची .... श्री महावीर प्रतिमा पादुका विराजमान करी........वसुदेव चंद्रजी........................"

बस्तीके बड़े मन्दिरमें भट्टारकके जमा किये हुए ५०० के करीब धर्मग्रंथ मौजूद हैं। बड़े मन्दिरके पूजनप्रक्षालके लिये सरकारकी तरफसे ७५ बीघा जमीन और ४०) रुपया सालयाना मिलता है। यहांपर हूमड़ और बघेरवाल भाइयोंमें फूट होनेसे प्रबन्ध ठीक २ नहीं होता है।

इस नगरमें राजमहलके अन्दर भूतपूर्व सूबेदार 'जसवंतराव होलकर' की मूर्ति संगममेरकी बनी हुई देखने योग्य है।

पैदावारी यहांपर गल्ला, अफीम, पानकी बहुत होती है, विशेषकर नारंगीके लिये यह शहर मशहूर है।

भेलसा।

ग्वालियर रि० में जी. आई. पी. रेल्वेके बीना जङ्कशनसे २८ मील दक्षिणकी ओर बेतवा नदीके किनारेपर है।

बीनासे भेलसा तकके प्रान्तमें हरिन बहुत हैं।

यह जगह बौद्धोंके स्तूपोंके लिये प्रसिद्ध है, बौद्धस्तूप अधिक फैले हुए हैं, कदाचित हिन्दुस्थानमें सबसे उत्तम बौद्धस्तूपोंका समूह भेलसाके आसपास और 'सांची' में है। भेलसाके बौद्धस्तूप ६५ के अनुमान है, और ये १७ मील लम्बाई और १० मीलकी चौड़ाईमें फैले हुए हैं।

भेलसा स्टेशनसे ५ मील 'सांचीका' स्टेशन है, सांचीमें ११ बौद्धस्तूपोंका एक झुंड है, जिनमें बड़ा स्तूप प्रधान है।

बड़ा स्तूप गुम्बजके आकारका है, इसका व्यास १०६ फुट और ऊंचाई ४२ फुट है। सिरेपर ३४ फुट व्यासका एक चिपटा स्थान है। १४ फुट ऊंचे और १२० फुट व्यासके ढालुए पुस्तेपर गुम्बज हैं। स्तूपमें भीतर ईंटें और बाहर पत्थर लगे हैं। स्तूपकी बगलोंमें गोलाकर दीवार है, जिसमें चारों ओर ४ फाटक वा तोरन हैं, कहते हैं कि कई स्तूप तो बौद्धसम्राट 'अशोकके' जमानेके हैं, सांचीका बड़ास्तूप ईस्वी सन्से २५० वर्ष पहिलेका, और अन्य स्तूप पहिली सदी तकके बने हुए होंगे।

सांचीके स्तूपोंके सिवाय इससे ५ मीलकी दूरीपर 'सोनाराके' पास ८ स्तूपोंका झुंड है, इनमेंसे २ तो समचतुर्भुज चौगान में है, इससे ३ मील के अन्तरपर 'सधाराके' पास १०१ फुट व्यासका एक स्तूप है, एक स्तूपके भीतरसे जिसका व्यास २४ फुट है, दो डब्बोंमें 'सारिपुत्र' और 'महामोगलायनकी' हड्डियां निकली हैं। ये दोनों महात्मा 'बुद्धदेवके' शिष्य थे, सारिपुत्रका देहांत बुद्धकी वर्तमानता (मौजूदगी) में हो गया और मोगलायन बुद्धके निर्वाण (मोक्ष) के पीछे।

सांचीसे ७ मील भोजपुरके पास ३५ स्तूप है। सबसे बड़े स्तूपका व्यास ६६ फुट है।

भोजपुरसे ५ मील पश्चिममें 'अंधारे' के पास ३ छोटे उत्तम स्तूपोंका झुंड है, जो ई० सन् से २२० पहिले और पहली सदीके बीचके बने हुए हैं।

सन् १८८३ ई० में हिन्दुस्तानकी गवर्नमेंटकी आज्ञासे स्तूपोंके प्रधान झुंडोंपर अधिक ध्यान दिया, गिरे हुए फाटक खड़े किये गये, और स्तूपोंकी मरम्मत हुई।

कई जैनीभाइयोंने निश्चित किया है कि भेलसा (भद्दलपुर) में ही तीर्थंकरका जन्म कल्याणक हुआ था इस कारण यह अतिशयक्षेत्र है। भेलसा में दि० जैनियोंके परवार गोलालारे खंडेलवाल जैसवाल आदिके ९३ घरोंकी ३४८ मनुष्यसंख्या है।

एक बड़ा भारी शिखरबंद मन्दिर है, मन्दिरकी रथप्रतिष्ठाके समय अन्यधर्मियोंने बहुत विघ्न किये थे, तो भी जैनियों ने बड़े भारी साहस से रथ चलाया था।

इसके सिवाय २ चैत्यालय और ७ जगह जिनदेवके दर्शनस्थान हैं, मन्दिरमें धर्मशास्त्र २१६ हैं। और एक धर्मशाला, और एक जैनपाठशाला भी है।

भेलसामें गेहूं घी अफीमका व्यापार अधिक होता है।

भोपाल ।

मध्यभारतमें भोपाल जी० आई० पी० रेल्वेका स्टेशन है। एक प्रसिद्ध झीलके उत्तरी किनारेपर भोपालराज्यकी राजधानी भोपालशहर बसा है । राजा 'भोजने' इस शहरको ईसाका १२ वीं सदीके पहिले बसाया था, और इसका नाम 'भोजपाल' रक्खा, पीछेसे भोपाल प्रसिद्ध हुआ ।

यहांके नव्वाव खानदानको नियत करनेवाला अफगानिस्थानका दोस्त 'मुहम्मद' हैं, जो 'औरंगजेबके' आधीन कर्मचारी थे और सन् ई० के १८ व शतकके आरम्भ में भोपाल स्वाधीन राज्य बन गया । इसके वंशवाले सदैव अंग्रेजोंके मित्र रहे ।

भोपालकी वर्त्तमान बेगमका नाम नव्वाव शाहजहांबेगम जी० सी० एस० आई० सी० आई० है ।

भोपालमें अंग्रेजी फौज रहती है। यहांकी 'झील' ४॥ मील लम्बी १॥ मील चौड़ी है, शहर २ मीलकी दीवार से घिरा हुआ है, घेरेके भीतर 'किला' है । शहरके बाहर एक तिजारती बस्ती है, और दाक्षिण पश्चिम एक बड़ी चट्टानपर 'फतहगढ़' नामक किला है, इसमें भोपालकी बेगम रहती है, बेगमसा०के महलमें कारीगरीका बहुत काम नहीं है, तिसपर भी यह विशालभवन देखने योग्य है । मृत 'खुदसिया' बेगमकी बनवाई हुई 'जुमामसाजिद' मृत 'सिकन्दरबेगमकी' 'मोतीमसजिद' और 'टकशाल' 'तोपखाना' खुदसियाबेगम और सिकन्दरबेगमकी 'वाटिका' भोपालमें देखनेकी प्रधान वस्तु हैं।

शहरके पूर्व नवीब हयातमुहम्मदखांके मंत्री छोटेखांकी बनवाई हुई २ मील लम्बी झील है, इसका बांध (पुल) पक्का है ।

यहांपर एक 'जनानाअस्पताल' जनाना (औरतों) 'स्कूल' 'अंग्रेजीस्कूल' 'उर्दूस्कूल' 'हिन्दूस्कूल' भी देखने योग्य हैं ।

भोपालके दि० जैनियोंके परवार खंडेलवाल जैसवाल अग्रवाल कटनेरा श्रीमाल गोलालारे खरौवा बरैया पद्मावतीपरवार आदि जातियों के ११४ घरोंकी मनुष्यसंख्या ४६४ है। परवारोंकी संख्या अधिक है । यहांके जैनी प्रायः व्यापारी अधिक हैं । एक शिखरबंद 'मन्दिर' और दो 'चैत्यालय' हैं । 'धर्मशालाएँ' ३ हैं, परन्तु प्रबंध ठीक नहीं है । एक दि० जैनपाठशाला भी है, जिसमें पं० प्यारेलालजी पढ़ाते हैं । पाठशाला का प्रबंध अच्छा है ।

भोपालसे १० मीलकी दूरीपर 'समसगढ़' नामक अतिशयक्षेत्र है, यहां के जीर्णमन्दिरमें पाषाणकी ३ प्रतिमाएँ। मोतीसरीखी चमकती हुई अति सुन्दर हैं। मन्दिर प्राचीन है, प्रबंध ठीक नहीं है।

भोपालमें अफीम गल्ला और गांजा अधिक पैदा होता है, और इन्हीं चीजोंका व्यापार अधिक होसा है।

मऊकीछावनी।

इन्दौरसे १३ मील दक्षिणकी ओर मऊका स्टेशन है, मऊ इन्दौरराज्य में पहले दर्जेका जिलेका सदरस्थान है। वस्तीसे एक मीलकी दूरीपर बंबई फौजके एक डिवीजनका सदरस्थान मऊकी अंग्रेजी छावनी है। मऊमें अंग्रेजी और देशी फौजोंकी प्रसिद्ध छावनी है।

व्यापार यहांपर कपड़ेका अधिक होता है। ३ शिखरबद मन्दिर एक चैत्यालय और ९ दर्शनस्थान हैं, खंडेलवाल अग्रवाल पल्लीवाल और लमेचूके ६० घरोंकी २२७ मनुष्यसंख्या है। मन्दिरमें अनुमान २४८ धर्मशास्त्र है, और एक धर्मशाला भी है। भाई 'फतेलालजी गोधा' प्रसिद्ध वैद्य हैं, आपकी बनाई हुई प्लेग की दवासे, हजारों रोगियोंने लाभ उठाया है।

मक्सीपार्श्वनाथ।

(अतिशयक्षेत्र)

रियासत ग्वालियरमें उज्जैनसे भोपाल लैन जी० आई० पी० आर० का खास स्टेशन है। यहांपर पोस्ट तारआफिस भी है।

यहां एक प्राचीन जैनमन्दिर है, जिसमें मूलनायक श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी ढाई फुट ऊंची पद्मासन श्यामवर्ण पाषाणकी चतुर्थकालकी प्रतिमाजी विराजमान हैं। इनपर शाके संवत् वगैरः कुछ नहीं है। मूलनायकके मन्दिरके चारों तरफ ५२ देवरी और बनी हुई हैं, उनमें ४२ प्रतिमाएँ ऐसी विराजमान हैं जिनमें 'मूलसंघ' भट्टारक 'साह जीवराज पापडीवाल' स० १९४८ वैसाख वदी ६ लिखा है। इस मंदिरमें ९ वजेको सुबहतक दिगम्बरी पूजन करते हैं, पीछे श्वेताम्बरी पूजनकरते हैं, और मूलनायक

अपनी पूजनके समय कृत्रिमनेत्र लगा देते हैं। दिगम्बरी पूजन होनेके समय नेत्र निकाल लिये जाते हैं। इससे प्रतिमाकी बड़ी अविनय होती है।

बड़े मन्दिरके सिवाय दो दिगम्बर जैनमन्दिर और हैं, एकमें मूलनायक सुपार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिष्ठा सं० १८९९ में 'प्राणसुख' 'लक्ष्मणदास' टीकमगढ़वालोंने कराई थी, और दूसरे में मूलनायक श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिष्ठा सं० १८६१ में उज्जैनके जसवाल भाइयोंने कराई थी।

पूजनप्रक्षाल आदिका प्रबन्ध 'इन्दौर' 'उज्जैनके' पञ्चोंकी तरफसे मुनीम 'गणपत भंडारी' के आधीन है। वर्त्तमानमें प्रबन्ध अच्छा है, यात्रियोंको ठहरनेके लिये कच्ची एक 'धर्मशाला' है, जिसमें करीब ४० आदमी ठहर सकते हैं, मेलेके समय यात्रियोंको ठहरनेमें बड़ी तकलीफ होती है। यहांपर परवार (जैनी) भाईका एक ही गृह है, और सरस्वतीभंडारमें केवल दो ही ग्रंथ हैं। मेला फाल्गुन सुदी ८ से १५ तक होता है।

महोबा *।

यह प्राचीन शहर प्रायः मालवाकी सीमापर 'कवराई' स्टेशनसे १३मील पश्चिम झांसी मानिकपुर लेनमें महोबा का स्टेशन है। महोबा हम्मीरपुर जिलेमें तहसीलका मुकाम और पुराना कस्वा है।

'चन्देल' राजपूतराजा 'चन्द्रवर्माने' सन् ईस्वीकी ८ वीं सदीमें इसको बसाया, और यहां महोत्सवयज्ञ किया, इससे इसका नाम महोबा पड़ा। यह 'मदनसागर' नामक झीलके किनारेपर बसा है। इसके ३ हिस्से हैं, एक मध्य पहाड़ीके उत्तर पुराना किला, दूसरा पहाड़ीके शिरपर भीतरका किला, और तीसरा दक्षिण ओर दरीबा।

चन्देलोंके समयकी कारीगरी दिखलाती हुई आसपासमें बहुत पुरानी इमारतें हैं। चन्द्रवर्मा जिस स्थानपर मरा वहां 'रामकुंड' है, किले उजाड़ पडे हैं। 'मदनवर्माका' बनवाया हुआ मुम्बादेवीका 'मन्दिर' है, जिसके दरवाजेके आगे पत्थरके खंभेपर मदनवर्माका लेख है। बनवाई झीलोंमेंसे दो भर गई है, परन्तु ११ वीं और १२ वीं सदीके बने हुए 'कीर्त्ति-सागर' और 'मदन-सागर' अभीतक स्वच्छ और गहरे

---

* इसका वर्णन युक्तप्रान्तमें न छपनेके कारण राजपूताना मालवामें लिखा।

पानीसे भरे हैं। किनारों और टापुओंमें उजाड़ दशा में मन्दिर चट्टान काटकर बनी हुई बड़ी बड़ी प्रतिमाएँ और मन्दिरोंके निशानात देख पड़ते हैं। पहाड़ियोंपर पूर्वसमय के राजपूतोंके गर्मीके दिनोंमें रहनेके मकान और देवस्थान हैं। मुसलमानी समयका बना हुआ जालनखांका 'मकबरा' और 'मसजिद' है।

यहां कई इतिहास प्रसिद्ध लड़ाइयां हुई हैं जो कि 'आलाऊदल' नामसे प्रसिद्ध हैं।

महोबा पूर्वकालमें जैनियोंका प्रधान स्थान रहा होगा, कई लोगोंका कहना है कि राजा 'चन्देल' जैनधर्मावलम्बी थे, चन्देलके नामकी कई प्रतिमाएँ मिली हैं। यहांके पठान मुहल्लेमें कुआ खुदते समय २४ दि० जैन प्रतिमाएँ निकली थीं, दो प्रतिमा बड़ी और २२ छोटी हैं। श्रीयुत राजारामजी जैन बांदा और दि० जैनतीर्थ-क्षेत्रकमेटीके प्रयत्नसे ये प्रतिमाएँ दि० जैनियोंको मिल गई हैं।

महोबाके प्रतिबिम्ब।

(१) पार्श्वनाथ–सफेद पाषाण, पद्मासन, नागका चिन्ह, संवत् ८२१ फागुन सुदि ९ साधुराये साधुवदेरतन सतसासुदेवं गति सर्प फणिमति नित्यः।

(२) पद्मप्रभु–सफेद पाषाण, पद्मासन, कमलचिन्ह ८२२ संवत्.

(३) महावीर स्वामी–सफेद पाषाण पद्मासन, सिंहका चिन्ह, १११४ संवत वैसाख सुदि ८ भौमेगह पतिसाहुथी भागे सुतः बुधौदृऊ को विहां पुर वमति (हाथ-पैरकी उंगली टूट गई हैं)

(४) आदिनाथ–कालेपाषाणकी पद्मासन संवत १२०९ माघ सुदि ९ नवौग्रह प्रत्यासूच साधुसोह देवपुत्र साधुदृढ्क्क भार्या तल्पता प्रकेमनिवि.

(५) आदिनाथ–सफेद पाषाण संवत १२१९ गोल्ला पुर्वान्येतस्य पुत्र साधुभस्म.

(६) धर्मनाथ–कालेपाषाण खड्गासन वज्रका चिन्ह सं. १२२३ वैसाख सुदी ५ पंडित कश सिद्धान्तदानकमोप सिहासवतु १२२३ वैसाख सुदि ५ प्रतिष्टं.

(७) चन्द्राप्रभु–सफेद पाषाण पद्मासन चन्द्रमाका चिन्ह सं १२२३ वैसाख सुदि ७ साधुमहागणवशारतनशंडशमतेर. (आगेके अक्षर पढ़े नहीं जाते हाथका अंगूठा खंडित हो गया है)

(८) अभिनन्दन–काले पाषाण पद्मासन वन्दरका चिन्ह संवत १२४३ जेष्ट सुदि ९ गोल्लापुर्व्वान्ये सावुराल्लुतार्यंच पातयो पुत्र सावु पंल्हे भार्या वांछि हणिपुत्र रामचंद्र विजयचंद (दाहिना कान खंडित हो गया है)

(९) मुनिसुव्रत–काले पाषाण पद्मासन कछवाका चिन्ह १२४३ जेष्ट सुदि ९ जेष्ट सुदि ९ चम्यां गुरवार प्रतिष्टा संवृत्ता गोल्ला पुर्व्वान्यो लाङ्ग न वसाधु मर्हवराणो गुणौ कुलशील दया दान सत्य शौचादि शालिनाम् शुर्ण पम्मनुरम्या इधुकिरवचन्द्रम-णरात्कीर्त्ति चंद्रिका क्रान्तति शेष भुवतश्या चातुर्यौदार्या सोदर्या तो

क्षनृ ॥ दिगुणवया । रक्षित्कारर्यामाधपि पुर्वाम्रा ॥ कातत्ररम ॥
सावुश्रीसूरेताद्यासातिणि तदापापासुतमूपढ प्रणमतिनितं ॥

(१०) चन्द्रप्रभु–सफेद पाषाण पद्मासन चन्द्रमाका चिन्ह (लेख संवत कुछ नहीं)

(११) मुनिसुव्रत–काले पाषाण खड्गासन कछवाका चिन्ह कातक वदि ४ कालष मसिववेलिका.

(१२) आदिनाथ–काले पाषाण खड्गासन (लेखसंवत कुछ नही है)

(१३) आदिनाथ–(गुमटीदार) काले पाषाणके बीचमें पद्मासन आजूबाजू खड्गासन (लेख संवत कुछ नहीं ह)

(१४) शान्तिनाथ–काले पाषाणके खड्गासन हरिनका चिन्ह संवत कुछ नहीं–– पंडित कदुसिंहरादनक गोपसिद्धप्रणमन्ति नित्यंसहस्रथोहि विताकर्तव्या.

(१५) आदिनाथ काले खड्गासन साल संवत कुछ नहीं है––

(१६) आदिनाथ काले पाषाण खड्गासन–संवत कुछ नहीं. इन्द्र यक्ष वगैरह नीचे खुदे हुए हैं.

(१७) आदिनाथ काले पाषाण खड्गासन संवत लेख कुछ नहीं. गुमटीदार पाषाणमें खुदी हुई है. बीचमें एक पद्मासन बांये तरफ एक खड्गासन दाहिने तरफ १ खड्गासन प्रतिमा हैं.

(१८) एक मूरत सफेद पाषाणकी जो कलेक्टर साहबके पास है संवत १२१६ सालकी पुष्पदन्त स्वामीकी है.

नोट––(१) एक काली मूरत चार भुजाकी हथियार लिये और सिरपर कुछ उंचा २ लगा है, और दाहिने बाजूको एक इन्द्रके माफिक खड़ा है.

(२) एक काला पालिसदार चौकोर पत्थरके मध्यमें गोल भामंडल और नीचें दो प्रतिमा पद्मासन उकेरी हुई हैं. लेख संवत् कुछ नहीं है, यह मियासाहबके घरपर रक्खा है.

ये सब प्रतिमा लेकर विराजमान कर दी हैं।

मंदसोर ।

ग्वालियर रियासतमें जिलेका सदरमुकाम शिवना नदीके किनारेपर राजपूताना-मालव रेलवेका अजमेर खंडवा लेनमें स्टेशन है । प्राचीनकालमें इसका नाम 'दशपुर' या 'दशांगपुरा' था । दशापुराका अर्थ दश मुहल्लोंका नगर है । प्राचीनकालके जैनियोंके तथा ब्राह्मणोंके मन्दिरोंके खंडहर पाये जाते हैं । पूर्वसमयमें यह शहर मालवाके राजा यशोवर्मन्‌के आधीन था । स्वामीसमन्तभद्राचार्यने अन्यधर्मियोंसे शास्त्रार्थ करके परास्त किया था ।

इस समय मंदसोरकी मनुष्यसख्या करीव २१ हजार है, जिसमें दिगम्बरियोंके ११८ गृहोंमें ४०७ मनुष्य हैं । दिगम्बरियोंके ५ शिखरवन्द मंन्दिर और २ चैत्यालय हैं जिनमें दर्शन ७ जगह हैं । जनकपुराके मंदिरमें पूजन प्रक्षाल तथा शास्त्रसभा प्रति-दिन होती है, जिसमें करीव ६०-७० स्त्रीपुरुष जमा होते हैं, इस मन्दिरमें एक 'जैनपाठशाला' भी है । ९०० के करीव धर्मग्रंथ हैं । दि० जैन धर्मशाला खास करकें दि० जैनियोंके लिये नहीं है पर दि० जैनियोंकी वनवाई हुई है ।

यहांपर वृटिश तथा सरकारी पोस्टआफिस, तारआफिस, म्यूनिसिपाल्टी, और हिन्दी अंग्रेजीके दो स्कूल भी हैं । व्यापार गल्ला अफीमका अधिक होता है । चुनरी लुंगड़ा आदिकी रंगाई छपाई उत्तम होती है, और दूर २ तक भेजी जाती है । शहर उजाड़ और अवनति दशामें है ।

मोरेना ।

ग्वालियर रि० में मोरेना व्यापारी कस्वा है, मोरेना जी. आई. पी. रेल्वेका स्टेशन है, यहांपर गल्ला रुई सन तिलीका वहुत व्यापार होता है, प्रायः यहांपर व्यापारियोंकी ही सख्या अधिक है ।

मोरेनामें वरैया, खंडेलवाल, जैसवाल, पल्लीवाल, पद्मावतीपरवार, और लमेचूके ५१ घरोंकी मनुष्यसंख्या करीव २०० है, २ चैत्यालय और २ दर्शनस्थान हैं ।

यहांपर 'जैनसिद्धान्तप्रचारिणीसभा' और सुप्रसिद्ध 'जैनसिद्धान्तपाठशाला' है। पाठशालाके प्रबंधकर्त्ता श्रीमान् पं० 'न्यायवाचस्पति' 'स्याद्वादवारिधि' 'गोपालदास' जी बरैया हैं। आप स्वयं विद्यार्थियोंको उच्चकोटिकी धर्मशिक्षा निःस्वार्थ होकर देते हैं। न्याय व्याकरण काव्य भी पाठशालामें पढ़ाये जाते हैं, लौकिक शिक्षा बही खाता भी सिखाया जाता है। पं० जी सरीखा जैनधर्मका ज्ञाता वर्त्तमानमें कोई नहीं है। दूर २ से विद्यार्थी इस पाठशालामें आकर पढ़ते हैं। पाठशालाका प्रबंध उत्तम है।

यहां पर धर्मशाला बन रही है, यह कस्बा व्यापारकी मंडी है।

रतलाम।

यह नगर मालवा प्रान्तागेत राजपूताना मालवा रेलवे और गोदरा-रतलाम नागदा-मथुरा रेल्वेका रतलाम जँक्शनसे करीब एक मीलपर है। स्टेशनसे शहरतक सवारी हरतरहकी मिलती है, शहरमें कई धर्मशालाएँ हैं। इसका रतलाम नाम यों प्रसिद्ध हुआ कि इसको राठोरवंशी 'राजारतनसिंहने' बसाया था। राजा सा० जोधपुरके थे, और वहांसे किसी कारण देहलीके बादशाहके आश्रयसे विजय प्राप्तकी जिससे प्रसन्न होकर बादशाहने 'घराड़' नामका इलाका बक्शीस-इनाम (पारितोषक) में दिया, बादमें यह शहर बसाया गया। इस समय महाराजा सज्जनसिंहजी के० सी० एस० आई० गद्दीपर विराजमान हैं, आप महाराज जोधपुरके राजपूत खानदानके हैं। शेठ माणिकचन्द पानाचन्द 'दि० जैनबोर्डिङ्गहाउस' महाराजा सा० के ही हाथसे खुलवाया था, आप बोर्डिंगको वार्षिक सहायता भी देते हैं।

दिगम्बरियोंकी मनुष्यसंख्या १३०० और ३१९ गृह आबाद हैं, ७ मन्दिर हैं जिसमें चांदनीचौकका शिखरबन्द मन्दिर बड़ा है, पूजन प्रक्षालका प्रबन्ध ठीक है बस्तीके बाहिर पश्चिमदिशामें ३ शिखरबन्द मन्दिर हैं, इनकी व्यवस्था हूमड़ोंके जूने (पुराने) मन्दिरके भण्डारसे होती है, प्रक्षाल रोज होता है, पूजन पर्वोंके दिन होती है।

बागड़प्रान्तके विद्यार्थियोंको सुशिक्षित करनेके लिये यहां पर दि० जैनबोर्डिंग-हौस भी है, बागड़प्रान्तके बहुतसे विद्यार्थी बोर्डिङ्गहौससे लाभ उठा रहे हैं, प्रबंध अच्छा है।

यहांपर राजमहल, सेन्ट्रलकालेज, लालबाग, बड़ा तालाब, चांदनीचौक, किला, बाग, श्वेताम्बर और स्थानकनवासियों (ढूढ़ियों) की कई संस्थाएँ देखने योग्य हैं।

रतलाम अफीमके व्यापारका केन्द्र है। व्यापार कपास, अफीम, कपडा, गल्लेका अधिक होता है। रतलाममें तांबे कांसे पीतल आदिके वर्तन अच्छे बनते हैं, और खासकर वर्तनोंके लिये प्रसिद्ध है।

राघोगढ़ ।

ग्वालियर रियासतके गुना जिलेमें जी० आई० पी० रेल्वेकी वारां कोटा लेनके 'रोठयाई' स्टेशनसे करीव १० मीलकी दूरीपर राघोगढ़ हैं। चारों तरफ पहाड़ हैं, चारों ओर परकोटसे घिरा है, चारों तरफ चार दरवाजे हैं, और चारों कोनोंपर ४ मीनारें जीर्णावस्थामें है। वि० संवत् १७४० में 'राजालालसींगने' राघोगढ़को वसाया था, अभी आपके खानदानके राजा हैं। राघोगढ़म राजा छत्तरसिंह वड़े वीर हुये हैं, आपने कर्नल जानवत्तीसकी फौजको कईवार हराया था, वादमें संधि होगई, पहले कई जैनी राज्यमान्य थे अवभी हैं।

यहांके राजा 'जैमंडलसींग' के समयसे जैनमन्दिरको ३४) सालाना तेल वत्ती पूजन आदि खर्च के लिये अभीतक मिलते हैं। और राज्यकी ओरसे भादांसुदी १४ के उत्सवके समय हाथी घोड़ा सिपाही आदि हरतरहकी सहायता मिलती है। दि० जैनियों के ३६ गृहोंकी मनुष्यसंख्या १९३ है, एक अतिसुन्दर शिखरवन्द मन्दिर ३ दर्शन स्थान हैं। जैनसभा भी होती है। वस्ती से २ फर्लांगकी दूरीपर वेदी है, वेदीका स्थान वड़ा सुन्दर है।

राघोगढ़ से पूर्वकी ओर एक पहाड़ीपर दृढ़ प्राचीन दो मीलके घेरेमें किला है, किलेके चारों तरफ खाई है। किलेके भीतर दो तालाव एक वावड़ी और ३ मन्दिर वैष्णवोंके हैं। प्राचीनसमयके तोप तलवार आदि हथियार सैंकड़ों पड़े हैं। लेखभी कई हैं।

किलेसे ४ फर्लांगकी दूरीपर दक्षिणकी ओर टेकरी है। टेकरीपर २ वैष्णवोंके मन्दिर रंगवाड़ी वावड़ी और तालाव हैं।

राघोगढ़ से वायव्यकी और नागनपुर नामक उजाड़ ग्राम है, झाड़ी सघन है। यहां कई जैनप्रतिमाएँ जमीनके अन्दर से प्राप्तहुई हैं। यहां एक पत्थरभी मिला है, काई अपरचित भाषामें लेख खुदा हुआ है। यदि यह स्थान खोदा जावे तो सैकड़ों जैनप्रतिमाएँ और मन्दिरोंके निशानात मिल सकते हैं। नागनपुरमें एक तालावभी है,

तालाबके चारों ओर बस्ती के चिन्ह हैं । और इनके सिवाय राघवगढ़ और आसपास के तालाब बावड़ी मन्दिर आदि स्थान देखने योग्य हैं ।

रायसेन ।

भोपाल रियासतमें सलामतपुर स्टेशनसे १२ मील दूर नैऋत्यदिशामें रायसेन एक धनवान कस्बा है । तौंड (राजपूत) राजा रायसिंहने बसाया था । इसके पास 'बूढ़ीरायसेन' नामक ग्राम उजाड़ दशा में है । इस ग्रामसे जो लगा हुआ पहाड़ है, उसपर एक प्राचीन सुन्दर किला है, किलेमें बहुत बड़ी बड़ी २५–३० तोपें हैं । रंगमहल आदि महल किलेके अन्दर है । किलेके ऊपरी भागसे भोपालकी जुम्मामसजिद जो अनुमान ३० मील दूर है दिखाई देती है । किलेमें जो बीजक है वह अरबीभाषामें है । कहते हैं कि आलमगीर बादशाहने यह बीजक लगवाया था । कहते हैं पहिले ८४ तालाब थे, बहुत से तालाब तो नष्ट होगये हैं, और बहुत से अभीतक मौजूद हैं । इनमें 'मदागन', नामक तालाब प्रसिद्ध है । यह अगाध जलसे भरा हुआ है, इसका पानी पाचक है ।

यहां से एकमीलकी दूरीके पहाड़पर एक तालाब सीतातलाई नाम से प्रसिद्ध है और दक्षिण दिशामें अनुमान डेढ़ मीलकी दूरीपर पहाड़ से ऊंचाई लिये हुए कुछ गुफा सदृश स्थानमें रामचन्द्रजीके चरण है, अन्यधर्मी लोग इसे 'रामसेज्या' कहते हैं, कहावतसे मालूम होता है कि रामचन्द्रजीने बनवास गमनके समय यहां विश्राम किया था ।

रायसेनमें परवारोंके १२ घरोंकी ५० मनुष्यसंख्या है, एक चैत्यालय है । व्यापार प्रायः गल्ला अफीम आदिका अधिक होता है ।

लाड़नू ।

यह ग्राम जोधपुर रि० में 'जोधपुर–बीकानेर रेल्वेलेन' में जसवंतगढ़ स्टेशनसे करीब ६ मीलकी दूरीपर यह छोटासा ग्राम है । दि० जैनियोंके गृह १०९ और मनुष्यसंख्या ५९१ है । चैत्यालयके आकारसदृश एक मन्दिर है, मन्दिर बहुत बड़ा प्राचीन होनेके कारण बिलकुल जीर्ण हो गया है । प्रतिमाएँ अतिमनोज्ञ होनेके कारण दर्शन करनेसे बहुत आनंद होता है । यह मन्दिर और प्रतिमाएँ बहुत पुरानी होनेके कारण प्रतिमाओंके ऊपरका प्रतिष्ठित संवत् आदि घिस गया ह जिससे पढ़ा नहीं जाता है । प्रदक्षिणामें भीतके ऊपर तीन 'शिलालेख' हैं, जो स्पष्ट नहीं पढ़े जाते हैं, । एक 'जीर्ण-

वहीं' से ज्ञात होता है कि इस मन्दिरकी बिम्बप्रतिष्ठा २३ वार हुई है। इससे यह मन्दिर तीर्थस्थान तुल्य है। चैत्यालयके अन्दर मुसलमानों द्वारा खंडित हुई भीतपर एक पुतली है, मन्दिर जमीनमें बहुत नीचा धस गया है, मन्दिर कब बना इसका पता अभी तक नहीं लगा है।

मन्दिरमें 'विद्याप्रकाशिनीनामक' 'सेठ लक्ष्मणलालजी पांड्या' बम्बई निवासीकी दि० जैन पाठशाला है, इसमें अध्यापक पं० नन्दनलालजी धर्मशास्त्र और लौकिकशिक्षा पढ़ानेका कार्य योग्यरीतिसे करते हैं।

शाहपुरा।

मेवाड़ प्रान्तमें रा० मा० रेल्वेका निकटवर्त्तीस्टेशन मांडल है, यहांपर व्यापार हर तरहका होता है।

शाहपुरामें ४ शिखरबंदमन्दिर और ९ दर्शनस्थान हैं खंडेलवालोंके ३१ घरोंकी मनुष्यसंख्या १५३ हैं मन्दिरोंमें अनुमान ४०० धर्मशास्त्र हैं, धर्मशाला भी है।

सवाई माधोपुर।

यह शहर जयपुर रि०में 'नागदा मथुरा रेल्वे लेन' में स्टेशनसे करीब ४ मीलकी दूरीपर पूर्वकी ओर है। यहांपर दिगम्बर जैनियोंके घर १९८ तथा मनुष्यसंख्या ४३९ खंडेलवाल पोरवाड़ श्रीमाल आदि जातियोंकी है। ७ शिखरबन्द मन्दिर हैं, और एक चैत्यालय है। पूजन प्रक्षाल आदिका प्रबन्ध अच्छा है। मन्दिरके पासही धर्मशाला है। पंचायती बड़े मन्दिरमें पाठशाला भी है, परन्तु पढ़ाईका प्रबंध अच्छा नहीं है। मन्दिरोंमें धर्मशास्त्र करीब १५०० हैं।

यहांकी वस्ती करीब १०००० गृहकी होकर भी शहर में डाकखाना, तारआफिस नहीं है। शहर चारों तरफ पहाड़ोंसे घिरा हुआ है, व्यापारकी यहां बड़ीभारी मण्डी है, तांबे पीतल कांसेके बर्तन अच्छे बनते हैं।

यहांसे करीब १० मीलपर 'रणतंभोर' नामक किला महाराजा हम्मिरसिंहका बनवाया हुआ करीब एकहजार वर्षका प्राचीन बिलकुल जंगलमें खंडित अवस्थामें है। उसके अन्दर बहुत अच्छी वस्ती रही होगी। अनेक देवताओंके मन्दिर और तालाब हैं, जिसमें एक दिगम्बर जैनियोंका प्राचीन शिखरबन्द मन्दिर मठके आकारका बना हुआ है, जिसमें एक प्रतिमा श्रीचन्द्रप्रभुकी विक्रम संवत् १० की श्वेतवर्ण एक फुट

अवगाहनाकी पद्मासन विराजमान है। इस मन्दिरके प्रबन्धके लिये जयपुर राज्यकी तरफसे २५) रु० सालियाना मिलता है, पूजन प्रक्षालका प्रबन्ध सवाई माधोपुरके पञ्चोंकी तरफसे होता है।

अब किलेमें जयपुर राज्यका हाकिम-किलेदार रहा करता है। इसके आसपास आमके वृक्ष बहुत हैं।

सांगानेर।

जयपुरसे करीब ७ मील और सांगानेर स्टेशनसे ३ मील दूर सांगानेर एक प्रसिद्ध बस्ती है।

जयपुरसे रेजीडेंसी और मोतीडूंगरी होकर सांगानेर तक सड़क है, ६६ फीट ऊंचे उजड़े हुए फाटकसे होकर सांगानेरमें जाना होता है, दाहिनी ओर कल्यानजीका छोटामन्दिर है, इसके पास ६ फुट ऊंचा मार्बुलका स्तंभ है, यहां ब्रह्मा, बिष्णु, शिव, और गणेशकी मूर्त्तियां हैं, बांई ओर पुराने महलकी तबाहियां निशानात वगैरः हैं। इससे उत्तरकी ओर ३ आंगनों सहित बड़ा मन्दिर है।

वर्त्तमानमें कस्वा उजाड़ दशामें है, यहां नशियां सहित जिनमन्दिर बड़े भारी अनुमान आठसौ नौसौ वर्षके प्राचीन हैं। संघीजीका मन्दिर सबसे बड़ा और अति सुन्दर है, इसमें पत्थरका काम प्रशंसनीय है; इस मन्दिरको देखनेके लिये अंग्रेज-लोग भी आते हैं। नशियां बस्तीसे डेढ़ मीलकी दूरीपर है। मन्दिरोंमें अनुमान २२५ धर्मशास्त्र हैं।

खंडेलवालोंके २५ घरोंकी मनुष्यसंख्या ९४ है, सांगानेरकी 'छींट' प्रसिद्ध है, कई तरहकी रँगाई और ठिकाईका काम यहां अच्छा होता है।

सांभर।

जयपुरसे ३५ मील (बांदीकुई जंक्शनसे ९१ मील) पश्चिम 'फलेरा' जंक्शन है, फलेरासे ४ मीलकी दूरीपर सांभर स्टेशन है।

सांभरकी समनुष्यसंख्या १२३६२ है, खंडेलवालोंके २१ घरोंकी मनुष्यसंख्या ६४ है, और ४ शिखरबन्द मन्दिर हैं।

स्टेशनसे एकमील नमककी झील तक पक्की सड़क है, चारों तरफका देश सूखा है, क्योंकि यह नमकदार चट्टानोंसे बना है, जब वर्षा होती तब निमक झीलमें चला

जाता है, वर्षाकालके बाद झील पूर्वसे पश्चिमतक २१ मील लम्बी, उत्तरसे दक्षिण-तक ५ मील चौड़ी रहती है । किनारे से एक मील भीतर तक इसकी गहराई ढाई फुट है, झीलके पूर्व और उत्तर किनारोंपर नमकका काम होता है, प्रतिवर्ष झीलसे अनुमान चारलाख टन + नमक निकलता है, और एक मन नमक इकट्ठा करनेमें पौन आना खर्च पड़ता है । सन् १८९० ई० तक नमकका काम जयपुर और जोधपुरके अख्तियार में था, पश्चात् अंग्रेजगवर्नमेंटने इसका ठेका ले लिया, जो दोनों राजाओंको सत्रह अठारह लाख रुपया देती है ।

सारंगपुर ।

यह प्राचीन नगर मक्शी स्टेशन (भोपाल उज्जैन लेनमें) से ३० मीलपर रियासत 'देवासमें' कालीसिंध नदीके किनारे वसा है ।

यहांकी मनुष्यसंख्या करीब ७००० के है, जिसमें दिगम्बर जैनियोंके २२ घर और १०९ आदमी हैं । दिगंम्बरियों के दो शिखरबंद मन्दिर और एक चैत्यालय है, जिसमें एक प्राचीन शिखरबन्द मन्दिर स० ११७८ का वना हुआ है, और उसमें एक प्रतिमा संवत् १३१९ की विराजमान है । जैन और हिन्दुओंके मन्दिर खंडित दशामें पड़े हुए हैं ।

इसका प्राचीन नाम क्या था यह नहीं मालूम हुआ है, परन्तु सन् १२९८ ईसवीमें 'सारंगसिंह' नामक राजा राज्य करता था, शायद उसके ही नामसे इसका नाम सारंगपुर हुआ होगा ।

सारंगपुरमें रूपवती महल और सरकारी आफिसके सिवाय और कोई चीज देखने लायक नहीं है ।

प्राचीनकालमें सारंगपुर मलमल वनानेमें वहुत मशहूर था, परन्तु सन् १८७५ ईसवीसे बुननेवालोंको उत्तेजनः सहायता वगैरः देनेवाला कोई न होनेसे ह्रास होने लगा है ।

सिद्धवरकूट ।

(सिद्धक्षेत्र)

होलकर रि० में इन्दौरके दक्षिणकी ओर राजपूताना मालवा लेनमें 'मोरटक्का' स्टेशनसे करीब ७ मील, और स्टेशन बड़वाहसे ६ मील बैलगाड़ीके रास्तेपर और सनावदसे

+ टन—२८ मनका होता है ।

८ मील यह क्षेत्र है। मोरटकासे जातेही रास्तेमें अन्यमतियोंका 'ओंकारेश्वर' नामका मन्दिर नर्मदा नदीके दहिने तट बड़ा भारी तीर्थ है। यह ओंकारेश्वर बारा जोतिलिंगोंमेंसे एक लिंग है। यह मन्दिर चट्टानमें खुदा हुआ है, इसके खम्बोंकी कारीगरी मनोहर है।

कावेरी नदी उतरतेहीं यहांसे २ मीलपर जैनियोंका सिद्धक्षेत्र 'सिद्धवरकूट' है। यहांसे दो चक्रवर्ती और १० कामदेव आदि साड़े तीन करोड़ मुनि मोक्ष पधारे हैं।

इस क्षेत्रको जानेके लिये नर्मदा नदीको पार करके जाना पड़ता है। बड़वाह तथा सनावदसे ६ या ८ मीलतक बैलगाड़ीका रास्ता है। बड़वाहमें दि० जैनियोंके ४७ घर हैं और मनुष्यसंख्या १७४ है। एक शिखरबन्द मन्दिर है, मन्दिर दर्शन दो जगह है। और एक 'दि० जैनपाठशाला' भी है। और पासही बड़ी भारी 'धर्मशाला' जिसमें कि १००० यात्री ठहर सकते हैं। धर्मशास्त्र करीब १०३ हैं। व्यापार हरप्रकारका होता है, विशेषकर कपासका अधिक होता है। 'सिद्धवरकूट क्षेत्रका' प्रबन्ध यहांके मुखिया सेठ 'देवासा' 'घनश्यामसा' के आधीन है।

(१) सनावदमें दि० जैनियोंके करीब १०० घर तथा ४०० मनुष्यसंख्या है। शिखरबन्द दो पञ्चायती मन्दिर हैं, बड़ीभारी दि० जैन धर्मशाला है, इसमें यात्रियोंको अच्छा आराम मिलता है, मन्दिरोंमें ३००० धर्मशास्त्र हैं। तथा पूजन प्रक्षालनके प्रबन्ध 'फत्तूसा' 'छज्जूसा' जी पञ्चोंकी तरफसे करते हैं।

(२) इस सिद्धक्षेत्रपर प्राचीन जैन मन्दिर थे, परन्तु जीर्ण होनेके कारण उनका जीर्णोद्धार इन्दौर निवासी शेठ 'भूरजी सूरजमल्ल' ने कराया और प्रतिष्ठा अनुक्रमसे शेठ 'मलूकचन्दगणेशजी' सोलापूर निवासी, तथा इंदौरनिवासी शेठ 'तिलोकचन्द' 'कल्याणमल्ल' तथा शेठ 'भूरजी सूरजमलने' सं०१९५१ मिती माघ सुदी १५ में कराई। इन तीनों मन्दिरोंमें मूलनायककी प्रतिमाएँ श्रीसम्भवनाथ, चन्द्रप्रभु, और श्री पार्श्वनाथ-स्वामीकी पद्मासन विराजमान हैं। तथा अन्य तीर्थंकरोंकी ७९ प्रतिमाएँ पद्मासन विराजमान हैं। धर्मशालाएँ इसक्षेत्रपर १०-१२ हैं, जिनमें हजारों यात्री ठहरते हैं। और पहाड़ पर दो पुजारियोंके घर भी हैं। क्षेत्रका प्रबन्ध अच्छा है।

सिरोंज ।

टोंक रियासतमें सिरोंज जिला है, निकटवर्ती 'बामोरा' जी० आई० पी० रेल्वे का स्टेशन है ।

सिरोंजमें परवार, गोलालारे, खंडेलवाल, चरनागरे (तारनपंथी *) के ७० घरोंकी मनुष्यसंख्या ३४५ है, २ शिखरवन्द मन्दिर ३ चैत्यालय और एक चैत्यालय तारनपंथियों का है ।

यहां पर व्यापार हरतरहका होता है । विशेषकर यहांके जैनी भाई किराना सराफी और परचूनीका व्यापार अधिक करते हैं ।

सिरोही ।

आबूरोडके रेल्वे स्टेशनसे २८ मील उत्तर नाना स्टेशन १६ मील दूर राजपूतानाके सिरोही राज्यकी राजधानी सिरोही नामक छोटा कस्बा है ।

वर्त्तमान सिरोही नरेश दिल्लीके महाराजा पृथ्वीराजके वंशज देवराज के वंशधर चौहान राजपूत हैं ।

पूर्वकालमें सिरोहीमें भील लोग बसते थे, वहां राजपूतोंमें प्रथम गिहलोत राजपूत थोड़े दिन पीछे पमार राजपूत आये। पमारोंकी राजधानी चन्द्रावती थी, जिसके खंडहरों को देखनेसे जान पड़ता है कि एक समयमें यह एक बड़ा शहर था । अबतक पमारोंकी किलावन्दियोंके खंडहर आबूपर विद्यमान हैं । पमारोंको जीतकर चौहानोंने अपने अधिकारमें किया ।

सिरोही राज्यके कई ग्रामोंमें प्राचीन विशाल जैनमन्दिर हैं, भीलोंकी संख्या अधिक है, इनमेंसे बहुत लोग चोरीका पेशा करते हैं ।

सिरोहीमें महारावका महल अस्पताल जेलखाना अंग्रेजी स्कूल शरणेश्वर शिवका मन्दिर देखने योग्य है ।

व्यापार प्रायः हर तरह का होता है, यहां, तलवारं वरछी छुरी इत्यादि हथियार सुन्दर बनते हैं ।

---

* 'तारनपन्थ' को स्थापित करनेवाले 'तारनस्वामी' थे, इन्होंने कई नीच जातियोंको भी अपने पंथमे मिलाई, 'तारनस्वामी' ने मूर्तिपूजन निषेध का उपदेश दिया, तारनपंथी लोग शास्त्रकी पूजा करतेहैं । तारनपंथियोंका सबसे प्रसिद्ध मंदिर 'सेमरखेड़ी' (रि० ग्वालियर) में है ।

श्रीपरमात्मने नमः ।

पंजाब प्रान्त ।

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
	अ				
१	अगाड़ा	अम्बाला	लाला चिरंजीलाल सु० सतलालजी	अग्रवाल	लेनदेन
			लाला संतराम सु० नन्दरामजी	,,	,,
			लाला भग्गूमल सु० कृपारामजी	,,	,,
२	अगोन	गुड़गांव	लाला चुन्नीलालजी	,,	,,
			लाला मगलरामजी	,,	मडसाल
			लाला दिलसुखरायजी	,,	,,
३	अताग्रर	गुड़गांव	लाला जानकीदास सु० खेमराजजी	,,	आढ़त
४	अमोर	फीरोजपुर	लाला मानिकचंद सु० प्यारेलालजी	,,	,,
५	अमृतसर	अमृतसर	शेठ मंगतराम सु० गोतीरामजी	,,	आढ़त सा०
			गनपतराय सु० ईश्वरदासजी	,,	,,
			शेठ प्रभूलाल सु० बुद्धमलजी	,,	,,
			शेठ बद्रीदास सु० परमानंदजी	,,	,,
			लाला मुसद्दीलाल सु० उम्मेदसिहजी	,,	दलाली कपड़े
			शेठ ईश्वरदास सु० वालीरायजी	,,	आढ़त
६	अरवसराय	दिल्ली	लाला उजागरमल सु० रामजसजी	,,	साहुकारी
	आ				
७	आगौन	गुड़गांव	लाला न्यामतसिह सु० जानकीदास	,,	आढ़त
८	आलूपुर	करनाल	लाला टीकाराम सु० नेकरामजी	,,	दू० कसेरटकी
	इ				
९	इसराना	करनाल	लाला लोकमन सु० कस्तूरचंदजी	,,	आढ़त
	उ				
१०	उमरा	हिसार	लाला कल्याणसिंह सु० अनंतरामजी	,,	,,
११	उमराखेड़ी	करनाल	लाला चांदमल सु० बाबूलालजी	,,	,,
	ऊ				
१२	ऊंटला	करनाल	लाला कपूरचंद सु० अगरचंदजी	,,	नौकरी
	ऐ				
१३	ऐवटाबाद	हजारा	लाला सुमेरचंद सु० गुमानीलाल	,,	साहुकारी
			लाला हीरालालजी	,,	तंगाएजेंट

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
	ओ				
१४	ओदी	गुड़गाव	लाला केवलराम सु० मातप्रसादजी	अग्रवाल	आढ़त
१५	ओसर	करनाल	लाला लालजी सु० तुलसीरामजी	,,	दू० कसेरट
१६	ओसरी	,,	लाला शंभूनाथ सु० खेमकरनजी	,,	दू० कसेरटकी
	क				
१७	करनाल	,,	लाला शंकरलालजी	,,	साहुकारी
			लाला रूपचद सु० न्यादरमलजी	,,	मुलाजमात
			लालारामजीदाससु० मुंशीजगन्नाथजी	,,	साहुकारी
			जुगमन्दिरदास सु० उमरावसिंहजी	,,	सा० जमीदारी
			लाला देवीसहाय सु० सोहनलालजी	,,	साहुकारी
			लाला निहालसिह सु० सेवकरामजी	,,	,,
१८	ककरोई	दिल्ली	लाला संतलाल सु० दीवानसिंहजी	,,	बजाजी
१९	ककरोला	,,	प्यारेलाल सु० गुलजारीलालजी	,,	दूकानदारी
२०	कबूत	हिसार	लाला लेखराज सु० कीरतसिंह	,,	आढ़त
२१	कराला	,,	शिवलालजी सु० रामलालजी	,,	दूकानदारी
२२	करावरा	गुड़गांव	लाला रामजीदास सु० जीवनलालजी	,,	आढ़त
२३	करीदपुर	,,	उमरावसिंह सु० दीपचंदजी	,,	,,
२४	कलानूर	रोहतक	लाला ख्यालीराम सु० बाबूलालजी	,,	,,
२५	कलावड	अम्बाला	लाला दीनामल सु० गोपीचंदजी	,,	,,
२६	कसौली	,,	लाला रामलाल सु० जानकीदास	,,	बजाजी
२७	काकोरया	गुड़गांव	लाला मौजीलाल सु० मुंशीरामजी	,,	सराफी
२८	काजला	,,	लाला हरगूलाल सु० फूलचंदजी	,,	दूकानदारी
			लाला पीरूलाल सु० नेमचंदजी	,,	,,
२९	काटनी	रोहतक	लाला तुलसीराम सु० केवलरामजी	,,	आढ़त
३०	कायझू	,,	लाला लोकमन सु० उजागरमलजी	,,	,,
३१	कायथ	करनाल	लाला जानकीराम सु० केवलरामजी	,,	दू० कपड़ेकी
३२	कालका	अम्बाला	लाला कपूरचंदजी	,,	आढ़त
			लाला हरदयालजी	,,	,,
			लाला बालकिशनदासजी	,,	,,
३३	कालीरावन	हिसार	लाला शंभुदयालसु० जुगलकिशोरजी	,,	दूकानदारी
३४	कासन	गुड़गांव	लाला चन्दभान सु० गुलजारीमल	,,	साहुकारी
			लाला हीरानंद सु० जौहरीमलजी	,,	,,

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
३५	कासेंडी	रोहतक	लाला खूबचदजी पटवारी	अग्रवाल	पटवारगिरी
३६	काहेसीमला	अम्बाला	दौलतरामजी मंत्री	,,	नौकरी
३७	कुरडी	हिसार	लाला परसादीलालसु०जानकीदास	,,	दू० किरानेकी
३८	केसरी	अम्बाला	लाला शिवराम सु० हरजसरायजी	,,	बजाजी
३९	कोटकपुरा	फिरोजपुर	लालाबनवारीलाल सु०सौदागरमल	,,	आढ़त
४०	कोराना	करनाल	लाला घीसूलाल सु० रामचंदजी	,,	आढ़त
	ख				
४१	खडीईसापुर	रोहतक	लाला रसकलाल सु०हरजसरायजी	,,	पटवारीनौ०
४२	खरखोदह	,,	लाला पातीरामसु०जानकीदासजी	,,	दू० कपडेकी
४३	खँदरा	करनाल	लाला शंकरदास सु० सोनीमलजी	,,	आढ़त
४४	खँदराई	रोहतक	लाला मंगतराय सु० धरमदासजी	,,	साहुकारी
४५	खानपुर	,,	लाला गुलाबराय सु० मित्रसेनजी	,,	आढ़त
४६	खानपुर	,,	लालाजसीयतरायसु०तुलसीरामजी	,,	लेनदेन
४७	खिदराबाद	अम्बाला	लाला आशारामजी	,,	,,
४८	खिलाला	करनाल	लाला दाताराम सु० स्योलालजी	,,	बजाजी
४९	खूबडू	दिल्ली	लाला देवराज सु०जानकीदासजी	,,	,,
५०	खेडी	,,	लाला कीरतचंद सु० हरदेवजी	,,	आढ़त
५१	खेडी	रोहतक	लाला सगुनचंद सु० नेतरामजी	,,	,,
५२	खेडी	करनाल	लाला धूमसिंह सु० मुरारीलालजी	,,	,,
५३	खेवडा	दिल्ली	लाला मोदूमल सु० रामलालजी	,,	मुलाजमात
			लाला संतराम सु० जानकीदासजी	,,	बजाजी
५४	खोयती	गुडगांव	खेरातीराम सु० धरमदासजी	,,	,,
	ग				
५५	गढ	दिल्ली	लाला मथुरादास सु० संतलालजी	,,	दूकानदारी
५६	गढी	,,	लाला उदासीराम सु० रामनाथजी	,,	बेंकर
५७	गढी	गुडगांव	लाला सगुनचंद सु० बल्देवदासजी	,,	दू०कसेरटकी
५८	गढीजिझारा	दिल्ली	लाला सौजीराम सु० रामलालजी	,,	,,
५९	गढीसराय	रोहतक	लाला होश्यारसिंह सु०गनेशीलाल	,,	साहुकारी
६०	गढीहरसरू	गुडगांव	कुंगरामजी	,,	,,
६१	गन्नौर	दिल्ली	लाला करमीरीमल सु०नौरंगमलजी	,,	,,
			लाला मेहरचंद सु० कौरामलजी	,,	व्यापार
			लाला बनवारीलाल सु०मोहनलाल	,,	,,

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
६२	गंगसेना	करनाल	लालारामजीलाल सु० कृपारामजी	अग्रवाल	आढ़त
६३	गंगाना	रोहतक	लालाचुन्नीलाल सु० कुन्दनलालजी	"	"
६४	गंगेसर	रोहतक	लाला बल्देवसिंह सु० नेमीसिंहजी	"	पटवारगिरी
६५	गावड़ीं	रोहतक	लाला खैरातीराम सु० अमनसिंहजी	"	आढ़त
६६	गुहाना	रोहतक	लाला हुकमचंदजी सु० मोहरसिंह	"	दू० साहुकारी
			दीपचंद सु० अविचलदासजी	"	"
			लाला जोरावरसिंह सु० चरनीसहाय	"	जमीदारी
			लाला बनारसीदास सु० कन्हैयालाल	"	साहुकारी
			लाला हुकमचंद सु० निरंजनलाल	"	"
६७	गुड़गांव	गुड़गांव	लाला प्रभुदयालजी वकील	"	वकालात
			लाला विनोदीराम सु० सुखरायजी	"	जमीदारी
			लाला रामप्रसाद सु० इच्छारामजी	"	दू० पंसारी
६८	गुना	दिल्ली	लाला टेकचंद सु० रामप्रसादजी	"	बजाजी
	घ				
६९	घरौंदा	करनाल	लाला गल्लीमल सु० जैदयालमलजी	"	आढ़त
			लाला कल्याणमल सु० गिरधारीमल	"	दू० कपड़ेकी
७०	घिलौड़	रोहतक	लाला काल्लूराम सु० ख्यालीरामजी	"	आढ़त
७१	घुडवाल	रोहतक	लाला केवलसिंह सु० जग्गीमलजी	"	दू० किरानेकी
	च				
७२	चतहरा	रोहतक	लाला दीनारामजी सु० कृपारामजी	"	आढ़त
७३	चिरसमी	दिल्ली	लाला लायकराम सु० न्यादरमल	"	आढ़त
७४	चिरागदेहली	दिल्ली	लाला प्रभुदयाल सु० जानकीदास	"	बजाजी
			लाला धूमसेन सु० मनोहरलालजी	"	"
७५	चिलकाना	दिल्ली	लाला हरद्वारीमल सु० कश्मीरीमल	"	आढ़त
७६	चिडाता	हिसार	लाला जादोराम सु० अमरचंदजी	"	दू० कपड़ेकी
७७	चिरोड	रोहतक	लाला कृपाराम सु० हरीरामजी	"	जमीदारी
	छ				
७८	छिछरोली	करनाल	लाला कुन्दनलाल सु० दीनदयाल	"	लेनदेन ज०
	ज				
७९	जगाधरी	अम्बाला	लेखराज प्यारेमलजी	"	दूकानदारी
			भानुमल बलदेवदास	"	"
			पं० भूधरदासजी	"	"

शुमार नंवर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
			लाला बानूमल सु० भगवानदास	अग्रवाल	आढ़त सा०
			लाला परमानंद सु० बुद्धूमलजी	,,	,,
			लाला केवलराम सु० जैदयालमल	,,	,,
			लाला मूलराज सु० मंगलसेनजी	,,	दू० किराना
			लाला खुशीराम सु० जगादरमलजी	,,	बजाजी
			तनसुखराय खूबचंदजी	,,	,,
८०	जमालपुर	हिसार	लाला घनश्यामदास सु० नाजिरमल	,,	,,
८१	जमालपुर	हिसार	लाला शालिग्राम सु० हुलासरायजी	,,	आढ़त
८२	जलालपुर	गुड़गांव	लाला दीवानसिंह सु० दौलतरामजी	,,	दू० कपड़ेकी
८३	जलंधरछावनी	जालंधर	लाला बिहारीलालजी भगत	,,	दूकानदारी
			लाला धूमीराम सु० चीटामलजी	,,	नौ० सर्कारी
			लाला गेंदाराम सु० धरमदासजी	,,	साहुकारी
			लाला दाताराम सु० इमरतलालजी	,,	मरचेंट
			लाला प्यारेलाल सु० बहालसिंहजी	,,	बजाजी
			लाला मुखामल सु० बिच्छामलजी	,,	दूकानदारी
८४	जहाजगढ़	रोहतक	लाला रामचंद सु० प्यारेलालजी	,,	मुलाजमात
८५	जागसी	रोहतक	लाला दुरगाप्रसाद सु० आनंदीराम	,,	साहुकारी
८६	जाटल	करनाल	लाला मंगलसेन सु० कुंजलालजी	,,	,,
८७	जुगलान	हिसार	लाला डूंगरमल्ल सु० विरमल्लजी	,,	मुलाजमात
८८	जूहे	दिल्ली	लाला मूलचंदजी सु० जसराजजी	,,	बेंकर
८९	जोधका	हिसार	लाला श्यामलाल सु० गनपतरामजी	,,	मुलाजमात
	झ				
९०	झज्जर	रोहतक	लाला नत्थूमल सु० मूलचंदजी	,,	ठेकेदारी
			लाला राजकरनदास सु० इच्छाराम	,,	साहुकारी
९१	झरौदा	दिल्ली	लाला मोलहड़मल सु० पूरनमलजी	,,	दूकानदारी
९२	झाड़सा	गुड़गांव	लाला चिरंजीलाल सु० तिरखाराम	,,	साहुकारी
			लाला रक्षपाल सु० दुलीचंदजी	,,	ठेकेदारी
	ठ				
९३	ठरु	दिल्ली	लाला टेकचंद सु० रामजसजी	,,	दूकानदारी
			लाला रामप्रसाद सु० नथमलजी	,,	,,
	ड				
९४	डीगर	रोहतक	लाला अम्मासहाय सु० तोतारामजी	,,	मुलाजमात

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
९५	डेहरा	करनाल	लाला जुहारमल सु० मुन्शीलालजी	”	आढ़त
	त				
९६	तलवंडीराना	हिसार	लाला हरनाम सु० चिरंजीलालजी	”	मुलाजमात
९७	तावडू	गुड़गांव	लाला रामसरूपजी	”	दू० अनाजकी
९८	तोसाम	हिसार	लालापरमेसुरीदासजीसु०रायलालजी	”	बेंकर जमी०
९९	तौड़ी	दिल्ली	लाला अमीलाल सु० ज्ञानचंदजी	”	दूकानदारी
	थ				
१००	थाना	”	लाला निहालसिहजी सु०केसोरामजी	अग्रवाल	लेनदेन
	द				
१०१	देरागाजीखां	देरागाजीखां	शेठ मोतीलालजी	”	तिजारात
१०२	देहली	देहली	लाला ईश्वरीप्रसादजी	”	”
			लाला गिरधरलालजी	”	”
			लाला सुल्तानसिंहजी रईस	”	साहुकारी
			लाला मोतीलालजी. बी.ए.एल,एल. बी. सु० रायबहादुर सगरचंदजी	”	साहुकारी
			लाला महेरचंदजी सु०ईसुरीप्रसादजी	खंडेलवाल	ठेकेदारी
			लाला प्यारेदास सु० तनसुखरायजी	”	मुलाजमात
			गंगादास सु० तनसुखलालजी	अग्रवाल	जवाहरत
१०३	देहरा	दिल्ली	लाल बंशीधर सु० जुहारमलजी	”	साहुकारी
१०४	दौलताबाद	गुड़गांव	लाला प्रभुदयालजी सु० नरमलजी	”	दूकानदारी
	ध				
१०५	धारवेरा	”	हीरालाजी सु० गंगारामजी	”	जमी०लेन०
१०६	धारूहेड़ा	”	गंगारामजी	”	”
			हीरालालजी	”	”
			हेतरानेजी	”	”
			बालकिशनजी	”	”
			जंगालालजी	”	साहू०जमीदारी
१०७	धीन	अम्बाला	लाला सगुनचंद सु०कन्हैयालालजी	अग्रवाल	आढ़त
१०८	धूलकोट	गुड़गांव	लाला मोहनलाल सु० छज्जूमलजी	”	दूकानदारी
१०९	धेदड़	अम्बाला	लाला हीरालाल सु०बिहारीलालजी	”	लेनदेन
	न				
११०	नगर	रोहतक	लाला तिरखाराम सु० बुधसिंहजी	अग्रवाल	साहुकारी

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
			लाला फिरोजीलाल सु० वंशीधरजी	अग्रवाल	दू० बर्तनोंकी
१११	नगीना	गुड़गांव	लाला कपूरचंद सु० शामलालजी	,,	आढ़त
११२	नजफगढ़	दिल्ली	लाला गतराय सु० मंगतरायजी	,,	लेनदेन सा०
			लाला जियाराम सु० संतरामजी	,,	,,
			लाला लखीमल सु० मामराजजी	,,	,,
			किरोड़ीमलजी सु० विहारीलालजी	,,	दू० जमीदारी
११३	नधीनी	गुड़गांव	लाला न्यादरमल सु० छोटेलालजी	,,	साहुकारी
११४	नन्ही	,,	लाला अनूपसिंह सु० मुत्सद्दीलाल	,,	दू० कपड़ेकी
११५	नरायनगढ़	अम्बाला	लाला पन्नालाल सु० आशारामजी	,,	बजाजी
११६	नागल पुवाखापुर	गुड़गांव	लाला रतनलाल सु० बलवंतरावजी	,,	आढ़त
११७	नारा	करनाल	लाला सोहनलाल सु० शिवलालजी	,,	,,
११८	निजामउद्दीन	दिल्ली	लाला मोतीराम सु० भगवानदास	,,	साहुकारी
११९	नित्रादागढी	,,	लाला सोहनलाल सु० वृषभानजी	,,	लेनदेन
१२०	नूह	गुड़गांव	लाला पारसदास सु० शिखरचंदजी	,,	दू० बजाजी
			लाला स्योबखसराय सु० नेमचंदजी	,,	सराफी
१२१	नैना	दिल्ली	लाला दीवानसिंह सु० रामलालजी	,,	बजाजी
१२२	नौलथा	करनाल	लाला धन्नामल सु० रामजसजी	,,	साहुकारी
१२३	नौशेरछावनी	पेशावर	लाला चुन्नीलाल सु० वालमुकुंदजी	,,	आढ़त
	प				
१२४	परठाना	करनाल	लाला चेतराम सु० चांदमलजी	,,	,,
१२५	पलवल	गुड़गांव	लाला प्रभुदयाल सु० रामप्रसादजी	,,	साहुकारी
			लाला ईश्वरप्रसाद सु० धरमदासजी	,,	बजाजी
			गोवर्धनदास सु० मुर्लीधरजी	,,	,,
१२६	पाटोदिह	,,	लाला रामलाल सु० गणपतराव	,,	दूकानदारी
			लाला फतेहचंद सु० बख्तावरजी	,,	,,
१२७	पानची	दिल्ली	लाला हीरालालजी सु० गनेशीराम	,,	दू० किरानेकी
१२८	पानीपत	करनाल	लाला फूलचद सु० हरगूलालजी	,,	साहुकारी
			पं० कवूलसिंह सु० हीरालालजी	,,	सराफी
			पं० थानसिंह सु० कुन्दनलालजी	,,	,,
			मुंशी सुलतानसिंह सु० कुन्दनलाल	,,	लेनदेन
			लाला लखमीचंद सु० बद्रीदास	,,	बेकर

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
			लाला दवासिंगलाल सु० अमीरसिंहजी	अग्रवाल	बेंकर
१२९	पालम	दिल्ली	दयाचंदजी सु० मौजीरामजी	जैसवाल	दू० लेनदेन
			चिरंजीलाल सु० बिहारीलालजी	,,	,,
			लाला छदनलाल सु० तिरखारामजी	,,	,,
			लाला प्रभुदयाल सु० फकीरचंदजी	,,	पटवारगिरी
			लाला रामचंद सु० निहालसिंहजी	,,	,,
१३०	पालै	हिसार	लाला बद्रीदास सु० नेकरामजी	अग्रवाल	दू० कपडेकी
१३१	पिलाना	दिल्ली	लाला पातीराम सु० रामजीदास	,,	बजाजी
१३२	पीपलीखेड़ा	,,	लाला सोहनलाल सु० हरजसलाल	,,	,,
१३३	पीरोजपुर		हीरालाल हंसराजजी	,,	दू० कपड़ेकी
			बिहारीलाल मनोहरलालजी	,,	,,
			जमनादासजी	,,	सराफी
१३४	पूआना	करनाल	लाला जैलाल सु० धरमदासजी	,,	आढ़त
१३५	पूठी	रोहतक	लाला कन्हैयालाल सु० मामराजजी	,,	,,
१३६	पूनाहाना	गुड़गांव	लाला प्यारेलाल सु० निहालसिंहजी	,,	,,
१३७	पेडगंज	दिल्ली	लाला जग्गीमल सु० जवाहरमलजी	,,	बजाजी
१३८	पेशावरछावनी	पेशावर	लाला मुसद्दीलालसु० सोहनलालजी	,,	नौकरीसर्कारी
	फ				
१३९	फतेहाबाद	हिसार	लाला सगुनचंद सु० मानामलजी	,,	दूकानदारी
			लाला सादीलाल सु० अमनसिंहजी	,,	दू० लुहारी
१४०	फरीदाबाद	दिल्ली	लाला मोतीलाल सु० श्रीपालजी	,,	बजाजी
१४१	फरुखनगर	गुड़गांव	शंकरदासजी मूलचंदजी	,,	आढ़त
			चौधरी शिवगोपालजी	,,	सौदागिरी
			ज्योतिषरत्न आयुर्वेदमार्तंड पं० जियालालजी सु० सुमेरचंदजी	,,	आढत
			लाला बद्रीदासजी	,,	,,
			लाला मंगतरायजी	,,	,,
			चौधरी भगवानदास सु० मूलचंदजी	,,	आढ़त
			लाला चेतराम जी सु० इश्कलालजी	,,	,,
१४२	फाजिलपुर	दिल्ली	लाला मथुरादास सु० संगमलालजी	,,	लेनदेन
१४३	फीरोजपुरछावनी	फिरोजपुर	लाला रामदासजी रईस	,,	तिजारत
			लाला देवीसहाय सु० रामलालजी	,,	साहुकारी

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
			लाला डालचंदजी सु० भगवानदासजी	अग्रवाल	साहुकारी
१४४	फीरोजपुरझिरका	गुड़गांव	लाला भजनलालजी	,,	लेनदेन
			लाला मुसामलजी	,,	,,
			लाला फकीरचंदजी	खंडेलवाल	,,
			लाला सगुनचंदजी	,,	,,
			लाला पोहकरमलजी	,,	,,
	ब				
१४५	बजाना	दिल्ली	लाला रामलालजी सु० अमृतलालजी	अग्रवाल	आढ़तकरना
१४६	बनचारी	गुड़गांव	चुन्नीलाल सु० उमरावजी	,,	आढत
१४७	बरसद	करनाल	लाला उलफतराय सु० चेतरामजी	,,	आढ़त सा०
			लाला जीताराम सु० गोपीरामजी	,,	दू० कपड़ेकी
			लाला किशोरीलाल सु० नेतरामजी	,,	,,
१४८	बल्लबगढ़	दिल्ली	लाला उम्मेदसिंह सु० चुन्नीलालजी	,,	बजाजीसराफी
			लाला संतलाल सु० उजागरमलजी	,,	,,
१४९	बवानालाखूका	करनाल	लाला डूंगरमलजी सु० मोतीरामजी	,,	आढ़त
			लाला हंसूमल सु० हंसराजजी	,,	,,
१५०	बहदुर	,,	लाला निहालसिह सु० देवकरनजी	,,	दू० कसेरटकी
१५१	बहादुरगढ़	रोहतक	लाला जीवनमल सु० भगवानदासजी	अग्रवाल	दू० हलवाईकी
			लाला बंशीधर स० नत्थमलजी	,,	दू० लोहेकी
१५२	बहौडा	गुड़गांव	लाला मक्खनलाल सु० ज्ञानचंदजी	,,	दू० अजांनकी
१५३	बालसमद	हिसार	लाला प्रभुदयाल सु० हीरालालजी	,,	जमीदारी
१५४	बालसर	करनाल	लाला सरयामल सु० खेमामलजी	,,	आढ़त
१५५	बिछूर	गुड़गांव	लाला दौलतराम सु० देवीदासजी	,,	,,
१५६	बुढ़िआ		लाला मित्रसेनजी साहुकार	,,	साहुकारी
१५७	बूसाना	रोहतक	लाला खुसवखतराय सु० नेतरामजी	,,	दू० कपड़ेकी
१५८	बूहाना	,,	लाला श्यामलालसु० स्योरामसिंहजी	,,	आढ़त
१५९	बेरी	रोहतक	मुंशी प्यारेलालजी सु० जीतमलजी	,,	मुलाजमात
१६०	बोबआ	हिसार	लाला घासीराम सु० बांकेलालजी	,,	,,
	भ				
१६१	भटगाव	दिल्ली	लाला केसरीमल सु० जानकीदास	,,	बजाजी
			लाला न्यादरमल सु० जसवंतराय	,,	,,
१६२	भदानी	रोहतक	लाला जुगलकिशोर सु० रामसरनदास	,,	मुलाजमात

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
१६३	भिड्डाना	हिसार	लाला जोतीप्रसाद सु० उजागरजी	अग्रवाल	जमींदारी
१६४	भिवानी	”	लाला छाजूराम सु० छोटूलालजी	खंडेलवाल	आढ़त-साहु०
			लाला वालूराम सु० शोभारामजी	”	”
			लालाकेवलकिशनसु०जयदयालजी	अग्रवाल	मुलाजमात
१६५	भुड्लाना	रोहतक	लाला तख्तावरमल सु०दीनासिंहजी	”	साहुकारी
१६६	भेड़थल	अम्बाला	लाला मथुरादासजी	”	लेनदेन
१६७	भैसवान	रोहतक	लाला पारसदास सु० दीपचंदजी	”	आढ़त
	म				
१६८	मतलौरा	हिसार	बूटामल सु० जादोरायजी	”	बजाजी
			लाला चंदूलाल सु० केवलराम	”	”
१६९	मतलौरा	करनाल	लाला खेमराज सु०दरवारीलालजी	”	दू० कसेरटकी
१७०	मरीना	रोहतक	लालागुलाबसिंह सु० फूलसिंहजी	”	कारिन्दगिरी
१७१	महमूदपुर	”	लालागोपालसहाय सु०मुकंदीलाल	”	आढ़त
१७२	महावटी	करनाल	लाला खुशीराम सु०उजागरमलजी	”	दू० कसेरटकी
१७३	माढीखेड़ी	गुड़गांव	लाला सुजानमलसु०बाबूलालजी	”	दू०कपड़ेकी
१७४	मातन	रोहतक	लाला मामचंदजी	”	मुलाजमात
१७५	मातहद	”	लाला धरमदास सु० वहालसिंहजी	”	दू० कपड़ेकी
१७६	मालवगढ़	गुड़गांव	लाला रामप्रसाद सु० जानकीदास	”	साहुकारी
१७७	मालाड	”	लाला प्रभुदयालसु०होश्यारसिंहजी	”	आढ़त
१७८	माहवटी	दिल्ली	लाला नत्थूमल सु० रामराजजी	”	साहुकारी
१७९	माहरा	रोहतक	लाला नत्थूमल सु० उम्मेदीरामजी	”	आढ़त
१८०	माहोली	गुड़गांव	लालादुरगाप्रसाद सु०कल्याणमलजी	”	दू० कपड़ेकी
१८१	मितराऊ	दिल्ली	लाला बांकेराय सु० रामदासजी	”	”
१८२	मुआना	करनाल	लाला हरजसलाल सु०काल्हूरामजी	अग्रवाल	आढ़त
१८३	मुक्तसर	फिरोजपुर	लाला मुसद्दीलाल स्योजीरामजी	”	”
१८४	मुलतानशहर	मुलतान	लाला चौथमलजी	पल्लीवाल	तिजारत
			लाला भोलानाथजी	अग्रवाल	”
			चौधरी मोतीराम सु०जेठानदजी	”	साहुकारी
			सेठ रिखबदास सु०घनश्यामदासजी	”	”
			लाला रामजीलाल सु०छज्जूरामजी	”	ओवरसियर
			लाला मुसद्दीलाल सु०छज्जूरामजी	”	वकालात
१८५	मुंगाली	हिसार	लाला धूमसिंह सु०जोतीसिंहजी	”	मुलाजमात

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
१८६	मूहाना	दिल्ली	लाला हरद्वारी सु० मोलहडजी	,,	दूकानदारी
१८७	मूहिम	रोहतक	जुगलकिशोर सु० महाबलीसिंहजी	,,	आढ़त
१८८	मूंडलिया	गुडगांव	लालारूडामल सु० शामलालजी	,,	,,
१८९	मेहमगर	दिल्ली	लाला हरदेवराम सु० रामजसजी	खंडेलवाल	दूकानदारी
१९०	मोघा	फीरोजपुर	लाला श्यामलाल सु० कृपारामजी	अग्रवाल	आढ़त
१९१	मोथा	हिसार	लाला मिट्ठूलाल सु० सम्मनलालजी	अग्रवाल	दू० कपड़ेकी
१९२	मौजमाबाद	गुड़गांव	लाला दीनदयाल सु० नथमलजी	,,	दूकानदारी
	र				
१९३	रकसेड़ा	दिल्ली	लाला मुंशीलाल सु० हरजसरायजी	,,	साहुकारी
१९४	रठान्ह	रोहतक	लाला निहालसिंह सु० हरजसराय	,,	,,
१९५	रतनगढ़	दिल्ली	लाला मोहरूमल्ल सु० रामचंदजी	,,	बेंकर
१९६	रतनथल	रोहतक	लाला शिवदयालजी	,,	मुलाजमात
१९७	रतया	हिसार	लाला धरमदास सु० जसवंतराय	,,	आढ़त
१९८	रवड़ा	रोहतक	लाला रामचंदपटवारी	,,	पटवारगिरी
१९९	रंठाना	रोहतक	लाला गोपीनाथ सु० हरजसराय	,,	साहुकारी
२००	राजपुर	दिल्ली	लाला रामप्रसाद सु० हरसनदास	,,	लेनदेन
२०१	राजलू	दिल्ली	लाला शालिग्राम सु० निहमल्लजी	,,	बजाजी
२०२	रानया	हिसार	लाला मोतीराम सु० किसनचंदजी	,,	साहुकारी
			लाला दुलीचद सु० रामलालजी	,,	,,
२०३	रावतखेड़ा	हिसार	लाला हरसहायमल सु० जगन्नाथ	,,	जमींदारी
			लाला रिखबलाल सु० कामताप्रसाद	,,	,,
			लाला नंदलाल सु० दीपचंदजी	,,	,,
२०४	रावलपिंडीकेंप	रावलपिंडी	बाबू बनवारीलालजी	,,	नौकरी
			सोहनलाल सु० देवीसहायजी	अग्रवाल	साहुकारी
			बाबू आशाराम सु० रामजीदासजी	,,	मुलाजमात
			अजितप्रसाद सु० रामलालक्लर्क	,,	,,
२०५	रावलपिंडीशहर	रावलपिंडी	जमनादासजी हेडक्लर्क	,,	नौकरी
२०६	रावली	गुड़गांव	लाला नेतरामजी पटवारी	,,	मुलाजमात
२०७	रिसाल्याखेड़ा	हिसार	लाल मंगतराम सु० जसराजजी	,,	,,
२०८	रूखी	रोहतक	लाला किशोरीलालसु० उम्मेदसिंहजी	,,	आढ़त
२०९	रूसात	हिसार	लाला प्यारेलाल सु० दीवानसिंहजी	,,	दू० कपड़ेकी
२१०	रेवाड़ी	गुड़गांव	लाला हरलाल सु० रामजीवनदास	,,	बेंकर जमी०

शुमार नम्बर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
			चौधरी चुन्नीलाल सु० लेखराजजी	अग्रवाल	बजाजी
			लाला मुसद्दीलाल सु० लेखराज	,,	सराफी
२११	रोहतक	रोहतक	लाला शिखरचंद सु० हरनामसिंहजी	,,	साहुकारी
			लालामनोहरलालसु० दीवानसिंहजी	,,	,,
			लाला गोपालसहाय सु० चन्द्रसेनजी	,,	,,
			लाला जोरावरसिह तुलसीरामजी	,,	,,
			बाबू सुमेरचंद सु० ज्ञानचंदजी	,,	वकालात
	ल				
२१२	लतानी	हिसार	गूगलमल सु० जेठरामजी	अग्रवाल	दूकानदारी
२१३	लहडपुर	अम्बाला	लाला दसोंधीमल सु० नंदलालजी	,,	दू० परचूनी
२१४	लाहौर	लाहौर	मास्टर जियालालजी	,,	नौकरी
			लाला मुन्शीलालजी एम, ए,	,,	पेन्शनर (ग०)
			लाला प्रभूदयालजी	,,	नौकरी
			पं० लालमनजी	,,	प्रिन्टर
			चौधरी जानकीदासजी	,,	साहुकारी
			लाला रामलालजी	,,	नौकरी
२१५	लूनामाजरा	रोहतक	जिनेश्वरदास सु० जौंहरीमलजी	,,	मुलाजमात
२१६	लूहारी	,,	लाला श्यामलाल सु० हरगूलालजी	,,	साहुकारी
२१७	लूहारी	हिसार	लाला गोरधनदास सु० मक्खनलाल	,,	आढ़त
२१८	लौदास	,,	लालाजीराम सु० रामलालजी	,,	मुलाजमात
	व				
२१९	वडी	दिल्ली	लाला वदमीसिह सु० जमैपतरायजी	,,	दूकानदारी
२२०	वादली	रोहतक	लाला मुर्लीधर सु० रामलालजी	,,	दूकानकिराना
२२१	वादसाहपुर	गुड़गांव	लाला रामजस सु० मोहकममलजी	,,	साहुकारी
			लाला उमरावसिंहसु० मथुरादासजी	,,	,,
२२२	वुदलाडा	हिसार	ला० फूमनमल्ल सु० प्यारेलालजी	,,	मुलाजमात
२२३	वूढ़ेखेड़ा	,,	लालादौलतरामजी सु० रामलालजी	,,	दूकानदारी
२२४	वूनामाजरा	रोहतक	जिनेश्वरदास सु० जौहरीमल्लजी	,,	मुलाजमात
२२५	वेमा	दिल्ली	लाला हरद्वारी सु० हरदेवदासजी	,,	आढ़तकरना
	श-स				
२२६	श्यालकोट	श्यालकोट	रायवहादुरलखमीचंदसु० बद्रीदासजी	,,	साहुकारी
२२७	शहरबेली	करनाल	लाला मोतीराम सु० नबलसिंहजी	,,	आढ़त

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
२२८	शालावास	रोहतक	लाला न्यामतसिंहजी	अग्रवाल	मुलाजमात
२२९	शाहपुर	करनाल	लाला मन्नालाल सु० नेतरामजी	,,	आढ़त
२३०	शाहाबाद	अम्बाला	लाला केवलराम सु० दीपचंदजी	,,	बजाजी
२३१	सधौरा	अम्बाला	लाला मनोहरलाल सु० मूलराजजी	,,	साहुकारी
			लाला न्यादरमल्ल सु० चेतरामजी	,,	सराफी
			लाला ईदूमल सु० सगुनचंदजी	,,	,,
			लाला पिरथामल्ल सु० मंगतरायजी	,,	बजाजा
			लाला मनोहरलाल सु० जमुनादास	,,	साहुकारी
२३२	सरसा	हिसार	लाला रुदारसिंह सु० अयोध्याप्रसाद	,,	मुलाजमात
२३३	सरहिंद	अम्बाला	लाला मोतीराम सु० कामताप्रसाद	,,	बजाजी
			लाला जगदीशप्रसाद सु० होश्यारसिंह	,,	नौकरी(सर्विस)
२३४	सलम्बा	गुड़गांव	लाला गोपीराम सु० चितारामजी	,,	आढ़त
२३५	ससाई	हिसार	लाला जोरावरसिंह सु० कामताप्रसाद	,,	साहुकारी
२३६	सहजादपुर	दिल्ली	लाला बुधराम सु० महेरचंदजी	,,	दूकानदारी
२३७	सांवल	,,	लाला मोहनलाल सु० जोतरामजी	,,	बजाजीकरना
२३८	सांपला	रोहतक	लाला रतनलाल सु० अजमेरसिंहजी	,,	लेनदेन
२३९	सामड़ी	करनाल	लाला कृपाराम सु० रामजीदास	,,	आढ़त
२४०	साहबाद	दिल्ली	लाला रामजीलाल सु० सहीराम	,,	लेनदेन
२४१	सिमला	सिमला	बाबू प्रभूलालजी	,,	मुलाजिम स०
			लाला मुर्लीधरजी	,,	गुमास्तगिरी
			मुन्शी खूबचंदजी	,,	वकालात
			लाला दौलतरामजी	,,	दूकानदारी
			लाला रतनलाल सु० रामजीदास	,,	सर्कारीनौकरी
			लाला द्वारकादास सु० दुरगसहाय	,,	मरचेंट
२४२	सिघाना	करनाल	लाला जुगकिशोर सु० हरजसराय	,,	बेंकर
			लाला उजागरमल सु० बंशीधरजी	,,	आढ़त
			लाला निद्धामल सु० जानकीदास	,,	आढ़त
२४३	सिवाड़ी	गुड़गांव	लाला श्योसहाय सु० गोपालरामजी	,,	दूकानदारी
२४४	सिसी	हिसार	लाला नेमकुंवर सु० परतापसिंहजी	,,	दू० कपड़ेकी
२४५	सीख	करनाल	लाला नंदीमल सु० शंकरलालजी	,,	साहुकारी
			लाला रामजीदास सु० करोड़ीमलजी	,,	,,
२४६	सीह	गुड़गांव	लाला उमरावसिंह सु० विहारीलालजी	,,	मुलाजमात

शुमार नम्बर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
२४७	सुनपत	दिल्ली	पं० उमरावसिंहजी सु० धरमदासजी	अग्रवाल	लेनदेन ज०
			लाला अनूपसिंह सु० बनारसीदासजी	,,	साहुकारी
			बाबू मुरारीलाल सु० द्वारकादासजी	,,	वकालत ज०
			लाला दीवानसिंह सु० संगमलालजी	,,	लेनदेन व०
२४८	सुलतानपुर	हिसार	गिरधारीलाल सु० उम्मेदसिंहजी	,,	साहुकारी
२४९	सेहा	गुड़गांव	लाला टीपचंदजी सु० नेकरामजी	,,	आढ़त
२५०	सैथरी	हिसार	लाला मुन्शीराम सु० लालजी	,,	दूकानदारी
२५१	सोताना	करनाल	लाला कुजलाल सु० चम्पतरामजी	,,	दू० कपड़ेकी
२५२	सोहना	गुड़गांव	लाला छुट्टनलालजी	,,	लेनदेन
	ह				
२५३	हमरान	हिसार	लाला कालकाप्रसाद सु० प्यारेलाल	,,	आढ़त
२५४	हरसरु	गुड़गांव	लाला दुलीचंद सु० सौजीरामजी	,,	लेनदेन
२५५	हसनगढ़	हिसार	लाला तख्तीमल सु० दलीपसिंहजी	,,	मुलाजमात
२५६	हांसी	,,	केवल किशन कानून गो	,,	साहुकारी
२५७	हिसार	,,	लाला न्यामतसिंहजी कवि	,,	मुलाजमात
			लाला जुगल किशोर हरगूलालजी	,,	साहु० जमी०
			लाला फतेचंद सु० मुसद्दीलालजी	,,	,,
			बाबू बांकेलाल बी, ए. वकील	,,	वकालात ज०
			लाला चन्द्रसेन सु० सगुनचंदजी	,,	साहुकारी ज०
			बाबू मनफूलसिंह बी. ए. वकील	,,	वकालात
२५८	हीरमाजरा	दिल्ली	लाला फतेचंद सु० सद्दीरामजी	,,	बजाजी
२५९	हुल्लाहेड़ी	,,	लाला मोलहड़जी सु० शिवलालजी	,,	,,

परिशिष्ट ।

शुमार नम्बर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
२६०	फीरोजपुर	फीरोजपुर	लाला रामानंद सु० जमुनादास	अग्रवाल	बजाजी
			लाला दुरगाप्रसाद सु० मंशारामजी	,,	,,

श्रीवीतरागाय नमः।

पंजाब प्रान्तके

तीर्थक्षेत्र और प्रसिद्ध २ शहरोंका वृत्तान्त।

श्रीवर्द्धमानाय नमः ।

पंजाब-प्रान्तके

तीर्थक्षेत्र और प्रसिद्ध प्रसिद्ध शहरोंका वर्णन ।

अम्बाला ।

पंजाबप्रान्तमें (E. I. R.) पर यह एक व्यापारी शहर है, और इसके पासही शहरसे ९ मीलपर छावनी भी है, ईसाकी चौदहवीं सदीमें एक राजपूतने जिसका नाम 'अम्बा' था इस शहरको बसाया था, तब यह शहर एक छोटासा गांव था, सन् १८४३ ई० में शहरके दक्षिणकी तरफ छावनी डाली गई, और सन् १८४९ ई० में जब पंजाबसर्कारके इलाकेमें मिला लिया गया तबसे अम्बाला जिलेका मुख्यस्थान बनाया गया तभीसे इसकी तरक्की होना आरंम्भ हुई शहरमें नई और पुरानी दो वस्तियां हैं । नई वस्तीकी सड़कें खुली चौड़ी और साफ हैं । शहर और छावनीमें सब मिलकर दि० जैनियोंके शिखरबन्द मन्दिर दो हैं, और आबाद घर ९४ हैं, जिसमें ४०४ आदमी रहते हैं । मन्दिरों में धर्मशास्त्र ७७३ हैं ।

अम्बालेमें रुई, अनाज, तेल निकालनेकी चीजें अदरक (आदा) हलदी, कपड़ा, सोंठ, लोहा, ऊन, रेशम और दरियोंका बड़ा व्यापार होता है ।

यहां रुई निकालने, रुई दबाने, आटे जानेकी कलें, शीशे कांच के कई कारखाने हैं । यूरोपियनदूकानें, गिर्जे, कोड़ीखाना, छावनी, खजाना, स्कूल, खानकाह (मठ) छावनी में घुड़दौड़का मैदान, पब्लिकबाग, देखने योग्य है । अम्बाले जंक्शनसे २६ मील दक्षिण थानेश्वर (कुरुक्षेत्र) का स्टेशन है, थानेश्वर सरस्वती नदीके बाएँ तटपर है, इस नगरके समीप 'कुरुक्षेत्रकी' रणभूमि है, जहां महाभारतका प्रसिद्ध संग्राम हुआ था, इस शहरको सन् १०११ ई० में 'महमूदगजनवी' ने लूटा था यहां ग्रहणके समय बड़ाभारी मेला भरता है ।

थानेश्वरसे आग्नेयमें 'तालवड़ी' ग्राम है, जहां सन् ११९१ ई० में प्रसिद्ध दिल्लीपति महाराजा 'पृथ्वीराजने' 'महमूदगोरीको' हराया था । इत्यादि प्राचीन स्थान भी देखने योग्य हैं ।

अम्वालेके स्टेशनपर मुसाफिरोंके लिये अच्छी पक्की सराय है। इक्के शहर में और स्टेशनपर सदैव मिलते हैं।

अमृतसर।

व्यास और रावीनदीके बीचमें यह नगर आबादी और क्षेत्रफलमें पंजाबमें दूसरे नंबरका शहर है। और नार्थवेस्टर्न रेलवेकी शाखा पठानकोटका जंक्शन है। स्टेशनसे शहर आधमील दूर है, सवारी हर तरहकी मिलती है। लाहौर ३३ मीलकी दूरीपर है।

अमृतसर पिछले समयमें एक छोटासा गांव था, उस समय इसका नाम 'चक' था। सिक्खोंको चौथे गुरु 'रामदासजी' ने जो १५८१ ई० में कालवश हुए, इसको बसाया, उस समय इसका नाम 'रामदासपुर' प्रसिद्ध हुआ फिर उन्होंने इसके अन्दर एक बड़ा तालाब बनवाकर उसका नाम 'अमृतसर' अर्थात् अमृतका तालाब रक्खा इस तालाबके कारण, इसका नाम अमृतसर प्रसिद्ध हुआ महाराज रणजीतसिंहके समय इसकी बहुत तरक्की हुई यहांतक कि सारे पंजाबमें अद्वितीय हो गया।

यहां सबसे बढ़कर देखने योग्य दरबारसाहेब है। यह छोटा होनेपर खुबसूरत है 'सुनहरी मन्दिर' शहरके अन्दर एक तालाबके बीचमें संगमरमरके चबूतरेपर बना हुआ है, मन्दिरभी संगमरमरका है, और गुम्बज सुनहरी है, भीतर और बाहर खुबसूरत बेलबूटे बने हैं। सिक्ख लोग इसको बहुत पवित्र मानते हैं। तालाबके एक किनारेपर 'घंटाघर' है। इनके सिवाय हालबाजार, टाउनहाल, गवर्नमेंटस्कूल, संतोकसर तालाब, जो कि शहरके अन्दर है, दरबारबाग, महाराजा रणजीतसिंहका बनवाया हुआ गोविन्दगढ़ किला, कई सुन्दर मसजिदें, कई गिर्जे, जेलखाना, नानकशाहियों के १३ अखाड़े, खालसा कालेज, कंपनीबागमें महारानी विक्टोरियाकी संगमरमरकी मूर्ति देखने योग्य है।

यहां दि० जैनियोंके अग्रवालोंके १३ घरोंकी मनुष्यसंख्या ४५ है, एक चैत्यालय है। लालाउम्मेदसिंह मुसद्दीलालजी बड़े धर्मप्रमी हैं।

यह शहर पंजाबमें व्यापारकी बड़ी मण्डी है। दुशाले और गलीचे यहांके बने हुये बहुत मशहूर हैं, ऊनी और रेशमी कपड़े और जरदोजीके बड़े कारखाने हैं।

स्टेशनपर मुसाफिरखाने और शहर में बहुत धर्मशालाएँ और सरायें हैं।

कर्नाल ।

यह पुराना नगर अम्बाला कालका रेलवे लेनमें दिल्लीसे ७६ मील और अम्बाला छावनीसे ४७ मीलकी दूरीपर है, जिलेका सदरमुकाम है । इसको राजा 'कर्णने' जो पाण्डवों और कौरवोंके कुरुक्षेत्रके बड़े भारी संग्राममें कौरवोंका मददगार था, इस शहरको वसाया था । इसी शहरमें ईरानके वादशाह 'नादिरशाह' ने मुगल वादशाह मुहम्मदशाहको सन् १७५६ ई० में हराया था, बाद यह शहर राजा जींद और मरहठोंके हाथमें आया मरहठोंको लदवाके राजा गुरदत्तसिंहने निकाल दिया । १८०५ में राजा गुरुदत्तसिंहसे सरकार अंग्रेजने जब्तकर लिया । क़िला जो कई साल तक छावनीके काममें आता रहा अब स्कूलके काम आता है । काबुलकाअमीर दोस्त मुहम्मदखां १८४० ई० में यहांपर ६ महिने नजरबन्द रहा था ।

१९०१ ई० में कर्नालकी आबादी अनुमान २३५५९ थी, दिगम्बर जैनियोंके अग्रवालोंके ५० घरोंकी मनुष्यसंख्या १७५ है । दो शिखरबन्दमन्दिर और एक चैत्यालय भी है, जिनमें करीब ९० धर्मशास्त्र हैं । यहांपर लाला रामजीदासजी तहसीलदार, तथा लाला रूपचन्दजी, लाला जुगमन्दरदासजी, लाला देवीसहायजी, लाला निहालचन्दजी प्रसिद्ध पुरुष और जातिके मुखिया हैं ।

शहरके निकट ही एक जैनियोंका बगीचा है, जिसमें एक कमरा पुख्ता (मजबूत) बना है, इसमें बाहरके आये हुए लोग ठहर जाया करते हैं ।

बाजार अच्छा घना बसा है । देशी कपड़े कम्बल और बूट यहां अच्छे बनते हैं । शाहकलंदर, करनातालाब, टाउनहाल, अजायबघर, एक सुन्दर मसजिद इत्यादि देखनेके योग्य स्थान हैं ।

रेलवे स्टेशनसे शहरकी आबादी २ मील है, मुसाफिरोंके लिये कई सराएँ हैं । इक्के बग्घियां सवारीके लिये हरवक्त मिलती हैं ।

गुड़गांव ।

यह नगर दिल्लीसे नैऋत्य दिशामें राजपूताना मालवा रेलवेका बड़ा स्टेशन है । इसका यह नाम पड़नेका कारण यह है, कि राजा 'युधिष्ठिरने' अपने गुरु 'द्रोणाचार्यको' यह गांव दान कर दिया था, इस लिये इसका नाम 'गुरुग्राम' पड़ गया था गुरुग्रामका अपभ्रंश गुड़गांव हो गया है । इसके निकट 'हिदायतपुरकी' सीमामें बेगम 'शमरूने' छावनी डाली थी, परन्तु अब यह छावनीका स्थान पंजावप्रान्तमें जिला बन

गया है, यहांका मनुष्यगणना चार हजारके अनुमान है। जिसमें दिगम्बर जैनी ७० के करीब हैं। जैनियोंके गृह १४ अग्रवालों के और एक जैसवालका है।

गुड़गांव में एक गुम्बजदार जैनमन्दिर है, जिसमें अनुमान ५० धर्मशास्त्र हैं, गुड़गांव से ४ मीलकी दूरीपर 'बादशाहपुरमें' एक रमणीय ऊंचा गुम्बजदार जैनमन्दिर देखने योग्य है।

यहांपर शीतलादेवीका बड़ा मन्दिर है, चैत्रके महिनेमें पूजाके लिये हिन्दूलोग अनुमान ४० हजार इकट्ठे होते हैं।

गोहाना।

यह कसबा रोहट नहरके तटपर रोहतकसे २४ मीलके फासलेपर पक्की सड़कपर तहसीलका सदरस्थान है। ७००० के अनुमान यहांकी मनुष्यसंख्या है, इनमें अग्रवाल जैनियोंके ३०७ गृह है, जिनकी मनुष्य-संख्या अनुमान २५०० है। दो शिखरबन्द जैनमन्दिर हैं, दोनोंमें संगमरमरका फर्श तथा बेदी है। और बेदियोंमें छतों और दीवारोंपर सुनहरी चित्रकारीका सुन्दर काम है। मन्दिर अतिमनोज्ञ शोभायमान है। इनमें करीब २०० धर्मशास्त्र हैं। एक नवीन जैनमन्दिर और बना है, जिसकी प्रतिष्ठा होनेवाली है, इस ग्रामसे डेढ़ मीलकी दूरीपर एक 'नगर' नामक छोटासा ग्राम है यहां एक जिनचैत्यालय और ४० घर अग्रवाल जैनियोंके हैं।

गोहानामें कांसे पीतलके बर्तन अच्छे बनते हैं।

जगाधरी।

अम्बाला जिलेमें तहसीलका सदरस्थान जगाधरी बड़ा कस्बा है; और इसके इर्द गिर्दका देश बड़ा सुहावना है। यमुना नदी और शाहनहर यहीं बहती है। यह कस्बा स्टेशन (N. W. R.) से ७ मीलकी दूरीपर है। सड़क पक्की कच्ची है। जगाधरीकी मनुष्यसंख्या अनुमान १४ हजार है, जिसमें दिगम्बर जैनियोंके आबाद ३५ गृहोंमें १६९ आदमी रहते हैं। उक्त आम्नायके यहांपर दो मन्दिर गुम्बजदार अति उतंग शोभनीय हैं, जिनमें अनुमान १०० धर्मशास्त्र हैं, और प्रतिदिन शास्त्रसभा होती है। यहांपर मन्दिरके निकट एक औषधालय भी है।

कांसेके बर्त्तन और बहलियां बड़ी मजबूत और सुन्दर बनती हैं। बड़े बड़े साहूकार यहां रहते हैं।

यहांसे ४ मीलकी दूरीपर बुड़िया नामक एक बड़ा ग्राम है, यहांपर एक शिखरबन्द मन्दिर अतिमनोज्ञ है, जिसमें करीव १०० धर्मशास्त्र हैं। बुड़ियामें दि० जैनियोंके गृह १९ हैं जिनकी मनुष्यसंख्या८० है। बुड़ियामें वीरबल (वजीर अकबरका) बनवाया हुआ रंगमहल देखने योग्य है।

जालंधर ।

पंजाबमें जिला और कमिश्नरीका जालंधर सदर मुकाम है, नॉर्थवेस्टर्न रेल्वेका स्टेशन है। छावनीका स्टेशन ३ मील पहले मिलता है।

जालन्धर बड़ा पुराना शहर है, और 'सिकंदरके' हमलेसे पहले 'कटोच-राज्य' की राजधानी थी, कटोचका जिकर महाभारतमें है। पुराने नगरकी निशानीका अवतक तालाव है, जिसको 'देवीतालाव' कहते हैं। जूनमें गायकोंका प्रसिद्ध मेला होता है।

यहां पर बाहिरसे आये हुए अग्रवाल दि० जैनियोंके २५ घर हैं, जिनमें २१० आदमी रहते हैं। यहां विक्रम संवत् १९५५ में दिगम्बर जैनमन्दिर बना है। सर्व भाई पूजन-प्रक्षाल यथोचित और भक्तिपूर्वक करते हैं। धर्मात्मा भाई लाला सुखा-मलजी, दातारामजी, और गेंदामलजी जातिके मुखिया हैं।

शहरमें कई धर्मशालाएँ और ३ सरायें हैं, एक सराय स्टेशनसे थोड़े गजके फास-लेपर है। आर्यसमाजियोंका विद्यालयभी देखने योग्य है।

छावनी शहरसे ४ मील है। छावनी और शहरमें सवारी हरवक्त मिलती है।

जालंधरसे रेशम बाहर जाता है, और लकड़ीका काम बहुत अच्छा होता है।

दिल्ली ।

(राजधानी)

दिल्लीशहर बहुत बड़ा सुहावना यमुनानदीके दाहिने किनारे अति रमणीय बहुत प्राचीन पंजाबप्रान्तमें प्रसिद्ध शहर है। पुराना नाम 'इन्द्रप्रस्थ' प्रसिद्ध है। आगरेसे १२२ और बम्बईसे ९५७ मीलके फासलेपर है। बी० बी० एन्ड० सी० आई०, ईस्ट इन्डियन, अवध-रुहेलखण्ड, जी० आई० पी० और नार्थ-वेस्टर्न रेलवेका यहांपर जंक्शन है।

संक्षिप्त वृत्तान्तः—इस नगरको कई लोग महाराज 'दिलीप' का वसाया मानते हैं, पूर्व समयमें पांडव महाराज 'युधिष्ठिरकी' राजधानी थी, पीछे भारतके अन्तिम हिन्दू सम्राट

पृथ्वीराजकी रही, मुसलमान बादशाहोंकी राजधानी भी यही शहर रहा था। कई वर्षोंके पीछे यह शहर ऊजड़ गया, जिनके आजतक बड़े २ खंडहर पाये जाते हैं, उसको पुरानी दिल्ली कहते हैं।

फिर १६३० ईस्वीमें शाहजहां बादशाहने एक और शहर पासही बसाया और उसका नाम 'शाहजहानाबाद' रक्खा। सन् १८५७ ई० में 'बहादुरशाह' ने जो कि 'शाहजहां' के कुलमें नाममात्र सिंहासनपर चला आता था, अंग्रेजोंके विरुद्ध बल्वेमें शामिल हुआ इस लिये अंग्रेजोंने इन राजद्रोही बल्वेवालोंका नाश करके दिल्लीको ले ली, और बादशाहको ब्रह्मदेशकी राजधानी 'रंगून' नगरमें कैद करके भेजा, इस उपद्रवके कारण यह नगर फिर उजाड़ हो गया था। अब फिर भरपूर होरहा है, और फिरसे दिल्लीका सौभाग्योदय हुआ है, क्योंकि दिल्लीदरबारके समय सम्राटने फिरसे राजधानी की नींव डाली है और कई सुन्दर इमारतें बन रही हैं।

मनुष्यसंख्या और प्रसिद्ध २ पुरुषोंके नाम:—

यहांकी मनुष्यसंख्या अनुमान ढाई लाख है, जिसमें सर्व जाति तथा सर्व मताव लम्बी रहते हैं, दिगम्बर जैनधर्मके धारक महानुभावोंमें खंडेलवाल अग्रवाल पदमावती परवारोंके सब मिलाकर ९५० गृह जिनकी मनुष्यसंख्या ३५२५ है। और प्राय:जैनी-भाई मालीवाड़ा, सेठका कूचा, सबजी मन्डी, पहाड़ी धीरज, दरीबाकलाँ, वकीलपुरा, कटरा खशहालराय, आदि मुहल्लोंमें निवास करते हैं, यहांके जैनीभाई बहुत स्वच्छ प्रियवादी और लक्ष्मीपुत्र हैं, परन्तु इनमें दिखावा बहुत है। जैनियोंमें कई महाशय तो राजमान्य और बड़े २ ओहदोंपर हैं। लाला ईशरीप्रसादजी गवर्नमेंट खजानची आनरेरी मजिस्ट्रेट म्युनिसिपल कमिशनर और लाला सुलतानसिंहजी वकील आनरेबल मेम्बर लेफ्टिनेन्ट गवर्नर पंजाब कौन्सिलके हैं, तथा आनरेरी मजिस्ट्रेट भी हैं। इत्यादि कई प्रतिष्ठित पुरुष हैं, इनके अतिरिक्त इस शहरमें लाला 'मेहरचन्दजी' कन्टरेक्टर (ठेकेदार) जोकि बहुत प्रसिद्ध हैं, जिन्होंने विक्रम संवत् १९३५ में दिल्ली ऐसे शहरमें बिंबप्रतिष्ठा कराई थी, बड़े धर्मात्मा सज्जन पुरुष निवास करते हैं।

दि० जैनियोंके १५ जैनमन्दिर शिखरबन्द लाखों रुपयोंकी लागतके बने हैं, जिनमें सुवर्णकी चित्रकारीका काम कोरनीका काम संगमरमरपर जड़ाऊ सच्चे नगोंका काम तथा जिनमन्दिरोंके भीतर जरीके चन्दोवे आदि जिनके देखने से अपूर्व आनन्द प्राप्त होता है। और यहांपर ७ चैत्यालय भी है। मन्दिरोंमें धर्मशास्त्र करीब २००० हैं।

धर्मशाला और पाठशाला:-दिल्लीमें सब मिलाकर छह धर्मशालाएँ हैं, जिनमेंसे दि० जैनियोंकी सेठके कूचेमें बहुत अच्छी धर्मशाला है, पानीकानल इसके पासही है। जैनी लोग यहां विना किरायेके ठहर सक्ते हैं, दरीवा कूचासेठ मन्दिर सरावगियानके पतेसे रेलवे स्टेशनसे हरएक गाड़ीवाला यहां पहुंचा देता है। इस धर्मशालाका काम अब बढ़नेलगा हैं। एक दूसरी धर्मशाला मालीवाड़ेके मन्दिरमें एक जैसिंहपुराके मन्दिरमें और एक पहाड़ीधीरजके मन्दिरमें है। तथा एक पाठशाला मालीवाड़ेके मन्दिरमें एक पाठशाला पहाड़ीधीरजके मन्दिरमें और एक पाठशाला और एक कन्याशाला धर्मपुराके मन्दिरमें है। इस प्रकार पांच दिगम्बर जैन पाठशालाएँ हैं। जिनमें बालक बालिकाओंको धर्मशिक्षा दी जाती है, पाठशालाओंका प्रबंध अच्छा है।

औषधालय:-मालीवाड़ेके जैनमन्दिरमें एक औषधालय है, और इसके अतिरिक्त लाला मोतीरामजी जैन वैद्य दरीवाकलाँमें रोगकी परीक्षा करनेके पश्चात् शुद्ध औषधि दान देते हैं। हिसारका अनाथाश्रम भी वर्तमानमें देहलीमें है।

देखनेयोग्यस्थान-लालकिला [illegible] मसजिद, गाजीउद्दीनखांका मदरिसा, जुम्मा मसजिद यह मसजिद प्रसिद्ध म[illegible]जदोंमें से एक है, सिमरूबेगमका बाग, साहिबा बेगमका बाग, माधोदासका बगीचा, आपा गंगाधरका शिवालय, हुमायूंका मकबरा, अजायबघर, घंटाघर, पृथ्वीराजका किला, जनरल निकलसन और उसके साथियोंका मीनार, सफदरजंगका मकबरा, शाहीहम्माम, कालीमसजिद, अमीर खुसरोका मकबरा, निकलसनका बाग, अंग्रेजोंका कबरिस्तान, कुतुबसाहिबकी लाट जो कि दिल्लीसे ११ मील दक्षिणकी ओर है, २३८ फुट ऊंची है, यह दुनियांकी सब मीनारोंसे ऊंची है, इस पर चढ़नेको ३७९ सीढ़ियां हैं, इस लाटके पास धातुकी लाट ३३ फुट ८ इंच ऊंची है, इसको हिन्दुओंने ३१९ ई० में बनवाई थी, चांदनीचौक भरतखंडके अत्युत्तम बाजारोंमेंसे है, अन्य कई बाजार, अंग्रेजीकालेज, अशोकस्तंभ लेखोंमें अशोककी धर्माज्ञा लिखी हुई है, 'हिंसामतकरो' प्राचीन बस्तीके खंडहर और भी कई मुसलमानी इमारतें ऊपर लिखे जैनमन्दिर जो कि लक्षों रुपयेकी लागतके हैं देखने योग्य हैं।

दिल्लीमें हर तरहका व्यापार होता है, विशेषकरके गोटा, किनारी, रत्न, कपड़े, तांबे पीतलके वर्तन, लोहा, कागज, डबलरोट, बिस्कुट, और विदेशी मालका बहुत क्रय विक्रय होता है।

नजफ़गढ ।

दिल्ली जिलेमें एक छोटासा कसबा दिल्लीसे बारह कोस पश्चिमकी ओर तहसीलका स्थान है । इसको नब्वाब 'नजबखांने' बसाया था । एक ओर किलेकी नींव भी इसी नब्वावने नगरके बाहर डाली थी, पर किला अधूरा रहा । इस नगरके पास एक बहुत बड़ी झील है जिसमें पानी भरा रहता है, अब सरकारने इसमेंसे एक छोटी नहर निकाली है, इस नगरके पास की पक्की दीवाल है, यह अब कहीं २ से टूट गई है ।

यहां एक शिखरबंद दि० जैनमन्दिर है, और इसके पास एक जैनधर्मशाला जो इसी नगरके निवासी श्रीमान् जैनजातिभूषण डिप्टी चंपतरायजीने बनवाई है— आपने १६ वर्ष पर्यंत भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभाके महामंत्री पदका कार्य बड़ी योग्यताके साथ किया और कर रहे हैं । और डिप्टी सा० ने मन्दिरमें एक जैनपाठशाला स्थापित करा रक्खी है, जिसका मासिक खर्च आपही देते हैं । आपके बड़े भ्राता लाला 'गणपतरायजी' यहांकी सभाके सभापति हैं, और मंत्रीका कार्य लाला 'वनवारीलालजी करते हैं । और लाला 'किरोड़ीमलजी' प्रतिदिन भाइयोंको शास्त्रसभामें धर्मोपदेश देते हैं । मन्दिरका पूजन प्रक्षाल नित्य समयपर होता है ।

यहांपर दिगम्बर जैनाग्रवालोंके गृह अनुमान [illegible] जिनकी मनुष्यसंख्या २७५ के अनुमान है । तिजारत यहां सब प्रकारकी होती है ।

पानीपत ।

यह प्राचीन नगरजिला 'कर्नालमें' तहसीलका सदरमुकाम कर्नालसे २१ मील और दिल्लीसे ५५ मील उत्तर पानीपतका स्टेशन है । कस्बेके चारों ओर पुरानी दीवाल और १९ फाटक हैं । इसके मैदानमें कई भारी भारी लड़ाइयां हुई हैं, जो कि भारतवर्षके इतिहासमें प्रसिद्ध हैं । यहां अग्रवाल जैनियोंके अनुमान २७५ गृह जिनकी मनुष्यसंख्या एक हजारके लगभग है । ४ शिखरबंद जैनमन्दिर हैं, इस ग्राममें भादोंके माहमें और रत्नत्रय पर्वके दिनोंमें हलवाइयोंकी भट्टी भरभूंजोंके भाड़ बन्द रहा करते हैं, और न चिड़ीमार जानवरोंको पकड़ते हैं, यह रिवाज बहुत वर्षोंसे यहां कायम है, और केवल चिड़ी न मारनेवालों ही को यहांके जैन पंच जीवहिंसा न करनेके बदले में उनको खानेपीनेके लिये रुपया देते हैं, प्रत्येक माहकी दोनों अष्टमी और चतुर्दशीको हलवाइयोंकी भट्टियां बन्द रहा करती हैं । यह नियम अहिंसा धर्मको पालन करा रहा है । पहला जैनमन्दिर लाला दन्दीमलजीका है, इसके प्रबन्धकर्ता पंडित कबूलसिंहजी हैं ।

दूसरा जैनमन्दिर चौधरी वनवारीलालजीका वनवाया हुआ है, तीसरा और चौथा जैनमन्दिर पंचायती है, ये दो मंदिरतो मुहल्लेके मैदानमें हैं, और दो मंदिर श्रावगी मुहल्लेमें है । यह मुहल्ला रेलवे स्टेशनसे करीव एक या डेढ़ फर्लांगके फासलेपर है । मुहल्लेके मैदानमें मन्दिरके निकट जैनधर्मशाला और जैनपाठशाला भी है । जिसका पठनक्रम जैनशिक्षाप्रचारक समिति :जयपुरके अनुसार है । लड़के अनुमान १०० पढ़ते हैं ।

यहांके लोग धनाढय और सुखी हैं और खेती: व्यापार वगैरः करनेके वहुत अच्छे ढंग जानते हैं । इस नगरमें कांच, शीशे, और वोतल आदि वनानेका कारखाना है । कांसे पीतलके वर्तन भी अच्छे वनते हैं ।

पेशावर ।

लाहौरसे २२९ मील पश्चिमोत्तर पेशावर शहरका स्टेशन और उससे ३ मील और आगे पेशावरछावनीका रेलवे स्टेशन है । पेशावर हिंदुस्थानकी पश्चिमोत्तर सीमाके पास जिलेका सदरस्थान वारा नदीके वाएँ किनारेके पास प्रसिद्ध सुन्दर शहर है ।

पेशावर शहर मिट्टीकी दीवारसे घिरा हुआ है, जो सिक्खोंके राज्यके समय वनी थी, इसमें १६ फाटक हैं, जो नित्य रातमें तोपकी आवाज होनेपर वन्द कर दिये जाते हैं।

काबुल फाटकसे शहरमें प्रवेश करना होता है । स्टेशनपर सवारी हरतरहकी मिलती है । एक सराय वहुत अच्छी और सुन्दर वनी हुई है ।

ऐसा प्रसिद्ध है कि अतिप्राचीनकालमें एक चन्द्रवंशी राजाके आधीन गान्धारदेशमें पेशावरकी घाटी थी, जिसकी राजधानी पेशावरसे २९ मील दूर स्वात नदीके वाएँ किनारेपर हस्तनगरके आसपास पिकलस (या पुष्कलावती) करके प्रसिद्ध थी, वहां अव तक पुराने मकानोंके खंडहर देख पड़ते हैं । सन् ई० की पाँचवी सदीमें चीनके 'फाहियान' और सातवीं सदीमें 'हुएंत्संगने' लिखा था कि पुष्कलावतीमें वहुत प्रसिद्ध वौद्धस्तूप है, उस समय गान्धारकी राजधानी पेशावर थी ।

देखने योग्य स्थान ये हैं:-प्रधानसड़ककी सुन्दर दूकानें, वाजार, शहरकी कई सुन्दर मसजिदें, पंचतीर्थीनामक एक सुन्दर सरोवर है, इसके किनारे कई सुन्दर मन्दिर हैं, शहरकी दीवारके वाहिर वालाहिसार नामक किला, कचहरियां सव डिविजनल आफिस वौद्धस्तूप, * शहरसे २ मील पश्चिम वड़ी प्रसिद्ध छावनी, शहरसे ३ मील चांदमारी

---

* पेशावरके वौद्धस्तूपमें एक डव्वा मिलाथा, जिसमें वुद्धदेवकी हड्डियां रक्खी हुई थीं ।

छावनीके निकट गोरखनाथका तालाब, और गढ़ी, कई बाग इनमें वजीरी बाग बहुत रमणीय है, गिर्जा, स्कूल, अस्पताल, इत्यादि कई स्थान देखने योग्य हैं ।

पेशावरमें सौदागरीका प्रसिद्ध बाजार है, मध्यएसिया अफगानिस्तान और आसपासके स्वाधीन राज्योंके साथ बड़ा भारी व्यापार होता है । गेहूं और सब तरहके अन्न, नमक, सुगन्धित चांवल, घी, तिल, हींग, गुड़, मेवा, तम्बाकू, चांदी, सोना, लैस, चमड़ा, घोड़ा, खच्चर, भेड़, ऊनीकपड़ा, और चायका बड़ा भारी व्यापार होताहै। यहांकी वस्तुओंमेंसे, अनेक वस्तु भारतवर्षके दूसरे विभागोंमें नहीं देखनेमें आती हैं ।

मुसलमान (पठान) यहां बहुत रहते हैं, 'पश्तो' नामक भाषा बोली जाती है, कुरता और ढीला पायजामा पहिरनेका बड़ा रिवाज है, यहांके आदमी ऊंचे और बलवान् होते हैं ।

पेशावरकी मनुष्यसंख्या छावनी सहित अनुमान ८९ हजार है, पंजाबमें चौथे नम्बरका शहर है । यहांपर अग्रवाल जैनभाईके एक गृहकी मनुष्यसंख्या ८ है ।

पेशावरमें मिट्टी और तांबेके बर्तन, तलवार, पिस्तौल (बंदूक) खंजर बहुत अच्छे बनते हैं । सुप्रसिद्ध भयानक खैबरघाटीका रास्ता यहींसे है ।

फर्रुखनगर ।

यह कसबा गुड़गांव जिलेमें दिल्लीसे ३३ मीलकी दूरीपर (R. M. R.) लेनके स्टेशनसे ३ मीलकी दूरीपर बसा है ।

विक्रम संवत् १७७१ ज्येष्ठवदी १ को 'फौजदारखां' विलोचयाने 'फर्रुखशेर बादशाह' दिल्लीके शासनमें लाला सीतारामजी जैनकी सहायतासे बसाया था, और इस कारणसे लाला सीतारामजीका बादशाही दरबारमें बड़ी प्रतिष्ठा थी । और इस कार्यकी सफलतासे इनको चौधरीका पद मिला था । फौजदारखांका नाती ईशेखां जवाहरसिंह भरतपुरके जाट राजाके साथ लड़कर पकड़ा गया, और बारह वर्ष बंदीगृह (कैद) रहा, तब भरतपुर राजाके कारिन्दा लालाखुशालरायजी खण्डेलवाल जैन शासनकर्त्ता नियत हुये थे जिनने फर्रुखनगरके जैनमन्दिरको अति मनोज्ञ उतंग बनवाकर धर्मप्रभावना की थी, और उस समय फर्रुखनगरका नाम "जवाहरगढ़" प्रसिद्ध रहा । विक्रम संवत् १९१४ वा सन् १८५७ ई० के गदरमें नव्वाब फौजदारखांका सत्त्वाधिकारी नव्वाब अहमदअलीखांको ब्रिटिश गवर्नमेंटके विरुद्ध होनेके कारण फांसी लगाई गई और फर्रुखनगर जिला गुड़गांवमें शामिल कर लिया । यह नगर जैनियोंके हाथसे बसाया गया है,

इस कारण सदैव जैनी ही यहांके राज्यमान और मुखिया रहे हैं। अंग्रेजीराज्यमें भी चौधरी 'भोगीदासजी' को पांचवी पीढ़ीमें चौधरी 'माणिकचंद' और चौधरी 'मनीरामजी' को छटी पीढ़ीमें और चोधरी 'मूलचंदजी' गदरमें मौजूद थे, इनको चौधरातका पद सरकार अंग्रेजने भी सन्मान पूर्वक दिया। और जैनी लोगोंका सन्मान पूर्वके समान ऊंचा रक्खा। विक्रम संवत् १९३७ में जैन पंचोंने एक भारी रथयात्रा कराई, जिसमें विधर्म्मियोंने विघ्न करना चाहा परन्तु कुछ न कर सके। यहांका शिखरबंद मन्दिर दो चौकका है, पूजन प्रक्षाल और शास्त्रसभा होती है। इस मन्दिरमें तीन वेदी हैं, मध्यकी वड़ी वेदीमें मूलनायक शीतलनाथस्वामीकी प्रतिमा अति प्राचीन अतिशययुक्त विराजमान है, जो कि विक्रम सम्वत ४ की है, और धातु पाषाणकी सब मिलाकर ९१ प्रतिमायें हैं. और शास्त्रजी प्राकृत संस्कृत भाषाके सब मिलाकर ३१२ हैं। इस नगरमें ज्योतिषरत्न आयुर्वेदमार्तंड चौधरी पंडित 'जियालालजी' जैन निवास करते हैं, जो चौधरी माणिकचंदजीके पौत्र और चौधरी सुमेरचन्दजीके पुत्र हैं ये महाशय जैनजातिमें बहुत प्रसिद्ध हैं। आप ज्योतिषके अच्छे जानकार हैं, जैनपंचाङ्ग भी प्रकाशित करते हैं। और आपहीने सबसे प्रथम जैन जातिमें 'जैनप्रकाश' नामक पत्र सन् १८८४ ई० में निकाला और सन् १८९६ में अवैतनिक उपदेशक होकर देशाटन किया था। विक्रम संवत १९५२ में अपने नगरमें ही एक चैत्यालय मन्दिरसे पृथक बनाकर धूमधामसे मेला कराया था। ज्योतिषके सिवाय मंत्रशास्त्र और वैद्यकमें भी योग्यता अच्छी रखते हैं। जिसके लिये आयुर्वेदके सम्मेलन विद्यापीठ नासिकसे ता० २८ मई सन १९०७ ई० के प्रथम अधिवेशनमें 'आयुर्वेदमार्तण्ड' यह उपाधि मिली थी। यहां पर दिगम्बर आम्नायके जैनियोंके गृह ६० हैं. और मनुष्यसंख्या २४० है। और एक धर्मशाला भी है।

पहले इस नगरमें खारी नमकका व्यापार अधिक होता था, और ४ लाख रुपयेके लगभग वार्षिक आमदनी प्रजाको होती थी. और २० हजारसे अधिक मनुष्य इसमें बसते थे, सांभरके व्यापारने यह नमक बरबाद करदिया। अब अनुमान ४००० मनुष्य रह गये हैं जिनका आधार केवल अनाजके व्यापारपर है. इस नगरमें एक 'शीशमहल' नामक स्थान देखने योग्य है।

फ़िरोजपुर।

फ़िरोजपुर नगर लुधियानासे पश्चिम और लाहौरसे दक्षिणकी ओर ४६ मीलकी दूरीपर सतलज नदीके बाएं किनारे बसा है। जिलेका सदर मुकाम और रेल्वे स्टेशन है।

दिल्लीके बादशाह 'फ़ीरोज़शाह' तुगलकने फिरोजपुर बसाया था। पश्चिमके बादशाहोंकी चढ़ाई और नित्यकी लड़ाइयोंसे यह नगर उजड़ गया था। अंग्रेजी राज्यमें फिर अच्छा बस गया है। पुराना किला जो बस्तीके अन्दर था गिरा दिया गया है। और ग्रामके बाहर अंग्रेजी ढंगका एक नया किला बनाया गया है, इस किलेमें पंजाबका प्रधान तोपखाना है, देखने योग्य स्थानोंमें उपर्युक्त किला, फौजीछावनी, कचहरियां, पुलिसस्टेशन, जेलखाना, टाउनहॉल, बाग, अस्पताल, स्कूल, मेमोरियलचर्च हैं।

छावनीमें हर एक जातिके लोग बसते हैं। यहां अग्रवाल दिगम्बर जैनियोंके ८९ घर हैं, और मनुष्यसंख्या अनुमान ३९० है। बाजारमें दो दिगम्बर जैन मन्दिर अति उतंग, रमणीय और एक साथ मिले हुए बने हैं। जिनको अंग्रेज लोग भी देखनेके लिये आया करते हैं। मन्दिरजीमें जैनी भाई पूजन प्रक्षाल समयपर भक्ति पूर्वक करते हैं। मन्दिरमें कुल धर्मशास्त्र १९२ हैं। शास्त्रसभा प्रतिदिन होती है। मन्दिरके सन्मुख धर्मात्मा लाला देवीसहायजीकी उदारतासे एक जैन औषधालय कई वर्षोंसे स्थापित है जिसमें हकीम 'पातीरामजी' जैन कायमगंज, फ़र्रुखाबाद निवासी बहुत अनुभवी वैद्य हैं। तथा बाजारमें एक जैनपाठशाला भी ढाईवर्षसे अच्छी चल रही है। पंडित 'चंपालाल' और 'अमोलकचंदजी' जैन अध्यापक हैं। अनुमान ६० जैन और हिन्दू विद्यार्थी शिक्षण पाते हैं। शिक्षा महाविद्यालयके पठनक्रमके अनुसार दी जाती है।

कुछही दिन हुये कि यहांके उत्साही युवकोंने 'जीवदयाप्रचारक' सभा स्थापित करके बड़ा भारी कार्य अहिंसा प्रचारका किया है। सभाकी ओरसे हिन्दी उर्दू अंग्रेजी आदि भाषाओंमें एक मासिकपत्र निकलनेवाला है। सभाके सेक्रेटरी बाबू 'अमोलकचंदजी, पद्मावतीपरवार हैं। 'फिरोजपुर' शहरमें २१ दिगम्बर जैनियोंके घर हैं जिनकी मनुष्यसंख्या ८३ है। पहिले यहां मन्दिर नहीं था सं० १९६५ में मन्दिर बना है जिसमें धर्मशास्त्र ३५ हैं। पूजन प्रक्षाल और रात्रिमें शास्त्र-सभा रोज होती है। यहांके भाई 'दुर्गाप्रसादजी' धर्मात्मा सज्जनपुरुष है। छावनीसे शहर २ मीलकी दूरीपर है।

कस्बेमें गल्ले आदि खेतीकी पैदावारकी तिजारत होती है।

फ़ीरोजपुर–झिरका।

यह ग्राम गुड़गांव जिलेमें 'रेवाड़ी' से ३२ कोस दूर पहाड़ी रास्तेपर है, सवारी कोई नहीं जासकती। अलवर स्टेशनसे २० कोस पक्की सड़कपर वाके है। इक्का आदि सवारी मिलती हैं। फिरोजपुर झिरका पहिले नव्वाब 'अहमद बकशखां' की जागीरमें था, जब उसके बेटे नव्वाब 'शमसुद्दीनखां' को फांसी हुई, तो उसकी जागी-

रका यह भाग छीन लिया गया। इस नगरमें एक स्थानपर पहाड़से पानी झिरता है, इसी लिये इसे झिरका कहते हैं। यहांपर दि० जैनियोंके ५१ घर हैं, आर मनुष्यसंख्या २१५ है। और ३ शिखरवन्द मंदिर हैं, जिनमें धर्मशास्त्र १८२ हैं।

भिवानी।

हिसार जिलेमें हांसीके रेलवे स्टेशनसे २२ मील भिवानीका स्टेशन है। जिलेमें सबसे बड़ा व्यापारी कस्बा और तहसीलका सदरस्थान है।

भिवानी पहले एक छोटासा ग्राम था, थोड़े दिन बाद बड़ी प्रसिद्धि होनेके कारण जैसलमेर, बीकानेर, जयपुरके साथ व्यापार होने लगा। शक्कर, मसाला, धातु, नमकका बड़ा भारी व्यापार होता है।

भिवानीकी मनुष्यसंख्या अनुमान ३७ हजार है, इनमें दि० जैनियोंके खंडेलवाल अग्रवालोंके ३४ घरोंकी मनुष्यसंख्या १३८ है। २ शिखरबंद मन्दिर हैं।

मुलतान।

यह नगर जिलेका सदर मुकाम है लाहौरसे २०७ मील नैऋत्य दिशामें चनाब नदीके बायें किनारे बसा है, नगरके गिर्देकी दीवाल १५ हाथ ऊंची है, यह बहुत पुराना नगर है पर विशेष सुंदर नहीं है। यूनान (ग्रीस) का सुप्रसिद्ध सिकन्दर जो सन् ई० से ३२७ पहले हिन्दुस्थानमें आया और 'अटक' शहरके पास 'सिन्ध' नदीको लांघकर 'झेलम' की ओर बढ़ा उसने झेलमके किनारेपर राजा 'पोरस' को परास्त करनेके पश्चात् राजा मालीकी राजधानी मुलतानपर आक्रमण करके मुलतान ले लिया इसके पश्चात् मगधके 'गुप्तवंशी' और ग्रीसवालोंके आधीन रहा। बादमें मुसलमानों और सिक्खोंके आधीन रहा सन् १८४९ ई० में अंग्रेज सर्कारने सिक्खोंसे ले लिया।

नगरके अन्दर पुरानी मस्जिदें और कबरें हर कहीं देखनेमें आती हैं। फकीर शहरमें बहुत हैं। गर्मी बहुत कड़ी पडती है। इसके चारों ओर खजूर और आमके वृक्ष बहुत हैं।

शहरमें दिगम्बर जैनियोंके ३२ और छावनीमें ७ गृह हैं, जिनकी मनुष्यसंख्या सब मिलकर २४० के करीब हैं। तथा शहरमें एक शिखरवन्द मंदिर और एक चैत्यालय

है, जिनमें करीब ३०० धर्मशास्त्र हैं । मन्दिरके पास एक जैनपाठशाला और एक धर्मशाला भी है । जैनसभा यहांपर नियमित समयपर हमेशा होती है ।

सुल्तान छावनीमें भी एक शिखरबन्द मन्दिर है जिसमें अनुमान १० धर्मशास्त्र हैं, और मन्दिरके पास एक धर्मशाला भी है ।

इस नगरमें इन वस्तुओंका व्यापार बहुत होता है:—रेशमीकपड़े, सूतीकपड़े, ऊनी क़ालीन, रेशमी खेस, दुशाले, दरियाई मसाला मेवा, लुगियां, खजूरें, सज्जी और कालेतिल । यहांके मिट्टीके बर्तन और मिट्टी प्रसिद्ध हैं ।

इस नगरमें दो स्टेशनें हैं पहिली मुलतान सिटी (शहर) और दूसरी मुलतान कॅन्टोनमेन्ट (छावनी) में है । सवारी हर वक्त दोनों स्टेशनों पर मिलती है ।

रावलपिंडी ।

लवनी (नार्थवेस्टर्नके) स्टेशनसे २१ (लाहौरसे १७८) मील पश्चिमोत्तर रावलपिंडीका रेलवेस्टेशन है । पंजाबमें जिलेका सदरस्थान फौजी छावनीकी जगह 'लेह' नदीके उत्तर किनारेपर शहर और उससे दक्षिण फौजी छावनी है ।

रावलपिंडीका वर्त्तमान शहर हालका है, पुराने शहरके स्थानपर छावनी बनी है, चौदहवीं सदीमें मुगलोंके आक्रमणसे शहर बरबाद हो गया था । गक्करोंके प्रधान झंडाखांने शहरको सुधारा और रावलपिंडी पिंडीघेब (पिंड अथवा, अर्थ-ग्राम) रक्खा । रावलपिंडी सिक्ख सरदारोंके आधीन रहा, सन् १८४९ ई० में अंग्रेजोंका अधिकार हुआ ।

देशी शहरमें तहसीली पुलिसस्टेशन शहरका अस्पताल, गिर्जा और मिशनस्कूल हैं, जेलखानेके समीप चारसौ एकड़ भूमिपर एक सुन्दर पबलिक (सर्वसाधारण) का बाग, सुबह और शामको बहुत लोग पार्कमें टहलनेके लिये आते हैं, प्रधान बाजारके दरवाजेके पास एक सुन्दर मेहराब बनी है, बाजारमें बहुतेरी अच्छी दूकानें हैं । सरदार सुजानसिंहका बनवाया हुआ सुन्दर बाजार है, जिसके बनवानेमें दो लाख रुपये खर्च पड़े थे, इनके सिवाय रावलपिंडीमें कई एक स्कूल, कोढ़ीखाना, पांच पहला एक किला, जिसके प्रति कोनोंपर एक पाया बना हुआ है किलेमें अनेक शस्त्रागर बने हुये हैं ।

सिविल लाइनोंमें कमिश्नर डिप्टी कमिश्नरकी कचहरियां, छावनीके मजिष्ट्रेटकी कचहरी, इत्यादि इमारतें हैं ।

लेह नदीके दक्षिण ३ मील लम्बी २ मील चौड़ी भूमिपर फौजी छावनी फैली है, यह पंजाबकी फौजोंके प्रधान सेनापतिका मुख्य स्टेशन और भारतवर्षके सबसे बड़ी छावनियोंमेंसे एक है, छावनीमें कई यूरोपियन दूकानें हैं।

रावलपिंडीके दक्षिणमें प्रसिद्ध "माणिक्यालयस्तूपा" नामक बौद्धोंका खंडहर पड़ा है।

शहरसे ३ मील पूर्व सोहन नदीपर पुल है, शहरसे पूर्वोत्तर "जोहरा" गांवमें गंधककी खानि है, और रावलपिंडीसे १३ मील पर और दूसरे स्थानमें भी कुएसे मिट्टीका तेल निकलता है।

छावनीमें २२ अग्रवालोंके गृहोंकी मनुष्यसंख्या १९७ है। एक शिखरबंद मन्दिर है, मन्दिरमें धर्मशास्त्र १०५ हैं। जैनियोंमें सर्कारी मुलाजिमों (नौकरों) की संख्या अधिक है।

गेहूं इत्यादि गल्ला रावलपिंडीसे पंजाबके दूसरे भागोंमें भेजे जाते हैं, यहां बडे बडे तिजारती और कोठीवाले हैं। सूसीनामक रंगदार कपड़ा, दूसरा कपड़ा, कंबल, नस, कंघी, साबुन यहांके कारखानोंमें अच्छे बनते हैं।

रेवाड़ी।

गुड़गांव जिलेमें दिल्लीसे ५२ मील दक्षिण पश्चिम रेवारीका (R. M. R.) रेल्वेका जंकशन है। रेवारी तहसीलका सदरस्थान व्यापारी कस्बा है रेवारी पुराना कस्बा है, जिसको लगभग सन् १००० ई० में राजा रेवतने बसाया और अपनी पुत्री रेवारीके नामसे इसका नाम रक्खा। शहरकी आबादी तीस हजारके अनुमान है। बस्ती सघन बसी हुई है, बाजारमें हर प्रकारका सामान मिलता है इस नगरमें विशेषकर चीनी. गेहूं, जव, चना, लोहा और नमकका वड़ा व्यापार होता है, और कांसे पीतलके बरतन भी बहुत अच्छे बनते हैं। २०१ गृह दि० जैनियोंके हैं, जिनकी मनुष्यसंख्या ७१९ है। लाला 'मक्खनलालजी' अग्रवाल ऑनरेरी मजिस्ट्रेट, बेंकर रईस चेअरमेन म्युनिसिपल बोर्ड, सब रजिष्ट्रार, वाईस नंबरदार (मालिक १६ आना) रईस राज्यमान् प्रतिष्ठित-पुरुष हैं। आपकी कोठी जैनमन्दिरके निकटही है। तीन शिखरबंद जैनमन्दिर और एक चैत्यालय शहरमें लाला साहिबकी कोठीके पासही हैं। और एक मन्दिर शहरके

बाहर एक मीलकी दूरीपर नशियांके नामसे प्रसिद्ध है । इसमें धर्मशाला भी है, इस मन्दिरको लालाजीके पितामह लाला 'रामपतजी' ने अपने व्यय (खर्च) से बनवाया था, और १२ बीघा जमीन मन्दिरके नाम लिखकर मन्दिर पंचायतीके सुपुर्दकर दिया था । शहरके मन्दिरसे मगसिर बदी ५ को प्रतिवर्ष जैनरथोत्सव (रथयात्रा) होता है। देखने योग्य स्थान ये हैं:—रेल्वे स्टेशनके निकटका सुन्दर तालाव, राव तेजसिंहका बनवाया हुआ सुन्दर तालाव, कचहरी, सर्कारी बड़ा स्कूल और एक उत्तम टौनहाल (व्याख्यान—भवन) है । मन्डी यहां सब अनाजकी हैं । लाला 'मुकुंदमल कपूरचन्दजी' कालकानिवासी यहांपर अनाजके प्रसिद्ध आढ़तिया हैं ।

रोहतक ।

यह कस्बा देहलीसे वायव्यकोनमें ४२ मीलकी दूरीपर नॉर्थवेस्टर्न रेलवेका बड़ा स्टेशन और जिलेका सदरस्थान है ।

यह नगर पुराना और टूटा फूटा है । नये कस्बेसे उत्तर पुराने कस्बेकी जगह है । शहरके चारों ओर पक्का कोट है, जिसमें ग्यारह दरवाजे हैं । पहिले बहुत लोग बसते होंगे, अब यहांकी मनुष्यसंख्या अनुमान २२ हजार है । इनमें दि० जैनी ९५५ हैं ।

सराय मुहल्ला हैं जिसमें अग्रवाल जैनजातिके १९१ गृह हैं तथा एक जिन-मन्दिर शिखरबन्द है इसके पास थोड़ी दूरीपर दूसरा शिखरबन्द जैनमन्दिर बावरा मुहल्लामें है । दोनों मन्दिरोंमें पूजन प्रक्षाल यथाकाल होता है । प्रति रविवारको 'बावरे' मुहल्लेके मन्दिरमें सभा भी हुआ करती है । बाजार बजाजामें एक जैन पाठशाला भी है, जिसको सरकारकी तरफसे मदद मिलती है, १०० विद्यार्थी रजिष्टरमें दर्ज हैं, जिनमें ४० जैन और शेष अजैन हैं । चार अध्यापक शिक्षा देते हैं । मास्टर शिवरामसिंहजी पाठशालाके मंत्रीका कार्य करते हैं ।

रोहतकके पश्चिमकी ओर एक तालाब है, जिसको 'कर्ण' कहते हैं, यह हिन्दुओंका तीर्थ हैं । कचहरियोंके मकान गिर्जाघर स्कूल वाटिका आदि स्थान देखने योग्य हैं ।

रोहतकमें पगड़ी और कलानौरमें घोड़ेकी काठी आदि चमड़ेकी चीजें अच्छी बनती हैं । गल्लेका व्यापार अधिक होता है । कार्त्तिकमें घोड़ोंकी नुमायश होती है ।

लाहौर।

पंजाबप्रांतकी राजधानीका सदर मुकाम है। यह प्राचीन शहर रावी नदीके बायें किनारेपर बसा हुआ है। कहते हैं कि रामचन्द्रके पुत्र 'लव' ने लाहौरको बसाया था। पहले नदी शहरके पास बहती थी, १६६२ ई० में नदीसे बहुत नुकसान हुआ इस लिये बहुतसा रुपया खर्च करके ४ मील लंबा एक बड़ाभारी ईटोंका बन्धान बनाना पड़ा था, पर थोड़े दिनोंके बाद नदी उत्तरकी तरफ हट गई और फिर लाहौरके पास नहीं आई। लाहौर राजा 'जैपाल' के समयमें बड़ा भारी और नामी शहर था, और इसके चारों तरफ १५ फुट ऊंची दीवार थी और उसमें १३ दरवाजे थे। दीवार अब गिरा दी गई है, लाहौर ईसाकी दूसरी सदीमें प्रसिद्ध हुआ और जब मुसलमानोंने पंजाबपर चढ़ाइयां की उस समय यह शहर राजपूत राजाओंकी राजधानी थी। सन् १७६७ ई० में सिक्खोंके अधिकारमें रहा बाद अलीवाल, मुदकी, फीरोजशाह, सुबरोनकी लड़ाइयोंके बाद लाहौर और सारा पंजाब अंग्रेजोंके हाथ आ गया।

लाहौरमें अग्रवाल जैनियोंके गृह ३३ हैं, जिनमेंसे शहरमें २८ और छावनीमें ५ हैं और मनुष्यसंख्या १५४ है।

लाला रामचंद्रजी प्रोफेसर एम्. ए. आई. सी. एस. लाला मुंशीलालजी एम्. ए. गवर्नमेंट पेन्शनर बाबू ज्ञानचंदजी प्रसिद्ध पुरुष हैं। कई जैन महाशय अंग्रेजीके अच्छे विद्वान् है। यहांके जैनी सर्कारी नौकरी और साहुकारी ज्यादः करते हैं। एक मन्दिर बिना शिखरका है, जिसमें धर्मशास्त्र अनुमान २८ हैं। यहांपर दो तीन सालसे एक 'जैनबोर्डिङ्गहौस' भी खुला है जिसमें अंग्रेजी पढ़नेवाले विद्यार्थी, धर्मशिक्षाका अध्ययन करते हैं। बोर्डिङ्गकी देख रेख बाबू रामलालजी रखते हैं। विद्यार्थियोंमें ऊंची क्लासोंमें पढ़नेवालोंकी संख्या अधिक है।

लाहौरका अजायबघर, सन् १८६४ ई० में बना था देखनेके योग्य है, इसके साम्हने अनारकलीमें जमजमा बड़ी भारी तोप रक्खी हुई है। यह तोप १७६१ ई० में हिन्दुस्थानमें बनी थी। लॉरेन्सबाग मन्टगुमरीहॉल चिड़ियाघर महारानीकी मूर्ति मेयोहास्पिटल जो इटालियन ढंगका बना हुआ है अनारकलीके पास एक तरफको है। यह हास्पिटल मेडिकल कॉलेजके लिये १८७० ई० में खुला था।

शालिमारबाग लाहौरसे ३ मीलके करीब है, जिसमें खूबसूरत चबूतरे और फव्वारे लगे हुए हैं, यह बाग बड़ा अद्भुत है, गवर्नमेंटहौस लॉरेन्सबागके साम्हने यानें ठंडी सड़ककी बाईं तर्फ है। किला, बादशाही मसजिदें, मुसलमानी इमारतें, महाराजा

रणजीतसिंहकी समाधि, शाहदरेमें जहांगीरका मकबरा, दादागंजबख्सकी समाधि, कपड़ा बुननेकी कलें, पं० जनार्दनका बाग, रेलका कारखाना, मियांमीर, लेफ्टिनेंटगवर्नरकी कोठी, वाटरवर्क्स, (नलघर) कालेज, कई दूकानें, बाजार और कई देवमन्दिर इत्यादि स्थान देखने योग्य हैं।

लाहौरमें, गलीचे और कम्बल बहुत अच्छे बनते हैं। शहरमें कई सराय और कई धर्मशालाएँ हैं, जिनमें २ धर्मशालाएँ स्टेशनके पास थोड़ेही फासलेपर हैं। स्टेशनसे सवारी हर तरहकी मिलती है।

लुधियाना।

अम्बाला जंकशनसे ७१ मील पश्चिमोत्तर लुधियानाका रेल्वेस्टेशन है। सतलज नदीसे ८ मील दक्षिण बुधा नालेपर जिलेका सदरस्थान दर्शनीय सुन्दर शहर है। सन् १४४० ई० में लोदीखानदानके यूसुफ और निहंग नामक २ शाहजादोंने इस शहरको नियत किया इससे इसका नाम लुधियाना प्रसिद्ध हुआ। पहले छोटासा नगर था, अंग्रेजीछावनी पड़नेसे इसकी तरक्की हुई, यद्यपि छावनी उठ गई है तो भी इसकी शोभा बढ़ती ही जाती है। गल्लेके व्यापारका तो केन्द्र है।

शहरके पश्चिमोत्तर किला है, छावनीके पश्चिम गिर्जाघर पब्लिकबाग है, कचहरियां जेल, स्कूल और शेख अब्दुलकादिर जलानीकी दरगाह देखने योग्य है। दरगाहपर जूनके माहमें बड़ा मेला भरता है, हिन्दुओंका अप्रैलमें चैत चौदसका मेला भरता है। 'अलीवाल' गांव लुधियानेसे दक्षिणकी ओर सतलज नदीके किनारेपर है, यहांके मैदानमें सिक्खोंकी सेनाको अंग्रेजोंने हराया था।

पश्मीने ऊनके बने हुये शाल गलूबंद और मोटे सूती कपड़ेके लिये लुधियाना शहर प्रसिद्ध है, और रामपुरके मुलायम ऊनके शाल, कपड़ा दुपट्टा पगड़ी और गाड़ी अनेक तरहके असबाबकी सौदागरी होती है।

यहांकी मनुष्यसंख्या अनुमान ५० हजार है, मुसलमान अधिक हैं, अनुमान जैनी ९०० हैं। परन्तु दिगम्बरी एक भी नहीं है।

यहां कई सराएँ स्टेशनके पास हैं, और पासही डांकबंगला है, स्टेशनसे शहरतक सवारी हर तरहकी मिलती है।

श्यालकोट।

अमृतसर विभागमें जिलेका सदरस्थान, नार्थवेस्टर्न रेल्वेके वजीरावाद जंकशनसे २६ मील पूर्व श्यालकोटका स्टेशन है। स्टेशनसे शहरतक सवारी हर तरहकी मिलती है, मुसाफिरोंके लिये कई सराएँ हैं।

ऐसा प्रसिद्ध है कि राजा पांडुके पुत्र नकुल और सहदेवके मामा राजा 'शल्य' ने श्यालकोट बसाया, जिसकी राजधानी झंग जिलेमें गुजरांवाला जिलेकी सीमाके निकट 'साकला' थी। सन् ६५ या ७० ई० में राजा 'शालिवाहन' ने इसको सुधार करके राजधानी बनाई, इस राजाके पुत्र रसालूकी बहादुरीकी सैकड़ों कहानियां पंजाबके हर विभागोंमें लोग कहते हैं। इस शहरका किला राजा शालिवाहनने बनवाया था।

श्यालकोट खुला साफ खुबसूरत, और व्यापारकी बड़ी जगह है, अंग्रेजी सेनाकी बड़ी छावनी इस नगरमें है। कागज पक्का और अच्छा बनता है। सारे पंजाबमें यह कागज बिकता है। इस नगरके पूर्वकी ओर 'एक' नामक नदी है, इसका पानी कागज बनानेके लिये बहुत उपयोगी है।

श्यालकोटमें सौदागरी तेजीसे बढ़ रही है, इसमें कईएक धनी कोठीवाल और तिजारती लोग रहते हैं।

देखने योग्य स्थान ये हैं:—राजा शालिवाहनका 'किला' राजा तेजसिंहका बनवाया 'मन्दिर' बाबा नानकसाहबकी 'समाधि' यहां हरसाल बड़ा भारी मेला भरता है, 'दरबार वा बलीसाहब' नामक ढका हुआ कुआ है, जो एक सिक्ख राजपूतने बनवाया था, सिक्खोंकी बड़ी पवित्र जगह है, इमामअलीउलहककी 'दरगाह' बड़ी सुन्दर इमारत है, इनके सिवाय, तहसील, स्कूल, बड़ा बाजार, जिलेकी कचहरियां टाउनहाल, जेलखाना और छावनीभी देखने योग्य है।

शहर और छावनीकी मनुष्यसंख्या अनुमान ६० हजार है। इनमें जैनी अनुमान १२०० हैं श्वेताम्बरी ढूंढिये अधिक हैं। दि० जैनाग्रवालके एक घरकी मनुष्यसंख्या ७ है।

श्रीनगर।

काश्मीरकी राजधानी श्रीनगर जानेके ५ पहाड़ी रास्ते हैं, जिनसे अधिक आवागमन होता है-(१) जम्बूसे, (२) गुजरात करबेसे भींबर और पीरपंजर होकर १६० मील

(३) झेलम कस्बेसे पंच होकर १९७ मील (४) रावलपिंडीसे मरी होकर १९२ मील और (५) हसनअबदालसे अबटाबाद होकर २०३ मील श्रीनगरका मार्ग है। पीरपंजरका मार्ग सबसे सुन्दर है। रावलपिंडीसे गाड़ीका मार्ग सब रास्ताओंसे उत्तम है, क्योंकि मरी और रावलपिंडी में तांगे बहुत मिलते हैं। रावलपिंडीसे बरमूला तक १६० मील पूर्व तांगा (एक प्रकारका टमटम) जाता है, यहांसे टट्टू अथवा झेलममें नावपर सवार होकर ३२ मील श्रीनगर लोग जाते हैं। रावलपिंडीसे श्रीनगर तक इक्केका किराया २७) रुपयेसे ३०) रुपये तक है। इक्का ५ दिनमें श्रीनगर पहुंचता है। रावलपिंडीके रेल्वेस्टेशनसे बरमूला तक डाँकके घोड़के बदलनेके लिये १३ चौकी (पड़ाव) बनी हैं। तांगाके डाँकके एक आदमीका भाड़ा ३८) रुपया लगता है। डाँक रातमें नहीं चलती है, ३ दिनमें आदमी श्रीनगर पहुंच जाता है। एक चौकीका भाड़ा, चढ़नेके लिये टट्टूका २) असबाब लादनेके लिये टट्टूका ॥।) आना इक्केका एक आदमीका ॥।=) आना और कुलीका ।) आना लगता है।

रावलपिंडीसे ३७ मील उत्तर **मरी** स्वास्थ्यकर स्थान है, ६६ मील कोहाला, ७८ मील दुलई, ८७ मील डोमल, १०० मील गढ़ी, १३५ मील ऊरी, १६० मील बरमूला और १९२ मील श्रीनगर है, सब स्थानोंमें अंग्रेज और देशी आदमियोंको टिकनेके लिये मकान बने हुये हैं। श्रीनगरमें एक सराय है।

झेलम नदीके दोनों किनारोंपर करीब २ मीलकी लम्बाईमें यह सुन्दर शहर बसा हुआ है। नदीपर ७ पुल और पत्थरके कई सुन्दर घाट बने हुये हैं।

काश्मीरका विस्तृत इतिहास अमात्यचम्पकके पुत्र **विल्हन** कविने काश्मीरके राजा **जयसिंह** के समय शक संवत् १०७० (सन् १८४८ ई०) में श्लोकबद्ध **राजतरंगिणी** में लिखा है।

पांडवोंके समयसे काश्मीरके आदिगोनर्दसे लेकर अपने समयके राजा तकका शृंखलाबद्ध वृत्तान्त इसमें है।

आदिगोनर्दके पश्चात्के ४७ वां राजा **अशोक** * काश्मीर मण्डलका शासक हुआ। जिसने **जैनमत** ग्रहणकरके वितस्ता नदीके किनारेका सम्पूर्ण मैदान स्तूपमंडलोंसे पूर्ण कर दिया। प्रथम धर्मरण्य विहारसे होकर वितस्ता नदी बहती थी, इसके वेगसे बहुतेरे

---

* जिस मौर्यवंशी अशोकके धर्माज्ञा—स्तंभ और चट्टानोंपर खुदे हुए लेख मिलते हैं, वह अशोक यह नहीं हैं, यह राजा शनीचरके भतीजे थे।

चैत्यस्तूप वह गये थे; इसी लिये राजा अशोकने फिर ९६ लाख लक्ष्मीसे 'श्रीनगर' बसाया, और श्रीविजयेशके जीर्णमन्दिरका प्राकार (मंडप) फिरसे सुन्दर पत्थरोंसे बनवाया।

प्राकृतिकशोभा—सारे काश्मीरमंडलमें चारों ओर हरियालीकी विचित्र शोभा है, हजारों स्थानोंपर पानीके सोते धरतीसे और पहाड़ोंके ऊपरसे निकलते हैं। बाग इतने हैं कि मनुष्यकी आत्मा प्रफुल्लित हो जाती है, आब हवा अति उत्तम है। मेवे (फल) बहुतसे उपजते हैं, और यहांकी स्त्रियां अतिसुन्दर और कोमलांगी होती हैं। पृथ्वी-मंडलपर काश्मीर स्वर्ग है। +

श्रीनगरमें देखने योग्य स्थान ये हैं:—अमीरोंके सुन्दर मकान, अस्पताल, स्कूल, टक शालघर, शेरगढ़ीके भीतर दृढ़ दीवारसे घेरा हुआ शहरका किला, और एक सुन्दर राजमहल है, जिसमें गर्मीके दिनोंमें काश्मीरनरेश जम्बूसे आकर रहते हैं, शहरकी म-स्जिदोंमेंसे जामामसजिद प्रधान और वहांकी सब मसजिदोंसे बड़ी है, शेखबाग, शा-हहमीदन,मसजिद, रामसुन्शीबाग, पूर्वोत्तर बगलपर ५ मील लम्बी ढाई मील चौड़ी झील, शहरके निकट सुलेमान नामक पहाड़ जिसपर चढ़नेसे शहर और उसके आस-पासका सुन्दर दृश्य देखनेमें आता है, पहाड़ीके सिरेपर एक बहुत पुराना पत्थरका म-न्दिर है, जिसको हिन्दूलोग शंकराचार्यका कहते हैं, परन्तु वास्तवमें यह सन् ई० से २२० वर्ष पहिलेका बनाहुआ था जोकि अशोकके पुत्र जलोकका बनवाया हुआ बौद्धमन्दिर था, शहरकी उत्तरी सीमापर हरिपर्वतके सिरेपर अकबर बादशाहका बनवाया हुआ किला,

+ सुरपुर अरु कस्मीर, दोउनमें को है सुन्दर।
को सोभाको भौन, रूपको कौन समुन्दर ?
काकौं उपमा उचित दैन, दोउनमें काकी।
याकौं सुरपुरकी, अथवा सुरपुरकौं याकी ?
याकौं उपमा याहीकी, मोहि देत सुहावे।
या सम दूजी ठौर सृष्टिमें, दृष्टि न आवै।
यही स्वर्ग सुरलोक, यही सुर कानन सुन्दर।
यहिं अमरनकौ ओक, यहीं कहुं बसत पुरन्दर॥ पं० श्रीधरपाठक।

(१) निवासस्थान, घर (२) इन्द्र।

महाराजगंज, बाजार, जिसमें शहरकी बनी हुई सब चीजें मिलती हैं बारादरी, जहांगीर बादशाहकी बनवाई सैरगाह, जिसको शालामारबाग कहते हैं नसीम या राहतबाग और निशातबाग बहुतही सुन्दर हैं, श्रीनगरसे आग्नेयमें 'पामपुर' है, यहां केशरकी खेती होती है। ऊलरझील इनके सिवाय गुप्तगंगा, अनेक देवमन्दिर परियोंके महल, इत्यादि कई स्थान देखने योग्य हैं।

श्रीनगरके दुशाले, रेशमी दस्तकारी सोना चांदी तांबा चमड़ाका सामान और बेशकीमती पत्थरका काम, कागज और इत्रके कारण प्रसिद्ध है।

केशर कस्तूरी मेवा सुरह गायके बाल ऊन जंगलकी बेशकीमती लकड़ीका बहुत व्यापार होता है।

शिमला।

अम्बाला जंकशनसे ३९ मील पूर्वोत्तर पहाड़की तलेटीमें 'कालका' रेल्वेस्टेशन है, कालकामें एक शिखरबंद जैनमन्दिर और अग्रवालोंके ५ घरोंकी मनुष्यसंख्या १६ है। कालकासे शिमला जानेके लिये पुरानी और नई दो सड़कें हैं, पुरानी सड़क कालकासे 'जुटोग' होकर शिमले तक ४१ मील है, उसी सड़कसे मुसाफिर लोग झंपान या टट्टूपर, चढ़ करके कसौली जाते हैं, कालकासे ९ मील कसौली एक फौजी छावनी है। नई सड़क पुरानी सड़कसे पूर्व है, इस सड़कसे तांगा (एक प्रकारका इक्का) शिमला जाता है।

शिमला पंजाबके अम्बाला विभागमें जिलेका सदरस्थान भारतगवर्नमेंटकी गर्मीके दिनोंकी राजधानी, समुद्रके जलसे ७०८४ फुट ऊंचा है शिमलेकी आब हवा बहुत ठंडी रोग नाशक है। गर्मीकी ऋतुभर लाटसाहिब संयुक्तप्रान्त पंजाबसे और प्रायः साहिब लोग आते जाते हैं।

पूर्वसे पश्चिम ९ मील लम्बे पहाड़ी सिलसिलेके ऊपर नये चन्द्रमाकी शकलमें यूरोपियन कोठियां फैली हैं, नीचेकी घाटीमें कईएक धारें हैं, जिनमें २ झरने बड़े हैं, सिलसिलेके पूर्वभागको छोटा शिमला कहते हैं, और पश्चिम बेजीगंज है। स्टेशनसे अखीर पश्चिम एक ऊंची खड़ी पहाड़ीके सिरेपर 'जुटोग' एक छोटा फौजी मकान है, जिससे सवा मील पूर्व 'प्रस्पेक्ट' पहाड़ी समुद्रके जलसे ७१४० फुट ऊंची है, पहाड़ीके एक मील पूर्व वाइसरायकी पुरानी कोठी है, जिससे पश्चिम अबजटेरी पहाड़ीपर उत्तम 'गवर्नमेंटहाउस' बना है, इनके सिवाय लड़के लड़कियोंके कई स्कूल, टाऊनहाल, गिर्जे,

क्लब, बंक, कचहरियां अंग्रेजी दूकान और बाहिरके चारों ओरका उत्तम दृश्य देखने योग्य है।

यहांकी मनुष्यसंख्या अनुमान १५ हजार है, अग्रवालोंके १० घरोंकी मनुष्यसंख्या ३५ है। और एक जैनधर्मशाला भी है।

सुनपत।

यह शहर दिल्ली जिलेमें दिल्लीसे वायव्यकोनमें २५ मीलके फासलेपर (E. I. Ry.) लेनपर स्टेशन है। स्टेशनसे २ मील शहरकी आबादी है, जिसमें दिगम्बर जैनियोंके गृह अनुमान २०० हैं, जिनमें १००० अग्रवाल हैं। यहां पर दि० जैनमन्दिर ४ हैं। इनमें एक मन्दिर बहुत बड़ा उतंग शिखरबंद है, जिसमें तीन वेदियां हैं, तथा दो मन्दिर शिखरबन्द और १ चैत्यालय भी है। मंदिरोंमें धर्मशास्त्र ३२६ हैं। सभा, पाठशाला और धर्मशाला पंचायती बड़े मन्दिरमें हैं। और एक चतुर्विधि दानशाला भी है, सभामें यहांपर पंडित 'उमरावसिंहजी' धर्मोपदेश देते हैं। सब मन्दिरोंमें पूजन प्रक्षाल यथासमय प्रति दिन होती है।

हिसार।

हिसार नगर यमुना नहरके तटपर दिल्लीसे ४२ मील तथा लाहौरसे २०० मीलकी दूरीपर (R. M. R.) लेनमें स्टेशन है। जिलेका सदरस्थान है, नये कस्बेसे उत्तर पुराने कस्बेकी जगह है। पहिले यहांपर भारी वस्ती थी और इसके पहिले जैनियोंने बसाया था, बसानेवालोंकी संतानमेंसे लाला 'जुगलकिशोरजी' अग्रवाल जैन अब भी हैं। रेलवे स्टेशनके साम्हनेही एक धर्मशाला है। 'अग्रोहा' ग्राम जहांसे अग्रवाल जातिकी उत्पत्ति है हिसार शहरसे १४ मील है, राजा 'उग्रसेन' जीके महलोंके खंडहर अब तक मौजूद हैं परन्तु इस समय इस अग्रोहा ग्राममें जैनी कोई नहीं है केवल वैष्णव अग्रवाल अब भी अधिक हैं। और सारे हरियाना खण्डमें बड़ा नगर था, परन्तु अब इसमें केवल १७६४७ आदमी बसते हैं। यहांपर दिगम्बर जैनियोंके आबाद गृह ८० हैं, जिनमें ३५४ लोग रहते हैं। और दो शिखरबन्द मन्दिर हैं, जिसमें १२५ धर्मशास्त्र हैं। पूजन प्रक्षाल आदि यथा समय होता है। जैनियोंके प्रसिद्ध कवि 'न्यामतविलास' के कर्त्ता लाला न्यायमूतसिंहजी' यहीं निवास करते हैं। शहरसे २ फलांगके फासलेपर जैन 'अनाथाश्रम' की एक पक्की कोठी लब सड़क जो बागमें है उसमें है। इस कोठीका

३०) माहवार भाड़ा आश्रमको देना पड़ता है। अब आश्रमने ३०००) रु० की अपनी जमीन शहरके भीतर डाकखानेके निकट खरीद ली है।

आश्रममें जैन अजैन, ब्राह्मण, क्षत्रीय तथा स्पर्श शूद्र तकके बालक ५० तथा ४ कन्या इस समय धर्मविद्या राजविद्या, शिल्पीविद्या आदिमें शिक्षा पाते हैं, शिल्प विद्यामें विशेष कर बढ़ई, दरजी, कपड़ा बुननेका काम सिखाया जाता है। बालकोंकी हालत अच्छी हैं। भोजन उत्तम दिया जाता है, और हर तरहसे बालकोंकी रक्षाकी जाती हैं। और भी इस आश्रमकी ओरसे निराश्रित जैन विधवाओं तथा अंधे, लूले, लंगडे अपाहिजोंको उनके निज घरोंपर ३) से ५) रु० मासिक सहायता भिन्न २ प्रांतोंमें दी जाती है। इस समय इनकी संख्या ६० के लग भग है। इस आश्रम में ५०० अनाथ बालक बालिका भरती हो सक्ते हैं। परतु जैनियोंके बालक बालिकाएँ भर्ती करनेका पहिला अधिकार है।

हिसाब आदि नियमानुसार रक्खा जाता है। प्रबन्ध योग्य और उत्तम है। ब्रह्मचारी* चिरंजीलालजी, सब योग्यरीतिसे करते हैं।

देखने योग्य स्थान ये हैं। तारघर, डांकघर, सफाखाना और गवर्मेंट स्कूल शहरमें है। और शहरके बाहर स्टेशनकी बाजूपर डिप्टी कमिश्नरसाहिबकी कचहरी यहांकी गाय भैंसे बैल प्रसिद्ध हैं जो दूध बहुत देती हैं। शहरके अंदर जुमामसजिद है, और फिरोजशाहका राजवाड़ीकी जगह कैटलफर्मके सुपरिंटेन्डेंटका बंगला और कचहरी हैं। जुम्मामसजिद परके लेखसे मालूम होता है कि यह इमारत अलीमहमदने ई० सन् १५३५ में हुमायूंके समय बनवाई थी, अब भी फिरोजशाहके बाड़ेका नीचेका माला अच्छा है। एक पत्थरकी लाटभी गड़ी हुई है। और एक किला भी है।

हिसारमें गल्लेका व्यापार अधिक होता है, और सुन्दर पगाड़ियां बनती हैं कार्त्तिकमें घोड़ोंकी नुमायश होती है।

---

* वर्त्तमानमें अनाथालय दहलीमें है और अनाथालयका प्रबंध संतोषप्रद नहीं है।

श्रीवीतरागाय नमः।

बंगाल–बिहार प्रान्त।

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
	अ				
१	अकबरपुर	गया	लच्छूराम सु० मगेरुसाहजी	जैसवाल	दू० परचूनी
२	अँमारी	पटना	विमलशाह सु० मीनाशाहजी	,,	परचूनी
३	अलीगंज	भागलपुर	भाई गोविंदराम सु० इन्द्राजजी	अग्रवाल	दू० गल्लेकी
४	अत्रासराय	गया	रामधनसाहु सु० घीसासाहुजी	जैसवाल	सराफी
	आ				
५	आरा	शाहाबाद	बाबू रामकुमार कुमारप्रसाद सु० सूरजप्रसादजी	अग्रवाल	बेंकर-जमीदारी
			बाबू निर्मलकुमार सु० देवकुमारजी	,,	,,
			बाबू उदयचंद सु० बाबूमुन्नीलालजी	,,	वकालात बें०
			बाबू श्यामसुन्दरदास शिखरचंदजी	,,	बेंकर
			बाबूमन्दिरदासजी सु० भगवानदासजी	,,	बेंकर, जमीदारी
			बाबूमुन्शीलाल सु० शिखरचंदजी	,,	,,
			बाबू बच्चूलाल सु० शिखरचंदजी	,,	,,
६	आसनसोल	बर्दवान	बाबूमोतीलाल सु० दिलसुखरायजी	खंडेलवाल	आढत
	इ				
७	इचाक	हजारीबाग	शेठ रामचंद सु० धनराजजी	खंडेलवाल	आढ़त
८	इसलामपुर	पटना	बाबू सेवासाह सु० बकासाहजी	जैसवाल	दू० कपड़ेकी
			बाबू रामशाह सु० घुज्जासाहजी	,,	,,
	ए				
९	एकंगरसराय	पटना	बाबू जोधनमल सु० भगवानमलजी	जैसवाल	दू० कपड़ेकी
	क				
१०	कटक	कटक (उड़ीसा)	बाबू ईश्वरलालजी सकटूलालजी	परवार	बेंकर
११	कलकत्ता	कलकत्ता	शेठ परमेष्ठीदासजी सु० अनंतरामजी	अग्रवाल	मालिकजूट रुई
			हरसुखराय अमोलकचंदजी		जीनिंगप्रेस
			शेठ पदमराजजी सु० फूलचंदजी	,,	आढ़त, दूकानें

शुमार नम्बर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
			रायसाहब द्वारकाप्रसादजी	अग्रवाल	नौकरी
			शेठ शिवलाल सु० रामलालजी	खंडेलवाल	आढत
			शेठ रामचंद सु० मुकुंदरामजी	,,	,,
			बाबू वल्देवप्रसाद सु० दयाचदजी	अग्रवाल	बेंकर
			शेठ सीकरचंद सु० जमनादासजी	खंडेलवाल	आढ़त
१२	कानाचट्टी	हजारीबाग	शेठ दिलसुखजी	,,	दू० कपडेकी
१३	किशनगंज	पुर्निया	बाबू गनेशमल सु० रामसुखजी	,,	,,
१४	कुन्डलपुर (अतिशयक्षेत्र)	पटना	जैनी नहीं है, ब्राह्मण पुजारी है, कई शिखरबंद मंदिर है।	+	+
१५	कोदरमा	हजारीबाग	शेठ देवीदास सु० गोपीरामजी	खंडेलवाल	साहुकारी
	ग				
१६	गया	गया	भाई गोविंदराम सु० जीतमलजी	,,	दू० कपड़ेकी
१७	गिरेडी	हजारीबाग	शेठ हजारीमल सु० रघुनाथराय	,,	बेंकर दू०क०
			शेठ प्रयागचंदजी	अग्रवाल	दू० गल्लेकी
			शाह डाह्याभाई शिवलालजी	वी.मेवाड़ा	नौकरी
१८	गुणावा (गौतमस्वामी)	गया(बिहार)	जैनी नहीं हैं, ब्राह्मण पुजारी है, कई शिखरबंद मंदिर हैं।	+	+
	च				
१९	चतरा	हजारीबाग	मगनीराम सु० वख्तावरमलजी	खंडेलवाल	आढत
२०	चौपारन	,,	शेठ रामचंदजी सु० जालिमराय	,,	साहु०,आढत
	छ				
२१	छपरा	सारन	रायबहादुर शेठ गुलाबचंदजी	अग्रवाल	जमीदारी सा०
			बाबू केदारमलजी	,,	दू० कपडेकी
			बाबूधनीप्रसाद सु०सीतलप्रसादजी	,,	जमीदारी
			बाबू छोटूलाल सु० रतनचंदजी	,,	दू० घीकी
	ज				
२२	जामताड़ा	दमका	जीवनराम सु० चेतरामजी	,,	बजाजी
२३	जैतआ	पटना	नाजाशाह सु० परमशाहजी	जैसवाल	दू० आटेदाल
	झ				
२४	झरया	मानभूमि	रामचंद सु० केवलरामजी	खंडेलवाल	आढ़त
	द				
२५	दरोली	सारन	बाबू बृजबल्लभदासजी	अग्रवाल	जमीदारी,सा०

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
२६	दीनापुर	पटना	रामचंद सु० नेकरामजी	खंडेलवाल	दू० कपड़ेकी
२७	दुमराजपुर	वीरभूमि	बाबू झूरीमल सु० दिलसुखरायजी	,,	आढ़त
२८	दुमानी	बर्दवान	बाबू नरसिंहदास सु० गुमानीराम	,,	बैंकर, आढ़त
	न				
२९	नन्दीजमळ्या	बर्दवान	बाबू छगनलाल सु० स्योबकमराय	,,	आढ़त
३०	नवादा	गया	लक्ष्मीनायण रामचंद बड़जात्या	,,	दू० कपड़ेकी
			लक्ष्मीनारायण सु० बलदेवजी	,,	,,
३१	नाथनगर	भागलपुर	गोरखराम सु० रुक्मारामजी	अग्रवाल	,,
	प				
३२	पकोड़	पुर्निया	बाबू प्रेमसुख सु० ज्ञानीरामजी	खंडेलवाल	आढ़त
३३	पचम्मा	हजारीबाग	शेठ देवीप्रसाद गनेशजी	,,	दू० कपड़ेकी
३४	पटना	पटना	बाबू माणिकचंद सु०बल्देवदासजी	,,	दू०पुस्तकोंकी
			बाबू कन्हैयालाल सु०रामबकसजी	,,	,,
३५	परवता	मानभूमि	बाबू रामप्रसाद सु०काशीप्रसादजी	अग्रवाल	बैंकर
			बाबू शिवनारायण सु० रामजसजी	,,	,,
३६	पावापुरी (सिद्धक्षेत्र)	पटना(बिहार)	हीरामन मुनीम सु० बीरालालजी	जैसवाल	नौकरी
			गोविंदमल सु० सेठसाहजी	,,	,,
३७	पुरैल्या	मानभूमि	बाबू महादेव सु० जसरायजी	खंडेलवाल	आढ़त
३८	पंजवाड़ा	भागलपुर	भाई सूरजमल सु० नोपचंदजी	अग्रवाल	दू० कपड़ेकी
	फ				
३९	फतुहा	पटना	नानकराम सु० बनवारीलालजी	जैसवाल	,,
	ब				
४०	बकसर	शाहाबाद	बाबू छगनमल सु० प्रेमराजजी	अग्रवाल	आढ़त
			बाबू डेढ़राज सु० धरमदासजी	,,	,,
४१	बमनगवां	भागलपुर	लाला हरदत्तराय सु० गरसीरामजी	अग्रवाल	दू० कपड़ेकी
४२	बरनी	पटना	बाबू मुकंदमल सु० नागमलजी	जैसवाल	,,
४३	बराकर	बर्दवान	बाबू शिवबकस सु०शिवनरायनजी	खंडेलवाल	आढ़त
४४	बांकरा	बांकरा	बाबू नंदकिशोरजी सु०रायसाहिब द्वारकाप्रसादजी डि० म०	अग्रवाल	नौकरी
४५	बांकीपुर	पटना	शेठ सूरजमलजी सु० ज्ञानचंदजी	खंडेलवाल	दू० कपड़ेकी
४६	बाढ	,,	लाला फूलचंद सु० छोटनलालजी	अग्रवाल	जमींदारी
			पं. नेमदास सु० गुल्जारीलालजी	,,	,,

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
४७	बाली	कलकत्ता	शेठ नरसिंहदास सु० रायचंदजी	खंडेलवाल	आढ़त
४८	बिहार	पटना	भाई पासूलालजी वासूलालजी	जैसवाल	मुलाजमात
४९	बेगूसराय	मुंगेर	प्यारेलालजी सु० देवीप्रसादजी	अग्रवाल	दू० कपड़ेकी
५०	वैद्यनाथ	दमका	वाबू जगन्नाथप्रसाद सु० रामचंदजी	अग्रवाल	बजाजी
५१	बौरीसराय	पटना	वाबू सरजूशाह सु० रम्भूशाहजी	जैसवाल	जमींदारी
			बलकशाह सु० खल्लूशाहजी	,,	,,
५२	बंधुगंज	गया	निर्मलसाह सु० छेदीसाहजी	,,	दू० कपड़ेकी
	भ				
५३	भदाई	गया	बाबू जोधनमल सु० शोभनमलजी	जैसवाल	दू० अनाजकी
५४	भागलपुर	भागलपुर	बाबू हरनारायन सु० सीतारामजी	अग्रवाल	दू० कांसेकी
			बाबू फूलचंद सु० अखैरामजी	,,	आढ़त गल्ला
			बाबू जीवनराम सु० लखमीचंदजी	,,	बजाजी
	म				
५५	मरटडीह	गया	बाबू दसासाह सु० भोलासाहजी	जैसवाल	दू० परचूनी
५६	मरुडीह	मानभूमि	बाबू देवीप्रसाद सु० ललिताप्रसाद	खंडेलवाल	आढ़त
५७	मलिकसराय	पटना	गोपीसाह सु० जारासाहजी	जैसवाल	दू० कपड़ेकी
			बाबू चुन्नीलाल सु० झखूसाह	,,	,,
५८	मीहीजाम	मानभूमि	बाबू हरनंदराय सु० रामचंदजी	अग्रवाल	आढत
५९	मुंगेर	मुंगेर	बाबूजुगलकिशोर सु० जीवनरामजी	,,	दू० कपड़ेकी
			बाबूफिरंगीलाल सु० बनारसीदास	जैसवाल	दू० मनिहारी
६०	मुजफ्फरपुर	भागलपुर	बाबू कल्याणमल सु० मोतीचंदजी	अग्रवाल	लेनदेन
६१	मुनहारी	चम्पारन	बाबू जीतमलजी	,,	दू० कपड़ेकी
६२	मुर्शिदाबाद	मुर्शिदाबाद	बाबू रायचंद सु० रिखबचंदजी	,,	बेंकर
६३	मोहदा	मानभूमि	बाबू चुन्नीलाल सु० कालीप्रसाद	खंडेलवाल	आढत
६४	मोहाल	,,	बाबू गुलाबलकस सु० नानकराम	,,	,,
	र				
६५	राजग्रही(अ.क्षे.)	पटना	कई शिखरबंद सुन्दर मंदिर हैं।	+	+
६६	रांची	रांची	बाबू जमनालाल सु० उत्तमचदजी	खंडेलवाल	आढत
		छुटियानागपुर)	बाबू जोखीराम सु० मूलराजजी	अग्रवाल	,,
६७	रानीगंज	वर्द्धवान	शेठ महादेव सु० लेखराजजी	खंडेलवाल	,,
	ल				
६८	लहरयासराय	गया	बाबू सखीचद सु० माणिकचंदजी	अग्रवाल	मुलाजमात

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
	ब				
६९	बारसिलीगंज	गया	बोधकिशनमल सु० खिरीचदजी	जैसवाल	दू०कपड़ा स०
			शेठ चांदमलजी	खंडेलवाल	,,
	स				
७०	साहबगंज	गया	शेठ केशरीमल सु० रिखबदासजी	,,	,,
			शेठ हनुमानबकस सु०जूथामलजी	,,	,,
			शेठ रामलालजी अजमेरा	,,	,,
			शेठ भूदरमलजी छावड़ा	,,	,,
७१	साहबगंजकरैया	संताल	बाबू देवीप्रसाद सु० मूगराजजी	,,	,,
७२	सीवान	सारन	बाबू छाजूराम सु० डेढ़राजजी	अग्रवाल	,,
			बाबू फूलचंद सु० काशीरामजी	,,	,,
	ह				
७३	हजारीबाग	हजारीबाग	शेठ हरसुखदास सु०लच्छीरामजी	खंडेलवाल	साहुकारी
			शेठ मोतीलाल सु०सीतारामजी	,,	,,
७४	हसवा	गया	भाई भूरामल सु० रामचंदजी	,,	दू० कपड़ेकी
			भाई लक्ष्मीनारायन सु०रामचंदजी	,,	,,
			भाई प्रेमसुख सु० मुन्नालालजी	,,	,,
७५	हुगली	कलकत्ता	शेठ चम्पाराम सु० खेमराजजी	,,	आढ़त

ॐ
श्री परमात्मने नमः ।
बंगाल और विहार प्रान्तके
तीर्थक्षेत्र और प्रसिद्ध प्रसिद्ध शहरोंका वर्णन ।

श्रीपरमात्मने नमः ।

बंगाल-बिहार प्रान्तके

तीर्थक्षेत्र और प्रसिद्ध प्रसिद्ध शहरोंका वर्णन ।

आरा ।

कलकत्तेसे ३६८ मीलके फासलेपर (ई. आई. आर. लाईनपर) स्टेशनसे एक मील उत्तर और गंगासे ६ मील दक्षिण आरा शाहाबाद जिलेका सदरस्थान रोनकदार शहर है। यह शहर अत्यन्त प्राचीन मनोज्ञ दि० जैन मन्दिर होनेसे प्रसिद्ध है। शहरमें १४ शिखरवन्द मन्दिर और १३ चैत्यालय हैं । एक शिखरवन्द मन्दिर शहरसे ८ मीलकी दूरीपर मसाढ़ ग्राममें है, और दो मन्दिर शिखरबंद धनपुरा ग्राममें जो शहरसे दो मील है वहां हैं। एक मन्दिरमें श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिबिम्ब १९०२ वि० सं० की प्रतिष्ठित विराजमान है, जिसकी नासिका सन् १८५७ ई० के गदरके समय कुछ खण्डित हो गई है। धनपुराके दोनों मन्दिरोंमें धर्मशालाएँ हैं। और मसाढ़के मन्दिरमें भी एक धर्मशाला है, इस प्रकार ३ धर्मशालाएँ तो शहरके वाहिर हैं। और यात्रियोंको सब प्रकारके आरामके योग्य एक वहुत वड़ी धर्मशाला शहर वाजारकी सड़कपर वावू हरप्रसाददासकी प्रसिद्ध है ।

इसी शहरमें स्व० वावू देवकुमारकी इच्छानुसार वावू किरोड़ीचंदजीके प्रयत्नसे **श्रीजैनसिद्धान्तभवन** स्थापित हुआ है, इस भवनमें प्राचीन जैनग्रंथोंका वड़ा भारी समूह है, ताड़पत्रोंपर लिखे हुये कर्नाटकी लिपीके ग्रंथ भी सिद्धान्तभवनमें हैं। भवनकी ओरसे 'जैनसिद्धान्तभास्कर' ऐतिहासिक त्रैमासिक पत्र प्रकाशित होता है।

पंचायती दि० जैनमन्दिर रेल्वेस्टेशनसे ४ फर्लांगकी दूरीपर शहरमें महाजनटोली नं० २ में है । इस मन्दिरमें भी एक धर्मशाला है । एक धर्मशाला जलमन्दिरके निकट, टुकटुककुंवरके मन्दिरमें, और एक. धर्मशाला वावू सुखानंदजीके वगीचेमें मन्दिरके पास है। इस शहरमें उपर्युक्त ७ दिगम्बर जैन धर्मशालाएँ हैं । जैनमन्दिर यहांके अत्यन्त रमणीय हैं । अग्रवाल, जैसवाल, दशाग्रवाल आदि दि० जैनियोंके सर्व गृह ६७ हैं, जिनकी मनुष्यसंख्या ३५० है । इस शहरके निवासी स्वच्छ,

प्रियवादी, और विद्वान् हैं, प्रत्येक मन्दिरमें हरदिन शास्त्रसभा होती है, सर्व मन्दिरोंमें ४३१ के करीब धर्मशास्त्र हैं । यहांपर एक कन्यापाठशाला भी है, आरेमें व्यापार सब प्रकारका होता है ।

चौक, कचहरियां, मौलाबाग, नागरीप्रचारिणी सभा आदि कई स्थानभी देखने योग्य हैं ।

कटक ।

उड़ीसा प्रान्तमें महानदीके दाहिने किनारेपर और उसकी शाखा काठजूड़ीके मेलके निकट उड़ीसा प्रान्तकी राजधानी जिलेका सदरस्थान है । कलकत्तेसे जहाज द्वारा भी लोग आते जाते हैं । स्टेशनसे सवारी हरतरहकी मिलती है । शहरमें कई धर्मशालाएँ हैं । यहांसे जगन्नाथपुरी जाना होता है ।

कटकको केशरीवंशके एक प्रतापी राजा 'नृपतिकेशरी' ने जिसका राज्य सन् ९४१से ९५३ ई० तक था कटक शहरको बसाया और केशरीवंशकी राजधानी भुवनेश्वरीको छोड़ कटकमें रहने लगी । कई लोग इसे कटकबर्नारस भी कहते हैं, कई लोगोंका कहना है कि उड़ीसाके राजा अनंगभीमदेवने १२०० ई० के लगभगमें कटकको बसाया था । कटक शहरके उत्तर और पूर्व महानदी और पश्चिम काठजूड़ी नदी बहती है, बरसातमें महानदी बहुत बढ़ जाती है । नदीकी बाढ़से बचानेके लिये पत्थरका बांध बना हुआ है, और भी कई बांध हैं । इनमें महानदीका सबसे उत्तम है, इस बांधके बननेमें अनुमान १३ लाख रुपया खर्च हुआ था ।

जोबराघाट आगबोट बनानेका कारखाना जोबराघाटसे एक मील कटक शहरका बक्सीबाजार और २ मील बालूबाजार और चौधरीबाजार है । बालूबाजारमें प्रधान दूकानें हैं । कटक शहर सोने चांदीके गहनेके लिये प्रसिद्ध है, यहांके समान साफ और सुन्दर चाँदी सोनेके गहने, हिन्दुस्थानके दूसरी जगहमें नहीं बनते हैं । कटक व्यापारी शहर है, बीमारी फैलनेके डरसे सर्वसाधारण यात्री शहरके भीतर जाने नहीं पाते हैं । अनंगभीमदेवका 'बारहबटी' नामक पुराना किला जो कि उजाड़ दशामें अब भी विद्यमान है, फतहखांकी मसजिद, नहर, कमिश्नरकी कचहरी, एक बड़ी इमारत, स्कूल, आदि कई स्थान देखने योग्य हैं ।

मनुष्यसंख्या अनुमान ४८ हजार है, जैनियोंके परवारोंके ११ घरोंकी मनुष्यसंख्या ९७ है । दो जैनमन्दिर इनमें एक शिखरबंद-मन्दिर है । मन्दिरोंमें अष्ट प्रातिहार्य संयुक्त

पाषाण और धातुकी बहुतही प्राचीन मूर्तियां विराजमान हैं। शिखरबंद मंदिरमें १६ प्रतिमाएँ ऐसी हैं जिनमें सम्वत नहीं है, ये प्रतिमाएँ वि० सं० से पहिलेकी ज्ञात होती हैं, इन प्रतिमाओंमें खूबी यह है दोनों ओर चमरेंद्र चमर ढारते हुये खड़े हैं। यहांपर परवार जातिके प्रसिद्ध जागीरदार मंजू चौधरी बहुत प्रसिद्ध पुरुष हुये हैं। वर्तमानमें बाबू ईश्वरलालजी बेंकर प्रसिद्ध पुरुष हैं। कटकके आसपास कई जैन मूर्त्तियां मिली हैं इससे मालूम होता है कि यह जैनियोंका प्रधानस्थान रहा होगा। सुप्रसिद्ध खंडगिरि उदय-गिरिको कटकसे जाना होता है। खंडगिरि उदयगिरिके पुराने कागजात उड़िया–भाषामें लिखे हुए बाबू ईश्वरीप्रसादजी कपूरचंदजी कटक निवासीके पास हैं।

कटकके आसपास हजारों प्रतिमाएँ जैनियोंकी हैं। कुछका वर्णन इस प्रकार है:–

१ 'कंटावणिया' नामक ग्राममें चौवीसीके २ पट ७ या ८ फुट ऊंचे हैं।

२ कटकसे ३० मील 'वैदा' नामक ग्राममें ११ मूर्तियां हैं और इसी स्थानमें एक गुफामें ७२० प्रतिमाएँ हैं।

३ कटकसे १५ मील 'साईवार' ग्राममें पांच सात प्रतिमाएँ हैं।

४ कटकसे ६ मील पटिया ग्राममें ६–७ मूर्तियें हैं।

५ कटकसे २० मील 'जगभारा' में २–३ प्रतिमाएँ हैं।

६ कटकसे ४० मील 'जाजपुर' में ५–७ मूर्तियें हैं।

७ कटकसे १० कोस 'हरिहरपुर' में २० मूर्तियां हैं।

इस प्रान्तमें बहुतसी जैन प्रतिमाएँ हैं, परन्तु उड़ीसेमें जैनियोंकी संख्याकी कमी होनेसे रक्षाका प्रबन्ध नहीं होता है।

कलकत्ता।

यह शहर हिन्दुस्थानकी राजधानी + और सबसे बड़ा तिजारती (व्यापारी) शहर हुगली नदीके बायें किनारेपर बसा हुआ है।

यहांपर (G. I. P. E. I. R.) और हिन्दुस्थानकी कई रेलें मिलती हैं। शिव-जीकी स्त्री और प्रसिद्ध देवी 'कालीमाई' के मन्दिर और 'कालीघाट' के कारण इस शह

रका नाम कलकत्ता पड़ा है । मन्दिर अनुमानतः ३०० सालका पुराना है ।
कलकत्तेमें दि० जैनियोंके जो मन्दिर हैं उनका वर्णन नीचे लिखा हैः—

पहला वड़ा मन्दिर चावलपट्टी गलीमें अति उतंग शोभनीक है, इस मन्दिरमें विशेषकर खंडेलवाल भाई दर्शन पूजन शास्त्रादिमें आते हैं ।

दूसरा नयामन्दिर चितपुररोड मछुवाबाजारमें संगमरमरका अति रमणीक है । ट्रामगाड़ी इस मन्दिरके साम्हनेसे ही आती जाती है, इस मन्दिरका प्रबंध अग्रवाल भाइयोंके हाथमें है ।

तीसरा मन्दिर अमरतल्ला गलीमें है ।

चौथा कोलूटोलामें है ।

पांचवां आर्मिनियनस्ट्रीटमें सेठ शेठमल दयाचंदजीके कोठीके निकट कोठेपर एक चैत्यालय है ।

छठवां वलगछियाका मन्दिर कहलाता है जो कि बागमें है । इस मन्दिरमें केवल श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी मूलनायककी प्रतिमा सं० १८७८ के समयकी है । मन्दिरके साम्हने यात्रियोंके ठहरनेके लिये दुमंजली एक लालकोठी बनी है, धर्मशालामें रसोईघर आदिकी योग्य व्यवस्था है । यहांकी जैनपाठशाला चांवलपट्टीके बड़े मंदिरमें है । यहांके भाइयोंमें शास्त्रस्वाध्यायकी प्रवृत्ति अच्छी है । सर्व मन्दिरोंमें पूजन प्रक्षाल यथासमय योग्यरीतिसे होता है, यहांके दि० जैनियोंकी मनुष्यगणना १३८६ और ८९९ के करीव घर हैं। विशेषकर मारवाड़ देशके जैनी यहां अधिक हैं, यहां प्रतिवर्ष कार्तिक शुक्ला १९को दि० जैनरथोत्सव बड़े समारोहसे होता है । दिगम्बर जातिके मुखिया नामी व्यापारी शेठ परमेष्ठीदासजी रानीवाले खुरजा निवासी शेठ पद्मराजजी रानीवाले बावू धन्नूलालजी अटार्नी सुप्रसिद्ध हैं ।

इस शहरकी वड़ी वड़ी इमारतें देखने योग्य हैं, सुन्दर सुन्दर इमारतें होनेके कारण अंग्रेजलोग इस शहरको धवलधामपुरी कहते हैं । देखने योग्य स्थानः—

लाटसाहबकी कोठी, सरकारी दफ्तर, शाहीटकसाल (पृथ्वीभरमें सबसे भारी कोठी) स्टरैंडमें, नवाताताीबाग, शिवपुरमें चिड़ियाघर, अलीपुरमें अदनबाग, अखतर लोनीका मीनार मैदानमें, अजायबघर (अद्भुत पदार्थालय) में कई प्राचीन जैन प्रतिमाएँ भी हैं ।

+ हालमें राजधानी दिल्ली होगई है ।

और एशियाटिक इंस्टिट्यूशन चौरंगीमें, तारघर, वडा डांकखाना, मेटकाफहाल, सेंटपालका-गिर्जा, और कई गिर्जे, हाईकोर्ट, जैनियोंके मन्दिर, सेठ देवीप्रसाद और रायबहादुर बद्री-दासजी (श्वे०जैन) जौंहरीका बाग, और भी कई बाग, कई बाजार, फोर्ट विलियम (किला) लार्डों आदि कई प्रसिद्ध पुरुषोंकी मूर्तियां, मस्जिद, प्रेसीडेन्सी जेल, अलीपुरका जेल, प्रेसीडेन्सी कालेज, संस्कृत कालेज, मेडिकल कालेज, इंजीनियरिंग कालेज. विशिप्स का-लेज, और भी कई स्कूल कालेज, अस्पताल, कई लाइब्रेरी, टौनहाल, टेलिग्राफ आ-फिस, कई बेंक, रेल्वे आफिस, हवड़ेका स्टेशन, कालिकामन्दिर और घाट, कई हिन्दू मंदिर, पिंजरापोल, बंगालियोंकी कई संस्थाएँ इत्यादि कई स्थान देखने योग्य हैं ।

यहां जलमार्गसे जहाजों द्वारा तथा थलमार्गसे रेलगाड़ी बैलगाड़ी आदि द्वारा हरप्रका-रका वड़ा व्यापार होता है । इस शहरमें हिन्दू और जैन मुसाफिरोंके लिये वाजार नं० ९ शामाबाई लेनमें वावू मोतीचंदकी धर्मशाला, और शेठ रामकृष्ण मारवाड़ीकी जैनधर्मशाला हरिसनरोडपर है । इन धर्मशालाओंमें किराया कुछ नहीं लिया जाता है एक और धर्मशाला हवड़ा स्टेशनके पास राजा शिववकस वागलाकी है, इनके सिवाय छोटी २ और भी वहुतसी धर्मशालाएँ हैं ।

कासिम बाजार ।

बंगाल प्रान्तमें मुर्शिदावादके निकट कासिमबाजारमें एक दिगम्बर जैनमन्दिर ४०० वर्षका प्राचीन विद्यमान है । इसमें ११ प्रतिमाएँ हैं । पहले यहां जैनियोंके अनुमान ५०० घर थे, अव एक भी नहीं हैं । मन्दिरका प्रवन्ध यहांके निवासी श्वेताम्बरियोंके आधीन है । पूजन भोजक लोग करते हैं । यहांसे ७ कोस वालूचर ग्राम है, यहां दिग-म्बर जैनियोंकी संख्या ५० है । ऋषभचंद रामचंद छावड़ा आदि भाइयोंने नया मन्दिर बनवाया है । वालूचरके जैनी गरीव और साधारण स्थितिके होनेसे कासिमबाजारके मन्दिरको श्वेताम्बरियोंसे अपने अधिकारमें नहीं ले सकते और न दिगम्बर पुजारी रख सक्ते हैं । दिगम्बर जैनीभाइयोंको उचित है कि, मन्दिर अपने अधिकारमें रक्खें ।

कुलुहा पहाड़ ।

यह पर्वत गयासे ३८ मील हजारीवाग जिलेमें राजा पन्नाके राज्यमें ह । गयाजीके दक्षिण पश्चिम पक्की सड़क गई हुई है । १० मीलपर 'जिंदापुर' गांव है आगे १०

मील पर 'ढोवी' ग्राम। फिर बांई तरफ कच्ची सड़क मुड़ती है, तीन मील 'अमारुत' ग्राम है। फिर कच्ची सड़कके ६ मील आगे 'हंटरगंज' थाना है। यहां डांकबंगला है, तथा खाने पीनेका सामान कुलुहा पहाड़ जानेवालोंको यहांसे लेना चाहिये। इसके आगे जंगलके बीचमेंसे रास्ता है। 'हंटरगंज' में 'लीलांजन' और 'फल्गु' नदीका संगम है। नदीसे ६ मील आगे 'हतवरिया' ग्राम है । यहांपर मुसाफिरोंके ठहरनेको १ चट्टी है; ४, ५ कोठरियां बनी हैं। दक्षिणकी ओर करीब १ मील चलनेपर पर्वतके नीचे जंगलमें रास्तेकी दाहिनी तरफ एक बड़े वृक्षके नीचे बहुतसे पत्थरके टुकड़ोंका एक ढेर पड़ा है, इसके ऊपर 'श्री पार्श्वनाथस्वामी' की एक अखंडित अत्यन्त प्राचीन पद्मासन १। हाथ ऊंची कृष्णवर्ण दि० जैनप्रतिमा विराजमान है। यह मूर्ति बहुतही रमणीक है। अन्यमती लोगोंने सेंदूर और दही प्रतिमाके ऊपर इस कदर पोता है कि कई २ अंगुल चढ़ गया है। लोग हमारी इस पूजनीय प्रतिमाको 'द्वारपाल' के नामसे पुकारते हैं। मालूम होता है कि यह प्रतिमा या तो पर्वतके ऊपरके मंदिरकी यहां लाई गई है अथवा यहींपर मंदिर हो जिसमें यह मूर्ति विराजित हो । चढ़ाव बहुत जगहोंपर 'जैनबद्री' के समान है। सीधी उंची बड़ी २ चट्टानें हैं, जिनपर पग फिसलनेसे नीचे आ सक्ते हैं। २ मील ऊपर दाहिने हाथकी ओर एक मंदिर है, जिसको 'कुलेश्वरीदेवी' का मंदिर कहते हैं। इस मंदिरके बाहर इमलीके वृक्षके नीचे कई दिगम्बर जैनमूर्तियां पड़ी हैं। एक पार्श्वनाथकी अखंडित दि० जैनमूर्ति पद्मासन १। हाथ ऊंची वृक्षकी जड़में सट गई है, १ चौवीसी पटका पाषाण है, अन्य कई मूर्तियां इसी मंदिरमें विराजमान थीं। परन्तु वर्षोंसे जैनियोंके बेखबर रहनेसे ब्राह्मण पंडोंने इनको बाहर डाल दीं और उनके स्थानमें देवीकी मूर्ति स्थापित कर दी और इसे कुलेश्वरीदेवीका मंदिर प्रसिद्ध कर दिया। यह मंदिर ३ गज लम्बा २ गज चौड़ा होगा । बसंत पंचमी चैत्र आश्विनमें हजारों अजैन आते हैं, और यों भी नित्य आते रहते हैं। मिथ्यारूढ़िके अनुसार बहुतसे बकरे आदि चढ़ाते हैं, जिनका वध किया जाता है। पहाड़के पीछे 'दान्तार' और 'सगों' ग्राम हैं। वहांके पंडे प्रतिदिन अपनी २ वारीसे आते हैं, और शामतक ठहरकर लौट जाते हैं। इस मंदिरके साम्हने एक बड़ा भारी सरोवर है, जो पहाड़के ऊपर होनेपर भी चारों ओर ऊंची उठती हुई पर्वतकी शिलाओंके मध्यमें स्थित है, बड़ाही रमणीक और कमलोंसे प्रफुलित है। करीब ३०० गज लम्बा और ६० गज चौड़ा होगा । गहराई ४ मर्द (पुरुष) बतलाई जाती है, हर ऋतुमें पानीसे भरा रहता है, जल अत्यन्त निर्मल है। देवीके मंदिरकी दक्षिणकी ओर एक पीपलका वृक्ष है। इसके नीचे '२ दिगम्बरजैन प्रतिमाएँ' पड़ी हैं। एक मूर्ति एक हाथकी पद्मासन है, मस्तक खंडित है, आसनमें लेख है संवत्

१४४३ मालूम होता है। दूसरी मूर्तिका भी मस्तक खंडित है, पद्मासन है, आसनमें लेख है; पढ़ा नहीं जाता। इसके आगे 'भीम्मरगुफा' है। यहां कई गुफाएँ हैं। एक गुफाके नीचे १ हाथकी पद्मासन एक मूर्ति है, मस्तक खंडित है। दोनों ओर दो मुनियोंकी मूर्तियें हैं; नीचे अस्पष्ट लेख है, एक बड़ी गुफामें एक जीर्णमंदिरके चिन्ह हैं। वरुण वृक्षके नीचे वन्द गुफाके भीतर एक पार्श्वनाथस्वामीकी दि० जैनमूर्ति अत्यन्त प्राचीन और मनोज्ञ २॥ हाथ ऊंची पद्मासन कृष्ण वर्ण ९ फनकी विलकुल अखंडित और पूजनीय विराजमान है। अन्यमती इस हमारी परम ध्यानाकार प्रतिमाको भैरोंके नामसे कहते हैं, और सेंदूर चढ़ाते हैं। इसके ऊपर कोई लेख नहीं है, इससे चतुथकालकी प्रतीत होती है। जो उपसर्ग जैनियोंकी वेखवरीसे इस समय प्रतिमाजीपर मौजूद है वह कब दूर होगा?

आगे इसी भीम्मर गुफाके सम्बन्धमें एक ऐसी गुफा है, जो एक बड़ी भारी शिलासे छाई हुई है, भीतर लेट करके जानेकी राह है। अन्दर केवल एक मुनिके पद्मासन आकारमें बैठनेकी ही जगह है।

आगे सरोवरके उत्तर पश्चिमके तटोंपर वृक्षोंकी ओर जलकी रमणीकता और एकान्तता है। सरोवरके उत्तरकी ओर एक ऐसा सुन्दर मैदान है कि जिसपर मालूम होता है कि किसी समय जैनमंदिर होगा। इस स्थानपर जैनमंदिरकी अपूर्व शोभा आ सक्ती है। दक्षिणकी ओर चढ़नेकी वहुत साफ कृष्ण वर्णकी एक ऊंची चट्टान है। १०० गजके अनुमान चढ़नेपर एक कुंड आता हैं, जिसको 'सूरजकुंड' कहते हैं। इसमें एक मर्द पानी भरा हुआ है। इसके किनारे एक छोटी वौद्ध मूर्तिका आसन पड़ा है। इस चट्टानके ऊपर जानेपर मैदान है। वहां एक छोटा दि० जैन ९ कलशीदार शिखरवंद मंदिर वना हुआ है। ५०० वर्ष पहलेका निर्मापित मालूम होता है। इस मंदिरमें वेदी है। वेदीमें एक मूर्ति ९ इंच चौड़ी पद्मासन सन् १९०१ में अखंडित विराजमान थी, परन्तु अव केवल आसन ही है, जिसपर सांतियेका चिन्ह है, इससे मालूम होता है, कि यह श्रीसुपार्श्वनाथस्वामीकी विम्व थी। सुनते हैं कई वर्ष हुए अजैनोंने इस मूर्तिको खंडित कर डाली है। मंदिरके चारों ओर चबूतरा और प्रदक्षिणा है। मंदिरके पीछे एक शिलाके ऊपर जानेसे करीव ८० गज मंदिरके उत्तर पूर्व एक साफ गोल चट्टान है, इसको पंडेलोग 'माधव मढ़ई' कहते हैं। किन्तु यह समोशरणका चिन्ह है। यहां मंडप छाया गया था मंडप छानेके ९ छिद्र हैं, एक वीचमें ८ कोनोंपर; मध्यमें पूजन स्थान वना हुआ है। इस चट्टानपर 'शिलालेख' है, ४ लकीर मालूम होती हैं, अक्षर नागरी हैं, वायु और धूपसे अक्षर घिस गये हैं, संवत् १०००, स म द स पा आदि अक्षर मालूम होते हैं, इस चट्टानके चारों ओर

लोगोंके बैठनेका चबूतरा है। इस ओर पहाड़की चट्टानें बहुत ही रमणीय हैं। यहांसे पर्वतकी शोभा बड़ी बहारदार है, चारों ओर हरे २ वृक्ष सुगन्धि बिस्तारते हैं, इस पर्वतपर सालके वृक्ष बहुत हैं, इनकी लकड़ीमें बहुत बड़ी सुगन्धि आती है। वायुपुराणमें गयामहात्म्यमें इस पर्वतकी प्रशंसा लिखी है। एक श्लोकका आधा चरण इस भांति है, "कोलाहले गिरिवरे तपस्तेपे सुदारुणं"। इस पर्वतपर कौवे कभी नहीं बोलते न यहां मक्खियां थीं, परन्तु जबसे देवीके सामने पशुहिंसा होने लगी है, तबसे मक्खियां दिखलाई देने लगी हैं। सामने जो नवीन मंदिर है वह जैनियोंका है। ५०० वर्षका बना है तथा इसकी प्रतिमाको थोड़े दिन हुए किसीने खंडित कर दी है। एक बहुत ऊंची शिलाके नीचे दबी हुई 'बानगंगा' हैं, जिसमें सदा पानी भरा रहता है; गहराई सिर्फ १ लोटा डूबने तककी है। बाहरसे जल दीखता नहीं है। न कोई पक्षी कभी चोंच दे सक्ता है, और न बरषातके पानीकी एक बूंद ही इसमें पड़ सक्ती है। भीतरही भीतरसे परम निर्मल जल भरा रहता है। यह जल मोतीके समान परम शुद्ध है। कहते हैं कि जेठ महीनेमें इसी प्रमाण पानी भरा रहता है। ऊपर चट्टानें चढ़नेपर 'आकाश लोकन' नामकी शिखा है यह चोटी सबसे ऊंची है, और कोसोंसे दिखाई देती है। नीचेसे १॥ मील ऊंची होगी। इस शिखरपर एक चरणपादुका बहुतही प्राचीन अंकित है। दोनों चरण १ बालिस्त लम्बे होंगे, याने ८ इंच लम्बे, और आध इंच चौड़े होंगे। यह चरणपादुका अवश्य किसी तीर्थंकरके कल्याणकके चिन्ह स्वरूप होगी, ऐसा विदित होता है। इस विषयमें एक अंग्रेजने लिखा है कि यही 'भद्दलपुर' है, और यह चरण भी श्रीशीतलनाथस्वामीसे ही सम्बन्ध रखते हैं। यहांसे ८ कोस १ 'भदिआ' ग्राम है, जो 'अमारुद' से ४ कोस है।

शिखरसे नीचे उतरनेपर महान शिलाकी एक ओरकी भीतमें १० दि० जैन प्रतिमाएँ पद्मासन प्रत्येक एक एक फुटकी ऊंची अखंडित पर्वतमें अंकित हैं। हरएकके दोनों ओर चमरेन्द्र बने हैं। प्रतिमाओंके आसनोंमें चिन्ह भी हैं, जो प्रगट होते हैं। वे बैल, हाथी, घोड़ोंके हैं। अनुमानसे मालूम होता है कि प्रथम तीर्थंकरसे १० वें तीर्थंकर शीतलनाथस्वामी तकके ये बिम्ब हैं। प्रक्षाल न होनेके कारण बहुत काई जम गई है। अन्यमतियों द्वारा सिन्दूर दही चढ़ानेसे भी बहुत हानि पहुंचती है। इन दसों प्रतिमाओंके ऊपर नागरी भाषामें लेख है जो बहुत घिस गये हैं। केवल निम्न अक्षर पढ़े गये:—

"श्रीमत् महाचंद फलिंद सुपुत्र संघ धर मई स ह सिद्धम्" इन दस मूर्तियोंके स्थानको पंडोंने दशावतार गुफा मशहूर कर रक्खा है। इसी वृहद्‌शिलाकी दूसरी ओरकी भीतमें भी १० दि० जैनप्रतिमाएँ हैं। पांच पद्मासन एक २ फुटकी, और ५ खड्गासन डेढ़ २

हाथ ऊंची अत्यन्त मनोज्ञ ध्यानाकार सर्व अखंडित पर्वतमें अंकित हैं। चिन्ह अप्रगट हैं। ऊपर लेख हैं, नागरीमें ७ लाइन है, अस्पष्ट होनेसे पढ़ा नहीं जाता है । इस स्थानको पंडोंने पांडव गुफाके नामसे मशहूर कर रक्खा है । पर्वतकी उंचाई आकाश लोकन शिखरतक ३ मीलकी होगी।

इस पर्वतके विषयमें इन्डियन एन्टीक्वेरी मार्च १९०१ Indian antiquary March 1901 म एक लेख है जिसका शीर्षक है "Tour in South Bihar and Hagaribagh by M. A. Stein Ph. D." अर्थात् दक्खिन विहार और हजारीवागमें दौरा महाशय एम. ए. स्टीन पी. एच. डी. का दौरा। इस साहबने इस पर्वतका वहुतसा हाल लिखा है और यही निश्चय किया है कि यह 'जैनतीर्थ' है।

एक स्थानमें वह लिखते हैं जिसका सारांश यह है:–

"आकाशलोकन शिलाकी चरणपादुकाको पुरोहित लोग कहते हैं कि विष्णुके हैं, परन्तु देखनेसे ऐसाही निश्चय होता है कि यह जैनतीर्थंकरकी चरण–पादुका है और ऐसाही मानकर इसकी असलमें पूजा होती थी" । आगे लिखता है:—
जिसका भावार्थ यह है:—

"पूर्व कालमें यह पहाड़ अवश्य जैनियोंका एक प्रसिद्ध तीर्थ होगा यह बात भले प्रकार स्पष्टतया प्रमाणित है । क्योंकि सिवाय दुर्गादेवीकी नवीन मूर्तिके और बौद्ध मूर्तिके एक खंडके अन्य सर्व पाषाणकी रचनाके चिन्ह जो पहाड़पर हैं, चाहे अलग पड़े हुए, चाहे शिलाओंपर अंकित, वे सर्व तीर्थंकरोंको ही प्रगट करते हैं"।

'आकाश लोकन' शिलापर जो अत्यन्त प्राचीन चरण पादुका हैं वे खुली हुई हैं। धूप और वर्षातसे और अधिक हानिको प्राप्त होंगी। इसलिये इनके ऊपर एक गुमटी ईंट व पत्थरकी बननी चाहिये। जो ९०० वर्ष पहलेका अखंडित जैनमंदिर उसके भीतरकी वेदीमें प्रतिष्ठित प्रतिविम्ब विराजमान करना चाहिये । जो पार्श्वनाथस्वामीकी मूर्ति देवीके मंदिरके बाहर वृक्षमें सटी है या तो उसको, या जो मूर्ति द्वारपालके नामसे पर्वतके नीचे है उसको इस मंदिरमें विराजमान किया जाय तो अच्छा है । इस मंदिरके आगे ऊपर जो समोशरणका स्थान है व शिलालेख है उसके ऊपर टीनकी छतरी छा देनी चाहिये, जिससे इस स्थान और लेखकी भले प्रकार रक्षा हो सके।

'भीम्भरगुफा' के पास जो जीर्णमंदिर है उसको ठीक कराके सुन्दर वेदी वनवाके चौथे कालकी श्री पार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिविम्ब २॥ हाथ ऊंची पद्मासन जो गुफामें

रक्खी है उसको विराजमान करना चाहिये । पर्वतके नीचे द्वारपाल नामसे प्रसिद्ध जो श्रीपार्श्वनाथकी मूर्ति है उसको यदि वहांसे उठानेमें कोइ बाधा हो तो उसी स्थानपर एक गुमटी बना वेदीमें प्रतिमा विराजमान करना चाहिये ।

हतवारियां ग्राममें १ धर्मशाला बननी चाहिये तथा एक पुजारी और एक आदमी मंदिरादिकोंकी रक्षा सेवाके वास्ते नियत होना चाहिये ।

इस क्षेत्रके सुधारमें धन व्यय करना नवीन मंदिर बनानेकी अपेक्षा कोटिगुणा फलका देनेवाला है ।

यात्रियोंको सुभीता—

यात्रियोंको उचित है कि गयाजीसे अवश्य इस क्षेत्रकी वन्दनाको जावें ।

भद्दलपुर—श्रीशीतलनाथस्वामीका जन्म शास्त्रानुसार भद्दलपुर नगरमें हुआ है, वह भद्दलपुर क्या वही भदिया गांव है, जो इस पर्वतके निकट है । यदि यह बात भले प्रकार प्रमाणित हो जावे तो यह कुलुहापहाड़ श्रीजिनेन्द्रके तप और ज्ञान कल्याणकका स्थान है, और भद्दलपुर गर्भ जन्मका ऐसा मानना होगा ।

कहते हैं कि भदियामें एक सहस्रकूट चैत्यालय भी मौजूद है । भदेलीके जंगलके भीतर एक मंदिर है उसमें बौद्धोंकी कई प्रतिमाएँ हैं, जंगलमें सहस्रकूट चैत्यालय पाषाणका पड़ा हुआ है । उसमें १००८ मूर्तियें हैं, इनका आसन बौद्धमतकी प्रतिमाओं सरीखा है।

विद्वान् परोपकारियोंको उचित है, कि वे शास्त्रद्वारा इस बातका निर्णय करें कि भद्दलपुर यही है, या कोई दूसरा यदि यह साबित हो तो तीर्थक्षेत्रकमेटीको उचित है कि जन्मपुरीमें चरण स्थापित करावे और इस तीर्थको प्रसिद्ध करे ।

श्रीक्षेत्र ।

खंडगिरी और उदयगिरी ।

बंगालके उड़ीसा प्रान्तमें मिदनापुर बेझवाड़ा रेल्वे लेनमें कटकसे तीसरा स्टेशन भुवनेश्वरसे ५ मील पश्चिम पुरी जिलेमें ' उदयगिरी-खंडागिरी ' दो पहाड़ी हैं । भुवनेश्वरसे उदयगिरी और खंडागिरीकी तलहटी तक छोटे वृक्षोंके जङ्गलसे होकर मार्ग गया है । दोनों पहाड़ियोंके बीचमें एक तङ्ग घाटी है । दोनोंपर पत्थर काटकर अनेक

भाँतिकी बहुतेरी गुफा और मंदिर बनाये गये हैं। जो ईसासे लगभग ५० वर्ष पहलेसे ५०० वर्ष पीछे तकके बने हुए हैं।

'उदयगिरी'-यह पहाड़ी ११० फीट ऊंची है । इसके कटिस्थानमें भीतरसे पत्थर निकालकर जगह जगह गुफा, मंदिर बने हैं-सीढ़ियोंसे जाते हुए आगे दाहिने हाथपर 'अलकापुरी' गुफा है इसके द्वारपर हाथियोंके चिन्ह बने हैं । फिर 'जयविजयगुफा' इसके द्वारपर इन्द्र बने हैं। 'रानीनूर' (याने रानीका महल) इसका रानीका महल नाम पड़नेका कारण यहांके 'भूमिया' जातिके लोग कहते हैं कि एक रानी यहां भागकर आ ठहरी थी। यह दो खनकी है। इस गुफामें नीचे ऊपर बहुतसी ध्यानयोग्य अंतर गुफाएँ हैं। नीचे एक द्वारपर एक 'दिगम्बर जैन प्रतिमा' अंकित है । २० दरवाजे हैं, जिनमें स्त्री-पुरुषोंके चित्र बने हैं। ऊपर १० दरवाजे हैं; वृषभका चिन्ह, मनुष्य सहित सिंहका चिन्ह बना है, तथा भीतोंपर सीताहरण आदिके चिन्ह अंकित मालूम होते हैं। इसके आगे चलकरः--

'गणेशगुफा'-आती है। इस गुफाके बाहर मैदानमें दो बड़े २ पाषाणके हाथी बने हैं। इसके चार द्वार हैं द्वारपर चित्र हैं। भीतर गुफाके दो भाग हैं, एकमें एक दिगम्बर जैनमूर्ति अंकित है, दूसरीमें एक शिलालेख है, जिसके बगलमें एक गणेशकी मूर्ति है। इसके आगे एक ललिताकुंड नामक सरोवर है। यहांसे लौटकर स्वर्ग, मध्य, पाताल गुफा है। स्वर्गमें ३ द्वार हैं, दूसरे द्वारपर एक शिलालेख है । मध्यमें ७ द्वार हैं, २ लेख हैं. चित्र बने हैं। नीचे पातालगुफामें ६ द्वार हैं खम्भोंपर चित्र हैं। इसके ऊपर 'हाथीगुफा' १५ गज पश्चिमोत्तर है, यहां पत्थरके भीतर कई अन्दर गुफाएँ हैं। इस गुफाके ऊपर छतमें लाट अक्षरोंमें एक प्राचीन प्राकृत भाषाका बड़ा शिलालेख है जो कि खारावेल राजा द्वारा सन् ईस्वीसे १५५ वर्ष पहलेका अंकित है। इसके सिवाय इस गुफामें गुप्त अक्षर और कुटिला अक्षरोंमें कई छोटे शिलालेख हैं । इसमें कहते हैं कि कलिंग देशके जैनराजा ऐराका जिकर है।

खंडगिरि-यह पर्वत १३३ फीट ऊंचा बने दरख्तोंसे छिपा हुआ है । खड़ी राहसे ऊपर जाना होता है। सीढ़ियोंके सामनेही एक गुफा है जिसको 'खंडगिरिगुफा' कहते हैं। इसके अंदर ऊपर-नीचे ५ गुफाएँ बनी हैं। यह सब मुनियोंके ध्यान करनेकी गुफाएँ हैं। ऊपर जातेही कोठरीगुफा, तांतुआगुफा, और अनंतगुफा हैं।

'अनन्तगुफा'-इस गुफाके भीतर मध्यमें एक कायोत्सर्ग प्रतिमा करीब १॥ हाथकी विराजित है। इसको अजैन लोग 'अनन्तदेव' कहकर पूजते हैं । इस गुफाके दो द्वार

और एक खोल है। सर्प अंकित है, एक द्वारपर कल्पवृक्ष, दोनों ओर स्त्री-पुरुष और ९ खम्भोंपर देवोंके चित्र खुदे हैं। गुफाके बाहर दीवालमें एक 'शिलालेख' है। ऊपर चोटीपर एक छोटा और एक बड़ा दिगम्बर जैनमन्दिर है। छोटे मन्दिरको अनुमान ७५ वर्ष हुए कटक निवासी जागीरदार ईश्वरलाल परवारकी काकी 'धूमाबाई' ने निर्मापण कराया था। इसमें एक प्रतिमा कायोत्सर्ग प्राचीनकालकी प्रातिहार्य्य सहित ६ गिरह ऊंची विराजमान है। इसके दक्षिणकी ओर बड़ा मन्दिर है। जिसके दो शिखर हैं। ये शिखर मन्दिरकी चौकीसे ही ऊपरको उठे हुए हैं। एक शिखर वेदीके आगे गोल दालनपर है। दूसरा जहां वेदी विराजमान है उस दालानके ऊपर है। इस मन्दिरको कटकके सुप्रसिद्ध स्व० 'मंजूलाल चौधरी' परवार दिगम्बरजैनने अनुमान २०० वर्ष हुए बनवाया था इस बड़े मन्दिरकी वेदीमें ७ प्राचीन दिगम्बर जैन प्रतिमाएँ भीतपर लगी हुई हैं, जिनमें प्राचीनताके कारण किसी किसीके नासिकादि अंग खंडित हो गये हैं, परन्तु वीतरागता सबपर दर्श रही है। इनमें ५ प्रतिमाएँ श्रीआदिनाथस्वामीकी एक पार्श्वनाथस्वामीकी और एक प्रतिमाका चिन्ह दब गया है। यहां पुजारीका प्रवन्ध न होनेसे पूजन प्रक्षाल नहीं होता मन्दिरके पीछे चारों ओर मैदानमें सैकड़ों पाषाणके खंड पड़े हैं, जिनमें चार प्रतिमाएँ नन्दीश्वरकी अंकित हैं। इस स्थानको भूमिया लोग दवसभा कहते हैं। आगे चलनेपर नीचे उत्तरके एक जलसे भराकुंड है, जिसको आकाशगंगा कहते हैं। इसके आगे मुनियोंके ध्यानकी बहुतसी गुफाएँ हैं, जिनमें एक गुफाक कोनेमें एक कुंड है जिसका नाम 'गुप्तगंगा' है। इसक आगे 'श्यामकुंड' और 'राधाकुंड' नामके दो कुंड है। इसके आगे राजा ललाट इंद्रकेसरीकी गुफा है। इसमें आठ खड्गासन दि० जैन प्रतिमाएँ अंकित हैं। इसी गुफाके पीछेकी भीतपर दो २ हाथकी दो कायोत्सर्ग दि० जैन प्रतिमाएँ खुदी हुई हैं। इसके पास एक 'शिलालेख' है। इसके आगे 'श्रीआदिनार्थस्वामी' की गुफा है, जिसमें चिन्हांकित २४ दि० जैन प्रतिमाएँ हैं। इन प्राचीन मूर्तियोंके आगे थोड़े कालकी बनी हुई ३ वेदियां हैं। जिनमें एक २ प्राचीन प्रतिमा विराजमान है। यह गुफा ३ द्वारकी है। आगे घुसतेही बगलमें क्षेत्रपालकी २ पिंडी हैं।

इसके आगे दूसरी १२भुजी गुफा ३द्वारकी है। जिसके भीतर भीतमें २४ दि०जैनप्रतिमाएँ अंकित हैं, इनमें केवल एक खड्गासन है। २४ मूर्तियोंके नीचे २४ यक्षिणीकी मूर्तिएँ बनी है। अन्दर जाते ही दोनों बगलोंमें एक २ देवीकी मूर्ति है। इसको अन्यमती दुर्गा कहते हैं। इसके आगे 'नवमुनिगुफा' है। इसमें १० दिगम्बर जैन मूर्तियाँ पद्मा-

सन हैं; नीचे ८ यक्षकी मूर्तियाँ हैं, इस गुफामें प्रतिमाके साम्हने भीतपर बगलमें दो शिलालेख हैं वे नीचे दिये जाते हैं:—

मूर्तियोंके सामनेका लेख:—

ॐ श्रीमद्द्योतकेशरिदेवस्य प्रवर्द्धमाने विजयराज्ये संवत् १८........

श्रीआर्यसंवप्रतिवद्धगृहकुलविनिर्गतदेशीयगण– श्रीआचार्य्य–श्रीकुलचंद्रभट्टारकस्य तस्य शिष्य-शुभचंद्रस्य ॐ ॥

मूर्तियोंके बगलका लेख:—

ॐ श्रीआचार्य्य–कुलचंद्रस्य तस्य शिष्यखल्शुभचंद्रस्य ।

श्रीगच्छत........छात्रपिजो........

खंडगिरि–उदयगिरीको 'बौद्ध' लोग भी पवित्र मानते हैं बौद्धोंकी कई प्राचीन गुफाएँ और बुद्धदेवकी कई मूर्तियां हैं।

इस क्षेत्रके प्रबंधके और धर्मशालादि बननेके बाबतमें भारतवर्षीय दि० जैन तीर्थक्षेत्र–कमेटी और अन्य धर्मात्माओं द्वारा कोशिष हो रही है।

गया।

बांकीपुरसे ५७ मील दक्षिण, विहार प्रदेशके पटना विभागमें जिलेका सदरस्थान हिन्दुओंका तीर्थ गया शहर है।

गया श्राद्धके लिये भारतवर्षमें प्रधान है, आश्विन मासके कृष्णपक्षमें लाखों यात्री गया आते हैं।

स्टेशनसे शहरतक हरतरहकी सवारी मिलती है। शहरमें कई धर्मशालाएँ हैं।

गया २ हिस्सोंमें बँटा हुआ है, अर्थात् साहबगंज, पुरानी गया, दोनों फल्गु नदीके बाएँ किनारेपर हैं। साहबगंजमें रेल्वे स्टेशन यूरोपियन देशी लोगोंकी कोठियां कचहरियां, जेलखाना, अस्पताल, पब्लिकलायब्रेरी, तैरनेका हम्माम और घुड़दौड़की सड़क है। साहबगंज व्यापारी जगह है। साहबगंजमें दि० जैनियोंके खंडेलवाल अग्रवालोंके ६४ घर और मनुष्यसंख्या २९७ है। एक शिखरबंद जैनमंदिर जैनसभा जैनपाठशाला और

जैनधर्मशाला भी है । खास गयामें एक चैत्यालय एक खंडेलवालके गृहकी ९ मनुष्य संख्या है । शहरकी मनुष्यसंख्या अनुमान ८१ हजार है, पंडे अधिक हैं ।

देखने योग्य स्थानः—

रेल्वे स्टेशनसे डेढ़ मील पूर्वोत्तर फल्गुनदीके बाएँ तट 'विष्णुपदका मन्दिर' नदीके किनारेके घाट रामसागर मुहल्लेमें 'रामसागर' नामक तालाव, पहाड़ी, अनेक देवमन्दिर, श्राद्धके स्थान, गयाके विष्णुपदके मन्दिरसे छह मील दक्षिण फल्गुनदीके किनारे 'बुद्ध-गया' है । इस स्थानपर महात्मा बुद्धने ६ वर्षतक ५ चेलोंके साथ कठिन तपस्या की थी । गयासे बुद्धगया तक पक्की सड़क गई है, बौद्धगया बौद्ध लोगोंके लिये संसारमें सबसे अधिक पवित्रस्थान है । कई लोगोंका मत है कि मगधदेशके राजा 'अशोक' ने इस मन्दिरको वनवाया । इतना प्राचीन मन्दिर शायदही कहीं हो । मन्दिरमें पूर्वाभिमुखकी बुद्धकी विशाल मूर्ति है । जिसका बायाँ हाथ ढोढ़ीके पास और दाहिना हाथ नीचेकी ओर गिरा हुआ है, मूर्तिपर सोनेका मुलम्मा है । और भी कई बौद्धमूर्तियां हैं, गयाके हिन्दू मन्दिरोंमें भी कई बौद्धमूर्तियां हैं । और आसपासके कई मन्दिर प्राचीन निशा-नातभी देखने योग्य हैं ।

गुणावा ।

(सिद्धक्षेत्र)

यह गौतमस्वामीका निर्वाणक्षेत्र बिहारप्रान्तके पटना जिलेमें नवादा (E. I. R.) के स्टेशनसे डेढ़ मील है, नवादासे बैलगाड़ी किरायेकर 'पावापुर' 'राजगृही' और 'कुंडल-पुरकी' यात्राको जाते हैं । नवादा स्टेशनपर ६ महिने यात्रियोंकी बहुत भीड़ रहती है, जो रातको ९ बजे और शामको ६ बजेकी गाड़ीसे उतरते हैं उनको सवारी न मिलनेके कारण तथा स्टेशनपर धर्मशाला न होनेके कारण बहुत कष्ट उठाना पड़ता है ।

गुणावासे श्रीगौतमस्वामी पंचमगति (निर्वाण) को प्राप्त हुये हैं, उनकी चरणपा-दुका सहित एक छोटे तालावके मध्य एक बहुत अच्छा रमणीय मन्दिर है । मन्दिरके पास एक धर्मशाला भी श्वे० दि० की है । पक्के आंगनमें पक्का कुआ है, धर्मशालाके भीतरसे मन्दिरका रास्ता है, साम्हनेकी वेदीमें श्रीमहावीरस्वामीके चरण तथा दिगम्ब-राम्नायकी दो प्रतिमाएँ और श्वेतम्बराम्नायकी एक प्रतिमा विराजमान है । इसी वेदीकी बाईं बाजूपर एक कोठरीमें गौतमस्वामीके चरण और दिगम्बर श्वेताम्बर दोनों सम्प्र-

दायकी प्रतिमाएँ विराजमान हैं। मन्दिरके भीतर चारों तरफ हरएक तीर्थंकरके चरण बने हैं। बेदीके पीछे पाषाणकी एक और प्रतिमा विराजमान है, मन्दिरमें एक ब्राह्मण पूजन करता है। प्रबंध तीर्थक्षेत्रकमेटीकी ओरसे अच्छा होता है।

चम्पापुर (नाथनगर)

(सिद्धक्षेत्र)

भागलपुरसे ४ मील (ई० आई० आर) नाथनगर रेल्वे स्टेशनसे चम्पापुर (नाथ-नगर) मिला हुआ है। चम्पापुर पूर्व समयमें बौद्ध राजाओंकी राजधानी थी। यहां दिगम्बर जैन अग्रवालोंके ४ गृह और २७ मनुष्यसंख्या है, तथा दो शिखरबंद मन्दिर हैं। और दोनों मन्दिरोंमें बृहदाकार बड़ी धर्मशाला भी हैं। इनमेंसे एक मन्दिर तेरहपंथी कहलाता है, जो इस समय 'बाबू छन्नूलालजी' कलकत्तेवालोंके प्रबंधमें है। और दूसरा वीसपंथी; इसके बनवानेवाले छपरानिवासी बाबू गुलाबचंदजी आनरेरी मजिस्ट्रेट हैं और उनकेही प्रबंधमें भी है। इन मन्दिरोंको जानेवाले यात्री सीधे नाथनगर भी उतर सक्ते हैं। तेरहपंथी मन्दिर बहुत प्राचीन है। मुख्य श्रीगृहके आगे दो ऊंचे मानस्तंभ बहुत प्राचीन हैं। श्रीगृहमें एक मुख्यवेदी और ४ बेदियां चारों कोनों पर हैं। मुख्यबेदीमें अन्य प्रतिमाओंके आगे श्रीवासुपूज्यस्वामीके चरण बहुत प्राचीन काले पत्थरपर अंकित हैं, जिनपर छत्र शोभित है। इस पाषाणके नीचे यह लेख है:—

"स्वस्तिश्री जय श्रीमङ्गल संवत् १६९३ शका १५५९ मनुनाम सम्वत्सरे मार्गशिर शुक्ला २ शनै शुभ मुहूर्ते श्रीमूलसंघ सरस्वतीगच्छ बलात्कारगणे कुन्दकुन्दान्वये भट्टारक श्रीकुमुदचन्द्रस्तत्पदे भ० श्री धर्मचन्द्रोपदेशात् जयपुर शुभस्थाने बघेरवाल ज्ञाति से० श्रीपासा भा० से० श्रीसुनोई तया पुत्रस श्री ५। नाभा० श्रीसजाई भर्तचम्पा पावापूज्यस्य शिखरवद्ध प्रासाद कारण्य प्रविष्टा व विद्याभूषणै: प्रतिष्ठितं वर्द्धितां श्रीजिनधर्म्म।"

इससे विदित होता है कि जयपुरनिवासी (नाम स्पष्ट नहीं) बघेरवाल जातिके किसी शेठने सं० १६९३ में श्रीधर्मचन्द्र भट्टारकके उपदेशसे चरणोंपर मन्दिर बनवाया जिसकी प्रतिष्ठा विद्याभूषणजीने की। चरण बहुत प्राचीन हैं, उनपर केवल गुमठी आदि बनाना सं० १६९३ में हुआ। इस मन्दिरके मुनीम और पुजारी दोनोंका काम भाई वसुनन्द-नप्रसादजी अग्रवाल करते हैं।

बीसपंथी कोठीमें भैरोंप्रसादजी जैसवाल पुजारी और मुनीम हैं, जो कि मन्दिरकी देख भाल और पूजन प्रक्षाल अच्छी तरहसे करते हैं धर्मशास्त्र दोनों कोठियोंमें ८७ के अनुमान हैं।

यहांसे आध मील गंगानदीके एक नालेके तटपर जिसको कि चंपानाला कहते हैं, एक जैनमन्दिर और धर्मशाला है। इसका प्रबंध श्वेताम्बरियोंके आधीन है। इस मन्दिरमें नीचे तो श्वेताम्बरी प्रतिबिम्ब और ऊपर श्रीगृहकी वेदीमें पाषाणकी सर्व दिगम्बराम्नायकी प्रतिबिम्ब विराजमान हैं, जिनमें कई प्रतिबिम्ब बहुत प्राचीन हैं। जिनकी तफसील (ब्योरा) इस भांति है:—

एक खड्गासन प्रतिमा श्रीआदिनाथस्वामीकी, एक पद्मासन कृष्णवर्ण छोटी, दो पद्मासन कृष्णवर्णकी बड़ी, एक पद्मासन कृष्णवर्णकी चौबीसी सहित, और एक पद्मासनस्थ श्रीआदिनाथस्वामीकी एक गज ऊंची चम्पानालेसे निकली है। प्रतिमा बहुत मनोज्ञ चौथे कालकी मालूम पड़ती है। एक श्वेत पाषाणकी पद्मासन सम्वत् १५१५की प्रतिष्ठित, एक मूंगे सरीखे रंगकी पाषाणकी पद्मासन, सं० १८८१ की भट्टारक जगत्‌कीर्त्ति द्वारा चंपापुरके सन्तलाल द्वारा प्रतिष्ठित, दो छोटी कृष्ण पाषाणकी पद्मासन, दो धातुकी छोटी पद्मासन, और एक पाषाणकी चरणपादुका है। यहांपर पूजन प्रतिदिन दिगम्बर आम्नायके अनुसार होती है। यहांपर श्रीवासुपूज्यस्वामी १२ वें तीर्थंकरके पंचकल्याणक हुये हैं। गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान, निर्वाण, पांचों कल्याणकोंके समय इस स्थानपर इन्द्रादि देवोंका आगमन हुआ तथा इस पवित्र धरा (जगह) की स्वयं बन्दनाकी, भगवानके पंचकल्याणक होनेसे यह क्षेत्र विशेष प्रशंसनीय है।

यहांपर भादोंसुदी ११ से १५ तक मेला भरता है, वर्षभरमें करीब तीन चार हजार यात्री बन्दना करनेको आते हैं।

छपरा।

विहारके पटना विभागमें सारन जिलेका सदर स्थान और प्रधान कस्बा सरयू नदीके बाएं किनारेपर ४ मील लम्बा और लगभग आधमील चौड़ा एक सुन्दर कस्बा छपरा नामका है। स्टेशनपर सवारी हर तरहकी मिलती है। कस्बेसे पश्चिमकी तरफ मैदानम राय बाबू बनवारीलालजीकी बनवाई हुई एक उत्तम सराय है।

१८ वीं सदीके अन्तमें छपरेमें फरासीसी डच और पोर्तगीजोंकी कोठियां थीं, उस समय सारन जिला सोडाके लिये प्रसिद्ध था। फाटकपर घड़ीका ऊंचा बुर्ज है जिसके

पूर्व एक पक्का तालाव, पंचमन्दिर, धर्मनाथका मन्दिर, रायवहादुर महावीरप्रसादजीकी उत्तम कोठी; धनी लोगोंकी कोठियां, जेलखाना, गवर्नमेंटस्कूल. कचहरी. हथुआके महाराजकी उत्तम कोठी आदि स्थान देखने योग्य हैं। सारनकी मनुष्यसंख्या अनुमान ५८ हजार है। अग्रवाल जैनियोंके १९ घरोंकी ८७ मनुष्य संख्या है, एक शिखरवन्द मन्दिर, एक चैत्यालय, दो धर्मशालाएँ और एक दानशाला भी है। धर्मशास्त्र अनुमान २०० हैं। रायवहादुर वावू गुलावचंदजी प्रसिद्ध धनी हैं, आपके वनवाये हुये कई जैनमन्दिर और धर्मशालाएँ हैं, कई मन्दिरोंका प्रवंध आपके अधिकारमें है। सोड़ा और लाखका व्यापार होता है।

डिबरूगढ़ (आसाम)

यह प्राचीन नगर आसाम प्रान्तमें कमिश्नरीका सदर मुकाम है।

यहांके जैनीभाई प्रायः सब मारवाड़ आदि दूसरे प्रान्तोंके हैं, व्यापारके कारण यहां रहते हैं। रायवहादुर शेठ चुन्नीलालजी, शेठ सदाराम जेसराजजी, व कालूराम चांदमलजी मुखिया हैं। यहांका पंचायती मन्दिर नयेवागमें वना है, जो वहुतही सुन्दर एक लाख रुपयेसे अधिककी लागतका है। इस मन्दिरमें नीचे एक जैनपाठशाला है जिसमें दो अध्यापक है। विद्यार्थी जैन व अजैन करीव ९० के विद्याध्ययन करते हैं. पं० अर्जुनलालजी विद्यार्थियोंको शिक्षा देते हैं। आप गोमट्टसार. समयसारके अच्छे ज्ञाता हैं। डिवरूगढ़में चाकी खेती अधिक होती है, और अनेक कोयलेकी खदानें हैं।

वाढ़।

बंगाल प्रान्तार्गत पटना जिलेमें वाढ़ (E. I. R.) स्टेशनसे करीव २ मील गंगाके दाहिने किनारेपर वाढ़ कसवा है। गंगाके किनारेपर हिन्दु देवताओंके मन्दिर हैं।

यहां दिगम्वर जैन अग्रवालोंके २१ गृह हैं, और मनुष्य संख्या१३३ है। यात्रियोंके ठहरनेके लिये दि० जैनधर्मशाला मन्दिरके निकट है। यहां दिगम्वर जैनियोंके दो मन्दिर हैं। एक मन्दिर तो खास लालवावू द्वारा निर्मापित हुआ था, यह मन्दिर वहुत साफ सुन्दर और रमणीय है, प्रतिमा भी मनोज्ञ है, पूजन प्रक्षाल यथाविधि प्रतिदिन होता है।

दूसरा मन्दिर पंचायती है, इसमें चार वेदियां हैं, इस मन्दिरमें प्रतिमाओंका वड़ा समूह है। लाला नेमीदासजी जिन-धर्मके अच्छे ज्ञाता हैं। इस मन्दिरमें शास्त्रसभा प्रतिदिन होती है।

संतदासके पिता पं० राजा रामनारायणजी होगये हैं, ऐसा कहते है कि श्रीसम्मेद-शिखरजी तेरहपंथी कोठीके मन्दिरकी प्रतिष्ठा इनके हाथसे हुई थी।

पच्छार-पहाड़।

गया जिलेमें औरंगाबादकी सीमाके पूर्वकी ओर रफिगंजसे २ मीलके फासले पर पछार नामक पहाड़ है, जिसकी एक गुफाका मुख ईंटोंसे वंद है, और वाहरकी वाजूपर वेदीमें श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिमा अति मनोज्ञ है; और इसके आस पास तीर्थंकरोंकी प्रतिमाएँ हैं। इससे यह पहाड़ जैनियोंका मालूम होता है, यहांपर बौद्ध और हिन्दुओंके कुछ भी चिन्ह नहीं हैं। यहांसे पहाड़की तलेटीमें २ फर्लांगकी दूरी पर 'चून' और दक्षिणकी ओर एक मीलपर 'देवकुली' नामके दो ग्राम हैं। इन दोनों ग्रामोंमें प्राचीन खंडहर वहुतसे पाये जाते हैं। इस पहाड़का विशेष वृत्तान्त मालूम होनेपर दूसरी आवृत्तिमें छापा जायगा।

पटना।

बिहारप्रान्तमें गंगानदीके दाहिने किनारे पर बिहारकी राजधानी पटना बसा हुआ है, हिन्दुस्थानमें पटना प्रसिद्ध शहर है। ईस्ट इंडियन रेल्वेका स्टेशन कलकत्तेसे ३३२ मीलकी दूरी पर है। पूर्व समयमें इसी शहरमें 'समंतभद्रस्वामी' ने भेरी * वजाकर और वाद करके ब्राह्मणोंको हराया था। वर्त्तमानमें संस्कृत विद्याका केन्द्र काशी है, पूर्व समयमें पटना था। आचार्य 'अमितिगतिने' 'धर्मपरीक्षा' नामक ग्रंथमें इस शहरका बहुत अच्छा वर्णन किया है।

शिशुनागवंशके राजा अजातशत्रुके पोते उदयाश्वने पाटलीपुत्र वसाया था। यहांकी जमीनके नीचे कई मकानोंके निशान हालमें मिले हैं, जिससे यह मालूम होता है कि, दो हजार वर्ष पूर्व यहां एक वड़ा नगर + बौद्ध सम्राट 'अशोकके' समयका था, जिसमें १४

---

* पूर्वं 'पाटलिपुत्र' मध्यनगरे भेरी मया ताडिता।

+ इसकी तलाशके लिये पटनेकी जमीन सुप्रसिद्ध पारसी धनी रतनजीताताके द्रव्यसे खोदी जा रही है, कई अशोकके समयकी चीजें मिली हैं।

लक्ष नरनारी वास करते थे। इसके पुराने नाम पाटलीपुत्र, कुसुमपुर, पुष्पपुर, पालिबोत्रा हैं। पाटलीपुत्रका जिकर यूनानी इतिहासवेत्ता 'मेगास्थिनीजने' जो 'सेलियूकसकी' तरफसे ईस्वीं सन् से ३०० वर्ष पहिले 'चन्द्रगुप्त' राजाके पास राजदूत होकर आया था, और उसीने इसका नाम पालिबोत्रा अपने इतिहास * में लिखा है। मेगास्थिनीज लिखता है कि उस जमानेमें पाटलीपुत्रकी लम्बाई ८० स्टेडिया और चौड़ाई १५ स्टेडिया थी, इस हिसाबसे उसका गिर्द १९० स्टेडिया अर्थात् २४ मील होताहै। नगरके चारों ओर३० हाथ गहरी खाई बनी हुई थी, और दीवारोंमें ६४ बड़े दरवाजे और ५७० बुर्ज थे।

मुसलमानोंके समय औरंगजेबके पौत्र 'अजीमके' नामपर पटनेका नाम 'अजीमाबाद' हो गया था। पटनेमें शाह अजीनीकी दरगाह बड़ी मशहूर है. हिन्दू और मुसलमान दोनों इस दरगाहको मानते हैं, मुसलमानी जिकादके महिनेमें तीन दिनतक यहां मेला भरता है। दर्गाहके पासही कर्बला है, यहां मुहर्रम (ताजियां) के दिनोंमें एक लाखके करीब आदमी एकात्रित होते हैं। पासही एक तालाव है। लोग कहते हैं कि इस तालावको शाह अजीनीने अपने हाथसे खोदा था। शेरशाहकी मसजिद जो कि पटनेमें बहुत पुरानी मानी जाती है और 'सैफखां'का बहुत सुन्दर मदरसा ये तीन देखने योग्य हैं, यह शहर बौद्ध और सिक्खोंका भी पवित्रस्थान है। सिक्खोंका हरिमन्दिर नामक मंदिर है। पटनेमें सिक्खोंके सुप्रसिद्ध वीरगुरु गोविन्दसिंहका १६६० ई० में जन्म हुआ था।

चौकसे पांच मील पश्चिम 'बांकीपुर'की सिविलियन कचहरी तक ट्रामगाड़ी चलती है, पटना और बांकीपुरके मध्यमें नहर है। पटनेके कई हिन्दू मन्दिर, शेरशाहकी मस्जिद, बांकीपुरमें कचहरी, कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नार्मलस्कूल, बिहार नेशनलकॉलेज, अस्पताल, गिर्जा, पब्लिक लायब्रेरी, प्रसिद्ध खड्गविलास प्रेस और बांकीपुरके रेल्वे स्टेशनसे डेड़ मील उत्तर गोलघर नामक इमारत ये देखने भी योग्य हैं।

यहांसे शेठ 'सुदरशन' मोक्ष पधारे हैं। दि० जैनियोंके यहां पर ५ मन्दिर और १ चैत्यालय है। इनमें से एक जियातंबोलीकी गलीमें, एक कालीबीबीके कटरामें, एक बाड़ाकी गलीमें, दो कम्बलदहमें, और दो मन्दिर गुलजारबागमें हैं, एक तो सेठसुदर्शनका और दूसरेमें जिनप्रतिमा विराजमान है, एक चैत्यालय बाबू हरखचंदजीका उनके घरके निकट है।

धर्मशाला स्टेशनके पासही शेठ 'गुरुमुखरायजी' सरावगी की है, और एक स्टेशनसे डेड़ मीलकी दूरीपर कम्बलदहमें सेठ सुदर्शनके बगीचेके साम्हने श्रीनेमिनाथस्वामीके

* मेगास्थनीजका भारतवर्षीय वर्णन नामकी प्रसिद्ध पुस्तक है।

मन्दिरके पास है, और एक धर्मशाला जियातंबोलीकी गलीके मन्दिरमें है । पटनेमें बौद्धधर्मके कई सुप्रसिद्ध जलसे हुये हैं । शहरकी मनुष्यसंख्या १३४८८६ है । जिनमें दि० जैनियोंके सिर्फ ६ घर और कुल ३३ मनुष्यसंख्या है । मन्दिरोंमें धर्मशास्त्र १२ हैं ।

पटनामें व्यापार तो हरतरहका होता है परंतु कपड़ा, तेलके बीज, नमक, सज्जी, शक्कर, अनाज, चांवल, वैं धान तो बाहरसे आते हैं, और तम्बाकू, नारियल, रुई, गर्ममसाला, बाहरको भेजे जाते हैं । नील और अफीमकी बड़ीभारी मंडी है ।

पावापुरी ।

(सिद्धक्षेत्र)

यह सिद्धक्षेत्र बिहार प्रान्तके पटना जिलेमें पोष्ट 'गिरियक' से ३ मीलकी दूरीपर है । निकटवर्ती स्टेशन बिहार और नवादा, बख्त्यारपुर लांइन ब्राँच रेल्वेमें है । स्टेशनपर घोड़ा गाड़ी आदि हर समय मिलती हैं ।

इसका प्राचीन नाम आपापुरी (पुण्यभूमि) था । यहांसे भगवान 'श्रीमहावीरस्वामी' मोक्ष पधारे हैं, जैनियोंका पवित्र सिद्धक्षेत्र है । यहां एक दिगम्बर आम्नायका खास मन्दिर है । जिसमें ४ बेदी और ४१ प्रतिमाएँ हैं । मूलनायक 'श्रीमहावीरस्वामी' की प्रतिमा है । इसकी प्रतिष्ठा शेठ 'मोतीचंद खेमचंद' शोलापुरवालोंने भट्टारक 'सत्येन्द्र-भूषण' से कराई थी । पुरी, पोरवरपुर, महावीरस्वामीके मन्दिरकी जागीरमें है । मोक्ष-स्थानका मन्दिर ग्रामके निकट एक तालाबके मध्यमें है, जिसको 'जलमंदिर' कहते हैं । जलमन्दिरमें महावीरस्वामी, गौतमस्वामी, और सुधर्माचार्यके चरण हैं । तालाबके किनारे उत्तरकी ओर छोटासा गोल पहाड़ है, इसके एक मन्दिरमें महावीरस्वामीके चरण हैं । इसमें दिगम्बर श्वेताम्बर दोनों सम्प्रदायके यात्री दर्शन पूजन करते हैं । ग्राममें एक मन्दिर है, जिसमें एक बेदीपर दिगम्बर आम्नायकी प्रतिमा विराजमान है, और चार बेदियोंमें श्वेताम्बर आम्नायकी हैं ।

इस स्थानपर कुल चार मन्दिर हैं, जिनमें अनुमान ९१ धर्मशास्त्र हैं । और ग्राममें दो जैसवाल जैनियोंकी मनुष्यसंख्या ९ है । ३ धर्मशालाएँ हैं जिनमें अनुमान तीन हजार आदमी ठहर सक्ते हैं । ये धर्मशालाएँ शेठ 'हरसुखराय फूलचंद' और आरावाले शेठ, 'गुलाबचंदजी' की बनवाई हुई हैं ।

कार्त्तिक वदी १४ से अमावस्या तक वहुत वड़ा मेला भरता है, इस समय रथयात्रा होती है। यह मेला वीरनिर्वाण सं० २४३४ से प्रतिवर्ष भरता है। कार्त्तिक वदी अमावस्या यह तिथी महावीरस्वामीके निर्वाण गमनकी है, इसी तिथीको इसी क्षेत्रपर भगवानके निर्वाण कल्याणका उत्सव इन्द्रादि देव मनुष्य पशु, पक्षियोंने मनाया था।

भागलपुर।

भागलपुर विहार प्रांतमें ईस्टइंडियन रेल्वे लाइनमें देखने योग्य प्रसिद्ध शहर जिलेका सदरस्थान है। रेल्वे स्टेशनसे शहर पासही है, स्टेशनके पास टोडरमलकी उत्तम धर्मशाला है। यह वड़ा सिविल स्टेशन तिजारती शहर गंगाके दाहिने किनारेपर २ मील लम्वा एकमील चौड़ा भागलपुर शहर है। दि० जैनियोंके यहांपर ३० घर हैं, जिनकी मनुष्यसंख्या १२८ है। मारवाड़ी टोलेमें दिगम्वर जैनियोंका एक मन्दिर है, यहां यात्री लोग अधिक आते हैं। गंगाके किनारे वूढ़ानाथका मन्दिर, देशीकालेज, सिविल अस्पताल, और शुजागंजवाजार देखने योग्य है, इसमें वावू हरनारायण चंडीप्रसाद जैन आढ़तिया टसर कोसेके कपड़ोंकी दूकान है। टसरी कपड़ा जो भागलपुरीके नामसे प्रसिद्ध है यह भागलपुरमें ही वनता है. वावू जीवनराम हरनारायण जैनकी स्वदेशी कपड़ेकी दूकान है, ये दोनों दूकाने प्रसिद्ध और विश्वासपात्र हैं। भागलपुरमें दरी कम्वल और पर्दे भी सुन्दर वनते हैं।

मन्दारगिरि।

(सिद्धक्षेत्र)

विहारप्रान्तमें भागलपुरसे दक्षिण १६ कोस पर सव्वलपुर जमींदारीमें मंदारहिल नामकी स्टेशनसे करीव १ मील पर एक छोटासा पहाड़ अनुमान ७०० फुट ऊंचा अति प्राचीन सिद्धक्षेत्र है। यही मन्दारगिरि पर्वत साक्षात् श्रीवासुपूज्यस्वामीके मोक्ष कल्याणकका स्थान है। वर्तमानमें लोग चम्पापुरीमें ही पांचों कल्याणक मानकर पूजन करते हैं, इसका कारण यही प्रतीत होता है कि यह पर्वत जंगलके वीच होनेसे यात्री लोग पहाड़पर जानेका कष्ट न उठाते थे; दूसरे मन्दारगिरि पर्वतपर कोई प्रवन्ध कुछ काल पहिले विलकुल नहीं था। वर्त्तमानमें तीर्थक्षेत्रकमेटीकी ओरसे मुनीम व पुजारी द्वारा प्रवंध अच्छा होने लगा है।

निर्वाणकांड पूजा आदिके अनुसार वांसुपूज्यस्वामीका निर्वाण (मोक्ष) कल्याणक चम्पापुरीमें ही हुवा ऐसा लिखा है, तथापि श्रीगुणभद्राचार्यकृत 'उत्तरपुराण' में मोक्ष कल्याणक श्रीमन्दारगिरि पर हुआ ऐसा लिखा है, तो भी दोनोंमें कोई विरोध नहीं है, कारण कि चम्पापुरका वर्णन शास्त्रोंमें ४८ कोस अर्थात् ९६ मील लम्बा और ३६ कोस चौड़ा लिखा है, और इस कारणसे यह पहाड़ इसही नगरमें गर्भित था, जो इस समय चंपापुरीसे ३२ मील है। इस कारणसे निर्वाणकांडमें सामान्य कथनकी अपेक्षा चंपापुर शब्द आया है परन्तु श्रीजिनसेनाचार्यके शिष्य गुणभद्राचार्यकृत उत्तरपुराणके ५८ वें अध्यायमें मन्दिरशैल स्पष्ट लिखा है। तो यह बात निःसंदेह सिद्ध हुई कि वांसुपूज्यस्वामीको मोक्ष लाभ यहींसे हुआ है।

मन्दारगिरिपर २ बहुत प्राचीन शिखरबन्द मन्दिर जो करीब १००० वर्षसे ऊपरके बने हुए हैं, एक बड़ा और एक छोटा मन्दिर सबसे ऊंची टोंकपर हैं। बड़े मन्दिरमें युगलचरण पादुका और छोटेमें ३ युगल विराजमान हैं। कुछ कालसे ये मन्दिर जैनियोंकी शिथिलतासे बिलकुल बेमरम्मत हो गये हैं।

भागलपुरसे मन्दारगिरि तक रेल खुली है, इस लिये जो यात्री क्षेत्र निमित्त भागलपुर, चम्पापुर पधारे अवश्य इस सिद्धक्षेत्रके दर्शन करके धर्मलाभ उठावेंगे।

यह पर्वत बहुतही रमणीय, चढ़ाव सुगम है और दर्शन करते ही मनका खेद, चिंता आदि विकार दूर होकर मन प्रसन्न और प्रफुल्लित हो जाता है।

अन्यधर्मी लोग भी इस पर्वतको पवित्र मानकर पूजते हैं। सीताकुंड, रामकुंड नामक दो शीतल जलके कुंड और एक मंदिर है। तलहटीमें एक पापहरणी नामक पुष्करणी है, यात्री इसमें स्नान करते हैं। पौषकी संक्रांतिके समय ३ दिनतक मेला लगा रहता है। मन्दारगिरिसे २ मीलके फासलेपर अन्यधर्मियोंका मधुसूदनका मन्दिर और तालाब है।

मुंगेर।

बिहार प्रान्तके भागलपुर कमिश्नरीमें गंगाके दहिने किनारेपर जिलेका प्रधान कसबा व सदरस्थान मुंगेर है। स्टेशनसे सवारी शहर तक हर तरहकी मिलती है।

देखने योग्य स्थानः—बड़ाबाजार, विजयनगरके महाराजका कर्णचौरा नामक मकान साहबमहल, शाहशुजाके रहनेका मकान, पुराना किला, जिलेकी कचहरियां, गंगाके

किनारेके सुन्दरघाट, देवमन्दिर, सीताकुंड नामक गर्मपानीका झरना और भी कई झरने देखने योग्य हैं।

यहांकी मनुष्यसंख्या अनुमान ५८ हजार है, दिगम्बर जैनियोंके अग्रवाल खंडेलवालोंके ११ घरोंकी ४० मनुष्यसंख्या है, और एक शिखरबंद मन्दिर है।

मुंगेरमें बंदूक, छुरी. पिस्तौल अच्छे बनते हैं।

मुर्शिदाबाद।

तीन पहाड़ जंक्शनसे ५० मील और साहबगंजसे ७४ मील दक्षिण मुर्शिदाबाद जिलेके नलहाटीमें रेल्वे जंक्शन है। लोग कहते हैं कि राजानलके नामसे इसका नाम नलहाटी पड़ा. नलहाटीकी बस्तीसे थोड़ीदूर पहाड़के नीचे सीताजीके चरण–चिन्ह हैं।

नलहाटीसे पूर्व २७ मीलकी रेल्वे शाखा भागीरथी गंगाके दाहिने किनारे पर अजीमगंजको गई है। अजीमगंज मुर्शिदाबाद जिलेमें एक बस्ती है, जिसमें कई एक धनी सौदागर रहते हैं और कई सुन्दर जैनमन्दिर बने हुए हैं। बाजारमें होकर एक पक्की सड़क गई है, अजीमगंज और मुर्शिदाबादके बीचमें नाव चलती है।

अजीमगंजके साम्हने उसपार अर्थात् भागीरथी नदीके बाएं किनारे सुप्रसिद्ध शहर है। इसका प्राचीन नाम मकसूदाबाद है।

बंगालके बड़े नव्वाब मुर्शिदकुलीखांने सन् १७०४ ई० में ढाकाको छोड़कर मकसूदाबादको बंगालका सदरस्थान बनाया और मकसूदाबादका नाम बदलकर अपने नामके अनुसार मुर्शिदाबाद रक्खा। और एक महल बनवाया उस समय यह गंगाकी सौदागरीका बन्दर स्थान था, यहांके सुप्रसिद्ध नव्वाब सिराजुद्दौलाखां और अंग्रेजोंमें सन् १७५७ ई०, में प्लासीके मैदानमें सुप्रसिद्ध लड़ाई हुई। इस लड़ाईके समयसे सारा बंगाल. ईस्टइंडिया कम्पनीके अधिकारमें आगया, इसके बाद और कई छोटी मोटी लड़ाइयां प्लासीके मैदानमें ही हुई हैं. अंग्रेजोंकी सिराजुद्दोलाके समयमें सुप्रसिद्ध धनिक जैनी जगतशेठने बड़ी सहायता की थी।

मुर्शिदाबाद एक समय बहुत बड़ा शहर था, यद्यपि इसकी मनुष्य संख्या घट रही है, किन्तु अबतक बहुतेरे नामी धनी ओसवाल जैन सौदागर विद्यमान हैं। नीचे लिखी चीजें देखने योग्य हैं:—

शहरके धनिकोंके मकान, सुन्दर देवमन्दिर, निजामत किलेसे अलग मुवारक मंजिलके निकट मनीबेगमकी बनवाई हुई मसजिद, किलेके बाहिर बरहमपुर जानेवाली सड़कके पास घोड़े गाड़ीके मकान, घोड़े और हाथियोंके अस्तबल, इसीके साम्हने कुछ दूरीपर निजामत कालेज जो नव्वाबके रिस्तेदारोंकी शिक्षाके लिये ७८ हजारके खर्चसे बना है और कस्वेके बाहिर मोतीझीलके पूर्वोत्तरके कटरेमें मकेकी बड़ी मसजिदके ढाँचेकी बनी हुई नव्वाब मुर्शिदकुलीखांका मकबरा है, इसके ७० फुट ऊंचे दो मीनार हीन दशामें पड़े हैं, इसके पासमें तोपखाना है जिसमें १७ फुट लम्बी एक बड़ी तोप पड़ी है ।

कस्वेसे २ मील दक्षिण एक मनोरम स्थानमें मोतीझील है, झीलमें बहुतेरे घड़ियाल रहते हैं, पहले झीलके बगलोंमें सिराजुद्दोलाका बनवाया हुआ उत्तम महल था, जिसकी कई एक महराबियां अबतक देखनेमें आती हैं ।

भागीरथीके दाहिने किनारेपर मोतीझीलके साम्हने मुर्शिदाबादके नव्वाबोंका सुखबाग नामक पुराना कबरगाह है, वहां बहुतेरे मकबरोंके सिवाय एक मसजिद और अन्य दो इमारतें भी हैं । एक मकबरेमें सिराजुद्दोला और उसकी स्त्रीकी कबर है ।

नव्वाबका महल–मुर्शिदाबादमें प्रधान देखने योग्य है, यह भागीरथीके किनारेपर बहुत बड़ी इमारत इटेलियन ढंगकी बनी हुई है, जो सन् १८३७ ई० में लगभग १७ लाख रुपयेके खर्चसे १० वर्षमें तैयार हुई थी । यह महल ४१९ फुट लम्बा २०० फुट चौड़ा ८० फुट ऊंचा है, मार्बुलका चमकीला फर्श बना है । जेवनारका मकान २९० फुट लम्बा, जिसमें आइने जड़े हुये बहुतेरे दरवाजे हैं। इमारतके मध्यमें गुम्बजके नीचे १५० शाखाओंका एक बड़ा झाड़ लटका है, और फर्शपर हाथीदांतका मनोहर तख्त है । दीवारमें नव्वाब और उनके वंशके बहुतेरे लोगोंकी तस्वीरें टँगी हुई हैं, प्रधान दरवाजेके दाहिनी ओर जनानखाना है ।

हातेके भीतर उत्तरके प्रधान फाटकके साम्हने सन् १८४७ ई० का बना हुआ एक सुन्दर इमामबाड़ा है ।

खास महलको लोग आइनामहल कहते हैं । एक ही घेरेके भीतर नव्वाबका महल, इमामबाड़ा और दूसरी इमारते हैं सब मिलाकर निजामत किला कहलाता है ।

प्लासीका मैदान जो कि कासिमबाजारसे २९ मील दक्षिणमें है । इत्यादि कई स्थान भी देखने योग्य हैं । रेशम, रेशमीकपड़ा, सोने चांदीके कारचोबी और हाथीदांतका काम उत्तम बनता है । और इनही चीजों तथा नीलका अधिक व्यापार होता है ।

मुर्शिदावादकी मनुष्यसंख्या अनुमान ३६ हजार है। इनमें ढाई हजारके करीव जैनी है। दि० जैनियोंके १९ अग्रवालोंके घरोंकी मनुष्यसंख्या ८९ हैं । एक दि० जैनमन्दिर भी है। कई जैनधर्मशालाएँ भी हैं।

राजगृह।

पटने जिलेमें वख्त्यारपुर रेलवे लाइनमें शिलाव स्टेशनसे ४ मील तथा विहारसे वायव्यकोनमें २३॥ मीलपर पहाड़की तलेटीमें यह जैनियोंकी प्राचीन नगरी मगध देशकी राजधानी प्रसिद्ध है। राजमन्दिर भी कहते हैं । यहां 'श्रीमुनिसुव्रतनाथका' जन्म हुआ था। जरासन्धकी राजधानी थी। यहां आनेको विहारसे रास्ता अच्छा है विहारमें घोड़ा गाड़ी आदि सवारीके लिये मिलते हैं।

राजगृहसे वड़गांवा केवल ८ मील है वड़गांवा एक छोटी वस्ती है, वस्तीमें एक वौद्ध-मन्दिर है, यहां नियत समयमें वहुत वौद्धयात्री आते हैं. यहां प्राचीन नालन्दाके चिन्ह अव तक मिलते हैं।

चीनके रहनेवाले फाहियानने लगभग ४०० ई० में और हुएंत्सांगने सातवीं सदीमें राजगृहको देखा था और लिखा है कि यहां गर्म पानीके कई झरने हैं।

यह नगर चतुर्थकालमें वैभवके शिखरपर था, जव यहां धर्ममें वड़ी क्रान्ति मच रही थी, जैनधर्म नष्टप्राय होने लगा था और श्रीमहावीरस्वामी जैनधर्मके जीर्णोद्धारके लिये प्रयत्न कर रहे थे, उस समय यह राजगृह नगरी श्रेणिक महाराजकी राजधानी थी, यह राजा वौद्धधर्मका प्रचारक था राजा श्रेणिक जैनधर्मी कैसे हुए इसकी एक कथा 'पुण्याश्रवकथाकोष' में इस प्रकार लिखी है:—

एक दिन राजा श्रेणिक महा पापकर्म शिकार खेलनेको गये शिकारसे लौटते समय मार्गमें दिगम्वर मुनि तपस्या करते हुये मिले, तव राजाने अत्यंत क्रोधित होकर धर्म-द्वेषसे मुनिराजके ऊपर अपने शिकारी कुत्ते छोड़ दिये, पर मुनिराजकी तपस्याके प्रभावसे कुत्ते नमस्कारकर और नम्र होकर मुनिराजके समीप बैठ गये तव राजाने और भी क्रोधित होकर मुनिराजके गलेमें एक मरा हुआ सांप डालकर सातवें नरकका कर्म-बंध अपने गलेमें डाल लिया। तत्पश्चात् राजा श्रेणिक अपने महलोंको चले गये, और यह वार्ता अपनी पट्टरानी 'चेलना' को सुनाई, रानी सुनकर अत्यंत दुःखित हुई और

बोली, आपने यह महापाप कर्म करके नरकका रास्ता साफ किया मुनियोंके ऊपर उपसर्ग करनेके बराबर संसारमें कोई भी बड़ा पाप नहीं है।

चेलना बोली राजन्! मुनिराजका जब तक उपसर्ग दूर नहीं होगा तब तक मुनिराज वहीं स्थिर रहेंगे, तब राजा श्रेणिक बोले वे मुनि अपने हाथसे गलेका सांप निकालकर नहीं फेंक सक्ते हैं,? रानीने कहा वे अपने हाथसे कभी ऐसा न करेंगे. चाहे प्राण भी क्यों न चले जावें।

तब राजा पश्चात्ताप करता रानीको साथ लेकर जहां मुनिराज विराजमान थे वहां पहुंच कर देखा तो मुनिराज ध्यान लगाये उपसर्ग समझ कर खड़े हुये हैं, और गलेमें सांप पड़ा हुआ है। राजाने उसी समय सांप निकालकर और गर्मजलसे स्नान कराकर राजा रानी हाथ जोड़कर बोले भगवन्! उपसर्ग दूर गया हम लोगोंको धर्मामृत पिलाइये, मुनिराज उपसर्ग टला समझकर दोनोंको 'धर्मवृद्धिका लाभ हो' ऐसा बोले तब राजाने मनमें विचारा कि मैं तो बौद्धधर्मका माननेवाला और रानी परम जिनभक्त मुनिराजने दोनोंको समान धर्मवृद्धिके लिये कहा. 'मुनिराज! धन्य है मैंने आपके प्रति बहुत बुरा व्यवहार किया है, मुझे अपना शिर काटकर मुनिराजके ऊपर चढ़ाना चाहिये' राजाका ऐसा विचार जानकर मुनिराज बोले हे राजन्! यह तुमने बहुत बुरा विचार किया आत्मघातके समान दूसरा कोई पाप नहीं है। तब राजा रानीसे बोले मुनिराजने मेरे मनकी बात कैसी जानली रानी बोली महाराज! आपतो मनकी बात जाननेकी कहते हैं परन्तु मुनिराज आपके कई भव जानते हैं, तत्पश्चात् राजा श्रेणिकने मुनिराजसे अपने भवांतर पूछे, भवांतर सुनकर राजा कहने लगा कि सचमुच जिनधर्म ही एक सच्चा धर्म है जिनदेवही सच्चे देव है जिनगुरु ही सच्चे गुरु है जैनशास्त्र ही सच्चे शास्त्र हैं, मैंने इतने दिन वृथा ही खोये राजा श्रेणिक जैनधर्मके परम भक्त हो गये, और जैनधर्मका बड़ा उपकार किया। राजा श्रेणिकने श्रीमहावीरस्वामीके समवसरणमें जाकर श्रीगौतम-गणधरसे हजारों प्रश्न किये। राजा श्रेणिककी पट्टरानी चेलना परम जिनभक्त थी रानीकी ही कृपासे श्रेणिक जैनधर्मावलम्बी हुये और सुखपूर्वक बहुत काल तक राज्य किया और कई सुन्दर जैनमन्दिर बनवाकर बड़ी भारी धर्मप्रभावना की।

राजगृहीके पंचपहाड़की तलेटीमें एक ऐसा नया शहर बसाया कि मानो जिसके आगे इन्द्रपुरी भी तुच्छ थी, जिसमें पत्थरके ५२ कुंड बनवाये इन कुंडोंमें से २२ कुंड तो अब भी मौजूद है। जिनके नाम ये हैं:- १ सरस्वतीकुंड, २ प्राचीव्यातरणीकुण्ड ३ शालिग्राम-कुंड, ४ भूतकुंड, ५ रामकुंड, (इस कुंडमें से २ धाराएँ एक गरम पानीकी और दूसरी

शीतल (ठंड) पानीकी बहती है) ६ गनेशकुंड, ७ सोमकुंड, ९ सीताकुंड, १० व्यास कुंड, ११ मार्कंडेयकुंड, १२ गोदावरीकुंड, १३ गंगायमुनाकुंड, १४ अनंतमुनिकुंड १५ किशीथताकुण्ड १६ सप्तधाराकुंड, (इसमें से सातधारा निकलकर बहती हैं) १७ब्रह्मकुंड, (इसमें एक हजार गरम पानीकी धाराएँ बहती हैं) शेष कुंडोंके नाम मालूम नहीं है, इन कुंडोंके कारणसे हिन्दुओंका भी यहां पर बडा भारी मेला प्रतिवर्ष भरता है।

सप्तधाराके किनारेपर एक शिवमंदिर और कन्हैयाका मन्दिर है । अन्यधर्मी कुंडमें स्नान करनेके अपनेको पवित्र-पाप रहित मानते हैं । बहुतसी स्त्रियां पुत्र कामनाके लिये स्नान करती हैं।

राजा श्रेणिकके समय यहां जैनमन्दिर और धर्मशालाएँ बहुतथीं, जिनके खंडहर इस समय भी पाये जाते हैं ।

राजगृहमें ३०. ४० गृह अन्य जातिके हैं, जैनियोंका कोई घर नहीं है । केवल एक मन्दिर और एक धर्मशाला है । यह दोनों दिगम्बरी और श्वेताम्बरियोंकी शामिलातमें हैं । इस मंदिरमें दिगम्बरी दो प्रतिमाएँ वेदियोंमें विराजमान हैं, नीचेकी बेदीमें ५ पाषाणकी प्रतिमाएँ हैं । मूलनायक श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिमा है । मन्दिरके बाहिर पश्चिमकी ओर कोठेके ऊपर जानेकी सीढ़ियां बनी हुई हैं । ऊपरकी वेदीमें ५-पाषाणकी तथा धातुकी एक प्रतिमा और एक चरणपादुका है ।

पर्वत वन्दनाः-इस ग्रामसे १ मीलपर पंचपहाड़ है, प्रथम नीचेके किसी एक कुंडमें स्नान करनेके बाद प्रथम 'विपुलाचल' पर्वतपर जाना चाहिये चढ़नेका रास्ता खराब है, यहां भगवान महावीरस्वामीका समवसरण आया था । ऊपर ६ मन्दिर हैं, एक मन्दिर में कायोत्सर्ग प्रतिमा विराजित है, दूसरेमें श्रीमहावीरस्वामीके चरण है, तीसरेमें श्रीचन्द्रप्रभके चरण चौथेमें श्रीमहावीरस्वामीकी प्रतिमा पाँचवेंमें श्रीमुनिसुव्रतनाथके चार कल्याणक और छठवें मन्दिरमें श्रीनेमिनाथ और शान्तिनाथस्वामीकी चरण पादुकाएँ विराजमान हैं।

विपुलाचल पर्वतपरके मन्दिरोंके दर्शन करके दक्षिण बाजू 'रत्नागिरि' पहाड़पर जाना चाहिये, इस पर्वतपर दो जैनमंदिर हैं, एक मन्दिरमें श्रीनेमिनाथ, श्रीपार्श्वनाथ, और श्रीमुनिसुव्रतनाथकी चरणपादुकाएँ हैं । और दूसरेमें श्रीपुष्पदंत तथा शीतलनाथस्वामीकी प्रतिमाएँ विराजमान हैं, जो कि खंडित हैं। मन्दिरकी एक बाजूमें शिलालेख है जो अस्पष्ट है । रत्नागिरिके दर्शन करके उसके दक्षिणकी ओर तलेटीसे 'उदयाचल' पर्वतपर जाना चाहिये उदयाचल बहुत ऊंचा है रास्ता ठीक नहीं है । इस पर्वतकी

शोभा देखने योग्य है जहां तहां गगनचुम्बित वृक्ष अनेक हैं, पुष्पोंकी सुगंधिताके कारण चारों ओर भ्रमर गुंजार करते हैं । यहांके उद्यानके मध्यमें एक मुख्य और चार दि० जैनमन्दिर हैं जिनकी कारीगरी देखने योग्य है ।

मुख्य मन्दिरमें श्रीऋषभनाथके चरण और उत्तराभिमुख श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिमा विराजमान है । प्रतिमा खंडित है । पर्वतसे दक्षिणकी ओर उतरनेका मार्ग बहुत तंग है । पहाड़की तलेटीमें एक छोटासा नाला है, इसको छोड़कर पूर्व बाजूमें 'श्रमणगिरि' पर चढ़नेका रास्ता है, यहां तीन मन्दिर हैं, ऊपरके मन्दिरकी वेदीमें श्रीअजितनाथ और शान्तिनाथस्वामीकी प्रतिमाएँ विराजमान हैं, जो कि खंडित हैं, तथा श्रीवासुपूज्यस्वामीकी चरणपादुका है ।

इस पहाड़की तलेटीमें एक विस्तीर्ण मैदान है, जहांकि राजा श्रेणिकके महलोंके निशानात पाये जाते हैं । बगीचेमें पुष्करणी (बावड़ी) थी वह भी इस समय यहां पाई जाती है । इसके थोड़ी ही दूर 'व्यवहारगिरि' (वैभारगिरि) नामक पंचम पहाड़ है । ऊपर चढ़नेका रास्ता खराब है, जो एक गुफाके नजदीकसे ही जाता है । इस गुफाके पूर्वभागमें ४ मुखवाली एक बुद्धदेवकी मूर्ति है गुफाके द्वारपर टूटी हुई २ छोटी मूर्तियां पड़ी हैं । द्वारपर घिसाहुआ एक शिलालेख है । बौद्धलोग सोनभंडारको बहुत पवित्र मानते हैं, कहते हैं कि इस स्थानपर सन् ईस्वीसे ५४४ वर्ष पहले बुद्धदेवकी मौजूदगीमें इनके चेलोंमें ५०० आदमियोंने इकठे होकर धर्मसभाकी थी और यही बौद्धलोगोंका पहला जलसा कहलाता है । इस गुफाकी छतमें एकद्वार है, जो इस समय बंद है, कहते हैं कि इसमें राजा श्रेणिककी अपार सम्पत्ति रक्खी है, इस द्वारको खोलनेका प्रयत्न सरकारकी तरफसे हुआ था पर कुछ फल नहीं निकला । पर्वतपर तीन जिनमन्दिर हैं । एकमें श्रीचन्द्रप्रभस्वामीकी प्रतिमा विराजमान है, और दूसरे में श्रीअजितनाथ और ऋषभनाथकी प्रतिमा वेदीपर विराजमान है, तीसरे मन्दिरमें श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी चरणपादुका है और एक प्रतिमा भी विराजमान है, सर्व प्रतिमाएँ खंडित हैं। इन मन्दिरोंसे एक मीलपर गणधरस्वामीके चरणों सहित एक मन्दिर है । इन पाचों पहाड़ों और तलेटीमें ब्राह्मणोंके कई मन्दिर हैं । कार्त्तिक माहमें यहां बड़ा भारी मेला भरता है, जैनमन्दिरोंको भी हिन्दू पवित्र मानकर दर्शन करते हैं ।

श्रावक पहाड़ ।

गयाजीके निकट रफीगंजसे ३ मील पूर्व यह श्रावक नामका पहाड़ करीब पाव मील ऊंचा एक:ही शिलाका मनोहर है, वृक्ष नहीं है, किनारे २ अनेक शिलाएँ है । इसके

नीचे पाव मीलपर जो वस्ती है उसका नाम भी 'श्रावक' है। इस पर्वतके ऊपर ४० गज जानेसे १ गुफा मिलती है, जो १० गज लम्बी और ६ गज चौड़ी होगी। इसमें १ जीर्ण दि० जैन मन्दिर है, जो विलकुल टूट गया है। ४ स्तम्भ पाषाणके द्वारपर लगे हैं। भीतर जाकर साम्हने ही प्राचीन पाषाणकी एक अत्यन्त मनोज्ञ श्रीपार्श्वनाथ स्वामीकी दि० जैन प्रतिमा पद्मासन विराजित है। आसनके स्थानसे २ हांथकी ऊंचाई है। सिवाय वाएँ पगके और सर्व आंगोपांग अखंडित हैं। विदित होता है किसा अजन द्वारा यह उपसर्ग किया गया हो। दोनों ओर इन्द्र हैं, फन टूटा है। अजैनलोग (लाहिंगावीर) (नंगावीर) ऐसा नाम ले करके पूजते हैं। दस २ बीस २ कोस चारों ओर बड़ी मान्यता है। सिन्दूर और दही चढ़ाया जाता है।

श्रावण सुदी १५ सलोनेके रोज यहां वड़ा भारी मेला लगता है। इस गुफामें अन्य वहुतसी खंडित प्रतिमाएँ पड़ी हुई हैं। १ पाषाणके पटमें ६ पद्मासन मूर्तियां हैं, नीचे यक्षिणीकी मूर्ति लेटी है। इस पटके नीचे एक लेख प्राचीन लिपीमें अंकित है। ऊपर एक वड़ा जैन मंदिर ईंटोंका मालूम होता है, जो कि घाँससे छाया हुआ है। शिखरका चिन्ह मालूम होता है। वीचमें १ खुदा हुआ सूराख है, जिसमें १५ हाथ डोर जाती है। इस मंदिरका द्वार पूर्व दिशाकी ओर मालूम होता है। भीतरसे प्रतिमा आदिका निकलना संभव है।

जिस स्थानपर यह श्रावक पर्वत स्थित है, इसके आस पासके लोग अव कोई जैनधर्म नहीं पालते हैं। 'श्रीपार्श्वनाथस्वामी' की प्रतिमाको उपसर्ग होना जैनियोंकी वेखवरीका ही कारण है।

श्रीसम्मेदशिखर।

(सिद्धक्षेत्र)

वीसं तु जिणवरिंदा अमरासुरवंदिदा धुद किलेसा।
सम्मेदे गिरिसिहरे णिव्वाणगया णमो तेसिं॥

बंगालप्रान्तके हजारीवाग जिलेमें उपर्युक्त निर्वाणक्षेत्र है। ई. आई. आर. लाइनके ईशरी स्टेशनसे १५ मील मधुवन तक सड़क पक्की है। बैलगाड़ियां स्टेशनपर मिलती हैं। दूसरा रास्ता ई. आई. आर. लाइनमें गिरीडिह स्टेशनसे १८ मील मधुवन है, रास्ता यहांसे मधुवनतक पक्की और साफ है। बैलगाड़ियां गिरीडिहमें भी मिलती हैं। इस

स्टेशनसे बाजार तथा जैनधर्मशाला निकट ही है। यहांपर एक दिगम्बर आम्नायका मंदिर और एक धर्मशाला बीसपंथी आम्नायकी और एक तेरहपंथी आम्नायकी है। तथा एक धर्मशाला और मन्दिर श्वेताम्बर आम्नायका भी है। हरएक धर्मशालाकी ओरसे एक२ चपरासी रेल्वेस्टेशनपर यात्रियोंकी तलासमें हर ट्रेनपर आते हैं, चपरासी लोग यात्रियोंको बैलगाड़ीका प्रबंध भाड़ेपर मधुवन तक कर देते हैं।

मधुवन श्रीसम्मेदशिखरकी तलहटीमें अति रमणीय स्थान है, यहांपर तीन धर्मशालाएँ हैं, एक बीसपंथी आम्नायकी (उपरेली कोठी) जो बहुत बड़ी अति उतंग है, इस कोठी और धर्मशालाके प्रबंधके लिये 'भा० दि० जैनतीर्थक्षेत्रकमेटी' की तरफसे एक मैनेजर एक मुनीम एक जमादार आठ चपरासी एक खिदमतगार एक भंडारी दो माली बगीचामें हैं, कोठीमें एक हाथी भी है जिसका एक महावत और एक हाथीके खानेको घास काटनेवाला है। कोठीके भीतरके चौकमें अति रमणीय दि० जैनमन्दिर है, जिसके पूजन प्रक्षालको दो पुजारी हैं, कोठीकी इमारत देखने योग्य है। प्रबंध हरप्रकारसे योग्य और प्रशंसनीय है।

यह क्षेत्र निजाम रियासतके परभिणी जिलेमें पिंगली (N.S.Ry.) स्टेशनसे करीब ४ मील पूर्णा नदीक किनारेपर बसा है। उखलद ग्राममें दिगम्बारियोंके केवल २ घर सैतवालोंके हैं जिनकी मनुष्य संख्या ७ है। पूर्णा नदी पूर्वसे पश्चिमको बहती है। प्राचीन जैनमंदिर पत्थरका बना हुआ इसीके किनारेपर होनेके कारण यहांकी शोभा और सृष्टि सौंदर्य अत्यन्त मनोहर है। मन्दिरके आगेका हिस्सा नदीके सामने होनेके कारण उसका कुछ भाग अधिक बरसातसे गिर पड़ा है, इसलिये इसका जीर्णोद्धार होना आवश्यक है। इस मन्दिरमें श्री नेमिनाथस्वामीकी प्रतिमा काले पत्थर बृहदाकार अति मनोज्ञ विराजमान है। कहते हैं कि, इस प्रतिमाके दाहिने पांवके अंगूठेके बीच एक पारस पत्थर (जिसके स्पर्शसे लोहेका सोना बन जाता है) था और यह बात अंगूठेक. पासके चिन्हसे सत्य मालूम हाता है। प्राचीन कालमें कोई एक धर्म परायण श्रावक इस मंदिरका पुजारी था, उसका उदर निर्वाह इस पारससे होता रहता था, अर्थात् पूजाके बाद वह पुजारी प्रतिदिन उस पद-पारसको लोहेकी सुई लगाकर सोनेकी बनाता था, उसीसे निर्वाह करता था। जब वह बड़ा पुजारी धाराशायी हो गया तब उसने अपने पुत्रको अपने पास बुलाकर पारसका भेद (गुप्तरीतिसे) बतलाया, और धर्म श्रद्धासे चलनेका उपदेश दिया। वृद्ध पुजारीके मरनेके बाद पुत्र लोभी होकर बहुत सोना पैदा किया और दुराचरणसे रहने लगा। कुछदिनोंके बाद प्रान्तके मुसलमान अमलदारके (राज्याधिकारी) कानों तक पहुँची। अमलदार उस पारसका निकालनेके लिये प्रतिमाके पास आया, और उसको स्पर्श करनेके लिय तैयार हुआ ही था कि उसी समय एकाएक बड़ी आवाज हुई, और प्रतिमाके अंगूठेके बीचका पारस नदीके गड्ढेमें गिर पड़ा। यह अतिशय देख वह मुसलमान अमलदार आश्चर्यान्वित हो गया तो भी उसका लोभ रंचमात्र भी कमी नहीं हुआ, और उसने एक मस्त हाथीके पांवमें बड़ी लम्बी लोहेकी जंजीर (संकल) बांधकर नदीमें छोड़ दिया। नदीमें वह पारस था, पारसस स्पर्श हानेके कारण जंजीरकी कई कड़ियां सुवर्ण की हो गई। परन्तु पारस प्रयत्न करनेपर भी प्राप्त नहीं हुआ। उसी समयसे यह क्षेत्र अतिशय क्षेत्र नामसे प्रसिद्ध हुआ। प्रति वर्ष यहांपर माघ ९ शुक्लसे १० तक बड़ी भारी यात्रा होती है जिसमें दो हजार के लगभग यात्री इकटे होते हैं। इस मन्दिरका प्रबन्ध वर्तमानमें प्रसिद्ध धर्मात्मा श्रीयुत "सन्तोबा बजाबा अण्णा संगवे पिंपरी निवासी" के हाथमें है। पूजन-प्रक्षाल आदिका प्रबन्ध भी इस सद्गृहस्थकी प्रेरणासे अच्छा होता है।

औरंगाबाद ।

यह शहर निजाम–रियासतके जिलेका सदर मुकाम है। इसको करीब ३०० वर्ष पहिले "अहमदनगरकी अदीलशाही" रियासतके मुख्य प्रधान 'मलिकंबर' ने १६१० ई० में बसाया और इसका नाम 'खड़की' रक्खा था। परन्तु जब अदीलशाहीका राज्य 'दहली के प्रसिद्ध मुगल बादशाह 'औरंगजेबने' जीत लिया और इसका नाम 'औरंगाबाद' रखकर अपने सुबे (प्रान्त) का सदर मुकाम करदिया था। बादमें यह निजाम साहिबके जिलेका सदर मुकाम होगया। कहते हैं कि इसमें पहिले ९२ मुहल्ले थे, वर्त्तमानमें बहुत कुछ उजाड़ दशामें हैं।

यहां तथा इसके पास छोटे २ ग्रामोंमें सब मिलाकर दिगम्बरियों के घर ४० और २०० के करीब मनुष्य संख्या है। दि० जैन मन्दिर यहां पर ९ हैं। धर्मशास्त्र अनुमान २००के हैं। यहांके जैनीभाई धर्मप्रेमी और उद्योगप्रिय हैं। बेगमपुरासे उत्तरकी ओर एक मीलपर बौद्धोंकी खोहें खंडहर दशामें हैं। एक खोहमें श्रीनेमिनाथस्वामीकी प्रतिमा करीब ९ फीट ऊंची पाषाणकी शंख चिन्हांकित सिंहासनपर विराजमान है। प्रतिमाके चारों ओर यक्ष-यक्षिणी आदि द्वारपालोंकी मूर्त्तियां हैं। प्रतिमाके दर्शन करनेके लिये यहांके जैनीभाई हमेशा जाया करते हैं।

औरंगाबादमें देखने योग्य स्थान दो हैं:—

औरंगजेब बादशाहकी स्त्री 'रबिया दुराणी बेगम' का मकबरा जिसकी बनावट आगरेके ताजमहल' के सरीखी है और 'पवनचक्की' भी देखने योग्य है।

एरंडोल ।

बम्बई अहातेमें जिला खानदेशके सब डिवीजनोंमें खान्देशका बड़ा नगर है और जी. आई. पी. याने बम्बईकी बड़ी लैनकी शाखापर जलगांव आमलनेर स्टेशन है। एरंडोलरोडसे स्टेशनपर सवारी हमेशा किरायेपर मिलती है।

इसका प्राचीन नाम 'ऐरणवेल, अरुणावती' था। प्राचीन कालमें यहांपर बड़ी भारी जैनियोंकी वस्ती तथा ९२ जिनालय थे, परन्तु काल–दोषसे वर्त्तमानमें केवल एकही घर दिगम्बरजैनीका है। और ९२ जिनालय नामक दिगम्बर जैन मन्दिर "पांडववाड़ा" नामसे प्रसिद्ध है। मुसलमानोंके समयमें इस पांडववाड़ामें जो जैन मूर्त्तियां विराजमान थीं वे सब उन्होंने खंडित करदीं। और मन्दिरोंकी मस्जिदें बनवादी गई। इस समय यह स्थल बृटिशगवर्नमेंट के हाथमें है। इसमें एक अखण्डित जैन प्रतिमा शिलालेख युक्त तथा एक प्रतिमा और जो नगर के बाहर जंगलमें मिली थी, वह ऐसी दो प्रतिमाएँ रा. रा,

शेठ 'चुन्नीलाल अंबूसा' धरणगांववालोंके प्रयत्नसे धरणगांवके मन्दिरमें विराजमान करदी हैं। शिलालेखका सारांश यह है:—

"संवत १३९१ वैशाख मासे सोमवारे कुन्दकुन्दान्वये भट्टारक 'धर्मभूषण' तच्छिरूष्य 'रत्नकीर्ति' उपदेशात् बघेरवाल ज्ञाति 'क्षमंधर' सा भार्या 'पद्मिनी' और माता देमाई"।

एरंडोलमें रुई और रुईके बीज (विनोले) का व्यापार अधिक होता है।

कचनेर।

(अतिशयक्षेत्र)

निजाम गोदावरी रेल्वेके, औरंगाबाद स्टेशनसे अनुमान २० मील, चिखलडानासे १६ मील और करयालसे १२ मील दक्षिणकी तरफ बहुत प्राचीन कचनेर नामका एक ग्राम है। यहां एक विशाल जैनमन्दिर है, जिसमें मूलनायक श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिमा वेदी पर अतिशय धारण करनेवाली विराजमान है। यह प्रतिमा किसी समय खण्डित होकर किसी दैव लीलासे जुड़ गई थी। प्रतिमाकी गर्दनमें खण्डित होनेका चिन्ह अब भी दिखलाई देता है। इसी अतिशय के कारण कचनेर अतिशयक्षेत्र प्रसिद्ध हो गया है। कार्त्तिक सुदी १९ से ३ दिन तक प्रतिवर्ष बड़ा भारी मेला भरता है। मन्दिरकी आमदनी प्रतिवर्ष करीब १०००) के हो जाती है। इस क्षेत्रका भण्डारखाता तथा प्रबन्ध "शेठ जसरूपजी लछीरामजी" औरंगाबाद निवासीके आधीन है। प्रबन्ध अच्छा है।

श्रीक्षेत्र (कुण्डल)।

यह क्षेत्र सतारा जिलेकी औंध रियासतमें मद्रास सदर्न मरहठा रेलवेके कुण्डल स्टेशनसे करीब २ मील है। ग्राममें दिगम्बरियोंके गृह १० हैं, जिनकी मनुष्य संख्या ४९ है। और एक प्राचीन जिनमन्दिरमें श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी वीतरागताको धारण करनेवाली प्रतिमा विराजमान है, मन्दिर मजबूत है, पूजन-प्रक्षालका इन्तजाम बहुत खराब है। ग्रामके पासके पहाड़पर दो मन्दिर अति उतंग श्रीगिरीपार्श्वनाथ और झरीपार्श्वनाथ नामधारक विद्यमान हैं। और एक मन्दिर इराण्णा नामका इनके मध्यमें है।

(१) झरी पार्श्वनाथ-यह मन्दिर पहाड़की दक्षिण बाजूमें है इसमें श्रीपार्श्वनाथ स्वामीकी प्रतिमा पद्मासन विराजमान है। इसपर अधिक जलवृष्टि होती है, इसलिये इसका नाम झरी पार्श्वनाथ हो गया है। मुकाम मन्दिरमें एक छोटीसी जलसे भरी

रहनेवाली टांकी है जिसमें बारहों महीना स्वच्छ जल भरा रहता है। श्री पार्श्वनाथकी बाई ओर यक्ष और यक्षिणीकी मूर्तियां विराजमान हैं। इसके पास ही श्रीरामचन्द्रजीका मन्दिर है।

(२) गिरी पार्श्वनाथ—पहाड़के उत्तरकी ओर यह मन्दिर है, इसमें पार्श्वनाथ स्वामीकी प्रतिमा विराजमान है।

इराण्णाका मन्दिर—पहाड़के मध्यमें यह स्थान है। यहांपर भी एक गुफामें स्वच्छ जलसे भरी रहनेवाली छोटीसी टांकी है। गुफाके एक पाषाणमें मनुष्याकृत मूर्ति खुदी हुई है, जिसको इराण्णा कहते हैं।

कहते हैं कि, इस गुफामें प्राचीनकालमें श्रीमहावीरस्वामीकी प्रतिमा थी, और महावीर शब्दसे वीर, अपभ्रंश (बिगड़ा नाम) होकर वीराप्पा, इराप्पा, इराण्णा होगया ह। इससे यह जैनमन्दिर ही ज्ञात होता है।

श्रावण मासमें यहांपर बड़ी भारी यात्रा होती है, जिसमें यात्री कर्नाटक आदि प्रान्तोंसे आते हैं। परन्तु यात्रियोंको ठहरनेके लिये धर्मशाला आदिका कुछ प्रबंध नहीं है इस लिये यात्रियोंको ठहरनेमें बड़ी तकलीफ होती है।

इस क्षेत्रका प्रबंध 'आण्णापा चोलापा' के आधीन है। सर्कारसे इनाम मिली हुई जमीनकी आमदनी से प्रबंध होता है।

कुंथलगिरि (रामकुंड)

(सिद्धक्षेत्र)

बंसत्थलवरणियरे पच्छिम भायम्मि कुंथुगिरिसिहरे।
कुलदेसभूषणमुनि णिव्वाण गया णमो तेसिं॥

यह प्राचीन सिद्धक्षेत्र 'निजाम' रियासतके जिला 'उस्मनाबाद' तालुका 'कळंबमें बार्शीटौन' (G. I. P.) रेलवे स्टेशनसे करीब २१ मीलकें फासलेपर है। स्टेशनपर घोड़ा गाड़ी आदिकी सवारी हमेशा १॥) या २) के किरायेपर मिलती है। 'रामकुंड' ग्रामम दिगम्बर जैनियोंके ८ घर और ३० मनुष्य संख्या है। ग्रामसे थोड़ी दूर पर्वतपरसे 'श्रीकुल-भूषण, देशभूषण मुनि मोक्ष गये हैं। पर्वतकी चोटीपर तथा मध्यमें मुख्य मुनियोंके 'चरणमन्दिर' सहित १० मन्दिर हैं।

यहांके सृष्टि सौंदर्यकी मनोहरिता अपूव है। लोग इसका अतिशय यह बताते हैं कि भूत पिशाचादिकोंकी बाधा नष्ट होजाती है। माघ मासमें प्रतिवर्ष सुदा पूनमको बड़ा भारी मेला भरता है जिसमें रथोत्सव बड़े समारोहसे होता है। इस क्षेत्रका प्रबन्ध और भंडारखाता 'मोतीराम गुलाबचंद' रामकुंडवालोंके हाथमें ।

श्रीसिद्धक्षेत्र कुंथलगिरीपर के मन्दिरोंकी फेरिस्त.

शुमार नं०	मन्दिरका नाम	बनवानेवालोंका नाम और ठिकाना	संवत्	रिमार्क
१	श्रीदेशभूषण कुलभूषण मुनीयोंके चरणोंका	शेठ हरीभाई देवकरण सोलापुरवाले तथा शेठ वेणीचद देवचंद इंदोरवाले	१९३२	यह प्राचीन मन्दिर जीर्णावस्थामें था इसका जीर्णोद्धार इन महाशयोंने श्रीकनककीर्ति भट्टारक ईडरवालोंकी तरफसे सं० १९३२ में कराया था ।
२	श्रीशान्तिनाथस्वामी	हरीभाई देवकरण सोलापुरवाले	,,	
३	श्रीआदिनाथस्वामी	शेठ गणेश गिरधर परंडवाले	१९३१	
४	श्रीजिन मन्दिर	शेठ नानचंद जोतीराम जवळेकर	१९३२	
५	श्रीबन्दीश्वर महाराज	शेठ पदमसी निहालचद सोलापुर	१९४७	
६	,,	शेठ निहालचंद देवचंद ,,	१९५२	पर्वतकी तलेटीमें
७	श्रीनेमिनाथस्वामी	शेठ जयचंद हेमचंद, खर्डे	१९५८	,,
८	श्रीमहावीरस्वामी	कोठारी अभयचंद जयचंद, बावी	१९५८	,,
९	श्रीरत्नत्रय महाराज	शा० तुळजाराम हरिचंद सांगवी	,,	,,
१०	श्रीचंद्रप्रभु	पंचायती मन्दिर		,,

श्रीक्षेत्र कुम्भोज।

यह क्षेत्र कोल्हापुर रियासतमें हातकलंगड़ा (कोल्हापुर स्टेट रेलवे) स्टेशनसे करीब ४ मील वाहव्य कोनकी ओर है। स्टेशनसे तीन मील तक रास्ता अच्छा है, और आगे १मील साधारण है। स्टेशनपर गाड़ी घोड़ा बैल गाड़ी आदि कुम्भोज पहाड़की तलेटी तक हमेशा १।।) या २) किरायेपर यात्रियोंको मिलती है। कुम्भोज ग्राममें दिगम्बर जैनियोंकी गृह संख्या ३१३ और मनुष्य संख्या करीब १०१९ है। दिगम्बर जैन मन्दिर १ शिखरबन्द और १ चैत्यालय है।

ग्रामके पास पहाड़पर दिगम्बर जैन मन्दिर पांच हैं। तलेटीसे ऊपर जानेके लिये सीढ़ियां बनी हैं।

पर्वत वन्दना—पहाड़पर चढ़नेसे पहिले ब्रह्मयक्षका मन्दिर आता है, जिसमें ब्रह्मदेवकी पत्थरकी विशाल मूर्त्ति करिब ५ फुट ऊँची है। इसी मन्दिरसे दक्षिणमें ३ फर्लांगकी दूरीपर एक सोलह खम्भोंका प्राचीन शिल्पकलायुक्त पाषाणका मन्दिर है। जिसमें श्रीबाहुबलि स्वामीकी चरणपादुका विराजमान हैं इसी कारण यह क्षेत्र बाहुबलि स्वामीके नामसे प्रसिद्ध है। इस मन्दिरके पास एक और छोटा मन्दिर और धर्मशाला है। मन्दिरमें प्रतिमा नहीं है। धर्मशालामें ५००० आदमी ठहर सकते हैं। यहांसे पश्चिमकी ओर ४ फलागपर तीन शिखरबन्द मन्दिर पाषाणके बने हुए हैं, जिनमें अनुक्रमसे श्री आदिनाथ स्वामी और श्रीवर्द्धमान स्वामी, श्री शांतिनाथ स्वामीकी प्रतिमा पाषाणकी विराजमान हैं। मन्दिरोंके साम्हने यक्ष और यक्षिणीकी मूर्तियां तथा मानस्थंभ है। इसके दक्षिणमें एक बड़ा भारी कुण्ड है जो वर्षाऋतुमें भर जाता है। इसका जल यात्री तथा पुजारियोंके काममें आता है। इसके पास एक छोटीसी धर्मशाला जीर्णावस्थामें पाई जाती है। थोड़े ही दूरपर १ सहस्रकूट चैत्यालय है, जिसमें श्रीबाहुबलि (गोमट स्वामी) स्वामी की प्रतिमा खण्डित विराजमान है। प्रतिमापर "शके १०७८ नल नाम संवत्सरे वैशाख सुदी १० बुधवार श्रुतसागर विचारपर" ऐसा लिखा है। प्रत्येक मासकी अमावस्याको यहांपर मेला भरता है, बड़ा मेला आश्विन वदी अमास्या और पौष वदी ३० को होता है। कहते हैं कि शके १७७८ से मेला भरता चला आता है। मेला एक दिन रहता है। हर सालमें करीब पांच हजार यात्री आया जाया करते हैं। इसका प्रबन्ध पंचायतकी तरफसे मुनीम "भाऊ गोंडा दादा पाटील" द्वारा होता है। मन्दिरके सुप्रबन्धके लिये २० एकड़ गठे जमीन लोगोंने समर्पण की है।

इन मन्दिरोंके अतिरिक्त उत्तरकी ओर स्वेताम्वरियोंका अनुमान ४०००) रु० की लागतका शेठ रावजी गुलावचंद कुंभोजवालोंका मन्दिर जगवल्लभ पार्श्वनाथ नामक संगमरमरका वना हुआ अति उत्तंग प्रसिद्ध है। इसमें नकाशीका काम अच्छा पाया जाता है। मन्दिरके प्रवेशद्वारके पास शेठ साहवने अपनी और अपने भाईकी मूर्ति रक्खी है। एक और मंदिर देवीका कोल्हापुर नरेशने वनवाया है।

श्रीक्षेत्र कुलपाक।

निजाम रियासतके हैदरावाद जिलेमें अलेर स्टेशनसे (Bejwada Lire) करीव ४ मील कुलपाक नामक स्थान दि० जैनियोंका प्राचीन क्षेत्र है। यहां श्रीआदिनाथस्वामी की 'माणिकस्वामी' के नामसे मूलनायक प्रतिमा तथा और भी वहुतसी प्रतिमाएं हैं। परन्तु वड़े दुःखकी वात यह है कि 'सिकंदरावाद' निवासी श्वेताम्बरी श्रीयुत शेठ 'पूनमचंद हीराचन्द' ने जीर्णोद्धारके वहाने यहांकी सात दिगम्बरी मूलनायककी प्रतिमाओंके चक्षु आदि चढ़ाकर प्रतिमाकी वीतरागता नष्टकर 'श्वेताम्बरी' वना ली हैं। मूलनायक प्रतिमा काले पाषाणकी अर्ध पद्मासन विराजमान है। इसके पास और भी पांच प्रतिमाएं कायोत्सर्ग तथा अर्ध पद्मासन विराजमान हैं। इनमेंसे एक हरे रंगकी प्रतिमा तेजःपुंज युक्त अति मनोज्ञ है। और एक शासनदेवीकी प्रतिमा भी है।

खम्भात।

वम्वई हातेके गुजरात देशमें खम्भातकी खाड़ीके शिरके पास माहीनदीके मुहानेसे उत्तर देशी राज्यकी राजधानी खम्भात अर्थात् कांवे कस्वा है। पेटलादसे खंभात तक रेल वन गई है, पेटलादसे १८ मील खंभातका स्टेशन है। स्टेशनसे शहर डेढ़ मील दूर है स्टेशनपर सवारी वेलगाड़ी, घोड़ागाड़ी आदिकी हर समय मिलती हैं।

ग्यारहवीं वारहवीं सदीमें "खंभात" अनाहिलवाड़ा राज्यके मुख्य वन्दर स्थानोंमेंसे एक था, सन् १२९७में जव मुसलमानोंने अनहिलवाड़ा राज्यको जीता तव खंभात हिन्दुस्तानके सवसे धनी कस्वोंमेंसे एक था। सन् १३०४ ई०में दिल्लीके अलाउद्दीन वादशाहने खंभातको लूटा ओर यहांके मन्दिरोंको वरवाद किया। सन १३२५ की महम्मदशाहके समयकी वनी हुई एक मसजिद है, इसमें जैनमन्दिरके स्तंभ लगे हुए हैं। वहुतेरी इमारतोंके

खण्डहर पूर्ववैभवको दिखा रहे हैं । १६ वीं सदीके प्रारंभमें यह व्यापारका प्रधान स्थान था। सन १६१३ ई० में अंग्रेज लोगोंने अपनी कोठी कायम की थी ।

यहां लकड़ी और पत्थरकी बनी हुई चीजें अच्छी होती हैं । यहांके बने हुए भूषण और जवाहरातके कामोंके कारण खंभात प्रसिद्ध है । नव्वाब साहबका महल और प्राचीन खण्डहर देखने योग्य हैं ।

शहरके मध्यमें एक दि० जैन मन्दिर अति प्राचीन जीर्णावस्थामें ह । इसमें मूलनायक श्रीविमलनाथस्वामीकी प्रतिमा पद्मासन विराजमान है, कुल प्रतिमाएँ ७९ हैं । पूजन प्रक्षालका प्रबन्ध ठीक नहीं है । काणीसा और सायममाके दि०जैनियोंकी तरफसे एक भाट पूजन प्रक्षाल करता है ।

खारेपाटन ।

बंबई प्रान्तके जिला रत्नागिरिके ताळुका देवगढ़में यह ग्राम प्रसिद्ध है । यहांपर दिगम्बर आम्नानुयाई कासार और पंचमोंके आबाद ग्रह ७२ और इनकी मनुष्य संख्या २८० के करीब है । यहांके भाई धर्माचरणरत और उद्योगप्रिय हैं । इनके प्रयत्नसे यहां पर आठ वर्षसे "कोंकण प्रांतिक दिगम्बर जैन सभा" स्थापित है । सभाकी तरफसे एक ग्रन्थ "संग्रहालय" भी खोला है, जिसमें १७०० के करीब ग्रन्थ मौजूद हैं । करीब २८ वर्ष पहले यहां एक शिखरबन्द मन्दिर था । वर्त्तमानमें एक चैत्यालय नया बनवाया है । प्राचीन मन्दिरमें जो श्रीचिंतामणिपार्श्वनाथकी प्रतिमा काले पाषाणकी करीब २॥ फीट ऊँची कायोत्सर्ग फणेन्द्र युक्त विराजमान है । और प्रतिमा अति मनोहर वीतरागता दर्शानेवाली है । इसके दर्शन करनेसे चित्त आनन्द-सागरमें डूब जाता है । यह प्रतिमा कोई भाग्यवान श्रावकको नदीके किनारे गड़ी हुई मिली थी । एक और प्रतिमा श्रीआदिनाथ स्वामीकी खेतमें हल चलाते समय किसी किसानको मिली थी, किसानने पूजापाठ करनेकी शर्त्तपर दी है । और हर वर्षपर भाद्रपद वदी १४ के दिन तोरणके लिये "इक्षुदण्ड" भेज देते हैं । कुछ दिन पीछे कासार और पंचम जातिमें झगड़ा होनेके कारण कासार जातिने अलग नया चैत्यालय अपना बनवा लिया है ।

खिद्रापुर ।

यह ग्राम कोल्हापुर रियासतमें 'कृष्णा नदी' के किनारेपर 'शेडवाळ' (M. S. M रेलवे स्टेशनसे करीब ४ मील है । यहां पर दिगम्बरियोंके ४० घरोंकी करीब १३०

मनुष्य संख्या है । प्राचीन पत्थरका बना हुआ एक चैत्यालय है, चैत्यालयकी भीतोंपर यक्ष यक्षिणी आदिकोंके चित्र सुन्दर खुदे हुए हैं । इस मन्दिरमें श्रीऋषभनाथस्वामीकी बृहदाकार विशाल प्रतिमा सर्वांगपूर्ण शिरपुरके अन्तरीक्ष पार्श्वनाथकी प्रतिमा समान पद्मासन विराजमान है । यहांपर 'कोपेश्वर महादेव' का मन्दिर अति प्राचीन पत्थर का बना हुआ प्रसिद्ध है । इसपर जैनियोंके शासन देवी देवताओंके मूर्तियोंकी कारीगरी का कांम देखने योग्य है । प्राचीन कालमें यह मन्दिर जैनियोंकाही होगा ऐसा इसकी मूर्तियोंसे व दीवालमें स्थित हुई क्षेत्रपालकी मूर्तिसे मालूम होता है । इस मूर्तिको ब्राह्मण लोग 'ब्रह्मदेव' कहते हैं । यह मन्दिर जैनियोंकी प्राचीनताकी साक्षी दे रहा है ।

गजपन्था ।

(सिद्धक्षेत्र)

संते जे बलिभद्दा जदुवणरिंदाण अट्टकोडी ओ ।
गजपंथे गिरि सिहरे णिव्वाणगया णमो तेसिं ॥ १ ॥

वम्बई प्रान्तमें 'नासिक' (G. I. P. Ry) स्टेशनसे करीव ९ मील और नासिक शहरसे ४ मील उत्तरकी ओर 'मसरूल' नामक एक ग्रामके निकट अनुमान एक मील-पर 'गजपंथ' पर्वत है । इसकी ऊंचाई करीव ४०० फुट है । पहाड़के शिखरपर दो दिगम्वर जैनमन्दिर हैं जो पर्वतके स्वाभाविक पाषाणको काटकर बनाये गये हैं । मन्दिरोंमें अनेक मूर्तियां हैं, जो भीतँमें उकीरकर वनाई गई हैं । मूर्तियोंके अतिरिक्त दो स्थानोंमें दो चरणपादुका हैं, जिनके भव्यजन बड़ी भक्तिसे दर्शन करते हैं । दूसरे मन्दि-रकी वाईं ओर एक जलका कुंड है इसमें निरन्तर (हमेशा) जल भरा रहता है । यात्री लोग पूजनके द्रव्यका प्रक्षालन इसकि जलसे करते हैं ।

पर्वतकी तलेटीमें भी एक वापिका है । इसका जल वहुत अच्छा रहता है । वन्दनाको जानेवाले प्रायः इसी वापिकासे पूजन द्रव्य धोया करते हैं । इस वापिकाके निकट भट्टा-रक 'क्षेमेंद्रकीर्तिजी' की एक 'समाधि' वनी हुई है । इसमें भट्टारकजीके चरणोंकी स्थापना है । इस समाधिके पाससे ही पर्वतपर चढ़नेका मार्ग है । और थोड़ी दूर चढ़कर ही सीढ़ियोंका प्रारम्भ है । सीढ़ियों की संख्या ३२९ है । इन सीढ़ियोंपर सफेद कलई की गई है, इससे बहुत दूरसे दिखाई देती हैं । मन्दिर और कोटपर भी कलई की गई है । इससे सीढ़ियों सहित वह दृश्य ऐसा मनोहर जान पड़ता है, मानों यह दूधका सरो-वर पर्वतके शिखरपर भरा हुआ है और सीढ़िया ऐसी जान पड़ती हैं कि दूधकी धारा

बहा रही हों। भगवद्दर्शनके लिये आकुल हुए धर्मात्माओंके हृदयमें इस धारासे एक अपूर्व आनंद होता है।

यह जैनियोंका परमपूज्य सिद्धक्षेत्र है। निर्वाणकांडकी ऊपर लिखी गाथाके अनुसार पूर्वकालमें इस स्थानसे बलभद्रादि ८ कोटी मुनियोंने मोक्ष प्राप्त किया है।

इस क्षेत्रमें प्रतिवर्ष माघ सुदी १३ से तीन दिनतक मेला लगता है। और आसपासके बहुतसे यात्री बन्दना करनेके लिये आते हैं।

इस पर्वतके आस पास अनेक छोटे २ ग्राम हैं, परन्तु उन सबोंसे निकट 'मसरूल' है, यहां शोलापुरके प्रसिद्ध शेठ 'रावजी' के पिता शेठ 'नानचन्द फतेहरचंदजी' नें 'नागौर' की गद्दीके स्वामी स्व० क्षेमेन्द्रकीर्ति भट्टारककी प्रेरणासे एक सुंदर मन्दिर सं० १९४२ में बनवाया और १९४३ में प्रतिष्ठा कराई थी। इस मन्दिरके चारों ओर एक कोट है, जिसके भीतर दो धर्मशालाएँ, एक कूप और बहुतसे झाड़ हैं। धर्मशालाओंमें ३०० आदमी आरामसे ठहर सकते हैं।

इस मन्दिरका और तीर्थक्षेत्र का प्रबन्ध शोलापुरके शेठ 'रावजी' नानचंदजीके तरफसे वर्त्तमानमें पेन्शर 'बाबूराव गुरनाथ बुवने' जैन शोलापुर निवासी करते हैं।

इस समय उपर्युक्त ७ प्रतिमाओंके सिवाय ४ प्रतिमाएँ शिरपुरके अंतरीक्ष पार्श्वनाथकी प्रतिमाके समान अर्धपद्मासन करीब ३ हाथ ऊंची हैं, और ७ कायोत्सर्गस्थ दिगम्बर प्रतिमाएँ करीब ३॥ हाथ ऊंची और भी हैं, जिनको बहुत अनावस्थासे मन्दिरके पीछे एक प्राचीन पत्थरके बने हुए जीर्ण मन्दिरमें अव्यवस्थितरूपसे रख दी हैं।

जीर्णोद्धार करते समयमें मन्दिरका शिखर और अंदरका कुछ भाग पुराना ही रक्खा है। यहांपर एक खण्डित शिलालेख भी पायाजाता है। जिसका सारांश यह है:—

"संवत १४४१ में 'हंसराज' माता गोदीबाईनें 'माणिक' स्वामीके दर्शन करके अपना जन्म सफल किया है"।

कोल्हापुर।

यह प्राचीन नगर कोल्हापुर रियासतकी राजधानी 'पंचगंगा' नदीके किनारे बसा हुआ है। पूर्व समयमें यह स्थान जैनियोंका था ऐसा यहांपर जो 'शिलालेख' पर्वतमें खोदे हुए 'गुफामन्दिर' और प्राचीन राजाओंके 'सिक्के' पास हुए हैं, उनसे मालूम

होता है। ईसाकी पहली सदीमें 'अंश्वभृत्य' आदि राजाओंके अधिकारमें यह स्थान था, पीछे ५ वीं सताब्दि समाप्त होनेके समय यह 'कदंब' राजाओंके हाथमें गया, अनुमान ५५० ई० में 'चालुक्य खानदान' के राजाओंने 'कदम्ब' राजाको हराया, और यह प्रान्त अपने आधीन कर ली। अनन्तर ९९३ ई० तक 'राष्ट्रकूट' वंशके राजाओंका अमल (अधिकार) शुरू हुआ, अनन्तर चालुक्य राजाओंने राष्ट्रकूटोंसे पुनः छीन लिया तबसे यह (१०५० ई० से ११२० ई०तक) महामंडलेश्वर या मांडलिक 'शिलाहार' राजाओंके आधीन था। फिर १३ वीं सदी तक शिलाहार राजा बलवान् हो गये। ये जैनी थे। इनमें 'सिंह, भोज, बल्लाळ, गंडुरादित्य, विजयादित्य और दूसरा भोज' आदि राजा बड़े २ पराक्रमी और दानशूर होगये हैं। भोज राजा जिसके आधीन सातारके उत्तरमें 'महादेव' पर्वतसे कोल्हापुरके दाक्षिण तक 'हिरण्यकेशी' नामक नदी तक उसके राज्यका विस्तार था, बड़ा दानवीर और शूरवीर था। इसकी दानवीरताके शिलालेख प्राचीन जैन मन्दिर आदि ही मालूम होते हैं। द्वतीय भोज–सिकेभी यहांपर मिले हैं जिससे इनके कालका निर्णय हो सक्ता है। इस राजाने कोल्हापुर प्रान्तमें किले बनवाये थे, जिसमें 'बावड़ा, भूधरगढ़, विशाळगढ़, पन्हाळगढ़, पावनगढ़' आदि प्रसिद्ध हैं। शिलाहारों की शासन देवी पद्मावतीका मन्दिर भी इस समय 'महालक्ष्मी' नामसे कोल्हापुरमें प्रसिद्ध है।

वर्त्तमानमें कोल्हापुरमें दिगम्बरियोंके घर २०१ हैं जिनमें मनुष्य संख्या १०४६ है। शिखरबन्द मन्दिर ४ और ३ चैत्यालय हैं। इनमें श्रीपार्श्वनाथस्वामीके प्राचीन मन्दिरपर दो शिलालेख शिलाहार खानदानके राजाओंके पाये जाते हैं।

यात्रियोंको ठहरनेके लिये दो धर्मशालाएँ मन्दिरोंके पासही हैं। शिक्षणके लिये जैन 'बोर्डिंगहौस, श्राविकाश्रम' आदि इस समय जैनसंस्थाएँ मौजूद हैं। इनके सिवाय 'पांजरापोळ' खोली है, जिसमें निराश्रित पशु पक्षी आदिकी रक्षा की जाती है। और यहांपर राजाराम हाईस्कूल, सरकारी मकान, बड़े २ प्राचीन स्तूप और राजमहल देखने योग्य हैं।

कोल्हापुरका सदर्न मराठा रेलवेमें स्टेशन है, स्टेशनपर हर वक्त घोड़ा गाडी आदि सवारी किरायेपर मिलती हैं।

कोल्हापूरमें

पार्श्वनाथ स्वामीके चैत्यालयके शिलालेखकी नकल।

श्रीमत्परम गंभीर स्याद्वादामोघ लांछनम्॥ जीयात्रैलोक्य नाथस्य शासनं जिनशासनम्॥ ॥ १ ॥ स्वस्ति समदिगत पंचमहाशब्द महामंडलेश्वरम्॥ तगर पुरवराधीश्वरम्॥

श्रीशिलाहार नरेंद्रजीमूतवाहनान्वय प्रसूतम् । सुवर्णगरुडध्वजम् । मरंव्हक सप्पलरयन शिगम् । रिपुमंडळीकभैरवम् । विद्विष्ट गजकंठीवरम् । इडुवरादित्यम् । रूपनारायणम् । कलियुग विक्रमादित्यम् । शनीवार सिद्धीगिरी मग्गलम् धनम् । श्रीमहालक्ष्मीदेवी ळंलीदवरप्रसादादि समस्तराजावली विराजितस्य ॥ श्रीमन्महामंडलेश्वरम् । तंडुरादित्य-देवरूवळवादन्यत् नल् । विदिनल सुखसंकथा विनोददिम् । राज्यं गयुतिमिरे । तत् पादपद्मोपजीवी समदिगत पंचमहाशब्द महासामंतम् । विजयलक्ष्मीकांतम् । रिपुसा-मंत श्रीमंतिनी श्रीमंतनांगम् । वीरवारांगणा प्रियभुजंगम् वैरीसामंत मेधरिपुदिन समी-रण नागल देवीयगला धारगम् । विद्विष्ट सामंत निळेकाळम् । सामंत गडगोषान-लम् दायादसामेत तारासुर वीरकुमारंसामंस केह्यरं । त्वंडसामंत पुंडरीक दण्ड प्रचण्ड मदवेदण्डम् । तण्डरादित्यदेवदक्षिणभुजपट्टम् ॥ याचकजनमनो खिलहित चिंतामणी । सामंत शिरोमणी । जिनचरण सरसीरुह मधुकरम् ॥ समत्कव रत्नाकरम् आहारा-भय भैषिज्य शास्त्रदान विनोदम् ॥ पद्मावतीदेवी लब्दवरप्रसादम् ॥ नामादिसमस्त प्रसाद सहितं श्रीमन् महासामंतम् । निंबदेव रसरुपक वडग्वंडवलीय संतियमुधेडेय रमा-ण्डिसीदा । वसदीयदापार्श्वनाथदेवरष्टयिदार्चन । मावसदीय जीर्णो धारकम् यलिरपा ऋषिराहारदानकम् ॥ स्वस्तिसमस्त भवनविख्याता । पंचाशताधिकशासन लद्रानिक । गुणगणालंकृत । सत्य शौचा चारुचारुचारित्र नयविनय विज्ञनवीरवळम् । जिनधर्म प्रतिपालक विशुद्ध गुरुध्वजाविराजमानानुन साहसतुगं । कीर्त्यांगना लिंगित निजभुजो पार्जित विजयलक्ष्मी निवासवक्षस्थलरुम् । भुवनपराक्रजित् । वासुदेव खंडाळी मुळ चंद्रवंशोद्भवरुम्—भगवति गद्धवरप्रसादरुम् ॥ मरुवक मालिगळुम् ॥ परस्त्री परधनवर्जि-तरुम् । चतुः शष्टिकळगळु प्रवीणरप्युदरिम् ॥ ब्रह्मनन्नरुम् । चक्रमुळुदरिम् ॥ नारा-यणनन्नरुम् । दृष्टीयोळ नोडीकलवउदरिम् ॥ परशुरामनन्नरुम् । तुळिदकलव उदरिम् । मदांध मंड सिंधुरदन्तुरुम् । गिरिदुर्गमम् मरेव्होकरम् । त्यगेटु कोरव दयाळ सिंहदन्न-रुम् । पाताळमुंमपोक्रम्० । कूल्वेडेयोळ वासुगीयन्नरुम् । आकाशदोळिर्दरम् । कूल्वे-डेयोळ गरुत्मनुन्नरुम् । पेपिनलि पृथ्वीयन्नरुम् । विणपीनलि कुल गिरियन्नरुम् । गुणी नल्लि हालसमुद्रदन्नरुम् । उद्योग दल्ल रामनन्नरुम् । पराक्रमदोळ पार्थनन्नरुम् । शौचदोळ, गंगेयनन्नरुम् । साहसदोळु भीमनन्नरुम् धर्मदोळु धर्म पुत्रनन्नरुम् । मानदोळु सहदेवनुन्नरुम् । भोगदोळु इंदनन्नरुम् । त्यागदोळु कर्णनन्नरुम् । तेज दळु आदित्यनन्नरुम् । अहिछत्र मिनिसुमप्पवाळ पुर परमेश्वर मोप्पु यलवस्वाश्वासगिळुम् । गवरयरुम् । गात्रियरुम् । सिद्धियरुम् । सिद्धगुरुरुम् । भोमंडरुम् । गोमण्डस्वामीग-ळुम् । चिररुम् । वरवणिगरुम् । कोल्लापूरदमिल्वाण शट्टीयरुम् । गोविद शट्टीयुम् । स्वोमराणमथनुम् । मिरंजयविज्जिशट्टियम् । वोवशट्टियम् गण्डरादित्य देवराज श्रेष्ठी

दत्त पै शंट्टियरुम् ॥ आमण्डलेश्वरनु बीडिन बोमशट्टियुम् । कण्डिपट्टणदादित्य गृहते ग्वरविशट्टियुम् । बळेय बट्टनदशान्ति शंट्टियुतम् ।

अद्यदोल पैनूरवरं सिंगम् । हाय शंट्टियुम् कवडगोंडद प्रमुखरप्प पैय्यरप्पणादि या दिस-मस्त देशम् । न्यरदु शंक वर्षदसा सिर दैवत्यंटनेय राक्षस संवत्सर कार्निवहोल पंचमी सोमवार–दन्द, श्रीमूल संघ देशीयगण पुस्तक गच्छदकोल्हापूरद श्रीरूपनारायणना वसदियाचौरप्पा । श्रीयुत किर्तीत्रैविद्य देवरकालं खर्चिदारापुर्वमागि कोट्टा आयमेत्य-दोडे आडिके हेटिंगे ऐवतु, जवलिगे. इप्पतु, हसक रोट्टु, यले हेरिंगे ३॥ तले हेरिंगे. ऐवतु हसकक इप्पतु रोटु । लुप्पायेणे यवेड कुडके, स्वरिंगे. अरेखाना । संगदिगे वम्मा-णम् ॥ मासिगद सर्क मक्क सालिगम्. वंदुहणं ॥ हतिमववेंगै वरुम् । मडिय कड्डुजेय मलवेग यरड्डुविजिगे जवलकें फलुं पलु ॥ अर्क रोकलालि । अरुलिंगलिमें मणिती स्वगें मरादियं विग्ददकुम । वर्षके मंव वंदुकुम् । अल्ला अराशित्य सुंटिव्यवालि, वजे भद्र-मुस्ते यीवे मोदलागि । तूगी मारुवा भलिगल, हेरिंगे ऐवरुम्. जवलिके. इप्पलम्. हसर कोप्पलम् जगिं मेणसुसासवे यल, हेरिंगे वम्माणम् । जवलके आटमानम् । हसगक स्व-रिंगे । उप्पु मोदलादा हदणैद, धान्याधान्यगलुम् । भाडिगे. कोलगा, वंद, हरिंगे माना-यरड, तेली वरेगी मानम् । वाड, काई यज्यऊ भंडिगेहतु तेली वरीगे नाल्कु भंडिगे दाणिगे वारु । जवेरोद, हुडे यरडकम् दंडगे वंद, शेवियरड्डु हुविनयमुलिगिगे माले वंद । कुंवारद हसगक मडके वंद, इति आयमन लिदातंग वाणराड्डी कुरुक्षेत्र्या दिगकाले पंचमहापातकम् माड़िदा पाव फल मक्कुम् ॥

शासनशिलालेख दूसरा ।

श्रीमत्परम गंभीर स्याद्वाद मोघलांच्छनम् ॥ जीयात् त्रैलोक्य नाथस्य शासनं जिन शासनम् ॥ १ ॥ स्वस्ति श्री जयश्चाभ्युदयश्च ॥

जयत्यमतु नानार्थ प्रतिपद सकल हत पुरुष देवस्य शासनं मोहशासनम् ।

स्वस्ति श्री शिलाहरक रोह क्षत्रियान्वादि त्रिसुक्ति परिधैः प्रताति जति गो नाम नरेंद्रः पूतः ।

तस्य सूनवो दान्तलो गोदलः कीतिराजश्चंद्रादित्यश्चेति चत्वारः ॥ तत्र गोदलपतिः मूरसिंह नाम्नाजातः ॥ तस्य तनुजाः गोदलोंगदेवः बल्लालदेवः भोजदेवः । गंडुरादित्यः प्रसारितिः पंचार तेपु धार्मिक धर्मजस्य वैरिकान्ता वैद्य व्यदीक्षागुरोः सकलचक्षुघंटा श्री मतो गंधरादित्यदेवस्यप्रियतनयः । स्वस्ति समाधिगत पंचमहाशब्द महामण्डलेश्वरः तगर

पुरवराधीश्वरः। श्री शिलाहारनरेंद्रः निजाविलासा द्विजितदेवेंद्रः ॥ जीमूतवाहनान्वय प्रसूतः॥ कार्ये विख्यातः सुवर्ण गरुड़ध्वजः। युवतिजनमकरध्वजः निर्दलित रिपुमण्डल कंदर्पः। मरुलोकसूर्यः अयवसंघः सकलगुण तुंगः रिपुरुद्दालितभैरवः॥

विद्विष्टरजकणिकारिः। उड्डवरादित्यः। कलियुगविक्रमादित्यः। रुपनारायणः। नीतिविजितचारायणः। गिरिदुर्द्धरलंधनः। विहितविरोधिवंचनः। शनिवारसिद्धिः। धर्मैकबुद्धिः। महालक्ष्मीदेवीलब्धवरप्रसादः। सहजकरतूरिकामोदः। इत्येवमादिनामावलिविराजमानः। श्रीमद्विजयादित्यदेवः। सम्यक स्थिरशिबिरे सुखसंकथाविनोदेन। राज्यरक्षणः। शकवर्षषट्पंचषडुत्तरसहस्र १६।५६। प्रमिताष्टतिथिषु प्रवर्तमानदुदुंभिनामसंवत्सरसाघमासपौर्णिमास्य सोमवारे सोमग्रहणपक्षनिमित्त माजिरेखोलानुगत (हाविनहरेल) ग्रामे। सामन्त कामदेवस्य हडपवेलेन श्रीमूलसंघदेशियगण पुस्तकगच्छाधिपतिः। क्षुल्लकपुरश्रीरूपनारायण जनालयाचार्यस्य। श्रीमाघनंदिसिद्धान्तदेवस्य प्रियपात्रेण। सकलगुणरत्नपात्रेण। जिनपदपद्मभृंगेण। विप्रकुलसमुत्तुंगधुरीणेन। सत्केतनव्याजेन। वासुदेवेन। कारितायावसतिः। श्रीपार्श्वनाथदेवस्य। अष्टविधार्चनारतः। चैत्यालयखंडस्फुटितजीर्णोद्धारार्थं। तत्रस्थयतिनामाहारदानार्थं। तत्रैव ग्रामे श्रीकोंडिमंडितनिवर्तन चतुर्थभारप्रमितं क्षेत्रं। द्वादशहस्त निर्मितं गृह निवेशन भूतन्माघनंदिसिद्धान्त देवशिष्याणां मानिक्यनं दिपंडितदेवानां पादौ प्रक्षालय धारापूर्वकं सद्विजयस्य सकलबाधा परिहारार्थमाचंद्रार्कतारं। शासन दत्तं दानमिति॥

गिरनार (ऊर्जयन्ति)।

णेमिसामि पज्जण्णो सम्बुकुमारो तहेव अणिरुद्धो।
बाहत्तर कोडीओ-उज्जते सत्तसया सिद्धा॥

गुजरात--प्रान्तकी जूनागढ़ रियासतमें यह सिद्धक्षेत्र है। बम्बईसे जहाज द्वारा जानेका मार्ग नीचे प्रकार है, रेल द्वारा भी जा सकते हैं, किन्तु जल--मार्ग जानेमें आराम और सुभीता है।

करनाकबन्दरसे बाम्बे स्टीम नेवीगेशनकंपनीका स्टीमर (जहाज) ग्यारह बजे दिनके रवाना होता है। बंबईसे विरावलतकका थर्डक्लासका टिकट तीन रुपया और सेकिन्डक्लासका चार रुपया है। थर्डक्लासमें भीड़ बहुत रहती है।

दूसरे दिन सवेरे ८॥ बजेके लगभग विरावलके पास जहाज पहुँचता है। यहाँसे किनारा १॥ मीलके करीब है। पानी उथला होनेसे स्टीमर आगे नहीं जा सकता। किना-

ऐसे वहुतसी डोंगियां माल और मुसाफिरोंके उतारनेके लिये आती हैं । फी आदमी एक आना महसूल देना होता है वहां किनारेपर कस्टम ड्यूटीके कर्मचारी प्रत्येक आदमीका नाम, आनेका कारण, कहांसे आये, कहां जाओगे आदि लिखकर और फी आदमी चार आना टैक्स लेकर जानेकी आज्ञा देते हैं । विरावल छोटासा शहर है परन्तु सुन्दर और समृद्ध है यह जूनागढ़के नव्वावके अधिकारमें है । यहांसे तांगेमें वैठकर धर्मशालाको जाना चाहिये । धर्मशालामें एक ब्राह्मणकी भोजनशाला है । उन लोगोंके लिये जो ब्राह्मणके हाथका भोजन कर सकते हैं, उसमें सव प्रकारके भोजनका प्रवन्ध रहता है । धर्मशालासे रेलवे स्टेशन विलकुल समीप है । विरावलसे जूनागढ़का थर्डक्लासका किराया तेरह आना है । ११। वजे गाड़ी छूटती है ।

गाड़ी करीव २॥ वजे जूनागढ़ स्टेशन पर पहुँचती है जूनागढ़में वडी भारी दिगम्वरी धर्मशाला है । यहांसे तांगा करके गिरनारजीकी तलहटीमें जाना चाहिये, तांगेका किराया एक रुपया लगता है ।

तलहटीमें एक श्वेताम्वरी और दिगम्वरी इस तरह जैनियोंकी दो धर्मशालायें हैं । दिगम्वरी धर्मशालामें लगभग १००० आदमी ठहर सकते हैं । श्वेताम्वरी धर्मशाला उससे कुछ छोटी है । दिगम्वरी धर्मशालाके कंपाउण्डके भीतर दो और श्वेताम्वरी धर्मशालामें एक जिनमन्दिर है । दिगम्वरी धर्मशालामें इन्तजामके लिये एक पुजारी और एक चपरासी है । मुनीम रूपचन्दजी हैं, वे जूनागढ़की धर्मशालामें रहते हैं । जव यात्री जियादा आते हैं, तव अकसर तलहटीमें आ जाया करते हैं । इस तीर्थका प्रवन्ध करनेवाली एक कमेटी है जिसका प्रधान कार्यालय प्रतावगढ़ (मालवा) में है । इसको स्थापित हुए अभी थोड़े ही दिन हुए हैं—पहले सेठ वंडीलालजीके कुटुम्वी यहांका इन्तजाम करते थे । कमेटीमें सवसे अधिक मेम्वर प्रतावगढ़के हैं और उनको प्रधानता भी विशेष दी गई है । कोठीका नाम भी सेठ वंडीलालजी दि० जैन कोठी है । दिगंवरियोंकी यह कोठी, धर्मशाला आदि सव उक्त वंडीजीके ही प्रयत्नके फल हैं, इसमें कुछ संदेह नहीं, परन्तु उसके कुटुंवी उनके इन धर्मवुद्धिसे किये हुए कार्योंको क्या यह सिद्ध करना चाह हैं कि उन्होंने अपने नामके लिये किये थे ? या उन्होंने इस कोठीको अपनी निजकी चीज वनानेके लिये स्थापित की थी ? उन्होंने तो अपने जीते जी कारखानेके साथ अपना नाम भी जुड़वाया था । वे समझते थे कि यह कोठी मेरी नहीं सारे दिगंवरियोंकी है । अफसोस कि प्रतावगढ़वाले कमेटी वनाकर भी इस ममत्वको नहीं भुला सकते हैं कि यह कोठी हमारी है । प्रवन्ध साधारणतया अच्छा होता है, परंतु धर्मशालामें सफाई

बिलकुल नहीं है। तीर्थक्षेत्र कमेटी सुधारके लिये बहुत दिनोंसे कोशिश कर रही है परंतु सफलता नहीं हुई।

धर्मशालासे कोई सौ कदमके फासलेपर पर्वतपर चढ़नेका द्वार है। यहां अँगरेजी और गुजरातीके दो शिलालेख लगे हुए हैं। उनसे मालूम होता है कि जूनागढ़के भूतपूर्व दीवान बेहचरदास बिहारीलाल, उनके भाई, और डाक्टर त्रिभुवनदास मोतीचंद शाहके उद्योगसे 'जूनागढ़ लॉटरी' खोली गई और उसमें जो रुपया एकत्र हुआ, उसमेंसे १॥ लाख रुपयोंकी लागतसे काले पत्थरकी मजबूत सीढियां गिरनारजी पर्वतकी चारों टोकों तक लगवाई गईं।

इस द्वारसे ही पर्वतपर चढ़नेकी सीढ़ियां शुरू होती हैं। गिरनारका एक नाम उर्जयन्तिगिरि भी है। कई ग्रंथकारोंने रैवतक नामसे भी इसका उल्लेख किया है। नेमिदूत काव्यके कर्त्ताने इसे रामगिरि बतलाया है। बहुत प्राचीनकालसे यह पर्वत अपनी पवित्रताको लिये प्रसिद्ध है। अशोकके शिलालेखोंसे कमसे कम २२०० वर्ष पहलेका तो ऐतिहासिक सुबूत ही मिलता है। यद्यपि हम इसे केवल जैनियोंका ही तीर्थ समझते हैं, परंतु दिगम्बरी श्वेताम्बरी जैनियोंके सिवाय यह शैव, वैष्णव, शाक्त आदि हिंदुओंका और मुसलमानोंका भी पूज्य स्थान है। प्रत्येक सम्प्रदायमें इस तीर्थके बड़े बड़े माहात्म्य प्रसिद्ध हैं। जैनी मानते हैं कि यहांसे बाईसवें तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान् और दूसरे करोड़ों मुनि मोक्षको प्राप्त हुए हैं और अनेक तीर्थंकरोंकी यहा समवसरण सभायें हुई हैं। श्वेताम्बर सम्प्रादायमें 'गिरनारमाहात्म्य' नामका अच्छा एक संस्कृत ग्रन्थ है। हिंदुओंके स्कन्दपुराणके प्रभासखंडमें भी गिरनारका बहुत ही बड़ा माहात्म्य वर्णन किया है। यहांके एक एक कुण्डमें स्नान करनेसे अथवा मंदिरोंके दर्शन करनेसे ही बड़े बड़े पाप क्षय हो जाते हैं और स्वर्गादि सुखोंकी प्राप्ति होती है।

गिरनार पर्वतकी ऊँचाई ३, ६६६ फीट है। अपनी ऊँचाईके कारण यह बहुत दूर दूरके स्थानोंसे दिखलाई देता है। जिस समय आकाश स्वच्छ हाता है, उस समय शत्रुंजय या सिद्धाचल पर्वतपरसे भी इसके दर्शन होते हैं। इसके दाहिनी ओर जो पर्वत है उसकी ऊंचाई २, ७७९ फीट है। वह मदारपीरका पर्वत कहलाता है। मुसलमान भाइयोंका वह बहुत ही पवित्र पर्वत है। बायीं ओरको भी एक ऊंचा पर्वत है। इन दोके सिवा दो पर्वत और भी हैं। इस तरह यह चार पर्वतों और चार नदियोंसे घिरकर विलक्षण शोभा धारण कर रहा है।

पर्वतपर चढ़नेका प्रत्येक परदेशी यात्रीको एक आनेका और देशीको आधा आनेको टिकट लेना पड़ता है। जूनागढ़ राज्यकी ओरसे यह कर बिठाया गया है। यहां डो-

लियां भी मिलती हैं। एक डोलीका किराया साढ़ेपांच रुपया देना पड़ता है। और भी यहांपर कई प्रकारके टैक्स लगाये गये हैं जिससे इस पर्वतसे जूनागढ़ राज्यको खासी आमदनी होती है।

लगभग तीन हजारसे अधिक सीढ़िया चढ़नेपर इस पर्वतकी पहली टोंक मिलती है। यहांपर एक धर्मशाला दिगम्बरियोंकी और एक श्वेताम्बरियोंकी है।

पहली टोंकपर ही जैनियोंके मुख्य मुख्य मन्दिर हैं। अन्य टोकोंपर या तो चरण हैं या छोटी छोटी देवलियां। अधिक मन्दिर श्वेताम्बर सम्प्रदायके हैं। उनकी संख्या २२ है। इनमेंसे कोई १८ मन्दिर एक वड़े भारी कोटके भीतर घिरे हुए हैं। ये मन्दिर कई समूहोंमें विभक्त हैं और उनके एक एक समूहको टोंक कहते हैं। मानसींग भोजराजकी टोंक पहले आती है। इसकी मरम्मत उक्त नामके सेठजीने संवत् ११३२ में कराई थी। दूसरी टोंक नेमिनाथस्वामीकी है। इसमें कई मन्दिर हैं। एक शिलालेखसे जो चैत्रसुदी ७ सं० १११९ का लिखा हुआ है मालूम होता है कि यदुवंशके 'मंडलीक' नामके राजाने नेमिनाथका मन्दिर वनवाया था। यह मन्दिर वहुत विशाल है। सव मिलाकर २१८ प्रतिमायें इसमें स्थापित हैं। इसमें कई शिलालेख हैं। एक शिलालेखमें लिखा है कि संवत् ६०९ में रत्नशाह श्रावकने नेमिनाथके देवालयका उद्धार कराया। इससे मालूम होता है कि उक्त मंदिरके स्थानमें पहले और भी कोई प्राचीन मंदिर था। इसके सिवा १११३, ११३९, १२७८. १३३३. १३३९ और १३३९ के पांच छह लेख और भी हैं। तीसरी टोंक मेरकवंशीकी कहलाती है। इसकी कारीगरी दर्शनीय है। इसमें भी कई मंदिर शामिल हैं। एक मंदिर संवत् १८५९ का वना हुआ है। मंदिराका चौथा समूह सगराम सोनीकी टोंक कहलाता है। सगराम सोनी वादशाह अकवरके समयमें पाटणमें हो गये हैं। संवत् १८४३ के लगभग सेठ प्रेमाभाई हेमाभाईने इन मन्दिरोंकी मरम्मत कराई थी। इसके आगे 'कुमारपाल' की टोंक है। कुमारपाल गुजरातके एक प्रसिद्ध राजा हो गये हैं। जैनधर्मपर उनकी वड़ी श्रद्धा थी। उनके प्रयत्नसे उस समय जैनधर्मकी वड़ी भारी प्रभावना हुई थी। प्रसिद्ध श्वेताम्वराचार्य 'हेमचन्द्र' इन्हींके गुरु थे। उनके समयमें जैनसाहित्यने भी वहुत उन्नत की थी। कहते हैं कि उक्त महाराजने जैनग्रन्थोंकी नकल करानेके लिए सात सौ लेखक नौकर रख छोड़े थे। केवल हेमचन्द्रसूरिके ही वनाये हुए ग्रन्थोंकी उन्होंने इक्कीस इक्कीस नकल कराके जुदे जुदे भंडारोंमें स्थापित कराई थीं। महाराज कुमारपालने वि० संवत् १२०० से १२३१ तक राज्य किया है। यह 'अभिनन्दन' जिन का मंदिर उन्हींका वनवाया हुआ है। लगभग १०० वर्ष पहले इसका जीर्णोद्धार सेठ धरमसी हेमचन्दने करवाया।

था। इस मंदिरके बाहर भीमकुंडके पूर्वमें बहुतसी प्राचीन खंडित प्रतिमायें पड़ी हैं। इसके बाद 'वस्तुपाल तेजपाल' जीकी टोंक है। इसमें तीन मन्दिर हैं। इनका जीर्णोद्धार संवत् १९३२ में नरसी केशवजी नामके सेठका करवाया हुआ है। वस्तुपाल और तेजपाल भाई भाई थे। ये 'धोलका' के सुप्रसिद्ध राजा 'वीरधवल' के मंत्री थे। ये बड़े ही बुद्धिमान् और शूरवीर थे। इनकी सहायतासे वीरधवलके राज्यका बहुत विस्तार हुआ था। सारा सौराष्ट्र और गुजरात उसके अधिकारमें आ गया था। महाराष्ट्र देश तकके राजा उसके करद हो गये थे। वस्तुपाल और तेजपाल पोरवाड़ जैनी थे। उन्होंने धर्मके कार्योंमें जो द्रव्य व्यय किया था उसे इतिहासोंमें पढ़कर आश्चर्य होता है। १३०० नवीन जैनमंदिर, लगभग एक लाख जिन प्रतिमायें, ८४ तालाब, ४६४ वापिकायें, ९०० कुए, ४०० प्रपायें, (प्याऊ) ७०० धर्मशालायें, और ९८४ औषधशालायें उनकी बनवाई हुई कही जाती हैं। ज्ञानभंडारमें उन्होंने ३६ लाख रुपये खर्च किये थे और ३,२०२ मंदिरोंका जीर्णोद्धार कराया था। राजनीतिके खयालसे दूसरे धर्मोंपर भी उनकी कृपादृष्टि रहती थी। पाठक सुनकर आश्चर्य करेंगे कि उन्होंने हजारों शिवमन्दिरों और सैकड़ों मसजिदोंके बनवानेमें भी अगणित रुपये खर्च किये थे। वस्तुपालकी मृत्यु संवत् १२९८ में और तेजपालकी १३०८ में हुई थी। इन मंदिरोंमें पीले रंगका और सलीका बढ़िया पत्थर काममें लाया गया है। कहते हैं यह पत्थर वस्तुपालने भारतवर्षके बाहरसे मँगाया था। इन तीनों मंदिरोंके मूलनायक पार्श्वनाथ हैं। एक मन्दिरकी प्रतिमा वि० संवत् १३०६ की प्रतिष्ठित है। वह श्रीमाल वैश्य 'वाहड़' (वाग्भट) की बनवाई हुई ह। दाहिनी ओरके मंदिरमें तीन प्रतिमायें पार्श्वनाथकी संवत १५५९ की और एक चन्द्रप्रभकी १४८५ की है। बाईं ओरके मंदिरके पीछे वस्तुपाल तेजपालकी माताका मन्दिर है। उसमें जो पार्श्वनाथकी प्रतिमा है वह श्रीमालज्ञातीय 'वाहड़' और महामात्य 'सलखणसिंह' की बनवाई हुई और देवसूरिके शिष्य 'श्रीजयानन्द' की प्रतिष्ठा करवाई हुई है। प्रतिष्ठाका समय वैशाखसुदी ३ संवत् १३०९ है। इसके बाद संप्रति राजाकी टोंक है। इसमें एक प्रतिमा संवत् १५०९ की और एक १५२३ की है। इसके पहलेका कोई लेख इसमें नहीं मिलता। जेम्स बर्जिस साहबने जिस समय इस मंदिरका निरीक्षण किया था, उस समय उन्होंने इसमें नेमिनाथकी एक काले रंगकी प्रतिमा १४६१ संवत्की प्रतिष्ठा कराई हुई देखी थी और संवत् १२१९ का एक लेख भी पढ़ा था। श्रीहेमचन्द्रसूरिके परिशिष्टपर्वसे मालूम होता है कि 'संप्रति' राजा सुप्रसिद्ध चक्रवर्ती राजा अशोकका पुत्र था। श्रेणिक–कुणिक–उदयन–नवनन्द–मौर्यवंशी चन्द्रगुप्त–बिन्दुसार–अशोक–संप्रति, इस तरह महावीर भगवानके पीछेका राजपरम्परा है। सम्प्रति

महावीर भगवान्के निर्वाणके ३०० वर्ष पीछे सिंहासनपर बैठा था। इसने 'आर्य सुह-स्तिगिरिके उपदेशसे जैनधर्म ग्रहण किया था। इसके द्वारा जैनधर्मकी बहुत उन्नति हुई थी। कहते हैं कि इसने सवा लाख जैनमन्दिर बनवाये थे। उक्त मन्दिर इसी सम्प्रति राजाका कहलाता है; परन्तु वर्तमानमें इस बातका कोई चिन्ह नहीं मिलता है। इन सब मंदिरोंके सिवा और भी कई साधारण मंदिर हैं।

एक जगह कुछ गहराईमें राजुलकी गुफा है। उसके भीतर राजीमतीकी एक खड़ी मूर्ति सफेद पत्थरकी है।

दिगम्बरी मन्दिरोंमेंसे एक तो प्रतापगढ़के बंडीजीका संवत् १९१९ का बनवाया हुआ है और दूसरा लगभग इसी समयका शोलापुरवालोंका बनवाया हुआ है। पहले मन्दिरमें शान्तिनाथकी एक मूर्ति संवत् १६६५ की प्रतिष्ठा की हुई है और एक सुप्रसिद्ध बिम्बप्रतिष्ठापक जीवराज पापड़ीवालकी संवत् १४७९ की है। जीवराज पापड़ीवालकी प्रतिमायें भारतवर्षके प्रायः सब ही भागोंके जैनमन्दिरोंमें देखी जाती हैं। दूसरे मन्दिरमें भी एक नेमिनाथकी प्रतिमा जीवराज पापड़ीवालकी है।

दिगम्बरी मंदिरोंको छोड़कर आगे चलनेसे दाहिनी ओर चौमुखी जैनमंदिर है। इसकी प्रतिष्ठा वि० सं० १५११ में जिनहर्षसूरिके द्वारा हुई है। बहुत करके ये वे ही जिनहर्षसूरि हैं जिनके बनाये हुए विचारामृतसंग्रह और रत्नशेखरनरपतिकथा नामके ग्रंथ हैं। आगे कुछ ऊपर चढ़कर दाहिनी ओर रथनेमिका मंदिर है। रथनेमि अरिष्टनेमिके चार भाइयोंमेंसे एक थे। श्वेताम्बरसम्प्रदायके ग्रंथोंमें लिखा है कि जिस समय राजमती संसारभोगोंसे विरक्त होकर दीक्षा लेनेके लिये गिरनार पर्वतपर चढ़ी उस समय मार्गमें अति वृष्टि होनेसे वह अपनी सखियों सहित एक गुफामें ठहर गई और अपने भीगे हुए वस्त्र सुखाने लगी। उसी गुफामें रथनेमि तपस्या कर रहे थे राजमतीका शरीरसौन्दर्य देखकर वे कामान्ध हो गये। यह देखकर दृढ़शीला राजीमतीने उनकी बहुत भर्त्सना की और उन्हें संसारकी निःसारता दिखलाई। रथनेमि बहुत लज्जित हुए, प्रायश्चित लेकर फिर तप करने लगे और अन्तमें कर्म काटकर मोक्ष सुन्दरीके स्वामी हुए।

रथनेमिके मन्दिरसे अंबाजीकी टोंक पर जानेका रास्ता है। थोड़ी दूर चलकर चढ़ाव कुछ कठिन है, परन्तु सीढ़ियोंके कारण विशेष कष्ट नहीं होता। अम्बादेवी या अम्बिकाका मन्दिर कहते हैं कि संप्रति राजाका बनवाया हुआ है। इसकी बनावट भी सम्प्रतिके मन्दिरके ढँगकी है। इस समय इसे जैन (श्वेताम्बर) और हिन्दू दोनों ही पूजते हैं। जैन इसे अपने शासनकी अधिष्ठात्री देवी मानते हैं और हिन्दू

शक्ति दुर्गा या गिरिजा समझते हैं। परन्तु ऐसा मालूम होता है कि इसपर हिन्दुओंका अधिकार पीछे हुआ है पहले यह मन्दिर या तो बौद्धोंका होगा या जैनियोंका, कुछ लोगोंका खयाल है कि यह नेमिनाथ स्वामीका मन्दिर था।

अंबाजीकी टोंकसे आगे चलनेपर तीसरी टोंक आती है। वहां पहले नेमिनाथभगवानके चरण आते हैं। बाबू धनपतिसिंह प्रतापसिंह मुर्शिदाबादवालोंने संवत् १९२७ में उन्हें स्थापित कराये थे। आगे ठीक टोंकके ऊपर मत्स्येंद्रनाथ (मछंदरनाथ) के शिष्य बाबा गोरखनाथके चरण हैं। ये गोपीचंद नामक राजाके समयमें होगये हैं और शायद बौद्ध धर्मानुयायी थे।

इस टोंकसे लगभग ४००० फुट नीचे उतरकर चौथी टोंकपर जाना पड़ता है। इस टोंकपर चढ़नेके लिये सीढ़ियां नहीं हैं। चढ़नेमें बड़ीही कठिनाई पड़ती है। जरा ही पैर चूका कि काम तमाम समझिये। टोंकके ऊपर एक काले पाषाणपर नेमिनाथकी प्रतिमा तथा दूसरी शिलापर चरण हैं। संवत् १२४४ का एक लेख है। कई लोगोंका ख्याल है कि नेमिनाथ स्वामीका मोक्ष इसी टोंकपर से हुआ था और कई पांचवीं टोंकपर से बतलाते हैं। इस टोंकसे नीचे उतर कर वापिस आना पड़ता है और फिर पांचवीं टोंकपर सीढ़ियोंके मार्गसे चढ़ना पड़ता है। इस टोंकका चढ़ाव बहुत बड़ा है। यह शिखर सबसे ऊँचा है। चारों ओरका दृश्य देखनेसे जितना कि आनंद आता है उतनाही नीचेकी ओर दृष्टि डालनेसे भय मालूम होता है। टोंकपर एक मढ़ियाके नीचे नेमिनाथभगवानके चरण स्थापित हैं और उसमें संवत् १९९५ का लेख है एक ओर एक बड़ा भारी घंटा बँधा हुआ है। नेमिनाथके चरणोंको वैष्णव लोग गुरुदत्तात्रयके चरण कहके पूजते हैं और मुसलमान मदारशा पीरकी तकिया कहते हैं इस स्थानसे नेमिनाथस्वामीके प्रथम गणधर वरदत्त मुनिका निर्वाण हुआ था। शायद इसी नामको वैष्णवोंने गुरुदत्त बना लिया है। इसी एक स्थानमें अनेक धर्मोंकी पूज्यता बड़ी ही कुतूहलजनक है।

पांचवीं टोंकसे पांच सात सीढ़ियाँ नीचे उतरनेपर संवत् ११०८का एक लेख मिलता है। इस टोंकसे आगे रेणुका शिखर नामकी छठी टोंक और कालिका नामकी सातवीं टोंक है। इन टोंकोंपर कोई जैनी यात्री नहीं जाता—जाना भी बहुत ही भयंकर है। कालिका टोंकपर कालिकाकी मूर्ति और त्रिशूल है।

पाँचवीं टोंकसे उतरकर, आनेके रास्तेसे ही लौटना पड़ता है और दूसरी टोंकमें जो गोमुखी है वहां आना पड़ता है। यहांसे दाहिनी ओरको एक सपाट रास्ता गया है।

इस रास्तेसे सहसावन जाना पड़ता है। सहसावन या सेसावन सहस्राम्रवनका अपभ्रंश है। कहते हैं यहांपर नेमिनाथस्वामीने कुछ समयतक तपस्या की थी। बहुत लोग यहां नहीं आकर सीधे लौट जाते हैं। यहांपर कई गुफायें, और कई कुन्ड हैं। यहां भिक्षुक साधु बहुत रहते हैं। रास्तेमें भैरव-झंपा नामक एक स्थान है। पुराने जमानेमें इस स्थानपर चढ़कर लोग परभवमें सुख पानेकी अभिलाषासे झंपापात करके जीव दिया करते थे। यहां एक मढ़ियामें नेमिनाथस्वामीके चरण हैं और एक श्वेताम्बर धर्मशाला है। यहांसे नीचे तलहटी जानेका जुदा रास्ता है यह अभी सुधारा जा रहा है।

इस पर्वतके विषयमें एक बार दिगम्बरी और श्वेताम्बरी संप्रदायके आचार्योंमें वाद विवाद उपस्थित हुआ था, एक बार कुंदकुंद स्वामी गिरनारजीको अपने संघसहित गये थे। वहां श्वे० स० से विवाद होनेपर इन्होंने पत्थरकी मूर्तिसे कहलवा दिया कि सच्चा पंथ दिगम्बर है। पट्टावलीमें लिखा है—

पद्मनंदिगुरुर्जातो बलात्कारगणाग्रणी।
पाषाणघटिता येन वादिता श्रीसरस्वती॥
उर्ज्जयन्तिगिरौ तेन गच्छः सारस्वतो भवेत्।
अतस्तस्मै मुनीन्द्राय नमः श्रीपद्मनन्दिने॥

तलहटीसे जो सड़क जूनागढ़को गई है, उसपर तलहटीसे लगभग दो मील चलकर ठीक सड़कपर बाईं ओर एक विशाल अर्धवर्तुलाकार शिलापर ये लेख हैं। शिला कई स्थानोंसे तड़क गई है और इससे लेखके कोई कोई अंश उड़ गये हैं। हजारों वर्ष मैदानमें पड़े रहनेके बाद अब इन लेखोंकी कदर हुई है और इन्हें प्राचीनकालके बहुमूल्य स्मारक समझकर जूनागढ़ सरकारने इनकी रक्षाके लिये एक पक्का मकान बनवा दिया है। सब मिलाकर १९ लेख हैं जिनमें १३ प्रसिद्ध बौद्ध सम्राट अशोकके हैं और दो समुद्रगुप्त तथा रुद्रदामा नामक राजाओंके। ये सब लेख पालीभाषा और पाली लिपिमें हैं। इन लेखोंके पढ़नेके लिये पश्चिमी विद्वानोंने बड़े बड़े परिश्रम किये हैं। जिस कठिनाई और अटूट प्रयत्नसे ये लेख पढ़े गये हैं उसका इतिहास बड़ा ही कुतूहलजनक है। यदि ये लेख न पढ़े जाते तो अशोक जैसे चक्रवर्ती राजाका नाम ही भारतके इतिहाससे उड़ जाता। कुछ समय पहले ये लेख गुप्त धन बतलानेके कोई गूढ चिह्न या विधाताके आज्ञापत्र समझे जाते थे। बहुत लोग तो अब भी ऐसा ही समझते हैं।

सोंडा।

यह नगर जिला कारवार ताल्लुक सिरसीसे उत्तर दिशामें १० मीलकी दूरीपर है। प्राचीनकालमें वह किसी एक राजाकी राजधानी थी। इस समय यहांकी मनुष्य संख्या करीब ६००० है। यहांपर देखने योग्य स्थान पुराना किला, शैव वैष्णव और दि० जैनियोंके मठ और मन्दिर हैं। अलावा इनके यहांपर १ तोप भी देखने योग्य है, जोकि करीब १८ फीट लम्बी और ६॥ फीट चौड़ी है। इन तीन धार्मिक संस्थाओं-में से दि० जैनियोंका मठ छोटा है और ८ वीं सदीका बना हुआ है। सबसे प्राचीन जैनियोंका १ घिरा हुआ आदिश्वरका मन्दिर है और वहां ही पर १ शिलालेख भी खुदा हुआ है, जोकि राजा रूमोडी सदाशिवरायसे शाके ७२२ में बनाया गया है।

दूसरा शिलालेख शाके ७२७ का है, जिसमें जैन राजा चामुन्डराय जोकि उस समयका सार्व भौम राजा था, उन्होंने आपके पूर्वज सदाशिव और वल्लाके अनुसार इनाम दे दिया है।

भाटकला या सुसागड़ी

होनावरकी दक्षिन दिशामें यह ग्राम है। यहांकी मनुष्य संख्या करीब ६००० है यहांपर पोस्ट ऑफिस, पोलिश स्टेशन और कानड़ी-उर्दू स्कूल है, यहां पर १३ मन्दिर जैनियोंके तथा वैष्णवोंके ई० सन् १५ या १६ वीं सदीके बनाये हुए हैं, परन्तु इस समय वे सव जीर्ण होगये हैं, उनमें प्राचीन कारीगरीका काम बहुतही खूबसूरत है। इन मन्दिरोंमें सबसे बड़ा और सुन्दर मन्दिर "जटाण्णा बाइफन चन्द्रनाथेश्वर" नामक दि० जैनियोंका है। यह मन्दिर खुली जगहमें है। इस मन्दिरके तीन भाग हैं, यानी १ भोजन गृह १ सभामंडप और मुख्य मन्दिर। इसकी लम्बाई करीब ११२ फीट और चौड़ाई सभामंडप और भोग मंडपकी करीब ४० फीट और खास मन्दिरकी ५० फीट है। मुख्य मन्दिर २ मंजिला है जोकि तीन कमरोंमें तकसीम किया गया है, जिनमें श्रीअरहंत मल्लीनाथ, मुनि सुव्रतनाथ, नमिनाथ, नेमनाथ और पार्श्वनाथकी मूर्तियां विराजमान हैं। परन्तु इस समय वे खिन्न २ स्थितिमें पाई जाती हैं। भोजनगृह की भीतोंमें मनोहर खिड़कियां बनी हुई हैं। सभामंडप दो मंजिला है और उसके दो भाग हैं। उसमें श्रीऋषभनाथ, अजितनाथ, संभवनाथ, अभिनन्दननाथ और चन्द्रनाथस्वामीकी प्रतिमाएँ विराजमान हैं और बाहर द्वारपर द्वारपालकी मूर्तियां हैं। सामने १ बड़ा ध्वजा स्तंभ है जोकि क़रीब १४ फीट सर्कलमें और २१ फीट ऊंचाईमें एक पटकोन पत्थरका बनाहुआ है। मन्दिरके पीछे चौदह फीट ऊंचा १ छोटासा और १ यक्ष ब्रह्मानामक स्थंभ है

इस मन्दिरको भाटकलाके राजा जटाप्पा नाइकने वनाया था और उसकी पूजन प्रक्षाल आदि प्रवन्धके लिये कुछ जमीन भी इनाम दे दी थी। कहते हैं कि मैसूरके राजा टिपू सुलताननने यह इनाम खालसे करली उसी समयसे सरकारसे २) रुपया सालाना मिलता है। यहांपर चार शिलालेख हैं १ पूर्व दिशामें ७० लाइनका और उसके पास १७९ लाइनका शिलालेख है और उसकी पीठपर ७३ लाइनका शके १४७९ नल नाम संवतसरका शिलालेख और सभामंडपकी अग्निकोनमें तीसरा शिलालेख है। इन सब शिलालेखोंपर जैनियोंके चिह्न पाये जाते हैं। दूसरा श्रीपार्श्वनाथस्वामीका मन्दिर है। जोकि १८ फीट ऊंचा और १। फीट चौड़ा है यह मन्दिरका द्वार मंडपके शिलालेख से संवत् १९४३ ई० में वनवाया हुआ मालूम होता है। इसके सामने ध्वजास्थंभपर की कोठीमें चतुरमुख प्रतिमा है, इसमें चार शिलालेख हैं परन्तु अक्षर मिट जानेके कारण उनका उल्लेख नहीं किया गया है।

इलोराके गुफा मन्दिर (अतिशयक्षेत्र)।

चालीसगांवके स्टेशनसे २६ मील (भूसावलसे ९.८ मील) दक्षिण-पश्चिम और मनमार जंक्शनसे १६ मील पूर्व वम्बई हातेमें नांदगांवका रेलवे स्टेशन है। स्टेशनपर तांगेकी सवारी मिलती है। नांदगांवसे इलोरा ४५ मील है परन्तु वहांसे गाड़ीकी सड़क नहीं है।

इलोरा ग्राम गुफामंदिरोंके लिये वहुत ही प्रसिद्ध है। ऐसा मनोहर और आश्चर्यजनक शिल्पविद्याका स्मार्क चिह्न जो पहाड़से पत्थर काटकर वनाये गये हैं भारतवर्षमें सहसा दीख नहीं पड़ता। वहां सवसे प्रथम वौद्धोंने उनके पीछे हिन्दुओंने और हिन्दुओंके पश्चात् जैनियोंने गुफामंदिर वनवाये; जिनमें वौद्धोंके अधिक हैं। सम्पूर्ण गुफाओंमें प्रधान व सवसे अधिक उत्तम कैलास नामक गुफा मंदिर है।

कारवार।

मोरमूगांवके वन्दरगाहसे ४८ मील दक्षिण-पूर्व कारवारका वन्दगराह है। वम्बई अहातेके पश्चिमी घाटपर उत्तरी किनारा नामक जिलेका सदर स्थान और उस जिलेमें प्रधान कसवा कारवार है। एक सप्ताह पर वंवईके आगवोट मोरमूगांव तथा कारवार होकर दक्षिण जाते हैं। कारवारके वन्दरगाहके किनारेसे ९०० गज दूर समुद्रमें लंगरकी जगह है।

सन् १९११ की मनुष्य गणनाके समय कारवार कस्वेकी आवादी करीव १४९०० के थी, जिसमें दि० जैनियोंके घर ३ व मनुष्य संख्या १९ के लगभग आई थी। यहांके जैनी मामूली स्थितिमें हैं कोई प्रसिद्ध आदमी नहीं है।

इस जिलेमें ५ हजारसे अधिक और १० हजारसे कम आबादीवाले ६ छोटे कसबे और गोकर्ण प्रसिद्ध हिन्दुओंका प्रसिद्ध स्थान है।

जहांपर माघ शिवरात्रिपर बड़ा भारी मैला भी भरता है। गोकर्ण: और बनवासीमें उत्तम पुराने मंदिर, गैरसप्पामें प्रसिद्ध प्राचीन दि० जैनमंदिर और मीरजान तथा सदाशिवगढ़में पुराने किले देखने योग्य हैं। गैरसप्पाके चारों ओर बहुतसे जीर्णावस्थामें दि० जैन मन्दिर खण्डित प्रतिमाओं सहित दृष्टिगोचर होते हैं। ऐसा मालूम होता है कि पहिले वीजानगरके जैन राजाओंके समयमें यह प्रदेश जैनियोंके ही आधीन था।

इतिहास—पुराना कारवार कसबा एक समय कारवार कसबेसे २ मील पूर्व काली नदीके किनारेपर बहुत प्रसिद्ध तिजारती स्थान था। वहां सन् १६३८ में अंग्रेजोंने १ कोठी कायम की। सन् १६६० में कारवार कसबा बीजापुर राज्यके अधिकारमें था, उस समय वहां ५० हजार जुलाहे रहते थे। सन् १६६५ में शिवाजीने अंग्रेजोंसे ११२० रुपया खिराज लिया। सन् १६०४ में शिवाजीने कारवार कस्बेको लूटा और जलादिया; किन्तु अंग्रेजोंकी कुछ हानि नहीं की। सन् १६७६ में वहांके देशी प्रधानोंने अंग्रेजी कोठीपर जुल्म किया। सन् १६७९ में अंग्रेजोंने कोठीका काम उठालिया; किन्तु सन् १६८२ में उन्होंने फिर काम आरंभ किया। सन् १६८४ में प्रायः सब अंग्रेज कारवार कसबेसे निकाल दियेगये। सन् १६९७ में महाराष्ट्रोंने कारवारको उजाड़ दिया। सन् १७१९ में वहांका पुराना किला तोड़ दिया गया। एक देशी प्रधान ने सदाशिवगढ़में किला बनवाया। सन् १७२० में अंग्रेजोंको फिर वहांसे अपना कारबार उठालेना पड़ा। सन् १७५२ में फिर अंगरेजी कोठी कायम हुई। सन् १८०१ में पुराना कारवार कसबा हीन दशामें पड़चुका था। उत्तरी किनारा जिलेका इतिहास मदरास हातेके दक्षिणी किनारा जिलेके इतिहासमें शामिल है। पहिले उत्तरी किनारा जिला मदरास हातेमें था; किन्तु १८६२ में बंबई हातेमें कर दिया गया। उसके पीछेका वर्तमान कारवार कसबा है, जो पहिले मछुहोका छोटा गांव था।

यहां देखने योग्य ९ बस्तियां हैं। कारवारमें जिलेकी प्रधान कचहरियां, अस्पताल, टेलिग्राफ ऑफिस (तारघर) स्कूल और सरकारी मकानात हैं। किनारेके आस पास कई टापू हैं, जिनमेंसे सबसे बड़े टापू पर एक लाईट हाउस (रोशनी घर) बना है, जो समुद्रके जलसे २१० फीट ऊंचा है और समुद्रमें २५ मील दूरसे दीख पड़ता है।

वाई।

सतारा रोडके रेलवे स्टेशनसे ९ मील उत्तर और पूनाके रेलवे स्टेशनसे ६९ मील दक्षिण बाथरका रेलवे स्टेशन है। बाथरसे पश्चिम ओर ४० मीलतक सड़क महाबलेश्वरको

गई है; उसी सड़कपर बाथरसे १८ मील पश्चिम और सतारा कस्बेसे २० मील उत्तर कुछ पश्चिम बंबई हातेके सतारा जिलेमें कृष्णा नदीके बांये किनारेपर सब डिविजनका सदर स्थान वाई एक कसवा है ।

सन् १९१२ की मनुष्य गणनामें यहांकी आवादी लगभग ११०० के अनुमान हुई थी जिसमें जैनियोंकी संख्या १६ के करीब थी ।

वाईके निकट एक पहाड़ीपर पांडुगढ़ नामक किला है । बस्तीसे थोड़ी ही दूरपर मुसलमानी ढांचको सुन्दर नमूना रास्तिया खानदानके राजाका मकान है; जिसको लोग मोतीवाग कहते हैं । वाईसे लग भग ५ मील पश्चिम और कृष्णा नदीके पास डोमगांवमें एक वहुत सुन्दर मान्दिर है । उसके आंगनमें स्वेत संगमर्मरका फर्श लगा है। वाईसे करीब १२ मीलकी दूरी पर एक महाबलेश्वर नामक पहाड़ी अतिमनोहर व रमणीक स्थान है । महावलेश्वरको पूनासे भी अच्छी सडक वनीहुई है । फासला ७४ मील हैं । गाड़ी घोड़ा आदि पसरनी घाटतक जासकते हैं; किन्तु घोडोंकी सहायता देनेके लिये दस बारह कुलियोंके साथ रहनेकी जरुरत रहती है ।

महावलेश्वर पहाडीके ऊपर लगभग ७ मील लम्बी और ३ मील चौड़ी प्रायः समतल जगह है । उस मैदानसे पश्चिम पहाडियां हैं, जो समुद्रसे २५ मील पूर्व चली आई हैं । महावलेश्वरमें गाडी दौड़नेयोग्य अच्छी सडकें बनी हैं । मामूली सरकारी इमारतें तथा जगह जगह योरोपियन (European) लोगोंके लिये लगभग १०० बंगले बने हुए हैं । वहां एक अमीर आदमीके रहने योग्य कमरोंके मासिक भाडे ४० रुपये लगते हैं । स्टेशनके मध्यमें वाजार है, जिसमें विविध प्रकारकी वस्तु, जो वहां लाई जासकती हैं, मिलती हैं । महाबलेश्वर गांवसे ३ मील दक्षिण योरोपियन लोगोंकी वस्तीमें एक अच्छी लायब्रेरी, क्लब, गिरजा और कवरगाह है ।

गर्मीके दिनोंमें महावलेश्वरमें बम्बई गवर्नर, बम्बईकी फौजके कमान्डर इन चीफ (Commandar Inchif) और बम्बई आदि शहरोंके अनेक अन्य प्रधान अफसर तथा अमीर लोग आकर रहते हैं ।

वहां सालाना वर्षाकी औसत करीब २६४ इंचके है । वर्षाकालमें महावलेश्वरका दृश्य अतिमनोरम होजाता है; क्योंकि उस समय सम्पूर्ण नदियों और झरनोंकी धारा गिरतीहैं ।

जूनागढ़ ।

बम्बई प्रान्तके काठियावाड़ जिलेमें देशीराज्यकी राजधानीका जूनागढ एक छोटा सुन्दर शहर है । शहरसे पश्चिमकी ओर रेल्वे स्टेशन है ।

बहुत प्राचीन कालमें 'समुद्रविजय, आदि विख्यात यदुबंशी राजाओंकी राजधानी थी। तत्पश्चात् बौद्ध और राजपूतोंका राज्य हुआ उस समय 'अपरकोट' अर्थात् पुराना जूनागढ़ ही राजधानी था। सन् १४७२ ई० में अहमदाबाद के सुलतान 'मुहम्मदबेगड़' ने अपरकोटके राजपूत राजाको जीता और (वर्तमान) जूनागढ़ शहरको बसाया।

यहांकी मनुष्य संख्या अनुमान ३२ हजार है इसमें जैन अनुमान एक हजार हैं।

जूनागढ़के बगलोंमें पक्की दीवार हैं। शहरसे पूर्व-उत्तर गिरनार आदि पर्वत हैं। रेल्वे के पास शहरके पश्चिमका फाटक है। शहरमें कई एक मकबरे, मसजिदें अनेक देवमन्दिर, कई एक धर्मशालाएँ, कई सदावर्त, एक उत्तम अस्पताल, जेलखाना; नवाबकी कचहरियोंकी इमारतें, घुड़शाल और स्कूल देखने योग्य हैं।

शहरके उत्तरीय भागमें ३ मकबरें हैं, और उत्तरवाले फाटक से आधमील दूर वजीरसाहबका 'सांकरबाग' नामक एक सुन्दर बगीचा है इसमें दो मंजिले हैं। बंगलेंके बगलमें, एक नाला पानीसे भरा है, नालेसे थोड़ी दूर एक 'जुंतुशाला' में बाघ, हिरन आदि जन्तु हैं। शहरसे दक्षिणकी ओर सांकरबागसे भी एक अति उत्तम सुन्दर बगीचा है, जिसमें कि सुन्दर बंगले बने हुए हैं और गिरके जंगलोंसे लाकर अनेक सिंह सिंहनी रक्खी गई हैं।

जूनागढ़के नव्वाबके महल—यह महल शहरके बीचमें, दुमंजिले चौमंजिले अति सुन्दर बने हुए हैं। महलका एक मकान सर्व साधारण लोगोंके देखनेके लिये खुला रहता है।

महव्वतखांकामकबरा—जेलखानेसे दक्षिण-तरफ नव्वाबके पिताका मकबरा है। मकबरेमें चांदी और सीसेका उत्तम काम है, फर्श कीमती पत्थरोंका बना हुआ है।

नव्वावसाहबकी मसजिद—महव्वतखांके मकबरे से दक्षिण नव्वाब साहबकी एक सुन्दर मसजिद है।

अपरकोट—शहरके पास अपरकोट नामका पुराना किला है, पूर्व समयमें यह राजाओंका गढ़ था। परन्तु अब बेकार पड़ा है। यहां सन् २७० ई० से पहिले राजा अशोक के सूबेदार और उनके समयके पीछे 'गुप्तवंश' राजाओंके सूबेदार रहते थे। अपरकोटमें तथा इसके आसपासमें अनेक बौद्ध गुफाएं हैं। फाटकके ऊपर पांचवें मंडलीकका सन् १४५० ई० का लेख है। किलेमें दो पुरानी तोपें पड़ी हैं। अपरकोटके पास खपड़ाखोड़िया नामक गुफाओंका झुंड है। देखने से मालूम होता है कि ये तीन मांजिली गुफाएँ थीं।

'कोढ़ीखाना'—इस इमारतमें लगभग १०० कोढ़ीके रह सकते हैं। इस स्थानसे ४ मील की दूरीपर एक पहाड़ीकी शिखरपर एक छोटा स्थान बनाहै लोग कहते हैं कि इसके पास रहनेसे कुष्टरोग छूटताहै, इसीलिये वहुतसे कोढ़ी इस पहाड़ीको सेवते हैं।

जूनागढ़में कपास अधिक पैदा होताहै, जो 'विरावल' बन्दरसे जहाज द्वारा बम्बई भेजा जाता है। अधिकतर कपास का ही व्यापार है।

तडकल.

यह ग्राम हैद्राबाद रियासतमें गाणगापुर (जी० आई० पी रेल्वे) स्टेशनसे करीव १२ मील है। यहांपर दिगाम्बरियोंके केवल दो घर और एक मन्दिर है। इस मन्दिरमें श्रीशांतिनाथस्वामीकी प्राचीन प्रतिमा कृष्ण पाषाणमें खोदी हुई करीव ६ फीट ऊंची अति सुन्दर और शान्ति मुद्राधारक विराजमान है, और प्रतिमाके चरणोंके पास ही दो यक्ष उसही पाषाणमें खुद हुए हैं। इस प्रतिमाका प्रवन्ध ठीक न होनेसे 'आळंद' के पञ्चोंने इसको आलंद ले जानेका विचार किया था। परन्तु तडकलवालोंने मना किया तव आळंदके पंचोंकी तरफसे शेठ 'सूरचंद्र साकळचंदजी' ने यहां मन्दिर बनवाया और उसमें इस प्रतिमा की स्थापना की। यहांपर एक और छोटीसी प्रतिमा श्रीआदिनाथस्वामीकी दीवारमें संवत् १२७२ की विराजमान है। और मन्दिरके पास एक छोटीसी धर्मशाला भी है। इस मन्दिरका प्रवंध तथा भंडार खाता 'नानचंद सूरचंद' आलंदवालोंके हाथमें है। पूजन प्रक्षालयका प्रवन्ध अच्छा है।

तारङ्गा (तारवर)।

(सिद्धक्षेत्र)

वरदत्तो य वरंगो सायरदत्तो य तारवरणयरे।
आहुठ्ठयकोडीओ णिव्वाणगया णमो तेसिं॥

यह प्राचीन पवित्र क्षेत्र गुजरात प्रान्तार्गत जिला महीकांठा पोस्ट सतलासनामें तारंगाहिल नामके स्टेशनसे (B. B. &. C. I. Ry.) करीव ३ मीलपर पहाड़के ऊपर विराजमान है। स्टेशनपर वैलगाड़ी मिलती है।

वरदत्तादि इन्द्र व सागरदत्त मुनि तथा अन्य साढ़ेतीन करोड़ मुनिराज इस पहाड़से मुक्ति पधारे हैं। तारंगाजीकी तलहटीमें कोई धर्मशालादि व अन्य कोई ठहरनेका

योग्य स्थान नहीं है। तलेटीसे एक मील पहाड़पर चढ़नेसे मन्दिर और धर्मशाला आता है, रास्ता साफ नहीं है। पहाड़के ऊपर चारों ओर कोट बना है। कोटके भीतर थोड़ी दूर जाकर ठहरनेके स्थान आते हैं, यहांपर एक दि० जैनमंदिर बहुत प्राचीन है। इसमें संवत् रहित मूलनायक श्री सम्भवानाथस्वामीकी चतुर्थकालकी प्रतिमा अत्यन्त मनोज्ञ है। दूसरा मंदिर श्री आदिनाथस्वामीका संवत् १९२३ में शोलापुरके शेठ हरिचन्द प्रेमचंदजीने भट्टारक श्रीसुरेंद्रकीर्तिजी द्वारा प्रतिष्ठा कराई थी इसके सिवाय ४ वेदियां हैं और पासही दो धर्मशालाएँ हैं, धर्मशालामें ५०० के अनुमान यात्री ठहर सकते हैं। श्वेताम्बरियोंका बड़ा मंदिर राजा कुमारपालका बनवायाहुआ करीब ३० लाख रुपयोंकी लागतके है। श्वेताम्बरी धर्मशाला अलग है। यहांपर एक कुण्ड है जिसमेंसे एक मोरी निकली है जिसका पानी श्वेताम्बरी और दिगम्बरी दोनों अपने २ काममें लाते हैं। यहांसे एक मीलकी उँचाईपर एक कोटि शिलापर दो देहरियोंमें दो दिगम्बर प्रतिमाएँ विराजमान हैं। इसी मार्गमें एक देहरीमें श्वेताम्बरी यतिके चरण हैं। आगे चलकर चंद्रसूरजकी देहरी है जिसके भीतर शिलापर यह लेख खुदा हुआ है। "संवत् १६२९ वर्षे पौष वदी ५ शुक्रे श्रीमूलसंघे सरस्वती गच्छे बलात्कार गणे आचार्य 'कुन्दकुन्दाचार्य' भट्टारक 'श्रीशुभचंद्र स्ततपाट्टे भट्टारक श्रीसुमतिकीर्ति' गुरुपदेशात्..................हूमड ज्ञातीय गांधी नरपति भार्या......" इस देहरीके आगे एक सिद्ध यंत्र भी खुदा है जिसके अक्षर घिस गये हैं। इसके आगे बढ़नेसे दो देहरी हैं, जिनमें से एकमें श्वेताम्बरी प्रतिमा विराजमान है। दूसरी देहरीमें एक बहुत मनोहर दिगम्बर जैन प्रतिमा पद्मासन विराजमान है। तारंगाजीपर 'कोटिसिलाके' दूसरी ओर एक मील ऊंची 'सिद्ध-सिला' नामकी पहाड़ी है; इसके मार्गमें एक गुफाके पास दो स्थानोंपर दिगम्बरी मूर्तियां विराजमान हैं। उपर जाकर एक देहरी दिगम्बरी है जिसके चारों ओर चरण हैं। दोमें जीर्णोद्धार संवत् १६११ और दोमें १९२१ लिखा है यहांपर ३ देहरी श्वेताम्बर भाइयोंकी भी है।

आसपासके गांवोंमें ३०० घर श्रावकोंके हैं। मेला चैत्र सुदी १५ व कार्तिक सुदि १५ को तीन दीन तक भरता है। अनुमान तीन हजार यात्री हरसाल एकत्र होते हैं। सरस्वती भंडारमें सिर्फ धर्मशास्त्र के १४ ग्रंथ हैं। इस क्षेत्रका प्रबन्ध तीर्थ क्षेत्र कमेटीके आधीनमें है। इसके मंत्री शेठ "बेनीचंद उगरचंदजी" ईडर निवासी हैं। प्रबन्ध अच्छा है।

तेर ।

निजाम रियासतके उस्मनावाद जिलेमें (जी. आई. पी. रेलवे) वार्शी लाईट रेलवे लैनपर तडवल स्टेशनमे करीव ९ मीलके फासलेपर तेर नामक प्राचीन क्षेत्र है । कहते हैं कि यहांपर श्रीवीरभगवानका समोशरण विहार करते २ आया था । प्राचीनकालमें यहां दिगम्वर जैनियोंकी वड़ी भारी वस्ती थी, परन्तु कालकी कुटिलगतिसे इस समय केवल एक ही घर सैतवाल जातिका है । ग्रामके नैऋत्यकी ओर कोटसे घिरे हुए प्राचीन दि० जैन मंदिर जीर्णावस्थामें शिल्पकलासे सुशोभित हैं । पूर्वाभिमुख मंदिरमें श्रीवीर भगवान् कृष्ण पाषाणकी पद्मासन ३॥ हाथ ऊँची अति मनोग्य विराजमान है । इसके चारों ओर ९ प्रतिमाएँ पाषाणकी कायोत्सर्ग और विराजमान हैं जिनमेंसे एक खण्डित है । मन्दिरके ईशानकी ओर एक प्रतिमाके नीचे देवनागरी लिपिमें खुदा हुआ एक खण्डित व अस्पष्ट शिलालेख भी इस प्रकार है । "....नाथचैत्यालये... श्रीमन्त पूज्यपाद""स्वामी""" और एक शिलालेख अस्पष्ट हिंदी भाषामें लिखा हुआ चरणोंके पास भी है मंदिरकी ओर अंधेरा बहुत है । दूसरा उत्तराभिमुख मंदिर जिसमें श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिमा कायोत्सर्ग ३॥ हाथ ऊँची काले पाषाणकी, व आठ मूर्तियां कायोत्सर्ग करीव १॥ फुट ऊँची विराजमान हैं । इस मंदिरके पास एक और मन्दिरमें २ कायोत्सर्ग प्रतिमा बाहरकी तरफ विराजमान हैं । इस मंदिरमें नकाशीका काम बहुत खूबसूरत देखने योग्य है ।

इन मंदिरोंका प्रबंध शेठ नेमचंद वालचंद धाराशिववालोंके हाथमें है इनकी तरफसे एक पुजारी पूजन प्रक्षाल करता है । यहांपर माघ वदी ६ को हरसाल बड़ा भारी मेला होता है ।

दहीगांव ।

(अतिशयक्षेत्र)

दहीगांव जिला सोलापुरके तालुका माळशिरसोमें आवाद है जो कि डिक्सल (G. I. P.) रेलवे स्टेशनसे २२ मील है । यहां लाखों रूपयोंकी लागतका एक बड़ा भारी दिगम्वर जैनमन्दिर और बहुत ऊंचा मानस्तम्भ है । जिसके कि शिखर कई मीलसे दिखलाई देते हैं । इस गांवकी मनुष्य संख्या १००० के लगभग है, जिसमें जैनियोंकी संख्या ६० तथा ११ घर हैं । इस मन्दिरके मूलनायक श्रीमहावीरस्वामीकी

प्रतिष्ठा सम्वत् १९१२ में हुई थी। मन्दिरके एक स्थानमें श्रीमहतिसागर वाल ब्रह्मचारीजीके चरण हैं। ये ब्रह्मचारी कारंजा (बरार प्रान्त) निवासी नामी विद्वान् और धर्मात्मा होगये हैं। इन्होंने दक्षिण प्रान्तमें वास करनेवाले जैनी भाइयोंमें अपने अन्तमावस्थाके बहुतसे वर्ष व्यतीत करके धर्मोपदेश दे जैनियोंका श्रद्धान और आचरण ठीक कराया। इनका देहान्त इसी गांवमें विक्रम सम्वत १८८९ में हुआ, इनके शिष्य बालब्रह्मचारी 'हीराचंद अमोलक' ने इनके स्मरणार्थ, 'फलटन' आदि निकटवर्ती गांववालों द्वारा यह विशाल मन्दिर निर्मापण कराया। महतिसागरजीनें २४ तीर्थंकरोंके पंचकल्याणकके चरित्र मराठी काव्यमें तथा अनेक पद और अपना जीवनचरित्र भी लिखा है। दहीगांवके सरस्वती भंडारमें करीब १९० शास्त्र हैं। इस क्षेत्रमें मिती मंगसर वदी २ से ७ तक रथोत्सव प्रतिवर्ष होता है। जिसमें वदी पंचमी के दिनमें श्रीजीकी पालकी निकाल कर नदी किनारे पञ्चामृताभिषेक किया जाता है। और सप्तमीको एक बहुत मनोज्ञ और ऊंचे काष्ठके रथमें श्रीजितेन्द्रभगवानको विराजमान करके समस्त जैनीभाई अति उत्साहपूर्वक गांवके चारों ओर परिक्रमा देते हैं।

धारवाड़।

बम्बई हातेके दक्षिण महाराष्ट्र देशमें हुबली जंकशनसे १२ मील पश्चिमोत्तर धारवाड़का रेल्वे स्टेशन है, व धारवाड़ जिलेका सदरस्थान है।

धारवाड़में सन् १४०३ ई० में धाररावने किला बनवाया और शहर बसाया था। लुटेरोंके आक्रमणसे बचानेके लिये धारवाड़के चारों ओर मिट्टी और ईटोंकी दीवार बनी थी जो अबतक जीर्णावस्थामें मौजूद है।

देखने योग्य स्थानोंमें सबसे ऊंची भूमिपर कलेक्टरका आफिस, किला, और शहरसे लगभग डेड़ मीलकी दूरीपर एक पहाड़ी है। इसके ऊपर पत्थरसे बना हुआ जैनियोंका एक चौकोना मन्दिर था। उसके खंभोंमें से एक खंभेपर फारसी लेख है, जिसमें लिखा है कि सन् १६६० ई० में बीजापुरके बादशाहके डिपुटीने इस मन्दिरको मस्जिद बना लिया।

धारवाड़में रुई चांवलका बड़ा व्यापार होता है, यहांके जैलखानेके कैदी कपड़े कालीन और वेतकी चीजें बहुत सुन्दर बनाते हैं।

मनुष्य संख्या अनुमान ३३ हजार है दि० जैनियोंके पंचम, सैतवाल, बोगार, चतुर्थोंके ३८ घरोंकी १७३ मनुष्य संख्या है, एक जैनमन्दिर और २५ धर्मशास्त्र हैं।

धूलिया ।

यह ग्राम पूर्व खानदेशमें जिलेका सदर मुकाम (जी० आई० पी० रेल्वे) व वडे व्यापारकी वस्ती है । यहांपर दिगम्वरियोंके २० घर हैं जिनकी मनुष्यसंख्या ६० है। दि० जैन मन्दिर एक है । इसमें करीव ३० धर्मशास्त्र हैं। धूलियासे २४ मीलपर सुलतानपुरके और किलेके खण्डहर वहुत प्रसिद्ध हैं । दो मीलपर एक अनूठा कुआ है इसका गुम्वज और सीढ़ियां देखनेके योग्य हैं । धूलियासे ४० मीलके फासलेपर 'पिम्पलनीर नामका स्थान है । पिम्पलनीरमें बहुत पुरानी चीजें देखने योग्य हैं। उनमेंसे 'पालसेनका' पुराना मन्दिर और कई 'खोहें' बहुत अजीव हैं। इनमें पत्थरकी मूर्तियां निकली हैं।

धाराशीवकी खोहें ।

हैद्रावाद रि० के उस्मानावाद जिलेमें (जी. आय. पी.) रेल्वेकी शाखा वार्शी लैट रेलवेमें येडशी स्टेशनके पास धाराशीवसे करीव २ मीलके फासलेपर मशहूर खोहें या पर्वतोंको काटकर वने हुए दिगम्वर जैनमन्दिर हैं। ये खोहें गिनतीमें ९ हैं। प्राचीन कालमें करकंडु नामक राजाने पहाड़ी चट्टानें कटवाकर मन्दिर वनवाये थे, ऐसी 'पुण्याश्रव' नामक जैनग्रंथमें लिखा है । ९ में से ३ मट्टी आदिसे भरे हुए हैं और ३ में हिंसक जानवरोंका निवास है । एक खोह ठंडे और स्वच्छ पानीसे भरी हुई है, इसके ऊपरकी ओर श्री नंदीश्वरकी वड़ी प्रतिमा तथा अन्य २-३ प्रतिमाएँ हैं। यह नंदीश्वरकी प्रतिमा ७ वर्ष पहले पानी कम होनेसे निकालकर मंदिरमें रक्खी है। दूसरे दक्षिणाभिमुख मंदिरमें श्री पार्श्वनाथस्वामीकी वालूकी प्रतिमा रोगन की हुई करीव ८ फीट ऊँची पद्मासन धरणीधर सहित सुन्दर कमरेमें विद्यमान है। इसकी वाजूमें दो इंद्रोंकी ६ फीट ऊँची प्रतिमा (मूर्ति) वस्त्रालंकारसे भूषित कायोत्सर्ग स्थित है और उनके पास दो सिंह मट्टीके वने हुए रंगीन रोगन किये हुए हैं। ये मूर्तियां और खोहें खूवसूरत देखने योग्य हैं। इसके नजदीकके गुफामंदिरमें एक प्रतिमा करीव ५ फीट ऊँची कमरेमें है, और उसके पास श्रीनारद मुनिकी मूर्ति है। इसमें एक ब्राह्मण द्वारा पूजन प्रक्षाल होती है। यह २१ कोठरीकी खोह या गुफामंदिर वड़े वड़े पील पायोंपर खड़ी हैं । तीसरी खोहमें लोगोंकी वस्ती है, उसके पीछे वड़े वड़े खंभोंका एक दाहलान है, जिसमें श्रीशांतिनाथ स्वामीकी प्रतिमा पद्मासन विराजमान है । इस मंदिरमें प्रक्षाल प्रतिदिन होती है। श्रीपार्श्वनाथका गुफा मंदिर अकलंकदेव नामसे प्रसिद्ध है । इसमें श्री माणकवाई

वेणीचंदने १००) रुपया खर्च करके द्वार आदि बनवाये हैं। धाराशिवके दि० जैनियोंकी तरफसे पुजारी प्रतिदिन प्रक्षाल करता है। धाराशिवमें दिगम्बरी सैतवाल, दशाहूमड, कासार, खण्डेलवाल आदिके ७० घर व ३९६ मनुष्य हैं, और २ मंदिर हैं।

नासिक।

बम्बई अहातेके मध्य विभागमें नासिकरोडके रेल्वे स्टेशनसे ५ मील पश्चिमोत्तर 'गोदावरी' नदीके दोनों किनारोंपर जिलेका सदर स्थान हिन्दुओंका प्रसिद्ध तीर्थ नासिक है। रेल्वे स्टेशनसे शहर तक ट्रामगाड़ी चलती है, प्रति आदमीका महसूल एक आना लगता है। सवारीके लिये बैलगाड़ी तथा तांगे भी बहुत मिलते हैं स्टेशनके पास धर्मशाला है और शहरमें कई धर्मशालाएँ हैं।

कहते हैं कि रामचन्द्रजीने अपने बनवासका बहुतसा हिस्सा यहां व्यतीत किया था। इसी स्थानपर लंकाके राजा रावणकी बहिन सूर्पणखा की नासिका अर्थात् नाक काटी इसीसे इस स्थानका नाम नासिक होगया। ईस्वी सन्से लगभग २०० वर्ष पीछे तक अंधभृत्य बौद्ध राजाओंके अधिकारमें नासिक रहा, इसके बाद चालुक्य, राठौर, चण्डोर, यादव वंशके हिंदू राजाओंके आधीन रहा बादमें मुसलमानोंके अधिकारमें और सन् १७६०, १८१७ ई० तक महाराष्ट्रोंके आधीन रहा, और सन् १८१८ ई० में नासिक अंगरेज सरकारके अधिकारमें आगया।

महाराष्ट्र देशके लोग नासिकको काशी सरीखा पवित्र मानते हैं। प्रतिवर्ष बहुत यात्री आते हैं।

१२ वर्षपर सिंहराशिके बृहस्पति होते हैं तब नासिकमें बहुत बड़ा मेला भरता है।

नासिक कस्बेका बड़ा भाग गोदावरी नदीके दाहिने अर्थात् उसके दक्षिण पूर्वके किनारेपर ३ छोटे टीलोंपर फैलता हुआ लगभग एक मील चला गया है। देखने योग्य स्थान ये हैं:—

शहरके उत्तम नक्काशीदार मकान, पेशवाके महलोंमें कलक्टर की कचहरी, अस्पताल, हाईस्कूल, कपूरथलेके महाराजका समाधिमन्दिर, सुन्दर नारायणका मन्दिर, (इसमें कारीगरीका काम उत्तम है) बालाजीका मन्दिर, शिवका मन्दिर, गोदावरीसे पाव मील दूर रामचन्द्रजीका उत्तम मन्दिर और मन्दिरके पासका मंडप बहुत सुन्दर है। कहते हैं कि इस मन्दिरके बननेमें सात लाख रुपये लगे थे। गोदावरीके बायें किनारे आध मीलकी दूरीपर कई आंठियोंका वटवृक्ष है इसको लोग पंचवटी कहते हैं। पंचवटी

का मन्दिर सारे हिन्दुस्थानमें मशहूर है और पंचवटीके आसपासकी गुफाएँ, तपोवन. गोदावरीके कुंड, इनमें पंचवटीका कुंड, रामकुंड और सीताकुंड प्रसिद्ध है। और भी कई कुंड, गोदावरी के किनारेके घाट, मन्दिर, धर्मशालाएँ इनके सिवाय नासिकसे सवा चार मीलकी दूरीपर छोटी वड़ी २१ गुफाएँ हैं। इन गुफाओंको बौद्ध लोगोंने चौथी सदीमें बनवाया था, हिन्दुओंने इनका नाम पांडवगुफा प्रसिद्ध कर रक्खा है और बौद्धमूर्तियोंको हिन्दुमूर्तियां मानकर पूजते हैं। गुफाओंमें जोड़ किसी जगह नहीं हैं क्योंकि पहाड़ीके भीतरसे पत्थर निकालकर ये सम्पूर्ण गुफामन्दिर तैयार हुये हैं।

नासिक रोड स्टेशनसे ३ मील दक्षिण पश्चिम देवलालीका स्टेशन है। देवलाली स्वास्थ्यप्रद स्थान हैं. यहां बम्बई प्रान्तके आर्यसमाजियोंका गुरुकुल और सैनिकगृह बने हुये हैं।

पीतल और तांबेके वर्तनकी दस्तकारीके लिये नासिक प्रसिद्ध है, भारतवर्षके किसी शहरमें नासिकसे बढ़कर वर्तन नहीं बनते हैं, नासिकमें अंगूर, तरकारियां बड़ी अच्छी होती हैं और तांबे पीतलके वर्तनोंका बड़ा व्यापार होता है।

नासिककी मनुष्य संख्या अनुमान २५००० हजार हैं, ब्राह्मणोंकी संख्या सबसे अधिक है, दिगम्बर जैनियोंमें खंडेलवाल, परवारोंके ६ घरोंकी २२ मनुष्य संख्या है, एक जैनमन्दिर और दो जैनधर्मशालाएँ हैं।

पंढरपुर।

बम्बई हातेके दक्षिणी विभागके शोलापुर जिलेमें 'भीमानदी के दाहिने किनारेपर सबडिवीजनका प्रधान कस्वा और बम्बई हातेकी यात्राके मुख्य स्थानोंमेंसे एक पंढरपुर हिन्दुओंका तीर्थस्थान है। बार्सीरोडके स्टेशनसे पंढरपुर तक पक्की सड़क बनी है, इस सड़कसे घोड़ेकी डाकगाड़ी तांगे और बैलगाड़िया पंढरपुर तक जाती हैं। भीमानदी जिसको लोग भीमारथी भी कहते हैं इसके उत्तर किनारेसे पंढरपुर कस्बेका उत्तम दृश्य दीख पड़ता है।

पंढरपुर कस्बेका एक भाग जिसमें प्रसिद्ध विठलनाथका मन्दिर है, पांढरीकक्षेत्र करके प्रसिद्ध है, विठलनाथको लोग विठोवाभी कहते हैं। बाई ओर चांदीके पत्तरसे मढ़ा हुआ एक स्तम्भ है इसको यात्रीलोग अंकमाल कहते हैं। ५ फुट लम्बी इतनी ही चौड़ी एक कोठरी में पांडुवर्ण विठलनाथकी मूर्ति है। यहांपर चन्द्रभागा तीर्थ सोमतीर्थ

आदि हिन्दुओंके पवित्र स्थान हैं। कई देवमन्दिर और घाट और रामबागमें लक्ष्मीनरायण और कोदंडस्वामी का मन्दिर देखने योग्य है।

पंढरपुरमें प्रतिवर्ष ३ मेले भरते हैं जिनमें अनुमान लाख सवालाख आदमी आते हैं। मेलेके समय प्रत्येक यात्रीसे चार आना (टिकट) लिया जाता है। तीनों मेलों से म्यूनिसिपाल्टीको अनुमान ४०—५० हजारकी आम्दनी होती है।

पंढरपुरकी मनुष्य संख्या अनुमान २० हजार है। इनमें सैतवाल, दशाहूमड़, बीसाहूमड़, कासार, पंचमके १५४ घरोंकी मनुष्य संख्या ७२६ है। एक शिखरबंद चैत्यालय है, अनुमान ३०० धर्मशास्त्र हैं एक धर्मशाला जैन पाठशाला तथा दूसरे धर्मादा खाते भी हैं।

यहांसे चांवल, मकई, सन, दाल इत्यादि चीजें बाहर भेजी जाती हैं।

पावागढ़।

(सिद्धक्षेत्र)

रामसुवा वेण्णि जणा लाडणरिंदाण पंच कोडीओ।
पावागिरिवरसिहरे णिव्वाण गया णमो तेसिं॥

गुजरातके पंचमहाल जिलेमें (बी० बी० सी० आई० रेलवे) बड़ौदासे रतलाम जानेवाली लैनमें चांपानेर रोड स्टेशनसे १० मील तक छोटीसी रेलवे लैन पावागढ़ तक गई है। चांपानेर गांवमें एक जैन मन्दिर है जिसकी प्रतिष्ठा शोलापुरके शेठ 'गौतम नेमिचंदने' माघ सुदी ८ सं० १९४४ में कराई थी। इसमें १३ प्रतिमा और एक यंत्र ह, धर्मशालाएँ २ हैं, जिनमें करीब १००० यात्री ठहर सकते हैं। धर्मशास्त्र ४ हैं। पूजनप्रक्षालका प्रबन्ध अच्छा है। यहांपर मेला माघ सुदी १३ स ३ दिनतक सं० १८३८ स भरता हैं, जिसमें ५०० के अनुमान यात्री आते है। पहाड़की तलैटी पावागढ़ स्टेशनसे करीब ३ मील के है। रास्ताभी सीधा है। कहीं २ पुरानी सीढ़िया बनी हुई हैं, कंकड़ पत्थर बहुत फैले हुए हैं। थोड़ी दूर ऊंचे जाकर एक मुसलमानोंकी कबर रास्तेकी बगलमें मिलती है—रास्तेमें बड़े उंचे २ कई फाटक हैं। ५ वें फाटकके बाद छठवेंके बाहिर भींतमें एक दिगम्बर जैनप्रतिमा पद्मासन १॥ फीट ऊंची उकेरी हुई है। जिसपर संवत् ११३४ लिखा है। आगे चलकर ऊपर चढ़नेके रास्तेसे थोड़ा हटके नीचेको उतरके दो गुप्त कमरे हैं। ८३ सीढ़ी नीचे जाकर आगे मांचीका दरवाजा है। यहां एक छोटासा मकान पहरेवालोंके रहनेका बना हुआ है, और

एक 'तेलिया' नामक तालाव है, यहां एक दरगा भी वनी हुई है। आगे एक 'नवलखॉ' नामका कोठार तीन गुम्वजदार वना हुआ है । फिर 'पाटिया' पोल नामका दरवाजा, व आगे एक लकड़ीका पुल आता है, जिससे कि आगे और पीछेका पहाड़ जुड़ा हुआ-है। इसके रास्तेमें देखो तो दो वृक्षोंमें हजारों चिथडे लटके हुए हैं। अनजान मनुष्य इनको 'चिथडा देव' करके मानते हैं और एक चिथड़ा तो जरूर ही चढ़ाते हैं। आगे 'तारापोल' नामका दरवाजा पार करके नगारखानेका दरवाजा आता है, यहांसे "दिगम्बर जैनियोंके मन्दिर" शुरू होते हैं । लाखों रुपयोंकी लागतके पांच मन्दिर हैं जिनमें दिगम्बर जैन प्रतिमाएं व अनेक सुन्दर नकाशीके काम दीवालोंमें उंकेरे हुए हैं। परन्तु जीर्णावस्थामें हैं। भीतर प्रतिमा नहीं है, फिर 'छासिया' तालाव है यहां भी तीन मन्दिर विना प्रतिविम्वके जीर्ण पड़े हैं । इनमें एक मन्दिर शिखरवन्द विलकुल तय्यार है, सिर्फ एक तरफकी थोड़ी दिवाल गिर पड़ी है । फिर दूधिया नामका तालाव आता है, जो कि २० गज चौरस भूमिमें है। इसका जल दूधके समान स्वच्छ और मीठा है, किनारेपर घाट भी वना है यहां यात्री लोग हाथ पैर धोते हैं । इसीके ऊपर दो प्राचीन जीर्ण मन्दिर हैं, इनमेंसे एक मन्दिरका जीर्णोद्धार सं० १९३७ में परंडाके शेठ "गणेश गिरधरजीने कराया था । इस मन्दिरमें वहुत रमणीय १० प्रतिमाएं हैं। मूलनायक सुपार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिमा सं० १९३७ व प्र० का० 'कनककीर्ति' जी लिखा है । और वाकी प्रतिमाओंपर भी नीचे भांति लिखा हुआहै:- यानी (२) चंद्रप्रभु सं० १९३७ प्र० का० कनक कीर्तिजी, (३) अजितनाथ सं० १९३७ प्र० का० रामकीर्ति, (४) सुपार्श्वनाथ सं० १९३७ प्र० का० कनककीर्ति, (५) पार्श्वनाथ सं० १९४८, (६) आदिनाथ सं० १९३७, (७) अनन्तनाथ सं० १६६९ प्र० का० वादिभूषण गुरु, (८) आदिनाथ सं० १६४६ प्र० का० वादिभूषणजी, (९) महावीर स्वामी सं० १६६९ प्र० का० सुमतिकीर्तिजी, (१०) पार्श्वनाथ सं० १९३७, इस प्रकार १० दिगम्वर जैन प्रतिमाएँ हैं।

आगे फिर सीढ़ियां शुरू होती हैं इन सीढ़ियोंके दोनों तरफ ८ दि० जैन प्रतिमाएँ लगी हुई हैं, ऊपर चढ़के 'कालका देवी' का मन्दिर है इसको हिंदूलोग पूजने आते हैं। सीढ़ियोंमें प्रतिमाओंको देखकर अनुमान होता है कि जैनियोंकी वेखवरीसे अन्यमतिओंने हमारी पूज्य प्रतिमाओंका ऐसा निरादार किया है।

इन्हीं सीढ़ियोंसे एक तरफ थोड़ा चलके पहाड़की नोक आती है यहां पर 'श्रीरामचंद्र' जीके सुपुत्र 'लव और अंकुश' का निर्वाण स्थान है। यह स्थान साक्षात मोक्ष महल मालूम होता है। इस पहाड़पर से ५ कोटि मुनि मुक्ति पधारे हैं।

यहांपर माह सुदी १३ से १५ तक बड़ा मेला भरता है इस क्षेत्रके प्रबन्धकर्ता शेठ "लालचंद कहनदास" बड़ोदा निवासी हैं प्रबन्ध अच्छा है ।

पूना ।

पूना महाराष्ट्रमें बड़ा शहर है और 'मूला मूठा' नदियोंके संगमपर बसा हुआ है । इसका प्राचीन नाम 'पुण्यपत्तन' है, पहले यह छोटासा ग्राम था परन्तु जब सताराके राजा 'शाहुमहाराज' गद्दीपर विराजमान हुये तब उनके प्रधान बाजीराव पेशवाने इसको मरहठोंकी राजधानी बनाई । तबसे यह बड़ा शहर हुआ ।

वर्त्तमानमें भी यहां बम्बई के गवर्नर साहिब वर्सातके दिनोंमें प्रायः पूना में ही रहते हैं । यह शहर बम्बई अहातेकी फौजका सदर मुकाम है ।

पूनामें दिगम्बरियोंके घर ६७ हैं और मनुष्य संख्या २४० है । दिगम्बरियोंके ४ मन्दिर हैं । यहांपर सैतवाल जातिके गुरु स्वर्गवासी 'विशालकीर्ति' महाराजका 'मठ' और मन्दिर लोणार गल्लीमें है । धर्मशास्त्र मन्दिरोंमें २५ तथा डेक्कन कॉलेजकें ग्रंथ संग्रहालयमें २५० ऐसे कुल २७५ हैं । पार्वती नामक मशहूर मन्दिर इसी नामकी पहाड़ीपर नगरके दक्षिण पश्चिमकी तरफ है । देखनेके योग्य पहाड़ीके नीचे पेशवाओंका हीराबाग है अब इसमें टौन हॉल है । शहरमें तुलसीबाग, बेलबाग, रे मार्केट, सुप्रसिद्ध डेक्कन लायब्रेरी और ईसाईयोंके कई गिर्जे और कौंसिल हॉल, डेक्कन कॉलेज, इंजीनियर कॉलेज, जेल, सॅशन अस्पताल, डांक खाना, गमर्नमेंट हौस, बनस्पति बाग, स्टेशनसे ४ मील गणेशखिंडमें सरकारी मकान आदि चीजें देखने योग्य हैं ।

यहांपर सदर्नमरहठा रेलवेका तथा जी० आई० पी० रेलवेका बड़ा भारी स्टेशन हैं । गाड़ी घोड़ा आदि सवारी किरायेपर हर समय मिलती है ।

'किरकी' छावनी जो बम्बई अहाते के तोपखानेका सदर मुकाम है, स्टेशनसे ४ मील है । बम्बई अहातेके गोला बारूदका कारखाना स्टेशनसे ४॥ मील है मूला और मूठा दरयाओंका बन्ध, पानीकी चादरका दृश्य, सुंदर पुल, चित्रशालाप्रेस और सुहावने बाग वगैरः भी देखनेके लायक हैं ।

फलटण ।

फलटण रियासतकी राजधानी सातारा जिलेमें लोनंद (M. S. M.) स्टेशनसे करीब २० मील पर है । प्राचीन कालमें महाराष्ट्रमें यह नगर व्यापारके लिये प्रसिद्ध

था, कहते हैं कि प्रथम दिगम्बर जैन गुर्जर यहां व्यापारके लिये आये और कुछ दिन पीछे यहांसे सारे महाराष्ट्रमें फैल गये। वर्त्तमानमें रेल्वे लैन न होनेके कारण यहांका व्यापार कुछ घटतीपर है तो भी गुर्जर जाति के गृह करीव ११० हैं और अन्य दिगम्बर जैन जातिके २० हैं और उनकी मनुष्य संख्या कुल ५१० है। यहांपर दिगम्बरियोंके मन्दिर कुल ६ हैं जिनमें पांच शिखरबन्द और एक चैत्यालय है। १०० वर्ष पहिलके प्राचीन शिखरबन्द मन्दिर ४ हैं। एक मन्दिरमें सहस्रकूट जिनबिंब और दूसरेमें सिद्ध क्षेत्र सूचक शिखरजी के आकारका मंदिर अति मनोज्ञ है। मन्दिरोंमें ५०० धर्मशास्त्र के करीव हैं। और पांचों मन्दिरोंके 'भंडार खाते' पृथक २ हैं। पूजन प्रक्षाल आदिका प्रबन्ध सर्व मन्दिरोंमें अच्छा है।

करीव २० वर्ष पूर्वमें यहांपर प्रसिद्ध त्यागी महतिसागर महाराजके शिष्य बाल-ब्रह्मचारी 'हीराचन्द अमोलक' नामक धर्मनिष्ठ और संसार विरक्त कवि होगयें हैं। इन्होंने गुर्जर समाजमें से मिथ्यात्व अंधकार नष्ट करनेके लिये बहुत परिश्रम किया। और उनमें बड़ी भारी धर्म-सुधारणा की। हीराचन्दजीने काव्य युक्त धर्मग्रंथ हिंदी तथा मराठीमें बहुत लिखे हैं। इनकी काव्यवाणी अत्यंत मधुर और प्रासादिक है। आपकी मातृभाषा मराठी होनेपर भी हिन्दीमें अच्छी कविता करते थे।

यहांपर करीव दो हजार वर्ष पूर्वका एक जैनमन्दिर पत्थरका बना हुआ अति रमणीय है। इसके पत्थरमें खुदी हुई जिनबिंब अत्यन्त सुहावनी पाई जाती है। इससे मालूम होता है कि पूर्वमें यह जैनियोंका मन्दिर होगा। वर्त्तमानमें 'जम्रेश्वर महादेव' की मूर्ति इसमें विराजमान है। कहते हैं कि, इस मूर्तिके स्थानमें पहले दो दिगम्बर प्रतिमाएँ विराजमान थीं, इनको विधर्मियोंने उठाकर महादेवकी मूर्ति स्थापन की है। इस समय वे जैन प्रतिमाएँ श्रीआदिनाथस्वामीके मन्दिरके भोंहरमें रक्खी हुई हैं, जिनमें एक पाषाणकी मूर्ति करीव १ हाथ ऊंची कायोत्सर्ग श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी अति मनोज्ञ है, प्रतिमाके नीचे उनके मन्दिरका जीर्णोद्धार संवत १८९६ खुदा हुआ है।

आदिनाथ स्वामीके मन्दिरके पास पार्श्वनाथस्वामीके मन्दिरमें यह शिलालेख है। इसकी प्रतिष्ठा 'ईडरके' भट्टारक 'सुरेंद्र कीर्ति' जीके हाथसे हुई हैं।

शिलालेख।

सवत्१९१२ माघ शुद्ध ९ गुरुवासरे मूलसंघे-सरस्वती गच्छे बलात्कारगणे-कुन्दकुन्दाचार्यान्वये-भट्टारक श्री 'पद्मनंदी' देव तत्पट्टे श्री 'सकल' कीर्ति-तत्पट्टे 'भुवनकीर्ति-तत्पट्टे

'श्रीज्ञानभूषण' तत्पट्टे 'विजयकीर्ति'–तत्पट्टे 'शुभचन्द्र' तत्पट्टे 'सुमतिकीर्ति'–तत्पट्टे 'गुणकीर्ति'–तत्पट्टे 'वारीभूषण'–तत्पट्टे–'रामकीर्ति'–तत्पट्टे 'पद्मनंदी'—तत्पट्टे—'देवेन्द्रकीर्ति'–तत्पट्टे 'क्षेमकीर्ति'–तत्पट्टे 'नरेन्द्रकीर्ति'—तत्पट्टे 'विजयकीर्ति'–तत्पट्टे 'नेमिचन्द्र'–तत्पट्टे 'चन्द्रकीर्ति'–तत्पट्टे 'रामकीर्ति'–तत्पट्टे 'यशकीर्ति'– तत्पट्टे भट्टारक 'श्रीसुरेन्द्रकीर्ति' तस्योप देशात्........प्रतिष्ठितम्।

यहांसे करीब एक १ मीलपर फलटन जावली रास्तामें एक और प्राचीन गिरा हुआ जैन मन्दिर है इसमें श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिमा खंडित है।

इन मन्दिरोंके सिवाय श्री निंबाळकर सरकारका 'राजवाडा, श्रीराममन्दिर' आदि स्थान देखने योग्य हैं।

बंकुर।

दक्षिण हैदराबाद रियासतके कलबुर्गा जिलेमें शहाबाद रेलवे स्टेशनसे (G. I. P.) करीब २ मीलपर 'बंकुर' ग्राममें दक्षिणाभिमुख जिन चैत्यालय पत्थरका बना हुआ अति प्राचीन है। इस चैत्यालयमें चार 'गर्भालय' हैं। 'अन्तर्गर्भ' गृहके साम्हने बेदी है, और उसी तरफ एक जिनप्रतिमा करीब ६ फीट ऊंची कायोत्सर्ग विराजमान है। 'बहिर्गर्भ' गृहमें बाईं ओर श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिमा करीब २ हाथ ऊंची पद्मासनस्थ है, जिसके पास दो यक्ष खड़े हैं। और दूसरी बाजूमें श्रीआदिनाथस्वामीकी प्रतिमा करीब ४ फीट ऊंची कायोत्सर्ग पत्थरकी बनी हुई पद्मासन विराजमान है। इसके मध्यमें बेदिका है। और दो शासन देवियोंकी प्रतिमाएँ भी विराजमान हैं। बाहर एक दीवालमें पश्चिमाभिमुख श्रीमहावीरस्वामीकी प्रतिमा करीब ३ हाथ ऊंची पद्मासनस्थ सिंहासनपर विराजमान है जिसके दोनों ओर दो इन्द्र पत्थरके बने हुए खड़े हैं। इसके पास चोविसीकी प्रतिमा और उसके सामने रत्नत्रयकी प्रतिमा है।

इस मन्दिरके पूजन प्रक्षालके लिये एक जमीन करीब ८०) रुपया आमदनीकी इनाम है। तो भी उपाध्याय प्रक्षाल मात्र ही करता है।

बम्बई।

हिंदुस्थानमें सबसे बड़ा बंदर और बम्बई प्रान्तकी राजधानीका यही एक मुख्य शहर है। बम्बईकी पूर्वकी ओर जी० आय० पी० रेल्वेका 'बोरीबंदर (विक्टोरिया टर्मिनस) नामक प्रसिद्ध स्टेशन है। यहांसे कल्याण होकर नाशिकसे दिल्ली या

पञ्जाव तरफ रेल जाती है। और दूसरी रेल्वे लैन कल्याण जङ्कशन होकर पूना, रायचूर गई है । पश्चिममें वी० वी० एन्ड सी० आई० रेल्वेका मुख्य स्टेशन 'कोलावा' है वहांसे बड़ौदा अजमेर और दिल्लीतक रेल जाती है। जी० आई० पी० रेल्वेकी लोकल ट्रेन्स सवेरे ६ वजेसे रात्रिके १२ वजे तक कल्याणके वीच स्टेशनोंमें, तथा वी० बी० सी० आई० की लोकल ट्रेन्स वेसिन और वीचके स्टेशनोंमें आया जाया करती हैं। जिससे व्यापारी, नौकर, चाकर तथा प्रवासियोंको बड़ा सुभीता होता है। शहरमें चारों ओर विजलीकी ट्रामगाड़ी या तथा घोड़ा गाड़ी आदि सुभीतेसे किरायेपर मिलती हैं।

प्राचीन कालमें वम्वई छोटासा द्वीप पोर्तुगाल देशके वादशाहके आधीन था, उस समय मल्लाहों (ढीमरों) की पांच छह हजारकी वस्तीसे ज्यादा नहीं थी । वादमें १६६१ ई० में पोर्त्तगालके वादशाहने इंग्लिस्तानके वादशाह द्वितीय 'चार्ल्स' को दहेजमें अपनी 'मलका कैदरीन' ऑफ वरी गंजाकी शादीमें दे दिया था। परन्तु वादशहा चार्ल-सको यह दूरकी जागीर फायदेमंद न मालूम हुई, और १५६८ ईसवीमें इसको १० पौंड सालाना पर 'ईस्टइंडिया कंपनी' को दे दी। १७१३ में वम्वई द्वीप 'गवर्नरजनरल' के मातहत (आधीन) हो गया और उसी समयसे यह अहाता वनगया, और वम्वई शहरका भाग्योदय आरंभ हूआ। वर्त्तमानमें पृथ्वीके वड़े वड़े शहरोंमें इसकी गणना (गिनती) की जाती है।

इस समय इसकी खूबसूअत से दे[illegible] तिजारतके लिये अच्छे मौकेपर होनेके सवव एसियाके सव शहरोंमें वढ़कर क्रॉफर्डमार्[illegible] शहरके पूर्वी किनारेपर फैला हुआ है। और उस पर वेशुमार देशी 'किशतिय[illegible]व–नौकाएं)' सुन्दर मालूम होती हैं। वंदर 'जहाजों' और अगनवोटोंके लिये वेजोखम (विनाधोखे) की जगह है। शहरके इधरके हिस्सेमें आवादी वड़ी घनी है।

यहांकी मनुष्य संख्या करीव दसलाख है जिसमें पृथ्वीपरके हर धर्म और हर जातिके मनुष्य दृष्टिगोचर होते हैं। दिगम्बर जैनियोंकी मनुष्य संख्या करीव २००० व गृहसंख्या करीव ३०० के है। यहांपर दिगम्बर जैनियोंका मन्दिर दूसरे भोईवाड़ेमें मारवाड़ियोंका तथा एक गुजरातियोंका गुलालवाड़ीमें है।

दानवीर जैनकुलभूषण शेठ 'माणिकचंद हीराचंदजी जवेरीने' अपने पूर्वजोंके स्मरणार्थ 'शेठ हीराचंद गुमानजी धर्मशाळा हीरावाग' और 'तारदेव' के रास्तेपर जैन 'वोर्डिंग स्कूल' स्थापित किया है। इस धर्मशालामें दिगम्बर श्वेताम्बर स्थानकवासी तथा उच्च-वर्णोंके हिन्दु वड़े सुभीतेसे ८ दिनतक ठहर सकते हैं।

इस धर्मशालाका ऐसा अच्छा सुप्रबंध है कि शायद ही ऐसा अच्छा प्रबंध: अन्यत्रकी धर्मशालाओंमें होवे, यात्रियोंको, बहुत आराम मिलता है। और इसी धर्मशालामें 'श्री ऐलक पन्नालालजी जैन औषधालय' नामक धर्मार्थ दवाखाना भी खोला है। हीराबागमें 'भारतवर्षीय दि० जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी' का आफिस जिसके द्वारा प्रायः सब तीर्थक्षेत्रोंका सुप्रबंध होता है, दि० जैन 'प्रान्तिकसभा' (बम्बई) का आफिस, इस सभा द्वारा प्रसिद्ध 'जैनमित्र' नामक पाक्षिकपत्र भी प्रकाशित होता है।

"श्रीजैनग्रंथरत्नाकर' कार्यालय, जिसमें कि सर्व प्रकारके छपे हुए शुद्ध जैनग्रंथ मिलते हैं, आदि कई जैन संस्थाएँ हैं। सर्व साधारण के उपयोगार्थ 'वाचनालय' लेक्चरहाल (व्याख्यानभवन) भी है।

शेठ सा० का मकान चौपाटीपर रेल्वे फाटकके पास अच्छा बना हुवा है जो कि 'रत्नाकर पॅलेस नामसे प्रसिद्ध है। यहां एक अति सुन्दर चैत्यालय भी है। इस चैत्यालयमें हर भाद्रपदमें पर्यूषण (दशलाक्षणपर्व) के अंतमें बड़ा भारी उत्सव होता है । शेठजी सा० अत्यंत धर्मप्रेमी, सम्यक्त्व दृष्टि व लोकप्रिय जैन जातिके अगुआ हैं। आपको गवर्मेंटने भी जे. पी. (जस्टीस ऑफ दी पीस) शान्ति स्थापक जज्ज (न्यायाधीश) की पदवी प्रदानकर विभूषित किया है। तारदेव पर जैनबोर्डिंग हौसहै, इस बोर्डिंगमें अंग्रेजीकी उच्चशिक्षा प्राप्त करनेवाले विद्यार्थी रहते हैं। इसके पासही उसी मकानके 'जुबिली' बाग नामक स्थानमें उपर्युत शेठजी साहेबकी पुत्री ... गनबहेनने अपने तन-मन-धनसे अपना अमूल्य समय खर्च करके 'श्राविकाश्रम'... वस्था स्थापित की है इसका सब प्रवन्ध आप स्वयं ही कररही हैं। इसमें जैन स्त्रियोंकी सधवा तथा कुमारिकाओंकी उनके जीवन निर्वाह के योग्य मुफ्तमें धार्मिक तथा लौकिक शिक्षा दी जाती है। यहांपर भी संवत् १९६७ में 'चैत्यालय' बनवाकर बड़ी धूमधामसे बिम्ब स्थापना हुई है।

बम्बईके पास 'एलिफन्टा' खोहों देखने योग्य हैं जो 'टकसाल' के पास 'मजगांव' या 'अपॉलो बन्दर' से जहाजसे एक घंटेका रास्ता है। 'बसीन' में पोर्तगालवालोंके पुराने किलोंके खंडहर देखनेके योग्य हैं, समुद्रके रास्ते आनेसे बसीनका सफर (यात्रा) बड़ा भला मालूम होता है, और अगर आते हुए रस्ता बदलना मन्जूर हो तो बम्बई बड़ोदा सेन्ट्रल इंडिया रेलवेमें बसीन रोड़ स्टेशनसे सवार होकर बम्बई आ सकते है।

बम्बई बड़ोदा रेल्वे की 'अंधेरी' स्टेशनसे एक या डेढ़मीलकी दूरीपर अंधेरीकी गुफा है, यह भारी गुफा जमीनके अन्दर है, गुफाके मध्यमें बुद्धदेवकी मूर्ति है। और

वम्बई वड़ोदा रेलवेके ही 'वरोली' स्टेशनसे ६–७ मीलकी दूरीपर कनेरीकी प्रसिद्ध बौद्ध गुफाएँ देखने योग्य हैं, सैकड़ों गुफाएँ पहाड़ को तोड़ कर वनाई गई हैं, कोई कोई गुफाएँ तो इतनी भारी हैं कि, उनमें दो तीन हजार आदमी वैठ सक्ते हैं। स्टेशनसे गुफाओं तकका रास्ता खराव है, सवारी किसी प्रकारकी जा नहीं सकती है। रास्तेमें सुहावना जंगल पड़ता है। गुफाओंसे दो मीलकी दूरीपर पहाड़के नीचे 'विहार और तुलसी' नामक झीलें, जिनसे नलों द्वारा वम्बई में पानी आताहै, देखनेके योग्य हैं।

वम्बईमें यों तो वहुत स्थान देखने योग्य हैं, परन्तु मुख्य ये हैं:—

(१) प्रोंगका 'लाइटहाऊस' याने मुनारा जिसपर जहाजोंको रास्ता दिखानेके लिये रोशनी की जाती है, देखनेके लिये टिकट वन्दरगाहके अफसरसे मिलते हैं।

(२) कुलावेका 'गिर्जा' जो उन लोगोंकी यादगारीमें वनाया गया था, जो अफगानिस्तानकी पहिली लड़ाईमें मारे गये थे, सवेरेसे शामतक खुला रहता है।

(३) एलफिन्स्टोन सर्कलमें रॉयल 'एशियाटिक सोसायटी' की वम्बई शाखाका कुतुवखाना और अजायवखाना, जो कि ९ वजे सवेरेसे साढ़े छह वजे शामतक खुला रहता है, किसी मेम्वर की सिफारससे देख सकते हैं।

(४) एलफिन्स्टोन सर्कलमें टाउन हॉलके पास शाही 'टकसाल' रोज खुलता है। टकसालके अफसरकी इजाजत से देख सकते हैं।

(५) एस्प्लेनेड रोडपर क्रॉफर्डमार्किट।

(६) गवर्नमेंट डॉकायार्ड याने 'जहाज गोदाम' और कारखाने अपॉलो स्ट्रीटमें सोमवार और गुरुवारको अफसरसे दरख्वास्त करनेपर देख सकते हैं।

(७) मेयो रोडपर सरकारी दफतर और हाईकोर्ट।

(८) एसप्लेनेड रोडपर 'राधावाई टॉवर और सर कॉवसजीका यूनिवर्सिटी हॉल।

(९) भुलेश्वर रोडपर भुलेश्वरका मन्दिर।

(१०) शेकमेमन स्ट्रीटपर मुम्वादेवीका मन्दिर।

(११) भिंडी वजारके कोनेमें जे. जे. हास्पिटल और ग्रॅान्ट 'मेडिकल कॉलेज'; ग्रॅाट मेडिकल अफसरकी इजाजतसे देख सकते है।

(१२) वायकला स्टेशनके पास ट्रॉमडिपोके सामने 'व्हिकटोरिया गार्डन' (रानीवाग)।

(१३) परेलमें रूई कातनेकी कलें तथा डेविड सासुन 'सिल्कमिल' (रेशमकी गिरनी)

(१४) चौपाटीमें रत्नाकरपॅलेस और दिगम्बर जैनियोंका चैत्यालय और बाबुल-नाथका मन्दिर बावनगंगा ।

(१५) मलाबार पहाड़ीका हौज और मलाबार की बस्ती ।

(१६) पायधूनीपर श्वेताम्बरियोंके मन्दिर ।

(१७) हार्नबाई रोडपर जी० आई० पी० रेल्वे का विक्टोरियाटर्मिनम (बोरीबंदर) स्टेशन म्यूनिसिपाल्टीका दफ्तर, टाईम्स ऑफ इंडिया का आफिस, और आर्टस्कूल ।

(१८) फोर्ट (किला) के रास्तेपर बोरीबंदरके पास जनरल 'पोष्ट आफिस और 'फोर्ट'; फोर्टमें महाराजा सप्तम एडवर्डकी 'अश्वारूढ़ मूर्ति' महाराणी 'विक्टोरिया' की संगमरमरकी मूर्ति, ।

(१९) चौपाटी में 'चुपकासुनारा' पारसी पंचायतके सेक्रेटरीसे देखने के लिये टिकट मिलते हैं ।

(२०) अपालो बन्दरमें 'ताजमहल होटल' और इसीके आस पासके कई होटल ।

बम्बई में रुईके बड़े बड़े कारखाने हैं । यहांकी आवहवा अच्छी नहीं है । गर्मीके दिनोंमें यहां ज्यादा गर्मी नहीं होती, और न ठंडके दिनोंमें अधिक ठंड होती है । कारण वस्ती बहुत घनी बसी हुई है ।

बड़ौदा ।

गुजरात प्रान्तमें, विश्वामित्री नामक छोटी नदीके पूर्व बड़ौदा महाराजकी राजधानी और राज्यका प्रधान शहर बड़ौदा है ।

बड़ौदाके राजा लोग गायकवाड़ कहलाते हैं, इसका अर्थ गायका पालनेवाला है, जिस समय मरहठोंका राज्य उन्नतिपर था, इनमें का एक सर्दार जिसे गायकवाड़ कहते थे, बडौदाका अध्यक्ष बनाया गया, इसके वंशमें 'दामाजी' गायकवाड़ अधिक वीर हुये, और पेशवासे झगड़ा करके अंग्रजोंकी सहायतासे अपने राज्यको आधीन करलिया, बड़ौदाके किसी राजाने अंग्रेजोंके विरुद्ध युद्ध नहीं किया, बड़ौदा राज्यकी आमदनी निजाम हैद्राबादको छोड़ करके हिन्दुस्थानके सम्पूर्ण देशी रजवाड़ोंसे अधिक है, बड़ौदा के महाराजको अंग्रेज गवर्नमेंटको 'कर' (महसूल) नहीं देना पड़ता है, बम्बई हातेके

दूसरे देशी राजाओंके समान वड़ौदानरेश वम्वईके गवर्नरके आधीन नहीं है, परन्तु भारतवर्षके 'गवर्नरजनरल के आधीन हैं।

वर्त्तमान वड़ौदा महाराज सर 'सयाजीराव' गायकवाड़ सेना खास खेल शमसेर वहादुर जी० सी० एस० आई०, गद्दीपर विराजमान हैं, आप अंग्रेजी आदि कई विद्याओंमें अति चतुर हैं, आपके समयमें वड़ौदा राज्यमें विद्याकी वड़ी उन्नति हुई है, गांव गांवमें स्कूल लायब्रेरी (पुस्तकालय) खोले हैं, आप जैनियोंसे भी सहानुभूति रखते हैं जिस समय वड़ौदामें 'जैनकान्फरेन्स' हुई थी उस समय आप स्वयं पधारे थे, आपने कई जैनग्रंथोंका गुजराती मराठी अनुवाद कराके प्रकाशित किये हैं। वड़ौदा नरेश आदर्श राजा हैं।

वड़ौदाकी मनुष्यसंख्या अनुमान् सवालाख है, मनुष्यगणनाके अनुसार यह भारतवर्षमें २५ वां, वम्वई हातेमें चौथा और गुजरातमें दूसरा शहर है।

वड़ौदामें दि० जैनियोंके मेवाड़ा जातिके २० घरोंकी मनुष्य संख्या ७९ है, २ मंदिर हैं। श्वेताम्वरियोंकी संख्या अधिक है।

रेल्वे स्टेशनके पास दो धर्मशालाएँ हैं, इनमें दीवान साहिवकी धर्मशाला वड़ी है। स्टेशनसे एक मील उत्तरकी ओर फौजी छावनी, रेजिडंसी और छावनीसे एक मील दक्षिण-पूर्वकी ओर शहर है स्टेशनसे शहर तक सवारी हर तरहकी मिलती है, शहरमें कई धर्मशालाएँ हैं।

देखने योग्य स्थान ये हैं:—

'जलकल' ४९ लाख रुपयेके खर्चसे तैयार होकर सन् १८९२ में खुली है। शहर से १८ मीलकी दूरीपर 'अजवाझील' जिसका कि क्षेत्रफल ४॥ वर्गमील है, इसी झीलसे शहरमें नल द्वारा पानी आता है।

'देवमन्दिर'—वड़ौदा शहरमें विठ्ठलजीका मन्दिर (इसके खर्च को महाराज की ओरसे वहुतसी 'जागीर' लगी है), खंडोवा देवीका मन्दिर, स्वामी नरायणका मन्दिर, सिद्धनाथका मन्दिर, आदि कई मन्दिर देखने योग्य हैं।

'वड़ावाग'—छावनी और शहरके वीचमें एक उत्तम वाग है। वागमें भांति भांतिके वृक्ष पौवे फूल लगे हुए हैं, फूल पत्तियोंका एक वंगला भी है, इस वागमें 'चिड़ियाखाना' जिसमें वाघ इत्यादि वनैले जन्तु और अनेक भांतिके पक्षी हैं।

खास शहरके चारों ओर प्रत्येक वगलमें आध मील लम्वी पक्की दीवार है, पूर्व फाटकसे पश्चिम फाटक तक और उत्तरसे दक्षिण फाटक तक सड़के वनी हुई हैं। मध्यमें

चारों सड़कोंके मेलपर एक छोटा चौखूटा बंगला है, उत्तरवाली सड़कके बगलोंमें, पहिले सयाजीरावका बनवाया हुआ पुराना 'राजमहल' लोगोंके भारी भारी मकान और दूकाने हैं।

राममहल—शहर पनाहके भीतर उत्तरवाली सड़कके दोनों बगलोंमें, पहिले सयाजीरावका बनवाया हुआ 'तीनमंजिला, बड़े विस्तार का राजमहल है।

'नजरबागका महल'—राजमहलमें 'नजरबाग' नामक बगीचा है, नजर बागमें मृत महाराज 'मल्हारराव' का बनवाया हुआ चौमंजिला महल है, इस महलमें महाराजके तीन करोड़ रुपयेकी लागतसे अधिक जवाहिरात और भूषण रक्खे हुये हैं। भूषणोंमें पांचसै बड़े बड़े हीरोंका 'कंठा' और ३० लाख रुपयोंकी लागतका मोतियोंका गलीचा प्रशंसनीय है। ऊपरका मंजिल राजशाही ठाटसे सजा हुआ है, महल अर्जी देनेपर देख सकते हैं।

'सोने और चांदीकी' तोपें—नजरबागसे दक्षिणकी ओर थोड़ी दूरपर एक अस्तबल के मकानमें दो सोनेकी दो चांदीकी तोपें गाड़ियोंपर रक्खी हैं।

'अखाड़ा'—नजरबागसे पीछे शहरके पूर्ववाले फाटकके पास अखाड़ा है, इसमें हाथी, गेंडे, भैंसे, भेंडें, और पहलवान लड़ाये जाते हैं।

'हाथीखाना'—चम्पानीर फाटकसे उत्तर, उत्तरकी शहर तलीमें हाथीखाना है, इसमें पहले सौ हाथी रहते थे, परन्तु अब थोडे हैं।

'तालाब'—चम्पानीर फाटकसे थोड़ी दूर शहरपनाहके बाहर 'शेरशाह' नामक तालाब लड़ीपुरा फाटकके पास 'सुरसागर' तालाब है।

'लक्ष्मीविलासमहल'—शहरसे पश्चिम एक बड़े मैदानमे वर्तमान वड़ौदानरेशका लक्ष्मीविलास नामक राजमहल है। महाराजने २७ लाख रुपयेके खर्चसे इस महलको बनवाया है। महलके बीचका भाग ११ मंजिलका और चारों ओरके भाग तीन मंजिल के हैं। महलसे ५० गज उत्तर बावड़ीकी शकलका 'नवलखा' कुआ है, इसका पानी नल द्वारा मोतीबाग नजरबाग और दूसरे स्थानोंमें पहुंचाया जाता है। महलके मैदान के पूर्व बगलमें सड़कके पासकी दुमंजिली तिमंजिली इमारतोंमें महाराजके न्यायविभागकी कचहरियां और दफ्तर हैं।

इसके सिवाय शहर तलीसे पश्चिम और दक्षिणकी तरफके बंगले महाराजके सुन्दर बाग, शहर तलियों में जेलखाना, सर्कारी आफिस, हाईस्कूल, यमुनाबाई अस्पताल

महाराजकी लायब्रेरी, सुन्दर मकान और रुई कातने की कलें, कपडा बुनने की :मिलें, देखने योग्य है ।

वडोदामें कपास, और कपड़े का व्यापार अधिक होता है ।

वादामीके गुफामन्दिर ।

वम्बई अहातेके वीजापुर जिलेमें तालुकाका सदर स्थान वादामी एक छोटासा कसवा और 'मद्रास—सदर्न मराठा रेलवे' लैनकी गदग शाखापर स्टेशन है । स्टेशनसे वादामी गांव करीव १॥ मील रह जाता है ।

वादामी गांवके पास करीव १॥ मील दक्षिणमें तथा पूर्वमें दो प्राचीन पहाड़ी किले हैं । दक्षिणवाली पहाड़ीके पश्चिमी वगलमें छठी सदीके वने हुए हिंदुओंके तीन गुफा-मन्दिर और जैनियोंका एक गुफामन्दिर है । जिनके कारण वादामी प्रसिद्ध है । वादामी गांवमें दिगम्वर जैनियोंकी वस्ती विलकुल नहीं है । पहाड़पर चढ़नेसे प्रथम 'महादेवका गुफामन्दिर आता है । यह मामूली मन्दिर है ।

पहिले गुफामन्दिरसे दूसरे गुफामन्दिरको सीढ़ियां गई हैं । अगवासमें उत्तर मुखकी ४ मेहरावें हैं। इस गुफामन्दिरमें मुख्य स्थानपर मूर्ति नहीं है, परन्तु इसके पश्चिम भागमें 'वामनजी' की वहुत वड़ी और पूर्वी वगलमें 'वराह' की साधारण पाषाणमें खुदी हुई मूर्ति है ।

तीसरा गुफामन्दिर यहांकी सव गुफाओंसे उत्तम है । इस मंदिरमें कारीगरने अपनी शिल्पचातुर्यका अच्छा परिचय दिया है । इसमें मूर्ति नहीं है । मध्य भागमें छत्तपर नवग्रहोंकी मूर्तियाँ हैं । इसमें ८ स्तंभ हैं जिनमें खुदाईका काम वहुत अच्छा है । इस गुफामन्दिरके पूर्व वगलकी वाह्यांगपर पत्थर निकाल कर विष्णु, शेषशाई, वराह आदि देवताओंकी मूर्तियां तथा पश्चिम तथा दक्षिण वगलमें वामन, नरसिंह, परुषराम आदि-कोंकी मूर्तियां वनाई हुई दर्शनीय हैं ।

तीसरी गुफाके पूर्व ७ फीट ऊंची दीवार है, जो चौथी गुफाको जुदा करती है यह चौथी गुफा खास जैनगुफामन्दिर है । ये गुफामन्दिर सवसे ऊंचा है, और मन्दिर छो-टासा है तो भी उसमें चार दहलान हैं । अन्दरके दहलानमें श्रीजिनेंद्र देवकी मूर्ति करीव ३ फीट ऊंची पद्मासन सिंहासनाधिष्ठित है जिसकी दोनों वगलोंमें इन्द्र चमर लेकर खड़े हैं ।

दूसरा दहलान करीब ३० फीट लम्बा और ७ फीट चौड़ा है, इसके मुख्य द्वारके सीधी बगलमें पत्थरमें खुदी हुई चौबीसीकी प्रतिमा, श्रीपार्श्वनाथ तीर्थंकरकी कायोत्सर्ग १॥ फीट ऊंची प्रतिमा और दो प्रतिमाएँ विराजमान हैं। चौबीसीके मध्यमें करीब ६ फीट ऊंची प्रतिमा हैं। और इसीके माफ़क बांई बगलमें भी उकेरी हुई प्रतिमाएँ हैं।

जैनगुफाकी अगवासमें मैहराबदार ६ स्तम्भ बने हैं जिनपर चारों ओर मूर्तियां बनी हैं।

तीसरे दहलानके सीधी बगलमें श्री 'बाहुबली स्वामी' की करीब ७ फीट ऊंची कायोत्सर्ग और वीतराग मुद्राधारी प्रतिमा है और उसकी सन्मुख श्रीपार्श्वनाथस्वामी की प्रतिमा ७ फीट ऊंची कायोतसर्ग विराजमान है। इसके पास एक चौबीसीकी व और कई प्रतिमाएँ उकेरी हुई हैं। इस गुफाके प्रवेशद्वारके पास एक और पद्मासन प्रतिमा विराजमान है। मलपर्वा नदीके किनारे कई जैन मन्दिर हैं।

ताम्रपट और शिलालेख जो इस समय मिलते हैं उनसे सिद्ध होता है कि यह गुफा-मन्दिर वातापी (बादामी) के प्रसिद्ध चालुक्यवंशके राजा 'पुलकेशी' ने शके ५३३ में बनवाया था। प्रत्येक जैनीको अपना प्राचीन जैन वैभवसूचक स्थान देखना चाहिये।

बाबानगर।

(अतिशयक्षेत्र)

उत्तर 'कनडा' प्रान्तांतर्गत जिला 'बीजापुर' में मद्रास ऐन्ड सदर्न मराठा रेल्वे लाईनपर बीजापुर स्टेशनसे २० मील यह अतिशयक्षेत्र है। रास्ता अच्छा है तथा स्टेशनपर सवारी हरवक्त किरायेपर मिलती है।

यहांपर दिगम्बर जैनियोंके घर १० और ३५ मनुष्य संख्या है।

यहां के प्राचीन मन्दिरका जीर्णोद्धार इंडी निवासी शेठ 'वालचंद माणिकचंद' के पितामहने कराया था, और तबसे मन्दिरका प्रबंध उनके आधीन है। इस पूर्वाभिमुखी मन्दिरमें मूल नायक श्रीमत्पार्श्वनाथकी हरितवर्ण पाषाणकी अति सुन्दर और कला-कौशल्य युक्त कायोत्सर्ग करीब १। हाथ ऊंची प्रतिमा सिंहासनपर विराजमान है। इसके दोनों तरफ़ यक्ष यक्षिणीकी प्रतिमाएं हैं। पूजन प्रक्षालका प्रबन्ध अच्छा है।

तीर्थक्षेत्र होनेसे यात्रियोंका आवागमन होता रहता है। विशेषकर फाल्गुन मासमें रथोत्सवके समयमें करीब एक हजार यात्री एकत्रित होते हैं।

कहते हैं कि प्राचीन कालमें यह प्रान्त कल्याणके राजा 'विजलंक' के अधिकारमें था, जो धर्मकार्यरत और जैनधर्मसे प्रीति रखनेवाला था। कुछ वर्षोंके वाद यहांपर मुसलमानोंने चढ़ाई की और उन्होंनें सव मूर्तियां वावड़ीमें फेंक दीं और राजा अपने रक्षाके लिये भाग गये, परन्तु यह प्रतिमा भूलसे वीजापुरके किलेके मन्दिरमें वैसी ही रह गई। वीजापुरके वादशाहके 'तासवीवी' नामक एक राजकन्या थी, वह इस मूर्तिको देखकर इसके साथ वहुत प्रसन्नता से खेलती थी। जव इस मूर्तिको वादशाहने देखा तव मूर्ति की शोभापर मुग्ध होकर अपने सिंहासनके पास स्थापना की।

उसी समय 'वावानगर' के एक जैन पुरोहितको स्वप्न हुआ कि 'वादशाहकी औरतके पेटमें शूल उठा है और वादशाहने उसको मिटानेके लिये वहुत उपाय किये परन्तु सव निष्फल हुए। तो वहां चलकर मंत्रसे जल सिंचन कर शूलको मिटा दो और इस उपकारके वदलेमें राजा के पासकी मूर्तिको लाकर यहांके मन्दिरमें विराजमान करदो। स्वप्न होनेके वाद जागा और इधर उधर देखने लगा परन्तु वहां कुछ नहीं था। थोड़ी देरमें वीजापुरको चला गया और वादशाहको अपने आगमंन की खवर दी।

वीजापुर।

मद्रास सदर्न मराठा रेल्वे लेनपर होटगी जंक्शनसे ९८ मील वीजापुरका रेल्वे स्टेशन है। रेल्वे स्टेशनसे पश्चिम प्रायः गोलाकार शकलमें वीजापुर शहर है। शहरमें जानेके लिये घोड़ा गाड़ी, वैलगाड़ी आदि सवारी किरायेपर हमेशा मिलती हैं। वम्वई हातेके दक्षिणी विभागमें जिलेका सदर मुकाम वीजापुर एक प्राचीन नगर है इसका नाम पहिले विजयपुर था।

प्राचीन कालमें करीव सन् ईसवीकी दूसरी सदीमें यह नगर वातापी (वादामी) नगर राष्ट्रकूट खानदानके जैन राजाओंके आधीन था पश्चात् यह जिला कलचूरी और होसला वल्लालके अधिकारमें गया। ये राजा परमजैनी ही थे और इसही कारणसे इस प्रान्तमें सैकड़ों जैनमन्दिर, मन्दिरोंके खंडहर तथा मूर्तियां शिलालेखों सहित वर्तमानमें पाये जाते हैं। करीव १३ वीं सदीमें यादववंशके राजाने इसपर अपना सदर स्थान देवगिरी को वनाया था, दिल्लीके वादशाह अल्लाउदीनने यादववंशके नवें राजा रामरावको परास्त करके अपना अधिकार जमाया था।

सन् १६८६ में मुगल वादशाह औरंगजेवने वीजापुरको लेलिया, पश्चात् मुगलोंके राज्यकी घटतीके समय वीजापुर और उसके आस पासके प्रदेश महाराष्ट्रोंके आधीन

हुआ। सन् १८१८ में अंग्रेज सरकारने बीजापुरको पेशवासे लेकर सताराके राजाको दिया; किन्तु सन् १८४८ में सताराके राजाके निःसन्तान मरनेपर उसका राज्य बम्बई हातेके अंग्रेजी राज्यमें मिला लिया गया।

सन १९११ की मनुष्य गणनाके समय बीजापुर शहरमें दिगम्बर जैन दशाहूमड़ पंचम, कासार आदि जातियोंके २८ घर और १३० मनुष्य संख्या थी।

शहरमें दो अर्वाचीन दिगम्बर जैन मन्दिर हैं, और एक धर्मशाला है। दोनों मन्दिरोंमें पूजन प्रक्षालका प्रबन्ध योग्य रीतिसे होता है। धर्मशास्त्र केवल दस हैं। शहरमें यात्री तथा प्रवासियोंको हरप्रकारका सुभीता है।

बीजापुरसे करीब दो मीलपर १५ वर्ष पूर्वमें जमीनमें गड़ा हुआ अति प्राचीन कलाकौशल्य युक्त श्रीपार्श्वनाथस्वामीका मन्दिर मिला था, जिसमें श्रीपार्श्वनाथस्वामी की प्रतिमा करीब १ हाथ ऊंची १०८ सर्पफणा मंडित पद्मासन विराजमान है। सिंहासनपर कनडा लिपीमें एक शिलालेख खुदा है, परन्तु घिसजानेके कारण पढ़ नहीं जाता है। इस मंदिरमें बीजापुरके जैन पंचोंकी तरफसे पूजन प्रक्षाल योग्य रीतिसे होती है। इस मंदिरकी कारीगरी देखने योग्य है।

प्रतिमाएँ दर्शन करने योग्य मुसलमानों के समयमें जैनमंदिरोंको तोड़फोड़ कर चन्दा बावड़ीमें फेंक दी थीं, और किलेमें मिली हुई प्रतिमाएँ इस समय अंग्रेज गवर्नमेंटने निकलवा कर 'बोली गुमज' नामक मस्जिदके साम्हने संग्रहालयमें रक्खी हैं, ये सब मिलकर ९ हैं। एक श्रीपार्श्वनाथ तीर्थंकरकी प्रतिमा सर्पफणाधिष्ठित करीब तीन हाथ ऊँची पद्मासन कृष्णवर्ण पाषाणकी है। इसके सिंहासनपर शासन काल १२३२ लिखा है, प्रतिमाओंके शेष लेख अस्पष्ट है। दो प्रतिमाएँ क्रमसे २॥—३ फीट ऊँची हैं। तीसरी प्रतिमा श्रीशांतिनाथस्वामीकी है। चन्दाबावड़ीमेंसे निकली हुई तीन प्रतिमाएँ करीब १ फुट ऊँची स्फटिक पाषाणकी हैं जिनमे एक शीर्षसे खण्डित है और उसके सिंहासनपर कनडा भाषामें एक लेख है उसमें प्रतिष्ठाकाल १००१ है और "विजयसूरी" प्रतिष्ठाचार्यके नामका उल्लेख है। इंडीके छोटे मन्दिरमें एक अप्रतीम पाषाणका बना हुआ भामण्डल और बड़े मंदिरमें चौवीसीकी प्रतिमा विराजमान है। कई लोग कहते हैं कि बीजापुरमें दरगाकी वस्तिमें ये प्रतिमा मिली थी।

गोल गुम्बज—नगरकी पूर्वकी दीवारके भीतर रेलवे स्टेशनके पास बीजापुरके ७ वें बादशाह महम्मद आदिलशाहका उत्तम मकबरा है जो गोल गुंवज कहलाता है। इतना बड़ा गुंबज किसी देशमें नहीं है। इसको 'बोली गुंबज' (Dome of Speede) भी

कहते हैं और यह नाम इस गुंवजका सार्थक ही मालूम पडता है। यह इमारत करीव दो हजार फीट ऊँची वर्तुलाकार है। गोल गुंवजके मीनारोंके शिरोभागपर जानेके लिये मीनारोंके भीतर चक्करदार सीढ़ियां वनी हुई हैं। ऊपर चढ़ जानेसे चारों ओर दूर २ की वस्तु देख पडती हैं और ऊपर वोलनेसे जो प्रतिध्वनी निकलती है वह वडी आश्चर्य-कारक निकलती है।

यहां सिवाय देखने योग्य जुम्मामस्जिद, इब्राहीम-रोजा अशरोशरीफका महल, पुरानी मसजिद, दूसरी पुरानी मसजिद, आनन्द महल (जिसमें असिस्टेंट कलेक्टर रहते है) सतखना महल, चीन महल, मक्का मसजिद, दूसरा अली आदिलशाहका मकवरा आदि हैं। इनमें दोनों पुरानी मसजिदें खास हिंदू या जैनमंदिरोंके पत्थर तथा स्तंभोंसे वनी हुई हैं। पहिलेकी मसजिदके मध्यकी लैनके उत्तर वगलके पास नकाशीदार एक काले स्तंभपर कनडा अक्षरोंमें एक शिलालेख है और अन्य कई चारों तरफके स्तंभोंपर संस्कृतमें और चन्द कनड़ा अक्षरोंमें शिलालेख हैं। एक लेख सन् १३२० ईसवीका मालूम होता है।

सिंह वुर्जपर मालक मदान नामक एक वडी तोप है, जिसके मुखके दोनों तरफ हाथीको निगलता हुए भूत जैसा मुख वना हुआ है। कहते हैं कि इसकी आवाज १२ कोस तक सुननेमें आती थी और अलावा इसकी आवाजसे गर्भवती स्त्रियोंके गर्भपात भी हो जाते थे।

यहांसे करीव १७ मीलकी दूरीपर वावानगर नामक दिगंवर जैनियोंका अति-शय क्षेत्र है।

वीजापुरमें व्यापार विशेषकर अनाज और कपासका ही अधिक होता है।

वार्सी।

शोलापुर जिलेमें जी. आई. पी, रेलवेकी मुंबई रायचूर शाखापर वार्सी रोड नामका स्टेशन है। स्टेशनसे वार्सी तक करीव २१ मीलके वार्सी लेट रेलवे लेन जाती है। स्टेशनपर सवारी किरायेसे हमेशा मिलती हैं।

वार्सी टोनमें दिगम्वर जैनियोंकी सैतवाल, दशाहूमड, लाड, काम्वोज, कासार आदि जातीके ७० घर हैं तथा मनुष्य संख्या २८१ है। शहरमें केवल एक शिखवन्द दि० जैनमंदिर है। पूजा प्रक्षाल प्रतिदिन होती है। परन्तु जैनियोंके इतने घर होनेपर भी पाठशाला आदि कुछ नहीं हैं। मन्दिरके पास एक छोटीसी धर्मशाला है।

यह हिन्दुओंका क्षेत्र है और उनके दो चार अच्छे २ मन्दिर भी हैं जिसमें भगवानका मंदिर देखने योग्य है। जुलाई और नवम्बरमें बड़े बड़े मेले भरते हैं।

व्यापार यहांपर कपडा गल्ला रुई आदिका अधिक होता है।

यहां सदरालाकी कचहरी, पुलिस (थाना), स्टेशन अस्पताल, पोष्टआफिस, और स्कूल भी हैं।

बेलगांव।

इस शहरका स्टेशन (Southern Marhatta Railway) अच्छा खूबसूरत बना हुआ है। जो कि बम्बई अहाते के जनूबी डिवीजनका जिला है। स्टेशनपर सवारी घोड़ा गाड़ी आदिकी हरवक्त किरायेपर मिलती हैं।

यहांपर बेलगांव जिलेके कलेक्टर, डाकखाने और तारके दफ्तरोंका सदर मुकाम है।

इस शहरमें दिगम्बर जैनियों के २३३ घर व ११४० मनुष्य संख्या है। दिगम्बरियों के ४ मन्दिर हैं।

इनमेंसे एक पञ्चायती मन्दिरमें मूलनायक प्रतिमा श्रीनेमिनाथस्वामीकी हरित मिश्रित वर्णकी अति मनोज्ञ विराजमान है। जोकि किलेके उत्तराभिमुख मन्दिरसे लाई गई है। इसकी सिंह पीठपर प्राचीन कनड़ा लिपी और भाषामें ७ पंक्तियां भी लिखी हैं जिनका अभिप्राय यह है कि "पट्टसहट्टणाधिपति मालुश्री जीवंमाने वाडवल हट्टी में (बेळगांवमें) यह श्रीनेमिनाथस्वामीकी प्रतिमा कराई। और उसके अष्टविधार्चन और जीर्णोद्धारके लिये एक खेत दिया।" जिस मन्दिरमें यह प्रतिमा विराजमान है, उसीके आश्रय यह खेत अभीतक बराबर चला आता है, जिसकी वार्षिक आम्दनी अनुमान ३००) है। बेलगांवके शेष दो मन्दिरोंमें भी मूलनायक प्रतिमाएँ किलेकी ही हैं। यहांपर धर्मशास्त्र करीब १०० के हैं जोकि श्रीयुत अण्णापा फत्नाप्पा चौगुले बीए. एल. एल. बी. वकील के पास मौजूद हैं।

बेलगांवकी पूर्व दिशाकी ओर काले मजबूत पत्थरोंसे बना हुआ एक विशाल किला करीब ३५० वर्षका प्राचीन है। जिस जगहमें यह किला बना हुआ है, उस जगहमें पहले एक सौ आठ जैन मन्दिर थे, जिनको बीजापुरके बादशाहके सरदार 'आसिफखां' ने तुड़वाकर उन्हीके पत्थरोंसे यह किला बनवाया था। किलेकी दिवालों के बीच २ में अनेक जगह नक्काशीदार पत्थर लगे हैं। कहीं चौखट, कहीं चरणपादुका और कहीं मूर्तियोंके पत्थर आदि इस बेतरतीबी व बेहूदीसे लगे हैं कि, जिनके देखनेसे साफ जाहिर

होरहा है, कि, यह किला जिनमंदिरोंके पत्थरोंसे ही बना है। अब इसमें केवल तीन मन्दिर शेष रहे हैं। जो कि अपनी लोकोत्तर कारीगरीसे घातक आसिफखांसे भी बचकर प्राचीन कारीगरी और जैनधर्मका गौरव बढ़ा रहे हैं। यद्यपि इनमें प्रतिमा विराजमान नहीं है, तब भी इनके दर्शन मात्रसे ही वंद्यभाव होते हैं। पहिला मन्दिर चतुर्मुख है। देखनेसे मालूम होता है, कि यह मन्दिरका मध्य कलशस्थान है। इसके तीन दरवाजोंकी बाहरी भीतरी कारीगरी और भीतरके वेदिकारूप आलोंकी बारीक कारीगरी अपूर्व है। दूसरे मंदिरमें ताला पड़ा हुआ रहता है। परन्तु बाहरकी कारीगरी देखनेसे अति आनन्द होता है। दरवाजेके ऊपर एक जिन प्रतिमा दोनों ओर यक्ष यक्षिणी सहित खुदी हुई हैं। कहते हैं कि इसके भीतरकी कारीगरी बहुत ही अच्छी है। इसका गर्भगृह भाग तोड़ दिया है।

सबसे बड़ा और उत्तम तीसरा मन्दिर, कमलवस्ती है। इसमें चार भाग हैं। पहिला भाग बड़ा और चौकोर है इसके बीचो बीच एक गोल बड़ा चकला रक्खा हुआ है। उसके ऊपर छतपरसे नीचेकी ओर लटकते हुए पांच छत्र हैं। इन छत्रोंकी पुरानी कारीगरी देखकर अत्यन्त आश्चर्य होता है। और दृष्टि वहीं अटकी रह जाती है। इन कमलोंके पत्ते बड़े बारीक हैं, जिनपर नक्काशीका अपूर्व काम हो रहा है। खुदाई और पत्थर दोनों इतने मजबूत हैं कि, इनको बने करीब ८०० वर्ष बीतनेपर भी ऐसा मालूम होता है मानो अभी खुदे हैं। इसी चौकके गोलाकार गुम्बजकी दीवालोंपर अनेक जिन मूर्तियां खुदी हुई हैं। जोकि. बिलकुल अखण्डित हैं। स्तम्भोंके पत्थर और उनकी घुटाई ऐसी अपूर्व है कि जिनमें मुख अच्छी तरह कांचके समान दीखता है। इन्हीं कमलोंसे इस मंदिरका नाम कमलवस्ती पड़ा है। यह भी पूजन और धर्मध्यान करनेका स्थान एक अजीब प्रतीत होता है। इस चौकके बाद एक छोटा दीवानखाना है। उसके बाद एक दरी अनन्तर गर्भगृह है। जिसमें वेदी, सिंहासन आदि ज्योंके त्यों बने हुए हैं। इसलिये इस मन्दिरके प्रत्येक दरवाजे और चौखट आदि स्थानोंकी कारीगरी भारतवर्षमें देखने वालोंको जैनधर्मका गौरव बढ़ा रही है। यह मन्दिर किलेके गोदामघरके भीतर है भीतरसे साहिबकी आज्ञा लेनी पड़ती है। शहर देखने योग्य है। व्यापार यहां हर किस्मका होता है।

भड़ौंच।

बम्बई हालेके गुजरात देशमें 'नर्मदा' नदीके दाहिने किनारेपर मुहानेसे लगभग ३० मील पूर्व जिलेका सदरस्थान भड़ौंच है। बड़ौदा रेल्वे स्टेशनसे ४४ मील दक्षिणकी ओर भड़ौंच का रेल्वे स्टेशन है। स्टेशन से शहर तक सवारी हरतरहकी मिलती है।

यह पूर्व कालमें 'भृगुपर' नामसे प्रसिद्ध था, सन् ६० से सन् २१० तक भड़ौंचका नाम 'बड़गजा' था उस समय यहां 'जैनधर्मानुयायी' राजपूत नरेशका स्वाधीन राज्य था। चीनका 'हायनशांग' यात्री जो सन् ६२९ से ६४५ तक रहा था। उसने लिखा ह कि भड़ौंच कस्बेमें १० बौद्धमठ, ३०० बौद्ध फकीर और १० मन्दिर हैं, सन् ७४६ से सन् १२९७ तक भड़ौंच का बन्दरगाह अनहिलवाड़ाके राजपूत राजाओंके अधिकारमें रहा था। इसके बाद मुसलमान बादशाहों के अधिकारमें चला गया। फिर सन १६१६ ई० में अंग्रेजोंने अपनी कोठी भड़ौंचमें कायम की और सन् १८०३ ई० में भड़ौंच अंग्रेजोंके अधिकारमें आगया।

भड़ौंच पश्चिम भारतके पुराने बन्दरस्थानोंमें से एक है। यहां से रुई महुआ, गेहूं लकड़ी अन्यदेशोंको भेजी जाती हैं और इनही चीजोंका बहुतायतसे व्यापार होता है।

सन् १८९१ ई० की मनुष्य गणनाके समय ४०१६८ मनुष्य थे इनमें ७३२ जैन थे। भड़ौंच बम्बई हातेके अंग्रेजी राज्यमें १३ वां शहर कहा गया है।

नर्मदाके किनारेकी एक मील लम्बी 'दीवार', नर्मदाके किनारे पहाड़ी पर पुराना "किला"; इसमें जेलखाना, अस्पताल, गिरजाघर, स्कूल, म्यूनिसिपल आफिस, लायब्रेरी, हालेंडवालोंकी पुरानी कोठी और जिलेकी कचहरियां हैं, शहरसे दक्षिणकी ओर नर्मदा नदीपर रेल्वेका सुन्दर 'पुल' बना हुआ है ऐसा खूबसूरत व उम्दा पुल बम्बई बड़ौदा रेल्वे लाइनमें किसी जगह नहीं है। इनके सिवाय सुन्दर मसजजिद, रुई कातने और कपड़े बुनने की 'मिलें', नर्मदाके किनारेके 'मन्दिर, मकबरे' आदि कई स्थान देखने योग्य हैं।

भावनगर।

बम्बई हातेके काठियावाड़ देशमें काठियावाड़ प्राय द्वीपके पूर्वी किनारेके पास कांबेकी खाड़ीपर देशी राज्यकी राजधानी भावनगर है, इसको लोग भाऊनगर भी कहते हैं। भावनगरकी स्टेशन धौला जंक्शनसे ३२ मीलकी दूरीपर है।

ऐसा प्रसिद्ध है कि लगभग सन् १२६० में गोहल राजपूत अपने प्रधान सेजाकके आधीन इस देशमें आ बसे, सेजाकके ३ पुत्र रानोजी, सारंगजी, और शाहजी थे; इनमेंसे रानोजीके वंशधर भावनगरके, सारंगजीके वंशधर लाठीके, और शाहजीके वंशधर पालीटाणाके ठाकुर साहब हैं। सन् १७२३ में भाऊसिंहने भाऊनगर (भावनगर) को बसाया था।

भावनगरके वर्त्तमान नरेश ठाकुर सा० सर तख्तसिंहजी यशवन्तसिंहजी जी० सी० एस० आई० हैं, आपने राजकोटके राजकुमार कालेजमें शिक्षा पाई है, आप बड़े दानी हैं।

सन् १८९१ की मनुष्यगणनाके समय भावनगर शहरमें ५७६५३ मनुष्य थे, इनमें ४७६१ जैनी थे। भावनगरमें १ दि० जैनमंदिर है, और वर्त्तमानमें दिगम्बरियोंके १३ घरोंकी मनुष्य संख्या लगभग ५० के हैं। मनुष्यगणनाके अनुसार भारतवर्षमें ६४ वां और बम्बईके गवर्नरके आधीन देशी राज्योंमें पहिला कस्बा है। यहांपर श्वेताम्बरियोंका अच्छा समुदाय होनेसे सभा-सोसाइटियां स्थापित हैं। इनमें जैनधर्म प्रसारक सभा प्रसिद्ध है। दो तीन मासिकपत्र भी प्रकाशित होते हैं। जैनियोंके ठहरनेके लिये एक दो धर्मशालाएँ भी हैं।

भावनगरमें देखने योग्य पुरानी चीज तो कोई नहीं है, परन्तु हालमें बनी हुई कई सुन्दर इमारतें, ठाकुर सा० का महल्ल कई एक सुन्दर बाग, हौज, सूत कातने और बुननेकी कलें, एंजनके छापाखाने (Steam Press) बीमारखाना, पानीकी कल, अस्पताल और कई एक स्कूल देखने योग्य हैं।

भावनगरमें व्यापार अच्छा होता है, यहांके बन्दर स्थानसे बहुत रुईकी गांठें बँधकर काठियावाड़ तथा अन्य देशोंको भेजी जाती हैं। तेल, कपड़ा, तांबे, पीतलके वर्त्तनोंका भी व्यापार अच्छा होता है।

मलखेड।

निजाम हैद्राबाद रियासतमें 'वाडी' जंकशनके पास 'चितापुरसे' ४ मीलपर 'मलखेड गेट' (S. M. Ry) स्टेशनसे करीब ४ मीलपर यह दिगम्बर जैनियोंका गुरुपट्ट-स्थान है। इसका प्राचीन नाम 'मलियाद्री' था पूर्व समयमें यहांपर दि० जैनियोंके बहुतसे घर और १४ मन्दिर थे परन्तु कालकी कुटिलगतिसे वर्तमानमें यहां सिर्फ दो घर दिगम्बर जैनियोंके और एक चैत्यालय है। वर्तमानमें १३ मन्दिरोंमें भी हिन्दुओं के देवताएँ हैं। मन्दिरकी मरम्मत बिलकुल नहीं होती है।

यहांका पट्ट प्राचीन हैं इस समय भी 'रत्नकीर्तिजी' महाराज विराजमान थे, परन्तु कई कारणों से, गद्दी से उतार दिया है।

महुवा (विघ्नेहरपार्श्वनाथ)।

(अतिशयक्षेत्र)

यह सूरतनगरके निकट है। श्रीजैनमन्दिरजीके भोयरेमें श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी अत्यन्त प्राचीन मनोज्ञ बिम्ब विराजमान है, जिसको सब वर्णके लोग मानते पूजते हैं। इस स्थानके दिगम्बरी जैनी प्रमादवश दर्शन नियम पूर्वक नहीं करते। प्रबन्धकर्ता सेठ प्रेमचन्द गुलाबचन्द हैं। जैनियोंके होतेहुए तथा गुणचन्द भट्टारके शिष्य पंडित मोहनलालके रहते हुए भी यहां मन्दिरजीमें अर्घ नहीं चढ़ता। एक ब्राह्मण पुजारी पूजा कर लेताहै। शास्त्र भण्डारमें अनुमान १०० के प्राचीन शास्त्र हैं, परन्तु सूची नहीं हैं।

मांगीतुंगी।

(सिद्धक्षेत्र)

रामहणू सुग्रीओ गवयगवाक्खोय णील महणीलो।
णवणवदीकोडीओ तुंगीगिरिणिव्वुदे वंदे॥

नासिक जिलेमे 'मनमाड़' (G. I. P.) स्टेशन तथा 'चिचपाड़' (B. B. & C. I. Ry) स्टेशनके पास 'भिलवाड़' ग्रामसे करीब एक मीलपर 'मांगी और तुंगी' नामके दो पहाड़ हैं। यहांसे श्री "रामचंद्रजी, हनुमान, सुग्रीव, गवय, गवाक्ष, नील, महानील आदि महात्मा और ९९ कोटि मुनिओंने जन्म-मृत्यु रहित होकर मोक्षपद प्राप्त किया है। और यह 'बलदेव' जीके भी तपका स्थान है।

			नागोप्पा शेट्टी राजप्पा	"	व्यापारी
४५५	मोटोर (मोलगंफण्डी कलफण्डी नेत्तपाक्कम)	उत्तर अर्काट	मुनिभद्र नैनार	दि० जैन	खेती
			नेल्लुतम्बी "	"	जमीदार
			लोकनाथ "	"	"
			बाहुबली "	"	"
४५६	मोडूर	सालेम	सिंतिया नैनार	दि० जैन	जमीदारी
			मुनिभद्र "	"	"
४५७	मोथलूर	उत्तर अर्काट	बाहुबली नैनार	श्रावक	खेती
			कन्थकुत्ती "	"	"
४५८	मोरणम	उत्तर अर्काट	पोन्नीय नैनार	श्रावक	मुनसिफ ग्राम
			जयराव "	"	जमीदार
			चक्रवर्त्ती "	"	"
			श्यामसुन्दर"	"	"
४५९	मंगलोर	मंगलोर	नागराज शेट्टी	श्रावक	नौकरी
			नेमया इन्द्र	"	पुजारी
४६०	मंचपट्टु	द० अर्काट	पार्श्वनाथ नैनार	दि० जैन	जमीदारी
			लोकनाथ नैनार	"	"
			सिन्नकोलंदे नैनार	"	"
			लोकपाल नैनार	"	"
४६१	मंचेनहल्ली	कोलार	....	+	+
४६२	मंजेश्वर	द० कनेड़ा	पद्मशेट्टी अण्णाप्पा शेट्टी	श्रावक	व्यापार
			नेमय्या शेट्टी	"	खेती
४६३	मडकल	कोलार	शेटी नेमण्णा	पंचम	व्यापार
४६४	मंडा	मैसूर	अवनाप्पा	चतुर्थ	कपडेकी
४६५	मन्दारगिरी	टुमकूर	ब्रह्मैया	जैनब्राह्मण	पुरोहित
	य				
४६६	यच्चूर	उत्तर अर्काट	अय्यन नैनार	दि० जैन	खेती
			पोंतिय नैनार	"	"
४६७	यमगुंब	मैसूर	पार्श्वनाथ नैनार	"	"
			जीनाचन्दापा नवरु	पंचम	दुकान

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
४६८	यरमद्धर	उ० अर्काट	वर्धमान नैनार	श्रावक	जमीदार
४६९	याकलिहल्ली	टुमकूर	चन्नाप्पा गौंडा	सादर जैन	खेती, पाटी०
			नरसाप्पा गौंडा	,,	,,
४७०	यडाप्पा	दक्षिण कनैड़ा	अप्पु हेगाडी	श्रावक	जमीदार
			कुमारैया	,,	,,
४७१	येलियमाड्डुगोडू	,,	पानी बुंगारू	,,	,,
४७२	येलकंडु	उ० अर्काट	जिनदास नैनार	,,	खेती
			भूपाल नैनार	,,	,,
			परेसुव नैनार	,,	,,
	र				
४७३	रत्नेगरे	अनंतपुरा	हुचप्पा नुवरु	पंचम	व्यापार
			पायप्पा नुवरु	,,	,,
			पुट्टस्वामी	जैनब्राह्मण	पुजारी
४७४	रमापुरा	कोलार	पौमन्ना ब्रह्मण्गा	पंचम	खेती
४७५	राट्टणमंगलम (पुण्डि)	उ० अर्काट	नेमिनाथ नैनार	दि० जैन	खेती
			पार्श्वनाथ नैनार	,,	,,
			अप्पावु नैनार	,,	व्यापार
			कुप्पु नैनार	,,	खेती
४७६	रामगनहल्ली	टुमकूर	कुरी डोडप्पा	सादर जैन	खेती
४७७	रामपुरा	टुमकूर	गुटयप्पा नुवरु	पंचम	व्यापार
			आपैयण्णा	,,	,,
			आन्दप्पा पुरोहित	जैनब्राह्मण	पुरोहितगी
४७८	रामसमुद्र	मैसूर	इजाप्पा चन्द्रैया	पंचम	सौदागर
४७९	रायी	टुमकूर	धम्मैया पुवानी	श्रावक	खेती करना
४८०	रेड्डणै	द० अर्काट	अप्पा तौरे नैनार	श्रावक	जमीदार
			अप्पांडैनाथ नैनार	,,	,,
			अनन्त विजय नैनार	,,	,,
४८१	रेड्डियालयम	वेल्लूर	श्रीपाल नैनार	दि० जैन	खेती
			समुद्र विजय नैनार	,,	खेती
			नेमिनाथ नैनार	,,	,,
४८२	रेण्डेरिपट्ट (अंगरे)	उत्तर अर्काट	देवराज नैनार	श्रावक	जमीदार
			अप्पावु नैनार	,,	,,

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
	ल				
४८३	लोकाली	काडुर	ज्वालनय्या साहुकार	पंचम	व्यापार
			देवराजय्या ”	”	”
४८४	लिंगलूर	टुमकूर	गमकार व्यंकटप्पा	सादर जैन	खेती पाटीलकी
			उग्रप्पा नुवरू	”	”
४८५	लींगनमक्की	सीमोगा	पद्मैयागोंडा पाटील	पंचम	खेती करना
			देवराजैया पाटील	जैनब्राह्मण	पुजारी
४८६	लैइला	द० कनैड़ा	धरनप्पा अजिरी	श्रावक	जमी० पाटी०
	व				
४८७	व्यंकटपुरा	टुमकूर	चन्नप्पा गोंडा	सादर जैन	खेती
४८८	व्हलर (व्हलसे)	कोलार	सुवन्ना नुवरु	पंचम	”
४८९	व्हंगनूर	मैसूर	सूरप्पा तवनप्पा	बोगार	सौदागर
४९०	वट्टकी	सीमोगा	नेमया पद्मैया पाटील	पचम	खेती
			पायप्पा पिरोहित	जैन ब्रा०	पुजारी
४९१	वड्डगेरे	टुमकूर	सूरप्पा नागराजप्पा	पंचम	व्यापार
			पुटण्णा नवरू	”	”
४९२	वडकोडी	द० कनैड़ा	लिंगाप्पा पेरागड्डी	श्रावक	जमी० पाटी०
४९३	वड-मरुदूर	द० अर्काट	संपतराव नैनार	दि० जैन	जमीदार
			चक्रवर्ति नैनार	”	”
			पोन्निय नैनार	”	”
४९४	वयलामूर	”	रिषभदास नैनार	”	जमी० व्यापा०
			कोलन्दै नैनार	”	”
			लोकपाल नैनार	”	”
४९५	वरवणी	कोलार	पोमण्णा नुवरू	पंचम	खेती
४९६	वरांगग्राम	द० कनैड़ा	मुडकुडूर जिनप्पा	वैश्य जैन	जमीदारी
			पडकुडुत चन्द्रैया	”	”
४९७	वलत्ती	द० अर्काट	कैलाश नैनार	दि० जैन	जमीदार
			आनंदनाथ नैनार	”	”
			मुनिभद्र नैनार	”	”
			आदिनाथ नैनार	”	”
४९८	वागिरू	द० कनैड़ा	पायप्पा शेट्टी	श्रावक	”
४९९	वाठीकेरी	सीमोगा	पद्मैया भुजबलि	जैन ब्रा०	पुजारी

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
९००	वाडा	द० कनैड़ा	देवाप्पा अजिरी	दि० जैन	जमी०पाटी०
९०१	वालप्प लन्दन	उत्तरअर्काट	जयकुमार नैनार	"	खेती
			चन्द्रनाथ नैनार	"	"
			श्रीपाल नैनार	"	"
			लोकपाल नैनार	"	"
९०२	विदाडे	द० कनैड़ा	धर्माप्पा मुडाई	श्रावक	जमींदार
९०३	विदूर	मंजाकुप्पम	अनंतविजय नैनार	"	खेती
			श्रीपाल नैनार	"	"
			पुष्पनाथ नैनार	"	"
			अप्पास्वामी सल्लीगल	"	"
			अरहदास नैनार	"	"
९०४	विरनामूर	द० अर्काट	आदिनाथ नैनार	दि० जैन	"
			सिजतम्बी नैनार	"	"
			पुष्पनाथ नैनार	"	"
			अपांडे नैनार	"	"
९०५	विराजेन्द्रपेठ	रि० कुर्ग	रायबहादुर रायानाचेटाली चानापा	पंचम	जमीदारी
			साहुकार शांतराजैया पादना	"	दूकानदारी
९०६	विरुडूर	उत्तर अर्काट	आदिनाथ नैनार	दि० जैन	खेती
			श्रीपाल नैनार	"	"
			नल्लतम्बी नैनार	"	"
			विजयपाल नैनार	"	"
९०७	विल्लीवनम	"	कनकशांत नैनार	"	"
			सन्तुराव नैनार	"	"
			सिम्भचन्द्र नैनार	"	"
९०८	विलुक्कम	द० अर्काट	अयण्णप्पा नैनार	श्रावक	"
			वसुपाल नैनार	"	"
			विजयपाल नैनार	"	मुन्सिफग्राम
९०९	वीरनहल्ली	कोलार	वीर गौंडा	सादर जैन	खेती
९१०	विरसोलपुरं	द० अर्काट	आनन्द नैनार	दि० जैन	जमीदार
			नेमिनाथ नैनार	"	"
			आनन्दप्पा नैनार	"	"
९११	वेंकुलम	उत्तर अर्काट	सेल्वरसू नैनार	"	पंडितगिरी

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
			जयराव नैनार	श्रावक	जमीदार
			अनन्तविजय नैनार	,,	,,
९१२	वेकुपुर	उत्तरअर्काट	बाबू नैनार	श्रावक	खेती
			औधीनाथ नैनार	,,	,,
			विजयपाल नैनार	,,	,,
९१३	वेलुव	द० अर्काट	वृषभदास नैनार	,,	खेती, व्याज
			चक्रवर्ति नैनार	,,	,,
			जयकुमार नैनार	,,	,,
९१४	वेदारण्यम	तंजावर	आदिश्वर मुदलियार	दि० जैन	गुमास्ता
			अय्य मुदलियार	,,	दू० कपड़ा
			जिनदास मुदलियार	,,	जमीदार
			जीवेन्द्र मुदलियार	,,	व्यापारनमक
			अन्नूप मुदलियार	,,	,, परचूरन
९१५	वेनूर	द० कनैड़ा	पाचप्पा चेटी	,,	जमीदार
९१६	वेम्बाक्कं	उत्तर अर्काट	जयकुमार नैनार	श्रावक	खेती
			विजयपाल नैनार	,,	,,
			लोकनाथ नैनार	,,	,,
९१७	वेमुण्डी	दक्षिण अर्काट	अप्पास्वमी नैनार	श्रावक	खेती
			तम्बी नैनार	,,	,,
			जयकुमार नैनार	,,	,,
९१८	वेल्लुर	दक्षिण अर्काट	बाबू नैनार	श्रावक	खेती
			विजयपाल नैनार	,,	,,
९१९	वैलिमेट्टुपेट्टाई	दक्षिण अर्काट	कोलन्दे नैनार	दि० जैन	खेती
			सिन्नतम्बी नैनार	,,	,,
			आदिनाथ नैनार	,,	,,
९२०	वेलियनूर	उत्तर अर्काट	चक्रवर्त्ति नैनार	दि० जैन	जमीदार
			पार्श्वनाथ नैनार	,,	,,
			जयराव नैनार	,,	,,
			सूर्यकोली नैनार	,,	,,
९२१	वेल्लूर	दक्षिण अर्काट	अनन्तविजय अय्यण नैनार	दि० जैन	जमीदार
			अप्पाजी पंडित	,,	,,
			भूपाल नैनार	,,	,,

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
			सान्तलोकपाल नैनार	,,	जमीदार
९२२	वेलेपी	कोलार	वीरप्पा होनप्पा	पंचम	खेती
९२३	वेलै	उत्तर अर्काट	पुष्पनाथ नैनार	दि० जैन	,,
			पूर्णचन्द्र नैनार	,,	,,
			चंद्रनाथ नैनार	,,	,,
९२४	वेलगंडपकम	चिंगलपेठ	पद्मनाथ आयर	जैनब्राह्मण	खेती
			पसुनाथ आयर	,,	,,
९२५	वोण्डूर	द० अर्काट	जन्नाथ नैनार	दि० जैन	जमीदारी
			पार्श्वनाथ नैनार	,,	,,
			शांतनाथ नैनार	,,	,,
			समुद्रविजय नैनार	,,	,,
९२६	वोल्लेगेरे	सीमोगा	मरीआप्पा अप्पामागोंडा	पंचम	खेती करना
९२७	वंगारम	उ० अर्काट	नेमिनाथ नैनार	दि० जैन	साहूकार
			चंद्रनाथ नैनार	,,	,,
			देवेन्द्र नैनार	,,	,,
९२८	वंगेरे	हासन	पयासेट्ठी पुन्तसेट्टी	पंचम	खेती
			चन्तप्पा आदिगोंडा	,,	,,
			मरीअनसेटी चन्दैया	,,	,,
९२९	श्रवण्डनहल्ली	टुमकूर	ज्वालनप्पा पुटण्णा	पंचम	खेती
			पापण्णा पुटण्णा	,,	,,
			चिकगोंडा तिरमलगोंडा	,,	,,
९३०	श्रवणबेलगुल (अतिशयक्षेत्र)	हासन	श्रीभट्टारक चारुकीर्ति पंडिताचार्य	उपाध्या	उपदेश देना
			पं० दौर्बलि जिनदास, शास्त्री	,,	अध्यापकी
			जी. के. पद्मराजैया	बोगार	व्यापार पीतल
				,,	,,
			जी. पी. धरनैया	,,	,,
			जी. पी. पोम्मैया	,,	,,
			भुजबलि पुत्ताप्पा	,,	,,
९३१	श्रीरंगपट्टन	मैसूर	अनता पदमाया	पंचम	साहूकारी
९३२	श्रीरंगराजन	टुमकूर	विर्म्मैया गोंडा	सादरजैन	खेती
९३३	श्रृंगेरी	कादूर	पद्मराजसेट्टी धरनैया	पंचम	साहूकारी

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
	श				
९३४	शन्डगीरो	कादूर	ब्रह्मैया भरमाप्पा	पंचम	दूकानदारी
९३५	शानाडहल्ली	मैसूर	पद्मराजैया सूरप्पा	,,	व्यापार
९३६	शिंगनहल्ली	टुमकूर	सुब्बेगौंडा पाटील	सादर जैन	खेती
९३७	शोराव	सीमोगा	सिद्धाप्पा घोंगर्डी	कासार	दूकानदारी
९३८	शोलीवाइल	कादूर	आदिराजैया	पचम	खेती करना
	स				
९३९	सद्राकुप्पं	उत्तर अर्कोटा	जीवेन्द्र नैनार	दि० जैन	जमीदार
			पार्श्वनाथ नैनार	,,	,,
			पोन्निय नैनार	,,	,,
९४०	सनवारसन्ती	हासन	दत्याम्मा	पचम	व्यापार
९४१	सरगूर	मैसूर	दीसचन्डापा नेमजापा	,,	दूकानदारी
९४२	सराप्पाडी	द० कनेडा	आदिराज बलाव	श्रावक	जमीदार
९४३	सवन्तनहल्ली	हासन	आदिराज हनमंत गौंडा	पंचम	खेती करना
९४४	सवनालू	द० कनेडा	कुमार शेट्टी	श्रावक	पाटील,पुजारी
			किन्नी इन्द्र	,,	,,
९४५	सवल्लाकराई	तंजावर	आदिनाथ मुदलियार	दि० जैन	खेती
९४६	सांकीगट्टा	बेंगलोर	चेटे आदराजैया ज्वालनप्पा	पंचम	व्यापार
			सुरप्पा पुदप्पा पाटील	,,	,,
			धरनाप्पा शास्त्री	,,	,,
			जिनप्पा	जैनब्राह्मण	पुरोहित
९४७	सांकीहल्ली	कादूर	गुमालसप्पा गोगी	बोगार	दूकानदारी
९४८	सांकेसारूगोर	मैसूर	देवचन्द्रापा	जैन ब्रा०	पुरोहित
			चंद्रापा	श्रावक	व्यापार
			पद्मराजैया	जैन ब्रा०	पुरोहित
९४९	सागानहल्ली	कोलार	ज्वालनप्पा तुवरु	पचम	खेती
			ब्रह्मरायप्पा मल्लाप्पा	,,	,,
९५०	सादारलहल्ली	कोलार	पद्मैया गौंडा	सादर जैन	,,
९५१	सामनूर	चित्तदुर्ग	होमवन्ना	पंचम	व्यापार
९५२	सारेगोंडलू	कोलार	आजप्पा	सादर जैन	खेती
९५३	सालकोरु (पिरका)	अनंतपुर	लायण्णा गोडा पाटील	,,	,,

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
५५४	सालगामे	हासन	....	+	+
५५५	सालिग्राम	मैसूर	कुबेर शेट्टी अनन्तैया शेट्टी	पंचम	व्यापार
			संघनायक सुरय्या नेमराज	,,	,,
			जिनैया राजैय्या	,,	,,
			पं० बाहुबलि पम्मैया	जैन ब्रा०	उपाध्या
५५६	सिकारपुर	सीमोगा	कुबीराप्पा कल्लाप्पा गोगी	कासार	दूकानदारी
			कलाप्पा देवेन्द्राप्पा गोगी	,,	,,
५५७	सितकाल	बेंगलोर	गोंडा दुकैया तुवरू	बोगार	व्यापार
			वी. भरमैया पम्मैया	,,	,,
			चन्द्रैया	पंचम	पुरोहिती
५५८	सिंधुपट्ट	दक्षिण अर्काट	अप्पाकुट्टी नैनार	दि०जैन	जमीदार
			जीवेन्द्र नैनार	,,	,,
			आदिनाथ नैनार	,,	,,
			अय्यण नैनार	,,	,,
५५९	सिरवरा	अनंतपुर	नारायण गौंडा	सादर जैन	खेती
५६०	सीथाकल्ली	टुमकूर	अंबन्ना	बोगार	बर्तनवेचना
			कल्पन्ना	श्रावक	खेती
५६१	सीमोगा	सीमोगा	शिरसप्पा राजप्पा घोंगडी	बोगार	व्यापार
			देवेन्द्राप्पा कीसनाप्पा	पंचम	,,
५६२	सीरीकालामुद्दी	चित्रदुर्ग	होम्बान्ना तोप्पान्ना खानचीकीरी	,,	दुकानदारी
			चन्दाप्पा कालप्पा कालकट	,,	,,
५६३	सुट्टुत	मैसूर	बोम्रासाया नावर	,,	मुंडी
			सान्तापा नावर	,,	,,
५६४	सैंगम	वेल्लूर (दक्षिण कनेड़ा)	पोन्नुस्वामी नैनार	दि० जैन	जमीदार
			पूर्णचंद्र नैनार	,,	,,
			त्रैलोक्य नैनार	,,	,,
५६५	सेट्टियंबाक	उत्तर अर्काट	जयकुमार नैनार	दि० जैन	,,
			अप्पातौरे नैनार	,,	,,
			गुणपाल नैनार	,,	,,
			दोरास्वामी नैनार	दि०जैन	,,
५६६	सैंनदल	उत्तर अर्काट	नमु नैनार	,,	,,
			अपाण्डै नैनार	,,	,,

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
		उत्तर अर्काट	वर्धमान नैनार	दि०जैन	जमीदार
९६७	सेयरू	"	जयकुमार नैनार	"	"
			नेमिनाथ नैनार	"	"
			शांतिनाथ नैनार	"	मुन्सिफग्राम
			जगपाल नैनार	"	जमीदार
९६८	सेरी	उ० अर्काट	अर्य पेरुमाल नैनार	"	खेती
			सिन्त कोलन्दै नैनार	दि० जैन	"
			ऋषभनाथ नैनार	"	"
९६९	सेन्नूर	"	स्वयंभू नैनार	"	खेती
			अय्या तौरे नैनार	"	"
			अम्मयप्प नैनार	"	जमीदार
९७०	सोनगानहल्ली	कोलार	अंजन गोंडा पाटील	सादर जैन	पाटीलकी
९७१	सोनन्दुरु	द० कनैड़ा	धर्मैया पाडीवा डार	श्रावक	जमीदार
९७२	सोनसीग्राम	कादूर	सासीम्मा हजे	पंचम	दूकानदारी
९७३	सोमनदेनहल्ली	अनंतपुर	संजीवरडी पाटील	"	खेती
९७४	सोमासप्पाडी	वेलूर	चन्द्रनाथ नैनार	दि०जैन	"
			आदिनाथ नैनार	"	"
			सुवराव नैनार	"	"
९७५	सोलई	उत्तर अर्काट	वलदेव नैनार	"	जमीदार
९७६	संगावेट्टु	द० कनैड़ा	चडाप्पा सेत्तु	दि०जैन	"
			आदिराज इन्द्र	उपाध्या	पूजाकरना
९७७	संजीगुत्त	बेंगलोर	चन्द्रैया	श्रावक	व्यापार
९७८	संजीवरम	चेंगलीपुर	टी. अप्पास्वामी आयर	जैनब्राह्मण	खेती
			धरनेन्द्र नैनार	"	"
९७९	संमपगे	टुमकूर	नेमैया	"	पुरोहित
	ह				
९८०	हन्नूर	कादूर	नागप्पा संताप्पा	पंचम	दूकानदारी
९८१	हत्तीयामवासे	मैसूर	विश्वनाथैया	श्रावक	खेती
९८२	हरानहल्ली	सीमोगा	पदमाना कुबीरप्पा गोडी पगोडी	कासार	दूकानदारी
			तवनाप्पा सातप्पा होडालगी	बोगार	"
९८३	हरीहर	चित्रदुर्ग	भरमाप्पा गुरमुंडी	"	व्यापार
९८४	हरीहरकोप्पा	सीमोगा	डयावापा कल्लाप्पा गोंडा	पंचम	खेती करना

शुमार नम्बर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
९८५	हल्लीबैल	सीमोगा	फानसेट्टी कुडल	पंचम	खेती करना
९८६	हलकूर	कोलार	नरसे गोंडा पाटील	सादर जैन	खेती
९८७	हलयाहूर	टुमकूर	देवेन्द्राप्पा नवरू	पंचम	व्यापार
			लक्ष्मी पटैया	,,	,,
९८८	हलेबिड	हासन	ब्रह्मैया अनन्तैया नुवारु	,,	दूकानदारी
			,, पायन्ना	जैन ब्रा०	पुजारी
९८९	हारगी	सीमोगा	पादनैया बीन पदमैया पुरोहित	,,	,,
९९०	हारवे	मैसूर	पं० सुराप्पा चालवप्पा	पंचम	पंडितगिरी
९९१	हासन	हासन	चेट्टी ब्रह्मैया बोमन्ना	,,	व्यापार
			,, अनंतप्पा पायप्पा	,,	,,
			सर्राफ धरनैया	,,	,,
			पंसारी अनंतप्पा	,,	,,
९९२	हिडलमक्की	सीमोगा	पदमैया पुरोहित	जैन ब्रा०	खेती
९९३	हिन्दुपुर	अनंतपुर	धरनाप्पा पद्मराजय्या	पंचम	व्यापार
९९४	हिरतोटलेगरे	टुमकूर	टिम्मैया गोंडा	सादर जैन	खेती
९९५	हिरूरू	हासन	आदिराज भरमन्ना	पचम	दूकानदारी
९९६	हिरेबिदनूर	कोलार	मुछ गोंडा पाटील	सादर जैन	खेती
९९७	हीरीगोनीगिरी	सीमोगा	पद्माप्पा हामाप्पा	चतुर्थ	दूकानदारी
९९८	हुदगुरू	कोलार	हुवुजप्पा	पंचम	खेती
९९९	हुंवर्क	उत्तर अर्काट	अप्पु नैनार	श्रावक	,,
			पूरनचंद नैनार	,,	,,
६००	हुमाच	सीमोगा	श्रीभट्टारक देवेन्द्रकीर्तिजी	उपाध्या	उपदेशदेना
			कुवेराप्पा गोगाप्पा हामरी	पंचम	कारवारी
६०१	हुरदगेरे	बेंगलोर	पटरी अंगदी रायप्पा	बोगार	व्यापार
६०२	हुलकलमाईसद्रा	,,	मुलेमानी डौड बोगैया	पंचम	,,
			पद्मराजैया	,,	,,
			सूर्यानली ब्रह्मैया	,,	,,
६०३	हुशंगडी—अरमोन	दक्षिण कनैड़ा	भोजप्पा अरसविन्नाणीयवरु	क्षत्री(जैन)	साहुकारी, जमीदारी
६०४	हेगेरे	टुमकूर	नागाप्पा चन्नप्पा	पंचम	व्यापार
६०५	हेपकहाल्ली	मैसूर	चन्डापा सुरापा	,,	,,
६०६	हेसूर	उ० अर्काट	चक्रवर्ती नैनार	श्रावक	व्यापार

शुमार नंबर	ग्रामका नाम	जिला	मुख्य २ भाइयोंके नाम	ज्ञाति	व्यापार
			जयराज नैनार	श्रावक	व्यापार
			भद्रबाहु नैनार	,,	,,
६०७	होतुसू	कादूर	दीनराजा नाईकन वारु	पंचम	दूकानदारी
६०८	होन्ताली	सीमोगा	पदमरायान्ना होमवाल्ला	चतुर्थ	खेती करना
६०९	होरनाड	कादूर	जीनवापा सीवाप्पा होडी	पंचम	दूकानदारी
			जीमाप्पा धारनाप्पा आठगोरी	,,	,,
६१०	होलनरसीपुर	हासन	नेमराजैया सुराप्पा	,,	पुजारी, व्या०
६११	होलनहल्ली	टुमकूर	लक्ष्मी पटैया	,,	व्यापार
६१२	होलालेकरी	चित्रदुर्ग	कारीआप्पा वासवानकोटी	,,	व्यापार
			धन्नाप्पा पंडित	जैन ब्रा०	,,
६१३	होसदुर्ग	चित्रदुर्ग	गसी नेमराज अप्पा यजमान	बोगार	व्यापार
			इलगल पद्मशेटयप्पा आजप्पा	,,	,,
			चन्दैया ब्रह्मैया	जैन ब्रा०	पुजारी
६१४	होसाबेट्टू	दक्षिण कनेड़ा	अम्मू बूलम्बा	श्रावक	जमीदार
			आदिराज पोनी	,,	पाटील
६१५	हौसालोला	मैसूर	शांत राजैया बेलगुल	जैन ब्रा०	उपाध्या
६१६	होसुरू	सीमोगा	वीरैया पटैल	पंचम	खेती
६१७	होसुर–मुदगेरे	कोलार	व्यंकट रमणगोंडा	सादर जैन	,,
६१८	होसंगडी	द० कनैड़ा	थिमय्या काम्बुली	श्रावक	जमीदार
६१९	हंपसन्द्रा	कोलार	चिकण्णप्पा निमण्णा	पंचम	कुलकर्णी
६२०	हंपसंद्रा	,,	व्यंकट रमणगोंडा	सादर जैन	खेती

श्री परमात्मने नमः ।

मद्रास प्रान्तके

तीर्थक्षेत्र और प्रसिद्ध प्रसिद्ध शहरोंका वर्णन ।

श्रीपरमात्मनेन नमः।

मद्रास प्रांत

के

तीर्थक्षेत्र और प्रसिद्ध प्रसिद्ध शहरोंका वर्णन।

अर्काट।

कटपड्डी जंक्शनसे १९ मील पूर्वोत्तर और आरकोनम जंक्शनसे २३ मील पश्चिम दक्षिणकी तरफ मदरास रेल्वेपर अर्काटका रेल्वे स्टेशन है। स्टेशनसे ५ मील दक्षिणकी तरफ पलार नदीके दाहिने किनारेपर उत्तरी अर्काट व जिलेका सदर स्थान नामक यह कस्वा है। यह कस्वा एक समय कर्नाटकके नव्वावकी राजधानी थी। रानीपेंट सिविल स्टेशन और यूरोपियनोंके रहनेकी जगह रेल्वे स्टेशनसे ३ मील दूर है।

सबसे पहिले यह पल्लववंशके राजाओंके आधीन था। फिर पल्लववंशके कमजोर होनेपर चोलवंशके राजाओंके आधीनमें रहा, वादमें क्रमशः विजयनगरके राजा, महाराष्ट्रों और मुसलमानोंके अधिकारमें चला गया। यहांपर मुसलमान, अंग्रेज और फरासीसियोंमें कई भारी २ लडाइयां हुई हैं।

थोडे समय पहिले यहांपर नव्वावका महल देखने योग्य था, लेकिन अब विलकुल उजड़ गया है, सिर्फ किलेके निशान मात्र ही शेष रह गये हैं। नदीके किनारेपर दिल्ली फाटक है। यही सिर्फ एक ज्योंका त्यों अभीतक वना हुआ नजर आता है, इसके देखनेसे पुरानी किलेवन्दीका अनुमान अच्छी तरह किया जा सकताहै। कई छोटे २ हौज हैं, जिनके पास एक ही घेरेमें मकवरा और जुम्मामसजिद हैं। मस्जिदसे पश्चिम की तरफ एक टीलेपर कर्नाटकके नव्वावोंका उजड़ा हुआ महल व इसीके पास एक झील है। इनके अलावा कचहरी, गवर्नमेंटस्कूल, दरगाह और चोलराजाओंके वनवायेहुये कई प्राचीन मन्दिर भी देखने योग्य हैं। अर्काटकी मनुष्य संख्या अनुमान ११ हजार के है। इसमें सिर्फ २ जैनियोंकी संख्या है।

श्रीक्षेत्र अर्प्पाकम।

यह ग्राम कांजीवरम् रेलवे स्टेशनसे 'तिरुपारिथी कुनरम्' होते हुए करीव ९ मील दक्षिणकी तरफ आवाद है। दिगम्वर जैनियोंका यह प्राचीनक्षेत्र वहुत समयसे प्रसिद्ध

है। स्टेशनसे करीव ३ मील तक रास्ता अच्छा वनाहुआ है इसके वाद रास्ता पहाड़ी चट्टानोंका है।

यहां जैन, हिंदू और बौद्धोंके मन्दिरोंका समूह अत्यन्त सुन्दर व देखने योग्य है।

यहां ६ घर दिगम्बरियोंके और ७० घर 'निरपुसी' जैनियोंके हैं। मनुष्य संख्या अनुक्रमसे ३७ और २५० है।

मन्दिरोंके समुहोंमेंसे हिन्दुओंके मन्दिर अच्छे हैं, और बौद्धोंका मन्दिर जीर्णावस्थामें है। दि० जैनमन्दिर वहुत छोटा है, परन्तु उसकी कारीगरीका काम अवर्णनीय है। पूजन प्रक्षाल योग्य समयपर होता है। मन्दिर अनुमान दो हजार वर्षका प्राचीन मालूम होताहै। यह पवित्र भूमि होनेके कारण यात्री लोग दर्शन पूजनार्थ हमेशा आया जाया करते हैं और दिन प्रतिदिन यात्रियोंकी आवागमनकी संख्या बढ़ती रहती है। अन्यमतावलम्वी भी दत्तचित्त होकर भगवान श्रीआदिनाथ महाराजके दर्शन पूजन करते हैं। किसी एक धर्मज्ञ निरपुसी जैनीकी यात्रियोंको ठहरनेके लिये एक 'धर्मशाला' बनी हुई है। परन्तु इस समय वह कैई जगहसे गिरने लगी है। उसकी मरम्मत हाजाना अत्यंत आवश्यक है। इस क्षेत्रका प्रबन्ध 'नरयामपुथुर वालोंके' हाथमें है। नरयामपुथुरमें दिगम्बर जैनियोंके छै घर हैं परन्तु मन्दिर एक भी न होनेके कारण वे 'अर्प्पाकम' में दर्शनपूजनके लिये आते हैं।

एडैयालम्।

यह ग्राम दक्षिण 'अर्काट' जिलेमें साऊथ इन्डियन रेलवे लैनमें 'मैलम' स्टेशनसे करीव ३ मीलकी दूरीपर है। रास्ता पहाड़ी है और चारों ओर चक्कर देकर जाना पड़ता है। यहांपर श्रावकोंके आवाद घर करीब १९ व मनुष्य संख्या ७० हैं। यहांपर एक छोटासा शिखरबंद मन्दिर करीब तीन हजार वर्षका प्राचीन ज्ञात होता है। मन्दिरमें श्री "ऋषभदेवजी" की प्रतिमा खड्गासन विराजमान है। इसमें कुछ अच्छ २ कमरें भी हैं। कहते हैं कि यहां "श्रीमल्लिसेनाचार्य" मुनि इन कोठरियोंमें तपस्या करते थे, और इसको श्रीसिद्धान्त मुनिका जन्मस्थान भी वतलाते हैं। ग्रामसे कुछ दूरीपर श्री 'विमलनाथ' स्वामीकी पादुका है, इस लिये सर्व जैनीभाई पूजन प्रक्षालके लिये वहां अकसर कभी २ जाया करते हैं।

कलीकोट।

मद्रास हातेमें मलावार के किनारेपर मालावार (केरल चेरा देश) जिलेका सदर स्थान

कलीकोट नामक एक बड़ा कस्बा है। मद्रास रेल्वेकी दक्षिण पश्चिमकी शाखा कलीकोट तक गई है। कलीकोटका वर्त्तमान कस्बा १३ वीं सदीका है।

ऐसी कहावत है कि मालावारके मालिक 'चेरुमान पेरुमालने कलीकोट (जैमोरिन) को दे दिया। इसी हिन्द-राजाके समयमें सबसे पहिले यूरोपखंडके पोर्तगालदेशकी राजधानी लिस्बन शहरसे सन् १४९८ ई० की ११ मईको 'वास्कोडीगामा, कलीकोट' में आई थी। राजाने वास्कोडीगामाका स्वागत किया था। सन् १५१३ ई० में पोर्तगालवालोंने एक किला बनाया और सन् १६१६ ई० में अंग्रेजोंने अपनी कोठी कायमकी बादमें 'फरासीसी' और 'डचोंकी' कोठिया बनीं। इन लोगोंमें आपसमें कई लड़ाइयां हुई जिनमें अंग्रेज विजयी हुये और सन् १७९२ ई० में कलिकोटका सम्पूर्ण देश अंग्रेजोंके अधिकारमें हो गया।

यहां देखने योग्य स्थान पोर्तगीजोंकी बस्ती, कलेक्टरकी कचहरी, कष्टम हौस, समुद्रके किनारे यूरोपियन सराफोंकी कोठियां, लाइटहौस (रोशनी घर) सर्कारी आफिस, बहुतसी प्रसिद्ध इमारतें, पागलखाना, बंक, गिर्जाघर, फरासीसियोंका मकान, स्कूल, कलीकोटके राजाका महल (जिसमें वास्कोडी गामाका स्वागत हुआ था। इसमें २ स्तम्भ अबतक विद्यमान हैं) इत्यादि कई स्थान हैं।

मलवारके जंगलोंमें सुशोभित वृक्षोंके जंगल सघन घट डटे हुये हैं, मलावारका फैला हुआ सुन्दर जंगल अत्यंत बेशकीमती है। इसमें चन्दनकी उत्तम लकड़ी, बड़ी इलायची और काफी उपजती है, इनही चीजोंका बड़ा भारी व्यापार कलीकोटमें होता है।

कलीकोटकी मनुष्य संख्या अनुमान ६६ हजार है। जिसमें जैनियोंकी संख्या २७ है।

कांजीवरम (कांची)

मद्रास हातेके "चंगलपट्ट" जिलेमें तहसीलका सदर स्थान कांजीवरम कस्बा है। यह मद्रास हातेमें प्रसिद्ध हिन्दू तीर्थस्थान और सप्त पुरियोंमेंसे एक पुरी है, "आरकोनम" जंक्शनसे १८ मील दक्षिण-पूर्व (South Indian Railway) कांचीका स्टेशन है। शहर स्टेशनसे करीब डेड़ मील है। स्टेशनपर सवारी हरतरहकी मिलती है। कांचीमें कई धर्मशालाएँ हैं।

चीनके रहनेवाला "हायनसंग" सन् ६२९ से ६४५ ई० तक हिन्दुस्थानमें रहा था, उसने लिखा है कि 'कांची बौद्धोंके आधीन द्राविड़की राजधानी एक प्रसिद्ध नगर है।'

परन्तु बौद्धोंके पहिले कांची देशमें जैनधर्मका बहुत ही अच्छा प्रचार था, यहां तक कि जैन वैरागनें इस जिलेमें अब तक मौजूद हैं । कांचीमें बड़े बड़े विद्वान् और तपस्वी, ऋषि, मुनि विहार किया करते थे, उस समय तक यहां बौद्धधर्मका प्रवेश नहीं था, परन्तु अन्य प्रान्तोंमें बौद्धधर्मका खासा प्रचार हो रहा था। जब तक भगवान् 'अकलंकदेवने' अवतार लेकर जैनधर्मकी फिरसे विजय दुन्दुभी नहीं बजाई तबतक बौद्धधर्म बराबर रहा है। 'स्वामी समन्तभद्राचार्य कांचीनगरीकेही रहनेवाले थे। स्वामीजीने कांचीदेशमें विहार करके जैनधर्मका बड़ा भारी उद्योत किया था और वादकी भेरी बजाकर विजय प्राप्त की थी। कांची ७ वीं, ८ वीं, और ९ वीं सदीमें 'पल्लववंश' और 'चोलवंश' के राजाओंकी राजधानी थी। १४ वीं सदीमें यह विजयनगरके हिन्दू राजाके अधिकारमें आ गई। और सोलहवीं सदीके आरम्भमें विजयानगरके 'राजा कृष्णराय' ने कांजीवरमके दो बड़े मन्दिरोंको बनवाया जो कि द्राविड़देशके सबसे बड़े मन्दिरोंमें से हैं । दक्षिणीं भारतके कई बड़े मन्दिरोंको उन्होंने सुधरवाये। जब कि सन् १६४४ ई० में विजयनगरके राज्यकी घटती होने लगी तब गोलकुण्डाके मुसलमान बादशाहके हाथमें आगया। पीछे अर्काट राज्य एक हिस्सा बनगया और सन् १७५१ ई० में गवर्नर जनरल 'लार्ड क्लाइव' ने अर्काटसे लौटते समय फरासीसियोंसे कांजीवरमको छीन लिया। कांचीके रेल्वे स्टेशनसे डेढ़ मील दूर शिवकांची है, और शिवकांचीसे २ मील दक्षिण पूर्व बिष्णुकांची है। शिवकांचीमें शैवलोग और बिष्णुकांचीमें रामानुज सम्प्रदायके वैष्णव रहते हैं।

शिवकांचीमें शिवका बड़ा मन्दिर है, इस मन्दिरमें सुन्दर गोपुर बड़े बड़े मण्डप और कइ शिवलिंग हैं।

बिष्णुकांचीमें वरदराजविष्णुका विशाल मन्दिर पत्थरका बनाहुआ है, मन्दिरमें वरदराजविष्णुकी श्याम चतुर्भुज खडी मूर्त्ति बहुमूल्य भूषणोंकर सुशोभित है। और भी कई मूर्त्तियां है। इन मंदिरोंमें मूर्त्तियोंके आभूषण रत्नजडित लाखों रुपयोंके हैं। मंदिरके तालाब और घाट देखने योग्य हैं । मई महीनेमें यहां बड़ा भारी मेला भरता है। कांजीवरमकी मनुष्यसंख्या ४३ हजार है इनमें दिगम्बर जैनियोंके आबादी २५ गृह व मनुष्यसंख्या ८० के करीब है। वर्त्तमानमें यहां जैनियोंका एक भी मंदिर नहीं है, लेकिन यहांके भाई दर्शनपूजनार्थ दो मीलपर 'तिरुपरिथीकुनरम' को जाते हैं।

तिरुपथीकुनरुम्में 'वेयावती' नदीके किनारे दो दिगम्बर जैनमन्दिर करीब दो हजार वर्षके प्राचीन हैं। इसमें बडा मन्दिर तो बहुत ही सुन्दर रमणीय और देखने योग्य है। इसमें कई प्राचीन शिलालेख खुदे हुए हैं । मंदिरके दोनों बाजुओंपर पांच गोपुर

दहलान और दीपस्तम्भ हैं। शिलालेखोंसे मालूम होता है कि, इसके पूजनप्रक्षाल आदि प्रबन्धके लिये कई राजाओंने पांच-सात ग्रामकी जमीन मुफत दी थी, परन्तु अब जमीन वगैरः कुछ नहीं है। करीब १२ वर्ष पूर्वमें यहां 'अप्पास्वामी नैनार' बेल्लारीसे आकर रहने लगे थे और उन्होंने इस मंदिरका प्रबन्ध अपने हाथमें लिया था तबसे मन्दिरके पूजन प्रक्षाल आदिका प्रबन्ध योग्य रीतिसे अच्छा होने लगा है।

कारकल ।

(अतिशय क्षेत्र)

कारकल दिगम्बर जैनियोंका अत्यंत प्राचीन तीर्थस्थान जिला दक्षिण कनैड़ामें सीमोगा (M. S. M. Ry.) स्टेशनके पास 'मूडबद्री' से दस मील है। यहां दिगम्बर जैनियोंके घर १० तथा मन्दिर १८ बहुत प्राचीन और मनोज्ञ बने हुए हैं। यहां पर्वतपर श्रीबाहुबलीस्वामीकी कायोत्सर्गस्थ प्रतिमा करीब ३२ फीट ऊंची अति मनोज्ञ विराजमान है। इस पर्वतके सामने दूसरे पर्वतपरके मन्दिरमें चारों ओर तीन तीन प्रतिमाएँ खड्गासन बहुत भारी २ स्थित हैं। एक मन्दिरके आगे ३० गज ऊंचा एक बहुतही मनोज्ञ मानस्तम्भ सुंदर कारीगरी युक्त विद्यमान है। इनके सिवाय यहां 'रानी-केरे' वा 'एलिफैन्ट' नामक तालावके मध्यमें एक प्राचीन मन्दिर था जो कि 'चतुर्मुख-वस्तीके' नामसे प्रसिद्ध था। जैनियोंकी शिथिलता करके व अब नहोने सम्भाल भली-प्रकारसे यह मन्दिर अत्यंत जीर्णावस्थामें हो गया है। अगर यही हाल रहा तो चंद रोजमें नाम मात्र भी नहीं रहेगा। तालावके पासके एक प्राचीन 'शिलालेख' से विदित होता है कि, इस मन्दिरको 'भैरव वोडिअर' नामक जैन राजाने बनवाया था। पर्वतपर और भी बहुत सी प्रतिमाएँ अत्यंत प्राचीन कारीगरीका स्मरण कराने वाली विराजमान हैं।

यहांपर भी एक पट्ट बहुत कालसे स्थापित है। वर्तमानमें उसके अधिकारी भट्टारक 'ललितकीर्तिजी' पट्टाचार्य हैं। उनके पास करीब ५० धर्मशास्त्रके हैं। यात्रियोंको 'ठहरनेके लिये ग्राममें एक धर्मशाला बनीहुई है। यहां मेला माघ और फागुन शुक्ला १५ से ७ दिन तक भरता है। मेलेका और क्षेत्रका प्रबन्ध 'शंकर' पड़ियाल कारकल निवासीके अधीन है।

कुम्भकोनम्।

मद्रास अहातेके 'तंजोर' जिलेमें यह शहर 'कावेरी और अरासलर' नदीके संगम (दो नदियोंके मिलनेके स्थानको संगम कहते हैं) पर हिंदुओंका पवित्र क्षेत्र है पूर्वकाल में यहां 'चोल' राज्यकी राजधानी थी और विद्याके लिये प्रसिद्ध था, अब भी प्रसिद्ध है। यहां हिन्दुओंके मन्दिर बड़े बड़े, सुन्दर देखने योग्य हैं। कहते हैं कि यहां बारहवें साल गंगाजीका पानी तालमें आजाता है, और उस मौकेपर अगणित नरनारी इसमें स्नान करते हैं।

यहां दिगम्बर जैनियोंके १२ गृह व मनुष्य संख्या ७५ है, परन्तु पाठशाला, मन्दिर धर्मशाला आदि कुछ नहीं हैं। कहते हैं यहांपर जो जैनी रहते हैं वे करीब दोसौ वर्ष पहिले व्यापारके लिये कर्नाटकसे आये थे। यहां दो स्वेताम्बरियोंके भी घर हैं जो बंगरी और ताम्बे पीतलके बर्तनोंका व्यापार करते हैं।

कुम्भकोनम् जंकशनपर सवारी किरायेपर हमेशा मिलती है। कुम्भकोनम्में अन्य-मतियोंकी कई धर्मशालायें हैं जिनमें दो या तीन दिन लोग बिना किराये ठहर सकते हैं।

यहां देखने योग्य चीजें टौन हॉल, सर्कारी कॉलेज और हाई स्कूल है।

कोचीन।

मद्रास हातेके कोचीन राज्यके सब डिवीजनमें कोचीन एक कस्बा है, इसमें ४ गांव शामिल हैं। कोचीनसे २ मीलपूर्व 'एरना कोलम' कस्बेमें कोचीन नरेश रहते हैं। वर्त्त-मान कोचीन नरेश राजा 'सर वीरकेरल के० सी० आई० ई०' गद्दीपर विराजमान हैं। आप जातिके क्षत्रिय हैं। महाराज न्याय शास्त्रके अच्छे पण्डित हैं व शास्त्रार्थका बड़ा शौकहै। महाराजकी ओरसे संस्कृत ग्रन्थमाला निकलती है, इसके द्वारा कई प्राचीन अलभ्य महत्त्वपूर्ण ग्रंथ प्रकाशित हो चुके हैं। स्वयं महाराजने भी दो तीन ग्रंथोंकी रचनाकी है।

कोचीन राज्यके जङ्गलोंमें बेशकीमती लकड़ी, दवा रंग, गोंद, इलायची बहुत पैदा होती है और इनही चीजोंका व्यापार प्रायः अधिक होता है।

कोचीनके राज्यमें प्रधान महाराजका महल, आफिस व हाईस्कूल, कचहरियां, २ गिर्जे, सुन्दर इमारतें, और बाजार देखने योग्य हैं।

टुमकूर।

बंगलोर शहरके रेल्वे स्टेशनसे ४० मील पश्चिमोत्तर टुमकूरका रेल्वे स्टेशन है। देव-राय नामक पहाड़ीके पास मैसूर राज्यमें टुमकूर जिलेका सदरस्थान है।

टुमकूर कसवा केले, कसइली, नारियल इत्यादि वृक्षोंके कुंजोंसे सघन घट घिरा हुआ है। यहां डिप्टी कमिश्नरकी कचहरीका विशालभवन. इंजीनियर और अमलदारके आ-फिस, मिशन स्कूल, जेलखाना, अस्पताल देखने योग्य हैं। यहां १२० लुहारके घर हैं जिनके यहां लड़ाईके हाथियार और छुरियां वनती हैं। अलावा इसके भांतिकी २ पत्थरकी मूर्त्तियां कपड़े और कई तरहके वाजे तैयार होते हैं। प्रति वृहस्तिवारको मेला होताहै। ऐसा प्रसिद्ध है कि मैसूर राजावंशके एक राजाने इस टुमकूरको वसाया था।

टुमकूरकी मनुष्यसंख्या अनुमान ११ हजार है. जिसमें दि० जैनियोंके पंचम जातिके ११ घरोंकी ९६ मनुष्य संख्या है। जैनमन्दिर नहीं है।

तिंडिवनम्।

यह कमिश्नरीका सदर मुकाम व साऊथइण्डियन रेलवेका खास स्टेशन है। तिन्त्रिनी-वनम्का तिण्डिवनम् अपभ्रंश है। जिसका कि अर्थ "इमलीका जंगल" होताहै।

इस ग्रामकी तहसील भरमें दि० जैनियोंकी मनुष्यसंख्या करीव चार हजार है, परन्तु तिण्डिवनम्में केवल ५ गृह व २९ मनुष्यसंख्या है। दि० जैनियोंका मन्दिर एक भी नहीं है, हालांकि 'जिर्जी' से लाई हुई एक जैनप्रतिमा पद्मासनस्थ नगरके उत्तरकी ओर एक वगीचेमें विराजमान है। इस प्रतिमाके मस्तकपर तिगुना मुकुट है. और दो मूर्तियां उसपर चमर ढार रही हैं। व्रत या कोई पर्वोंके दिनोंमें यहांके जैनीभाई कभी दर्शनपूजनके लिये जाया करते हैं।

स्टेशनपर यात्रियोंको ठहरनेके लियें सराएं और धर्मशालाएं हैं।

पहले यहांपर चमड़ेका तथा कपड़ा वुननेका काम अच्छा होता था, परन्तु इस समय कुछ नहीं होता है। केवल 'जाफिरा पेटाई' में कुछ वुननेका काम होता है।

श्रीक्षेत्र तिरुमलै।

उत्तर अर्काट जिलेमें 'साऊथ इंडियन' रेल्वे लैनपर पोलूर स्टेशनसे करीव ६ मील वायव्य कोनमें यह प्राचीन क्षेत्र पंच * क्षेत्रोंमें से प्रसिद्ध है। स्टेशनसे मडिमंगलम्

* पंचतीर्थोंके नाम—दीपनगुड्डी, तिरुनरुनकुतिरुकालम् वागम् नामक तानरम्. तिरुमलै, तिरु-पारुथी कुनरूम्, तिरुमलै। इनमेंसे तिरुमलै जो मद्रासके पास था कहते हैं, कि समुद्रमें डूव गया है। इन तीर्थोंका वर्णन तामिल ग्रन्थमें है जिसको इस समय मदुरा तामिल 'संगम' ने प्रसिद्ध किया है।

तक रास्ता अच्छा है और शेष रास्ता चट्टानोंका है । स्टेशनसे पहाड़की तलेटीतक सवारी हर समय किरायेपर मिलती है । पहाड़की तलेटीके आसपास वहुतसे छोटे.वड़े ग्राम हैं, जिनमेंसे तिरुमलै प्राचीन कालसे क्षेत्र होनेका कारण प्रसिद्ध है । वर्त्तमानमें वहांपर दिगम्बर श्रावकका घर एक भी नहीं है केवल जैन वढियारोंके (पूजारी) १० गृह तथा ४० मनुष्य संख्या है ।

तिमलै पहाड़ करीब १००० फीट ऊंचा है । करीब ३०० फीटकी ऊंचाई पर ४ दिगम्बर जैनियोंके मंदिर बड़े उत्तम वने हुये हैं । तलेटीसे इन मंदिरोंतक सीढ़िया बनी हैं । पूजनप्रक्षाल आदि दूसरे मन्दिरमें होता है । शेष दो मन्दिर एक गूफामें हैं । इस गूफाकी पिछली बाजूमें बहुत बड़ी चट्टानपर चार जैनमूर्तियां खुदी हैं । इस गुफाको रंगीन खोई कहते हैं, कारण इसमें सुनहरी और रंगीन कारीगरीका काम बहुत मनोज्ञ पाया जाता है । यहांपरके शिलालेखोंसे मालूम होता है कि करीव एक हजार वर्ष पूर्वमें इस क्षेत्रका नाम 'वैगाई' था पहाड़की चोटीमें और गुफाके आसपास चट्टानोंपर तीन चार शिलालेख हैं जिनका वर्णन या सारांश आगे दिया है ।

पहाड़की चोटीपर ३ मन्दिर अति उत्तंग हैं, जिनमें एक नैऋत्य दिशाकी तरफक गिरा हुआ है इसके सामनेकी चोटीपर एक एक चैत्यालयमें २० बीस फीट ऊंची काले पत्थरकी प्रतिमाएं कायोत्सर्ग विराजमान हैं । पूर्व–बाजूमें श्रीपार्श्वनाथ स्वामी के मन्दिर हैं, इसका जीर्णोद्धार सरकारकी तरफसे हुआ है । कहते हैं कि यह पादुका श्रीमत् 'ऋषभसेन्' गणधरकी है ।

तलेटीमें गोपुरके सामने गड़े हुए चट्टानपरके शिलालेख का सारांश–

तिरुमलै पहाड़का शिलालेख तामिल भाषामें है जिसका भावार्थ यह है:–यहांपर किसी एक मुनि और 'गुणवर्मा' नामक जैन अध्यापकने तपस्याके लिये यह खोह बनवाई और उसका नाम 'गणिशेखर[1] मरुपोर[2] चुरियन[3]' रक्खा ।

तिरुमलै पहाड़की चोटीमें चट्टानपर का शिलालेख तामिल भाषामें लिखा हुआ उदेयार 'राजेंद्र चोडदेवके' समयका (शके १०००) है उसका सारांश:–उदेयार 'राजेंद्र चोडने' अपने अतुल पराक्रमसे राजा 'इरामका' मुकूट हराया और 'सीलोन' के राजाको परास्त किया 'चामुण्डाप्पै नानाप्पायन' व्यापारीकी औरसने पेरुम्बाणप्पाड़ीवा कराई वरी मलीनूर वैगावूर पहाड़पुरके श्रीकुन्दवई जिनालयका पलिचण्डम् तिरु नन्दादीप दियां है।

शिलालेख नं० ३.

यह शिलालेख रंगीन गुफा और गोपुरकी सीढ़ियांके बीच गड़ी हुआ चट्टानपर तामिली भाषामें खुदा है ।

---

१ मुख्य गुरु २ मरुदेव और मरुदेवी (श्रीऋषभदेव प्रथम तीर्थंकरकी माता) ३ सूर्यकेसमान ।

भावार्थः—प्रान्त 'जयकोंडा रोन्डा मण्डल' में पांगल-नाडू भागका मुगाईनडू वैगावूरका पल्लीचण्डममें पवित्र पहाड़के मन्दिरके लिये तिरु नंदा दीप दिया है इस नंदा दीपके प्रबंधके लिए कुछ जमीन दी है और उसकी मरम्मतके लिये २० कसु ईनाम दिये थें मन्दिरका नाम श्री 'आरम्भनंदिनमहाराज' है । और एक पल्लव खानदानकी णी सिणणवाईजे अखंड नंदा दीप जलानेके लिये ६० कुसु इनाम दिये हैं ।

शिलालेख नं ४

तिरुमलै पहाड़पर की रंगीन खोहपर के किवाड़की भींतपर है ।

भावार्थः—चेर खानदानका आदिगैमानीने वा व्यामुक्तश्रवणो जिवल प्रहाड़पर यक्ष और यक्षीकी मूर्तियां स्थापितकी और अरहसुगिरी श्रीअर्हंत पहाड़पर घंटा और ढोल अर्हंतके लिये अर्पण किये हैं । महाराजके नामसे पुकारते हैं । कहते हैं कि इस मूर्तिको एक पठाण इस ग्रामकी ओर लाया था । जिस बैलकी गाडीमें यह मूर्ति थी वह इसी ग्राममें अटक गई, आगे न चली । उसी रात्रिको उस ग्रामके पाटील (मालगुजार) सैतवाल जैनको स्वप्न आया कि तू अपनी स्त्रीके अंगके आभूषण देकर इस मूर्तिको ले । उस पाटीलने प्रातःकाल होतेही वह प्रतिमा पठानसे लेकर एक जिन मन्दिर बनवाया और उसमें मूर्तिकी प्रतिष्ठा कराई ।

इस मंदिरका भंडारखाता और प्रबन्ध हिरोंली निवासी शेठ 'लीलाचंद' 'हेमचंदजीके' आधीन है ।

तिरुवन्नतमलईकी पण्डनी पहाड़ीपर सुब्रह्मण्य अर्थात् महादेवके पुत्र स्कन्दका सुंदर मन्दिर है ।

तिरुवाडी ।

जिला 'तंजौर' में 'कडलोरसे' यह ग्राम १४ मील पश्चिममें है, जो रास्ता पार्वतीपुरमको जाता है उसके किनारेपर वसा है । ग्रामकी मनुष्य संख्या करीब ९००० है, परन्तु जैनीका केवल एकही गृह है । कुछ दिनों यह ग्राम तहसीलका सदर मुकाम रहा था । इतिहाससे मालूम होता है कि यह कसबा 'आदिगैमन' राजाकी राजधानी थी । यह राजा परम जैन था और इसके राज्यका विस्तार 'सालेम' जिलेमें 'धर्मपुरीसे' 'कमवयनलूरतक था । यह कथा शैवोंका देवारम नामके कवित्त बद्ध ग्रंथमें भी लिखी है ।

ऐसा मालूम होता है। कि यह नगर प्राचीन कालमें जैनियोंका था। शैवोंका ग्रंथ ईसाकी १८ वीं सदीमें लिखा मालूम पड़ता है 'तिरुवाडी विजयानगर' के राजाओंका १८ वीं सदीमें प्रान्तका सदर मुकाम था ।

यहांके खेतोंमें दो दिगम्बर जैन मूर्तियां खोदनेसे मिली हैं। इनमें से प्रतिमा की अवगाहना पद्मासन ४॥ फीट ऊंची यज्ञोपवित धारणकी हुई है। वहांके शिवमन्दिर एक दिवालमें विराजमान हैं। दूसरी प्रतिमा यहांसे उठाकर 'कोभारपनयाक्लान' पेठेमें एक धर्मशालाके आंगनमें स्थापना की है। यह ग्राम 'तिरुवंडिपुरम्' के निकट है यह प्रतिमा भी ४॥ फीट ऊंची पद्मासनस्थ विना यज्ञोपवीतके है।

तिरुवाडीके शिवके मन्दिरमें प्राचीन कालके 'गंगापल्लव, पाण्ड' और 'चोल' आदि कई राजाओंके शिलालेख पाये जाते हैं।

तंजोर।

यह नगर कावेरी के डेल्टा (शाखा) के निकट इंडियन रेलवेपर बड़ा स्टेशन है। इसके आस पास खेतोंको पानी देनेके वास्ते बहुतसी नहरें बनी हुई हैं। तंजोर 'चोल-वंश' के राजाओंकी सबसे आखिरी राजधानी थी, उसक बाद 'विजयानगरकी' तरफसे नायक इसका हाकिम हुआ। १६५६ और १६७५ के बीचम मरहठोंके हाथमें रहा। १७७८ में तंजोरकी रियासत अंग्रेजोंके हाथ आगई और शिवाजीके मरनेके बाद राजधानी भी १८८५ में अंग्रेजोंके हाथमें आगई।

तंजोरमें दिगम्बरियोंके १४ घर हैं जिनकी जनसंख्या ७६ है। एक प्राचीन दिगम्बर जैनमंदिर भी है।

यह शहर मन्दिरों के कारण बहुत प्रसिद्ध है, सबसे बड़े मंदिरक दो आंगन हैं, एक तो बाहर जो २५० फीट चौकोर और दूसरा अंदर जो ५०० फुट चौड़ा है इसीके बीचमें मन्दिर है जिसके बीचका बुर्ज हिन्दुस्थानमें सब बुर्जोंसे सुन्दर है इस बुर्ज का घेरा नीचे ९६ फुट तथा ऊंचाई २० फुट है, चोटी पर पत्थरका बड़ा गोल गुम्बज रक्खा है, कहते हैं कि इस गुम्बजके पत्थरके चढ़ानेके लिये ५ मील जमीन ढालू की गई थी।

दरवाजेकी बुज मन्दिरके सब हिस्सोंसे प्राचीन है और शिवजीके नामपर है इसको कोंजीवर्मके एक राजाने १३३० ई० में बनवाया था। बड़े दरवाजे और मन्दिरके बीच में शिवजीका बैल नन्दीका मंदिर है। बैलकी मूर्ति पक्के पत्थरको काटकर बनाई है, यह मूर्ति १६ फुट लम्बी १२ फुट ऊंची है इस मूर्तिको प्रतिदिन तेल मले जानेके कारण पीतल सरीखी चमकती है मंदिरमें विचित्र बात यह है कि, कंगूरोंपर तो विष्णुकी मूर्तियां बनीहैं पर आंगनमें शिवजीकी मूर्तियां बनी हैं।

बड़ी बुर्जके उत्तरकी ओर शिवजीके पुत्रका मन्दिर है, इसपर बेलबूटेका बड़ा सुन्दर काम किया हुआ है, इसकी बाहिरी दीवालमें पानीका एक नलहै, जिसका पानी

मूर्तियोंपर डाला जाताहै और पीछे पवित्र समझकर लोग पीतेहैं और तंजोर पूर्व समयमें विद्याका घर रहा है। यहांपर रेशमीगलीचे, मलमल, सूतीकपड़े, जेवर, तांबे पीतलकी चीजें बहुत अच्छी वनती हैं।

पुण्डी।

जिला उत्तर अर्काटमें 'अर्नी' स्टेशनसे (S. J. R.) करीव ३ मील है। रास्ता खराव है। ग्राममें नाममात्र ३ घर हैं। जिनमें एक वढियार पुजारीका घर है। शिखरवन्द मन्दिर प्राचीन वहुत विशाल, पत्थरका वना हुआ है। सवसे वाहरी मन्दिरके चारों ओर एक वडा पत्थरका आकार है। इस वृहत् मन्दिरके भीतर जानेसे १६ खम्भोंका एक दहलान मनोज्ञ शिल्पकला संयुक्त है, इसके सामने दो और दहलान हैं, जिसके मध्यमें वेदीपर श्रीपार्श्वनाथस्वामी २३ वें तीर्थंकरकी प्रतिमा करीव ५ फुट ऊंची कायोत्सर्ग अतिमनोग्य विराजमान है। सोलह खम्भोंके दहलानके सामने आकारके मध्यमें शिखर- वंद मन्दिर ३ हैं जिनकी वाहरी वाजू चित्रकलासे सुशोभित है। एक मन्दिरमें ब्रह्मा और यक्षकी मूर्ति, दूसरेमें श्रीकुष्माण्ड देवी (यक्षी) की मूर्ति विराजमान है। इस मन्दि- रके वीचोंवीच पश्चिमी दीवारपर ७–८ लकीरका और दक्षिण दीवारपर २–३ डोरीका शिलालेख पाया जाता है। अस्पष्ट होनेके कारण पढ़ा नहीं जाता है। और इसके वगलमें तीसरे मन्दिरमें अतिमनोग्य परम दिगम्बर श्रीऋषभदेवकी मूर्ति वेदीपर विराजमान है। इन मन्दिरोंकी एक कथा ताड़पत्रपर तामील लिपीमें लिखी हुई पुजारीके पास है। उस कथाका सारांश यह है:—

प्राचीन कालमें 'पण्डाईवेङ्कू' नगरके राजाके राज्य–प्रवन्धमें यहांपर वड़ा जंगल था उसमें दो शिकारियोंको जमीनके अन्दर कुछ कंदमूलके लिये खोदे हुये खड्डेमें यह श्रीऋ- षभदेवकी प्रतिमा प्राप्त हुई। और वे शिकारी अपना भाग्योदय जानकर उसका पूजन करने लगे। तत्पश्चात् वहां जंगलमें घूमते घूमते एक दिगम्बर जैन मुनि आये। शिकारि- योंने उनका आदरसत्कार करके मुनिमहाराजकी यथाविधि पूजन की, और प्राप्त हुई प्रतिमा वताई, प्रतिमाको देखकर मुनिजी अति आनंदित हुए, और मन्दिर और प्रतिष्ठा होनेके वाद भोजन करनेकी प्रतिज्ञा की, पर त्यागी होनेके कारण उनके पास धन नहीं था तव मुनिमहाराज चिंतामें पड़े। कुछ दिन वीतनेके वाद मुनिमहाराजको स्वप्न हुआ कि यहांके प्रवन्धकर्ता पण्डाईवेङ्कू' नगरके राजाकी कन्याको किसी एक वदमाश भूतकी वाधा हुई है और वह हमेशा नंगी रहती है, और जव नौकर चाकर उसको कपड़े पहि- नाते हैं तव ये उनको मारने लगती है। राजानें भूतको भगानेके लिये वहुत प्रयत्न किए, परन्तु सव निष्फल हुए, इस लिये आप भूतको भगा दीजिये इसीसे कार्यसिद्धि होजा-

यगी। स्वप्नके होने बाद जागकर मुनिमहाराजनें दोनों शिकारियोंको कुछ मिट्टी देकर राजाके पास भेज दिया और राजाको सन्देश भेजा कि यह मिठी लड़कीके शरीरमें लगानेसे सब पिशाच बाधा (भूतलीला) दूर हो जायगी। वह बात सुनकर राजानें मिट्टीको सादर लेकर उस लड़कीके शरीरमें लगा दी तब वह बदमाश भूत वहांसे निकलकर मुनि जीकी शरणमें आया। मुनिने उसको द्वारपालका काम दिया और उसको ठहरनेके लिये एक झाड़के नीचे जगह दी।

पंडाई नगरका राजा पोशाक पहिन कई आदमियोंको साथ लेकर मुनिजीके पास इस जंगलमें नम्रभावसे शरणमें आया। तब मुनिमहाराजने राजाको प्रसन्न आते देखकर मन्दिर बनानेके लिये कहा राजाने उसी समय यहां पत्थर, चूना आदि सामग्री भेजकर ८ दिनके अन्दर मन्दिर बनवाया, और मुनिजीसे प्रतिमाकी प्रतिष्ठा कराई तत्पश्चात् मुनिमहाराजने प्रायश्चित्त लेकर आहार गृहण किया। इसके कारण यह अतिशयक्षेत्र हुआ परन्तु अप्रसिद्ध होनेसे और मन्दिरोंकी मरम्मत न होनेसे मन्दिरजी गिरने लगे हैं।

पेराबूर।

पेरावूर सबसे बड़ा जैनियोंका ग्राम (S. I. R.) लैनमें, तिण्डिवनम्से करीब १५ मीलकी दूरीपर है। स्टेशनसे सवारी हरवक्त मिलती है। १० मीलके करीब रास्ता अच्छा बना है इसके बाद ५ मील जङ्गलमेंसे जाना पड़ता है। अनुमानसे मालूम होता है कि प्राचीन कालमें इसके चारों ओर जैनियोंकी ही बस्ती थी, कारण इस प्रान्तके चारों तरफ निरपुसी अबतक पाये जाते हैं, सब पहिले प्रायः जैनी ही थे इन्हें यहांके राजाके अन्यायसे शैव होनापड़ा परन्तु वे इस समय भी जैनधर्ममें विशेष प्रीति रखते हैं।

इस समय यहांपर ४७ गृह दिगम्बर जैनियोंके हैं, जिनकी मनुष्य संख्या १६५ है। एक मन्दिर शिखरबन्द है जिसमें मूलनायक श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी श्यामवर्ण पाषाणकी कायोत्सर्ग प्रतिमा करीब ६ फीट ऊंची विराजमान है और ५-६ प्रतिमायें और भी धातुकी छोटी २ हैं। पूजन प्रक्षाल एक बढ़िआर (जैन ब्राह्मण) करता है।

यहांसे करीब १० मील पूर्वमें एक और बड़ा जैनियोंका 'वेल्लूर' नामका ग्राम है। वहां दिगम्बर जैनियोंके गृह ५५ और मनुष्य संख्या १८४ है। यहांपर श्रीवीरसेनाचार्यजी मोक्ष पधारे हैं। कहते हैं कि उन्होंनें यहांके मन्दिरमें जो श्रीपार्श्वनाथस्वामी २३ वें तीर्थंकरकी प्रतिमा विराजमान है श्रवणबेलगोला क्षेत्रसे लाकर प्रतिष्ठा कराई और जैनधर्मकी रक्षा की थी मन्दिरमें धर्मशास्त्र करीब ४० हैं। पूजन प्रक्षाल का प्रबन्ध एक बाढ़ियार (जैन उपाध्या) के हाथमें है।

यहांकी और पेराबुरकी आब हवा कुछ गरम है। व्यापार नारियल सुपारी आदिका अधिक होता है।

पेरुमण्डूर।

अर्काट कमिश्नरीमें 'तिण्डिवनमसे' ४ मीलके करीब 'पेरुमण्डूर' सबसे बड़ा प्राचीन जैनियोंका ग्राम है। दिगम्बरियोंके यहां ९० घर हैं जिनमें ३०० के करीब जैनी रहते हैं। ग्रामके दोनों मन्दिर बहुत अच्छे हैं, जिनमें एक प्राचीन, और दूसरा अर्वाचीन करीब २०० वर्षका है। अर्वाचीन मन्दिरमें डेढ़सौ मूर्तियां पीतल और अन्य धातुओंकी अति शोभायमान हैं। मन्दिरकी दीवालपर एक लेख पाया जाता है उससे यह प्राचीन कथन प्रकट होता है:-

ग्रामकी शासन देवी श्री 'धर्मादेवीकी' प्रतिमा अति मनोज्ञ व बड़ी है, वह मद्रासके निकट प्राचीन ग्राम मैलापुरमें थी। एक समय किसी आदमीको स्वप्न हुआ कि "मैलापुर समुद्रमें डूब जावेगा इस लिये मूर्तिको यहांसे उठाकर दूसरे ग्राममें ले जाओ" तब वह आदमी नींदसे उठा और दूसरे दिन मूर्तिको गाडीमें रखकर दक्षिणकी ओर ले गया। जब गाड़ी इस ग्राममें आगई तब यहांसे बहुत प्रयत्न करनेपर भी आगे न चल-सकी तब यहां मन्दिर बनवाया और मूर्तिकी प्रतिष्ठा बड़ी समारोहसे कराई गई तबसे यह स्थान प्रसिद्ध हो गया है।

दोनों मन्दिरोंमें पूजन प्रक्षाल प्रतिदिन ठीक समयपर होता है। २०० वर्ष पूर्वमें 'संधि महामुनि' और 'पण्डित महामुनिने चित्तम्बूर ग्राममें वहांके ब्राह्मणोंके साथ वाद विवाद कर कर जैनधर्मका डंका बजाते रहे थे तबसे यह दिगम्बर जैनियोंका विद्यापीठ हो रहा है। इस समयमें भी कई जैनीभाई धर्मशास्त्रोंके जानकार पाये जाते हैं। वर्त्त-मानमें जो 'दि० जैन पाठशाला' यहांपर बहुत कालसे स्थापित है, उसमें पं० 'चंद्रनाथ नैनार मेल-'मलयानूर' वाले और पण्डित 'दोरासामी मुदलियार 'तिरुवालूर' (S. I. R.) वाले छात्रोंको धर्मशास्त्रोंकी शिक्षा देते हैं। ये शास्त्रीजी जैनधर्मके अच्छे जानकार हैं और संस्कृत, व्याकरणको भी अच्छी जानते हैं। पाठशालामें ३० विद्यार्थी मय लड़कियोंके काव्य, तत्वार्थ सूत्र, पंचस्तोत्र, व्याकरण आदिमें शिक्षा पाती हैं। काव्यों-मेंसे नागकुमार काव्य' और 'क्षत्र चूडामणी' पढ़ाया जाता है। धर्मशास्त्र मन्दिरोंमें करीब १५० ताड़पत्र पर लिखे हुए अच्छी तरहसे रक्खे हैं।

श्रीक्षेत्र पोन्नुर।

यह प्राचीन क्षेत्र जिला 'चित्तोरमें' रेलवे स्टेशन 'तिण्डिवनम्' (S. I. Ry) से करीब २५ मीलपर एक बड़े पहाड़की तलेटीमें है। रास्ता स्टेशनसे ग्राम तक अच्छा है। यह ग्राम प्राचीन कालमें जैनियोंका ही था और इसका प्रबन्ध प्रसिद्ध जैन राजा 'सकल लोकाचार्यवर्तिन राजनारायण शम्भूवरायर' के हाथ में था। श्री तिरुमलाई पहाड़पर जो

बड़ा मन्दिर प्रसिद्ध है उसमें एक मण्डपकी भींतपर शिलालेख पायाजाता है उससे मालूम होता है कि 'मन्नाई पोन्नडाई' की लड़की श्री 'नल्लाटालने' उस पहाड़पर शक सं० १२६८ में जब उपर्युक्त राजाके हाथमें राज्य-प्रबन्ध था। तब एक 'विहार-नैनार' नामक मंदिर बनवाया और उसमें श्रीपार्श्वनाथ महाराजकी स्थापना की थी।

पर्वतपर प्रसिद्ध जैन कवि श्री 'एलाचार्य' महाराजकी चरणपादुकाएं हैं। इनके ग्रंथोंमें से एक 'तिरुक्कुरुक नामक' (तामील भाषामें लिखा हुआ) ग्रंथ है, 'जिसपर सकल धर्मीय लोग इसपर अपना हक साबित करते हैं' कविताका अच्छा नमूना है। हर रवि-वारको पहाड़पर उनके स्मरणार्थ यात्रा होती है, जिसमें करीब ५०० आदमी एकत्रित होते हैं। पूजन प्रक्षाल आदिका प्रबंध 'पोन्नुर' ग्राम के पञ्चोंके हाथमें है।

ग्राममें दिगम्बर जैनियोंके गृह ७१ हैं और मनुष्य संख्या करीब २७५ है। एक मन्दिर शिखरबन्द है तथा जैन यात्रियोंको ठहरनेके लिये एक क्षेत्र (धर्मशाला) है जिसमें अन्नदान दिया जाता है उस क्षेत्रकी इमारतमें एक जैन पाठशाला है जिसमें करीब ३० विद्यार्थी संस्कृत पढ़ते हैं। पं० 'सोमप्रभ नैनार' बड़े विद्वान हैं, आप विद्यार्थियोंको विद्यादान मुफ्त देते हैं। ग्राम पहाड़की तलेटीमें होनेसे आब हवा अच्छी है।

बेंगलोर।

मैसूर राज्यमें जिलेका सदर स्थान और मैसूर राज्यका सदर स्थान सदर्न मरहटा रेल्वेका जंक्शन बंगलोर शहर है। शहरके स्टेशनसे ३ मील पूर्व फौजी छावनीका रेल्वे स्टेशन है। स्टेशनसे शहर तक सवारी हर तरहकी मिलती है, शहरमें कई धर्मशालाएं हैं, इनमेंसे एक धर्मशाला जिसको थोप्पाहचट्टीकी चोलतर कहते हैं शहरके स्टेशनसे २०० गजके फासलेपर ही है और एक छावनीके स्टेशसनसे आध फर्लांगके फासलेपर है।

बंगलोर शहर दो हिस्सोंमें बटा हुआ है एक भाग पेटा (अर्थात् किलेके सहित पुरानी बस्ती) दूसरा भाग छावनी।

बंगलोरकी मनुष्यसंख्या एक लाख अस्सी हजारके लगभग है मनुष्यगणनाके अनु-सार मैसूर राज्यमें पहला शहर है, जैनी अनुमान ४०० हैं। इन दि० जैनियोंके पंचम सैतवालोंके २७ घरोंकी मनुष्यसंख्या १६८ है, प्रायः सबही आढ़त साहुकारी आदि धंदा करते हैं, शहरमें एक दि० जैनमंदिर और जैनधर्मशाला भी है। पं० धरणेंद्रके पास प्राचीन जैनग्रंथोंका भण्डार है।

देखने योग्य स्थान ये हैं:-मैसूर नरेशका सुन्दर महल इसको खास आज्ञा मिलनेपर ही देख सकते हैं। बंगलोरकी छावनी यह दक्षिणभारतमें बड़ी छावनी है। सर्कारी आफिस, बाजार, कई सुंदर मंदिर, और मास्जिदें, मकान, गिर्जा, कालेज, गवर्नमेंट हौस, रेल्वेस्टेशनसे

३०० गज दक्षिण मिलरका तालाव और इस तालावसे १ मील पूर्व हलसुर तालाव है। किला पेठासे दक्षिण अण्डाकार शकलमें वंगलोरका किला है, किलेमें तोपखाना है और टीपू सुल्तान के महलके निशानात कुछ २ देखनेमें आते हैं।

लालवाग—किलेसे लगभग एक मील पूर्व मैसूरके हैदरअलीके समयका लालवाग नामक मनोरम उद्यान हैं, वागमें देश देशके वृक्ष लगे हुये हैं, और कई वनेले जानवर भी हैं। यहां समय समयपर फूलोंकी नुमायश होती है।

अजायववर—पेठसे एक मीलकी अधिक दूरीपर वंगलोरका अजायव घर है इसकी देवढ़ीमें सुन्दर 'जैनप्रतिमा' है। नीचेके वड़े कमरेमें खास खास चीजोंके नमूने और ऊपरके मंजिलमें भांति भांतिक मृतक जानवर और अनेक प्रकारके देशी भूषण पोशाक इत्यादि वस्तुएँ रक्खी हैं।

वंगलोर स्वास्थ्यप्रद स्थान और मैसूर राज्यका प्रधान व्यापारी शहर है, यहांका रेशम वहुत मजवूत और सुन्दर होता है। यहां रेशमी किनारोंके साथ सूतके सुन्दर कपड़े वहुत वनते हैं। गलीचेके दस्तकारी के लिये वंगलोर शहर प्रसिद्ध है, यहांके जेलखानेमें पर्सियन और तुर्की चालके गलीचे वहुत वनते हैं, सोने चांदीके लैस गहनें वगैरः भी अच्छे वनते हैं, पेठ अर्थात् पुरानी वस्तीमें गल्ला और रुईकी सौदागिरी अधिक होती है।

मङ्गलूर।

मद्रास हातेके दक्षिण कनैड़ा जिलेमें जिलेका सदर स्थान व जिलेमें प्रधान कस्वा मङ्गलूर है। कन्नूरसे मङ्गलूर होकर आगवोट जाती है।

मंगलूर कसवेके दक्षिण पूर्व मंगलादेवीका मन्दिर है, शायद इसी देवीके नामसे, मंगलूर नाम पड़ा हो। कस्वा उन्नतिपर है, नारियल तथा ताड़के कुंजोंमें कसवा वसा है, कसवेके पास नेत्रवती और गुरुपुर नदीके मुहानेसे वनी एक झील है।

मंगलूरमें समुद्र द्वारा वड़ा व्यापार होताहै, मिर्च, अदरक, दालचीनी, नारियल, सुपारी वहुत पैदा होती है, यहांसे कुर्ग और मैसूरकी काफी दूसरे स्थानोंमें भेजी जाती है, लौंग मसाला रेशम, कपड़ा सोना चांदी इत्यादि चीजें दूसरे स्थानोंसे आती हैं। और प्रायः इनही चीजोंका अधिक व्यापार होता है।

जर्मनमिशन—जिसमें छापने, जिल्द वांधने, कपड़ा वनाने, आदि लकड़ीकी चीजें वनानेका काम सिखाया जाता है, मद्रास यूनीवर्सिटीके २ कालेज, कचहरियां, कष्टमहौस गिरजा देखने योग्य है।

मंगलूरकी मनुष्यसंख्या अनुमान ४१ हजार है, दि० जैनियोंके २ घरोंकी मनुष्य संख्या ४ है। और मंगलूरके पास कादिरी पहाड़पर एक प्राचीन जैनमन्दिर है।

मछलीपट्टम ।

समुद्रके किनारेपर मद्रास हातेके तैलङ्ग देशके कृष्णा जिलेमें प्रधान कस्बा प्रधान बन्दरस्थान जिलेका सदरस्थान, मछलीपट्टम है ।

सन् ई० से पहले कृष्णा नदीके किनारोंपर बौद्ध लोग बसते थे। तीसरी सदीमें ब्राह्मणमतके लोग आये । सातवीं सदीमें कल्यानपुरके चालुक्यवंशके राजाने वेंजीके राजाको जीता। चालुक्य राजाओंके बाद दक्षिणसे चोलवंशके राजा आये इसके बाद धरनी कोड़ाके जैन राजाने कृष्णा जिलेका राज्य किया, इसके बाद रेड्डीवंशके राजाओंने राज्य किया, उड़ीसाके गजपति राजा और बादमें विजयनगरके राजाने राज्य किया, सन् १५८० ई० में यह राज्य मुसलमानोंके हाथमें चला गया, सन् १८२३ ई० में कृष्णाका सम्पूर्ण राज्य, अंगरेजोंके अधिकारमें हो गया ।

मछलीपट्टममें छींट, नास, और हुलासका बड़ा व्यापार होता है, कपड़े बुननेवाले और छापने वाले बहुत लोग हैं, किन्तु कलकारखानेसे उनका काम घटता जाता है, अब तक यहांकी छींट दूसरे देशोंको भेजी जाती हैं ।

जज और कलेक्टरका आफिस, सरकारी कचहरियां, अस्पताल, स्कूल, और बन्दर आदि स्थान देखने योग्य है ।

यहांकी मनुष्यसंख्या अनुमान ३९ हजार है जैनी सिर्फ २ हैं क्रिश्चियन (पादड़ी) बहुत लोग होते जाते हैं । सन् १८६४ ई० में समुद्रकी तूफानकी लहरसे ३० हजार प्राणी मर गये थे ।

मद्रास ।

मद्रास अहातेभरमें सदर मुकाम और हिन्दुस्थानमें तीसरे नम्बरका शहर है । इस जगह हाईकोर्ट और बहुतसे सिविल और फौजी महकमे है । आबहवा भी अच्छी है ।

मद्रास वाणिज्य व्यापारके लिये उपयुक्त स्थानमें नहीं बसा है, क्योंकि प्रथम तो जहाज समुद्रके किनारे तक नहीं पहुंच सकते, और दूसरे लहरोंके कारण किनारे पर मालका उतरना बहुत कठिन पड़ता है ।

पहिले ही पहिल अंग्रेजलोग 'आर्मेगन' में ठहरे थे, परन्तु सन् १६३९ ई० में थोड़ीसी धरती मिलने पर इन्होंने सेन्टजार्ज किला बनाया और वहीं जा बसे । मद्रासी लोग इसे 'चेन्नापटनम' कहते हैं । 'आर्मेगन' अथवा 'दूर्गारजपतनम' मद्राससे ३६ मील उत्तरमें 'पलीकाट' झीलपर बसा है । और इस किनारेपर यही प्रथम स्थान है, जहां अंग्रेज लोग सन् १६२५ ई० में आ बसे थे ।

मद्रासमें दस्तकारीका स्कूल, तोपोंका कारखाना, पीपल्स पार्क, विक्टोरिया मेमोरियल हॉल, हाईकोर्ट और आकाश लोचन, कई गिर्जाघर, टकसाल, दीपकगृह, और कालेज देखनेके लायक हैं।

यहांपर जैनियोंके ११७ घर हैं जिनमें ११ घर दिगम्बर आम्नायके और शेष श्वेताम्बरियोंके हैं।

दिगम्बरियोंका एक मन्दिर है। श्वेताम्बरियोंका एक सुन्दर मंदिर अतिउत्तंग देखनेके योग्य है।

कहते हैं कि पूर्वकालमें मद्रासके चारों ओर जैनियोंकी वस्ती थी और 'मैलापुर' 'पुझहल' 'मायावरम्' 'पोन्नेरी' 'सेम्बाकम्' 'अरुनगुरम्' आदि ग्रामोंके शिलालेखोंसे भी यह वात सिद्ध होती है।

प्राचीन कालमें मैलापुर जैनियोंका ही ग्राम था और वहां उनके एक वड़े मंदिरमें श्रीनेमिनाथस्वामीकी प्रतिमा विराजमान थी। एक वार एक जैनीको स्वप्न हुआ कि मैलापुर ग्राम समुद्रमें डूबनेको है; इसलिये मूर्तिको मंदिरसे उठाकर लेजाओ, तब वह आश्चर्यान्वित होगया और प्रातःकाल ही मूर्तिको 'चित्ताम्बुर' को लेगया। चित्ताम्बुरसे प्रतिमा हिल न सकी इसलिये वहीं मन्दिर बनवाया और प्रतिमाकी बड़े समारोहसे स्थापना की। इनमेंसे मैलापूर समुद्रमें डूब जानेके कुछ दिन पीछे प्राचीन मैलापुरक पास नया और नगर वसाया। यहां मन्दिरमें नेमिनाथस्वामीकी प्रतिमा अति उत्तंग कायोत्सर्ग विराजमान है।

'पोन्नेरी' ग्राममें सिर्फ पुजारीका एक घर है। एक पर्णकुटिकामें श्रीवर्धमानस्वामीकी प्रतिमा काले पत्थरकी कायोत्सर्ग. जमीनके नीचे मिली हुई विराजमान है।

मद्राससे १० मीलकी दूरीपर श्रीक्षेत्र 'पुझुल मायावरम्' है, यहांके मन्दिर अति उत्तंग देखने योग्य हैं।

मद्रासके अजायबघरमें बहुत छोटी वड़ी धातुकी और पत्थरकी मूर्तियां पाई जाती हैं। जिनमें १९ मूर्तियां करीब ५ फीट ऊंची पद्मासनस्थ है। और विक्टोरिया पब्लिक हॉलमें काले पाषाणकी श्री 'गोमटस्वामीकी' प्रतिमा कायोत्सर्ग अत्युत्तम देखने योग्य है।

यहां मद्रास रेलवे और साऊथ इंडियन रेलवेके छै छै स्टेशन हैं। मद्रासके सब स्टेशनोंपर घोड़ागाड़ी किरायेपर हमेशा मिलती है।

मदुरा।

मद्रास हातेमें पांड्य मण्डलके अन्तर्गत वैगानदीके दक्षिण किनारेपर साऊथ इंडियन रेल्वेका स्टेशन व जिलेका सदरस्थान मदुरा है। वैगानदीके पास लालक्षत्रम नामक धर्मशाला है। इसका नाम संस्कृत पुस्तकमें मधुरा लिखा हुआ है।

मदुरा हिंदुस्थानके बहुत पुराने शहरोंमेंसे है । अंध्रदेशके जैनराजाने पांडचराजाको निकालकर मदुराका राज्य बना लिया था। वैदिकमतावलम्बी और जैनियोंमें कई झगड़े हुये थे। इस राजाके समयमें प्रायः सब लोग जैनमतावलम्बी होगये थे । प्राचीन कालमें हिन्दुस्थानके दक्षिणयि भागकी राजधानी और विद्याभ्यासका मुख्य स्थान था, यहांके पंडित प्रसिद्ध होते थे। भारतवर्षके राज्योंमें कोई राज्य ऐसा नहीं है जिसका राजवंश इतनी बड़ी मुद्दत तक बराबर कायम रहा हो। कई एक शिलालेखों और तांबेके दानपत्रोंपर पांडचवंशके राजाओंके नाम दीख पड़ते हैं, इस वंशके अन्तिम राजा 'सुन्दर' पांडचने ही वंश-वैरके कारण जैनियोंका नाश किया और अपने पड़ोसके चोल राज्यको जीता। ११ वीं सदीमें उत्तरसे आक्रमण करनेवाले मुसलमानने सुन्दरपांडचको परास्त किया था।

मदुरामें देखने योग्य स्थान-रेल्वेस्टेशनसे करीब एक मील पश्चिम मीनाक्षी, सुन्दरेश्वरशिवका मन्दिर ८४५ फीट लम्बा ७२५ फीट चौड़ा, अर्थात् २२ बीघेमें यह मन्दिर बना हुआ है। बाहिरकी दीवार करीब २१ फुट ऊंची है, इसके चारों बंगलोंपर प्रतिमाओंसे पूर्ण रंगोंसे चित्रित ग्यारह एक ही समान एक एक गोपुर हैं। इनमेंसे एक गोपुर १९२ फीट ऊंचा है । इस मन्दिरमें संगतराशीका उत्तम काम बना हुआ है। तिरुमलईनायका महल रेल्वे स्टेशनसे १॥ मील पश्चिमकी तरफ है, अब यह सरकारी आफिसोंके काममें आता है। तेप्पुकुलम् (बड़ा तालाव) नामके तालाबमें उत्सवके समयमें मन्दिरकी मूर्तियां नावमें बैठाकर फिराई जाती हैं । मदुराके रेल्वे स्टेशनसे ३ मील पूर्व रामेश्वरके मार्गमें वैगानदीके उत्तर १२०० गज लम्बा और इतना ही चौड़ा एक तालाब आर है। इसके चारों तरफ पत्थरके घाट, मध्यमें मोरब्बा, टापूपर एक शिखरदार बड़ा मन्दिर है, टापूपर सुन्दर वाटिका भी लगी है। इनके सिवाय कलेक्टरका मकान, वटका बड़ा वृक्ष, बाजार, सरकारी कचहरियां और स्कूल इत्यादि देखने योग्य स्थान हैं।

मदुराकी मनुष्यसंख्या अनुमान ८८ हजार है, इनमें सिर्फ ८-१० जैनी हैं।

मदुरामें पगड़ियोंके किनारोंपर सुन्दर सुनहरी काम अच्छा बनता है, और एक प्रकारके अजीब लाल कपड़े तैयार होते हैं। कपड़े और पीतलके बर्त्तनोंके लिये मदुरा प्रसिद्ध ह।

श्रीक्षेत्र मनारगुडी।

यह कसबा जिला तंजोरमें 'निडमंगलम् (S. I. R.) स्टेशनसे करीब ९ मीलकी दूरा पर है। यह स्थान श्री'जीवेन्द्र स्वामी' का जन्मस्थान है। कहते हैं कि यहां २०० वर्ष पूवम एक ऋषि पर्णकुटिकामें तपस्या करते थे और उसमें श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी प्रतिष्ठा हुई थी। जब यह बात 'कुम्भकोणम्' में जाहिर हुई तब वहांके जैनियोंने 'मनारगुडी' में आकर एक बड़ा भारी मन्दिर बनवाया। और बड़े समारोहसे रथोत्सव कराया। यह क्षेत्र इसीसे प्रसिद्ध

होगया और हर साल वैशाख मासकी शुक्लपक्षमें यात्रा होने लगी। ध्वजारोहण तथा महाभिषेक दश दिन तक होता है और १० वें दिन रथयात्रा बड़े समारोहसे होती है।

नगरमें दिगम्बर आम्नायके ३३ घर हैं, जिनमें ३ घर वोडिआर (जैन ब्राह्मणों) के हैं और उनकी मनुष्यसंख्या १४० है। धर्मशास्त्र करीब १५० हैं। पूजन प्रक्षाल आदिका प्रबन्ध जैन ब्राह्मणोंके हाथमें है। मन्दिरमें कायोत्सर्ग श्रीमल्लिनाथस्वामीकी प्रतिमा और ज्वालिनी देवी (यक्षिणी) की प्रतिमा विराजमान है।

मूडबद्री (जैनकाशी)।

(अतिशय क्षेत्र)

यह क्षेत्र दक्षिण कनेड़ा जिलेमें 'बेंगलोर' स्टेशनसे करीब २२ मीलके अन्तरपर है। यहांपर एक 'पुलिसथाना, अस्पताल, रजिस्ट्रारका आफिस' और एक 'मुसाफिरखाना' है। दिगम्बर जैनियोंके आबाद घर ५२ हैं। जिनकी मनुष्य संख्या करीब २८३ है।

इस नगरमें जो दिगम्बर जैनियोंके मन्दिर हैं वे 'श्रीचन्द्रप्रभु' तीर्थंकरके अर्पण किये हुए हैं। शिलालेखोंके आधारसे इसका 'बिद्री' 'वेणूपुर' या 'वंसपुर' नाम जाना जाता है। बिदारू और वेणू इन दोनों शब्दोंका अर्थ वास और वाबू होता है और तुलू देशके राज्यसे लगता है। यह प्राचीन जैन ब्राह्मणोंका निवास स्थान है, जिसका मुखिया अभीतक जीवित है, और इनको सर्कारसे ८००) रुपया सालाना पेन्शन भी मिलती है। यहांपर जैनियोंके मुख्य गुरु महाराज चारुकीर्ति 'पंडिताचार्य' स्वामी गद्दीपर हैं। आप एक मठमें रहते हैं। यहांपर जैनधर्मके २००० के करीब प्राचीन ग्रंथोंका संग्रह है।

यहां १८ मन्दिर हैं; इनमेंसे कोई तो बड़े ही सुंदर पत्थरोंके बने हुए हैं। इनकी छत्तें भी बड़े २ पत्थरोंकी बनी हैं। सात मन्दिरोंके साम्हनेके भागमें एक ही पत्थरका बड़ा ऊंचा स्तम्भ है, जिसे 'मानस्तम्भ' कहते हैं और ताम्बेके पत्रोंसे जड़े हुए लकड़ीके दो 'ध्वजास्तम्भ और मानस्तम्भ' मन्दिरोंके बीचमें लगे हैं। इस बस्तीके मन्दिरोंके स्तम्भ वगैरः छह 'सतार' नामसे प्रसिद्ध हैं और यह जैनी व्यापारियोंके तरफसे बनाये गये हैं ऐसा जान पड़ता है।

